प्रकाशक—
अभिनन्दन-ग्रन्थ-समिति, जोधपुर

मुद्रक—
राम-श्याम प्रिंटिंग प्रेस,
कटला बाजार, जोधपुर

Pandit Ram Karna Asopa

Commemoration Volume

Edited by—

Dadhimati-Diwan,

Vidyabhushan-Vidyanidhi-Sahityabhushan

Pt. Govind Narayan Sharma Asopa

B A, M R A S.,

[(Four) Gold Medalist, (five) Linguist, Editor, "Santa-grantha-mala" and Ex Editor, "Dadhimati" Retired Assistant Superintendent of Customs and presently Honorary Magistrate, Government of Jodhpur Manager Ram-Shyam printing Press Fellow and Examiner, Hindi University, Allahabad, Member Sanskrit Sahitya-Parishad, Vidvat-Samiti Hindi Sahitya Sammelan, Editors Association, Brahman Mahasammelan, Brahman Maha-Sabha Secretary All India Dahima Brahman Mahasabha, President Marwar Brahman Mahasabha, Dahima Brahman Provincial Sabha, Dadhichi Jayanti Mahotsava, sometime Secretary Sanatana-dharma Sabha, Sardar Aushadhalaya, State Representative Chhanyati Community Manager Sri Umed Chhanyati School etc and Author of *Trilingual Srimad-Bhagavad-Gita*, *Dadhichi Nataka* *Isvara-Sidhi* etc 47 books and tracts and Contributor of articles in the "Kalyan" etc etc]

1940 A D

॥ श्रीदधिमती जयति ॥

प्रस्तावना ।

बड़े हर्ष तथा अधिक आनन्द का विषय है कि मारवाड़ की जनता प्रथम ही प्रथम जोधपुर-निवासी, लब्धप्रतिष्ठ, प्रसिद्ध विद्वान्, प्रख्यात पुरातत्त्ववेत्ता और नामी इतिहासकार महामहाध्यापक, विद्वद्रत्न, प्रोफेसर पण्डित रामकर्णजी आसोपा को मातृ-भूमि की दीर्घ साहित्यिक सेवाओं के उपलक्ष्य में अभिनन्दन-ग्रन्थ उपहार रूप से भेट कर रही है। यह बात सब से पहले श्रीमान् राव बहादुर डाक्टर ओङ्कारसिंहजी साहब को सूझी कि उक्त पण्डितजी को अस्सी वर्ष से अधिक आयु मे पदार्पण करने के उपलक्ष्य में सम्मान-स्वरूप एक पुस्तक उपहार में भेट की जावे। जब इस विचार को पण्डितजी के गण्य मान्य गुण-ग्राहक मित्रों और सज्जनों के आगे प्रकट किया तो बहुतसों ने उसका समर्थन किया। तदनुसार ता० २६-८-१९३८ को एक सूचना निकाली गई जिस मे इस विचार को कार्य-रूप में परिणत करने के लिये एक समिति निर्वाचित करने की आवश्यकता बताई गई। ता० २८-८-१९३८ को महाराज श्रीगुमानसिंहजी साहब के बंगले पर प्रातः काल के ८॥ बजे महाराज साहब की अध्यक्षता मे चुने हुए सज्जनों की समिति की बैठक हुई जिस में निम्न सज्जन उपस्थित थे –

१ राव बहादुर ठाकुर जयसिंहजी साहब, उमेदनगर
२ राव बहादुर डाक्टर ओङ्कारसिंहजी साहब
३ मिस्टर किसनपुरीजी साहब, बी ए, एल एल. बी., होम सेक्रेटरी,
४. हकीम असदअलिजी साहब, आनरेरी मजिस्ट्रेट
५ पण्डित गोविन्दनारायण शर्मा आसोपा

सर्व प्रथम डाक्टर साहब ने एक छोटीसी किन्तु सारगर्भित वक्तृता दी जिस मे यह प्रस्ताव उपस्थित किया कि पण्डित रामकर्णजी की भारतवर्ष की सामान्यतया और मारवाड की विशेषतया की हुई साहित्यिक सेवाओं के उपलक्ष्य मे उपहार रूप से एक अभिनन्दन ग्रन्थ भेट किया जावे जिसमे भारत भर के पण्डितजी से परिचित लेखक महाशयों की लेखनियों से अपनी २ रुचि के किसी विषय पर लिखे लेखों का संग्रह किया जावे।

इसका श्रीमान् पुरीजी ने समर्थन किया और प्रस्ताव सर्व संमति से सहर्ष स्वीकृत हुआ जिसको कार्यरूप में परिणत करने के लिये निम्न सज्जनों की समिति का निर्वाचन हुआ जिसके महाराज श्रीगुमानसिंहजी साहब सभापति दोनों राव बहादुर साहिब उपसभापति, पं० गोविन्द नारायण मंत्री और मिस्टर किसनपुरीजी सहकारी मंत्री नियत हुए।

अतः ता० २४-६-१६३८ को एक मुद्रित निवेदन पत्रिकाजी से परिचित भारत के प्रसिद्ध २ पुरुषों की सेवा में भेजा गया जिस में अपनी रुचि के किसी भी विषय पर निम्न सात भाषाओं में से किसी भाषा में लिखे लोकोपकारक लेख अक्टूबर दिसम्बर सन १६३८ तक भेजने की प्रार्थना की गई:—

१ संस्कृत
२ हिन्दी
३. मारवाड़ी
४ उर्दू (नागरी लिपि में)
५. गुजराती
६ मराठी
७ अंगरेजी

मुझे इस बात का हर्ष है कि गुजराती और मराठी के अतिरिक्त पाँच भाषाओं में विविध विषयों पर लेख प्राप्त हुए जिन का इस अभिनन्दन-ग्रन्थ में समावेश किया गया है और जिसके वास्ते मैं प्रत्येक लेखक महाशय का आभार मानता हूं।

गोविन्द-भवन,
जोधपुर,
१-५-१६४०

गोविन्द

Preface.

It is a matter of great joy and much happiness that the people of Marwar are going for the first time to present a Commemoration Volume to their much reputed and renowned person, profound scholar, eminent epigraphist and veteren historian, Mahamahadhyapaka, Vidvadratna, Professor Pandit Rama Karnaji Asopa of Jodhpur, in appreciation of his long, illustrious, public, literary services to the motherland The idea to do so was conceived by Rao Bahadur Dr Onkar Singhji as the said Panditji had attained the emulated age of eighty-four This was received with great approbation by many friends and admirers of the learned Panditji. Accordingly a notice was issued on August 26th, 1938, to form a Committee with a view to put the idea into practical operation In response to the above notice a meeting of selected persons was held on the 28th idem at the mansion of Maharaj Sri Guman Singhji Sahib, under his presidentship at 8-30 A M wherein the following persons were present—

1 Rao Bahadur Thakur Jai Singhji Sahib of Umednagar
2 Rao Bahadur Dr Onkar Singhji Sahib
3 Kishen Puriji Sahib, B A ,L L B.
4. Hakeem Asad Aliji Sahib
5 Pandit Govind Narayan Sharma Asopa

A short but lucid and placid speech was made by Doctor Sahib proposing to appreciate the literary services rendered by Panditji to the people of India in general and those of Marwar in particular

during his long life of over four score and four by presenting him a Commemoration Volume containing articles on useful literary subjects by the pens of various writers of India.

This was seconded by Mr Kishen Puri and the proposal was heartily and unanimously passed and a working Committee was nominated with Maharaj Sri Guman Singhji Sahib as its President, both the Rao Bahadurs as Vice-Presidents, myself as Secretary and Mr Puri as Joint Secretary

On September 25, 1938, a printed request was made to most of the leading literary personalities of India having acquaintance-ship with the Pandit ji, to send articles on subjects of their own choice, but of public utility in any of the following seven languages before the end of December 1938.-

1 Sanskrit.
2 Hindi.
3 Marwari.
4. Urdu (in Nagari characters)
5 Gujarati.
6 Marathi
7 English

I am glad to note that articles in five languages have been received,excepting Gujarati and Marathi only for publication from diverse writers, which have been incorporated into this Complimentary Volume For this I am thankful to their respective writers.

Govind Bhavan,
JODHPUR
1-8-1940.

GOVIND

॥ श्रीदधिमती जयति ॥

लेखों की सूची

---

(४) हिन्दी-गद्य

---

* बड़े खेद का विषय है कि लेखक महाशय का असमय में देहावसान होने से आप इस अभिनन्दन-ग्रन्थ का अवलोकन न कर सके। सम्पादक

(५) मारवाड़ी–पद्य

(६) मारवाड़ी–गद्य

(७) उर्दू–गद्य

(8) English—prose

|| श्रीदधिमती जयति ||

लेखकों की सूची

पृष्ठाङ्क

संस्कृत-पद्य

संस्कृत-गद्य

हिन्दी-पद्य

हिन्दी-गद्य

मारवाड़ी-पद्य

मारवाड़ी-गद्य

उर्दू-गद्य

अंग्रेजी-गद्य

* बड़े खेद का विषय है कि लेखक महाशय का असमय में देहावसान होने से आप इस अभिनन्दन ग्रन्थ का अवलोकन न कर सके। सम्पादक।

॥ श्रीहरिः ॥

श्रीमान् प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता महामहाध्यापक विद्वद्रत्न

पण्डित रामकर्णजी आसोपा

जोधपुर,

भूतपूर्व लेक्चरार कलकत्ता यूनिवर्सिटी

का

जीवन-चरित ।

देवीं दधिमतीं नत्वा सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
चरित रामकर्णस्य गोविन्देन विरच्यते ॥ १ ॥

इस देव-वन्दित भारत भूमि में कई ऋषि, मुनि, आचार्य, विद्वान्, धर्म-प्रचारक, वेद-प्रचारक, ज्ञान-प्रचारक, आदि हो चुके हैं जिनके नाम अभीतक अमर हैं। वैसे कई प्रकाण्ड पण्डित होगये हैं जिनके बनाये ग्रन्थ अद्यावधि विद्यमान हैं। कितने ही भूदेव ऐसे भी हुए हैं जो सर्वशास्त्रों के पारगामी थे और जो अमूल्य विद्यादान देते थे। राजपूताने में भी सर्वशास्त्रनिष्णात कई दिग्गज-विद्वान् होचुके हैं जिनकी प्रख्यात कीर्ति चारों ओर फैली हुई है। आधुनिक समय में भी अनेक प्रगाढ पण्डित इस राजस्थान की वीरभूमि में पाये जाते हैं जिनके शास्त्रज्ञान के कारण ब्राह्मणों का शिर ऊंचा और मुख उज्ज्वल है। इस कोटि के विद्वानों में जोधपुर के प्रसिद्ध इतिहास-वेत्ता महामहाध्यापक विद्वद्रत्न पं० रामकर्णजी आसोपा की गणना है। कहने में अत्युक्ति न होगी

कि इस समय आपके समान मारवाड़ में अन्य कोई विद्वान् न
है। आपके सरल स्वभाव, शान्तप्रकृति, निरभिमान, परोपक
आदि सद्गुणों के कारण आपको सर्वजनसमुदाय जानता है।

आपका जन्म पञ्चगौड़ान्तर्गत दाहिमा ब्राह्मण जाति में हु
जिसके मूल-पुरुष ईशावास्य उपनिषद् के द्रष्टा (वक्ता), अश्वि
कुमारों को ब्रह्मविद्या के उपदेष्टा, दानशिरोमणि, दधीचि ब्र
महामुनि हुए। उनकी सन्तान दाधीचों के १४४ नख (शाखा
हैं जिन में आपका गोत्र भारद्वाज और प्रवर ३ बार्हस्पत
आङ्गिरस, भारद्वाज हैं। शाखा शुक्ल-यजुर्वेद की माध्यन्दिनी है

आपके पूर्व-पुरुष (पुरखा) मेड़ता[1] नगर में, जो पूर्वक
में बहुत ही बड़े नगरों की गणना में था, निवास करते थे
राव जोधाजी ने अपने पुत्र वरसिंह और दूदा को मेड़ते
राज्य दिया था। वरसिंह के अनन्तर राव दूदाजी मेड़ता
मालिक हुए। उन्होंने मेड़ता नगर को आबाद कर पृथक राज
स्थापित किया। तब वन्दनीय पण्डितजी के पुरखा उन्हीं के राज
ज्योतिषी नियत हुए। तब से आजतक राज्य-ज्योतिषी का का
इन्हीं के घराने में है। जोधपुर महाराजा विजयसिंहजी के राज
में मेड़ता के हाकिम अहीर पेमीदास को उक्त पण्डितजी के प

---

१ मंडार के प्रतिहार राजा बाउक के वि० सं ८९४ के शिल
लेख में मेड़ता नगर के विषय में लिखा है कि प्रतिहार नागभट
राजधानी मेड़ता नगर था। और उसके साथ यह भी लिखा है।
मेड़ता नगर महान् था—

" तस्मादपि महाभागः श्रीमान्नागभटः सुतः।
राजधानी स्थिरा यस्य महन्मेडन्तकं पुरम् ॥"

नागभट का समय विक्रमी आठवीं शताब्दी का आरम्भ होना चाहिए

दादा गङ्गादासजी ने ज्योतिष शास्त्र के अनुसार फलादेश कहा और वह यथार्थ मिला। ये समाचार वेणीदास ने महाराजा को अर्ज किया तो महाराजा ने इन के गुण की परीक्षा करके जोशी गङ्गादासजी को मेडता के कस्बे में २५ बीघा खेत देने का हुक्म फरमाया उसकी सनद सं० १८५० के चेत बद ३ की उक्त पण्डितजी के पास मौजूद है।[१]

---

१ पट्टे की नकल—

॥ श्रीपरमेश्वरजी सत्य छै ॥

ठाकुरजी श्रीचत्रभुजजी श्रीमहाराजजी

स्वस्त्य श्री मेडता कोटायत श्रहार वेणीदासजी व्यास उदेनारायण जी जोग्य जोधपुर था भडारी श्रीभवानीदासजी लिखावत जुहार पगेलागणो वांचजो अठारा समाचार श्री जीरे तेज प्रताप सु भला छै थांहरा सदा भला चाहिजे तथा मेडता रा जोशी गगादास ओठे उठे आयो तरे आछी हमगीरी रा समाचार थांनु कया जीणीक माफक मिलिया तिणरा थे हकीकत लिखी थी सुं श्री हजुर मालम हुई सु इणनु मेडता रा कसबा रा खेत बीघा २५ अखरे पचीस दिरावण रो हुकम हुवो है सु २५ बीघा खेत आछा मपाय दीजो सु उठेरै सदर टीपणा वांचिया करसी ने श्री दरबार नैं आसीरवाद देसी श्रीहजुर रो हुकम छै सवत् १८५० रा चैत्र वद ३

सनद री नकल उतरायने इणनु सप दीजो दुवायत दोढीदार खांवकरण।*

गङ्गादासजी के चार पुत्र हुए १ सदारामजी, २ जगनाथजी, ३ रघुनाथजी और ४ जानकीदासजी। ज्येष्ठ पुत्र सदारामजी ज्योतिष-शास्त्र के पारगामी थे, मन्त्र-शास्त्र के पूर्ण अभिज्ञ थे और पूर्ण इष्टबली थे। इनका कहा हुआ वचन कभी खाली नहीं जाता था। उनके समय में शाह शिवराजजी मेड़ता में प्रतिष्ठित सेठ थे। दरबार की तर्फ से हाकिम का काम वही करते थे, उनका पुत्र बीमार हुआ तब किसी ने सदारामजी से पूछा कि सेठजी का पुत्र बीमार है यह रोगमुक्त कब होगा। जोशीजी ने देख भाल कर उसे कहा कि यह तो अमुक तिथि को मर जायगा। यह वार्ता किसी तरह सेठजी के कानों तक पहुँच गई। ईश्वर की गति विचित्र है। सेठजी का पुत्र धीरे २ आराम होने लगा यहाँ तक कि ठीक तन्दुरुस्त होने पर स्नान का दिन नियत हुआ। उस पुरुष ने जोशीजी से कहा कि "जोशीजी!, उसके रोगमुक्ति के स्नान का अमुक दिन नियत हुआ है, आपकी बात तो गई।" तब जोशीजी ने कहा कि "जो तो उण दिन मर जासी।" त्यों ही हुआ। जो स्नान का दिन नियत था उस दिन हजामत बनवाई गई और अच्छी तरह गर्म पानी से स्नान कराया गया, स्नान करने से सर्दी असर करगई और सन्निपात होगया। रातको यह लड़का चल बसा। दूसरे दिन सारा मेड़ता शब के

---

० ४। मकल बिना श्री हजूरी दफतर १

४ १ १

४ १

४

सिरनामा

१

बाहीर चेथोदासजी ब्यास जसेनारायणजी जोग)

मेड़ता।

साथ गया । जोशीजी भी गये । सेठजी की आंख बचाकर दूर एक कैर के वृक्ष के नीचे बैठ गये । सेठजी को वह बात याद आगई । सेठजी ने कहा कि सदाराम नहीं आया ? तो किसी ने कहा कि आया है, वह कैर की छाया में बैठा है । सेठजी ने जोशीजी को बुलाया और कहा कि यदि यह आज न मरता तो मैं तुझे लीले कांटों में जलवा देता । जोशीजी ने चुप लगाई ।

एक समय किसी महाजन ने आकर सदारामजी से अपनी जन्मपत्री देखने को कहा । जोशीजी ने जन्मपत्री देख कर कहा कि " तू क्या जन्मपत्री दिखाता है । इस महीने में तो तेरा नाक कट जायगा । " यह सुन कर महाजन घबराया क्योंकि जोशीजी की धाक शहर में जमी हुई थी कि उनका वचन खाली नहीं जाता था । उसने अपनी दुकान का सब कारोबार बन्द कर दिया और घर में आकर बैठ गया । उस महीने के पूरे तीस दिन बीत गये किन्तु रात ही बाकी रही, तब सन्ध्या के समय वह महाजन जोशीजी के पास गया और उनसे कहा कि " जोशीजी महाराज, महीना पूरा होगया और अभी तक तो कुछ नहीं हुआ । " तब जोशीजी ने कहा कि 'अभी रात बाकी है ।' यह सुन कर वह महाजन चुप चाप अपने घर चला गया । भोजन करके वह बैठा तो उसके लड़के ने कहा कि मेरे बरतने का अंट निकाल दो । महाजन ने अपनी स्त्री से चाकू मांगा । उसने कहा कि आप बैठे हैं उसके ऊपर के आले में ही रक्खा है । महाजन ने चाकू लेने के लिये हाथ ऊपर किया, चाकू हाथ में तो नहीं आया और उसके नाक पर गिर गया जिससे नाक कट गया । तब वह चिल्लाया । जोशीजी का वचन सत्य निकला ।

ये बड़े लेखक थे और ७०० श्लोक नित्य लिखते थे । और मोती के समान सुन्दर अक्षर लिखते थे । इनके हाथ की

लिखी हुई ज्योतिष और मन्त्र-शास्त्र की सैकड़ों पुस्तकें पण्डितजी के घर में विद्यमान हैं।

उनके तीसरे भाई रघुनाथजी के वि॰ सं॰ १८७८ की चैत्र वदि द्वितीया के दिन वंश-रक्षक एक पुत्र हुआ उसका नाम बल्देवजी रक्खा गया। इनके बचपन में ही इनके माता पिता शान्त होगये, तब इनके नाना लटोइ व्यास मुरलीधरजी, जो नागौर के निवासी थे, इनको नागौर लगये और महाजनी विद्या पढ़ाई। उस समय में कोई ऐसी घटना होगई थी कि ब्राह्मण मात्र को महाजन (सेठ साहूकार लोग) किसी कारण वश नौकर नहीं रखते थे। जिस समय में इनकी सोलह वर्ष की अवस्था थी। जब महाजनी नौकरी से निराश हुए तो इन्होंने सारस्वत और चन्द्रिका पढ़ कर श्रीमद्भागवत का अध्ययन किया। बीस वर्ष की अवस्था में अच्छे भागवती पण्डित बन गये। भागवत इनको कण्ठस्थसा था। इनका विवाह जोधपुर में कमलिया शाखा में हुआ था। उस सम्बन्ध से ये जोधपुर में आये। ठाकुरजी के मन्दिर में दर्शन को गये। वहां गोस्वामी कृष्णजीवनजी महाराज श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध का पाठ कर रहे थे। इन्होंने उसकी ओर ध्यान लगाया तो गोस्वामीजी महाराज ने पूछा कि 'क्या तुम भागवत जानते हो?' तो इन्होंने कहाकि 'हां महाराज!।' तब उन्होंने इनकी परीक्षा के लिये भागवत के दशमस्कन्ध का निम्न लिखित श्लोक का अर्थ पूछा और पत्र हाथ में देदिया।

श्लोक—

गायन्ति ते विशदकर्म गृहेषु देव्यो राज्ञां स्वशत्रुवधमात्मविमोक्षणं च,
गोप्यश्च कुञ्जरपतेर्जनकात्मजायाः पित्रोश्च लब्धशरणा मुनयो वयं च॥

अर्थ—उद्धवजी श्रीकृष्ण भगवान् से कहते हैं कि जैसे शङ्खचूड़ नामक यक्ष को मार उस से छुडाने के कारण देवी गोपियां अपने २ घरों में आप के निर्मल चरित्र का गान किया करती हैं, जैसे शरणागत लोग ग्राह को मार गजराज को छुडाने से आप का निर्मल यश गाते हैं, जैसे मुनि लोग रावण को मार सीता को छुडाने से आप का गान करते हैं, जैसे हम लोग कंस को मार उस से आप के माता पिता देवकी और वसुदेवजी को छुडाने से आप का गान करते हैं, वैसे जरासन्ध से कैद किये हुए राजाओं की रानियां भी जरासन्ध को मार राजाओं को छुडाने से अपने २ घरों में आप का पवित्र चरित्र का गान किया करेंगी।

इन्होंने उक्त श्लोक का अर्थ सुचारु रूप से मय श्रीधरी व्याख्या के कह सुनाया। सुन कर महाराज अत्यन्त प्रसन्न हुए और कहा कि 'क्या भागवत आपको ऐसी ही याद है?, तो इन्होंने कहा कि 'हां महाराज!' तब महाराज ने कहा 'क्या आप हमारे माजी महाराज को भागवत सुनावेंगे?' तो इन्होंने स्वीकार कर लिया और महाराज की आज्ञानुसार चोपासनी गये। माजी महाराज को छः मास में श्रीमद्भागवत सुनाया। महाराज भी पास में बैठे सुना करते थे। समाप्त होने पर कुछ भेंट पूजा करके माजी महाराज ने फरमाया कि "हमारे देने लेने को तो कछु नहीं है पर हम आपको आशीर्वाद देती हैं कि आप फलोगे फूलोगे।"

पण्डितजी के पिताजी ने दो विवाह किये। पहिला विवाह कासल्या जाति की वीरां नामक स्त्री के साथ हुआ। वि० सं० १९११ में इसका स्वर्गवास होने से दूसरा विवाह बडलू ग्राम के निवासी गोरेचा अन्नालालजी की पुत्री सिणगारी (भूरा

दवो) के साथ हुआ। उसके उदर से ५ पांच पुत्र हुए। १ रामकर्णजी, २ श्यामकर्णजी ३ लक्ष्मीनारायणजी, ४ गोविन्द नारायणजी ५ कृष्णनारायणजी। इन में से श्यामकर्णजी और लक्ष्मीनारायणजी का स्वर्गवास हो चुका है और शेष तीन भ्राता विद्यमान हैं जिन की वंश-परम्परा निम्न वंश वृक्ष में दी गई है।

वंश—वृक्ष

- पं० गङ्गारामजी
  - पं नन्दारामजी
    - पं शिवबक्सरामजी
  - पं जगन्नाथजी
  - पं रघुनाथजी
    - पं बलदेवजी [सं १८७८-१९५७]
      - पं रामकर्णजी [सं १९१४]
        - जयनारायण [१९८२]
      - पं श्यामकर्णजी [१९१७-६९]
      - पं लक्ष्मीनारायणजी [१९२७-७४]
      - पं गोविन्दनारायणजी [१९३५]
        - माधवनारायण [१९६२]
          - देवनारायण [१९९४]
        - विष्णुनारायण [१९७३]
        - नरनारायण [१९८२]
      - पं कृष्णनारायणजी [१९३४]
        - किशननारायण [१९९१]
  - पं जानकीदास

नोट—ब्रेकट में दिये हुए सवतों में प्रथम जन्म का और दूसरा स्वर्गवास का है और जो विद्यमान हैं उन का केवल एक जन्म सवत् ही ऊपर दिया गया है।

पण्डितजी का जन्म आपके ननिहाल चडलू ग्राम में वि० [सं]० १९१४ के भाद्रपद वदि २ द्वितीया शुक्रवार को अर्धरात्रि के [स]मय हुआ। उस समय ग्रहों की स्थिति इस भांति थी–

आप बाल्यकाल ही से तीव्र बुद्धि थे जिस से आप के [पिता]जी ने आप को पांचवें वर्ष अक्षरारम्भ करा दिया। तदनन्तर [...]विद्या सीख लेने पर ८ वें वर्ष में आप को सारस्वत पढ़ाना [आर]म्भ कर दिया। जिस के साथ श्रीमद्भागवत के दशमस्कंध [का] मूल पढ़ना भी शुरु करा दिया। पिताजी को अवकाश कम [मि]लने से आप ने दादूपंथी साधु रामदासजी के पास सारस्वत [क]ा पूर्वार्द्ध समाप्त किया। तदनन्तर चन्द्रिका के उत्तरार्द्ध की [प]ढाई की गई। उस के साथ भागवत का अर्थ पिताजी के पास पढ़ने लगे। जिस से आप को साधारण व्युत्पत्ति होगई। तदनन्तर रघुवंश और माघकाव्य पण्डितजी ने दाक्षिणात्य पाडुरङ्गजी के पास जोधपुर में पढ़े। तत्पश्चात् ज्योतिषशास्त्र यतिवर जवाहर-मलजी के पास पढ़ा और वर्ष, जन्मपत्री भी बनाना उन्हीं के पास सीखा। जब इन की १२ वर्ष की अवस्था थी, तब आयुर्वे-

रजो) के साथ हुआ । उनके उदर से ५ पाँच पुत्र हुए । १ रामकर्णजी, २ श्यामकर्णजी, ३ लक्ष्मीनारायणजी, ४ गोविन्दनारायणजी ५ कृष्णनारायणजी । इन में से श्यामकर्णजी और लक्ष्मीनारायणजी का स्वर्गवास हो चुका है और शेष तीन भ्राता विद्यमान हैं जिन की वंश-परम्परा निम्न वंश वृक्ष में दी गई है ।

वंश—वृक्ष

- पं० नन्दलालजी
  - पं लद्धारामजी
    - पं शिवकर्णरामजी
  - पं मनसारामजी
  - पं रघुनाथजी
    - पं बलदेवजी [सं १८०८-१९६७]
      - पं राम कर्णजी
      - पं श्याम कर्णजी [१९१७-६९]
      - पं लक्ष्मी नारायणजी [१९२७-७४]
      - पं गोविन्द नारायणजी [१९३३]
        - माधवनारायण [१९६२]
        - विष्णुनारायण [१९७६]
        - नरनारायण [१९८२]
      - पं कृष्ण नारायणजी [१९३४]
        - [illegible]नारायण [१९६१]
  - पं [illegible]दीवालजी

में दिये हुए संवतों में प्रथम जन्म का और दूसरा स्वर्गवास का है और जो विद्यमान हैं उन का केवल एक जन्म संवत् ही ऊपर दिया गया है ।

पण्डितजी का जन्म आपके ननिहाल चडलू ग्राम में वि० सं० १९१४ के भाद्रपद वदि २ द्वितीया शुक्रवार को अर्धरात्रि के समय हुआ। उस समय ग्रहों की स्थिति इस भांति थी—

आप बाल्यकाल ही से तीव्र बुद्धि थे जिस से आप के पिताजी ने आप को पांचवें वर्ष अक्षरारम्भ करा दिया। तदनन्तर अङ्कविद्या सीख लेने पर ८ वें वर्ष में आप को सारस्वत पढ़ाना आरम्भ कर दिया। जिस के साथ श्रीमद्भागवत के दशमस्कंध का मूल पढ़ना भी शुरु करा दिया। पिताजी को अवकाश कम मिलने से आप ने दादूपंथी साधु रामदासजी के पास सारस्वत का पूर्वार्द्ध समाप्त किया। तदनन्तर चन्द्रिका के उत्तरार्द्ध की पढ़ाई की गई। उस के साथ भागवत का अर्थ पिताजी के पास पढ़ने लगे। जिस से आप को साधारण व्युत्पत्ति होगई। तदनन्तर रघुवंश और माघकाव्य पण्डितजी ने दाक्षिणात्य पाडुरङ्गजी के पास जोधपुर में पढ़े। तत्पश्चात् ज्योतिषशास्त्र यतिवर जवाहर-मलजी के पास पढ़ा और वर्ष, जन्मपत्री भी बनाना उन्हीं के पास सीखा। जब इन [illegible] र्ष की अवस्था थी, तब आयुर्वे-

दीय ग्रन्थ वैद्यराज दाहिमा जाति के इनायिया जोशी भगनोराम-जी के पास वैद्यविनोद, माधवनिदान, शार्ङ्गधर आदि पढ़े। इस से पहिले लिपि लिखना पुष्करणा ब्राह्मण पुरोहित कृष्ण-कर्मजी से सीखा। वैद्यक के ग्रन्थ शार्ङ्गधर, माधवनिदान आपने हाथ से लिख कर पढ़े गे। उस समय आप की अवस्था १५ वर्ष की थी। इस अवस्था में आप अच्छे व्युत्पन्न हो गये व उसी अर्से में पण्डितजी ने शुक्लयजुर्वेद की माध्यन्दिनी शाखा की संहिता का अध्ययन किया। और उस का अर्थ जानने के लिये श्रीमाली ब्राह्मण बोहरा कन्नीराममजी के पास उवट भाष्य था, उस की प्रतिलिपि अपने हाथ से की और उवट भाष्य को देखा भी। उसी अर्से में इन के पिताजी का बम्बई जाना हो गया।

वि० सं० १९२९ में आप के पिताजी बम्बई गये तब आप को भी अपने साथ ले गये। वहां आप भारतमार्तण्ड, प्रज्ञाचक्षु, जगत्प्रसिद्ध, पण्डित गट्टूलालजी महाराज के पास तीन वर्ष रहे। वहां सिद्धान्तकौमुदी, कुछ महाभाष्य का अंश, वेदान्त, साहित्य, न्याय आदि का अध्ययन किया।

वि० सं० १९३० में दयानन्द सरस्वती बम्बई में आये, वालकेश्वर में उनका डेरा था उनके पास पण्डितजी और पण्डितजी के सहाध्यायी मूलशङ्करजी दोनों गये। विद्यार्थी दशा में पण्डितजी ने व्याकरण के विषय में प्रश्न किया। प्रश्न यह था कि "खरवसानयोर्विसर्जनीयः" इस सूत्र के स्थान में यदि "अनचि विसर्जनीयः" ऐसा छोटा सूत्र बना दिया जाता तो काम चल सकता था फिर पाणिनिजी ने इतना बड़ा सूत्र क्यों बनाया? और वैयाकरण लोग एक-मात्रा-लाघव से पुत्रोत्सव के समान आनन्द मानते हैं तो पाणिनि मुनि ने ऐसा क्यों किया? स्वामीजी ने उस का उत्तर कुछ भी नहीं दिया। उसी अर्से में

स्वामीजी के पास जो गृहस्थ आये थे उन से वे वार्तालाप करने लग गये। प्रश्न का उत्तर कुछ भी नहीं दिया गया जिस से पण्डितजी अपने सहाध्यायी के साथ वापिस लौट आये।

उसी अर्से में पण्डितजी के गुरु गट्टूलालजी महाराज पूना नगर गये तब पण्डितजी भी उन के साथ थे। पूना में गोस्वामी यदुनाथजी महाराज ने एक संस्कृत पाठशाला खोल रक्खी थी उस में छहों शास्त्रों के अध्यापक छः शास्त्री नियुक्त थे। उस पाठशाला में व्याकरण पढ़ने वाले विद्यार्थियों में पण्डितजी का भी नाम था और उसी पाठशाला के विद्यार्थी समझे जाते थे, और वहां से स्कालर्शिप (छात्रवृत्ति) पांच ५) रुपये मासिक मिलती थी। परीक्षा के समय में छात्रों की परीक्षा हुई तब पण्डितजी की भी परीक्षा हुई उस में उच्चकोटी में उत्तीर्ण होने से उन्हे महाराज की तर्फ़ से २५) रुपये इनाम में मिले।

बम्बई में रह कर पण्डितजी ने व्याकरण, वेदान्त और साहित्य का अच्छा परिज्ञान प्राप्त कर लिया था। बम्बई में भी गट्टूलालजी महाराज को अवकाश कम मिलने से पण्डितजी को पढ़ाई के लिये अन्य शास्त्रियों के पास भी पढ़ना पडता था। व्याकरण महामहोपाध्याय राजाराम शास्त्री बोडस के पास, काव्य और नाटक की पढ़ाई के लिये वैजनाथ शास्त्री और साहित्य के लिये भाऊ शास्त्री के पास जाते थे। वेदान्त गुरु गट्टूलालजी से पढ़ा था।

वि० सं० १९३१ में गट्टूलालजी महाराज जूनागढ गये तब पण्डितजी उनके साथ थे। गिरनार की यात्रा करके सोमनाथ का दर्शन किया। वहीं पण्डितजी के पिताजी, जो कलकत्ता में १॥ वर्ष रहकर वापिस बम्बई आये थे, के साथ गुरूजी से

आज्ञा लेकर पण्डितजी वि० सं० १९३१ के अन्त में जोधपुर आगये ।

वि० सं० १९३९ में स्वामी दयानन्द सरस्वती जोधपुर आए, फैजुल्लाखांजी के बाग में ठहरे, एक दिन सन्ध्या समय में स्वामीजी ने सभा के अन्दर व्याख्यान दिया; उस समय सभा में जोधपुर दरबार के सहोदर भ्राता महाराज किशोरसिंहजी, कुचामण ठाकुर शेरसिंहजी, काश्मीरी पण्डित शिवनारायणजी आदि उपस्थित थे, व्याख्यान होने के पश्चात् एक मैथिल शास्त्री ने, जो ज्योतिष का पण्डित था, स्वामीजी से प्रश्न किया कि आप ने सृष्टि-विषय में अभी कहा था, इसलिए हम आपसे पूछते हैं कि सृष्टि को उत्पन्न हुए कितने वर्ष हुए ? तब स्वामीजी ने दिल्लगी करके कहा कि क्या आप यह भी नहीं जानते ? शोक का स्थल है कि ज्योतिषी कहलाकर इतना भी नहीं जानते ? तुम ब्राह्मण हो ? क्या तुम हमेशा सङ्कल्प करते हो ? यदि करते हो तो देखो सङ्कल्प के भीतर ही सृष्टि के आरम्भ का समय लिखा है, सङ्कल्प में यह लिखा है कि "अष्टाविंशतितमे कलियुगे" अब अठाईसवां कलियुग वर्तमान है तो सृष्टि को आरम्भ हुए ग्यारह करोड़ सतानवे लाख बत्तीस हजार नौ सौ चौरासी ११९७३२९८४ वर्ष हुए, ज्योतिषीजी सुनकर चुप हो गये ।

उस समय पण्डितजी ने उठकर ज्योतिषीजी से कहा कि यदि आप आज्ञा दें तो मैं इसी प्रश्न के विषय में स्वामीजी से कुछ पूछूं; ज्योतिषीजी ने आज्ञा दी और स्वामीजी ने भी कहा, 'कहो क्या कहते हो ?' तब पण्डितजी ने कहा कि "आपने यह जो सृष्टि के आरम्भ काल का समय बतलाया है उस में हमारे सङ्कल्प का प्रमाण दिया है वह प्रमाण आप नहीं दे सकते, क्योंकि आप तो इस को प्रमाण मानते ही नहीं; फिर यह प्रमाण देना आपकी

सरासर भूल है, इस बात से कुपित होकर शिष्य से कहा कि जाओ ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका लाओ, उस में से स्वामीजी ने ये श्लोक पढ़े—

चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तु कृतं युगम् ।
तस्य तावच्छती संध्या संध्यांशश्च तथाविधः ॥ ६९ ॥
इतरेषु ससंध्येषु ससंध्यांशेषु च त्रिषु ।
एकापायेन वर्तन्ते सहस्राणि शतानि च ॥ ७० ॥
यदेतत्परिसंख्यातमादावेव चतुर्युगम् ।
एतद्द्वादशसाहस्रं देवानां युगमुच्यते ॥ ७१ ॥

(मनुस्मृति प्रथम अध्याय)

इन का अर्थ सुनाकर कहा कि मनुस्मृति में युगों का प्रमाण लिखा है, उस के अनुसार सृष्टि को हुए उक्त संख्या होती है। उन के कथन पर पण्डितजी ने कहा कि आप तो केवल वेद की चार संहिता ही प्रमाण मानते हैं, आप मनुस्मृति का प्रमाण नहीं दे सकते, मनुस्मृति का प्रमाण देना आप की भूल है। तब उन्होंने शुक्लयजुर्वेदसंहिता के पन्द्रहवें अध्याय का यह मंत्र पढा।

सहस्रस्य प्रमासि सहस्रस्य प्रतिमासि सहस्रस्योन्मासि साहस्रोऽसि सहस्रायत्वा ॥ ६५ ॥

और कहा कि संहिता मंत्र में सहस्र शब्द लिखा है: और वह चार बार कहा है जिससे युगों की संख्या समझनी चाहिये। मनुस्मृति के श्लोक का आधार यह है। तब पण्डितजी ने कहा कि आप इस का अर्थ करके सुनावें कि इस का अर्थ क्या है ? क्यों कि आप हरेक मंत्र का अर्थ कुछ का कुछ कह देते हैं, ये सभासद बैठे हैं साक्षी होजावें। यह सुनकर अत्यन्त कुपित होकर बोले कि अग्नि प्रोक्षण का यह मंत्र है, हे अग्नि ! तू सहस्र की प्रमा अर्थात् प्रमाण है सहस्र की प्रतिमा अर्थात् प्रतिनिधि है,

सहस्र की उन्मा अर्थात् तुल्य है, सहस्र के योग्य है, सहस्र तू है। तब पण्डितजी ने कहा कि आप युगों के वर्षों की संख्या का तो प्रमाण देते हैं और कहते हैं कि यह अग्नि प्रोक्षण का मन्त्र है, भला अग्नि प्रोक्षण कार्य का और युगों का क्या संबंध ? इस मंत्र में न तो कृत, त्रेता, द्वापर और कलि युग का नाम है और न एक सहस्र दो सहस्र तीन सहस्र चार सहस्र ऐसे पृथक् २ संख्या ही कही गई है और न कहीं युग का नाम है फिर इस मंत्र का अर्थ ऐसा कैसे मान लिया जाय ? कि कृत युग सत्रह लाख और अठाईस हजार १७२८००० वर्ष का, त्रेता युग बारह लाख छानवें हजार १२९६००० वर्ष का, द्वापर युग आठ लाख चौसठ हजार ८६४००० वर्ष का और कलि युग चार लाख बत्तीस हजार ४३२००० वर्ष का होता है। केवल एक सहस्र शब्द से ऐसा असंभावित कपोल कल्पित अर्थ कोई नहीं मानेगा। सभासद् सब स्वामीजी के मुख के सामने देखने लगे, क्या उत्तर देते हैं ? परन्तु स्वामीजी इस का उत्तर क्या देवें ? क्रोधान्ध होकर कहा कि बैठ जाओ, बस शास्त्रार्थ समाप्त हुआ। सभासद उठ कर अपने २ घर को चले गये।

वि० सं० १९४१ में दरबार हाई स्कूल में एक हिन्दी टीचर की जगह खाली हुई उस के सुप्रिन्टेन्डेन्ट मिश्र गङ्गाप्रसादजी थे। उन्होंने पण्डितजी से कहा कि हमारे यहां एक हिन्दी टीचर की जगह खाली है तुम आजाओ। उनकी इच्छा थोड़े वेतन में नाम लिखाने की नहीं थी परन्तु सुप्रिन्टेन्डेन्ट साहब के अनुरोध से आपने स्वीकार किया। उस स्कूल में आपने १६ वर्ष अपना काम तन मन से किया। यद्यपि आप सेकण्ड पण्डित थे परन्तु आपकी पाठन प्रणाली उत्तम होने के कारण ऊँचे दर्जे की एंट्रेंस और मिडिल क्लास आप के पास रहा करती थी।

और उसी वर्ष अर्थात् सं० १९४१ में आप ने श्रीमद्भागवत

की भाषा टीका बनाई; जो पं. हरिप्रसाद भागीरथ के यहां बम्बई में छपी है, उस टीका में विशेषता यह है कि मूल श्लोक के अनुसार भाषानुवाद किया गया है। और कहीं श्रीधर टीकाकार ने विशेष बात लिखी है तो वह भी उस में लिख दी गई है। तात्पर्य यह है कि श्रीधरी टीका के अनुसार यह भाषान्तर किया गया है। टीका का नाम तत्त्व-बोधिनी है, और इतिश्री व मुखपृष्ठ पर "राम-श्याम विरचित" ऐसा लिखा गया है। यह भाषा टीका भारत भर में सर्व प्रथम प्रकाशित हुई थी। तदनन्तर पं० रूपनारायण पाण्डेय, पं० ज्वालाप्रसाद मिश्र आदि की सब टीकाएँ बनी हैं।

इस के पश्चात् एक पुस्तक बालकों के उपयोगी बनाई गई, जिसका नाम "सचित्र-बाल बोध" है, यह भी पं. हरिप्रसाद भागीरथ ने बम्बई में छपा कर प्रसिद्ध की है। रावराजा रघुनाथसिंहजी ने उस पुस्तक के विषय में कहा कि मैं ने बालकोपयोगी अनेक पुस्तकें देखी हैं परन्तु इस पुस्तक की तुलना करने वाली कोई नहीं है। फिर हरिप्रसाद भागीरथजी की प्रेरणा से तुलसीकृत रामायण की टीका बनाई गई। यह ग्रंथ भी पं० हरिप्रसाद भागीरथजी ने छाप कर प्रकाशित किया है।

वि० सं० १९४२ में गुरुजी गट्टूलालजी ने श्रीनाथद्वारा से पत्र लिखा कि मैं इस समय नाथद्वारा में हूँ, तुम मेरे पास आओ मुझे ऐसा ही आवश्यक कार्य है। आप ने पिताजी से गुरुजी के पास जाने की आज्ञा मांगी तो उन्होंने कहा कि तेरे जाने से यहां के कार्य में हानि होती है, उन्होंने आज्ञा नहीं दी, तब आप ने गुरुजी को एक विनय-पत्र लिखा कि माता पिता आज्ञा नहीं देते हैं इसलिये सेवा में उपस्थित नहीं हो सकता। गुरुजी ने उत्तर में लिखा कि गुरु भी माता पिता हैं, इसलिये हमारी आज्ञा है

तुम शीघ्र आओ; ऐसा ही आवश्यक कार्य है। आप गुरुचरणों में उपस्थित हुए, वहां गुरुजी गोस्वामी महाराज गोपेश्वरजी के संगृहीत पुस्तकालय की पुस्तकों की सूचि करने में लग हुए थे उसी कार्य के लिये आप को बुलाया था अत: आप उस काय में नियुक्त हुए। दो मनुष्य अन्य उस में नियुक्त थे। प्रात:काल ७ बजे कार्य का आरम्भ करते, एक बजे भोजन करके दो बजे पुन: आरम्भ करते, सन्ध्या को दर पर आ सायं सन्ध्या कर पुन: काय आरम्भ करते; रात्रि क एक बजे कार्य बन्द करके शयन करते। गुरुजी भी उस कार्य में ७—८ घंटा निमग्न रहते। इस प्रकार दो मास कार्य किया। गुरुजी का शिष्य श्यामजी बालजी ने, जो उस समय श्रीनाथद्वारा में अधिकारी था, पण्डितजी का परिश्रम देख कर दङ्ग रह गया और यह कहा कि " आ मारवाड़ो शुं काठनो बनेलो छे! "।

वि० सं० १९४५ में पण्डितजी अपनी माता को तीर्थ यात्रा कराने के लिये माता के साथ जगदीश गये। मार्ग में आते जाते मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या, प्रयाग, काशी, वैतरणी, पुष्कर आदि तीर्थो में स्नान किया।

वि० सं० १९४९ में पण्डितजी बम्बई गये और वहां से डाक्टर रामचन्द्र गोपाल भांडारकर, प्रोफेसर दक्षिण कालेज पूना क पास मिलने को गये। उन से प्राचीनलिपि पढने के विषय में वार्तालाप हुआ तब उन्हों ने परीक्षा करने के लिये एक वि० सं० ९०० समय के अनुमान का ताम्रपत्र पढने के लिये दिया और कहा कि क्या तुम इस पढ सकते हो? पण्डितजी ने उसकी लिपि को ध्यान में लेकर उस ताम्रपत्र को पढ सुनाया। भाण्डारकर बहुत प्रसन्न हुए और कहा कि तुम्हारे देश में प्राचीन शिलालेख हैं उन को पढने की कोशिश करो। मैं तुम्हारी योग्यता

देता हूँ और उन्हों ने एक सरटिफिकट (प्रशंसा-पत्र) लिख दे दिया ।

पण्डितजी ने उस से पहिले प्राचीन-लिपि पढ़ने का अभ्यास प्रतिहार बाउक के नवीं शताब्दी के शिलालेख को पढ़ कर किया था । वहां से बम्बई जाकर मिष्टर पी. पिटरसन, एलफिनस्टन कालेज के संस्कृत प्रोफेसर, से मिले । उन से इसी विषय में वार्तालाप हुआ और उन्हों ने भाण्डारकर का सर्टिफिकेट देखा तो उन्हों ने भी एक सरटिफिकट लिखकर दे दिया । तदनन्तर पण्डितजी की रुचि इस कार्य में दोनों प्रोफेसरों के प्रोत्साहन से और अधिक बढी और उस कार्य में प्रवृत्त हुए ।

वि० सं० १९५० में कविराज मुरारिदानजी ने पण्डितजी को बुलाकर कहा कि मैं साहित्य विषय का एक बृहद् ग्रन्थ बना रहा हूँ जिस में प्रधानतया अलङ्कारों का वर्णन है । इस में सहायतार्थ उदयपुर के महाराणा फतहसिंहजी से प्रार्थना करके सुब्रह्मण्य शास्त्री को मांग कर लाया हूं । सुब्रह्मण्य शास्त्री आप के वास्ते सिफारिश करते हैं कि यदि पण्डित रामकर्णजी इस कार्य में सहायता देवे तो ठीक होगा । इस लिये मैं इस कार्य में आप की सहायता चाहता हूँ । पण्डितजी ने कहा कि बहुत अच्छा, मैं तैयार हूँ । कविराजजी ने शास्त्रीजी के द्वारा आप को कहलाया कि रामकर्णजी को कहदो कि आप को ३०) रुपये मासिक दिये जायँगे । शास्त्रीजी ने वही वार्ता कही तब पण्डितजी ने कविराजजी से कहा कि यदि आप मुझ से विना वेतन कार्य लेना चाहते हों तब तो मैं तैयार हूं और वेतन से रखना चाहें तो आप किसी अन्य को बुलालें । तब कविराजजी ने कहा यदि आप वेतन लेना नहीं चाहते हैं तो कुछ चिन्ता नहीं आपका

श्रम निष्फल नहीं जायगा और मारवाड़ी भाषा का एक वाक्य कहा ' अवणी मिला मत जाणजो । ' तब पण्डितजी ने कहा कि "आप जैसे दो तीन मनुष्यों को अपने अन्तरङ्ग समझते हैं उन में मेरी भी गणना करें ।" फिर पण्डितजी उस कार्य में प्रवृत्त हुए । रात्रि के १ बजे उन की हवेली से लालटेन लेकर मनुष्य घर पर आता और पण्डितजी उसी क्षण उस के साथ हवेली जाते, उस समय कविराजजी भी तैयार मिलते और शास्त्रीजी व लेखक पूनमचंदजी भी आजाते । उसी काल कार्य आरम्भ कर दिया जाता; प्रातःकाल ७ बजे कार्य बन्द किया जाता फिर घर पर आकर आप स्नान सन्ध्या करके अपना अन्य कार्य करते ।

इस प्रकार कविराजजी के ग्रन्थ रचना के कार्य में कई वर्षों तक सहायता दी गई । और ग्रन्थ समाप्त होने से पूर्व सुब्रह्मण्य शास्त्रीजी को वापिस बुलाने के लिए उदयपुर महाराणा ने कविराजजी को लिखा कि सुब्रह्मण्य शास्त्री को भेज दें । वे उदयपुर जाने लगे उस समय कविराजजी ने उन से कहा कि आप जाते हैं मेरा कार्य अपूर्ण है; तब शास्त्रीजी ने कविराजजी से कहा कि "मैं जो कार्य करता था वह सब रामकर्णजी करते रहे हैं और आगे ये सब कर लेंगे । अब मेरी कोई आवश्यकता नहीं है । बल्कि मैं हिन्दी नहीं जानता हूँ और आप का ग्रन्थ हिन्दी भाषा में बना है इसलिये रामकर्णजी की सहायता से आप का सर्व कार्य सिद्ध हो जायगा; कोई त्रुटि नहीं रहेगी ।" वास्तव में वैसा ही हुआ ।

सुब्रह्मण्य शास्त्रीजी के चले जाने पर "जसवन्तजसोभूषण" ग्रन्थ जो अपूर्ण रह गया था उस की पूर्ति पण्डितजी ने करवाई । इस के पश्चात् उसी जसवन्तजसोभूषण ग्रन्थ का संक्षिप्त रूप 'जसवन्त-भूषण' नामक ग्रन्थ का निर्माण हुआ उसमें केवल पण्डित जी की ही सहायता रही । जसवन्तजसोभूषण का संस्कृत अनु

वाद सुब्रह्मण्य शास्त्री ने शुरु कर दिया था परन्तु वह भी अपूर्ण था उस अनुवाद को पण्डितजी ने पूर्ण किया। उस के पश्चात् जसवन्तभूषण भाषा ग्रन्थ का समग्र संस्कृत अनुवाद केवल पण्डितजी ने ही किया।

वि० सं० १९५२ में जसवन्तजसोभूषण ग्रन्थ की रचना पूर्ण हुई उस समय जोधपुर महाराजा जसवन्तसिंहजी ने उस ग्रन्थ की समाप्ति के उपलक्ष्य में कविराज मुरारिदानजी को लाख पसाव और सुब्रह्मण्य शास्त्री को ५०००) रुपये और लेखक पूनमचन्दजी को १०००) रुपये पारितोपिक के दिये। पण्डितजी के वास्ते कविराजाजी ने यह सोचा कि यह ग्रन्थ छप कर तैयार हो जायगा तब पण्डितजी को पारितोपिक दिला दिया जायगा। उस समय जसवन्तजसोभूषण ग्रन्थ भी पूर्णरूप से तैयार नहीं हुआ था।

तदनन्तर भाषा में जसवन्तभूषण की रचना हुई। भाषा के दो ग्रन्थ और संस्कृत अनुवाद के दो ग्रन्थ, इस प्रकार कुल चार ग्रन्थ, महाराजा सरदारसिंहजी के समय में तैयार हुए और वे चारों ग्रन्थ जोधपुर स्टेट प्रेस में छपवाये गये। उक्त चारों ग्रन्थों को पण्डितजी ने शुद्ध करके महाराजा सरदारसिंहजी की आज्ञा से छपवाया। उसी प्रकार चारों ग्रन्थों के मुख-पृष्ठ (title-page) पर छपा हुआ है कि "मरुमण्डलमुकुटमणि-महाराजाधिराज-राजराजेश्वर-श्रीसरदारसिंह-स्याज्ञया दाधीच-आसोपा-पण्डित-बलदेवात्मज-पण्डित-रामकर्णेन गीर्वाण-भाषायामनूदितम् तेनैव च-परिशोधितम्।" वि० सं० १९५४ में उक्त ग्रन्थों को छापनेका कार्य शुरु किया और सं० १९६४ में उक्त चारों ग्रन्थ छपकर तैयार हुए। तदनन्तर कविराजाजी ने पण्डितजी को पारितोपिक मिलने के लिये महाराजा सरदारसिंहजी की हुजूर में प्रार्थना-पत्र दिया परन्तु थोड़े ही समय में महाराजा सरदारसिंहजी का स्वर्गवास

होगया और पण्डितजी पारितोषिक से वञ्चित रह गये।

वि० सं० १९६६ में मण्डोर के किले में पुरातत्त्व शोध के लिये खुदाई का काम गवर्नमेंट की प्रेरणा से जोधपुर की ओर से हुआ। खुदाई का काम होने से कई प्राचीन मन्दिरों का पता लगा और एक शिलालेख से, जो स्तम्भ में खुदा हुआ है, सातवीं शताब्दी का पता लगा और उस स्तम्भ में श्रीकृष्ण भगवान् की बाललीला सम्बन्धी शकटासुरवध आदि कई चित्र खुदे हुए हैं जिस से यह प्रतीत होता है कि यह मन्दिर विष्णु भगवान् का था। इसी मन्दिर की खुदाई हुई तब तीन शिलालेखों के पत्थर के टुकड़े निकले उन में से दो पड़िहारों के शिलालेखों के हैं। तीसरे शिलालेख के, जो चौहान पृथ्वीपाल का विक्रम की बारहवीं शताब्दी के अन्तिम समय का है, पृथक् पृथक् तेंतीस टुकड़े मिले। ये शिलालेख के टुकड़े डा० डी आर भाण्डारकर, जो आर्किंयालोजिकल डिपार्टमेंट के इण्डिया के पश्चिमी विभाग के सुपरिंटेंडेंट थे, के सामने पेश हुए। उस समय इण्डिया के आर्कियालोजिकल डिपार्टमेंट के डाइरेक्टर जनरल सर मार्शल साहब के असिस्टेंट दयाराम सहानी भी यहां विद्यमान थे उन्हों ने उन शिलालेखों के टुकड़ों को देखा। अब उन पत्थरों को जोड़ने के लिये भाण्डारकर और सहानी ये दो व्यक्ति और तीसरे पण्डितजी एकत्र हुए। दिन भर परिश्रम किया पर कुछ पता नहीं लगा तब भाण्डारकर ने पण्डितजी से कहा कि इन को तो तुम्हीं जोड़ो। पण्डितजी ने सात आठ दिन में परस्पर सम्बन्ध मिला कर टुकड़ों को जोड़ दिया। इस शिलालेख से यह एक नई बात मालूम हुई कि नाडोल के चौहानों के वंशवृक्ष में जेन्द्रराज के पुत्र पृथ्वीपाल का पता नहीं था वह नाम इस शिलालेख में मिला जिस से मारवाड़ के चौहानों की

वंशावलि पूर्ण होगई।

उक्त डाइरेक्टर जनरल मर मार्शल साहब खुदाई का काम देखने को जोधपुर आये तब भाण्डारकर और दयाराम सहानी ने पण्डितजी के लिये सिफारिश की कि प्राचीन शिलालेख पढ़ने वाले ऐसे पण्डित कम हैं जैसे कि पण्डितजी हैं और साहब ने भी उस कार्य को और उस के सिवाय अन्य कार्यों को भी देखा तो बहुत प्रसन्न हुए और रेज़िडेण्ट अर्स्किन साहब को जो चिट्ठी लिखी उस में निम्न लिखित वाक्य लिखे थे—

"There is one more point which Mr Marshall has asked me to bring to the Darbar's notice, viz, the remuneration of Pt Ram Karan He seems to Mr Marshall to be a man of very exceptional attainments, and his knowledge of epigraphy ranks him among the first half dozen Indian experts His present monthly pay is believed to be Rs 15/- which is not a high remuneration for such a scholar and I hope that the Darbar will see fit to increase it"

अर्थात् एक बात और है जो मिष्टर मार्शल साहब ने मुझ से दरबार को नोटिस में लाने (सूचना करने) के लिये कहा है जो पण्डित रामकर्ण के वेतन (तनख्वाह) के बाबत में है। यह पण्डित मिष्टर मार्शल साहब को असाधारण गुणी मालूम हुआ है और प्राचीन लिपि के पढ़ने के परिज्ञान के कारण भारत भर के प्रथम स्थानीय आधे दर्जन विद्वानों की गणना में आता है। उस को अभी केवल रु० १५) मासिक ही मिलता है जो ऐसे विद्वान् के वास्ते पर्याप्त वेतन नहीं है और मुझे आशा है कि दरबार इस में अवश्य वृद्धि करेंगे।

वि० सं० १९६७ (ई सन् १९१०) में महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल की तर्फ से जोधपुर आए; उन के साथ माधव शास्त्री थे। हरप्रसाद शास्त्री मुन्शी देवप्रसादजी से मिले और उन्हों ने पण्डितजी से कहा कि राजस्थान के इतिहास में डिंगल भाषा की कविता अत्यन्त उपयोगी है। इस लिये एशियाटिक सोसायटी बङ्गाल उस का संग्रह करना चाहती है, जोधपुर दरबार इमें इस कार्य में कितनी सहायता दे सकते हैं? तब पण्डितजी ने कहा कि आप जो सहायता चाहें भी दरबार देने को तैयार हैं। जोधपुर दरबार की तर्फ से एक चारिक कमेटी नियत कर दी जायगी; वह डिंगल साहित्य का संग्रह करके एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल में भेज दिया करेगी और इस में जो व्यय होगा श्रीजोधपुर दरबार देवेंगे, इस से अधिक आप क्या चाहते हैं? हरप्रसाद शास्त्री ने कहा कि हमारा मनोरथ फलीभूत हुआ। इतना ही नहीं, किन्तु हमको आशातीत फल मिला है। हम जैपुर भी गये थे परन्तु जो विद्या का उत्साह और गुण ग्राहकता श्रीजोधपुर में है, दूसरी ठौर नहीं पाई गई।

तुरंत ही चारिक कमेटी कायम की गई और उस के निम्न पदाधिकारी भी नियत कर दिये गये—

१ प्रेसिडेण्ट-रावबहादुर पण्डित सर सुखदेव प्रसादजी, सी ए के० टी, सी आई ई

१ वाइस-प्रेसिडेन्ट-महामहोपाध्याय कविराजा मुरारिदानजी

१ सेक्रेटरी-पं० रामकरणजी आसोपा विद्यारत्न

समासद—

मुन्शी देवीप्रसादजी

पुरोहित केसरीसिंहजी

कलेक्टर —

बारठ जैतदानजी

,, किशोरदानजी

देथाचारण जुगतीदानजी

ब्रह्मभट्ट नानुरामजी

लेखक पं० विश्वेश्वरनाथजी रेऊ

जोशी बालकृष्णजी श्रीमाली

इस कमेटी ने कलेक्टरों (संग्रह-कर्ताओं) द्वारा डिंगल भाषा के अनेक ग्रन्थों का संग्रह किया। उन की दो दो कापी कराई गई; एक एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल में भेजी गई और एक कापी राज्य में रक्खी गई। उस संग्रह से जोधपुर राज्य का इतिहास बनाने में बडी सहायता मिली है।

इस के पश्चात् वि० सं० १९७१ में एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल की ओर से मिस्टर एल्. पी. टेसीटोरी आए। उन्हों ने जोधपुर में अपनी स्थिति करदी, वे इटली के थे, राजस्थानी भाषा से परिचित नहीं थे, इस लिये उन्होंने महकमा खास को लिखा कि मेरे पास एक पण्डित और एक कवि आना चाहिये। महकमा खास से सुप्रिन्टेन्डेन्ट के नाम हुक्म हुआ कि टेसीटोरी साहब के पास एक पण्डित और एक कवि को भेज दो। सुप्रिन्टेन्डेन्ट खीची गुमानसिंहजी ने पण्डितों में आपको और कवियों में किशोरदानजी को भेजा। पण्डितजी ने ६ महिनों में उन को राजस्थानी भाषा सिखला कर मारवाडी भाषा से परिचित कराया। उन्हो ने आपको अलाउंस के माहवार ५०) रुपये दिये।

तलाव गुलाब-सागर (जोधपुर) के तट पर माताजी श्रीसर्व-मङ्गलाजी का एक आलीशान मन्दिर दाहिमा ब्राह्मण त्रिवाडी

शिवनारायणजी की धर्म-पत्नी कृष्णाबाई ने वि० सं० १९३७ में करवाया। उस मन्दिर के प्रबन्ध के लिये महाराजा सरदारसिंह जी के राज्य के समय में रीजेंसी कौन्सिल के रवन्यू मेम्बर मिश्र श्यामबिहारीजी ने वि० १९७० में एक कमेटी कायम की उसके सक्रेटरी पण्डितजी बनाये गये। उस मन्दिर का प्रबन्ध कमेटी के कथनानुसार करते रहे और इस समय भी पण्डितजी के द्वारा ही प्रबन्ध हो रहा है। पहिले कि अपेक्षा मन्दिर में चित्र आदि का काम होकर बहुत उन्नति हुई है।

उसी अर्से में एडवर्ड रिलीफ फण्ड खुला। उसका प्रयोजन यह है कि बादशाह एडवर्ड के नाम से गरीबों को कुछ मासिक वेतन मिलता रहे जिस से लावारिस, अपङ्ग, स्त्री पुरुष और पर्दानशीन स्त्रियों का निर्वाह हो सके। जोधपुर शहर में इस सहायता को बांटने के लिये सात सरकल बनाकर सात सरकल-आफिसर नियत किये गये। जिन में से मोतीचौक सरकल आफिसर आप को नियत किया, यह काम ओव्हरसीयर साहिबोंकी आज्ञानुसार विना वेतन प्रेम से २२ वर्ष तक अखण्ड किया।

महकमा तवारीख के सुपरिन्टेन्डेन्ट खीची गुमानसिंहजी ने डाक्टर डी आर भाण्डारकर को लिखा कि हम राठोडों का इतिहास बनाते हैं, इस में दक्षिण के राठोडों का इतिहास भी आना चाहिये। आप के पास इस विषय की पूरी सामग्री है, कृपा करके भेज दें तो अत्यन्त अनुग्रह होगा। खर्चा लगेगा वह यहां से दे दिया जायगा। डा डी आर भाण्डारकर ने उत्तर में लिखा कि "मुझे इतना अवकाश नहीं है कि मैं संग्रह करके दक्षिण के राठोडों के शिलालेखों या ताम्रपत्रों की कापी करवा कर भेज सकूँ। आप के यहां पण्डित रामकरणजी इस काम को

जानने वाले हैं, वे इस कार्य को पूर्णतया कर सकते हैं, आप उन्हें यहां भेज दीजिये; मैं उनको सब प्रकार की सहायता दूंगा"।

सुपरिन्टेन्डेन्ट साहब ने कहा कि "भाण्डारकर दक्षिण के राष्ट्रकूटों के लेखों का संग्रह करने के लिये आप को बुलाते हैं और कहते हैं कि मैं मदद दूंगा। इस लिये आप भाण्डारकर के पास जाओ और राष्ट्रकूटों के विषय में जो सामग्री मिले ले आओ।" तदनुसार आप भाण्डारकर के पास पूना गये और उन से कहा कि "मुझे सुप्रिन्टेन्डेन्ट साहब ने आप के पास दक्षिण राष्ट्रकूटों के इतिहास सम्बन्धी सामग्री लाने के लिये भेजा है, मैं आप के सामने उपस्थित हूं।" तब भाण्डारकर ने कहा कि "यह मेरी लाइब्रेरी (पुस्तकालय) आप के सामने पडी है, आप हरएक अलमारी की पुस्तक देख सकते हो; इनमें से अपने उपयोगी सामान को ले सकते हो।" पुस्तकालय में अलमारियां बहुत थीं, उनमें से आपको बतला दिया कि अमुक २ अलमारी में यह सामग्री है। आप ने तीन मास पर्यन्त पूना में रह कर वहां की समग्र सामग्री संग्रह की। जिन में बहुत से लेख छपे हुए थे उन की कापी उन से की गई; और जो छपे हुए नहीं थे उन को पढ़कर की गई। जिन में बहुत से संस्कृत भाषा में और कितने एक तामिल भाषा में हैं। इस संग्रह में से आप ने उपयोगी शिलालेख और ताम्रपत्रों की प्रतिलिपि की; जिन की संख्या ७६ है।

वि० सं० १९७२ में आर. के. शास्त्री बड़ोदा से प्राचीन अलभ्य पुस्तकों का संग्रह करने के लिये जोधपुर आये। वे द्राविड़ देश के थे। अंग्रेजी और संस्कृत दो भाषा जानते थे। हिन्दी भाषा बिल्कुल नहीं जानते थे। महकमा खास से पर्चा

आया कि पण्डित रामकर्मजी को आर. के. शास्त्री के पास भेज दो। पण्डितजी उन के पास गये। उन को उचित सहायता दी गई। श्रीमाली ब्राह्मणों के यहां से कुछ पुरातन लिखित पुस्तकें खरीदी गई। वे यहां जोधपुर में पन्द्रह दिन ठहरे। एक दिन वार्तालाप होते यशवन्त-यशोभूषण का प्रसङ्ग चल पड़ा। तब उन शास्त्रीजी ने कहा इस पुस्तक को शुद्ध करके छपाने वाले पण्डित रामकर्मजी कौन हैं ? हम उन से मिलना चाहते हैं। हमने यह ग्रन्थ अपने देश में सुब्रह्मण्य शास्त्री के पास देखा था। वे हमारे निकट ही एक ग्राम में रहते हैं। तब पण्डितजी ने कहा कि "जिस के विषय में आप पूछ रहे हैं वह रामकर्म मैं ही हूँ।" तब भी उन को सन्देह रहा। वे जसवन्त कालेज के भूतपूर्व प्रोफसर के. राम भट्टजी के घर पर आया करते थे, उन्होंने भट्टजी से पूछा कि "क्या यशवन्त-यशोभूषण को शुद्ध करके छपाने वाले पण्डित रामकर्मजी यही हैं जो हमारे पास सहायता के लिये नियुक्त किये गये हैं।" भटजी ने कहा "हां, यह वही रामकर्मजी हैं।" तब उन का सन्देह निवृत्त हुआ और पण्डितजी से कहा कि "आप साहित्य के ऐसे विद्वान् हैं ! रचना करने वाले की अपेक्षा शुद्ध करने वाले को परिज्ञान अधिक होता है। मैं इस ग्रन्थ को पूरा समझ न सका और आपने इस को शुद्ध करके छपवाया है, इसलिये मैं आप से पूछता हूँ कि आप को राज्य अथवा गवर्नमेंट की तरफ से कोई पदवी है ?" पण्डितजी ने कहा, नहीं। तब उन्होंने कहा कि "आप जैसे विद्वान् को पदवी नहीं, बड़े खेद की बात है। मैं रेसीडेन्ट से और दीवान साहब से कहूँगा कि ऐसे विद्वानों को पदवी अवश्य देनी चाहिये।" तदनुसार उन्होंने दीवान साहब से पण्डितजी के लिये पदवी मिलने के बाबत सिफ़ारिश की। उस समय दीवान पारसी मेहर

वानजी पिस्तमजी थे, उन्हों ने श्रीदरबार साहिब श्रीसुमेरसिंह जी साहिब बहादुरों से अर्ज करके आप को "महामहोपाध्याय" की पदवी मिलने के लिये राज्य की ओर से गवर्नमेंट को सिफारिश की; परन्तु दीवान साहिब तुरंत अपने देश को चले गये और श्रीदरबार साहिबों का भी तुरंत स्वर्गवास हो गया फिर न तो पुनःस्मरण (Reminder) कराया गया और न महामहोपाध्याय का पद प्राप्त हुआ।

वि० सं० १९७४ में कन्नोज के राठोड़ों का इतिहास जानने और उस विषय की सामग्री एकत्र करने के लिये आप से इतिहास कार्यालय के सुप्रिंटेन्डेन्ट ने कहा कि "आप कन्नौज की तर्फ जाओ और कन्नौज के राठोड़ों के विषय में वहां जो सामग्री मिले ले आओ।" आप ने उन से कहा कि कन्नोज के राठोड़ों के जो शिलालेख व दानपत्र मिले हैं वे तो सब जनरलों में छप गये हैं और उन की सूची करके उन को दिखाई गई कि ७० के अनुमान कन्नौज के राठोड़ों के शिलालेख और दानपत्र छपे हैं। इन से अधिक यदि और मिला तो कापी करली जायगी और वहां के लोगों से पूछताछ करने और स्थानों के देखने और पुस्तक आदि मिलने से जो कुछ पता लगेगा ले लिया जायगा। आप तारीख ४ अप्रेल सन् १९१७ को फर्रुखाबाद जिले के निवासी एक राठोड़ राजपूत को साथ में लेकर, खेमसीपुर गये। वहां का राव राठौड है और कन्नौज के राजा जयचन्द्रजी का वंशज है। वह बालक होने से उस के कार्यकर्ता प्रेमसिंह से मिले और उन की वंशावलि व वृत्तान्त वहां से लिख लिया; वहीं एक मिट्ठू नामक जागा को बुला कर, जो राठोड़ों की वंशावलि रखता है, उस से वृत्तान्त लिखा। फिर वहां से राजा का रामपुर नामक गांव को गये जो राठौडों का ठिकाना है. वहां के भी सब

वंशावलि सहित वृत्तान्त लिखा। फिर खोर, जिसे इस समय शमसाबाद कहते हैं, जाकर जयचन्द्रजी के वंशजों के विषय में शोध करने से वहां जो वृत्तान्त उपलब्ध हुआ, लिखा; फिर विजैपुर गहरवार राजा के यहां जाकर जिज्ञासा करने से ज्ञात हुआ कि ये लोग जयचन्द्रजी के छोटे भाई माणिकचन्द के वंशज हैं। इत्यादि स्थानों में भ्रमण करने से निश्चय हुआ कि गहरवार और राठौड़ एक हैं और मारवाड़ के सीहा के वंशज राठौड़ के कन्नौज के राजा जयचन्द्रजी के वंशज हैं। सुपरिन्टेन्डेन्ट खीची गुमानजी इस तहकीकात से परम प्रसन्न हुए और बोले कि अब हमें इस बात में किसी प्रकार का सन्देह नहीं है कि गहरवार और राठौड़ एक हैं और ये कन्नौज के राजा जयचन्द्र के वंशज हैं। आप को उन के इस कथन से सन्तोष हुआ। इसी प्रयोजन से आप का यह दौरा उस वक्त में हुआ था।

प्रथम लिख आये हैं कि मेड़ता नगर आप की जन्मभूमि है, वहां पण्डितजी के खेत आदि हैं। कार्यवश आप मेड़ता गये थे। वहां हकूमत की परताल करने के लिये दीवानी अदालत के जज हाजी साहब आये थे। रात्रि के ८ बजे होंगे, जज साहब, हाकिम साहब (सोहनलालजी मिणियार) से मिलने आए; उस समय जोशी शिवरामजी और पण्डितजी उन के पास बैठे थे। जज साहब ने पूछा ये कौन हैं? हाकिम साहब ने शिवरामजी की तरफ इशारा करके कहा ये ज्योतिषी हैं और आप की तरफ इशारा करके कहा ये महकमा तवारीख के पण्डित हैं। हाजीजी ने आप से पूछा कि तवारीख कितनी तैयार हुई है? आप ने कहा कि अभी ऊपर के इतिहास में सन्देह है, इस लिये शोध हो रहा है, इतिहास बनाने का आरम्भ नहीं हुआ। उन्हों ने कहा कहां तक का इतिहास निःसन्देह है? आप ने कहा जोधाजी से

निस्संदिग्ध है। उन्हों ने पूछा जोधाजी कब हुए थे? आप ने कहा उन को हुए पांच सौ वर्ष के करीब हुए। उन्हों ने कहा जब पांच सौ वर्ष पहले का इतिहास सन्देह-रहित है तो वहीं से इतिहास लिखने का आरम्भ क्यों न कर दिया जाय? आप ने जोधपुर आकर वही वार्ता प्रसङ्गप्राप्त सुपरिन्टेन्डेन्ट खीची गुमान-सिंहजी से कही तो उन के भी मन पर उस का असर हुआ और आप से कहा कि जोधाजी से इतिहास लिखने का आरम्भ कर दिया जाय। फिर उन की अध्यक्षता में राव जोधाजी का इतिहास लिखने का आरम्भ वि० सं० १९७४ मे कर दिया गया। दो वर्ष में जोधाजी का इतिहास लिखा गया। वह लिख कर तैयार हो गया तब गुमानजी ने, जब वे श्रीदरबार साहिबों के साथ अजमेर मे थे, कहा कि अब रीजन्ट श्री सर प्रतापसिंहजी साहब को सुनाया जाकर छपवाने का प्रबन्ध कर दिया जायगा और आप के वास्ते महामहोपाध्याय पदवी और तरक्की के लिये अर्ज करूंगा। ईश्वर की लीला अपरंपार है, अकस्मात् वहीं (अजमेर मे ही) उन का शरीरपात हो गया और विचार मन के मन में ही रह गये।

माइसोर के आर्कियालोजिकल सर्वे के ऑफिसर इन्चार्ज मिष्टर आर. श्रीनरसिंहाचार्य ने बंगलोर से शिलालेख पढ़ने के लिये आप के पास भेजे थे वे पढ़कर उन की प्रतिलिपि भेजी गई; उस के उत्तर में उन्हों ने लिखा था कि "मैं अपने गतवर्ष की रिपोर्ट भेजता हूँ और आप ने कृपा करके जो मुझे सहायता दी है उस के लिये मैं आप को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ।"

तदनन्तर वि० सं० १९७६ में कलकत्ता से डाक्टर डी. आर. भाण्डारकर का पत्र आया, उन्हों ने लिखा कि कलकत्ता युनिवर्सिटी में राजस्थानी भाषा और डिंगल कविता पढ़ाने के लिये

सौ रुपये मासिक पर आप को बुलाने का निश्चय हुआ है। इस कार्य के अतिरिक्त एंन्टिक्वरी (पुरातत्त्व-शोध) का काम भी करना होगा। यहां अनेक लेखों के मुद्रण करने से आप की कीर्ति महुत होगी। अपने देश में नौकरी करने की अपेक्षा कलकत्ता युनिवर्सिटी में भरती होना सब से उत्तम होगा।

तदनुसार आप दो वर्ष की छुट्टी लेकर जोधपुर से कलकत्ता जाकर युनिवर्सिटी में लेक्चरार का काम करने लगे। उसके सिवा डा डी आर भाण्डारकर के मार्फत एंटिक्वरी का काम भी करते रहे। डाक्टर भाण्डारकर पण्डितजी के कार्य से अत्यन्त प्रसन्न रहते थे और युनिवर्सिटी के वाइस-चान्सलर स्वर्गीय सर आशु तोष मुकर्जी भी प्रसन्न हुए। दो मास काम करने पर प्रोफेसर भाण्डारकर की सिफारिश से १५) रुपये की तरक्की होकर ११५) मासिक वेतन हुआ और दूसरी साल में मासिक वेतन १२५)रु० कर दिया गया।

इस के सिवाय प्रोफेसर भाण्डारकर की सिफारिश से मराठी भाषा की शुद्ध कापी करने में सहायता करने के कारण रु० ३०) मासिक वेतन और अधिक कर दिया गया। कुल मिलाकर युनिवर्सिटी से १५५) रु० मासिक मिलता रहा। इस विषय में कलकत्ता युनिवर्सिटी की सन् १९२० की रिपोर्ट का पृष्ठ १६७ वां देखो।

कलकत्ता में आप का निवास बाबू पूर्णचन्द्रजी नाहर के यहां था। उन के यहां पुस्तकालय और प्राचीन शिलालेख आदि का संग्रह अति उत्तम है। आप ने उन के यहां निवास करते कुशनवंशी राजाओं के शिलालेखों का संग्रह देखकर पूर्व पठित पाठ में जहां कहीं अशुद्धि पाई उस को शुद्ध करके एक सौ १०० से अधिक शिलालेख पढ़कर तैयार किये थे, आपका आना जोधपुर

होगया और वह संग्रह बाबू पूर्णचन्द्रजी नाहर के पास रहा, उन का छपवाने का विचार था। यदि छप जाय तो यह कार्य इतिहासवेत्ताओं के लिये उपयोगी अवश्य है।

दूसरा " हिस्टरी ऑफ राठोर्स " इस नाम का जोधपुर के राठौड़ों का संक्षिप्त इतिहास हिन्दी भाषा में लिखा था; जिस में प्राचीनकाल के राठौड़ों से आरम्भ करके वर्त्तमान महाराज श्री-उम्मेदसिंहजी के पूर्वाधिकारी श्रीसुमेरसिंहजी तक का इतिहास है। उस का अनुवाद अंग्रेजी भाषा में एक बङ्गाली और एक पारसी ने मिल कर किया; जो आप के पास युनिवर्सिटी में अध्ययन करते थे। जो अंग्रेजी पुस्तक कलकत्ता हाईकोर्ट के जज, कलकत्ता युनिवर्सिटी के लेट वायस-चान्सलर और एसियाटिक सोसाइटी बङ्गाल के प्रेसिडेन्ट श्री आशुतोष मुखर्जी (मुखोपाध्याय) के २५ वर्ष गवर्नमेन्ट की निरन्तर सेवा करने से सिलवर-ज्युबिली सम्बन्धी छपी है उस में यह संक्षिप्त इतिहास छपा है और उस से पृथक् भी यह पुस्तक मुद्रित है। इस पुस्तक की एक कापी ए. जी. जी. को और एक कापी रेजीडेन्ट को भेजी गई। उन के प्रशंसापत्र ता० ७-१-२४ और ता० ११-१-२४ के लिखे आयें।

इस के सिवा कलकत्ता युनिवर्सिटी की तरफ से अशोक के शिलालेख छपे हैं उन के बहुत से प्रूफ असल छापों से देखकर शुद्ध किये गये हैं।

वि० सं० १९८० में मकर के मेले पर प्रयागराज में " धर्म परिषद् " का अधिवेशन नियत हुआ था उस में जोधपुर राज्य की तरफ से सदस्य भेजने के लिये माननीय पं० मदनमोहन मालवीय का पत्र आया। उस सभा में संयुक्त होने के लिये श्रीदरबार से पण्डितजी को आज्ञा दी गई कि तुम उस सभा

में आकर योग दो। आपने यहां आकर श्रीदरबार साहिबों की आज्ञा का पालन किया।

वि० सं० १९८१ में अखिल भारतवर्षीय दाहिमा ब्राह्मण महासभा का अधिवेशन कलकत्ता नगर में होना निश्चित हुआ। उस समय कलकत्ता की दाहिमा ब्राह्मण सभा ने सभापति के लिये परामर्श करके पण्डितजी को सभापति नियत करने का निश्चय करके कलकत्ता से ता० १४ जनवरी सन् १९२४ को तार भेजा कि "हमारी प्रार्थना है कि आप प्रेसिडेन्ट का पद स्वीकार करें।" पण्डितजी को उनकी आज्ञानुसार पद स्वीकार करना पड़ा। कलकत्ता महासभा का अधिवेशन हुआ जिस में हजार बारह सौ मनुष्यों कि भीड़ थी। डाक्टर डी आर भाण्डारकर आदि ने पधार कर सभा को सुशोभित किया था। सभापति का व्याख्यान सुन कर समस्त सभा परम प्रसन्न हुई। उस सभा में मुनिजी महाराज जगन्नाथजी भी मेवाड़ से पधारे थे।

वि० सं० १९८२ में डाक्टर डी आर भाण्डारकर की चिट्ठी ता० ९ अक्टोबर सन् १९२५ की लिखी हुई आई कि "कलकत्ता युनिवर्सिटी आप को माहवार २००) रुपये वेतन नियत करके बुलाती है, क्या आप आसकते हैं?" इस के उत्तर में पण्डितजी ने लिखा कि "इस समय मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है इसलिये मैं आने से लाचार हूं।" इस के पश्चात तुरंत ही सर आशुतोष मुखर्जी का स्वर्गवास हो गया। जिस से पण्डितजी का सम्बन्ध कलकत्ता युनिवर्सिटी से छूट गया।

लिख आये हैं कि पण्डितजी ने १६ वर्ष तक जोधपुर हाई स्कूल में तत्पश्चात् इतिहास कार्यालय में नियत होकर ४६ वर्ष श्री दरबार की सेवा की। इतिहास कार्यालय में ३० वर्ष कार्य किया। इस कार्यालय में प्रथम कविराजा मुरारिदानजी प्रेसिडेन्ट रहे,

तत्पश्चात् पाल ठाकुर रणजितसिंहजी इस कार्यालय के अध्यक्ष नियत हुए। तदनन्तर खीची गुमानसिंहजी और उन के बाद रीयां ठाकुर साहेब विजयसिंहजी मेडतिया सरदार निगरानी आफिसर नियत हुए। उन के इस्तिफा देने पर डूक ब्रोकमेन साहेब की निगरानी में यह कार्यालय रहा। इस कार्यालय के जितने ऑफिसरस् हुए वे सब पण्डितजी के काम से परम प्रसन्न रहे। कविराजाजी की प्रसन्नता का उदाहरण तो यशवन्तयशोभूषण के प्रकरण में लिखा गया है। रणजीतसिंहजी पण्डितजी के काम के विषय में ता० २९।५।२७ को लिखते हैं कि "इन्होंने प्राचीन शिलालेख, ताम्रपत्र व सनदों को पढ़कर उन का हिन्दीमें तर्जुमा किया। इस काम का जानने वाला आज मारवाड में इन की शानी का दूसरा कोई नहीं है। शिलालेखों को तलाश करने, पढ़ने और तुर्जमा करने के सिवाय पिछले बहुत से राजाओं की ख्याति हिन्दी में लिखी है जिन्हें पास करने के लिये श्रीदरबार साहिबों की आज्ञा से एक कमेटी नियत हुई उस में मै भी एक मेम्बर था। मैंने तवारीखें सुनीं, मुझे बहुत पसंद आई। उन्हों ने ये ख्यातें बड़े परिश्रम और तन्दिही के साथ उम्दा तरीके से लिखी हैं जिस की तस्दीक कमेटी कर चुकी है।"

निगरानी ऑफिसर रीयां ठाकुर विजयसिंहजी साहेब ने अपने ता० २७-१०-२६ के पत्र में लिखा है कि—

Riyan,
72-10-26

This is to certify that the bearer, Vidvad-ratna Pandit Ram Karanji Asopa, has served the state for about 41 years When I assumed the charge of the Historical Department, he was on leave and working as a profe

return to Jodhpur he prepared a draft history of the Marwar State in Hindi from Chundaji down to Udaisinghji In appreciation of his good work he was presented personally before H H. the Maharaja Sahib Bahadur This draft history has been approved by a committee appointed for the purpose The Committee has also strongly recommended Ramkaranji to the Darbar for his careful and labourious work He is a man of letters, possesses wide knowledge of history and epigraphy and is one of the most valuable and experienced officials of the state

I always found his work to my entire satisfaction and gave him promotions so as to make him a senior of the staff for his good work I shall be glad to hear of his future advancement which he amply deserves for his exceptional attainments

BIJAI SINGH
Vigrani Office
Historical Department
Raj Marwar

अर्थात्

रीयां, ता० २७-१०-२६

मैं इस बात की तस्दीक करता हूँ कि विद्वद्वर पण्डित रामकर्णजी आसोपा ने इस रियासत की करीब ४१ वर्ष तक नौकरी की। जब मैंने महकमे तवारीख का चार्ज लिया तब ये छुट्टी में थे और कलकत्ता युनिवर्सिटी में प्रोफेसर का काम करते थे। वहां से जोधपुर वापिस आने पर इन्होंने चूण्डाजी से लेकर उदयसिंहजी तक का हिन्दी में मारवाड़ राज्य का इतिहास लिखा। इस अच्छे काम के लिये इन को खास तौर पर हिज हाइनेस महाराजा साहब (श्रीसुमेरसिंहजी साहब) बहादुर की खिदमत में पेश किया गया। यह इतिहास एक कमेटी के जरिये मंजूर

किया जा चुका है जो इसी काम के लिये मुकर्रिर की गई थी। इस कमेटी ने पण्डित रामकर्णजी की श्रीदरबार साहब से इस होशियारी और महनत के काम के लिये सिफारिश की है। यह आला इल्म-याफता और लियाकत वाला शख्स है, इतिहास और प्राचीन-लिपि का पूरा जानकार है और रियासत का सब से जियादा कीमती और तजुर्बेकार आफिशियल है।

मैं हमेशा इन के काम से पूरी तौर से खुश रहा और इन के अच्छे काम के लिये मैं ने अपने अमले में इन को औहदे मे सब से बड़े बनाने के लिये तरकियां दीं। मैं इन की आयन्दा तरक्की सुन कर खुश होऊँगा, जो ये अपने शाज औनादिर जौहरों (असाधारण गुणों) के सबब से बखूबी मुस्तहक (योग्य) हैं। फकत।

विजैसिंह

निगरानी अफसर, महकमा तवारीख,

राज्य मारवाड।

वि० सं० १९८४ (सन् १९२७) में ठाकुरजी श्रीकुञ्ज-विहारीजी महाराज के मन्दिर का प्रबन्ध करने के लिये श्रीदरबार साहिबों की आज्ञा से एक कमेटी नियत हुई जिसमें निम्नलिखित चार मेम्बर मुकर्रर किये गये। मेहता रणजीतमलजी, मेहता किसनमलजी, राव बदनमलजी, पण्डित रामकर्णजी। इस कमेटी के प्रबन्ध से मन्दिर का सुधार बहुत कुछ होगया है और होरहा है। कमेटी का प्रबन्ध होने के अनन्तर करीब २५ हजार लागत की इमारत बनी और मन्दिर में चित्रकारी का काम हुआ। जिस मे करीब ५ हजार रुपये व्यय हुए। ठाकुरजी के निज मन्दिर के दरवाजे (कॅवाड) चांदी के करवाये गये, जिस में दो हजार रुपये खर्च हुए और नित्य खर्च और उत्सवों के व्यय में भी

बहुत कुछ उन्नति हुई है। स्टाफ का खर्च भी पहिले से बढ़ाना पड़ा है। पहिले की आमदनी से किराया बढ़ जाने के कारण आमदनी द्विगुण होगई है।

महाराजा जसवन्तसिंहजी (द्वितीय) के दाह-स्थान पर जो संगमरमर का थड़ा (चैत्य) बना था, उस की प्रतिष्ठा हुई। जोधपुर महाराजाओं की दाहक्रिया परम्परा से मण्डोर में होती आई थी परन्तु महाराजा प्रतापसिंहजी ने महाराजा जसवन्तसिंह जी (द्वितीय) का दाह किले के समीप कुछ पूर्व की ओर देव-कुण्ड तालाब के तट पर करवाने का प्रबन्ध किया। उस स्थान पर महाराजा प्रतापसिंहजी के प्रबन्ध से महाराजा सरदारसिंहजी के समय में संगमरमर का देवालय बनाया गया। रायबहादुर सरदार ज्वालासहायजी पुलिसिपल मेम्बर के प्रबन्ध में इस थड़े की प्रतिष्ठा वि० सं० १९८५ (सन् १९२८) में हुई। रामश्याम, रामवेदिया, रामजोशी आदि ऋत्विज नियत हुए। उन में मुख्य ऋत्विज का कार्य बोहरा दामोदरजी ने किया और ज्वाला-सहायजी की आज्ञा से ब्रह्मा का आसन पण्डितजी को दिया गया। जिस (ब्रह्मा) का काम निरीक्षण करना है।

प्रतिष्ठा सम्बन्धी शिलालेख ज्वालासहायजी की प्रेरणा से पण्डितजी ने लिखा था और उस का मसविदा पण्डितजी के पास है।

इसी वर्ष में रायबहादुर सरदार ज्वालासहायजी के उपदेश से जोधपुर महाराजा साहिब बहादुर ने सप्तशती (दुर्गा) की शतावृत्ति के प्रयोग का आरम्भ किले के श्रीचामुण्डा माताजी के मन्दिर में करवाने का निश्चय किया। उस प्रयोग का संकल्प श्रीदरबार साहिबों के हाथ से करवाने और शतावृत्ति के निरीक्षण करने के लिए पण्डितजी को नियत किया। तब से आज तक

पण्डितजी उस कार्य को वर्ष में दोवार प्रति नव-रात्र (चैत्र व आश्विन मास में) कर रहे हैं।

वि० सं० १९८५ में आल इण्डिया ब्राह्मण महासभा की ओर से ब्राह्मणों के आचार विचार और भोजन सम्बन्धी कई प्रश्न आये थे, उन का उत्तर देने के लिये श्रीदरवार साहवों की तर्फ से जुडिशियल मेम्बर ज्वालासहायजी को आज्ञा हुई कि इसका उत्तर दे दिया जाय। उन्हों ने जोधपुर के प्रतिष्ठित ८ पण्डितों की एक कमेटी कायम की। जिस में पण्डितजी को प्रेसिडेन्ट रखा और कमेटी ने विचार करके उस का उत्तर ज्वालासहायजी के पास भेज दिया।

वि० सं० १९८६ (ई. सन् १९२९) में भारत-धर्म-महामण्डल की ओर से पण्डितजी की योग्यता देख कर "महामहाध्यापक" का पद प्रदान किया गया। पण्डितजी ने भारत-धर्म-महामण्डल का कार्य "योगसाधनचतुष्टय" नामक पुस्तक को सुचारु रूप से छपवाने का किया था।

इसी वर्ष में वर्षा का अवरोध होने पर ज्वालासहायजी के उपदेश से महाराजा श्री सर उम्मेदसिंहजी वहादुर ने महादेवजी श्रीरामेश्वरजी के मन्दिर में वृष्टि के आवाहन के लिये सहस्रघट का प्रयोग करवाया। उस का सङ्कल्प भी पण्डितजी ने ही महाराजा साहव को करवाया। फिर भी जव कभी ऐसे वड़े कार्य का आरम्भ होता है तव पण्डितजी ही दरवार साहिवों को सङ्कल्प करवाते हैं। और उस कार्य का निरीक्षण राजव्यास देवराजजी और पण्डितजी के अधिकार में रहता है।

इसी वर्ष में महकमा तवारीख तोड दिया गया। और जव महकमात वारीख का वजट कौंसिल में पेश हुआ तो उस समय ज्वालासहायजी ने [illegible] कि पण्डित राम-

कणमी पुस्तक-प्रकाश में भेज दिये जांय; क्योंकि यहां की पुस्तकों की सूची बनाने की अत्यन्त आवश्यकता है और उस काय को यह पण्डित सुचारु रूप से कर सकता है। तदनुसार पण्डितजीने ३ वर्ष पुस्तक-प्रकाश में काम किया। उसी अर्से में ज्वालासहाय जी ने पण्डितजी से कहा कि पुस्तक-प्रकाश में यदि जोधपुर महाराजा के बनाये हुए संस्कृत ग्रन्थ हों तो ध्यान रखना चाहिये और कोई उत्तम पुस्तक मिले तो हमारे पास रिपोर्ट कर देना। पण्डितजी ने उस बात को ध्यान में रक्खा और तलाश करने से निम्न तीन ३ पुस्तकें संस्कृत भाषा की जोधपुर महाराजा की बनाई हुई उपलब्ध हुईं—

१ आनन्द विलास-महाराजा जसवन्तसिंहजी (प्रथम) का बनाया हुआ। यह वेदान्त का ग्रन्थ है। इस की रचना-परिपाटी वेदान्तके सिद्धान्त जानने के लिये अत्यन्त उपयोगी है।

२ नाथ-चरित-(अपूर्ण) महाराजा मानसिंहजी विरचित। यह ग्रन्थ काव्य के रूप में है।

३ माण्डूकोपनिषद् की संस्कृत टीका का एक अध्याय महाराजा मानसिंहजी कृत।

इन का सम्पादन करने के लिये ज्वालासहायजी ने पण्डित-जी से कहा तो पण्डितजी ने ३ तीनों ग्रन्थों का सम्पादन किया। आनन्द विलास वेदान्त का ग्रन्थ है इस से इस की संस्कृत टीका लिखी। नाथ-चरित और माण्डूकोपनिषद् पर टिप्पणी की गई। ये तीनों ग्रन्थ ज्वालासहायजी की आज्ञा से आर्कियालोजिकल डिपार्टमेन्ट के वर्तमान सुपरिटेन्डेन्ट रऊजी को दिये गये। व अब तक उन्हीं के पास पड़े हुए हैं। यदि ये छप जाते तो जोध पुर के पूर्व महाराजा साहिबों की तो जगत् में कीर्ति होती और लोकोपकार के साथ पण्डितजी का परिश्रम भी सफल होता।

वि० सं० १९८७ (सन् १९३०) में शहर के मकानों पर छतरी, कबानियां छाजा आदि लगाने का निश्चय करने के विषय में एक कमेटी नियुक्त हुई उस में निम्न लिखित मेम्बर थे— १ महाराज गुमानसिंहजी, २ पाल ठाकुर रणजीतसिंहजी, ३ मूता जसवन्तराजजी, ४ पण्डितजी रामकर्णजी। इस कमेटी का यह कार्य था कि कौन शख्स अपने मकान पर छतरी बनवा सकता है, कौन कबानियां और कनास लगा सकता है। कमेटी से यह निश्चय हुआ कि छतरी मन्दिर पर या राजा महाराजा के मकान पर बन सकती है। कबानियां छाजा दीवान, बख्शी या मिनिष्टर लगा सकते हैं। कनास के लिये कोई रोक नहीं।

इसी वर्ष में देवस्थान मन्दिरों और मस्जिदों की प्रबन्ध विषयक जाच करने के लिये श्रीदरबार साहिबों की ओर से एक कमेटी नियत हुई जिस में निम्न लिखित मेम्बर बनाये गये। १ राजव्यास देवराजजी, २ पण्डितजी रामकर्णजी, ३ सेठ गिरधारी-लालजी जेसलमेरिया, ४ मेहता किसनमलजी ,५ पं० किस्तूरचन्द जी जोशी, ६ मुंशी जफरहुसेनजी, ७ कल्ला लक्ष्मीनारायणजी। इस कमेटी के प्रेसिडेन्ट राजव्यास देवराजजी थे। कुछ अर्से तक यह काम कमेटी करती रही और मन्दिरों में जाकर जांच भी की गई। फिर इस काम के लिये एक इन्सपेक्टर नियत होगया तो कमेटी का यह भार उतर गया।

इसी वर्ष में एशियाटिक सोसाइटी बङ्गाल की तर्फ से आप को छापने के लिये दो ग्रन्थ दिये गये थे। जिन में एक तो संस्कृत भाषा का और दूसरा डिङ्गल भाषा का था।

१ संस्कृत ग्रन्थ "कविकल्पलता" जिस का तृतीयांश तो एक बङ्गाली शास्त्री ने तैयार किया था और शेष समग्र ग्रन्थ आपने तैयार किया।

२ डिंगल ग्रन्थ "सूरजप्रकाश" इस के ९६ पृष्ठ अब तक छपे हैं और उस के आगे का ग्रन्थ समाप्ति तक टिप्पण सहित तैयार किया हुआ पण्डितजी के पास मौजूद है।

नागरी प्रचारणी सभा, काशी, की तर्फ से डिंगल कविता के ग्रन्थ छापने के लिये पण्डितजी को निदेश हुआ। जिस से निम्न लिखित पुस्तक तैयार की गई—

१ बांकीदास ग्रंथावलि, प्रथम भाग। बांकीदासजी के निर्माण किये हुए डिंगल भाषा के २४ ग्रन्थ हैं। उनमें से ७ ग्रन्थ प्रथम आप ने "भारत-मार्तण्ड" नामक मासिक पत्र में टिप्पणी के साथ मुद्रित किये थे। उन्हीं का पुनःसंस्कार नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, ने किया है।

२ "राजरूपक" यह ग्रन्थ जोधपुर के महाराजा अजीतसिंहजी के पुत्र महाराजा अभयसिंहजी के इतिहास विषय का है। इस को आप ने नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के निदेश से संपादित किया है। अभी यह ग्रन्थ मुद्रित नहीं हुआ है। यह पण्डितजी के पास ही है।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, ने यह विचार किया कि भारत-वर्ष का एक बृहत् और प्रामाणिक इतिहास तैयार किया जाय। इस कार्य में नई खोज की बहुत आवश्यकता है। इसकी योजना तैयार करने के लिये सम्मेलन ने निम्न लिखित सज्जनों की एक समिति बनाई। १ श्रीयुत बाबू शिवप्रसादजी गुप्त, काशी (संयोजक), २ पण्डित नरेन्द्रदेवजी, काशी विद्यापीठ, ३ पं० गौरीशङ्कर हीराचन्दजी, अजमेर, ४ बाबू पुरुषोत्तमदासजी टण्डन, प्रयाग और ५ पण्डित रामकर्णजी आसोपा, जोधपुर।

वि० सं० १९८८ (ई. सन् १९३१) में पुस्तक-प्रकाश का बजट कौंसिल में पेश हुआ, तब उस समय के रेवेन्यु मेम्बर

हिम्मतसिंहजी ने श्रीदरबार साहिबों से अर्ज किया कि यह पण्डित रामकर्ण वृद्ध होगया है और इस ने ईमानदारी और तन्दिही से बहुत लम्बी सर्विस की है इस लिये इस की पेन्शन करदी जाय। तब वाइस-प्रेसिडेन्ट महाराजसिंहजी ने कहा कि "यहां पेन्शन का रूल नहीं है।" तब हिम्मतसिंहजी ने कहा कि "इस पण्डित ने कलकत्ता युनिवर्सिटी की २००) रुपये माहवार वेतन की जगह छोड कर श्रीदरबार की नोकरी १००) रुपये माहवार पर की है। इसे जो यह नुकसान हुआ है उस का बदला इस को क्यों नहीं मिले?" तो दूसरे मेम्बरों ने इस बात का समर्थन किया और श्रीदरबार साहब ने स्वयं फरमाया कि पेन्शन कर दी जाय। तदनुसार ५०) रुपये माहवार की पेन्शन की गई।

वि० सं० १९९० (ई. सन् १९३३) में 'मारवाड का मूल इतिहास' नामक पुस्तक पोकरण ठाकुर चैनसिंहजी, जुडिशियल मेम्बर, जिन के अधिकार में उस समय आर्कियालोजिक डिपार्टमेन्ट था, की सेवा में डोनेशन (पुरस्कार) के लिये पेश किया गया तब उन्हों ने उसे डोनेशन कमेटी में भेज दिया। कमेटी ने श्रीदरबार साहिबों से १५००) रुपया इनाम मिलने के लिये सिफारिश की और श्रीदरबार साहिबों ने कदर करके उसे मंजूर की।

वि० सं० १९९४ (ई. सन् १९३७) में म्युनिसिपल कमेटी के मेम्बरों का नया चुनाव जाति-वार हुआ। उस में छन्याति की तर्फ से पण्डितजी चुने गये। आप उस कार्य को अभी तक कर रहे हैं और आप इम्प्रूवमेन्ट कमेटी के भी मेम्बर हैं। आप की जोधपुर के गणमान्य प्रतिष्ठित पुरुषों में गणना है।

आप के ३ पुत्रियां और एक पुत्र है जिस का नाम जयनारायण है।

आप के छोटे दो भाई स्वर्गवासी हो गये, उन में से एक का नाम पं० श्यामकर्णजी था। जिन का जन्म संवत् १९१७ में हुआ था। वे व्याकरण और वेदान्त के अच्छे विद्वान् थे। उन्हों ने गुरु गट्टूलालजी महाराज की सेवा पूर्ण प्रेम के साथ तन मन से की थी। वे ईश्वर के अनन्य भक्त थे। इसी से संवत् १९५९ में मोक्षपुरी मथुरा में वैशाख सुदि १२ के दिन इस क्षणभङ्गुर शरीर को त्याग कर वे शाश्वत आनन्दमय वैकुण्ठधाम को सिधारे। उन के एक ठक्कुरलाल नाम का दौहित्र है।

उन के छोटे भाई पं० लक्ष्मीनारायणजी थे। उन का जन्म सम्वत् १९२७ में हुआ था। वे सम्वत् १९७४ में प्लेग रोग से आक्रान्त होकर इस लोक से परलोक को सिधारे।

उन से छोटा तीसरा भाई गोविन्दनारायण मैं हूं। मेरा जन्म संवत् १९३३ में हुआ था। मैं ने अङ्गरेजी भाषा में जसवन्त कालेज, जोधपुर, से मारवाड़ियों में से सर्व प्रथम बी० ए० परीक्षा उत्तीर्ण की थी। संस्कृत भाषा का भी पं० रामकर्णजी से अभ्यास किया, जिस के प्रताप से 'विद्याभूषण', 'साहित्य भूषण' और 'विद्यानिधि' ये तीन पदवियां मुझे मिलीं। कुलदेवी श्रीदधिमथी माताजी के मन्दिर के जीर्णोद्धार के निमित्त दाधिमा महासभा की सम्वत् १९६७ में स्थापना हुई तब मैं अवैतनिक मन्त्री पद पर नियुक्त हुआ था और मैं ने उक्त महासभा का कार्य २४ वर्ष तक प्रीतिपुरःसर भक्तिभाव से किया, जिस से महासभा ने मुझे सम्वत् १९७६ में 'दधिमती-दीवान' का अनन्य पद प्रदान किया। मैं ने भगवती के नाम से "दधिमती" मासिक पत्रिका का भी सम्पादन किया। स्वार्थ का त्याग कर भगवती की सेवा

करने से मैं सायर महकमा में एसिस्टंट सुप्रिन्टेन्डेन्ट के पद पर रहा था और अब आनरेरी मजिस्ट्रेट हूँ। भगवती की कृपा से मेरे तीन पुत्रियां और तीन पुत्र हैं जिन के नाम माधवनारायण, विष्णुनारायण और नरनारायण हैं और देवनारायण नामक एक पौत्र है।

मेरा छोटा भाई पं० कृष्णनारायण है, उस का जन्म सम्वत् १९३४ में हुआ था। वह पुलिस थानेदारी के काम पर नियुक्त था और अब रिटायर होचुका है। वह सनातन धर्म का पूर्ण भक्त है। सदा वैश्वदेव करता है। इस ने गायत्री का एक पुरश्चरण भी किया है और पुलिस की नौकरी होने पर भी वह सदा वर्णाश्रमोक्त नित्य कार्य में तत्पर रहता है। इस के एक पुत्र और एक पुत्री है। पुत्र का नाम केशवनारायण है।

अब आप के परोपकार के कार्यों का उल्लेख किया जाता है जिन में मुख्य साहित्य-सेवा के निम्न कार्य हैं:—

१ सर्व प्रथम आप ने वि० सं० १९४१ में श्रीमद्भागवत की "तत्त्व-बोधिनी" नामक हिन्दी में भाषा टीका लिखी जो भारतवर्ष में सब में प्रथम लिखी गई थी और जिसे पं० हरिप्रसाद भागीरथ ने बम्बई में प्रकाशित की थी। यह भाषान्तर श्रीधरी टीका के अनुसार प्रामाणिक माना जाता है। बाकी की सब टीकाएँ इस के बाद लिखी और प्रकाशित की गई हैं।

२ बालकों के उपयोगी " सचित्र-बालबोध " बनाई जो Kindergarten system के अनुसार लिखी गई है। यह भी पं० हरिप्रसाद भागीरथ के यहां छपी है।

३ तुलसीकृत रामायण के आठों काण्डों की भाषा टीका बनाई जो उसी पं० हरिप्रसाद भागीरथ ने प्रकाशित की है।

४ नाथद्वारा के श्रीगोवर्धनेश्वरजी महाराज के संगृहीत पुस्तको

की सूचि वि० सं० १९८२ में आप के गुरुजी गट्टूलालजी महाराज की आज्ञा से तैयार की।

५ कविराजा मुरारिदानजी के चार साहित्य के ग्रन्थों का शोधन व संस्कृत में अनुवाद किया जिन में से दो हिन्दी भाषा में और दो संस्कृत में थे, जिन का वर्णन ऊपर किया जा चुका है। यह कार्य वि० सं० १९५० में आरम्भ किया गया और १९६३ में समाप्त हुआ।

(१) जसवन्त-जसो-भूषण　　　हिन्दी में
(२) जसवन्त-भूषण　　　　　　,,
(३) यशवन्त-यशो-भूषणम्　　　संस्कृत में
(४) यशवन्त भूषणम्　　　　　,,

६ बङ्गाल की एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता की ओर से

(१) कविकल्पलता–संस्कृत का ग्रन्थ ९६ पृष्ठ का सम्पादन।
(२) वरस प्रकाश–डिङ्गल ग्रन्थ के ९६ पृष्ठ का सपादन

७ नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, की ओर से

(१) बांकीदास ग्रन्थावली, प्रथम भाग
(२) राजरूपक—अप्रकाशित।

८ पं० श्यामविहारीजी मिश्र की प्रेरणा से
श्रीसूक्त का हिन्दी अनुवाद, जिसे उन्हों ने वेङ्कटेश्वर प्रेस, बम्बई, में मुद्रित करा कर अमूल्य बांटा।

९ सुभाषितावलि–संस्कृत हिन्दी अनुवाद सहित, वेङ्कटेश्वर प्रेस, बम्बई, में छपा।

१० दधिमत्यष्टक स्तोत्र–हिन्दी अनुवाद सहित

११ ईशावास्योपनिषद्–संस्कृत विवृति। जिस का हिन्दी में अनुवाद मैं ने किया है।

१२ History of Rathors अंगरेजी में।

१३ दक्षिण के राष्ट्रकूटों का इतिहास—अपूर्ण व अप्रकाशित।

१४ मूकपञ्चशतक—संस्कृत टीका, शुद्ध कर छपाया, टीकाकार रावराजा सोहनसिंहजी।

१५ अमृत-रस-संग्रह—जैनमत की पुस्तक मू० ३)

१६ सत्यनारायण कथा—भाषा—भूतेश्वर प्रेस में मुद्रित।

इन के अतिरिक्त निम्न ग्रन्थों की रचना की गईः—

१. जोधपुर के राठौड राजाओं का संक्षिप्त इतिहास लिख कर श्रीसरदारसिंहजी महाराज के पास पचमढ़ी भेजा (अप्रकाशित)

२. अष्टाध्यायी सूत्रवृत्ति—सोदाहरण, संस्कृत में, चार अध्याय तक (अप्रकाशित)

३. हिन्दी का पूर्ण विस्तृत व्याकरण—यह हस्त लिखित पुस्तक नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, को भेजी गई थी। वहां से रुपये ५०) पचास पुरस्कार में दिये गये (अमुद्रित)

४. छोतर-पैलेश-शतक—संस्कृत—हिन्दी अनुवाद सहित। (अप्रकाशित) इस में राठौड़ों का संक्षिप्त इतिहास है।

५. महाराजा मानसिंहजी का संवत् १८८० से लेकर १९०० तक बीस वर्षों का इतिहास—यह इतिहास वेङ्कटेश्वर प्रेस के लिये लिखा गया था (अप्रकाशित)

६. टाड राजस्थान की भूलों के नोट्स—टाड साहब के अंग्रेजी इतिहास का हिन्दी अनुवाद वेङ्कटेश्वर प्रेस ने छापा था उस में मारवाड़ के इतिहास में जो भूलें थीं उन का नोट किया गया (अमुद्रित)

७. महाराजा श्रीसरदारसिंहजी का इतिहास—हिन्दी में (अप्रकाशित)

८. जोधपुर राज्य के जागीरदारों का कुर्सीनामा—(अप्रकाशित)

९. जोधाजी का संस्कृत मे इतिहास—(अप्रकाशित)

१० गुहिलचरित-संस्कृत में ६०० श्लोक-(अप्रकाशित)
११ डिङ्गल शब्द कोश-जिस में ६० हजार शब्दों का संग्रह है (अप्रकाशित)
१२ राठौड़ वंश का बृहत् इतिहास-संस्कृत में २० हजार श्लोक (अप्रकाशित)
१३ पुष्करणा ब्राह्मणोत्पत्ति का अनुवाद-प्रताप प्रेस में मुद्रित, प्रकाशक कल्ला नारायणदासजी
१४ दाहिमा सर्वस्व-अपूर्ण (युनियन प्रेस में मुद्रित)
१५ मारवाड़ का मूल इतिहास-प्रभाकर प्रेस में मुद्रित, मूल्य रु. १।।)
१६ मारवाड़ का संक्षिप्त इतिहास-अपूर्ण (युनियन प्रेस में मुद्रित)
१७ नींबाज ठिकाणे का इतिहास-भूतेश्वर प्रेस में मुद्रित
१८ खेरवास „ „ जोधपुर गवर्नमेंट प्रेस में मुद्रित
१९ आसोप „ „ भूतेश्वर प्रेस में मुद्रित ।
२० पोहकरण „ „ (अप्रकाशित)
२१ नींबिड़ा „ „ „

अन्य परोपकार के कार्यों में निम्न कार्यों का निर्देश मात्र किया जाता है—

१ आप दरबार हाई स्कूल, जोधपुर, में संस्कृत और हिन्दी पढ़ाया करते थे और जैन-पाठशाला में जैनमत के ग्रन्थ पढ़ाते थे। यह कार्य तो आप दिन में किया करते और रात्रि के समय १० बजे तक व्याकरण, साहित्य, वैद्यक, ज्योतिष, काव्य आदि पढ़ने वाले १५-२० private विद्यार्थियों को निःशुल्क पढ़ाते थे।
२ आप ने 'प्रताप-प्रेस' नाम का एक प्राइवेट छापाखाना निजी खोला और उस में निम्न ग्रन्थ अपनी ओर से प्रकाशित किये— (१) वंशभास्कर-यह ग्रन्थ बून्दी राज्य के आश्रित मिश्रण

शाखा के चारण सूर्यमल्ल की रचना है। इस में मुख्य-तया चाहमान वंश का इतिहास है। प्रसङ्ग-वश अन्य राजा, महाराजा, बादशाहों के भी इतिहास लिखे हैं। यह ग्रन्थ भाषा पद्यमय ग्रन्थों में सब से बड़ा है। इस ग्रन्थ को दूसरा हिन्दी का महा-भारत कहा जाय तो अत्युक्ति नहीं होगी। इस के ५००० पृष्ठ हैं और रुपये ४०) मूल्य है।

(२) राठौड राजाओं की वंशावली का नक्शा तैयार करके छपवाया। इस कुर्सीनामा के बनाने में भण्डारी किशन-मलजी के बनाये हुए नक्शों की सहायता ली गई। उक्त भण्डारीजी ने मारवाड़ के जागीरदारों की खांपोंके नक्शे बनाये जिस में भी आप ने पूर्ण सहायता दी थी। इस राठोड़ों के नक्शे में जोधपुर के सिवा अन्य राठौड़ राजाओं की वंशावली, शाखा, प्रभेद (खांपों का फटना) और संक्षिप्त चरित आदि बहुत सा उपयोगी विषय लिखा गया है।

(३) मारवाड़ी भाषा की उन्नति के लिये आप ने सर्व प्रथम मारवाड़ी व्याकरण बनाई और पहली, दूसरी, तीसरी आदि पाठ्य पुस्तकें बनाईं। इन में से मारवाड़ी व्याकरण तो श्रीसर प्रतापसिंहजी ने दरबार प्रेस में छपवादी और पाठ्य पुस्तकें आपने अपने प्रताप प्रेस से प्रकाशित कीं।

(४) मारवाड़ी में मारवाड़ का भूगोल बनाकर छपवाया।

(५) मारवाड़ी भाषा में श्रीमद्भागवद्गीता की टीका लिख कर प्रकाशित की।

(६) संक्षिप्त हिन्दी व्याकरण बनाकर छपाई। मूल्य ॥)

(७) धातुरूप

(८) संस्कृत-शिक्षा-व्याख्या।
(९) भारत-मार्तण्ड-मासिक पत्र (११ अङ्क)
(१०) नैणसी की ख्यात, पहला भाग।
(११) राजिये के दोहे—
(१२) त्रिकाल सन्ध्याप्रयोग।
(१३) तर्पण।
(१४) विष्णु सहस्र नाम।
(१५) गोपाल सहस्र नाम।

२ आप ने कई जैनमत के साधुओं को जैन ग्रन्थों का अध्यापन कराया।

निम्न अन्य रचित ग्रन्थों को शुद्ध कर निज प्रताप-प्रेस में छापा —

(१) कर्म-पच-बाबा गणेशपुरी कृत, वीर रस का ग्रन्थ, सटिप्पण
(२) कायस्थ-सर्वस्व-कायस्थों की उत्पत्ति और वर्ण-निर्णय। रचयिता पं० देवीचन्द्र शास्त्री, प्रकाशक पंचोली झूमलालजी
(३) पद्य-व्याकरण-हिन्दी टीका सहित-रचयिता पं० लालचन्द्र जी पुष्करणा ब्राह्मण।
(४) प्राकृत-पद्य-व्याकरण—
(५) प्रताप-गुण-चन्द्रोदय-हिन्दी कविता, रचयिता पं० लालचन्द्रजी पुष्करणा।
(६) जानकी-स्वयम्वर-नाटक-रचयिता पं० कृष्णचन्द्रजी पंचोली
(७) लघुस्तव-सम्प्रयोग-संस्कृत-प्रकाशक पं० रमानाथजी शास्त्री
(८) पार्वती-पाणिग्रहण-चम्पू-संस्कृत, शुद्ध कर छपाया-रचयिता व प्रकाशक-बीदासर कँवरजी।
(९) वीर-बत्तीसी-रचयिता चारण जुगतीदान।

निम्न शिलालेखों को पढ़ा और प्रकाशित कराया—

(१) जोधपुर के प्रतिहार बाउक का शिलालेख–वि० सं० १९५५ में पढ़ा और लाला देवीप्रसादजी ने छपाया ।

(२) चाटसू का शिलालेख–वि० सं० १९५९ में पढ़ा और लाला देवीप्रसादजी ने अपने नाम से छापा ।

(३) बीजापुर के पास हतूंडी के शिलालेख को पढ़ा और Apigraphia Indica में छपाया ।

(४) भीनमाल के शिलालेख–पढ़े और पुरोहित लक्ष्मीनारायणजी को दिये ।

(५) घटियाला का शिलालेख पढ़ कर लाला देवीप्रसादजी को दिया

(६) किणसरिया का शिलालेख–पढ़ कर एपिग्राफिया इण्डिका Apigraphia Indica में छपाया ।

(७) मेड़ता के १५ शिलालेख–पढ़ कर बाबू पूर्णचन्द्रजी नाहर, कलकत्ता, के पास भेजे ।

(८) जैसलमेर के १० शिलालेख–भी पढ़ कर उक्त बाबूजी को दिये गये ।

(९) पाल के पास के ३ शिलालेख–पढ़ कर मिस्टर टेसीटोरी को दिये गये ।

(१०) बीकानेर के दरवाजे पर का राठौड़ों की वंशावली का बृहत् शिलालेख पढ़ कर मि० टेसीटोरी को दिया ।

(११) फलोधी के शिलालेख–पढ़ कर डा० भाण्डारकर को दिये गये ।

(१२) नाडोल, नारलाई, बरकाणा, सांडेराव आदि के शिलालेख पढ़ कर डा० डी. आर. भाण्डारकर को दिये गये ।

(१३) सांभर के सोलंकी मूलराज के शिलालेख को शुद्ध पढ़ कर रेऊजी को दिया ।

(१४) पान्ण के भीमदेव का शिलालेख-पढ़ कर छपाया।
(१५) दधिमती माताजी का शिलालेख-पढ़ कर Epigraphia Indica में छपवाया।
(१६) सेवाड़ी का ताम्रपत्र-पढ़ कर Epigraphia Indica में छपाया।
(१७) लाडणू का शिलालेख-पढ़ा और Epigraphia Indica में छपाया।
(१८) किणसरिया के शिलालेख की टिप्पणी-Indian Antiquary में छपाई।
(१९) मङ्गलाणा का शिलालेख-Indian Antiquary में छपाया।
(२०) मारूंद का शिलालेख-Bombay Asiatic Sociaty Journal में छपाया।
(२१) माईसोर के २० शिलालेख पढ़ कर मि० आर श्रीनृसिंहाचार्य के पास बङ्गलोर भेजे।

इन के सिवाय निम्न लेख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराये-

(१) आबू और मारवाड़ के परमार-'सरस्वती' मासिक पत्रिका में प्रकाशित कराया।
(२) गुहिल अपराजित के सं० ७१८ के शिलालेख में विक्षेप वक्तव्य-'सरस्वती' में प्रकाशित।
(३) श्रीशङ्कराचार्यजी का जन्म-समय-'सरस्वती' में छपाया।
(४) गुहिल शिलादित्य का सामोली का सं ७०३ का-शिलालेख 'नागरी-प्रचारिणी पत्रिका,' काशी, में छपाया।
(५) प्रभास पाटण के सं १४४२ के यादव भीम के शिलालेखों की समीक्षा-'नागरी प्रचारिणी पत्रिका,' काशी, में छपाई।

(६) मारवाड का महत्व–' मारवाडी, ' कलकत्ता, में छपाया।

निम्न लिखित शिलालेख संस्कृत तथा हिन्दी में बनाये—

१. दधिमती माताजी के ताम्रपत्र में जोधपुर के राठौड राजाओं की प्रशस्ति–नवीन निर्मित की।

२. राजरणछोडजी के मन्दिर का शिलालेख।

३. पांचवां देवडीजी के मन्दिर का शिलालेख।

४. सुमेरपुर का शिलालेख।

प्रकीर्णक कार्य—

१ संवत् १९५५ में नोबल स्कूल्स, जोधपुर, में एक साल तक एन्ट्रेन्स के विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ाया।

२ जोधपुर के नरसिंह-द्वारा मन्दिर के महंत श्यामदासजी महाराज को महाभारत की कथा सुनाई जिस में अनुमान २॥ वर्ष लगे। यह कथा सं० १९६५ में निर्विघ्न समाप्त हुई।

३ गांव गोठ–माङ्गलोद के पास दाहिमा ब्राह्मणों की जातिमात्र की कुलदेवी श्रीदधिमती माताजी का अति प्राचीन मन्दिर है जिस के जीर्णोद्धार का कार्य अखिल भारतवर्षीय दाहिमा ब्राह्मण महासभा की ओर से आप ने करवाया। इस से महासभा की ओर से आप को 'विद्वद्रत्न' का पद प्रदान किया गया।

४ जोधपुर की सनातन धर्म-सभा के आप कितने ही वर्षों तक सभापति रहे और इस समय श्रीकुञ्जविहारीजी के मन्दिर में प्रति मास कृष्णपक्ष की एकादशी को भगवद्-

जन, व्याख्यान, आदि कराते हैं जिन में नगर के गण्य मान्य औहदेदार भी सज्जन आते हैं।

५ जोधपुर के दाहिमा-ब्राह्मण-ज्ञाति-भवन में रु० ७००) लगा कर ४२ फुट लम्बी एक शाला बनवाई जिस में वर्षाकाल में सजातीय सुविधा से भोजन कर सकते हैं।

✲ जीवन-चरित समाप्त । ✲

SECRETARY
COMMEMORATION COMMITTEE

विद्याभूषण–साहित्यभूषण–विद्यानिधि
दधिमती दीवान
पण्डित गोविन्दनारायण शर्मा आसोपा,
बी. ए, एम आर ए एस,
भूतपूर्व सम्पादक "दधिमती"
रिटायर्ड एसिस्टेन्ट सुपरिन्टेन्डेन्ट कस्टम्स
वर्तमान ऑनरेरी मेजिस्ट्रेट
गवर्नमेन्ट ओफ जोधपुर,
जोधपुर.

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

पण्डित-रामकर्ण-आसोपा

अभिनन्दन-ग्रन्थ ।

मङ्गलाचरणम् ।

सिद्धिदं विघ्नहर्तारं मङ्गलानां च कारकम् ।
विनायकं विभुं वन्दे सर्वविघ्नोपशान्तये ॥ १ ॥

श्रीकृष्णं परमानन्दं लीलाविग्रहधारिणम् ।
नन्दानन्दप्रदं वन्दे देवकीनन्दनं परम् ॥ २ ॥

आविर्भूतमशेषविष्टपमिदं यस्माच्चलं निश्चलं
यस्मिन्नेव च केवलं प्रकुरुते यस्मिन् पुनर्लीयते ।
सत्यादित्यमरीचिभिर्मृगपिपासेवानृतं सत्यवद्-
भासा यस्य जगन्नमोऽस्तु सततं तस्मै परब्रह्मणे ॥ ३ ॥

देवीं दधिमतीं वन्दे सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
दधीचिं मूलपुरुषं प्रणमामि पुनः पुनः ॥ ४ ॥

गोविन्दः ।

॥ ॐ नमः शिवाय ॥

❋ श्रीशिवषडक्षरस्तोत्रम् ❋

ओंकारवर्णाय गुणत्रयाय वैकुण्ठलोकेश्वरात्मकाय ।
दयानिधानाय परात्पराय ओंकाररूपाय नमः शिवाय ॥ १ ॥

नटाय नित्याय नगाभयाय नन्दीशनाथाय निरञ्जनाय ।
नरेशसेव्याय नियामकाय नकाररूपाय नमः शिवाय ॥ २ ॥

मनीषिवेद्याय महेश्वराय मृडाय मायामयरूपकाय ।
महातमोमोहविनाशकाय मकाररूपाय नमः शिवाय ॥ ३ ॥

शिवाय शर्वाय शमप्रदाय शान्ताय शुभ्राय षडाननाय ।
शुभाय शुद्धाय शिवाप्रियाय शकाररूपाय नमः शिवाय ॥४॥

वामाय विशाय वृषध्वजाय वराय वीराय विलोचनाय ।
वन्द्यवन्द्याय वरप्रदाय वकाररूपाय नमः शिवाय ॥ ५ ॥

यज्ञाय यज्ञान्तकराय यज्ञ-यज्ञेशपूज्याय यतेन्द्रियाय ।
योगीशगम्याय युगान्तकाय यकाररूपाय नमः शिवाय ॥६॥

षडक्षरशिवस्तोत्रं गोविन्देन सुनिर्मितम् ।
यः पठेत् प्रयतो भूत्वा स गच्छेच्छिवसन्निधौ ॥ ७ ॥

ओं नमः शिवाय ।
श्री नमः पार्वतीपते ! हर ! ।

उस-ओंकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो स्वयं ओंकार अक्षर रूप हैं सत् रज-तम नाम तीन गुण-स्वरूप हैं और इन्हीं गुणों के अनुरूप विष्णु-ब्रह्मा महादेव रूप हैं सब देवों (इन्द्र वरुणादि) के भी ईश्वर-रूप हैं और पर (ब्रह्म) से भी पर हैं ॥१॥

नकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो ताण्डव-नृत्य के समय नट का अभिनय करते हैं, नित्य अर्थात् उत्पत्ति विनाश-रहित अथवा सनातन हैं, नग नाम कैलास पर्वत का आश्रय लेकर निवास करते हैं, नन्दीश (नन्दिकेश्वर) के स्वामी हैं, निरञ्जन अर्थात् अञ्जन नाम तमोगुण से रहित हैं, नरपतियों से सेवा करने योग्य हैं और जगत् के नियन्ता हैं ॥ २ ॥

मकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो मनीषि अर्थात् बुद्धिमान् अथवा विद्वानों से वन्दनीय (नमस्कार करने के योग्य) हैं, महान् ईश्वर हैं, मृड अर्थात् सबको तुष्ट अथवा प्रसन्न करने वाले हैं, माया अर्थात् निज अघटन-घटन-साधिका शक्ति को अङ्गीकार कर साकार स्वरूप धारण करने वाले हैं और महान् तम रूप अज्ञान-जन्य-मोह के विनाशक हैं ॥ ३ ॥

शकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो शिव-रूप होने से सब का कल्याण करते हैं, शर्व अर्थात् संहार करने वाले हैं, शम अर्थात् अन्तरिन्द्रियदमन-रूप शान्ति के देने वाले हैं, शान्त-स्वरूप हैं, शुभ्र अथवा श्वेत वर्ण वाले हैं, शत अर्थात् अनेक मुख वाले हैं, शुभ अर्थात् मङ्गल की खानि रूप हैं, शुद्ध अर्थात् निर्मल, निष्पाप और निर्दोष हैं, और शिवा (पार्वती) के प्रिय हैं ॥ ४ ॥

वकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो वाम अर्थात् मनोहर (किंवा प्रतिकूल) देव हैं, विज्ञ अर्थात् अन्तर्यामी होने से सर्वज्ञ हैं, वृष-रूप ध्वजा वाले हैं, सब से श्रेष्ठ हैं, वीरता अर्थात् शौर्यतायुक्त हैं, सब को पवित्र करने वाले हैं, वेद के जानने वाले पुरुषों से वन्दनीय हैं, और अभीष्ट वरदान के देने वाले हैं ॥ ५ ॥

यकार-रूप शिवजी को नमस्कार है जो यज्ञ-स्वरूप हैं, दक्ष प्रजापति के यज्ञ का नाश करने वाले हैं, विधि-पूर्वक यज्ञ करनेवाले और यज्ञ के ईश्वर या प्रवर्तक विष्णु से पूजा करने के योग्य हैं, इन्द्रियों को वश में रखने वाले हैं, योगियों में ईश्वर या श्रेष्ठ पुरुषों के ध्यान में आने वाले हैं और युग अर्थात् सत्-त्रेता-द्वापर-कलि-युग रूप काल के अन्त करने वाले हैं ॥ ६ ॥

शिवजी के 'ओं नमः शिवाय' इन छः अक्षर रूप स्तोत्र को गोविन्द ने बनाया जिस का भक्ति-पूर्वक जो पाठ करता है, वह शिवजी के सामीप्य को प्राप्त होता है । ओं नमः शिवाय ! ओं

॥ श्रीदधिमथी जयति ॥

पण्डितानां वंशपरिचयः ।

देवीं दधिमथीं नत्वा सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
पण्डितानां परिचयो गोविन्देन विलिख्यते ॥ १ ॥

श्रीमन्नारायणाद् ब्रह्मा ब्रह्मणोऽथर्वविन्मुनिः ।
अथर्वणोऽभवत्पश्चाद् दधीचः पिप्पलायनः ॥ २ ॥

परोपकारैकपरायणोऽभूदिन्द्रास्थिदाता भगवान् दधीचिः ।
तद्वंशजाता भुवि सन्ति विप्रा दाधीचनाम्ना प्रथिता गुणौघैः ॥३॥

दाधीचा एव कथ्यन्ते दाहिमा नामतो* द्विजाः ।
यस्याः पङ्क्तिवर्गेषु विद्यार्जनप्रभावतः ॥ ४ ॥

आसोपान्वयसम्भूतो गङ्गादासो महायशाः ।
अभवद् मेरतापुर्यां ज्योतिश्शास्त्रविशारदः ॥ ५ ॥

चत्वारस्तनया जाता गङ्गादासस्य धीमतः ।
सदारामो जगन्नाथो रघुनाथस्तृतीयकः ॥ ६ ॥

चतुर्थो जानकीदासो मृतोऽसावकरग्रहः ।
रघुनाथात्मजः श्रीमान् बलदेवो महामतिः ॥ ७ ॥

तस्याभवन् सुताः पञ्च पितुरादेशकारिणः ।
प्रथमो रामकर्णाख्यो द्वितीयः श्यामकर्णकः ॥ ८ ॥

लक्ष्मीनारायणश्चैव गोविन्दोऽथ तुरीयकः ।
कृष्णनारायण इति पञ्चमोऽस्ति कनिष्ठकः ॥ ९ ॥

गोविन्द ।

---

* स्पष्टीकृतोऽयं विषयो "दाधीचा एव दाहिमाः" शीर्षक ग्रन्थे ।

पण्डितानां संस्कृतानुरागः ।

१—यद् दृब्धस्य[१] मुरारिदानकविना भाषामयस्य त्वया
स्ववर्ण्यां यशवन्तभूषणनिबन्धस्यानुवादः कृतः ।
तन्नूनं नरलोकवर्तियशसस्तस्यैव भाषाकवेः
कीर्तिः कीर्तिमतां वरेण भवता स्वर्लोकमारोपिता ॥

२— जानन् ख्यातिं त्वमधिगतवानत्र देशेतिहासं
सारज्ञानामिह भुवि पुरो भाग्यशाली, न मत्तः ।
श्रावं श्रावं श्रवणसुखदं राम-नाम स्वकर्णे
कृष्णं धत्से हृदि, तदुचितं संज्ञया रामकर्णः ॥

३—श्रीमद्-भारतभानु-शीघ्रकविराजेत्यादिभिः सत्पदैः
ख्यातानां खलु गट्टूलालविदुषां शिष्यत्वमाख्यापयन् ।
श्रीमद्-भागवतामृतं निजमनोवाक्कर्मणाऽऽस्वादय-
ञ्जीव्यादेष परिश्रमी चिरतरं श्रीरामकर्णः सुधीः ॥

पण्डित नित्यानन्द शास्त्री,

आशुकवि-कविराज, जोधपुर

---

१ रचितस्य ।

॥ श्री ॥

श्रीमान् परमभद्रास्पद महामहाध्यापक विद्वद्रत्न आसोपाकुलकमल-
दिवाकर पण्डितवर्य्य श्रीरामकर्मशर्मा महानुभावस्य

पवित्र-सेवायां

अभिनन्दन-पत्रम्

स्वस्तिश्रीयुत धर्ममूर्तिगुणवान् शास्त्रेषु सुप्रौढधी–
विद्वच्छ्रीमल्लवंशविप्रतनयः पुण्यप्रभावप्रभः ।
नीतिज्ञः कुशली सतामभिमतो दाधीचवंशाग्रणी–
र्मान्यो मान्यगुणः सदा विजयते श्रीरामकर्माभिधः ॥ १ ॥
साहित्ये सुकुमारवस्तुनि, दृढे श्रीशब्दशास्त्रे तथा
वेदान्ते परमे च गूढविषये, न्याये प्रढग्रन्थिले ।
बुद्धिर्यस्य वगाहते खलु महारण्ये यथा केसरी,
सोऽयं राजति विष्टपे द्विजवरः श्रीरामकर्माभिधः ॥ २ ॥
श्रीमन्महामान्यतमो गरीयान्
विद्वज्जनानन्दनसम्भृतकीर्तिः ।
नानेतिहासादिकलेखकोऽयं
महामहाध्यापकरामकर्मा ॥ ३ ॥
गुणिगणगणनानामग्रभागं च यस्य,
शशधर इव कीर्तिर्भाति संसारमध्ये ।
विदितसकललोकः सुष्ठुविद्याप्रसारात्
सरलमृदुलभावो रामकर्माभिधानः ॥ ४ ॥
लाधुरामादिगौडोऽहं भक्तियुक्तेन चेतसा ।
अस्मै महात्मने नम्रो धन्यवादं ददाम्यहो ! ॥ ५ ॥

पं० लाधुराम गौड़,
काव्यतीर्थ जोधपुर ।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ ओं परमात्मने नमः ॥

दशोपनिषत्सारः ।

(सानुवादः)

देवीं दधिमतीं नत्वा सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
दशोपनिषदां सारो गोविन्देन विरच्यते ॥ १ ॥

'उपनिषीदति प्राप्नोति ब्रह्मात्मभावोऽनया' इति व्युत्पत्त्या ब्रह्मविद्याप्रतिपादके वेदशिरोभागेऽयमुपनिषच्छब्दः प्रयुज्यते । एष वेदशीर्षस्थानीयभागो वेदान्तनाम्ना प्रसिद्धः । अयं वेदान्त एव ब्रह्मविद्या । ब्रह्मणो विद्या ब्रह्मविद्या । सा च शुद्धचैतन्यात्मकस्य ब्रह्मणोऽभेदेन ज्ञानरूपा । अत एवेयं ब्रह्मज्ञानमिति भण्यते । ब्रह्मज्ञानमात्मज्ञानतत्त्वज्ञानमिति त्रीणि नामानि पर्यायवाचीनि । सैवात्मविद्या इति कथ्यते । ब्रह्मविद्यैव सर्वत्र समतां दर्शयति । ब्रह्मविद्ययैवाऽज्ञानग्रन्थयश्छिद्यन्ते । ब्रह्मविद्याप्राप्तिप्रभावेण कर्मचाञ्चल्यं सुसंयतं, चित्तं चान्तर्मुखी भवति । ब्रह्मविद्ययैव मिथ्यानुभूतिविनाशः परमसत्योपलब्धिश्च भवतः । ब्रह्मविद्ययैव चैकात्मरसप्रत्ययसारा-ऽवाङ्मनसगोचर-स्वयंप्रकाश-विज्ञान-स्वरूप-चेतनानन्दघन-रसैकघन-ब्रह्मणः प्राप्तिः सम्पद्यते । अस्या ब्रह्मविद्यायाः प्रतिपादनं यस्मिन् वेदात्युच्चशिरोभागे वर्तते, स एवोपनिषन्नाम्ना कथ्यते । एतासामुपनिषदां मन्त्राणां समन्वयस्तथा मीमांसा भगवता वेदव्यासेन ब्रह्मसूत्रे विहिता । या वेदान्तदर्शन-नाम्ना व्यपदिश्यते । एताभ्य उपनिषद्भ्य एव गोपालनन्दनानन्दकन्दो भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रः श्रीमद्भगवद्गीतायाममृतरूपदुग्धं

सुधीमोक्षमाप्तुमुपभोगार्थमप्युक्तत् । अत एवोपनिषद्-ब्रह्मसूत्र-भगवद्गीतानामक-मन्त्ररत्नत्रयं 'प्रस्थानत्रयी' नाम्ना प्रथितमस्ति । भारतवर्षीया सर्वे धर्माचार्याः प्रस्थानत्रयीबलेनैव सत्यान्वेषणमकुर्वन् ।

वेदा अपौरुषेया अत एवस्त अनादयो मन्यन्ते । तेषु त्रयो विषयाः प्रायेण प्रतिपादिता । तेन वेदस्य त्रयो भागा क्रियन्ते, ये काण्डनामधेयेन प्रसिद्धा । कर्मकाण्ड १, उपासनाकाण्डः २, ज्ञानकाण्ड ३ चेति । कर्मकाण्डे कर्मणां समूहो विवेचितः । उपासनाकाण्डे देवादीनामीश्वरस्य चाराधना वर्णिता अस्ति । ज्ञानकाण्डे मूलतत्त्वविचार कृतोऽस्ति । कर्मोपासने तत्त्वोपलब्धये योग्यतां दत्त । अतस्त उभे साधनस्वरूपे स्त । ज्ञानं च सिद्धान्तरूपम् । वेदस्य ज्ञानकाण्ड एवोपनिषदिति नाम्नोच्यते । सा वेदान्त नाम्ना चाम्नाय-मस्तकनामधेयेन कथ्यते । अत उपनिषदो ब्रह्मज्ञानस्रोतांसि सन्ति ।

उपनिषदां महत्त्वं मुक्तकण्ठं सर्वै रेवाचार्यै स्वदेशीयैर्विदेशीयैश्चाङ्गीकृतमस्ति । वस्तुतो ब्रह्मविद्यामहिमरत्न एव । येन ब्रह्मविद्यामृतपानं कृत स कृतार्थः सञ्जातः । तस्य न किमपि कर्तव्यं, न च किमपि प्राप्तव्यमवशिष्यते । ब्रह्माकारवृत्तिवर्णनप्रसङ्गे वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावलीग्रन्थकारः स्पष्टं स्तौति ब्रह्मचेतसम्—

> कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुन्धरा पुण्यवती च तेन ।
> अपारसंवित्सुखसागरेऽस्मिल्लीनं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः ॥

ब्रह्मज्ञानपूतपुरुषस्य दृष्ट्यां सकलसंसार सच्चिदानन्दस्वरूपः सम्प्रायते । असद्ब्रह्मरूपमिदं जगत् दुःखं च तेन नानुभूयते न प्रतीयते च । तद्दृष्ट्यां तु द्रष्टृ-दृश्य-दृष्टीनामेकीभावस्तेषाम भेदप्रतीतिश्च । स द्रष्टा तु स्वयमेको निर्मल-निर्बाध-निष्कल-सच्चिदानन्दस्वरूप-सत्तामात्र एव ।

उपनिषदो बह्व्यः सन्ति । नारायणोपनिषदि त्वष्टोत्तशतोपनिषदां नामान्युल्लिखितानि वर्तन्ते । तासु केवलं दशैव प्रधाना यासां नामानि निम्नोक्तानि प्रसिद्धानि सन्ति ।

ईश–केन–कठ–प्रश्न–मुण्ड–माण्डूक्य–तित्तिरः ।
ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं तथा ॥

आसु दशसंख्यापरिमितासूपनिषत्सु ब्रह्ममीमांसा समीचीनतया विविधप्रकारैश्च वर्णिता प्रतिपादिता चास्ति । तासां क्रमेण सारांशोऽधस्ताद्वर्ण्यते ।

१. ईशावास्योपनिषत्सारः ।

इदं स्थावरजङ्गमात्मकं सर्वं जगत् अभिन्न–निमित्तोपादानकारणरूपेणेश्वरेण व्याप्तमस्ति । अर्थादिदं जगत् ईश्वरादेव प्रादुर्भूतमीश्वरेणैव च रचितमस्ति । तेनेश्वरेणैवेदं जगत् व्याप्तं पूर्णं च । यथोपादनकारणभूतया मृत्तिकया घट-शरावादिकं कार्यं व्याप्तमस्ति तथैवेश्वरेणैवेदं सर्वं जगत् व्याप्तं वर्तते । अथवा यथा नृपदण्ड्यादिद्वारा नगरादिकं व्याप्तं, तथैवेश्वरेण जगद्व्याप्तम् । अथवा यथा मनुष्यशरीराणि वसनैराच्छादितानि, तथैवेश्वरेणेदं सर्वं विश्वं व्याप्तम् । अथवा यथा सुवासितकुसुमानि स्वसौरभेण जलं घ्राणतर्पणं कुर्वन्ति, तथैवेश्वरेण स्वस्फूर्त्या व्याप्येदं जगद्रमणीयतरं विहितम् । अथवा यथा प्रवृत्तिकारणभूतवासनाभिर्मनुष्यमनांसि व्याप्तानि, तथैवान्तर्यामिस्वरूपेणेश्वरेणैतद्विश्वं व्याप्तं वर्तते । एष ईश्वरो वायुरूपेण चलति, किन्तु स्वरूपेण न चलति, यतोऽयमक्रियः । अयमीश्वरोऽविदुषां दूरतमः, यदयमनन्तकोटिहायनैरपि तैः प्राप्तुमशक्यः । किन्तु विदुषामतिनिकटतरः, यदयं सर्वेषां भूतानां प्रत्यगात्मभूतः (सर्वान्तर्यामी)। अयमीश्वरोऽस्मिश्चराचरात्मकदृश्यविश्वमध्ये वर्तते, तद्बहिश्च । यो ज्ञानी सर्वभूतेष्विममीश्वरं, ईश्वरे च सर्वभूतानि पश्यति, स अभेददर्शी पश्यो न कमपि निन्दति

न चापि स्तौति । स न कीदृशमपि शोकं, न मोहञ्चाधिगच्छति । ये परमेश्वरं न जानन्ति ते मरणानन्तरमन्धकारमयतमोरूपलोकं (नरकं) प्राप्नुवन्ति । अयमात्मा सर्वगत–शुद्ध–शरीररहित–क्षत रहित–स्नायुरहित–निर्मल–निष्पाप–सर्वद्रष्टृ–सर्वज्ञ–सर्वोत्कृष्ट–स्वयम्भूस्वरूपो वर्तते ।

२ केनोपनिषत्सार ।

ईश्वरः श्रोत्रस्यापि श्रोत्रम् । अर्थादीश्वरसामर्थ्यादेव श्रोत्रेन्द्रियं स्वविषयं शब्दं ग्रहीतुं समर्थं भवति । एष सर्वेश्वरो मनसोऽपि मनः । अर्थादन्तर्मनः सर्वविषयोपलब्धेः साधारणकारणभूतमस्ति, तन्मन ईश्वरस्य शक्त्यैव स्वविषयमुपलब्धुं शक्तिमद्भवति । अयमीश्वरो वाचोऽपि वाक् । अर्थात् वागिन्द्रियमीश्वरानुप्रेरणैव शब्दोच्चारणरूपव्यापारं करोति । एष ईश्वरश्चक्षुषश्चक्षुः । अर्थाच्चक्षुरिन्द्रियमीश्वरसाहाय्येनैव स्वविषयं रूपं गृह्णाति । अस्यायं भावः, श्रोत्रादीनां सर्वेन्द्रियाणां प्रवृत्तिः स्वस्वविषयेषु भवति, तत्प्रवृत्तेः कारणभूत ईश्वरस्तद्विलक्षण–चेतनस्वरूपः । यथा गृहनिर्माणकर्ता शिल्पी गृहाद्भिन्न एव । धीरपुरुषो दृढश्रोत्रादीन्द्रियव्यापारमपूर्णं परित्यज्य तस्येश्वरस्यात्मरूपेण साक्षात्कृत्यामृतत्वमेति, जन्ममृत्युरहितो भवति । इन्द्राग्निवाय्वादयः समर्थदेवा अप्यस्य सर्वसमर्थदेवेश्वरस्याधीनाः । तत्साहाय्यमन्तरेण न कश्चित् किञ्चिदपि कर्तुं समर्थो भवति ।

३ कठोपनिषत्सार ।

ओमित्येतदक्षरं ब्रह्म । ओमितीश्वरनाम श्रेष्ठमालम्बनं, परमालम्बनम् । एतदालम्बनं ज्ञात्वा पुरुषो ब्रह्मलोके महत्त्वमाप्यते । अयं नित्यचेतनरूपात्मा न जायते, न म्रियते, न कदापि पूर्वं जातः । अयमजो नित्यः शाश्वतः पुराणः शरीरावसाने न म्रियते । यः

कश्चिदेनं हन्तारमर्थात् हननक्रियाकर्तारं मन्यते, यश्चैनं हतमर्थात् हननक्रियायाः कर्म मन्यते, तावुभावेनं न जानीतः। आत्मा न कदाचिदपि म्रियते, न चापि मारयति, न च हन्यते। अयमात्मरूपेश्वरः परमाण्वादिसूक्ष्मवस्तुभ्योऽपि सूक्ष्मतमः। अयमात्माकाशादिमहद्वस्तुभ्योऽप्यत्यन्तमहत्तमः। अयं समस्तप्राणिनां बुद्धिरूपगुहायामन्तरवस्थितः। अर्थादयं बुद्धिद्वारा ज्ञायते। अस्यात्मनो महिमानं निष्कामपुरुषो निर्मलान्तःकरणप्रसादादेव पश्यति, तं दृष्ट्वा च शोकरहितो भवति। शोकलक्षितजन्ममरणादिरहितो भवतीत्यर्थः। अयमात्मा जाग्रत्स्वप्नावस्थास्ववस्थितोऽपि दूरं गच्छति। साक्षिरूपेण स्थितो भवति। सुषुप्तिदशायां सुप्तोऽपि सर्वत्र याति। विशेषज्ञानाभावेन सामान्यज्ञानरूपेण सर्वत्र गच्छन्निव कथ्यते। अयमात्मा अनित्यशरीरेष्वशरीररूपेण तिष्ठति। धीर एनं महान्तं विभुमात्मानमीश्वरं ज्ञात्वा कर्तृत्वादिबन्धनरहितो भवति। अतः शोककारणभूताऽज्ञाननिवृत्त्या शोकरहितो भवति।

४. प्रश्नोपनिषत्सारः।

यथा पक्षी वृक्षनीडे सम्प्रतिष्ठितो भवति सम्यक् निवसति, तथैवास्मिन् स्वयम्प्रकाशेश्वरे स्थूल-सूक्ष्म-पृथिवी-जल-तेजो-वायु-वियदादयः सम्प्रतिष्ठिता सन्ति। पृथिवी पृथिवीमात्रा गन्धः, जलं तन्मात्रा रसः, तेजस्तन्मात्रा रूपं, वायुस्तन्मात्रा स्पर्शः, आकाशस्तन्मात्रा शब्दः, चक्षुर्द्रष्टव्यं, श्रोत्रं श्रोतव्यं, घ्राणं घ्रातव्यं, रसः रसयितव्यं, त्वक् स्पर्शयितव्यं, वाक् वक्तव्यं, हस्तावादातव्यं, उपस्थमानन्दयितव्यं, पायुर्विसर्जयितव्यं, पादौ गन्तव्यं, मनो मन्तव्यं, बुद्धिर्बोद्धव्यं, अहङ्कारोऽहङ्कर्तव्यं, चित्तं चेतयितव्यं, तेजो विद्योतयितव्यं, प्राणो विधारयितव्यं, तत्सर्व स्वयम्प्रकाशे आनन्दस्वरूपे परमेश्वरे सम्प्रतिष्ठितम्। न केवलं पृथिव्यादिजडप्रपञ्च। किन्तु द्रष्टा, स्प्रष्टा, श्रोता, घ्राता, रसयिता, मन्ता, बोद्धा, कर्ता,

विज्ञानात्मा पुरुष, एते सर्वेऽस्मिन्नेव परमात्मनि प्रतिष्ठिताः। य इमं छायारहितं, शरीररहितं, वर्णरहितं, शुभ्रं, शुद्धमक्षरमात्मानं विजानाति, स एवमेव परमाक्षररूपं परमात्मानं प्राप्नोति स्वयं सर्वः सर्वज्ञश्च भवति।

५ मुण्डकोपनिषत्सार ।

अयं परमात्मा दिव्योऽमूर्तः पुरुषो बहिरन्तरोऽजोऽप्राणो ऽमनस्कः शुभ्रोऽक्षरात्परः। स्वकार्यात्परोऽव्याकृतत्तस्मादपि परः। अस्मात्परमात्मनः प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि खं वायुर्ज्योतिर्जलं पृथिवी जायन्ते। या पृथिवी सर्वाधारभूता। अयं सर्वभूतानामन्तरात्मा। अग्निरस्य शीर्षस्थानीयः, चन्द्रसूर्यौ नेत्ररूपे, दिशः श्रोत्रम् वेदोऽस्य वाक्, वायुरस्य प्राणः, विश्वं च हृदयं, पृथिवी पादरूपा। अस्माद् द्युलोकरूपोऽग्निर्जायते। यस्याग्नेः समिधः सूर्य-चन्द्र-पर्जन्यौषधयः पृथिवी। स्वर्गलोकं गतो जीवः सोमात्पर्जन्यं गच्छति, पर्जन्याद् वृष्टिद्वारा पृथिव्यामागच्छति, पृथिव्या ओषधि-रूपेणान्ने सम्प्रजायते, अन्नं पुरुषो भक्षयति, भक्षसम्भूतं वीर्यं पुरुषो योषिति सिञ्चति, तेन बह्वयः प्रजाः प्रजायन्ते। अस्मात्परमात्मन एव ऋग्वेदादयश्चत्वारो वेदाः दीक्षा-यज्ञ-क्रतु-दक्षिणा-संवत्सर-यजमान-नानालोका जायन्ते, येषु लोकेषु चन्द्रमा पवित्र यति सूर्यश्च तपति। एतानि सर्वाण्यक्षररूपपरमात्मनः सम्भूयन्ते। देवता-साध्य-मनुष्य-पशु-पक्षि-प्राणापान-व्रीहि-यव-तप-श्रद्धा-सत्य ब्रह्मचर्य-विधि-समुद्र-पर्वत-नद्यादयःसर्वाणि परमात्मनः सम्प्रजायन्ते।

६ माण्डूक्योपनिषत्सार ।

'ओम्'-इत्यक्षरमिदं सर्वम्। भूतं भवद् भविष्यदिति सर्व-मोङ्कार एव। अन्यत्त्रिकालातीतं तत्सर्वमोङ्कार एव। अयमात्मा ब्रह्म। इदं सर्वं ब्रह्म। अयमात्मा ओङ्कारः अ, उ, म् नादरूपेण

चतुष्पात् । तत्राकारः प्रथमपादो जाग्रत्स्थानः । अत्रायं बहिष्प्रज्ञ अर्थाद्बहिर्गन्ता गमनशीलो वा भवति । अस्य सप्ताङ्गानि, एकोनविंशतिर्मुखानि, अयं स्थूलस्य भोक्ता, अस्य नाम वैश्वानरः । द्यु-सूर्य-वायु-आकाश-जल-पृथिवी-आहवनीयाग्निरिति सप्त अङ्गानि । तेषां क्रमशो मस्तक-चक्षुः-प्राण-मध्यस्थान (उदरं)-वस्ति (मूत्रस्थानं) पाद-मुखानि निवासस्थानानि । पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि-पञ्च कर्मेन्द्रियाणि-पञ्च प्राणाः-चत्वारोऽन्तःकरणवृत्तयो मनोबुद्धिश्चित्तोऽहङ्काररूपाः एकोनविंशतिः मुखानि सन्ति । अस्य द्वितीयपाद उकारः स्वप्नस्थानः । अत्रायमन्तःप्रज्ञ अर्थात् हृद्देशे द्रष्टा भवति । जाग्रद्वदस्यापि सप्ताङ्गानि, एकोनविंशतिः मुखानि । अत्रायं वासनामयभोगान् भुनक्ति । अस्य तैजस इति नाम । अस्य तृतीयपादो मकारः सुषुप्तिस्थानो यत्रायं सुप्तो न कामपि कामनामिच्छति, न चापि स्वप्नं पश्यति । सुषुप्तिस्थानेऽयमेकीभूतः प्रज्ञानघन आनन्दमयो वर्तते । केवलमानन्दमेव भुनक्ति । अत्रायं चेतोमुखः । प्राज्ञोऽस्य नामधेयम् । अयं सर्वेश्वरः, एष सर्वज्ञः, एषोऽन्तर्यामी, एष कारणरूपः, अस्मादेव सर्वेषां भूतानामुत्पत्तिप्रलयौ स्तः । चतुर्थपादो नादरूपो न अन्तःप्रज्ञो, न बहिष्प्रज्ञ, न उभयतः प्रज्ञः, न प्रज्ञानघन , न प्रज्ञः, नाप्रज्ञः, नादृष्टः, नाव्यवहार्यः, अग्राह्यः, अलक्षणः, अचिन्त्यः, अव्यपदेश्य (शब्दशक्तेरविषयः), एक आत्मा, एतदाकारस्य प्रत्ययोऽर्थादव्यभिचारीज्ञानमेवास्मिन् सारः-प्रमाणरूपः । अयं प्रपञ्चरहित शान्तोऽद्वैतश्च । अयं चतुर्थ. पादो मन्यते । स आत्मा, स विज्ञेयः (ज्ञातुं योग्यः) । य एनं जानाति स आत्मद्वारा आत्मानमाप्नोति ।

७. तैत्तिरियोपनिषत्सारः ।

ओमिति ब्रह्म । ओमिति इदं सर्वम् । ब्रह्मवित् परमात्मानमाप्नोति । सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म । यतः

मह गत्वा तमप्राप्य निवर्तन्ते । तमानन्दरूपं ब्रह्म ज्ञात्वा पुरुषः कुतश्चन न बिभेति । आनन्द इति परं ब्रह्म । इदमेव ज्ञेयम् । अग्रे इदं जगत् असत् (अव्याकृत-ब्रह्मरूपं) एवासीत् । तस्मादसतो ब्रह्मणः सत् (नामरूपात्मकव्यक्तरूपं जगत्) अजायत । तदसद्ब्रह्म एव स्वयमात्मानं नामरूपात्मकजगद्रूपेणारचयत् । अत एव तत्सुकृत (स्वयंकृत) इत्युच्यते । तत्सुकृतमेव रसरूपं । रसो वै सः । रस आनन्दरूपः । यत इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यस्मिंश्च प्रलयकाले पुनराविशन्ति । तद् ब्रह्म । अन्नं, प्राणो, मनो, विज्ञानं, आनन्द एतानि सर्वाणि ब्रह्मरूपाणि । आनन्द एव ब्रह्म । एषा भार्गवी वारुणीविद्या परमाकाशे हृदि प्रतिष्ठिता । एषा विद्या हृदयाकाशरूपगुहायां परमानन्दाद्वैतस्वरूपे ब्रह्मणि समाप्यते । यो विज्ञानेवां जानाति स ब्रह्मणि स्थितो भवति । स ब्रह्मैव भवति ।

८ ऐतरेयोपनिषत्सार ।

आत्मा द्विविधः । जीवात्मा परमात्मा चेति । तयोर्जीवात्मा तूपासकः, परमात्मा चोपास्यः । अयं जीवात्मा येन प्रेरितो रूपं पश्यति, शब्दं शृणोति, गन्धं जिघ्रति, वाचं वक्ति, रसं जानाति, मनसा सङ्कल्पयति, बुद्ध्या निश्चिनोति, चित्तेन ध्यायति सुख दुःखान्यनुभवति च, अहङ्कारेणाहम्भावं करोति, तदेव विज्ञानरूपं ब्रह्म । प्रज्ञानं सर्वरूपेण सर्वत्र वर्तते । एष प्रज्ञानरूपात्मा एव ब्रह्म, एष इन्द्रः, एष प्रजापतिः, एते सर्वे देवाः, इमानि पञ्चमहाभूतानि पृथिवी वायुराकाश आपो ज्योतींषि सर्वाणि प्रज्ञाने प्रतिष्ठितानि । जरायुजा अण्डज-स्वेदजो-द्भिज्जरूपेण चतुष्प्रकारकस्थावरजङ्गमात्मकप्राणिसमूहो बीजानि पशवः पक्षिणश्च सर्वे प्रज्ञाने प्रतिष्ठिताः । प्रज्ञानं ब्रह्म । प्रज्ञानमिति चैतन्यात्मा परमात्मा । य इदं प्रज्ञान-

त्मकब्रह्मणि सर्वकामनां प्राप्यामृतो भवति।

९. छान्दोग्योपनिषत्सारः।

इदमग्रे सृष्टिरचनापूर्वसमयेऽसदेव आसीत्। तत्सदासीत्। तदद्वितीयमासीत्। इदं सर्वं जगदस्यैव स्वरूपम्। तत्सत्यम्। स आत्मा। तत्त्वमसि। तदेकस्य ज्ञानेन सर्वं ज्ञातं भवति। यथा मृत्तिकैव सत्यं। मृत्तिकाकार्यभूतानि घट-शरावादीनि वाणीमात्रत्वात्सर्वाणि मिथ्यारूपाणि। यथा लोहं सत्यम्। तन्निर्मितखड्गछुरिकादीनि कार्यरूपाणि कथनमात्रत्वात् मिथ्यारूपाणि। यथा सुवर्णं सत्यम्। हेमनिर्मितानि कटककुण्डलादीनि कथनमात्रत्वात् मिथ्यारूपाणि। एवमेवायं सद्रूप आत्मा (ब्रह्म) सत्यम्। अस्य कार्यभूतसमस्तनामरूपात्मकं जगत् कथनमात्रत्वान्मिथ्या।

सर्वे प्राणिनः सुखमभिलषन्ति। न कोऽपि दुःखमिच्छति। विद्वांसः सुखप्राप्त्यर्थमिन्द्रियसंयमादीन्याचरन्ति। सुखं विजानीयात्। किं सुखम्?। यो भूमा (महान्) तत् सुखम्। अल्पे सुखं नास्ति। भूमा एव सुखम्। भूमा एव विजिज्ञासितव्यं। को भूमा?। यत्रान्यन्न पश्यति, अन्यन्न शृणोति, अन्यन्न विजानाति, स भूमा। यत्रान्यत्पश्यति, अन्यच्छृणोति, अन्यद्विजानाति, तदल्पम्। यो भूमा तदमृतम्। यदल्पं तन्मर्त्य(मृत्यु-ग्रस्त)म्। स भूमा स्वमहिम्नि प्रतिष्ठितो न प्रतिष्ठितश्च। यो भूमा स आत्मा परमात्मा। य आत्मानं जानाति स स्वराट् (स्वयम्प्रकाशो) भवति। स कामचारो भवति।

१०. बृहदारण्यकोपनिषत्सारः।

अक्षरं ब्रह्म। एतस्याक्षरस्याज्ञायां सूर्याचन्द्रमसौ वर्तेते। एतस्याक्षरपरब्रह्मण आज्ञायां स्वर्गपृथिव्यौ वर्तेते विधृते च। एतस्याक्षरपरमात्मन आज्ञायां निमेष-मुहूर्त-दिवस-रात्रि-पक्ष-मास-

ऋतु-संवत्सरादीनि सर्वाणि विधृतानि तिष्ठन्ति । एतस्याक्षरपुरुषस्याज्ञायां गङ्गायमुनादिनद्यो हिमालयात् स्यन्दमाना पूर्वदिशायां वहन्ति । एतस्याक्षरस्याज्ञया मनुष्या दातारं प्रशंसन्ति । यद्यपि देवा अन्यप्रकारेण जीवितुं समर्थास्तथापि ते यजमानदत्तपुरोडाशादिकं प्रसन्नतया स्वीकुर्वन्ति । अयमादृशः पितरश्च श्राद्धदत्त पदार्थं गृह्णन्ति । यः पुरुष एतदक्षरं ब्रह्म ज्ञात्वा जुहोति, यजते, तपस्तप्यते, स अनन्तफलमाप्नोति । य एतदक्षरब्रह्म अज्ञात्वा अस्माल्लोकान्मृत्युं प्राप्य गच्छति स कृपणः । यश्चैतदक्षरं ज्ञात्वा अस्माल्लोकात्परलोकं गच्छति स ब्राह्मणः (ब्रह्मज्ञानी) । एतदक्षरमदृष्टमपि द्रष्टृ, अश्रुतमपि श्रोतृ, अमतमपि मन्तृ, अविज्ञातमपि विज्ञातृ । अतोऽन्यच्च किमपि द्रष्टृ, श्रोतृ, मन्तृ, विज्ञातृ । अस्मि-न्नक्षरे सर्वमोतप्रोतम् । अस्मिन् समस्त ब्रह्माण्डमोतप्रोतम् । रज्जौ भुजङ्गवदारोपितम् । अयं सच्चिदानन्दस्वरूपः परमात्मा विज्ञातव्यो द्रष्टव्यश्च । श्रवण-मनन-निदिध्यासनरूपाराधनया परमात्मा ज्ञायते दृश्यते च । ओम् शम् ।

गोविन्द-भवन
जोधपुर
ता० २२ ११ ४१

नारायणोत्तरपद-गोविन्देन सुधीमता ।
दशोपनिषदां सारो रचितः स्यात्सतां मुदे ॥१॥
धराङ्कनिधिभूवर्षे (१९९८) मार्गमासि सिते दले ।
जोधपुर्यां प्रतिपदि समाप्तो भौमवासरे ॥ २ ॥

भाषानुवाद ।

यस्मादुत्पद्यते विश्वं यस्मिन्नेव च लीयते ।
पुनश्च धार्यते येन तं नमामि सदात्मकम् ॥ १ ॥
यो हि चेतयते विश्वं विश्वेन चेत्यते न यः ।
सर्वचेतनरूपश्च तं नमामि चिदात्मकम् ॥ २ ॥
सदा सुखयते विश्वं स्वयम्भूश्च स्वयम्प्रभः ।
आनन्दघनरूपो यस्तं नमामि सुखात्मकम् ॥ ३ ॥

" उपनिषीदति प्राप्नोति ब्रह्मात्मभावोऽनया " अर्थ–जिस से ब्रह्म के समीप बैठा जाय वा ब्रह्मात्मभाव प्राप्त किया जाय, वह उपनिषत् है–इस व्युत्पत्ति से ब्रह्मविद्या के प्रतिपादक वेद के शिरोभाग के वास्ते 'उपनिषत्' शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह वेद का शीर्षस्थानीय भाग ' वेदान्त ' नाम से प्रसिद्ध है। यह वेदान्त ही ब्रह्मविद्या है। ब्रह्म की विद्या 'ब्रह्मविद्या' कहाती है। वही शुद्ध चैतन्य स्वरूप ब्रह्म के साथ अभेदरूप होने से ज्ञान-रूप है। इसीलिये यह ब्रह्मविद्या ब्रह्मज्ञान नाम से पुकारी जाती है। ब्रह्मज्ञान–आत्मज्ञान–तत्वज्ञान ये तीनों नाम पर्यायवाची हैं। इसी को आत्मविद्या भी कहते हैं। ब्रह्मविद्या ही सर्वत्र समता का दर्शन कराती है। ब्रह्मविद्या से ही अज्ञान की ग्रन्थियों का नाश होता है। ब्रह्मविद्या की प्राप्ति के प्रभाव से कर्म की चञ्चलता नियमित और चित्त अन्तर्मुखी होता है। ब्रह्मविद्या से ही मिथ्या अनुभव का विनाश और परम सत्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्म-विद्या से ही एकात्मरस-प्रत्ययसार, अवाङ्मनसगोचर, स्वयम्प्रकाश, विज्ञानस्वरूप, चेतनानन्दघन, रसैकघन, ब्रह्म की प्राप्ति होती है। वेदों के जिस अत्यन्त शिरोभाग में इस ब्रह्मविद्या का प्रतिपादन

है, वही उपनिषत् नाम से कहा जाता है। इन्हीं उपनिषदों के मन्त्रों का समन्वय और मीमांसा भगवान् वेदव्यासजी ने 'ब्रह्मसूत्र' में की है। जो 'वेदान्तदर्शन' के नाम से पुकारा जाता है। इन्हीं उपनिषत् रूपी गौओं से गोपालनन्दन भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र आनन्दकन्द ने विद्वानों के उपभोग के लिये श्रीमद्भगवद्गीता में अमृतरूप दूध को दुहा है। इसीलिये उपनिषत्-ब्रह्मसूत्र-श्रीमद्भगवद्गीता ये तीनों ग्रन्थरत्न 'प्रस्थानत्रयी' के नाम से मख्यात हैं। भारतवासी समस्त धर्माचार्यों ने इसी प्रस्थानत्रयी के प्रकाश से ही सत्य की खोज की थी।

वेद अपौरुषेय हैं, इसी से अनादि माने जाते हैं। इन वेदों में प्रायः तीन विषयों का प्रतिपादन किया गया है। इस से वेद के तीन भाग किये जाते हैं, जो 'काण्ड' के नाम से प्रसिद्ध हैं। कर्मकाण्ड १, उपासनाकाण्ड २ और ज्ञानकाण्ड ३ ये तीन काण्ड हैं। कर्मकाण्ड में कर्मों के समूह का विवेचन है, उपासनाकाण्ड में देवादि की और ईश्वर की आराधना का वर्णन है और ज्ञानकाण्ड में मूलतत्त्व का विचार किया गया है। कर्म और उपासना ये दोनों उस तत्त्व की उपलब्धि में योग्यता प्रदान करते हैं। इसलिये वे साधनस्वरूप हैं। और ज्ञान सिद्धान्तरूप है। वेद का ज्ञानकाण्ड ही उपनिषत् इस नाम से कहा जाता है। वह उपनिषत् 'वेदान्त' अथवा 'आम्नायमस्तक' नाम से पुकारी जाती है। इस से उपनिषत् ब्रह्मज्ञान के स्रोतस्वरूप हैं।

उपनिषदों का महत्त्व क्या तो इस देश के और क्या विदेश के सब आचार्यों ने मुक्तकण्ठ स्वीकार किया है। वास्तव में उपनिषदों की महिमा ऐसी ही है। जिस किसी ने ब्रह्म-विद्या के अमृत का पान किया, वह कृतार्थ होगया। उसके न तो कुछ कर्तव्य शेष रहता है और न कुछ प्राप्त करने योग्य पदार्थ ही। ब्रह्माकार-वृत्ति

का वर्णन करने के प्रसङ्ग में वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली ग्रन्थ के कर्त्ता ब्रह्म में चित्त लगाने वाले पुरुष की इस प्रकार स्पष्ट रूप से स्तुति करते हैं:—

कुलं पवित्रं जननी कृतार्था वसुन्धरा पुण्यवती च तेन ।
अपारसच्चित्सुखसागरेऽस्मिंल्लीनं परे ब्रह्मणि यस्य चेतः ॥

अर्थ–जिस पुरुष का चित्त उस अपार सत्–चित्- आनन्द के समुद्र रूप परब्रह्म में निमग्न हो गया है उस का कुल पवित्र, माता कृतकृत्य और पृथिवी पुण्यवाली हो जाती है ।

ब्रह्मज्ञानी पुरुष की दृष्टि में समस्त संसार सच्चिदानन्द स्वरूप हो जाता है । असत् रूप इस संसार और दुःख का उसे न तो अनुभव होता है और न प्रतीति ही होती है। उस की दृष्टि में तो द्रष्टा, दृश्य और दृष्टि इन तीनों का भेद हो नहीं रहता और सब एक-भाव से रहते हैं। और वह स्वयं एक, निश्चल, निर्बाध, निष्कल, सच्चिदानन्दस्वरूप सत्तामात्र हो जाता है ।

उपनिषत् बहुतसी हैं। नारायणोपनिषत् में एक सौ आठ उपनिषदों के नाम दिये हुए हैं। उन में से केवल दस ही प्रधान हैं जिन के नाम निम्न पद्य में दिये हुए हैं:–

ईश–केन–कठ–प्रश्न–मुण्ड–माण्डूक्य–तित्तिरः ।
ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं तथा ॥

अर्थ–ईश १, केन २, कठ ३ प्रश्न ४, मुण्डक ५, माण्डूक्य ६, तैत्तिरीय ७, ऐतरेय ८, छान्दोग्य ९ और बृहदारण्यक १०– ये दश हैं ।

इन दश उपनिषदों में ब्रह्म की मीमांसा भली भाँति और नाना प्रकार से की हुई है। उन का क्रमानुसार नीचे सारांश दिया जाता है ।

१ ईशावास्य उपनिषत् का सार ।

यह स्थावर-जङ्गम रूप सर्व जगत् अभिन्न-निमित्त-उपादान कारण रूप ईश्वर से व्याप्त है अर्थात् ईश्वर में से यह जगत् बना है और ईश्वर ने ही जगत् को बनाया है। उस ईश्वर ने इस जगत् को व्याप्त यानी पूर्ण कर रखा है, जैसे कि उपादान कारण रूप मृत्तिका ने घट-शरावादि कार्य को व्याप्त कर रखा है, वैसे ही ईश्वर ने इस जगत् को व्याप्त कर रखा है। अथवा जैसे राजा की दृष्टि द्वारा नगरादि व्याप्त हुए रहते हैं, वैसे ईश्वर से जगत् व्याप्त किया हुआ है। अथवा जैसे मनुष्यों के शरीर वस्त्रादि से व्याप्त वा आच्छादित (ढके हुए) होते हैं, वैसे ईश्वर ने इस जगत् को व्याप्त वा आच्छादित कर रखा है। अथवा जैसे सुवासित पुष्प अपनी सुगन्ध से जल को रमणीय बनाते हैं, वैसे ईश्वर ने अपनी स्फूर्ति से इस जगत् को व्याप्त करके रमणीय बना दिया है। अथवा जैसे प्रवृत्ति की कारण-रूप वासनायें जीवों के मन को व्याप्त किये हुए हैं, वैसे अन्तर्यामी ईश्वर ने इस जगत् को व्याप्त कर रखा है। यह ईश्वर वायु आदि रूप से चलता है, स्वरूप से नहीं चलता, क्योंकि अक्रिय है। यह ईश्वर अविद्वानों को दूर से भी दूर है, वे करोड़ों वर्षों में भी उसे नहीं पा सकते और विद्वानों के लिये पास से भी पास है, क्योंकि यह सब का प्रत्यगात्मा (अन्तर्यामी) है। यह ईश्वर इस चराचर जगत् के भीतर है और बाहर भी है। जो इस ईश्वर को सब भूतों में और सब भूतों को ईश्वर में देखता है, वह अभेददर्शी पुरुष किसी की निन्दा या स्तुति नहीं करता। उस अभेददर्शी को न शोक होता है, न मोह होता है। जो इस ईश्वर को नहीं जानते, वे मरने के पश्चात् अन्धकार रूप तम से घिरे हुए लोकों (नरकों) को प्राप्त होते हैं।

यह परमात्मा सर्वान्तर्यामी वा सर्वव्यापक, शुद्ध, शरीररहित, क्षत-रहित, स्नायु (नाड़ियों से) रहित, निर्मल, धर्म-अधर्मरूप पाप से रहित, सर्व द्रष्टा वा साक्षी, सर्वज्ञ, सर्वोत्कृष्ट और स्वयम्भू है।

२. केनोपनिषत् का सार।

यह ईश्वर श्रोत्र का भी श्रोत्र है अर्थात् ईश्वर के सामर्थ्य से श्रोत्र इन्द्रिय अपना विषय ' शब्द ' ग्रहण करने में समर्थ होती है। यह ईश्वर मन का भी मन है, अर्थात् मन जो सर्व विषयों को उपलब्ध करने का कारण है, वह मन ईश्वर की शक्ति से अपने विषयों को उपलब्ध करने में शक्तिमान् होता है। यह ईश्वर वाणी की वाणी है, अर्थात् वागिन्द्रिय ईश्वर के अनुग्रह से शब्द उच्चारण करने का व्यापार करती है। यह ईश्वर चक्षु का चक्षु है, अर्थात् नेत्र-इन्द्रिय ईश्वर की सहायता से अपने विषय 'रूप' को ग्रहण करती है। भाव यह है कि, श्रोत्रादि सब इन्द्रियों की प्रवृत्ति जो अपने अपने विषयों में होती है, उस प्रवृत्ति का कारण-भूत ईश्वर उन सब से विलक्षण चेतन-स्वरूप है, जैसे कि मकान आदि का बनाने वाला राज (कारीगर) मकान आदि से भिन्न होता है। धीर पुरुष देह और श्रोत्रादि इन्द्रियों में से आत्म-बुद्धि त्याग कर इस ईश्वर का आत्म-रूप से साक्षात्कार करके अमृत अर्थात् मरण-रहित (अमर) हो जाते हैं। इन्द्र, वायु और अग्नि आदि समर्थ देवता भी इस सर्व-समर्थ देव ईश्वर के आधीन हैं, उस की सहायता विना कोई किञ्चित् भी करने में समर्थ नहीं है।

३. कठोपनिषत् का सार।

'ओं' यह अक्षर ब्रह्म है। 'ओं' यह ईश्वर का नाम श्रेष्ठ आल-म्बन है, परम आलम्बन है, इस आलम्बन को जानकर पुरुष ब्रह्म-

लोक में महत्व को प्राप्त होता है। यह नित्य चैतन्य-रूप आत्मा न तो जन्मता है, न मरता है, यह कभी उत्पन्न नहीं हुआ है, अज है, नित्य है, शाश्वत है, पुराण है, शरीर के मरने से यह नहीं मरता। जो इस को हन्ता यानी हनन-क्रिया का कर्ता मानता है और जो इस को हत यानी हनन-क्रिया का कर्म मानता है, वे दोनों इस को नहीं जानते। न यह कभी मरता है, न मारता है और न मारा जाता है। यह आत्मा-ईश्वर परमाणु आदि सूक्ष्म से भी अति सूक्ष्म और आकाश आदि महान् से भी अत्यन्त महान् है, समस्त जन्तुओं की बुद्धि-रूप गुहा में स्थित है अर्थात् बुद्धि से जानने में आता है। इस आत्मा की महिमा को निष्काम पुरुष निर्मल अन्तःकरण के प्रसाद (कृपा) से देखता है और देखकर वीत-शोक हो जाता है यानी शोक से रहित जन्म-मरणादि से रहित हो जाता है। यह आत्मा जाग्रत् और स्वप्न अवस्था में बैठा हुआ ही दूर चला जाता है यानी साक्षी रूप से स्थित रहता है और सुषुप्ति अवस्था में सोता हुआ सर्वत्र चला जाता है, यानी विशेष ज्ञान के अभाव से सामान्य ज्ञानरूप से सर्वत्र जाता हुआ-सा कहलाता है। यह अनित्य शरीरों में अशरीर रूप से स्थित है। इस महान्, विभु, आत्मा, ईश्वर को जान कर धीर पुरुष कर्तृत्वादि रूप बन्धन से रहित हो जाता है। इस लिये शोक के कारण अज्ञान के निवृत्त हो जाने से पुरुष शोकरहित हो जाता है।

४ प्रश्नोपनिषत् का सार।

जैसे पक्षी वृक्ष के घोंसले में सम्प्रतिष्ठित होते हैं-भली प्रकार से रहते हैं, इसी प्रकार इस स्वयम्प्रकाश ईश्वर में स्थूल, सूक्ष्म, पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश सम्प्रतिष्ठित हैं। चक्षु द्रष्टव्य, श्रोत्र श्रोतव्य, घ्राण घ्रातव्य, रस रसयितव्य, त्वक् स्पर्श-

यितव्य, वाक् वक्तव्य, हस्त आदातव्य, उपस्थ आनन्दयितव्य, पायु विसर्जयितव्य, पाद गन्तव्य, मन मन्तव्य, बुद्धि बोद्धव्य, अहङ्कार अहङ्कर्तव्य, चित्त चेतयितव्य, तेज विद्योतयितव्य और प्राण विधारयितव्य—ये सब स्वयम्प्रकाश आनन्दस्वरूप ईश्वर में सम्प्रतिष्ठित हैं। पृथिवी आदि जड़ प्रपञ्च ही नहीं, किन्तु द्रष्टा, स्प्रष्टा, श्रोता, घ्राता, रसयिता, मन्ता, बोद्धा, कर्ता और विज्ञानात्मा पुरुष, ये सभी इस परमात्मा में सम्प्रतिष्ठित हैं। जो इस छायारहित, शरीररहित, वर्णरहित, शुभ्र, शुद्ध अक्षर को जानता है, वह परम अक्षर को ही प्राप्त होता है और सर्व एवं सर्वज्ञ हो जाता है।

५. मुण्डकोपनिषत् का सार।

यह परमात्मा दिव्य है, अमूर्त है, पुरुष है, बाहिर है, भीतर है, अज है, अप्राण है, अमन है, शुभ्र है और अपने कार्य से पर जो अक्षर अव्याकृत है, उस से भी पर है। इस ईश्वर में से प्राण, मन, सर्व इन्द्रियां, आकाश, वायु, ज्योतिः, जल और विश्व को धारण करने वाली पृथिवी उत्पन्न होती है। यह सब भूतों का अन्तरात्मा है। अग्नि इस का सिर है, चन्द्र-सूर्य इस के नेत्र हैं, दिशा श्रोत्र हैं, वेद इस की वाणी है, वायु इस का प्राण है, विश्व हृदय है और पृथिवी इस के पैर हैं। इस से द्युलोक रूप अग्नि उत्पन्न होता है, जिस अग्नि का समिध सूर्य, चन्द्रमा, पर्जन्य, औषधि और पृथिवी हैं। स्वर्ग लोक को गया हुआ जीव सोम से पर्जन्य को आता है, पर्जन्य से वृष्टि द्वारा पृथिवी पर आता है, पृथिवी से औषधि रूप अन्न में आता है, अन्न को पुरुष भक्षण करता है, अन्न से बने हुए वीर्य को योषित् (स्त्री) में सींचता है, उस से बहुतसी प्रजा उत्पन्न होती है। ऋगादि चारों वेद, दीक्षा, यज्ञ, क्रतु, दक्षिणा, संवत्सर, यजमान और लोक, जिन में चन्द्र

पवित्र करता है और सूर्य तपता है, वे सब अक्षर ईश्वर से उत्पन्न होते हैं। देवता, साध्य, मनुष्य पशु, पक्षी, प्राण अपान, ब्रीहि, यव तप, श्रद्धा सत्य, ब्रह्मचर्य, विधि, निषेध, समुद्र, पर्वत और नदियां, सब ईश्वर से उत्पन्न होते हैं।

६ माण्डूक्योपनिषत् का सार।

'ओम्' यह अक्षर ही सब कुछ है। यह जो कुछ भूत, वर्तमान और भविष्यत् है सब कुछ ओङ्कार ही है। दूसरा भी तीनों कालों के सिवा जो कुछ है वह भी ओंकार ही है। यह आत्मा ब्रह्म है। यह सब ब्रह्म है। यह आत्मारूप ओंकार अ–उ म–नाद रूप से चार पाद (अंशों) वाला है। उन में 'अकार' प्रथम पाद जाग्रत् अवस्था रूप स्थान वाला है। यहां यह बहिःप्रज्ञ यानी बाहिर का जानने वाला होता है। इस के सात अङ्ग और उन्नीस मुख हैं। स्थूल इस का भोग है और इस का नाम वैश्वानर है। द्यु, सूर्य, वायु आकाश, मल, पृथिवी और आहवनीय अग्नि–ये इस के सात अङ्ग हैं। सिर चक्षु प्राण, पेट बस्ति (मूत्रस्थान), पैर और मुख–ये सात स्थान क्रमशः सात अङ्गों के रहने के हैं। पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय, पांच प्राण, चार अन्तःकरण–ये उन्नीस इस के मुख हैं।

इस का दूसरा पाद 'उकार' स्वप्न–स्थान वाला है। यहां यह अन्तःप्रज्ञ होता है, यानी हृदय में देखने वाला होता है। जाग्रत् के समान यहां भी इस के सात अङ्ग और उन्नीस मुख हैं। यहां यह वासनामय भोग भोगता है, तैजस इस का नाम है।

तीसरा पाद 'मकार' सुषुप्ति–स्थान वाला है जहां यह सोता हुआ न कुछ कामना करता है, न स्वप्न देखता है। सुषुप्त-स्थान में एकीभूत, प्रज्ञानघन, आनन्दमय होता है, आनन्द को ही भोगता है, यहां यह चेतोमुख होता है, प्राज्ञ इस का नाम है।

यह सर्वेश्वर है, यह सर्वज्ञ है, अन्तर्यामी है, कारण है, सब भूतों की उत्पत्ति और नाश इस से होते हैं।

चौथा पाद 'नाद' रूप न तो अन्तःप्रज्ञ है, न बहिःप्रज्ञ है, न उभयतः प्रज्ञ है, न प्रज्ञानघन है, न प्रज्ञ है, न अप्रज्ञ है, अदृष्ट है, अव्यवहार्य है, अग्राह्य है, अलक्षण है, अचिन्त्य है, अव्यपदेश्य है-शब्दशक्ति का अविषय है, एक आत्मा, इस आकार का प्रत्यय यानी अव्यभिचारी ज्ञान ही इस में सार-प्रमाण है; यह प्रपञ्च से रहित है, शान्त है, यह अद्वैत है। यह चौथा पाद माना जाता है। वह आत्मा है, वह विज्ञेय (जानने योग्य) है, जो इसको जानता है, वह आत्मा द्वारा आत्मा को ही प्राप्त होता है।

७. तैत्तिरियोपनिषत् का सार।

'ओम्' यह शब्द-ब्रह्म है। ओम् यह सर्व-स्वरूप है। ब्रह्म का जानने वाला परमात्मा को प्राप्त होता है, ब्रह्म सत्य, ज्ञान और अनन्त है। जिस ब्रह्म-रूप परमात्मा को वाणी और मन दोनों नहीं पहुँचते, किन्तु उसे प्राप्त न करके वापिस लौट आते हैं। उस आनन्द-रूप ब्रह्म को जान कर पुरुष किसी से भी भयभीत नहीं होता। आनन्द यह पर-ब्रह्म है। यह ब्रह्म ही जानने योग्य है। सब से पहले यह जगत् असत् अर्थात् अव्याकृत ब्रह्म रूप ही था। उसी अप्रकट ब्रह्म से इस सत् अर्थात् नाम-रूपात्मक व्यक्त जगत् की उत्पत्ति हुई। उस असत् ब्रह्म ने ही स्वयं अपने को ही नाम-रूपात्मक जगत् रूप से रचा। इसी लिये वह सुकृत (वा स्वकृत वा स्वयं रचा हुआ) कहा जाता है। वह सुकृत ही रस-रूप है। वह ब्रह्म रस-रूप है। वह रस आनन्द रूप है। जिस आनन्द से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होने पर आनन्द के द्वारा ही जीते हैं और प्रलय समय में उसी आनन्द में समा जाते हैं, वह आनन्द ब्रह्म है। अन्न, प्राण, मन,

विज्ञान, आनन्द ये सब ब्रह्म-स्वरूप हैं। आनन्द ही ब्रह्म है। यह भृगु ऋषि की जानी हुई और वरुण की उपदेश की हुई अर्थात् वरुण की भृगु से कही हुई विद्या है। यह विद्या हृदयाकाश-रूप गुहा में परमानन्द अद्वत ब्रह्म में समाप्त होती है। जो विद्वान् इस को जानता है, वह ब्रह्म में स्थित हो जाता है। वह ब्रह्म ही हो जाता है।

८ ऐतरेयोपनिषत् का सार।

आत्मा दो प्रकार का है। जीवात्मा और परमात्मा। इन में जीवात्मा तो उपासक है और परमात्मा उपास्य है। यह जीवात्मा जिस की प्रेरणा से रूप को देखता है, शब्द को सुनता है गन्ध को सूंघता है वाणी को बोलता है रस वा स्वाद को जानता है, मन से सङ्कल्प करता है, बुद्धि से निश्चय करता है चित्त से ध्यान करता है और सुख-दुख का अनुभव करता है, अहङ्कार से अह स्भाव अर्थात् 'यह मैं और मेरा' ऐसा विचार करता है, वही विज्ञान-रूप ब्रह्म है। प्रज्ञान सर्व-स्वरूप ब्रह्म से सर्वत्र-विद्यमान है। यह प्रज्ञान रूप आत्मा ही ब्रह्म है। यही इन्द्र है। यही प्रजापति है। ये सब देवता, ये पांच महाभूत पृथिवी, जल अग्नि, वायु और आकाश प्रज्ञान में प्रतिष्ठित हैं। जरायुज, अण्डज स्वेदज उद्भिज ये चार प्रकार के स्थावर-जङ्गम प्राणी सब प्रज्ञान में प्रतिष्ठित हैं। वैसे बीज (कारण रूप), पशु, पक्षी आदि सब प्रज्ञान में प्रतिष्ठित हैं। प्रज्ञान ही ब्रह्म है। प्रज्ञान-रूप चैतन्य आत्मा परमात्मा है। जो इस प्रज्ञान-रूप ब्रह्म को जानता है, वह इस लोक से जाकर स्वर्ग लोक में स्वप्रकाश-रूप ब्रह्म में सब कामनाओं को प्राप्त होकर अमृत अर्थात् अमर हो जाता है।

९. छान्दोग्योपनिषत् का सार ।

यह सत् ही सृष्टि के पूर्व एक अद्वितीय था। सब जगत् इसी का स्वरूप है। वह सत्य है, वह आत्मा है, वह तू है। इस एक के जानने से सब का ज्ञान हो जाता है। जैसे मृत्तिका सत्य है, मृत्तिका के कार्य घट-शराव आदि वाणी-मात्र होने से मिथ्या हैं। जैसे लोहा सत्य है. तलवार, चाकू आदि लोहे के कार्य कथन-मात्र होने से मिथ्या हैं और जैसे सुवर्ण सत्य है, सुवर्ण के कटक-कुण्डल आदि कहने-मात्र होने से मिथ्या हैं। इसी प्रकार यह सत्-रूप आत्मा सत्य है और इस का कार्य नाम-रूप जगत् कथन-मात्र होने से मिथ्या है।

सब सुख चाहते हैं, दुःख कोई नहीं चाहता। विद्वान् सुख के लिये इन्द्रियसंयमादि करते हैं। सुख को जानना चाहिये। सुख क्या है? जो भूमा यानी महान् है, वह सुख है। अल्प में सुख नहीं है,। भूमा ही सुख है। भूमा को जानना चाहिये। भूमा क्या है? जहां दूसरे को नहीं देखता, दूसरे को नहीं सुनता, दूसरे को नहीं जानता, वह भूमा है। जहां दूसरे को देखता है, दूसरे को सुनता है, दूसरे को जानता है, वह अल्प है। जो भूमा है वह अमृत है और जो अल्प है वह मर्त्य वा मृत्यु-ग्रस्त है। जो इस भूमा को जानता है, वह स्वराट् होता है और सब लोकों में उस का काम-चार होता है।

१० बृहदारण्यकोपनिषत् का सार ।

इस अक्षर परमेश्वर की आज्ञा में सूर्य और चन्द्रमा वर्तते हैं। इस अक्षर की आज्ञा में स्वर्ग और पृथवी ठहरे हुए हैं। इस की आज्ञा में निमेष, मुहूर्त, दिन, रात, पक्ष मास, ऋतु और संवत्सर हैं। इस अक्षर की आज्ञा से गङ्गा-यमुनादि नदियां हिमालय पर्वत

से निकल कर पूर्व दिशा को बहती हैं। इस अक्षर की आज्ञा से दानी की मनुष्य प्रशंसा करते हैं। देवता अन्य प्रकार से जीने में समर्थ हैं तो भी यजमान के दिये हुए पुरोडाशादि को प्रसन्नता से ग्रहण करते हैं और अर्यमादि पितर श्राद्ध में दिये हुए पदार्थों को लेते हैं। जो इस अक्षर को जान कर हवन करता है, यजन करता है और तप करता है, वह अनन्त फल पाता है। जो इस अक्षर को न जान कर इस लोक से मर कर जाता है, वह कृपण है और जो इस को जान कर इस लोक से मर कर जाता है वह ब्राह्मण है। यह अक्षर अदृष्ट होकर द्रष्टा है, अश्रुत होकर श्रोता है, अमत होकर मन्ता है, अविज्ञात हो कर भी विज्ञाता है, इस के सिवा अन्य द्रष्टा, श्रोता, मन्ता, विज्ञाता नहीं है। इस से समस्त ब्रह्माण्ड ओत-प्रोत है, रज्जु में भुजङ्गादि के समान आरोपित है। यह सच्चिदानन्द-स्वरूप परमेश्वर जानने और देखने योग्य है। श्रवण-मनन-निदिध्यासन रूप आराधना से ईश्वर जानने और देखने में आता है। इति शम्।

इति दशोपनिषत्सार-भाषानुवाद।

भागवचोत्तरपद-गोविन्देन सुधीमता।
दशोपनिषदां सारो रचितः स्यात् सतां मुदे॥

गोविन्द-भवन
जोधपुर।
ता० २४-११ ३८

गोविन्द

* ॐ *

मनुष्यजन्मनः सार्थक्यम् ।

अयि पाठकाः,

लोके मनुष्यजन्म दुर्लभम् । पूर्वजन्मविहितशुभकृत्यानामेवैष परिपाकः । पूर्वजन्मजनितं कर्मैवात्र कारणं वर्तते । तत्राप्यस्मिन् जम्बूद्वीपवर्तिनि दृश्यमाने लोके (भारतवर्षे) जन्म विशिष्यते, यथा–विष्णुपुराणे—

अत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बूद्वीपे महामुने ! ।
यतो हि कर्मभूरेषा ततोऽन्या भोगभूमयः ॥
कदाचिल्लभते जन्तुः मानुष्यं पुण्य-सञ्चयात् ।

गायन्ति देवाः किल गीतकानि धन्यास्तु ते भारतभूमिभागाः ।
इत्यादयः ।

केचित्तु विषयासक्तमनसः, धनजनमदावलिप्ताः, गार्हस्थ्य-भारवाहकाश्च सन्तः, अतो प्राक्सञ्चितपुण्यकर्मणि ऐहिक-जीवन-लीलां समाप्य यथागता निवर्तन्ते ॥ अन्ये च भगवद्भक्तिपरायणाः, निष्ठाः, निष्कामं कर्म कुर्वन्तोऽभीप्सितं पन्थानं परिष्कृत्येष्टं साधयन्ति । तत्र भगवद्वाक्यम्—

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥

ब्रह्मणि परमेश्वरे आधाय समर्प्य सङ्गं फलाभिलाषं त्यक्त्वा ईश्वरार्थं भृत्य इव स्वाम्यर्थं स्वफलनिरपेक्षया करोमीत्यभिप्रायेण कर्माणि लौकिकानि वैदिकानि ह करोति यः लिप्यते न स पापेन पापपुण्यात्मकेन कर्मणेति यावत् । यथा पद्मपत्रमपरि प्रक्षिप्तेनाम्भसा

न लिप्यते तद्वत् भगवदर्पणबुद्ध्यानुष्ठितं कर्म बुद्धि-शुद्धि-फलमेव स्यात्।

अन्यच्च—

> अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
> तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

निष्कामाः सम्यग्दर्शिनस्तु अन्यो भेददृष्टिविषयो न विद्यते येषां ते अनन्याः सर्वाद्वैतदर्शिनः सर्वभोगनिस्पृहाः अहमेव भगवान् वासुदेवः सर्वात्मा न मद्व्यतिरिक्तं किञ्चिदस्तीति ज्ञात्वा तमेव प्रत्यञ्चं सदा चिन्तयन्तो मां नारायणमात्मत्वेन ये जनाः साधनचतुष्टयसम्पन्नाः संन्यासिनः परि सर्वतोऽनवच्छिन्नतया पश्यन्ति ते मदनन्यतया कृतकृत्या एवेति शेषः, अद्वैतदर्शननिष्ठानामत्यन्तनिष्कामानां तेषां स्वयममयतमानानां कथं योगक्षेमौ स्यातामित्यत आह तेषां नित्याभियुक्तानां नित्यमनवरतमादरेण ध्याने व्यापृतानां देहयात्रामात्रार्थमप्यप्रयतमानानां योगं अलब्धस्य लाभं, क्षेमं च लब्धस्य च परिरक्षणं, च शरीर स्थित्यर्थं योगक्षेममकामयमानानामपि वहामि प्रापयाम्यहमिति।

सत्यनिष्ठाः, धर्मोपजीवन, कर्तव्यपरायणाः, परोपकारमेव जीवनोद्देश्यं मन्यमानाः कैवल्यमपि नैव काङ्क्षन्ति। तेषु केचिद् देश-सेवां धर्म-सेवां, समाज-सेवां, साहित्य-सेवाञ्च विदधानाः कालं यापयन्ति, ते तु जीवन्मुक्ता एव। "परोपकाराय सतां विभूतयः" इति कवि-वचनं चरितार्थं कुर्वन्ति। एतदेव मनुष्य जन्मनः सार्थक्यम्।

प० मनसाराम शर्मा शास्त्री,
संस्कृताध्यापक श्री उम्मेद स्कूल, जोधपुर

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

हिन्दी-गद्य ।

प्रार्थना ।

जगदीश ! विभो ! जगपाल ! प्रभो !, विनती जनकी मनमें धरिये ।
शरणागत की प्रतिपाल करो, सब ताप हरो करुणा करिये ॥ १ ॥
तुम ही जग की रचना करते, तुम ही जग के प्रतिपालक हो ।
तुमही जग के लय को करते, तुम ही जग के अघ को हरिये ॥२॥
तुम नाथ सदा सब दीनन के, दुख दूर करो सुख को भरिये ।
अति दुर्गुण से भरपूर सभी, करुणाकर ! नाथ ! कृपा करिये ॥ ३ ॥
तुम चेतन के चित-रूप तुम्हीं, तुम प्राणन के परिचालक हो ।
तुम इन्द्रिय-मानस-प्रेरक हो, तुम ही जन की भव-भी हरिये ॥ ४ ॥
जब गर्भ पड़े यह जीव हरे !, तब दूध करो जननी-थन में ।
अब बाहिर जीव रहें जग में, उनकी प्रतिपाल न क्यों करिये ? ॥५॥
जगदेव ! दयाघन ! अर्ज करूं, अज ! 'गोविंद' की विनती सुनिये ।
कर जोड पडूं पद पङ्कज पै, शरणागतरक्षक ! उद्धरिये ॥ ६ ॥

प्रार्थना ।

हे हरे ! हर पाप तन के, वचन के मन कर्म के ।
शुद्ध अन्तःकरण करके, ज्ञान निर्मल दीजिये ॥ १ ॥
ज्ञान से हो प्रेम हरि में, प्रेम से हरि-भजन हो ।
भजन से हो भक्ति हरि में, शरण निज में लीजिये ॥ २ ॥
जो रटें शुचि नाम हरि का, ध्यान में भरपूर हो ।
दूर कर सारे अघों को, मुक्ति उनको दीजिये ॥ ३ ॥
नाम अघहर है तुम्हारा, निगम आगम उच्चरें ।
'आप से भी नाम बढ कर', उक्ति सार्थक कीजिये ॥ ४ ॥
दूर कर पापाचरण को, प्रेम मन उपजाइये ।
मुक्ति चाहे नहीं 'गोविंद', भक्ति मुझ को दीजिये ॥ ५ ॥

प्रार्थना ।

भगवन् ! यह नम्र विनती, कर जोड़ के सुनाता ।
जग में नहीं हमारा, भ्राता जनक न माता ॥ १ ॥
सब स्वार्थ के सगे हैं, स्त्री पुत्र मित्र सारे ।
कोई नहीं हमारा, परलोक में सु-त्राता ॥ २ ॥
अघ-पुञ्ज से भरा हूं, नित पाप ही बढ़ाता ।
अब शीघ्र दो सहारा, हरि-भक्ति का कमाता ॥ ३ ॥
करुणी न अब ! निहारो, अपना विरुद विचारो ।
इस दास को उबारो, लख जन्म-जनक नाता ॥ ४ ॥
अच्छा बुरा हूं जैसा, नहिं आप से छिपा हूं ।
पद कञ्ज में पड़ा हूं, सुध लेहु शरण-दाता ॥ ५ ॥
तेरे बिना हमारी, कोई नहीं है सुनता ।
किस से कहूं हे भगवन् !, सब विश्व के विधाता ॥ ६ ॥
जग में कुपूत होते, पर नहीं कु-तात देखा ।
बन चरण-शरण तेरा, "गोविंद" नाम गाता ॥ ७ ॥

आरती ।

जय गोविन्द ! हरे !, प्रभु ! जय गोविन्द ! हरे ! ॥ टेर ॥
अलख अगोचर अक्षर, अच्युत अघहारी ।
अनघ अनन्त अनुत्तम, अज अणु अविकारी ॥ १ ॥ जय०
ब्रह्मा विष्णु महेश्वर, तीन रूप धारी ।
कर्ता भर्ता हर्ता, प्रभु सब संहारी ॥ २ ॥ जय०
सत चित आनँद रूपी, निखिल विश्वत्राता ।
निर्गुण सगुण अनामय, करुणामय धाता ॥ ३ ॥ जय०
सब अकर्ता कर्ता, साक्षी गुणधारी ।
सत्य सनातन सर्वग, अकल कलाधारी ॥ ४ ॥ जय०

राम कृष्ण नरहरि नर, नारायण स्वामी ।
मूर्त अमूर्त निरञ्जन, जग अन्तरयामी ॥ ५ ॥ जय०
गो-गोपी-जन-वल्लभ, व्रज-जन-सुख-दानी ।
नन्द-यशोदा-मन-हर, प्रिय राधा रानी ॥ ६ ॥ जय०
हम सब दीन हीन जन, विनय श्रवण कीजे ।
'गोविंद' मांगे वर यह, चरण-शरण दीजे ॥ ७ ॥ जय०

आरती ।

जय जगदीश ! हरे !, प्रभु, जय जगदीश ! हरे !
मायातीत महेश्वर , मन-वच-बुद्धि परे ॥ जय जगदीश हरे ॥ टेर ॥
आदि अनादि अगोचर, अविचल अविनाशी ।
अतुल अनन्त अनामय, अमित-शक्ति-राशी ॥ जय० ॥ १ ॥
अमल अकल अज अक्षर, अव्यय अविकारी ।
सत-चित-सुखमय सुन्दर, शिव सत्ताधारी ॥ जय० ॥ २ ॥
विधि हरि शङ्कर गणपति, सूर्य शक्ति रूपा ।
विश्व चराचर तुम ही, तुम ही विश्वभूपा ॥ जय० ॥ ३ ॥
माता पिता पितामह, स्वामी सुहृद् भर्ता ।
विश्वोत्पादक पालक, रक्षक संहर्ता ॥ जय० ॥ ४ ॥
साक्षी शरण सखा प्रिय, प्रियतम पूर्ण प्रभो ! ।
केवल काल कला-निधि कालातीत विभो ॥ जय० ॥ ५ ॥
राम कृष्ण करुणामय, प्रेमामृत-सागर ।
मनमोहन मुरलीधर, नित-नव नट-नागर ॥ जय० ॥ ६ ॥
सब-विध-हीन मलिन-मति, हम अति पातकि-जन ।
प्रभु-पद-विमुख अभागी, कलि-कलुषित तन मन ॥ जय० ॥ ७ ॥
'गोविंद' पतित-उधारण, पावन सर्वहि करो ।
अपना विरुद विचारो, आवागमन्न हरो ॥ जय० ॥ ८ ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

कृष्ण–राम–अवतार–समता ।

कृष्णचन्द व्रजचन्द को गोपीवल्लभ श्याम ।
लीला–पुरुषोत्तम परम, 'गोविंद' करे प्रणाम ॥ १ ॥
लक्ष्मण दक्षिण में लसे, सोहे जानकी वाम ।
सन्मुख ठाड़े मारुती 'गोविंद' वन्दे राम ॥ २ ॥
कृष्ण पछारे कंस को, राम हने दशशीश ।
लिए उधार जननी–जनक सीय कोसलाधीश ॥ ३ ॥
कृष्ण उधारे नृग नृपति, राम अहल्या नार ।
दोनों दीनदयाल को, प्रनमों बार हजार ॥ ४ ॥
इन्द्र–धनुष को कृष्ण ने, महादेव–धनु राम ।
तोड़े दोनों देवने, देव–धनुष घनश्याम ॥ ५ ॥
कृष्ण वरी श्रीरुक्मिणी, सीय स्वयम्वर राम ।
दोनों लक्ष्मीरूप थीं, त्रिभुवन में अभिराम ॥ ६ ॥
कृष्ण ग्वाल गोलोक में, प्रजा राम साकेत ।
लाये जन निज लोक में, दोनों कृपानिकेत ॥ ७ ॥
मित्र सुदामा कृष्ण का, राम मित्र सुग्रीव ।
किये निहाल सुरेश ने द धन जन सुख सीव ॥ ८ ॥
गुरु सांदीपनि कृष्ण के कौशिक[१] गुरु रघुनाथ ।
मरा पुत्र लाकर दिया, रक्ष हने जा साथ ॥ ९ ॥
रौहिणेय[२] थे कृष्ण के, लक्ष्मण के श्रीराम ।
शेष देव प्रगटे तभी, भ्राता रूप ललाम ॥ १० ॥
कृष्ण राम[२] प्रद्युम्न पुनि सह अनिरुद्ध विचार ।
राम–लखन–भरतारिहन[३] चतुर्व्यूह अवतार ॥ ११ ॥

---

१ विश्वामित्र २ बलदेवजी ३ शत्रुघ्न ।

कृष्ण ज्ञान अर्जुन दिया, भगवद्गीता जान।
राम-ज्ञान लक्ष्मण सुना, रामगीत पहचान ॥ १२ ॥
गोवर्धन तीरथ रचा, धारण कर नॅदलाल।
रामेश्वर की स्थापना, करी राम नरपाल ॥ १३ ॥
जनकराज श्रुतदेव से, मिले कृष्ण बलराम।
भरद्वाज अरु घटज[1] के, दर्श किये श्रीराम ॥ १४ ॥
कृष्ण पछाड़ी पूतना, हनी ताडका राम।
दुष्टा स्त्री को दण्ड दे, दिया अधम निज धाम ॥ १५ ॥
कृष्ण तजी मथुरा पुरी, राम अयोध्या जान।
गये द्वारका लङ्क को, निज मर्यादा मान ॥ १६ ॥
यमुनानिग्रह कृष्ण कर, सागर-निग्रह राम।
यमुना को निर्विष करी, सिन्धु सुखा किय नाम ॥ १७ ॥
गिरिधारी गिरि धार कर, सिन्धु-सेतु कर राम।
कृष्ण राम अवतार ले, किया अलौकिक काम ॥ १८ ॥
कृष्ण हरै मद इन्द्र का परशुराम-मद राम।
किया गर्व-गञ्जन स्वभू, तीन लोक सुख धाम ॥ १९ ॥
उग्रसेन सहदेव[2] को, राज्य दिये श्रीकृष्ण।
दे सुग्रीव विभीषणहिं, राघव किये वितृष्ण ॥ २० ॥
सहा विरह श्रीकृष्ण ने, गोपीजन अभिराम।
तृष्णा कनक-कुरङ्ग[3] कर, जनक-नन्दिनी राम ॥ २१ ॥
कृष्ण तजे वसुदेव को, मात देवकी साथ।
कौशल्या दशरथ तजे, रघुपति कोशलनाथ ॥ २२ ॥
किया प्रेम श्रीकृष्ण ने, ग्वाल-बाल के साथ।
करी मित्रता रामने, केवट का गह हाथ ॥ २३ ॥

---

१ अगस्त्य २ जरासन्ध का पुत्र ३ सुवर्ण मृग।

कृष्ण दही काशी-पुरी, लङ्का रावन आन ।
कर विनाश निज शत्रु का, राखी पत भगवान ॥ २४ ॥
उद्धव थे श्रीकृष्ण के, रघुपति के हनुमान ।
अनुचर आज्ञा-शिर-धरन, बुद्धिमान बलवान ॥ २५ ॥
कृष्ण-राम-समता लिये, रचा पचीसी-छन्द ।
कृष्ण-राम अर्पण किया, भक्ति सहित 'गोविन्द' ॥ २६ ॥

पण्डितजी का हिन्दी अनुराग ।

(१)

हिन्दी में जब रामकर्ण-मुख की जो लेखनी है चली,
श्रीमद्-भागवतानुवाद करते भी सो न किञ्चित् खली ।
श्रीभीष्मस्तुति में व पद-नुति में कैसा समुत्कर्ष है,
हिन्दी के अनुवाद की सरलता का एक आदर्श है ॥

(२)

टीकायें अब तो अनेक तुलसी-रामायण-ग्रन्थ की—
पाते हैं, पर आपकी प्रथम थी दिग्-दर्शिनी पन्थ की ॥
श्रीमन् ! काव्यप्रकाश को स्फुट किया द्वारा स्वभावार्थ के,
मानो सूर्यप्रकाश में कर दिये आलोक गूढार्थ के ॥

(३)

* हे रामकर्णक ! द्विरफक ! मारवाड़ी—
जूही-कली प्रथमत' सुमन उघारी ।

---

* 'रामकर्ण' नाम से दो रेफ होने के कारण प्रस्तुत में द्विरेफ (भ्रमर) का आरोप निष्णात हुए स्वाभाविक प्रथम तीनों भाषाओं के अनुराग का क्रमशः प्रकट कर तीसरी हिन्दी भाषा के अनुराग का वर्णन सूक्ति में वर्णन किया गया है । जूही, चिरंतु और मालती समयानुसार भ्रम किया करता है । लेखक ।

पा बीच संस्कृत-प्रियंगु-लता सम्हालो,
हिन्दी-वसन्ततिलका पर प्रीति पालो ॥

पण्डित नित्यानन्द शर्मा शास्त्री
आशुकवि-कविराज, जोधपुर ।

हठी-हमीर ।

दोहा-

श्री करणी[1] अरु सरसती, दो युक्ती वरदान ।
करूँ राव हम्मीर का, विधि युत युद्ध वखान ॥ १ ॥
हुआ भूप हिन्दवान में. वीर धीर चहुँवान ।
कीरति सची की कथा, जाहिर हुई जहान ॥ २ ॥
महावीर हम्मीर जब, राजे रणथम्भोर[2] ।
शंके चहुँ दिशि शत्रुगन जालिम ह्वै कमजोर ॥ ३ ॥
ता दिन दिल्ली तख्त पै, दिपे अलाउद्दीन ।
करी यवन तिंह काल में, दुनिया को वेदीन ॥ ४ ॥
वली भूप हिन्दवान के, मान गये हिय हार ।
वीर हम्मीर विरुद्ध ह्वै, तमकि गही तलवार ॥ ५ ॥

कवित्त-

वादशाह जालिम अलाउद्दीन खिलजी था,
वजा दिया जुलमों का डङ्का एक आन में ।
मारे गये कितने ही वेगुनाह विचारे नर,
हिन्दुन की चोटी काटी गई हिन्दुवान में ॥

१-वीकानेर राज्य के देशनोक ग्राम में प्रसिद्ध देवी ।

देश-धर्म का न कहीं दिखता सहारा था न,
            धक्का लगा बड़े बड़े सूरन की ध्यान में।
' जोगीदान ' आरयों का गया था समस्त जोश
            जहां देखो तहां हाहाकार था जहान में ॥ ६ ॥
यवन अनी की सुनि धाक भूप भारत के
            आगत है देश छोड़ी दूर भाग जाते थे।
जहां तहां उपद्रवी देत थे महान दुःख,
            दीन दुखी हिन्दुओं का माल लूट खाते थे॥
पवे पत्रदल क ज्यों प्रजा-दल कांपते थे,
            मुण्डमुण्ड मुसल्ले हलचल मचाते थे।
धर्म छांडि बोलों वनजात ना विधर्मी बोलों,
            आततायी तुरकों से प्राण नहीं पाते थे ॥ ७ ॥
एक बार बादशाह सख के शिकार गया,
            साथ में ही हरम अमीर लोग सारे थे।
खेलता था मृगया मृगेन्द्र ज्यों अरण्य मांहि,
            आयुध समस्त निज अङ्ग पै सम्हारे थे ॥
कई मीर तीर तकि मारत अहेरी पर,
            कोई शमशेर शेर शीश पै उभारे थे।
मानों पशु आदि नर जाति के प्रगट यहां,
            बने ठौर ठौर मल्ल-युद्ध क अखारे थे ॥ ८ ॥
बादशाह साथ में ही बेगम मँगोलिया[१] थी,
            ताहि रूप आग अप्सराएँ शरमाती थी।
ऐसी सुन्दरी क पांव परी परी रहती थी,
            रती बिना रती होय हाजिर रहाती थी॥
मृगया निराली खेल्ती थी मृगलोचनी वो,

१-मंगोलिया देश के नाम से प्रसिद्ध मंगोलिया बेगम।

एक वार ही में दो शिकार मार जाती थी।
जन्तु लोट पोट होत आयुध की चोट उतै,
इतै नैन वान तैं सुजान वेध जाती थी ॥ ९ ॥

हुआ एक शाह[१] था शिकार वीवी साहिवा का,
होके वेकरार लगा नारि को निरखने।
चक्षु द्वै चकोर लगे चन्द्रमुखी ओर तव,
वांधि एक टोर तुले प्रेम को परखने ॥
निज नारि मान हारिणी को लखि रति-नाह,
मारे पुष्प-वान अङ्ग लगिगे फरक ने।
मार की अपार मार धीरज विसारि हारि,
सुकुमारि नारि लगी छतियां धरकने ॥ १० ॥

यार से मिलन काज नारि वो तयार हुई,
लाज को विडारी तुली जार कर्म करने।
तजि के सहेली है अकेली चली जङ्गल में.
केलि करने की चाह चित्त लगी धरने ॥
इतने में आशिक अचानक ही पास आय,
मन्द मुसकाय काम पीर लगा हरने ॥
मानों सुलतान की सकेली हुई सम्पत्ति को,
पाय अनायास मीर थैली लगा भरने ॥ ११ ॥

विश्व में विख्यात यह होनहार होके रहै,
रोके नहीं रुकै काहू दैत्य देव नर के।
आगया संयोगवश वहां पै सिपाही एक,
देख हुआ दुखित अचम्भा खूब करके ॥

१—इतिहासों में इसका नाम महम शाह लिखा है। कहीं कहीं मीर मंगोल भी लिखा है।

पीछे लौट पड़ा यो अन्याय लखि दबे पांव,
　　बोल ना बचन घूँट पीके ज्यों जहर के।
मैहम की दीठ ज्यों ही पड़ी सन्तरी की पीठ
　　बीबी छिटकाय कर शाह भगा डरके ॥ १२ ॥
यहां सन्तरी ने आय लाय यो लगाय दई,
　　सुनि सुलतान लगा क्रुद्ध हो फड़कने।
मानों ज्वाल झड़ने लगी थी लाल आंखिन में,
　　त्योरियां चढ़ी थी होठ लगे थे फड़कने ॥
सेनापतियों के एक साथ गये तोते उड़
　　मूँक भये सारे लगी छतियां धड़कने।
बोला यमराज की ज्यों कड़क आलाम मीर,
　　कहां वह मैहम है ? मारूँ ! लगा बकने ॥१३॥
यहां शाह साहब के होश सब हवा हुए
　　रहा ना ठिकाने चित्त लाले पड़े प्राण के।
कहां जावे, कहा करै, मन में विचार आवे
　　कैसे क्या बचावें जान हुए टके ध्यान के ॥
आखीर में आगया विचार एक चित्त मांहि,
　　रहना न यहां भला भागा यह मान के।
पक्का प्रणधारी है हमीर भूप भारत में,
　　शरण गहे की लाज राखे दीन जान के ॥ १४ ॥
खूँखार शेर की ज्यों बादशाह बोलता था,
　　ताहि सुनि बेगम के गम का न पार था।
दुरम जहाज पड़ी शोक पारावार बीच,
　　केवट भी छोड़ि भगा कोई न आधार था ॥
" सत बार है धिक्कार ऐसे नीच कार पर,
　　बार बार बीबी को यह आता विचार था।

जो पै आज खुदा जान बचाये तो लाख पाये,
खतर्नाक खांविद का खोफ़ वेशुमार था ॥ १५ ॥
वेगम को देखते ही बादशाह पूछता है
बता मुझे इसी वक्त जो भी कुछ बात थी ।
सुनते ही सननाटा छा गया शरीर मांहि,
आंखों पं अन्धेरी छाई मानो काल-रात थी ॥
कांपती जबान से बयान किया हे हजूर,
पुरनूर ! इस में तो मेरी ना बसात थी ।
मारो भल छोड़ो यह चेरी तव चाकर है,
दासी पर ' मैहम ' की अनुचित घात थी ॥१६॥
ध्यान देय बीबी का बयान सुनि पातशाह,
धुनि निज शीश कहा तू तो वेकसूर है ।
साफ़ साफ़ कहने पर माफ़ किया आज तुझे,
जानता हूँ मैं भी पाक साफ़ तू जरूर है ॥
सुभट सिपाही सुनो जुल्म और ज्यादती से,
मैहम ने बदी कर दई भरपूर है ।
होवे जिस हालत में इसी वक्त हाजिर हो,
देखें वह जाता अब कितनीक दूर है ॥ १७ ॥

दोहा-

सोचा मैहम शाह ने, आश्रय है नाहिं और ।
चुपके चुपके चोर ज्यों, भागा रणथम्भोर ॥ १८ ॥

कवित्त-

बार बार द्वार पर दीन ह्वै पुकार करी,
शरण गही है मै हमीर हमगीर की ।
मैं तो हूँ अनाथ अरु आप हैं अनाथ-नाथ,
दीजै मम साथ कही कथा तकसीर की ॥

आप के बगैर मुझे अन्य है सहारा नहीं,
हारा हिय हेरि यह बात है अखीर की।
गरीबनवाज महाराज सिरताज आज,
लाज आपको है अब मेरे या शरीर की ॥ १९ ॥
शाह की पुकार सुनि धीर वो हमीर भूप,
बोला धरि धीर अरे कायर क्यों काँपता।
ध्यान रहे तुझे मेरे वचन प्रमाण यह
आवेगा अरूर दुख जीवन का जावता॥
मेरे इस दुर्ग में घुसे के बाद याद रहे,
हिम्मत है किसकी जो पावे फिर भी पता।
जो पै चढ़ि आवेगा अलाउद्दीन बादशाह,
पावेगा न तुझे खाप जावेगा वह खता॥ २० ॥
मुलजिम मैहम को करते सिपाही खोज,
जाय लिपा शाह है हमीर की शरण में।
याद रहे वीर चहुँवान आगे कोई शत्रु,
विजय न प्राप्त कर सके कुशि रण में॥
कह रहे बार बार भारत में वीर लोग,
पर्शुराम से भी बढ़ गया ये तो प्रण में।
शाह का यहाँ से यारो! असम्भव हाथ
पारथ भी मात यहाँ प्रतिज्ञा-करण में ॥ २१ ॥

छप्पय

कठिन समझ कर काम, जीतना नृप हमीर से।
लौट गये वह सुभट, होय मन में अधीर से॥
बादशाह से आप, कही सब सत्य कहानी।
सुन कर यह सुल्तान पत्र लिखने की ठानी॥
दे पत्र कहा निज दूत से, कहना-यह नरनाह को।

भेज दो बहुत जल्दी यहां, मुजरिम मैहम शाह को ॥२२॥
दौरि गया वह दूत, पत्र ले रणत-भँवर को।
दुर्ग-द्वार पर पहुँचि, इत्तला दी अन्दर को॥
यह सुनि राउ हमीर, बुलाया दूत पास में।
कहा उसे, कह खबर, खोल कर आम-खास में॥
पढ़ दिया खुलासा पत्र का, चर कहता समाचार को।
म्हाराज भेजिये साथ मम, जल्दी मैहम जार को ॥२३॥
सुनिये दूत सुजान, ध्यान दे मेरी बातें।
मिलै न मैहम शाह, घालिये कितनी घातें॥
जो आया मम शरण, जान करके प्रणधारी।
क्यों कर भेजों उसे, अलाउद्दीन अगारी॥
समझाय कहो सुलतान से, प्रण है यही हमीर का।
जो शरणागत हित जाय तो, सोच न तनिक शरीर का ॥२४॥
ज्यों ही सुना जवाव, भूप हम्मीर सुभट का।
एक मिनिट भी और, दूत तिंह ठौर न अटका॥
किया कूँच तत्काल, दाल गलती नहिं देखी।
दिल्ली पहुँचा दौरि, मिली मिट्टी में शेखी॥
करके सलाम बादशाह को, समाचार चर ने कहा।
उस समय अलाउद्दीन का, चित्त ठिकाने नहिं रहा ॥२५॥
करके अति ही क्रोध, क्रूर दिल्लीपति कड़का।
कितनी सी है रात, और कितना सा तड़का॥
जो चाहूँ तो उसे, कैद कर यहां बुलाऊँ
अथवा रणथम्भोर, तोरि रज मांहि मिलाऊँ॥
कहि बात बड़ी लघु वदन से, करता व्यर्थ गरूर है।
मम अग्र राउ हम्मीर का, कहिये क्या मकदूर है॥ २६ ॥
एक दफा फिर उसे, दूत जाकर समझा दो।

मरता क्यों बिन मौत, शाह[1] दिल्ली मिजवादो ॥
क्रोध अग्नि में कूदि, जलें क्यों हिन्दू राजा ।
क्यों जलता उस तरह शरण दिल्ली की आजा ॥
जो देख हमारा दब दबा, हिन्दू हुए अधीन हैं ।
तो ताकत क्या हम्मीर की, नाम अलाउद्दीन है ॥ २७॥
गया दुबारा दूत हुकम ले नृप हमीर पै,
कही जबानी कथा, अखिल-हिन्दुवान-मीर पै ॥
सुनि कासिद[2] की बात, बयन नरनाह उचारे ।
बकता है पतशाह, वृथा ही बिना विचारे ॥
जो एक बार तो काल भी, आवै तो उससे लड़ें ।
मरजायें भले ही युद्ध में, (पर) पांव नहीं पीछे पड़ें ॥२८॥
सबे क्षत्री सुभट, आन पर मरते आये ।
हम भी तो हैं उसी, वीर जाती के जाये ॥
प्राण भले ही जायं, बयन नहिं जाने देंगे ।
शत्रुन से दिल खोल युद्ध में लोहा लेंगे ॥
जा कहो अलाउद्दीन से, लड़ने को तय्यार हैं ।
हे दूत ! राठ हम्मीर की, यह अन्तिम ललकार है ॥२९॥
ऐसा उत्तर पाय, घर हुआ रफूचक्कर ।
किया कूँच पर कूँच, ध्यान दिल्ली दिशि धर कर ॥
आय करी सब अरज, बात जो कुछ थी बरती ।
कही मना कर कथा, अलाउद्दीन अलखती ॥
चहुँवान हमीर हजूर से, लड़ने को तय्यार है ।
उस मुगरिम मैहम शाह को, देने से इनकार है ॥ ३० ॥
सुनी दूत के साथ, बात यह बादशाह ने ।
लोचन करके लाल, कहा तब शहनशाह ने ॥

१-मैहम शाह २ पत्र पहुंचाने वाला दूत ।

करो फौज का कूँच, एक दम नृप चौहान पै ।
देखें क्यों कर मरै, राउ हम्मीर आन पै ॥
भिड वादशाह से विजय का, उसको खाम खयाल है।
है क्या मजाल हम्मीर की, कर में जव करवाल है ॥३१॥

छन्द पद्धरी (पज्झटिका)

सेनापति सुनके हुकम शाह । निज चमू ओर फेरी निगाह ॥
करि वादशाह से झट सलाम । चल पड़े तयारी हित तमाम ॥३२॥
वुलवाकर अपने सुभट पास । दे दिया हुकम फिर आम खास ।
सुनि दौड चले म्हावत मदान्ध । आजानुवाहु अरु अन्ध-कन्ध ॥३३
खोले डगवेडिग से मतङ्ग । ढँग पील देख हुई वुद्धि तङ्ग ।
उत्तङ्ग देह परसत अकाश । मनु वैठे वादल भूमि पास ॥ ३४ ॥
फुफकारत सुंडन से फुहार । वारिद मनु फैंकत वारि-धार ॥
उत्तङ्ग काम आवत मतङ्ग । मनु चले नील गिरि भरि उमङ्ग ॥३५॥
गण्डस्थल ऊपर भ्रमत भौंर । मद धार चुवत है दुहुन ओर ।
मनु असित कमल मधु लेन काज । भौंरे मँडराते कर अवाज ॥३६॥
सब जेवर सजि प्रत्येक अङ्ग । म्हावत तयार कीने मतङ्ग
साईस चले करने तयार । तीखे अत्यन्त चञ्चल तुखार ॥ ३७ ॥
खूँदत जमीन खोलत तुरङ्ग । केई कुमैत केई सुरङ्ग ।
सुन्दर सुडोल आकृति उदार । जिन पीठ चढ़ै जंगी जुझार ॥३८॥
घमसान हेत घोटक सजंत । तिन देख देख कायर कपंत ॥
रथ आदि अनेकन यान साजि। मगरूर यवन चल पड़े गाजि॥३९॥
योद्धा अनेक होकर सवार । ले नाम मुहम्मद वार वार ॥
हथियार अङ्ग पै धरि अनेक । रिपुगन हनने की करें टेक ॥४०॥
तय्यार देख निज सेन शाह[१] । कर दिया कूँच उर धरि उछाह ।

१—वादशाह ।

मानहु समुद्र निज छोरि पाज। चल पड़ा बौरिबे भूमि काज॥४१॥

दोहा—

शाह[1] अलाउदीन ने रटके रन्न रहीम।
करी तयारी कटक की, गेमन हेतु गनीम॥ ४२॥
फौज सहित पातशाह ने, घेरा रणथम्भोर।
होन लगा दुहुँ ओर से, घमासान रन घोर॥ ४३॥

छन्द मोतीदाम

हुआ दुहुँ ओर से घम्मसान। गये चढ़ि गिद्ध कई असमान॥
लगावत मीर कई तकि तीर। परैं कटि शीश लरैं रनधीर॥४४॥
लगी घुड़दौड़न पै घुड़दौड़। न मावत मज्जन मांहि मरोड़॥
लिये भट हाथन में शमसेर। फिड़ावत[2] शत्रुन को चहुँ फेर॥४५॥
भिड़ैं दुहुँ ओरन तें भट भागि। लरैं कसि कम्मर अम्मर लागि॥
मनों घन पावस के घहराय। लगावत टक्कर सम्मुख आय॥४६॥
विराजत शत्रुन पै तलवार। करैं भट क्षत्रिय वार अपार॥
गिरैं कटि शेखन के रण मुण्ड। परै जनु खेत मतीरन झुण्ड॥४७॥
चली करते कई सेलन धार। हुवी तत्काल शरीरन पार॥
बहैं दुहुँ ओरन शोणित धार। मनों भई कुंकुम-कुम्मन तार॥४८॥
हके रजपूत अनेक शुमार। दई रण मीरन मार अपार॥
भगे बहु कायर प्राण बचाय। मिली जय क्षत्रिन को मुसकाय॥४९॥

दोहा—

कई मीर घायल हुए, युद्ध मांहि तिह काल।
कटगए अखिल निज कटक को, हुए यवन बेहाल॥ ५०॥
क्षत्रिय भट शत्रुन कटक, काटि गये गढ मांहि।
भूपति सुनि निज विजय को, मन मन उमगाहि॥५१॥

१—बादशाह २—हौंस पेच से तंग करना।

हार अलाउद्दीन के, सालत हिये हमेश।
सोचै मन में हर समय, काटी नाक नरेश॥ ५२॥
लज्जित हो पतशाह ने, दिल्ली भेजा दूत।
कहा उसे कहना वहां, भेजो अनी अकूंत॥ ५३॥
सेनापति सुनि दूत से, शोक जनक समचार।
चुनि चुनि शेख पठान की, भेजी फौज अपार॥५४॥
ले अतुलित दल लार में, द्वितिय वार पतशाह।
हुआ तयार हमीर पैं, पकड़न मैहम शाह॥ ५५॥
घेरा रणथम्भोर को, फौज यवन चहुँ फेर॥
सुरपति मानहुँ सज चला, व्रज बोरन की बेर॥५६॥
तीन वर्ष लौं तँह रहा, महा घोर घमसान।
सुर-नारिन के तिंह समय, घर होगये विमान॥५७॥
किये उपाय अनेक ही, तोड़न दुर्ग-दिवाल।
पै हमीर दृढ दुर्ग पैं, गली न बिलकुल दाल॥५८॥
आखिर में पतशाह ने, चली घृणित बद चाल।
फोड़ा नृप का कोप-पति, देय घूंस का माल॥ ५९॥
लालच में आकर निलज, भण्डारी बद जात।
भोजन वस्तु छुपाय कर, किया स्वामि पै घात॥६०॥
मालम हुआ हमीर को, क्रूर-भण्डारी-काम।
किया कृतघ्नी कुटिल का, तिंह छिन काम तमाम॥६१॥
असन वस्तु की लखि कमी, मन में किया विचार।
द्वार खोल रिपु से लड़ैं, होय जीत कै हार॥ ६२॥
किये इकट्ठे कोट में, शूरवीर सरदार।
करि सलाह यह तै किया, लड़ मरने में सार॥६३॥
—— करके जो मरें, कर में ले करवाल।
यहां अमर कीरति हुवै, वहां वरैं सुर-बाल॥ ६३॥

छप्पय

आम खास से उठि, भूप रणवास सिधारा ।
नृप आगम लखि नारि, हुलसि निज पीव जुहारा ॥
नैन लाल रङ्ग निरखि, बैन बोली पिक-बैनी ।
कहो पीव किह काज, मदन आकृति दुख-दैनी ॥
समझाय कहो मुख से सपदि, जो भी कुछ समचार है ।
क्या कोई मैहम शाह का, चित में उठ्या विचार है ॥ ६५ ॥
पतनी का सुनि प्रश्न बचन बोले नरपति ने ।
मैहम है निश्चिन्त प्राण मम तन में जितने ॥
जान गये के बाद बादशा कुछ भी कर दे ।
मैहम को रण मारि भले ही किला तोर दे ॥
हे बीर-प्रसवनी मम प्रिया आज बात कुछ और है ।
करतूत भण्डारी याद करि हिय में उठें हिलोर है ॥ ६६ ॥
चौंक पड़ी नृप-नारि नीचपन सुनि भण्डारी ।
हा हा ! विधि गति हुई हमेशा वाम तिहारी ॥
जो करत निज प्राण, निछावर नीति राह में ।
दैव उन्हें दे फैंकि दुःख-वारिध अथाह में ॥
भणबीर, बीर हे मम पती, धीरज मन में धार लो ।
अब जौहर कर रण-खेत में मर जाओ या मार लो ॥ ६७ ॥
पड़ी भूप के कान, बीर पतनी की बातें ।
उमगा ओज अपार, मनों नाला बरसातें ॥
धन्य धन्य है धन्य, बीर पुत्री प्रत्यक्ष तू ।
बचन बीरता भरे कहे पति के समक्ष तू ॥
लखि हिम्मत रानी आपकी, बीर जनों के हिय हिलें ।
ऐसी मिसाल जो आज तक, महिला गण में कम मिलें ॥६९॥
लाल रङ्ग की प्यास चमू अपने की जानों ।

शत्रुन सेना मांहि, वर्ण नीला पहिचानों ॥
चुनि इक चेरी चतुर, बुर्ज भींतर विठलादो।
देखन को रण-दृश्य, भली विधि से समझादो ॥
लखि नील ध्वजा आती हुई, शत्रुन जय पहचानना।
जो लाल पताका लखि परै, (तो) जीत हमारी जानना ॥७०॥
जाओ जाओ वीर, युद्ध करने को जाओ।
रण में अरिगण मारि, भुवन में सुयश बढाओ ॥
ले जगदम्बा नाम, कूंच की करो तयारी।
है यवनों की हार, जंग में जीत तुमारी ॥
ले सखियां मैं भी साथ में, शोर बिछाकर बैठती।
कलि मांहि करूं कीरति अचल, संग पती के है सती ॥७१॥
चला हठी-हम्मीर, वीर वर अन्तःपुर से।
मानहुँ भूखा बाघ, गरजि निकला निज घर से ॥
आंखें उगलें आग, मूँछ भौंहों से मिलती।
फरकत अधर सक्रोध, हृदय वीरानल जलती ॥
झट आमखास में पहुँच कर, लगा बोलने वीर-वर।
मानहों थैह[१] बाहर निकरि, नाहर खिज फेरी नजर ॥७२॥
हे क्षत्रिय वर वीर !, सजग है सेन सजाओ।
करि जोहर सब जोध, कोट बाहर कढ़ि जाओ ॥
ढाल और करवाल, लेय अरिगण ललकारो।
पीछे हटो न पैंड, जुटो रण में झूझारो ॥
ले प्राण हथेली पर लड़ो, जीवन आशा छोड़दो।
जुरि शरणागत हित जंग में, तुरकों के सिर तोड़ दो ॥ ७३ ॥
सुनि हमीर का हुकम, एक दम क्षत्रिय अकरे।
सोते सिंह जगाय, मनहुँ मूँछन कर पकरे ॥

१-सिंह के रहने का स्थान।

कहें बचन करि क्रोध, काल तुरकों का आया।
 निर्भय सम्मुख मरन, नगर सम्मुख भय पाया॥
करि बस हुकमी कुम्मल, चित में रण की चाह है।
 करते कदापि नाहिं वीर नर, प्राणों की परवाह है॥ ७४॥
राजपूत रणवीर, अंग अंगन उमगाये।
 शस्त्रन पास सँवारि नक्शे भरपूर जमाये॥
हर हर शब्द उचारि, दुर्ग-दरवाजे आये।
 मनहुँ क्रुद्ध यमराज, युद्ध के साज सजाये॥
देखते राह सब हुकम की, चित उछाह छायो अमित।
 निज सेन समस्त तयार लखि आयो भट चहुँवान तित[1]॥७५॥
सब अन्तःपुर माँहि, भई यह विदित कहानी।
 सब सखियन को सपदि, पास बुलवाई रानी॥
कही कथा समझाय, क्षत्रिन के धर्म कर्म की।
 सब ने सहमत होय, मानली बात मर्म की॥
मेंहदी फेरि इक बुर्ज में, नृप संदेश समझाय के।
 सब सहचरि लेकर साथ में, बैठी ओर बिछाय के॥७६॥
करि प्रणाम हम्मीर, बार बारहिं शिव शङ्कर।
 चला करन संग्राम वीरता मद में भरकर॥
चढ़ि सुरज नृप वीर संग हित हिय हरसायो।
 शस्त्र धारि निज अंग, शीघ्र दल सम्मुख आयो॥
ललकारि कहा दरबान से दुर्ग-द्वार को खोल दो।
 हे वीरो! शत्रुन सेन पै, इक दम धावा बोल दो॥ ७७॥
सुनि हमीर का हुकम, सुभट बाहर कढ़ि आये।
 मनहुँ क्रुद्ध मृगराज लख गजराज चिकाये॥
चले वीर बानैत, शत्रु सेना के सम्मुख।

१—तहाँ।

सूर्य रोकि सप्ताश्व, नजर फेरो हमीर रुख ॥
तब पातशाह की फोज में, फौरन हलचल मच गई ।
आवती देख भूपति अनी, कायर भाग गये कई ॥ ७८ ॥
भिड़े सुभट चहुँवान, ध्यान जगदम्बा धरके ।
घोडन वाग उठाय, बचन बोले हर हर के ॥
काढ़ि म्यान तें खड्ग, अरिन के ऊपर वावें ।
एक एक वार में, शेख केई कटि जावें ॥
चढि के विमान असमान में, घमासान परियां लखें ।
चहुँवान पती निज आन पैं, प्रानन की बाजी रखें ॥७९॥
पडते शेख पठान, कई रण में कटि कटि कें ।
तुर्क त्यागते प्रान, नाम अल्ला रटि रटि के ॥
खुदा बचावें जान, दीन ह्वै बचन उचारें ।
मारे रे रहमान, यवन हरबार पुकारें ॥
तिंह काल फोज पतशाह की, विचलित होकर भग चली ।
यह देश दशा क्षत्रिय सुभट, दुशमन सेना दलमली ॥८०॥
रण में भट चहुँवान, बोलते मारो मारो ।
करो कतल अरि अनी, हिये हिम्मत मत हारो ॥
छीन अरिन सामान, विजय झंडी फहरादो ।
तुरकों को ततकाल, मार कर दूर भगादो ॥
अब रण-चण्डी को चाव से, वैरिन का बलिदान दो ।
हे वीर गणों ! रण खेत से, जीवित रिपु मत जान दो ॥८१॥
हुई जीत उस समय, वीर चहुँवान नाह की ।
विजय दुंदुभी बजी, लहर फैली उछाह की ॥
पर हा विधि गति वाम, जान सकता नहीं कोई ।
वड़े वड़े बलवान, मान मर्यादा खोई ॥
जो घटित हुई घटना दुखद, वह अब जाती है कही ।

सुनिये सुजान श्रोतागनो ! भाग्य-रेख मिटती नहीं ॥८२॥

नगर ओर घर भगे, विजय की देन बधाई ।
केहन के कर मांहि, पताकायें फहराई ॥
कुछ नहीं रहा खयाल, उमङ्ग के कारण उनको ।
म्लेच्छन झण्डे छीन, मोद दीन्हों निज मन को ॥
लखि नील ध्वजा आती हुई, दासी छाती धकधकी ।
बुर्ज तें उतरि बारूद में, अभी चिनगारी रखी ॥ ८३ ॥

दहकि उठी बारूद, ज्वलित पावक पड़ते ही ।
ज्यों बिजली का तार, असर करता अड़ते ही ॥
उड़ा एक दम धोर, हुआ अत्यन्त घोर रव ।
अन्धकार चहुँ ओर साथ ले चला युवति सब ॥
करि क्षत्रिय कुल कीरति अमर, महिला सब सुरपुर गई ।
तत्फल रानी चहुँवान की, दुर्ग-द्वार पै आगई ॥८४॥

देख भयङ्कर दृश्य, भूप परकोटे भीतर ।
सम होगया सपदि, चोट पहुँचो दिल ऊपर ॥
सर चकराते हुए, वचन हम्मीर उचारे ।
हा ! हा ! सरजनहार बनी तू बात बिगारे ॥
निज स्वागत के हित द्वार पर, दखूँ किसकी राह मैं ।
किन अब विजय वृत्तान्त को बयन करूं उछाह में ॥८५॥

कौन युद्ध पोशाक उतारे भरि उमङ्ग में ।
कौन उठावे खुशी, चाव भरपूर अङ्ग में ॥
कौन करे शाबास वीर गण को मन भर के ।
कौन सराहे उन्हें, गये सुर पुर रण मर के ॥
हे रानी ! तुम को हृदय से, बारम्बार सराहता ।
पर अब तेरे बिन जगत में, जीना मैं नहीं चाहता ॥८६॥

यह कह कर हम्मीर, गया शङ्कर के मन्दिर ।

झुक कर किया प्रणाम, नाम लेकर के हर हर ॥
करी प्रतिज्ञा पूर्ण, आपकी कृपा दृष्टि से ।
अब करिये उद्धार, अहो त्रिपुरारि ! सृष्टि से ॥
शिव-भक्ति मांहि अनुरक्त ह्वै, महा मोह को तज दिया ।
निज करतें मस्तक काट कर, शशिधर के अर्पण किया ॥८७॥

दोहा–

करि जग में कीरति अमर, सुरपुर गये हमीर ।
करिये उनका अनुकरण, बैठ रहो मत वीर ॥८८॥

कवि–कामना

करैं देश कल्यान, ध्यान देकर तन मन से ।
हरैं प्रजा के कष्ट, प्रेम होवै प्रति जन से ॥
कह कवि " जोगीदान ", दान दीनों को देवें ।
भक्ति–भाव से भरे, शक्ति को प्रतिदिन सेवें ॥
हों क्षत्रिय वीर हमीर से, देवी यह वरदान दे ।
इस आरत भारत वर्ष को, प्रणधारी सन्तान दे ॥ ८९ ॥

दोहा–

कथा वीर हम्मीर की, मम चित लियो लुभाय ।
"कविया जोगीदान" ने, कविता लिखी बनाय ॥ ९० ॥

कुँ० जोगीदान कविया (बारहट)
हैड पण्डित नार्मल एण्ड ट्रेनिङ्ग स्कूल
जयपुर ।
ग्राम सेवापुरा, रियासत जयपुर ।

सती अञ्जना ।

महेन्द्रपुरी के नृपती दानी,
चहुँदिशि में थे अति विख्यात ।
भाग्य-चन्द्र की रजत ज्योति से,
ज्योतिर्मय थी जीवन-रात ॥१॥

गुणवंती पटरानी उनकी,
नाम मनोवेगा अभिराम ।
सफल बनाया जीवन जिसने,
पति-सेवा करके निष्काम ॥२॥

दैव कृपा थी, शत पुत्रों से,
शोभित था भूपति-प्रासाद ।
सुता अंजना इकलौती को,
देख उन्हें होता आह्लाद ॥३॥

शनै: शनै: अति लाड़ प्यार में
हुई यौवना वह बाला ।
लगी छलकने प्याले में से,
सुन्दरता की नव हाला ॥४॥

सती अंजना मात पिता को
प्राणों से अति थी प्यारी ।
प्रणय-योग्य समझकर मन में
लगी एक चिन्ता भारी ॥५॥

महेन्द्रराय के सम्मुख था वह
जटिल प्रश्न प्रत्येक घड़ी ।
जिसको हल करने के कारण,
हुई सभा एकत्र बड़ी ॥ ६ ॥

मेघकुमार युवावस्था में,
होगा तापस अति भारी ।
अरु शिवपुर पथगामी होगा,
उसकी महिमा थी न्यारी॥७॥

रावण था विद्वान् धुरन्धुर,
किंतु वड़ा अत्याचारी ।
भूपति मन में लगे सोचने,
सुता किसे सौंपू प्यारी ॥८॥

रत्नपुरी थी सुन्दर नगरी,
भूप जहां के थे प्रह्लाद ।
देख गुणी युवराज 'पवन' को,
होता सबको था आह्लाद ॥९॥

शुभ मुहूर्त में भूप-सुता की,
हुई सगाई उनके सङ्ग ।
सभी प्रजाजन हुए प्रमोदित,
खुब बजे वाजित्र मृदङ्ग ॥१०॥

सखियां सँग पतिव्रता अंजना,
मोद विनोद मनाती थी ।
गाती थी गुण प्राणनाथ के,
मन में शीश नमाती थी ॥११॥

इधर पवनजी एक मित्र सँग,
उन्हें देखने थे आये ।
निरख निरख सौंदर्य-सुधा को,
मन ही मन वे हर्षाये ॥१२॥

द्वार खड़े छिप कर सुनते थे,
रही अंजना जो कुछ बोल ।

दृष्टि फिसलती थी रह रह कर
चिकने थे वे लोल कपोल ॥१३॥

बोल उठी यों सती अंजना,
" धन्य धन्य हो मेघकुमार।
लात मार कर भव-भोगों को,
पावेगा जो सौख्य अपार"॥१४

आग बबूला हुए पवनजी,
घुमने लगा हृदय में घाम।
लगा सोचने पतिता है यह,
और पुरुष का करती ध्यान"॥१५॥

"पाणिग्रहण करके मैं त्यागूँ,
उचित यही होगा व्यवहार।
व्यभिचारी इस नारी को मैं,
सौंपूँगा न हृदय का हार"॥१६

"सभी चमकने वाली चीजें,
नहीं सदा होती कंचन।
अन्तरपट कितना दूषित है,
यद्यपि सुंदर है आनन" ॥१७॥

मन्द चाल है कर्म तुम्हारी,
झठा उनको हुआ प्रमाद।
बिना बिचारे क्रोधित होकर,
छोड़ चले पत्नी-प्रासाद॥१८॥

लग्न-दिवस आया नगरी में,
सब ने साज सजाया था।
निर्धन धनिक सभी के मुख पर,
रूप नया इक छाया था ॥१९॥

वस्त्राभूषण से सज्जित हो,
निकल पड़े सब नर नारी।
हुई महेन्द्रपुरी थी सचमुच,
इन्द्रपुरी से भी न्यारी ॥२०॥

देश विदेशों से आये थे,
शुभ अवसर पर भूपतिवृंद।
स्वागत करते थे वन्दीजन,
सुना सुना कर मनहर छंद॥२१॥

गोधूली वेला में आये,
सभी बराती सज धज कर।
हर्षोदधि में मग्न हुए थे,
म्लानवदन था केवल वर॥२२॥

रक्त नयन भौंहें थीं टेढ़ी,
जलती थी मन में ज्वाला।
भ्रमवश कुलटा समझ रहे थे,
पतिव्रता थी जो बाला ॥२३॥

परी अंजना का अम्बुज-कर,
उन को लगता था अङ्गार।
नव दंपति का हस्तमिलन वह,
अति कठोर था कारागार॥२४॥

खूब दहेज दिया भूपति ने,
हय, गज, रथ अरु द्रव्य सभी।
पार नहीं हीरक मणियों का,
साथ पांच सौ सखियां भी॥२५॥

लग्न-क्रिया पूरी होने पर,
किया पवनजी ने प्रस्थान

भाग्यशालिनी रत्नपुरी में,
खूब हुआ दम्पति-सम्मान।२६

धन्य मानने लगी अञ्जना,
सासु-श्वसुर-पद-पूजा कर।
पुत्रवधू गुणवन्ती पाकर,
हुए प्रमोदित विद्याधर ॥२७॥

शुभाशीष दी केतुमती ने,
दिये अनकों आभूषण।
गांव पांच सौ सौंपे नृप ने,
पुलकित होकर मन ही मन।२८

सभी जनों को सती अंजना,
लगती थी अति ही प्यारी।
पति का प्रेमाभाव देखकर,
था सन्ताप उसे भारी ॥२९॥

प्राणनाथ के बिन दर्शन के,
झरत नयनों से मोती।
बिना सलिल के म्लान मीन सम,
हिय में व्याकुल थी होती।३१

और कौन था जग में उसका,
रूठ गये जब जीवन-धन।
बन्दीगृह सम लगते थे व
रत्नपुरी के भव्य भुवन ॥३१॥

सखि॰'बसंत' ही उस दुखिया की,
केवल एक सहारा थी।
जीवन के अशांत सागर में
यही शांति की धारा थी।३२।

॰ अंजना की बसंतमाला नामक एक सखी

पति-वियोग में सती अंजना,
नितप्रति नीर बहाती थी ।
भक्ति जिनेश्वर की करके वह,
अपना भाग्य बनाती थी ॥३३॥

रावण और वरुण दोनों में,
वैमनस्य था अति भारी ।
बढ़ता गया द्वेष तब आखिर,
हुई युद्ध की तैयारी ॥ ३४ ॥

मिला निमंत्रण विद्याधर को,
हुए पवनजी भी तैयार ।
कहा पिता को "मैं जाऊँगा,
कर दूंगा अरि-दल-संहार॥३५॥

मात पिता अरु प्रजा जनों को,
विविध प्रकार सान्त्वना दी ।
किन्तु उन्होंने निज भार्या से,
केवल दो भी बात न की॥३६॥

दही-पात्र ले सती-अंजना,
हुई शकुन हित द्वार खड़ी ।
प्राणनाथ के पद छूने को,
थी उसको एक चाह बड़ी॥३७॥

भक्ति दिखाने लगी अंजना,
किया उन्होंने लात प्रहार ।
कञ्चन-पात्र गिरा भूमीपर,
बढ़ा और भी मन का भार॥३८

बहुत दूर निर्जन वन में जा,
किया पवनजी ने विश्राम ।

चकवा चकवी बोल रहे थे,
तरु-शाखा पर बाकम ललाम॥३९॥

पतिव्रता निज भार्या तज दी,
हृदय-हीन है यह मानव ।
हँसता है यह, रोती है वह,
करते दोनों थे कलरव ॥४०॥

सुनकर दम्पति की ये बातें,
हुआ उन्हें मन में संताप ।
पूर्व किये अत्याचारों पर,
हुआ बहुत ही पश्चात्ताप ॥४१॥

लगे सोचने पक्षी भी ये,
निंदा मेरी हैं करते ।
और जनों को दुखी देख कर,
दिल में आहें क्यों भरते॥४२॥

मानव हूँ मैं, हा! दानव सम,
किया निठुर मैंने व्यवहार ।
ठुकरा दी पतिव्रता सु अबला
मैं था जिसका प्राणाधार ॥४३॥

लौट चलूँ वापिस अब घर को,
करूँ अंजना के दर्शन ।
उस देवी की पद-रज ले कर,
सफल बनाऊँ निज जीवन॥४४।

गुप्त राह से गये पवनजी,
सती अंजना के प्रासाद ।
चन्द्रानन लख निज भार्या का,
हुआ उन्हें मन में आह्लाद॥४५॥

युगल नेत्र से आँसू की वे,
लगे बहाने अविरल धार ।
कहा, "क्षमा कर मुझको देवी!,
भूल सभी मम अत्याचार" ।४६।

बोल उठी तब सती अंजना,
"नहीं आपका कुछ भी दोष ।
यह मेरे कर्मों का फल है,
करूँ आप पर क्यों फिर रोष? ।४७।

"लज्जित करते हो क्यों मुझको,
कहो आज हे जीवनधन ! ।
देव ! हुआ है हरा भरा फिर,
उजडा मम जीवन उपवन" ।४८।

"द्वादश वर्षों से कुटिया में,
आज पधारे प्राणाधार ।
सफल बनाया जीवन मेरा,
देकर अपना निर्मल प्यार"। ४९।।

पद-पूजा कर, प्राणेश्वर को,
उच्चासन पर बिठलाया ।
मधुर मधुर संगीत सुनाकर,
दुखी हृदय को हर्षाया ।।५०।।

तीन दिवस तक रङ्गमहल में,
हुई नित्य अभिनव क्रीड़ा ।
जीवनधन की सेवा कर वह,
भूल गई मन की पीड़ा ।।५१।।

अवधि पूर्ण तब हुई अन्त में,
किया पवनजी ने प्रस्थान ।

लगी बहाने अश्रु अंजना,
नहीं रहा अपना कुछ माना।५२

इसी काल में दैवयोग से,
किया सती ने गर्भाधान।
मात पिता को किंतु नहीं था,
निज सुत के आन का ज्ञाना।५३।।

हुई गर्भ की वृद्धि दिनों दिन,
केतुमती ने जान लिया।
क्रोधित होकर, पुत्रवधू का
घृणित महा अपमान किया।५४

गरज उठी वह "अरे ! पापिनी,
किया घोर यह पापाचार।
और पुरुष के सङ्ग रही तू
किया न मनमें जरा विचार"।।५५।।

" मेरे उज्ज्वल कुल में तू ने,
लगा दिया यह अमित कलंक
लज्जा नहीं तनिक भी आती,
बनी हुई है तू निःसङ्क"।।५६।।

करती तू सामायिक निशिदिन,
कहलाती है गुणशीला।
कहाँ पुण्य पतिव्रतादर्श व्रत,
कहाँ घृणास्पद यह लीला"।५७।

"ज्ञात न था क्या दुष्टे ! तुझको,
गुप्त नहीं रह सकता पाप।
निकल यहाँ से अरी पापिनी !,
करती है क्यों व्यर्थ प्रलाप"।५८।

पुत्रवधू यों लगी बोलने,
सासूजी को जोड़े कर ।
पतिव्रता नारी हूँ मैं तो,
नहीं मुझे अपयश का ड़र"।५९।

"मेरे मन-मंदिर में केवल,
प्राणनाथ का ही है वास ।
और पुरुष सब बंधुतुल्य हैं,
साक्षी मेरा है आकाश" ॥६०॥

"प्राणनाथ ने दर्शन दे निज,
तोड दिये मेरे दुख-पाश ।
तीन दिवस तक संग रहे वे,
सफल हुई मेरी चिर आश"।६१।

"पुत्र आपके आवें जब तक,
रखिये मुझको निज घर में ।
दुर्दिन मेरे यहीं कटेंगे,
नहीं रहूँगी पीयर में" ॥६२॥

कोमल वचनों को सुनकर भी,
केतुमती बोली सक्रोध ।
" लगता पाप तुझे लखने में,
चली यहां से जा निर्बोध ॥६३॥

गिर कर चरणों पर अबला ने,
सासूजी को किया प्रणाम ।
सखि 'वसंत' के संग चली वह,
गई पिता के सुंदर धाम ॥६४॥

मात पिता को शीश नमाकर,
लगी बहाने अविरल धार ।

"निराधार, निर्दोष सुता के,
केवल तुम ही हो आधार"॥६५॥

"सासु-श्वसुर ने मुझे निकाली,
कर प्रहार, झूठा आरोप।
नहीं मृत्यु भी आती मुझको,
किया ईश ने मुझ पर कोप"॥६६॥

निज पुत्री की दीन दशा पर,
नहीं उन्होंने किया विचार।
हृदयहीन वे मात पिता भी,
लगे सुनाने यों फटकार ॥६७॥

"पापपूर्ण जीवन का तुमको,
मिला उचित ही है री! दंड।
धूल डाल सबकी आंखों में,
रचा हाय! तू ने पाखंड"॥६८॥

"मेरे कुल के शुभ्र-वसन में,
काला दाग लगाया तू ने।
अपयश फैला कर जगती में,
मुझको घृणित बनाया तू ने"॥६९॥

"कोख लजादी निज माता की,
जिसने तुझको थी पाली।
हृदय चाहता अब तो पी लूँ,
अरे! हलाहल की प्याली"॥७०॥

"मेरे पावन घर में तुझको,
नहीं मिलेगी ठौर कहीं।
नहीं पिता मैं, नहीं सुता तू,
अब कोई व्यवहार नहीं"॥७१॥

अब भी आशा थी अबला को,
गई बंधुओं के वह पास।
दुःख-कहानी कही उन्हें भी,
किंतु हुई सर्वत्र निराश ॥७२॥

नैराश्य तिमिर से आच्छादित थी,
घड़ियों उसके जीवन की।
सारे जग से अपमानित हो,
राह अन्त में ली वन की ॥७३॥

दुर्गम कंटकमय वनपथ को,
किया सती ने चल कर पार।
कोमल उसके पद-पद्मों से,
बहने लगी रुधिर की धार॥७४

एक भयङ्कर गिरि-गह्वर में,
मुनि निष्कामी थे आसीन।
नहीं ध्यान था उन्हें किसीका,
घोर तपस्या में थे लीन ॥७५॥

लोलुप सभी इन्द्रियों का था,
किया उन्हों ने पूर्ण दमन।
तप समाप्त होने पर आखिर,
उठे मुनीश्वर, खोल नयन॥७६

झुकी अंजना ऋषि चरणों में,
नम्र भाव से किया प्रणाम।
बोले मुनिवर निर्जन वन में,
देवी! क्या है तेरा काम?॥७७॥

कौन वीर की पत्नी है तू,
क्या है तेरा सुन्दर नाम।

छोड़ दिये क्यों सभी कुटंबी,
तजा अरे! क्यों सुखमय धाम।।७८

लगी सुनाने सती अंजना,
मुनिवर को दुखपूर्ण कथा।
पानी बन कर लगी टपकने,
आंखों से वह घोर व्यथा।।७९।।

वीर पवनजी की पत्नी मैं,
प्रभो! अंजना मेरा नाम।
महेन्द्रराय की पुत्री हूँ मैं,
रत्नपुरी मम धाम ललाम।।८०

झूठा दोष लगा जीवन में
दुखद कहानी है मेरी।
जग बतलाता कुलटा मुझको,
मन कहता मैं पति-चेरी।।८१।।

पूर्व जन्म की कथा सुनादो
जन्म जन्म क हो ज्ञाता।
मुझसी पतिव्रता अबला पर,
रूठा क्यों जग-निर्माता।।८२।।

बोले मुनिवर पूर्व जन्म में,
जिनमत स था तुझको द्वेष।
जैनधर्म क साधु संत से
रखती थी तू द्वेष विशेष।।८३।।

जैन साधु का ओघा तू ने,
इक दिन हाय! लिया था चोर।
रक्खा तेरह घड़ी छिपा कर,
किया घोर व्यवहार कठोर।।८४।।

इसी पाप के कारण तू ने,
भोगा है दुख तेरह वर्ष ।
अवधि पूर्ण है होने वाली,
तुझे मिलेगा फिर नव हर्ष ॥८५॥

वीर पुत्र की माता बन तू,
भूलेगी सारा सन्ताप ।
सासु-श्वसुर अरु मात पिता भी,
बहुत करेंगे पश्चात्ताप ॥ ८६ ॥

जिनके विरह-व्यथा में जल कर,
नित्य बहाती ऑसू-धार ।
चिंता मत कर, शीघ्र मिलेंगे,
तुझको वे ही प्राणाधार ॥८७॥

इतना कह कर चले गये मुनि,
क्षण भर में वे हुए विलीन ।
क्षुधा-पिपासा से पीड़ित वह,
वहीं खड़ी थी अबला दीन ॥८८॥

इधर केसरी की गर्जन से,
गूँज उठा सारा कानन ।
भय से विह्वल उस अबला का,
लगा कांपने कोमल तन ॥८९॥

सखी 'वसंत' के सङ्ग अवला ने,
पर्णकुटी में किया निवास ।
प्राणनाथ के शुभ दर्शन बिन,
दुखमय लगता था मधु मास॥९०॥

ज्येष्ट मास की लू सम उसको,
तपा रही थी शीत बयार ।

कटु लगती थी कानों को वह
भेमी मधुपों की गुंजार ।।९१।।

शुभागमन लख प्रिय बसंत का,
कलिकाएं मुस्काती थीं ।
ऋतुपति के स्वागत हित कोयल
मीठे स्वर में गाती थी ।।९२।।

नाच रहे थे मतवाले बन
हरितभूमि पर सुन्दर मोर ।
विचर रहे थे नव-कुंजों में,
मृग होकर आनंद विभोर।।९३।।

सभी सुखी थे वन के प्राणी
दुखमय था अबला-जीवन ।
नत्र-गगन से बरस रहे थे
रह रह कर आंसू के घन।।९४।।

चैत्र मास था, कृष्ण अष्टमी,
सोमवार था अति पावन ।
कुसुम-वृष्टि करते थे सुरगण
हर्षित था सारा कानन।।९५।।

सती अंजना की कुक्षी से,
जन्मे थे हनुमान कुमार ।
जगदीश्वर ने खोल दिया था
दुखिया का जीवन-सुख-द्वार।।९६

इक दिन दोनों सखियां मिल कर,
शिशु सङ्ग क्रीड़ा थीं करती ।
सुन्दर गीत सुना कर उसको,
मन की पीड़ा थीं हरती ।। ९७ ।।

पूर्ण चन्द्र की चारु चन्द्रिका,
फैली थी जगतीतल पर।
शशि निज कर में ले लेने को,
आतुर था बालक सुन्दर ॥९८॥

सुखमय इस वेला में नभ से,
वायुयान इक उतर पडा।
सहसा उस अबला के मन में,
हुआ एक आश्चर्य बडा ॥९९॥

*शूरसेन निज पत्नी के सङ्ग,
यात्रा करके थे आये।
वन में पाकर सती अंजना,
को वे मन में हर्षाये ॥१००॥

दुखद कहानी सुन अबला की,
हुआ उन्हें मन में अति शोक।
अश्रु नीर की तीव्र धार को,
क्षण भर भी वे सके न रोक॥१०१॥

सबको बिठला वायुयान में,
राज भवन में नृप आये।
सती अंजना के दर्शन कर,
नगर-निवासी हर्षाये ॥१०२॥

विजय-पताका फहरा रण में,
इधर पवनजी घर आये।
सूने सब प्रासाद देख कर,
मन ही मन वे घबराये ॥१०३॥

मात पिता के पैरों पर गिर,
सहसा बोल उठे वे यों।

* अंजना के मामा।

लुट जाने पर अतुल द्रव्य निज,
धन-लोलुप घबराता ज्यों।१०४

"कहां गई, जल्दी बतलादो,
सखी मेरी हृदय-पुजारिन।
प्राण-त्याग कर दूंगा निश्चय,
प्यारी के शुभ-दर्शन बिन"।१०५।

लगी कांपने माता मन में,
बोली "यह मेरा अपराध।
क्षमा करो हे वत्स! मुझे अब,
बनी अंजना की मैं व्याध"।१०६।

जननी के वचनों को सुन वे,
गये महेन्द्र नृपति के द्वार।
मिला वहां नैराश्य-तिमिर ही,
पाया नहीं हृदय का हार।१०७।

निज हत्या करने का आखिर,
किया उन्होंने सुदृढ़ विचार।
मात पिता अरु सासु-श्वसुर सब,
लगे बहाने अविरल धार।१०८

चहुं दिशि में सेनाएँ भेजीं,
निष्फल सारे हुए प्रयास।
ढूंढ लिये सब निर्जन कानन,
किन्तु हुए सर्वत्र निराश।१०९।

शूरसेन नृप की नगरी में,
अबला का तब पता लगा।
सुन संवाद, पवन के मन में,
चिर निद्रित वह प्रेम जगा।११०।

विरह-भस्म दोनों हृदयों का,
हुआ अपूरव पुनर्मिलन ।
दोनों ने ही फिर से पाया,
अपना अपना खोया धन॥१११॥

बोल उठे यों वीर पवनजी,
"धन्य दिवस है आज प्रिये !।
निराश होकर आत्मघात के,
सजा दिये थे साज प्रिये !११२॥

"तिमिर पूर्ण जीवन में मेरे,
पाकर तुझको हुआ प्रकाश ।
उजड़े मम जीवन-उपवन ने,
फिर से पाया नव मधु मास"।११३।

"तेरे दुखमय जीवन का री !,
बना हाय ! मैं ही कारण ।
गुप्त राह से मैं आया था,
लगा अरे ! झूठा दूषण"।११४।

"शुष्क, सड़े, कड़वे फल खाकर,
क्योंकर प्रिये ! रही वन में ? ।
स्मरण कर तव असह्य दुखोंका
अतिशय दुख होता मन में"।११५।

लगी बोलने सती अंजना,
"धन्य धन्य मम जीवन आज ।
शुभ दर्शन कर देव ! आपके,
सफल हुए जीवन के काज"।११६।

बसे हुए थे आप हृदय में,
वन में भी तो प्राणाधार ! ।

पति-दर्शन की आशा में ही,
सहन किया मैंने दुख-भारा॥११७॥

मृदु बातें कर 'पवन' 'अञ्जना'
मन को यों बहलाते थे।
दैव कृपा थी, जीवन के दिन,
सुख से आज बिताते थे॥११८॥

विद्याधर ने हर्षित होकर,
दीन जनों को दान दिया।
प्रजाजनों ने मिल दंपति का,
भाँति भाँति सत्कार किया॥११९॥

केतुमती अरु विद्याधर ने,
राज्य छोड ले ली दीक्षा।
दानवीर कहलाते थे जो,
लगे माँगने अब भिक्षा॥१२०॥

पूर्ण न्याय से वीर पवनजी,
राज्य कार्य सब करते थे।
दीन दुखी निज प्राजजनों का,
दुःख सभी वे हरते थे॥१२१॥

महावीर हनुमान पुत्र था
उनको था मन में अभिमान।
धन्य धन्य बजरंग पत्नी वह
रक्खी जिसने कुल की आन॥१२२॥

पतिव्रता भार्या था उनको,
मन ही मन था हर्ष अपार।
गगनांगण सम विस्तृत पाया,
पत्नी का वह निर्मल प्यार॥१२३॥

शनैः शनैः था युवा चंद्रमा,
जरा गगन में डूब रहा ।
क्षण भर स्थायी जग-वैभव से,
मन उनका था ऊब रहा॥१२४॥

अवसर पाकर पति पत्नी ने.
शुभ दीक्षा करली स्वीकार ।
प्रलयंकर इस जग-सागर से.
जीवन-नाव लगादी पार॥१२५॥

नयनमल जैन, बी. ए..
जालोर (मारवाड़).

॥ श्रीः ॥

ऋषिपूजन के अवसर पर

ऋषि-नीराजन

जय जय ऋषिराजा प्रभु जय जय ऋषिराजा ।
देवसमाजादृत मुनि कृतसुरगण काजा ॥
जय दध्यङ्ङाथर्वण भरद्वाज गौतम ।
जय भृङ्गी पाराशर अगस्त्य मुनिसत्तम ॥
वशिष्ठ विश्वामित्रांगिर अत्री जय जय ।
कश्यप भृगुप्रभृति जय, जय कृत तप सञ्चय ॥
वेद मंत्र दर्शक घन सब का भला किया ।
सब जनता को तुमने वैदिक ज्ञान दिया ॥
हम में प्रभु आस्तिकता आप शीघ्र भरदो ।
शिक्षित सारे द्विज हों यह हमको वर दो ॥
सब ब्राह्मण जनता के मूल पुरुष स्वामी !
ऋषि संतति हम ज्ञानी हों सत्पथ गामी ॥

ऐसी कृपा करो प्रभु दिव्य ज्ञान दाता।
ब्राह्मण फिर उन्नत हों वेदों के ज्ञाता॥
धरणीधर कृत ऋषिगण आरति जो गावे।
दिव्य ज्ञान भूषित हो वाञ्छित फल पावे॥

पं० धरणीधर शर्मा शास्त्री
अजमेर।

प्रोत्साहन

पराधीन रहना ही जिसको मित्रो! सदा सुहाता है।
शिल्प-कला सारी ही खोकर दुःख उठाता जाता है॥
अकर्मण्य उत्साह हीन ही प्रजा जहां बस जाती है।
जीवित देश नहीं वह होता, वहां न लक्ष्मी आती है॥
फूट राक्षसी बड़ी बला है इसके मत पड़ना पाले।
बड़ी बड़ी संस्था के इसने ही लगवाये हैं ताले॥
यदु कुलनाशक यही कही है दुर्गति यही कहाती है।
द्वेष-युक्त जनपद में लक्ष्मी कभी न आने पाती है॥
इसीलिये हे भारतवासी! अब तो कुछ आंखें खोलो।
पूर्वज ऋषियों से अपने को बुद्धि-तराजू में तोलो॥
तेजस्विता तुम्हारे में है पर बैठी बिलखाती है।
उत्तर दीजिये कर्मक्षेत्र में क्यों न इन्दिरा आती है?
इस जागृति के समय आज भी यदि न आप कुछ चेतोगे।
तो क्या उन्नति खाक करोगे, सदा दुःख ही भोगोगे॥
उन्नति करना पुरुष धर्म है श्रुति भी यह बतलाती है।
लक्ष्मी उद्योगी के आगे हाथ जोड़ कर आती है॥

पं० धरणीधर शर्मा शास्त्री
अजमेर।

॥ श्रीगणेशाय नम ॥

हिन्दी-गद्य ।

भगवत्प्राप्ति-साधन ।

देवीं दधिमतीं नत्वा सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
गोविन्दः कुरुते भाषा-भगवत्प्राप्ति-साधनम् ॥ १ ॥

भगवान् शब्द का अर्थ है जो 'भग' अर्थात् षट् ऐश्वर्यों से संयुक्त हो वह भगवान्। नीचे लिखे ऐश्वर्यों को 'भग' कहते हैं:-

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः ।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीङ्गना ॥

अर्थ-समस्त प्रकार के ऐश्वर्य वा सम्पदा वा विभूति, वीर्य वा शरीर का पराक्रम, यश, शोभा, ज्ञान और वैराग्य, इन छः की भग संज्ञा है।

ऐश्वर्य वा विभूति आठ प्रकार की है यथा—

अणिमा लघिमा प्राप्तिः प्राकाम्यं महिमा तथा।
ईशित्वं च वशित्वं च तथा कामावसायिता ॥

अर्थ-अणिमा (शरीर का छोटे से छोटा हो जाना), लघिमा (शरीर का हलके से हलका हो जाना) प्राप्ति (इन्द्रियां और उन के अधिष्ठाता देवता का स्वरूप), प्राकाम्य (विषयों के भोग, दर्शन, सामर्थ्य का होना), महिमा (शरीर का बड़े से बड़ा कर लेना) ईशिता (शक्तियों का अपनी इच्छा के अनुसार प्रेरणा करना), वशिता (नाना प्रकार के भोगों में आसक्त न होना), और कामावसायिता (सब वाञ्छित विषयों की सीमा को प्राप्त करना)- ये आठ विभूतियां वा सिद्धियां हैं।

ये आठों सिद्धियां भगवान के सिवाय किसी दूसरे में नहीं होतीं। शरीर सम्बन्धी तीन सिद्धियां (अणिमा, लघिमा और

महिमा) तो योग-साधन से भी प्राप्त की जा सकती हैं, किन्तु शेष पाँच सिद्धियाँ तो केवल भगवान् में ही होती हैं।

अब भगवान् हैं या नहीं ?, हैं तो कैसे हैं ? और वे कैसे प्राप्त किये जा सकते हैं ? ये तीन प्रश्न सदा संशय-ग्रस्त पुरुष को सताया करते हैं। भगवान् को मानने वाले पुरुष को तो ऐसे प्रश्न होते ही नहीं, क्योंकि वह इन को घोर पाप का फल समझता है और नास्तिकता की पराकाष्ठा मानता है। वास्तव में भगवान् को न मानना एक भयङ्कर भूल है और अक्षम्य अपराध है। तिस पर भी भगवान् की दया का पार नहीं है कि वह उस को न मानने वालों को भी सभी प्रकार के सुख प्रदान करता है और उन के भोजन-वस्त्र-घर आदि का प्रबन्ध करता है।

सांसारिक व्यवहार के लिये मनुष्य को अपने शरीर के हाथ, हृदय और मस्तक इन तीन मुख्य अङ्गों से काम लेना पड़ता है। इस आधार पर मनुष्य समाज के मुख्य तीन विभाग किये जा सकते हैं

१ हाथ से काम करने वाले कर्मप्रधान (practical),

२ हृदय से काम करने वाले भावप्रधान (emotional) और

३ मस्तक या बुद्धि से काम लेने वाले बुद्धिप्रधान (intellectual)

इन के सिवा एक विभाग और है जो इन तीनों से ऊपर के स्तल (स्तर) का है जिसे आध्यात्मिक (spiritual) कहते हैं।

भगवत् सम्बन्धी ज्ञान मुख्यतः इस पिछले आध्यात्मिक विभाग से सम्बन्ध रखता है। ईश्वर प्रत्यक्ष तो दिखाई देता नहीं कि उस को भौतिक वस्तुओं की भाँति ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा दिखाया जा सके अथवा उस का अनुभव कराया जा सके। ईश्वर अव्यक्त और अचिन्त्य है। अतएव उस का वर्णन करना और भी कठिन है। वह तो बुद्धि द्वारा ही जाना जा सकता है। और

वह बुद्धि भी शुद्ध बुद्धि होनी चाहिये जिस में भगवान् का आभास दिखाई दे सके। बुद्धि को निर्मल बनाने के लिये ही निष्काम कर्मों की साधना करनी होती है। निष्काम कर्म करते करते अन्तःकरण शुद्ध और निर्मल हो जाता है। जैसे मनुष्य को अपना प्रतिबिम्ब ठीक प्रकार से देखने के लिये साफ आदर्श (आईने) की आवश्यकता है, वैसे भगवान् की प्रतिमा का अनुभव करने के लिये भी शुद्ध अन्तःकरण की अत्यन्त आवश्यकता है। यह शुद्ध अन्तःकरण योग-साधन से भी हो सकता है। क्यों कि योग-साधन भी एक प्रकार का निष्काम कर्म ही है।

ईश्वर के अस्तित्व के विषय में प्रमाण इन चर्म-चक्षुओं से तो जाने नहीं जा सकते, किन्तु आध्यात्मिक उन्नति करने से शुद्ध अन्तःकरण में उस के अस्तित्व का अवश्य अनुभव होता है। यदि ऐसा नहीं होता तो ऋषि, मुनि, भक्त, ज्ञानी, ध्यानी आदि पुरुष ईश्वर के अनुभव का कभी प्रयास नहीं करते। उन्हों ने प्रयत्न कर सफलता प्राप्त की है जिस से अन्य पुरुष भी अभी तक भगवत् प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते रहते हैं।

साधारणतया ईश्वर के विषय में सब लोगों की यह असंदिग्ध धारणा है कि वह वारम्बार इस जगत् को रचता है, पालन करता है और संहार करता है। उस की आज्ञा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। उस की आधीनता में रह कर प्रकृति सब कार्य का सञ्चालन करती है। प्रकृति जड है और ईश्वर चेतन है और प्रकृति का कर्ता और नियन्ता है। उसी के बनाये हुए नियमों से कार्य सुचारु रूप से चलता है। उसी के नियमों के अनुसार प्रत्येक जीव जन्म लेता है, बढता है और मरता है। ईश्वर बड़ा दयालु और पतित-पावन है। वह प्रेम का भूखा है। वह प्रेम-रूप भक्ति से वश में किया जा सकता है। उस में निम्न ऌः

गुण विशेष रूप से पाये जाते हैं—ज्ञान, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, शक्ति और तेज।

१ ज्ञान—भगवान् का वह गुण है जिस से वह अनन्त-कोटि ब्रह्माण्डों में रहने वाले असंख्य जीवों की वर्तमान, भूत और भविष्यत् तीनों अवस्थाओं को जानता रहता है। इसी ज्ञान के द्वारा वह प्रत्येक प्राणी के अन्तःकरण के सब भाव व विचारों को क्षण क्षण में जानता रहता है। ईश्वर सर्वोच्च ज्ञान से युक्त है, ज्ञान-स्वरूप है और अन्तर्यामी होने से वह सर्वज्ञ है।

२ बल—भगवान् की वह अपरिमित व अचिन्त्य शक्ति है, जिस के द्वारा वह सब ब्रह्माण्डों को धारण किये है और उन का नियमानुसार सञ्चालन करता है। बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी वस्तु का वही आधार रूप है, जिस से वह सर्वाधार कहलाता है।

३ ऐश्वर्य—भगवान् ही सब का स्वामी है, उस का स्वामी कोई नहीं है और दूसरों को भी अपना ऐश्वर्य दे सकने की उस में शक्ति है—यही भगवान् का ईश्वर-पन है, यथा—

ईश एवाहमत्यर्थं न च मामीशते परे।
ददामि च सदैश्वर्यमीश्वरस्तेन कीर्त्यते॥

अर्थ—मैं सब का अतिशयपन से ईशन या शासन (हुकूमत) करता हूँ, कोई दूसरा मुझ पर शासन नहीं कर सकता और सदा ऐश्वर्य देता हूँ जिस से मैं ईश्वर कहलाता हूँ।

इस ईश्वर की अनिवार्य्य शक्ति का नाम ही ऐश्वर्य है जिसमें सब प्रकार की सम्पदा, सिद्धि, विभूति, आदि का समावेश होता है। इस ऐश्वर्य के प्रभाव के कारण ही सब सुर, नर, मुनि आदि भगवान् की आदर के साथ भक्ति करते हैं।

४. वीर्य—ईश्वर का वह गुण है जिस से उन्हे लगातार परिश्रम और युद्ध करते भी किसी प्रकार की थकावट मालूम नहीं होती। अनन्त कोटि ब्रह्माण्डों की रचना करने, उन का सञ्चालन तथा प्रबन्ध करने, भक्तों की रक्षा करने, दुष्टों को दण्ड देने देवताओं के शत्रुओं को मारने आदि में परिश्रम करने पर भी भगवान् को अवकाश (छुट्टी) लेने की आवश्यकता नहीं होती। यही ईश्वर का अनन्त और अपरिमित वीर्य है।

५. शक्ति—कार्य-शक्ति, इच्छा-शक्ति, ज्ञान-शक्ति, विचार-शक्ति आदि शक्तियों का स्रोत भगवान् की महा-शक्ति से निकलता है। मनुष्यों में बुद्धि, चेतना, कान्ति, स्मृति, धृति, भ्रान्ति आदि जितनी क्रियाएँ होती हैं, वे सब भगवान् की महती शक्ति से प्रादुर्भूत होती हैं। भगवान् की अचिन्त्य सङ्कल्प-शक्ति से इन सब शक्तियों का होना, घटना, बढ़ना, मिटना आदि होता है।

६. तेज—भगवान् का वह प्रकाश है जो सब ज्योतिवाले सूर्य, चन्द्र, तारे, ग्रह, नक्षत्र, बिजली, अग्नि आदि में व्याप्त होता है। भगवान् के तेज से ही मनुष्यों की वाणी उत्पन्न होती है। यथा—'तेजोमयी वाक्'। वाक् इन्द्रिय तेज से बनती है। यह तेज भगवान् के साकार स्वरूप के चहरे पर चमकता रहता है जिस से उन की ओर बहुत देर तक देखा नहीं जा सकता। अपमान, निन्दा आदि का सहन न करना भी तेज गुण के अन्तर्गत है, यथा—

अधिक्षेपापमानादेः प्रयुक्तस्य परेण यत्।
प्राणात्ययेऽप्यसहनं तत्तेजः समुदाहृतम्॥

अर्थ—दूसरे की की हुई निन्दा, अपमान, तिरस्कार आदि का प्राणान्त होने पर भी सहन न करना तेज है।

भगवान् में उपर्युक्त छः ही गुणों की पराकाष्ठा होती है।

इसी लिये भगवद्भक्तजन भगवान् की भक्ति कर कृतार्थ हो जाते हैं और मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं।

अब नीचे भगवान् या ईश्वर की सत्ता के विषय में कुछ प्रमाण दिये जाते हैं। प्रमाण प्रायः तीन प्रकार के होते हैं, यथा-प्रत्यक्ष, अनुमान और शाब्द। इन में प्रत्यक्ष तो यह है जो पांच ज्ञानेन्द्रियों (आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा) के द्वारा जाना जाता है। अनुमान वह है जिस से व्याप्य को देख कर व्यापक का निश्चय किया जावे, यथा-अग्नि, धूंएं का व्यापक है और धूंआं अग्नि का व्याप्य है। जहां धूंआं होता है वहां अग्नि होता है, जैसे कि रसोई (पाकशाला) आदि में देखा जाता है। पर्वत की चोटी में से धूंआ निकलता हुआ देख कर यह अनुमान किया जाता है कि पर्वत की चोटी पर अग्नि है। इस प्रकार के प्रमाण को अनुमान प्रमाण कहते हैं। कोई पुरुष अपने पिता को देखता है और दादा को नहीं देखता। किन्तु वह जानता है कि पिता का पिता अवश्य होना चाहिये क्योंकि कार्य बिना कारण नहीं होता। अगर घड़ा कार्य है तो उस को बनाने वाला कुम्हार कारण अवश्य होना चाहिये। अगर सुवर्ण का आभूषण रूप कार्य है तो उस का कारण सुवर्णकार अवश्य होना चाहिये। कार्य को देख कर कारण का निश्चय करना भी अनुमान प्रमाण है। शाब्द प्रमाण उसे कहते हैं जो शब्दों द्वारा पुस्तक वेद, स्मृति, इतिहास पुराण दर्शन, आदि पुस्तकों में लिखा हुआ होता है। इसे आम्नाय प्रमाण भी कहते हैं।

ईश्वर आंख, कान, नाक आदि ज्ञानेन्द्रियों से तो प्रत्यक्ष जाना नहीं जा सकता क्योंकि वह इन्द्रियों का विषय नहीं है, इसलिये वह 'अगोचर' या इन्द्रियों से पर कहलाता है। किन्तु वह मन, बुद्धि, चित्त, अहङ्कार नामक अन्दर की इन्द्रियों (अन्तः

करण) से जाना जा सकता है जिस से उस का प्रत्यक्ष अनुभव होता है। नीचे अनेक प्रमाणों में से पांच प्रत्यक्ष प्रमाण लिखे जाते हैं।

प्रत्यक्ष प्रमाण।

१ प्रथम प्रत्यक्ष प्रमाण--इस जगत् में प्रत्येक पुरुष कहता है कि यह "मैं" हूँ, यह 'मेरा' स्थूल शरीर है, यह 'मेरा' सूक्ष्म शरीर है, यह 'मेरा' मन है, यह 'मेरी' बुद्धि है, यह 'मेरा' चित्त है, यह 'मेरा' ज्ञान है, यह 'मेरी' आत्मा है। इन में जो "मैं" है, वही आत्मा वा परमात्मा अर्थात् ईश्वर है।

२ दूसरा प्रत्यक्ष प्रमाण--इसी प्रकार अन्नमय १, प्राणमय २, मनोमय ३, विज्ञानमय ४, आनन्दमय ५ इन पांच कोशों के विषय में प्रत्येक प्राणी कहता है कि यह 'मेरा' अन्नमय कोश वा शरीर है, यह 'मेरा' प्राण है, यह 'मेरा' मन है, यह 'मेरा' ज्ञान है, यह 'मेरा' आनन्द है। यह 'मेरा आनन्द' ही साक्षात् ईश्वर है।

३ तीसरा प्रत्यक्ष प्रमाण--सब देखते हैं कि यह जगत् है, यह आकाश है, यह सूर्य है, यह चन्द्रमा है, ये तारे हैं, यह अग्नि है, यह वायु है, यह जल है, यह पृथिवी है इत्यादि। इन सब में जो "है" है, वही आत्मा है। यह "है" ईश्वर का 'अस्ति' वा 'सत्' रूप है। इस सत्ता की प्रतीति जिस से होती है, वही ईश्वर है।

४. चौथा प्रत्यक्ष प्रमाण--इसी प्रकार प्रत्येक पुरुष यह जानता है कि आंख से रूप जाना जाता है, जीभ से रस जाना जाता है, नाक से गन्ध जाना जाता है, कान से शब्द जाना जाता है, चमड़ी से स्पर्श जाना जाता है। यह देखने वाला, छूने वाला सुनने वाला, सूंघने वाला, चखने वाला, मनन करने वाला,

जानने वाला, आदि ज्ञानवान् चेतन ही ईश्वर है। यह ईश्वर का 'ज्ञान वा सक्ति' अर्थात् 'चित्' स्वरूप है। सब प्रकार के ज्ञान की प्रतीति जिस से होती है वही ईश्वर है। सब पदार्थों का अनुभव करने वाला ईश्वर है।

५ पांचवां प्रत्यक्ष प्रमाण–इस जगत् में मनुष्य को सब से अधिक प्यारा अपना आत्मा ही है। अपना आत्मा पुत्र से प्रिय है, अपनी स्त्री से प्रिय है, धन से प्रिय है, अन से प्रिय है, जमीन से प्रिय है अर्थात् सब से प्रिय है। ये सब पुत्र, स्त्री, धन अन आदि अपने आत्मा के वास्ते प्रिय होते हैं। क्योंकि इन सब से सुख वा आनन्द का अनुभव होता है। यह ईश्वर का 'प्रिय वा आनन्द' रूप है। यह आनन्द ही ईश्वर है। जब कभी कोई बुद्धिवाली विचित्र बात सुनी जाती है तो पुरुष मात्र को आनन्द का अनुभव होता है। जिस को इस आनन्द का अनुभव होता है, वही ईश्वर है।

अनुमान प्रमाण।

१ प्रथम अनुमान प्रमाण–कारण बिना कार्य नहीं होता, यह एक नियम है। वैसे ही किसी भी कार्य का कोई न कोई कारण अवश्य होता है। जैसे मिट्टी के घड़े रूप कार्य को देख कर मनुष्य समझ जाता है कि इस का निमित्त कारण वा कर्ता कुम्हार है। कपड़े को देख कर यह अनुमान किया जाता है कि इस का बुनने वाला जुलाहा है, सोने के जेवर को देख कर लोग जान जाते हैं कि इस का घड़ने वाला सोनार है। इसी प्रकार इस जगत् रूप कार्य को देख कर बुद्धिमान लोग अनुमान कर लेते हैं कि इस का कर्ता परमात्मा है जो चेतन का भी चेतन, सब शक्तिमान, सब व्यापक और सर्वज्ञ है।

२ दूसरा अनुमान प्रमाण–कोई भी कार्य किसी प्रकार की

क्रिया वा हरकत वा प्रयत्न विना नहीं होता, और यह प्रयत्न चेतन विना होता नहीं। जैसे घड़े को बनाने के लिये कुम्हार क्रिया करता है, कपड़े को बुनने के लिये जुलाहा हरकत करता है, जेवर को घडने के लिये सोनार प्रयत्न करता है, वैसे इस जगत् को बनाने के लिये जो चेतन पुरुष प्रयत्न करता है, वही ईश्वर है। विना किसी चेतन के प्रयत्न के यह विचित्र जगत् अपने आप बन नहीं सकता। इस लिये इस जगत् की सृष्टि (रचना) के आरम्भ में जिसने इसे रचने का प्रयत्न किया है, वही ईश्वर है।

३. तीसरा अनुमान प्रमाण—कोई चीज विना किसी आधार वा आश्रय के टिक नहीं सकती। अगर कोई पक्षी अपनी चोंच में एक लकड़ी का टुकडा पकड कर आकाश मे उडता है और जब तक वह उसे पकड़े रहता है वह टुकडा नीचे नहीं गिरता। और जब वह पक्षी उस टुकड़े को छोड देता है तो वह नीचे आ पडता है। यह पकड़ने वा धारण करने का काम किसी चेतन और समर्थ पुरुष के विना हो नहीं सकता। जिस चेतन और सर्व समर्थ पुरुष ने इस इतने बड़े जगत् को धारण कर रखा है, वह ईश्वर है। यह पृथिवी किसी न किसी आधार पर टिकी हुई है, क्योंकि विना आधार के कोई चीज टिक नहीं सकती। इस से अनुमान होता है कि जिस के आधार पर यह पृथिवी टिकी हुई है, वह सर्व शक्तिमान् ईश्वर है।

४. चौथा अनुमान प्रमाण—कोई कार्य विना नियम के चल नहीं सकता। इन नियमों का बनाने वाला चेतन वो बुद्धिमान् पुरुष ही हो सकता है। जैसे किसी राज्य का प्रबन्ध करना हो तो राजा को उस के लिये कानून बनाना पड़ता है। उन कानूनों की पाबन्दी रखवाना भी उसी राजा का कार्य है। अगर कोई कानून

की पाबन्दी न रखे तो वह कानून तोड़ने वाले को दण्ड देता है। कानून के अनुसार चलने वाले को इनाम देता है। ऐसे राज्य का सुप्रबन्ध देख कर कोई पुरुष अनुमान लगा सकता है कि इस राज्य का शासक चतुर वा बुद्धिमान है। इसी प्रकार इस जगत् के नियमों को देख कर बुद्धिमान् पुरुष अनुमान करते हैं कि इन नियमों का बनाने वाला और सब को उन नियमों के अनुसार चलाने वाला चेतन, सर्वज्ञ, सर्व शक्तिमान् ईश्वर है। जैसे सूर्य का प्रतिदिन पूर्व में उदय होना, पश्चिम में अस्त होना, नियत समय पर ऋतुओं का बदलना, पानी का सदा नीचे की ओर बहना, वर्षा का मेघों के द्वारा बरसना, आम का बीज बोने से आम लगना और नीम का बीज बोने से नीम उगना आदि असंख्य नियमों का पालन देख कर यह अनुमान होता है कि इन सकल नियमों का बनाने वाला और इन का पालन करने वाला ईश्वर अवश्य है।

५ पांचवां अनुमान प्रमाण—किसी चीज़ को देख कर मनुष्य अनुमान करते हैं कि इस चीज़ का कोई न कोई स्वामी या मालिक अवश्य है। जैसे किसी ने एक घर को देखा तो वह घर को देख कर अवश्य जान जायगा कि इस घर का कोई न कोई मालिक अवश्य है। घर और घर का मालिक एक नहीं हो सकते, क्योंकि घर तो जड़ है और मालिक चेतन प्राणी होता है। जैसे इस जड़ शरीर का मालिक आत्मा है, वैसे इस जड़ जगत् का स्वामी चेतनों से भी चेतन परमात्मा है।

शब्द प्रमाण।

१ प्रथम शब्द प्रमाण—हिन्दुओं की क्या सब मनुष्य मात्र की सब से प्राचीन पुस्तक वेद है। उस में लिखा है कि परमेश्वर ने वेदों को बनाया, इस से सिद्ध होता है कि वेदों का बनाने

वाला परमात्मा है, इस के प्रमाण में यह श्रुति है कि

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दा ँसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥

अर्थ—उस सर्वहुत यज्ञ पुरुष से ऋग्वेद और सामवेद उत्पन्न हुए, उसी से छन्द उत्पन्न हुए और उसी से यजुर्वेद उत्पन्न हुआ। इस से भी ईश्वर की सिद्धि होती है।

वेद में लिखा है कि—

यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।

।—जो उस ब्रह्मा के लिये वेदों को प्रकाश करता है

स्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदो ङ्गिरसः।

अर्थ—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद—ये उस महान् के श्वास मात्र है।

इन से वेदों का बनाने वाला ईश्वर सिद्ध होता है।

२. दूसरा शब्द प्रमाण—वेद में लिखा है कि यह सब कुछ र ही है, उसी से सब यह उत्पन्न होता है, उसी में लय होता और उसी में चेष्टा करता है। इस के प्रमाण में यह श्रुति है—

सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत।

अर्थ—यह सब निश्चय ब्रह्म है, इसी से सब उत्पन्न होते हैं, इसी में लय होते हैं और इसी में चेष्टा करते हैं। इस लिये शान्त हो कर ब्रह्म की उपासना करे।

३. तीसरा शब्द प्रमाण—ईश्वर सब प्राणियों के हृदय में अंगूठे के परिमाण के समान सूक्ष्म रूप से विराजमान है, यथा—

(अ) अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति।
ईशानो भूतभव्यस्य न ततो विजुप्सते॥

अर्थ-अङ्गुष्ठ-मात्र पुरुष भूत, भविष्य, वर्धमान का ईश्वर शरीर के मध्य में स्थित है। उस को जान कर पुरुष फिर आत्मा की रक्षा करने की इच्छा नहीं करता।

(आ) अणोरणीयान्महतो महीयानस्मास्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्।
तमक्रतु' पश्यति वीतशोको धातुप्रसादान्महिमानमात्मन'॥

अर्थ-जो आत्मा सब सूक्ष्मों से भी सूक्ष्म, सब महानों से भी महान्, इस जीव की बुद्धिरूप गुफा में बैठा है, उस आत्मा की महिमा को निष्काम, शोकरहित मनुष्य निर्मल मन होने से देखता है।

(इ) ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन ! तिष्ठति।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥

अर्थ-हे अर्जुन ! ईश्वर चक्र पर चढ़े हुए समस्त प्राणियों को अपनी माया से घुमाता या चलाता हुआ सब जीवों के हृदय में विराजमान है।

४ चौथा शास्त्र प्रमाण-ईश्वर सब का स्वामी है।

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम्।
पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम्॥

अर्थ-उन ईश्वरों के भी परम ईश्वर, देवताओं के भी परम देव, पतियों के भी परम पति, भुवनों के ईश्वर, पूज्य देव को हम परम रूप से जानते हैं।

५ पांचवा शास्त्र प्रमाण-ईश्वर सर्व-व्यापक है—

(अ) नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं त[illegible] [illegible]ोनिं परिपश्यन्ति धीराः।

अर्थ-वह ईश्वर नित्य [illegible] सूक्ष्म और अव्यय है जिस भूतों [illegible]ं) के [illegible] धीर पुरुष देखते हैं।

(आ) एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा ।

अर्थ—एक देव सब भूत या प्राणियों में गुप्त (छुपा हुआ) है, सब में व्यापक है, सब भूतों का अन्तरात्मा है। जैसे दूध में घी, तिलो में तेल, काष्ठ में अग्नि, सोते में जल, मेंहदी में रंग छिपा हुआ रहता है, वैसे ही ईश्वर सब चीजों में छिपा हुआ है।

(इ) मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् ।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ॥

अर्थ—माया को प्रकृति जाने, माया वाले को महेश्वर जाने। इन दोनों के अवयव भूतों से यह सर्व जगत् व्याप्त है ।

इन सब प्रमाणों से सिद्ध होता है कि ईश्वर है । किन्तु इस का प्रत्यक्ष अनुभव तो उपासना, योग, भक्ति, ज्ञान आदि के द्वारा अपने आप को ही होता है, जिसे कोई भी पुरुष दूसरे को बता नहीं सकता । ईश्वर स्वयं बुद्धिगम्य है । प्रयत्न करने पर वह अपने आप प्रकट होजाता है । इन प्रमाणों का विस्तार देखना हो तो मेरी लिखी हुई "ईश्वर—सिद्धि" में देख लिया जावे जिस में ५१ प्रत्यक्ष, ५१ अनुमान और ५१ शाब्द प्रमाण, कुल १५३ प्रमाण, दिये गये हैं ।

इन प्रमाणों से यह कुछ अंश में सिद्ध होता है कि इस जगत् का रचने वाला, चलाने वाला और नाश करने वाला, सर्व-समर्थ, सर्व-शक्ति-शाली, चेतनों का भी चेतन, सर्व-व्यापक, सर्वाधार और सर्वज्ञ ईश्वर है, जो अपनी इच्छानुसार सभी कार्य करता है । इसका दृढ निश्चय हो जाने पर पुरुष की स्वतः प्रवृत्ति होती है कि उस परमात्मा का और उसकी अचिन्त्य शक्ति का साक्षात्कार करे। इस साक्षात्कार के प्रयत्नों को ही भगवान् की प्राप्ति के उपाय कहते हैं । ये उपाय अनेक प्रकार के हैं, क्योंकि प्रत्येक पुरुष के भाव भिन्न २ प्रकार के होते हैं । भगवान् भावगम्य ही हैं, क्योंकि—

ये यथा मां प्रपद्यन्तेस्तांस्तथैव भजाम्यहम् । –

अर्थ–जो पुरुष मुझ को जिस भाव से भजता है, मैं उस को उसी प्रकार से प्राप्त होता हूँ ।

इन नाना प्रकार के साधनों को निम्न विभागों में विभक्त किया जा सकता है। १ कर्म-प्रधान २ ज्ञान-प्रधान, ३ भक्ति-प्रधान, ४ प्रपत्ति-प्रधान, ५ गुरुकृपा-प्रधान और ६ ईश्वर-कृपा-प्रधान। इन का नीचे संक्षेप से वर्णन किया जाता है।

१ कर्म प्रधान-साधन ।

कर्म दो प्रकार के होते हैं, सकाम और निष्काम। किसी कामना या मनोरथ की सिद्धि के वास्ते जो कर्म किये जाते हैं वे सकाम कर्म कहलाते हैं और जो कर्म बिना किसी कामना के, उस के फल की इच्छा और आसक्ति का परित्याग कर, किये जाते हैं वे निष्काम कर्म कहलाते हैं। सकाम कर्म करने से मनुष्य का बन्धन होता है और निष्काम कर्म के करने से मुक्ति की प्राप्ति होती है। जनक आदि राजा निष्काम कर्म कर मोक्ष को प्राप्त हुए थे, यथा—

कर्मणैव संसिद्धिमास्थिता जनकादय । ३ । २०

अर्थ–जनक आदि पुरुष कर्म (निष्काम कर्म) करने से ही सिद्धि अर्थात् मोक्ष को प्राप्त हुए।

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर ।
असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः । ३ । १९ ।

अर्थ–इस लिये हे अर्जुन ! तू कर्तव्य कर्म (यज्ञ, दान और तप) को आसक्त न होकर कर, क्योंकि अनासक्त होकर कर्म को करता हुआ पुरुष परमात्मा को प्राप्त हो जाता है।

कर्म अनेक प्रकार के हैं जिन में भगवान् की प्राप्ति के

साधन रूप ये कर्म हैं:—यज्ञ, दान, तप, भगवन्नाम का भजन, शास्त्रोक्त सनातन वर्णाश्रम धर्मों का परिपालन, स्नान, सन्ध्या, जप, देवताओं की पूजा, तर्पण, वैश्वदेव, पञ्च-महायज्ञ, अग्निहोत्र, तीर्थ-यात्रा, श्राद्ध, एकादशी, जयन्ती-व्रत, कृच्छ्र-चान्द्रायण व्रत, यज्ञशेष वा भगवान् के भोग का प्रसाद, स्वाध्याय, वेद-पाठ, धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन, वेदान्त वाक्यों का श्रवण, मनन, निदिध्यासन, योग-साधन, सांख्य-योग, साधु-पुरुषों का सङ्ग वा सत्सङ्ग, गुरुशुश्रूषा, इष्टापूर्त, दक्षिणा, नियम, यम आदि आदि।

२. ज्ञान-प्रधान-साधन।

भगवान् के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करना इस लिये आवश्यक है कि ज्ञान विना परमात्मा में प्रेम नहीं हो सकता। यह परमात्मा का ज्ञान उस के प्रभाव के जानने से, सत्सङ्ग से, धार्मिक पुस्तकों के पढ़ने से, ईश्वर में पूर्ण श्रद्धा वा विश्वास रखने से और भगवान् का निरन्तर भजन करने से होता है। भगवान् के भजन के साथ भगवान् की किसी भी साकार मूर्ति का ध्यान किया जाय तो सिद्धि शीघ्र मिलती है, क्योंकि महर्षियों ने परमात्मा का साक्षात्कार ध्यान—योग के द्वारा ही किया था, यथा—

ते ध्यानयोगेनानुगता अपश्यन्देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः॥
(श्वेत १। ३)

अर्थ—उन ऋषियों ने ध्यान-योग के द्वारा गुणों से छिपी हुई परमात्मा की शक्ति को देखा। जो परमात्मा इकल्ला काल और आत्मा से युक्त समस्त कारणों का अधिष्ठाता है।

ईश्वर के स्वरूपों का वेद में अनेक प्रकार से वर्णन किया हुआ है, क्योंकि ईश्वर अनन्त-शक्ति-शाली, सर्व-व्यापक, सर्वान्तर्यामी, सर्वज्ञ, शुद्ध, बुद्ध, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, महान से भी महान्,

स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीरों से रहित, धर्माधर्मादि-रहित, सर्व-द्रष्टा, सर्वोत्कृष्ट, सनातन, स्वयम्भू, अनन्त मस्तक-हाथ-पैर-आंख वाला, पृथिवी पर सर्वत्र व्याप्त होकर रहने वाला, सत्य, ज्ञान, अनन्त रूप, सत्, चित्, आनन्द स्वरूप है। वही जगत् का उपादान-निमित्त-सहकारी कारण है। चर और अचर रूप अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड उसी के स्वरूप हैं और उसी के बनाये हुए हैं। वह गर्भरूप है और जगत् उस में प्रतिष्ठित है।

इस प्रकार के ज्ञान से पुरुष का भगवान् में प्रेम होता है, क्योंकि ज्ञान बिना प्रेम नहीं, प्रेम बिना भक्ति नहीं हो सकती। लौकिक में भी हम जिस पुरुष को नहीं पहचानते उस से हमारा प्रेम होना असम्भव है। जब किसी पुरुष से मेल मिलाप हो जाता है, उस के साथ रहने का अवसर आता रहता है तब हमें उस का ज्ञान होता है। ज्ञान की वृद्धि होते होते उस से प्रेम हो जाता है। इसी प्रकार प्रत्येक पुरुष को चाहिये कि वह भगवान् के प्रभावों का वर्णन सुने कथा सुने सत्सङ्ग करे, भगवन्नाम का जप करे, भगवान् के गुणों का श्रवण करे भगवान की अनन्त शक्ति, दया वात्सल्य पतित-पावन करने की उदारता आदि का मनन व निदिध्यासन करे, वेदान्त वाक्योंके श्रवण, मनन, निदिध्यासन द्वारा भी ज्ञान की प्राप्ति होती है जिस से किसी सद्गुरु की शरण में आकर उसकी शुश्रूषा-पूर्वक सङ्गति में रहे और उसके उपदेश के अनुसार चल कर अपने देह का कल्याण करे। केवल पुस्तकों के पढ़ने से सच्चा ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। उस से मनुष्य ज्ञान-प्राप्ति का अधिकारी अवश्य हो जाता है। फिर गुरु की शरण में आकर साधन में लगने से और प्रयत्न करने से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। सत्सङ्गति से भी ज्ञान की प्राप्ति हुई रखी [illegible]। ज्ञान बिना मुक्ति नहीं हो सकती। [illegible] कि–

ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः ।

अर्थ—ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं मिलती ।

३. भक्ति-प्रधान-साधन ।

भक्ति से तात्पर्य परमेश्वर के साथ प्रेम से है। नारद—सूत्र में लिखा है कि—

सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा ।२। अमृतस्वरूपा च ।३। यल्लब्ध्वा पुमान् सिद्धो भवति, अमृतो भवति, तृप्तो भवति ।४। यत्प्राप्य न किञ्चिद्वाञ्छति न शोचति न द्वेष्टि न रमते नोत्साही भवति ।५। यज्ज्ञात्वा मत्तो भवति स्तब्धो भवति आत्मारामो भवति ।६। सा न कामयमाना निरोधरूपत्वात् ।७।

अर्थ—वह (भक्ति) ईश्वर में परम प्रेम रूप वाली होती है। और वह अमृत स्वरूपिणी है । जिस (भक्ति) को प्राप्त कर पुरुष सिद्ध हो जाता है, अमर हो जाता है, तृप्त हो जाता है। जिस (भक्ति) को पाकर मनुष्य न तो किसी वस्तु की इच्छा करता है, न शोक करता है, न द्वेष करता है, न किसी में क्रीडा करता है वा आसक्त होता है और न (भोगों की ओर) उत्साह-युक्त होता है। जिस (भक्ति) को जान कर मनुष्य उन्मत्त हो जाता है, स्तब्ध वा शान्त हो जाता है और आत्माराम वा परमहंस हो जाता है। यह (भक्ति) कामना—युक्त नहीं होती, किन्तु निरोध रूप होती है अर्थात् भक्त लौकिक और वैदिक सब प्रकार के कर्मों का परित्याग कर भगवान् में अनन्य प्रेम करने लग जाता है। भगवान् में सम्पूर्ण प्रकार से प्रेम का नाम ही भक्ति है ।

यही बात महर्षि शाण्डिल्य ने अपने भक्ति—सूत्र में कही है—

सा परानुरक्तिरीश्वरे। तत्संस्थस्यामृतत्वोपदेशात् ।

अर्थ—वह (भक्ति) परमेश्वर में परम अनुराग वा प्रेम-रूपा

है। ऐसा कहा गया है कि उन (भगवान्) में चित्त लग जाने से जीव अमृतत्व को प्राप्त हो जाता है अर्थात् अमर हो जाता है।

ज्ञान की तरह भक्ति अभ्यास से प्राप्त नहीं की जा सकती। वेदवाक्य और गुरु के उपदेश पर विचार करने से मनुष्य ईश्वर सम्बन्धीय ज्ञान प्राप्त कर सकता है, परन्तु भक्ति इस प्रकार से प्राप्त की जाने वाली वस्तु नहीं है। भक्त का मन भगवान् के अनिर्वचनीय गुण, माहात्म्य, स्वरूप, प्रभाव आदि में से किसी में आकृष्ट हो कर भगवान् के अनन्य प्रेम में जब बन्ध जाता है, तभी भक्ति प्राप्त की जासकती है। तब भक्त के और भगवान् के बीच में कोई तीसरी वस्तु ही नहीं रहती, वे दोनों अभेद रूप से रहते हैं, यदि कुछ भी भेद है तो यही कि भक्त भगवान् का भजन करता है और भगवान् भक्त से भजन किये जाते हैं।

भक्ति के दो बड़े भेद हैं, यथा गौणी-भक्ति और परा-भक्ति। इन में से गौणी-भक्ति तो सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण के भेद से की जाने वाली तीन प्रकार की है। गौणी-भक्ति किसी इच्छा को मन में रख कर की जाती है, जिससे वह निकृष्ट मानी जाती है। आपदा से छूटने के लिये जो भक्ति की जाती है वह 'आर्त–भक्ति' है, जैसे गजेन्द्र, द्रौपदी आदि। भगवान् के तत्त्व को जानने के लिये जो भक्ति की जाती है वह 'जिज्ञासा–भक्ति' है, जैसे जनक, शुकदेवजी आदि। किसी मनोरथ या कामना की सिद्धि के लिये जो भक्ति की जाती है वह अर्थार्थि–भक्ति है, जैसे ध्रुव, सुग्रीव आदि। दूसरी पराभक्ति वह है जिस में कोई प्रकार की कामना नहीं होती और भक्त का मन भगवान् के प्रेम में स्वाभाविक ही मग्न हो जाता है। ज्ञानी–भक्त ही भगवान् का परम भक्त होता है, जैसे नारद, प्रह्लाद, आदि। परा–भक्ति ही उत्कृष्ट भक्ति है।

भगवान् को प्राप्त करने के उपायों में भक्ति ही सर्व-सुलभ उपाय है, क्योंकि इस में न तो विद्या की आवश्यकता है, न धन खर्च करना पडता है, न आचार-विचार रखने का बन्धन है, न वर्णाश्रम धर्मों के पालन की आवश्यकता है, न योगाभ्यास की कठिन चर्या है, न व्रत, तप, आदि की कठोरता है। श्रीकृष्ण भगवान् उद्धवजी को उपदेश देते स्वयं आज्ञा करते हैं कि—

न साधयति मां योगो न सांख्यं धर्म उद्धव !।
न स्वाध्यायस्तपस्त्यागो यथा भक्तिर्ममोर्जिता ॥ भा० ११।१४
भक्त्याहमेकया ग्राह्यः श्रद्धयात्मा प्रियः सताम्।
भक्तिः पुनाति मन्निष्ठा श्वपाकानपि सम्भवात् ॥
यथाग्निः सुसमृद्धार्चिः करोत्येधांसि भस्मसात्।
तथा मद्विषया भक्तिरुद्धवैनांसि कृत्स्नशः ॥
भा० ११।१४। १९-२१

अर्थ—हे उद्धव ! न तो योग—साधन, न सांख्य—ज्ञान, न वर्णाश्रम धर्मों का आचरण, न वेद—पाठ आदि स्वाध्याय, न तपस्या और न दान से मै प्राप्त किया जा सकता हूं जैसा मैं बढ़ी हुई भक्ति से प्राप्त होता हूं। सत्पुरुषों को प्रिय लगने वाला मैं श्रद्धा-वाली भक्ति से ही सुलभ हूं। मुझ में की गई भक्ति चाण्डाल आदि को भी अपनी जाति के दोप से पवित्र कर देती है। जैसे प्रज्वलित अग्नि काष्ठों के ढेर को भस्म कर देता है वैसे मेरी भक्ति सब पापों के ढेर को भस्म कर देती है।

यह प्रेम—रूपा भक्ति एक प्रकार की होने पर भी इस के अवान्तर भेद अनेक हैं जिन में से नारदजी ने निम्न ग्यारह भेद गिनाये हैं:—

१. गुणमाहात्म्यासक्ति—भगवान् के गुणों को सुन कर अथवा जान कर भगवान् में प्रेम करना, जैसे नारदजी, व्यासजी, परीक्षित् आदि।

२ रूपासक्ति–भगवान् का मनोहर रूप देख कर प्रेम करना, जैसे गोपियां, मिथिला के नर नारी, राजा जनक।

३ पूजासक्ति–भगवान् की पूजा में प्रेम करना, जैसे लक्ष्मी जी, पृथु राजा, उद्धवजी।

४ स्मरणासक्ति–भगवान् के नाम का स्मरण करने में प्रेम करना, जैसे प्रह्लाद, मीरांबाई, ध्रुवजी।

५ दास्यासक्ति–भगवान् का दास होकर प्रेम करना, जैसे हनुमानजी, विदुरजी, अक्रूरजी।

६ सख्यासक्ति–भगवान् का सखा या मित्र होकर प्रेम करना, जैसे अर्जुन, सुग्रीव, सुदामा।

७ कान्तासक्ति–भगवान् को अपना पति मान कर प्रेम करना, जैसे रुक्मिणी, राधा, गोपियां, पटरानियां।

८ वात्सल्यासक्ति–भगवान के 'अपने भक्तों पर कृपा करने के' गुण पर मोहित होकर प्रेम करना, जैसे दशरथजी, वसुदेवजी, नन्दजी।

९ निवेदनासक्ति–भगवान् को अपना सर्वस्व समर्पण कर उन से प्रेम करना, जैसे बलिराजा, विभीषण, अम्बरीष, हनुमानजी।

१० तन्मयासक्ति–भगवान् में तन्मय या एक-रूप होकर प्रेम करना, जैसे देवाधिदेव महादेवजी, शुकदेवजी, सनकादिक

११ विरहासक्ति–भगवान् का विरह असह्य मान कर प्रेम करना, जैसे गोपियां, उद्धवजी, पाण्डव आदि।

भगवान् की भक्ति की प्राप्ति के लिये किसी भक्त ने भगवान् से यही प्रार्थना की है कि—

नास्था धर्मे न वसुनिचये नैव कामोपभोगे
यद्भाव्यं तद्भवतु भगवन्! पूर्वकर्मानुरूपम्।

एतत्प्रार्थ्यं मम न बहुलं जन्मजन्मान्तरेषु
त्वत्पादाम्भोरुहमुपगता निश्चला भक्तिरस्तु ॥

जिस का निम्न पद्यानुवाद है:—

नहीं आस्था धर्म में है, नहीं धन के पुञ्ज में,
नहीं इच्छा काम में है, नहीं योग--निकुञ्ज में ।
लिखा प्राक्तन कर्म में जो, हो वही भगवन् ! यहां,
यही मेरी प्रार्थना है, जन्म मैं पाऊं जहां ।
आप का गुण-गान करके नाम—जप करता रहूं,
चरण—रज का दास बन कर, भक्ति—रस पीता रहूं ॥

भक्ति द्वारा भगवान् को प्राप्त करने के निम्न प्रधान साधन हैं:-

१. भगवान् के नाम का जप ।
२. भगवान् का भजन, कीर्तन ।
३. भगवान् की किसी भी मनोहर मूर्ति का ध्यान व चिन्तन ।
४. भगवान् के गुण, प्रभाव, माहात्म्य आदि का ज्ञान ।
५. भगवान् के साकार विग्रह की पूजा ।
६. भगवान् की कथा का सुनना ।
७. भगवान् की भक्ति वाले शास्त्रों का पठन, मनन करना ।
८. भगवान् की भक्ति की वृद्धि करने वाले [illegible] करना ।
९. भगवान् की भक्ति की साधना के [illegible] अहिंसा, सत्य, शौच, दया, आस्तिकता आदि [illegible] का [illegible] करना ।
१०. विषयों का त्याग और सङ्ग का [illegible] ।
११. अखण्ड भजन ।
१२. महापुरुषों की कृपा से भक्ति की [illegible] ।
१३. भगवान् की कृपा के अंश ([illegible] के [illegible] हैं लिये ऐसे कर्म करना जिससे भगवान् [illegible]

प्राणियों पर दया करना, सब प्राणियों का भला करना आदि।

१४ महात्मा, सन्त, साधु, ज्ञानी, भक्त पुरुषों का सङ्ग करना।

१५ वृथा समय न बिताना, श्वास श्वास में भगवान् का नाम स्मरण, ध्यान, चिन्तन आदि करना, कहा है कि–

श्वास श्वास में नाम जप, वृथा श्वास मत खोय।
ना जाने इस श्वास का, आना पुन ना होय॥

१६ भगवान् को घट घट में व्यापक समझ कर सब से मधुर प्रेमसहित आचरण या बरताव करना, गरीब की सहायता करना, रोगी की सुश्रूषा करना, आदि।

४ शरणागति प्रधान-साधन।

शरणागति शब्द का अर्थ है "भगवान् की अनन्य शरण ग्रहण करना" अर्थात् भगवान् के सिवाय किसी अन्य का कभी आश्रय न लेना। नारदजी ने लिखा है कि–

भक्ता एकान्तिनो मुख्याः। कण्ठावरोधरोमाञ्चाश्रुभिः परस्परं लपमाना पावयन्ति कुलानि पृथिवीं च। तीर्थीकुर्वन्ति तीर्थानि, सुकर्मीकुर्वन्ति कर्माणि, सच्छास्त्रीकुर्वन्ति शास्त्राणि। तन्मयाः। मोदन्ते पितरो नृत्यन्ति देवताः सनाथा चेयं भूर्भवति। यतस्तदीयाः।

अर्थ–एकान्त अर्थात् अनन्य भक्त ही श्रेष्ठ हैं, ऐसे अनन्य भक्त के कण्ठ का रुक आना, रोमाञ्च (पुलकावलि) हो आना, नेत्रों में से प्रेमाश्रुओं का बहना आदि से प्रेम घन परमात्मा के विषय में भक्त लोग आपस में सम्भाषण करते हैं। ऐसे भक्त अपने कुल को और पृथिवी को भी पवित्र करते हैं। ऐसे भक्त तीर्थों को सुतीर्थ, कर्मों को सुकर्म और शास्त्रों को सच्छास्त्र कर कर देते हैं क्योंकि वे तन्मय (भगवद्रूप) होते हैं। ऐसे भक्तों को देख कर पितर प्रसन्न होते हैं, देवता नाचते हैं और पृथिवी

सनाथा वा स्वामीवाली (धन्या) हो जाती है । क्योंकि भक्त उन (भगवान्) के ही हैं ।

परा-भक्तिवाला पुरुष ही शरणागति ग्रहण करता है । भगवान् को अपना सर्वस्व अर्पण कर देने का नाम ही शरणागति है । भगवान् को सर्वस्व अर्पण कर देने पर शरणागत भक्त को कुछ करना कराना नहीं पड़ता । उस का पालन, रक्षा, विघ्न-बाधाओं का हरण, रोगों से मुक्ति, पापों का नाश, प्रेम का प्राकट्य, विरह में व्याकुलता आदि सब कार्य स्वयं भगवान् ही करते हैं । शरणागत हो कर भक्त सब प्रकार की चिन्ताओं से मुक्त हो जाता है । श्रीकृष्ण भगवान् ने गीता में उपदेश दिया है कि-

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥ ८।२२
यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥ ६।३०
तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत ! ।
तत्प्रसादात्परां शान्ति स्थानं प्राप्स्यसि शाश्वतम् ॥ १८।६२
मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु ।
मामेवैष्यसि सत्यं ते प्रतिजाने प्रियोऽसि मे ॥ १८ । ६५
सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज ।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥ १८ । ६६

अर्थ-जो पुरुष मेरे सिवा किसी दूसरे का चिन्तन नहीं करते और केवल मेरी ही उपासना करते हैं उन सदा मुझ में परायण पुरुषों के योग (अप्राप्त वस्तु का प्राप्त करना) और क्षेम (प्राप्त वस्तु का रक्षण) मैं करता हूं । जो मेरा भक्त मुझ को तो सर्वत्र देखता है और सब को मुझ में देखता है, उस के पास से न तो मैं दूर रहता हूं और न वह मुझ से दूर रहता है । हे भारत !

उसी भगवान् की शरण में सर्व भाव से जा, उसी की कृपा से तू परम शान्ति को और सनातन पद (वैकुण्ठ) को प्राप्त हो जावेगा। तेरा मन मुझ में लगा, मेरी भक्ति कर, मेरी पूजा कर, मुझे नमस्कार कर, तू मुझ को ही प्राप्त हो जावेगा, मैं तुझ से सत्य प्रतिज्ञा करता हूं, क्योंकि तू मेरा प्रिय (सखा) है। सब धर्मों को छोड़ कर मुझ इकले की शरण में आजा, मैं तुझे सब पापों से छुड़ा दूंगा, तू शोक मत कर।

इस से बढ़ कर भगवान् की क्या प्रतिज्ञा हो सकती है? यदि कसर है तो केवल इसी बात की है कि मनुष्य भगवान् की शरण नहीं लेता। भगवच्छरण में आने पर किसी बात की कमी नहीं रहती। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामचन्द्रजी की यह प्रतिज्ञा है कि—

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ वा रा ६।१८।३३

अर्थ—जो पुरुष केवल एक बार " मैं आपका (आप की शरण में आया हुआ) हूँ " ऐसा कहता है तो उस शरणागत पुरुष को मैं सब प्राणियों से अभय-दान देता हूँ, यह मेरा प्रण है।

भगवान् की भक्ति का पर्यवसान शरणागति में ही होता है। शरणागति से भगवान् की प्राप्ति असन्दिग्ध हो जाती है। भगवान् का शरण ग्रहण करने वाले पुरुष को कुछ अन्य उपाय नहीं करना पड़ता।

५ गुरुकृपा प्रधान साधन।

गुरु शब्द का अर्थ है—जो अज्ञान का नाश करे और धर्म का उपदेश करे, वह गुरु होता है। मनुस्मृति में लिखा है कि—

निषेकादिकर्माणि यः करोति यथाविधि।
सम्भावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते ॥

अर्थ—जो विधि-पूर्वक वीर्य-सेक आदि कर्म करता है, अन्न से पोषण करता है, वह ब्राह्मण गुरु कहाता है।

इस से प्रथम गुरु संज्ञा तो पिता की है जो उस को जन्म देता है। दूसरा गुरु माता है जो उस का स्तन-पान, अन्न-प्राशन आदि से पालन करती है। ये दोनों माता-पिता ही बालपन में शिक्षा देने से शिक्षा-गुरु कहलाते हैं। इन के सिवाय

स गुरुर्यः क्रियां कृत्वा वेदमस्मै प्रयच्छति।

अर्थ—जो संस्कार करा कर वेद पढ़ाता है वह गुरु है। इस से अध्यापक वा आचार्य तीसरा गुरु है। माता, पिता, आचार्य ये तीन शिक्षा-गुरु होते हैं। अज्ञान का नाश करने और ज्ञान की वृद्धि करने के कारण ही शास्त्र में गुरु-महिमा लिखी गई है, यथा—

अज्ञानतिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

अर्थ—अज्ञान रूप अन्धकार वाले पुरुष के नेत्रों को ज्ञान रूप काजल की शलाका से जिस ने खोल दिया, उस गुरु को नमस्कार है। जिस से चर और अचर रूप समस्त ब्रह्माण्ड व्याप्त हो रहा है उस परमात्मा का स्थान जिस ने बता दिया, उस गुरु को नमस्कार है।

इन में से पहला तो शिक्षा-गुरु है और दूसरा दीक्षा-गुरु है जो ब्रह्म-ज्ञान द्वारा परमात्मा की प्राप्ति करा देता है।

श्रीकृष्ण भगवान् ने गुरु की महिमा की प्रशंसा की है, यथा—

नाहमिज्याप्रजातिभ्यां तपसोपशमेन वा।
तुष्येयं सर्वभूतात्मा गुरुशुश्रूषया यथा॥ भा० १०।८०।३४

अर्थ—यज्ञ, ब्रह्मचर्य, तप, इन्द्रियों के जय से सर्व भूतों का

आत्मा मैं ऐसा प्रसन्न नहीं होता हूँ जैसा गुरु की सेवा से सन्तुष्ट होता हूँ।

भगवान् कहते हैं कि पिता, माता, गुरु इन तीन प्रकार के गुरुजनों में से पहला गुरु तो पूज्य है, दूसरा मेरे समान पूज्य है और तीसरा गुरु तो मेरा ही स्वरूप है। इस मनुष्य जन्म में वर्णाश्रम धर्मों का पालन करने वाले जो पुरुष साक्षात् मेरे स्वरूप ज्ञान-प्रद गुरु के उपदेश से अनायास ही संसार रूप अपार सागर को तिर जाते हैं, उन्हें ही अपना प्रयोजन सिद्ध करने में चतुर समझना चाहिये। दीक्षा-गुरु को परमात्मा का स्वरूप समझ कर ही उसकी सेवा करनी चाहिये। दीक्षा का यह लक्षण है कि-

दीयते विमलं ज्ञानं क्षीयते कर्मवासना।
तेन दीक्षेति सा प्रोक्ता मुनिभिस्तत्वदर्शिभि ॥

अर्थ-जिस से निर्मल ज्ञान दिया जाता है और जिस से कर्मों की वासना का नाश होता है, इस लिये तत्वदर्शी मुनिलोग उसे दीक्षा कहते हैं।

गुरु-सेवा करने से गुरु-कृपा होती है, गुरु-कृपा से गुरु-दीक्षा होती है। गुरु-दीक्षा से ब्रह्म-ज्ञान के साधन का उपदेश होता है, उपदिष्ट-साधन के अभ्यास से परमात्मा की प्राप्ति होती है

६ ईश्वर-कृपा-प्रधान-साधन।

ईश्वर की कृपा बिना तो कुछ भी नहीं हो सकता। प्रथम तो गर्भवास में रखा, प्रसूति के दुःख से छुटकारा, शैशव अवस्था के रोग या आपत्तियाँ, उच्च कुल में जन्म, विद्या की प्राप्ति, गुरु की उपलब्धि आत्म-ज्ञान की इच्छा, अभ्यास का बन जाना, शरीर की स्वस्थता, अभ्यास में सफलता, कर्म-ज्ञान-भक्ति की प्राप्ति, आदि सभी कार्य भगवान् की कृपा बिना कुछ भी नहीं हो सकते। नारदजी स्पष्ट कहते हैं कि-

मुख्यतस्तु महत्कृपयैव भगवत्कृपालेशाद्वा। महत्सङ्गस्तु दुर्लभोऽगम्योऽमोघश्च। लभ्यतेऽपि तत्कृपयैव। तस्मिँस्तज्जने भेदाभावात्। तदेव साध्यतां तदेव साध्यताम्।

अर्थ-भक्ति की प्राप्ति का साधन मुख्यता से महापुरुषों की कृपा से अथवा भगवान् की कृपा के लेशमात्र से होता है। परन्तु महापुरुषों का सङ्गम दुर्लभ, अगम्य और अमोघ है। उस (भगवान्) की कृपा से ही महापुरुषों का सङ्ग मिलता है। क्योंकि भगवान् में और उन के भक्तों में भेद का अभाव है। इस लिये उस महत्सङ्ग की ही साधना करो, उसी की साधना करो।

वास्तव में महात्मा पुरुषों की कृपा और भगवत्कृपा एक ही वस्तु है। क्योंकि भगवान् की कृपा विना महात्मा मिलता नहीं और मिल जाय तो भगवान् की कृपा विना महात्मा की भी कृपा नही होती। और महात्मा की कृपा विना भगवान् के दर्शन नहीं हो सकते। किन्तु इन दोनों में मुख्य भगवान् की ही कृपा समझनी चाहिये। जडभरतजी ने राजा रहूगण को उपदेश देते यह स्पष्ट कहा है कि—

रहूगणैतत्तपसा न याति न चेज्यया निर्वपणाद् गृहाद्वा।
न छन्दसा नैव जलाग्निसूर्यैर्विना महत्पादरजोऽभिषेकात्॥

भा० ५।१२।१२

अर्थ—हे रहूगण! भक्ति की प्राप्ति न तो तपस्या से, न यज्ञ से, न घर छोड कर जाने (संन्यासी बनने) से, न वेद—पाठ से, न जल—दान (तर्पण) से, न अग्निहोत्र से, न सूर्योपस्थान वा सूर्य में बैठ कर तप करने से हो सकती है, किन्तु यह तो केवल महात्माओं की चरण-रज की सेवा से ही मिल सकती है।

भगवान् स्वयं फरमाते हैं कि—

नाहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद!॥

अर्थ—हे नारद! मैं न तो वैकुण्ठ में रहता हूँ और न योगियों के हृदय में रहता हूँ, किन्तु जहां मेरे भक्त भजन, कीर्तन करते हैं, वहां मैं रहता हूँ।

भगवान् का भजन कीर्तन करने वाले लोग ही महात्मा हुआ करते हैं। महात्मा के सङ्ग से मनुष्य का मन शुद्ध होजाता है, मन शुद्ध होने से ज्ञान या भक्ति की प्राप्ति और पुण्य का सञ्चय होता है। किन्तु इन सब का प्रधान कारण भगवान् की कृपा ही है।

इस कलियुग में तो भगवन्नाम-स्मरण से बढ़ कर कोई दूसरा साधन नहीं है। व्यासजी ने कलियुग में भगवत्प्राप्ति का मुख्य साधन भगवन्नाम का जप या कीर्तन को ही बताया है, यथा—

हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम्।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा॥

अर्थ—हरि भगवान् का नाम ही, नाम ही, केवल नाम ही मेरा सदा जीवन है। भगवन्नाम को छोड़ कर और कोई दूसरी गति या उपाय नहीं है।

इस का यह कारण है कि हरि भगवान् के नाम में इतनी शक्ति है कि वह जितने पाप पापी कर सकता है उस से अधिक पापों का नाश कर सकता है, यथा—

नाम्नोऽस्ति यावती शक्तिः पापनिर्हरणे हरेः।
तावत् कर्तुं न शक्नोति पातकं पातकी जनः॥

अर्थ—श्रीहरि भगवान् के नाम में पाप नाश करने की इतनी शक्ति है कि उतने पाप पापी लोग कर ही नहीं सकते। इसलिये

इस कलियुग में तो भगवन्नाम जप वा कीर्तन करना ही प्रधान साधन है ।

नामसङ्कीर्तनं यस्य सर्वपापप्रणाशनम् ।
प्रणामो दुःखशमनस्तं नमामि हरिं परम् ॥

अर्थ—जिन हरि भगवान् के नाम का कीर्तन सब पापों का नाश करने वाला है और जिन को किया हुआ प्रणाम दुःखों की शान्ति करने वाला है, उन सर्वश्रेष्ठ हरि भगवान् को मैं नमस्कार करता हूँ । ओम् शम् ॥

नारायणोत्तरपद—गोविन्देन सुधीमता ।
भगवत्प्राप्त्युपायोऽयं रचितः स्यात्सतां मुदे ॥

गोविन्द ।

॥ श्रीहरिः ॥

श्रद्धा के कुछ फूल।

राजस्थान की पवित्र भूमि हिन्दु जाति के लिये पवित्रमय तीर्थ-रूप है। अपने अमर साहित्य-अपनी वीर गाथायें-अपने महान्-बलिदान के कारण यह धन्य है। वहां का साहित्य राजपूत, वैश्य और शूद्रों के अपूर्व त्याग और रक्त से निर्माण हुआ है। यही कारण है कि उस में इतना ओज, इतना प्राण और इतनी संजीवनी शक्ति है।

राजपूताने के कवियों ने असंख्य ग्रन्थ लिखे हैं-वे सारे राजपूताने में बिखरे पड़े हैं। उन के संग्रह का कार्य बड़ा ही पवित्र एवं महान् है। जो विद्वान् इस साहित्य के किसी भी अंश के सम्बन्ध में कुछ भी कर रहे हैं, वे हमारी श्रद्धा के पात्र हैं।

'राजस्थान रिसर्च सोसाइटी' के कार्यों से मुझे राजस्थानी साहित्य के कुछ अमूल्य रत्न मिले। साहित्य भी मिला और साहित्यिक भी। पूज्यपाद पंडित रामकर्णजी आसोपा से परिचित होने का सौभाग्य भी सोसाइटी के कारण प्राप्त हुआ। डिंगल साहित्य के प्रति आप का अद्भुत अनुराग, आप का अप्रतिम ज्ञान देख कर चित्त को बड़ी शान्ति मिली।

पूज्य आसोपाजी कलकत्ता विश्वविद्यालय में पहले भी रह चुके थे। परन्तु उस समय परिचय ही नहीं था-नहीं तो क्या जाने और भी कितने ही हीरे उन से परखने का सौभाग्य होता। पर इस बार के मिलन ने जगाजी खिड़िया द्वारा रचे हुए जो कवित्त सोसाइटी के संग्रह में थे-उन का जौहर आप के द्वारा सामने आया। इन कवित्तों ने आज तक मेरे हृदय पर अपनी

छाप लगा रखी है। जब जब जगाजी के कवित्त पढ़ता हूँ तब तब आसोपाजी को श्रद्धा के साथ याद कर लेता हूँ। ये कवित्त राजस्थानी साहित्य में एक अपूर्व वस्तु है।

पूज्य आसोपाजी का अभिनन्दन राजस्थानी साहित्य संसार कर रहा है, इस से बढ़ कर खुशी की बात और क्या होगी? उन्हों ने अपने इस दीर्घकाल में साहित्य और अन्वेषण के संबंध में जो कुछ किया है, वह महान् है। सैकड़ों अपठनीय शिलालेखों को पढ़ने में उन्हों ने अपनी रातें बिताई हैं। डिंगल साहित्य के हीरों को परखने में अपने समय और शरीर दोनों की आहुतियें प्रदान की हैं।

संस्कृत साहित्य पर तो आप का असीम अधिकार है। राजपूताने में आप के जैसा विद्वान्—संस्कृत साहित्य से परिचित—शायद ही प्राप्त हो सके। इतना ही नहीं, इस बीसवीं सदी में भी आप ने संस्कृत में एक महाकाव्य का निर्माण किया है। इस महाकाव्य में राठोड़ों के राज्य जोधपुर का विस्तृत इतिहास है। परन्तु, यह ग्रन्थ भी अभी तक अप्रकाशित है। इस के अतिरिक्त इन के अनेकों ग्रन्थ अप्रकाशित रूप में इन के पास हैं। क्या ही अच्छा होता कि 'आसोपा अभिनन्दन समिति' अभिनन्दन ग्रन्थ के साथ साथ इन के समस्त ग्रथों के प्रकाशन की चेष्टा करती।

राजस्थान का यह दधीचि साहित्य के एक महान् कार्य में अब तक लगा था। वह कार्य था 'डिंगल कोश का निर्माण'। डिंगल भाषा दुरूह है। सर्व साधारण जनता उसे समझ नहीं सकती। उस के कोश का निर्माण होना बहुत ही आवश्यक कार्य है। पूज्य आसोपाजी ने अपना बहुतसा समय इस महान् कार्य में लगाया है। क्या ही सुन्दर होता कि राजस्थानी साहित्य संसार उन की इस अमर कृति को उन के जीवनकाल में ही

प्रकाशित कर उन की आत्मा को सतोष प्रदान करता ।

पर समय बलवान है। समय जो कुछ करवाता है, उस में मनुष्य का बस नहीं। पर यह काम अब ठीक समय पर कर देने का ही है। इस से राजस्थानी के कितने ही हीरों के लिए कसौटी तैयार हो जायगी। इस अभिनन्दनोत्सव के साथ मेरे जैसा राजस्थानी साहित्य का अनभिज्ञ व्यक्ति उन का क्या अभिनन्दन करे? मैं तो राजस्थानी साहित्य का एक तुच्छ पुजारी हूँ। इन महर्षियों से जो कुछ फूल कभी मिल जाते हैं, उन्हें मेरे आंखों पर चढ़ा लेता हूँ। इस अभिनन्दन ग्रन्थ में अपनी ओर से मैं पूज्य आसोपाजी के चरण कमलों में अपनी श्रद्धा के ये ही फूल भेंट करता हूँ और उस परम पिता परमात्मा से प्रार्थना भी है कि, वह डिंगलकोश को प्रकाशित कराने के लिए आसोपाजी को हमारे बीच में रहने की शक्ति प्रदान करे।

रामदेव चोखानी

श्रद्धांजलि

अयन्तु ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः ।
नास्ति येषां यशःकाये जरामरणजं भयम् ॥

हरे भरे लहलहाते सघन वृक्ष की छाया में बैठ कर किस श्रान्त पथिक का चित्त प्रसन्न नहीं हो जाता। परन्तु बहुत कम लोग होंगे जिन्होंने वृक्ष के पीछे छिपे हुए बीज के त्याग का स्मरण किया होगा। बीज नष्ट होकर वृक्ष को जन्म देता है। वह अपनी सत्ता का विकास पत्ती-शाखा-फल-फूल के रूप में

करता है। यही उस का त्याग है, यही उस का परिचय। श्रद्धेय पण्डित रामकर्णजी आसोपा राजस्थानी साहित्य के उन संस्थापकों अथवा उन्नायकों में से हैं, जिन्होंने कई वर्षों पहले राजस्थानी साहित्य के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया था। उस जमाने में राजस्थानी साहित्य को बहुत कम महत्व दिया जाता था। पण्डित जी ने अपनी मूक साधना से जो दीपक जलाया था, आज उस का प्रकाश देश के कोने कोने में जगमगा उठा है। राजस्थानी साहित्य की उत्तमता की ओर हिन्दी और इतर भाषाभाषी प्रान्तों के सामन्तों और सहृदय विद्वानों की दृष्टि अब जाने लगी है। यह क्या कम गौरव की बात है। हाल ही में शान्तिनिकेतन के हिन्दी-भवन की स्थापना के उपलक्ष में कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राजस्थानीय साहित्य के विषय में गौरव पूर्ण उद्गार प्रकट किये हैं—

" कुछ समय पहले कलकत्ते में मेरे कुछ राजस्थानी मित्रों ने रण-सम्बन्धी कुछ राजस्थानी गीत सुनाये। मैं तो उन को सुन कर मुग्ध होगया। उन गीतों में कितनी सरसता, सहृदयता और भावुकता है! वे लोगों के स्वाभाविक उद्गार हैं। मैं तो उन को सन्तसाहित्य से भी उत्कृष्ट समझता हूँ। क्या ही अच्छा हो, अगर वे गीत प्रकाशित किये जॉय। वे गीत संस्था के किसी भी साहित्य और भाषा का गौरव बढा सकते हैं। ईश्वर ने चाहा तो मैं उन को शान्तिनिकेतन के हिन्दी-भवन द्वारा प्रकाशित कराऊँगा। "

" मैं हिन्दी-भवन को प्राचीन हिन्दी-साहित्य की खोज बीन का एक जीवित केन्द्र बनाना चाहता हूँ। उदाहरणार्थ राजस्थानी साहित्य को भारत की जनता के सामने लाने की मैं हिन्दी-भवन द्वारा पूर्ण कोशिश करूँगा। "

ये हैं विश्वकवि के उद्गार। इसी प्रकार राजस्थानी साहित्य के अन्यान्य मर्मज्ञों और अन्वेषकों ने भी यदाकदा अपने उद्गार एवं उद्गार प्रकट किये हैं। पाश्चात्य देशों तक में हमारे साहित्य का मुक्तकण्ठ से स्वागत हुआ है। कर्नल टाड और डाक्टर टैसी टोरी तो इस के गुणों पर मुग्ध ही थे और उन्हों ने अपने जीवन का बहुमूल्य भाग इस साहित्य के अनुशीलन और प्रकाशन में लगाया। रोम विश्वविद्यालय के डाक्टर तूची तथा लण्डन स्कूल आफ ओरियण्टल स्टडीज़ के श्री ग्राहम बेली भी इस साहित्य की उत्कृष्टता से आकर्षित हुए। इधर देश में भिन्न भिन्न प्रान्त-भाषाओं के साहित्य-सामन्तों ने भी राजस्थानी के ओजस्वी साहित्य की प्रशंसा की है। बङ्गाल में सर आशुतोष मुकर्जी और श्री विधुशेखर भट्टाचार्य और गुजराती के स्वर्गीय श्री केशव हर्षद ध्रुव तथा श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई आदि महोदय इस साहित्य के गुणों पर रीझ गये। बङ्गाल की रायल एशियाटिक सोसाइटी, काशी की श्री नागरी प्रचारिणी सभा, प्रयाग की हिन्दुस्तानी एकेडेमी, गुजरात की वर्नाक्युलर सोसाइटी तथा शान्तिनिकेतन के हिन्दी-भवन ने इस साहित्य को अपनाया है और इस के प्रकाशन तथा अनुसंधान के लिए ये सभी सचेष्ट हैं। सारांश, वर्तमान काल में राजस्थानी साहित्य की पुनरुद्धार भावना का देश विदेश में सर्वत्र स्वागत हो रहा है।

राजस्थानी के इस अभ्युदय और पुनरुत्थान काल में यदि हम उन शीर्षस्थ सामन्तों की स्वार्थहीन साधना और सात्त्विक त्याग को भूल जाय जिन्हों ने अनवरत प्रयास और अध्यवसाय पूर्वक इस अमर साहित्य के उत्थान और विकास के अवरुद्ध मार्गों को खोला है तो हम जैसा कृतघ्न कोई न होगा? अब तक स्वयं राजस्थानी अपने साहित्य-साधकों और सामन्तों का आदर

करना नहीं सीखेंगे, तब तक संसार के अन्य लोग तथा अन्य साहित्य उन के साहित्य का विशेष आदर नहीं करेंगे। जिस साहित्य में महामहोपाध्याय डाक्टर गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा और इतिहासरत्न श्री. आसोपाजी जैसे विश्रुत साहित्य महारथी मौजूद हैं और जिसे देशभक्त सेठ जमनालाल बजाज तथा श्री बिड़ला बन्धुओं जैसे संरक्षक और मनस्वी हितचिन्तक प्राप्त हैं, जिस का देशप्रेम देशी राज्यों के प्रतापी नरेशों के हृदय में तरङ्गित होता रहा है, उसे मार्गप्रदर्शन संरक्षक और संगठन की क्या कमी होनी चाहिए? परन्तु यदि आज हमसे कोई पूछे कि राजस्थान के साहित्य और इतिहास की निस्वार्थ सेवा करने वाले इन वृद्ध तपस्वियों और अद्वितीय विद्वानों का राजस्थान वासियों ने अब तक क्या सन्मान किया, तो उत्तर देते हुए संकोच होता है। माना कि रातदिन अपनी निस्वार्थ साधना की लगन में रहने वाले विद्वान पुरस्कार और सम्मान की वांछा नहीं रखते, परन्तु समाज का भी उन के प्रति कोई विशिष्ट धर्म होता है। हमारा तो विचार है कि जिस प्रकार महाराष्ट्र की उस महान साहित्य-विभूति के नाम से "भण्डारकर रिचर्स इन्स्टीटयूट" अमर स्मारक प्रतिष्ठित है, उसी प्रकार हमारे राजस्थानी सामन्तों के संस्मरण में भी-ओझा-खोज परिषद, आसोपा अन्वेषण इन्स्टीटयुट मुंशी देवीप्रसाद इतिहास परिषद, तथा पुरोहित हरिनारायण-संत-साहित्य-मण्डल स्थापित होने चाहिए। और भी अच्छा होगा यदि ये संस्थाएं इन सामन्तों के जीवनकाल में इन का आशीर्वाद और मार्गप्रदर्शन प्राप्त कर सकें।

महामहोपाध्याय डाक्टर गौरिशङ्कर हीराचन्द ओझा, स्वर्गीय मुंशी देवीप्रसादजी, कविराजा स्यामलदास, पं० रामकर्णजी आसोपा, पु० हरिनारायणजी, दीवान बहादुर हरविलास सारडा,

श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ, आदि आदि राजस्थानी के पुनरुत्थान युग के संचालक एवं संरक्षक हैं, जिनके मार्गप्रदर्शन में अनेक उत्साही विद्वान् साहित्य सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ते आये हैं और बढ़े जा रहे हैं, जिनके साधना-प्रदीप से उत्तरवर्ती साहित्यसेवियों ने अपनी प्रतिभा के दीये जलाये हैं। ये महानुभाव हमारी संस्कृति साहित्य और इतिहास के प्रकाशवाहक (Torch-dearars) हैं, अग्रणी (Pioneers) हैं और इसी गौरव के अनुकूल हमें उनका उचित सम्मान करना चाहिए। कृतज्ञता की भेंट ही सर्वोत्तम भेंट होती है, जिसे अर्पित करके हम शिष्य भाव से उनके प्रदर्शित मार्ग पर चलने के अधिकारी बन सकते हैं।

राजस्थानी साहित्य के महत्व पर विचार करने का यह अवसर नहीं है, उसे तो सब कोई स्वीकार करते हैं। इस समय की सब से बड़ी आवश्यकता यह है कि हम उस प्राचीन और ओजस्वी साहित्य के प्रकाशन और अनुसंधान में तत्परता के साथ लग जायें। हमारे अग्रणी सामन्तों का आशीर्वाद हमारे साथ है और गुणग्राही साहित्य-संसार उसे ग्रहण करने को उत्सुक है। तो हमें चाहिए ही क्या ! छिन्न भिन्न प्रयासों के संगठन और केन्द्रीकरण की सब से बड़ी आवश्यकता है। हम देखते यह हैं कि राजस्थान के भिन्न भिन्न भागों में खोज और साहित्य निर्माण का कार्य तत्परता के साथ जारी है। परन्तु खेद इस बात का है कि जोधपुर के साहित्यिकों को बीकानेर के अन्वेषकों का सहयोग प्राप्त नहीं है। नतीजा यह होता है कि स्थानीय उद्योग स्थानीय सीमा तक ही परिसीमित रह जाता है और सहयोग रूपी जल के अभाव में उस पौधे की यथेष्ट वृद्धि नहीं हो पाती। समन्वय (Co-ordination) के अभाव में हमारा विशृङ्खल प्रयास प्रायः प्रभावहीन ही रह जाता है। हमारे प्रान्त में साधन

और उत्साह की कमी नहीं है, धन की प्रचुरता है, परन्तु कमी है संगठन और केन्द्रीकरण की। साहित्यिक उर्वरता में राजस्थान किसी प्रान्त से पिछड़ा हुवा नहीं, इस में अत्युक्ति नहीं है। यदि साहित्यिक खोज का संगठित प्रयास किया जाय, तो राजस्थान में इतनी उच्च कोटि का और इतने प्रचुर परिमाण में साहित्य हाथ लग जाता है कि उसके प्रकाश में आने पर मातृभाषा हिन्दी का मुकुट जगमगा उठे और भाषाएँ दांतों तले उँगली दबा कर आश्चर्य-चकित हो जाँय।

श्रद्धेय पं० रामकर्णजी आसोपा की साहित्य साधना के विषय में दो शब्द कहना आवश्यक है। किसी भी गौरवशील साहित्य की स्थायी स्थापना के लिए उस साहित्य और भाषा के उत्तम व्याकरण, व्यापक शब्दकोष और उसकी साहित्य-गरिमा के परिचायक 'साहित्य के इतिहास' की सब से बड़ी आवश्यकता होती है। आसोपाजी ने अपनी साधना में इस त्रिमुखी योजना का उपक्रम वर्षों पहले कर दिया था। उन्होंने सर्व प्रथम राजस्थानी का संक्षिप्त व्याकरण लिखा, जिस के आधार पर बृहत् व्याकरण की रचना करना उन के भविष्य का स्वप्न था। राजस्थानी डिंगल शब्द-कोष के निर्माण-कार्य में भी पिछले कई वर्षों से वे लगे हुए थे और इस कार्य में उन्हें मारवाड़ राज्य के भूतपूर्व प्रधान मंत्री सर सुखदेवप्रसाद का प्रोत्साहन भी मिला अब रही साहित्य के इतिहास की बात। वह भी उनके लक्ष्य के अन्तर्गत था, सवाल केवल समय और अवकाश का है। क्या हम आशा करें कि पण्डितजी की वृद्धावस्था में उनके इस महान् कार्य में राजस्थानी के अन्य सेवक और उत्साही विद्वान् हाथ बॅटावेंगे और उन के लक्ष्य को उन के सामने ही सम्पन्न करके दिखावेंगे। वास्तव में, हमारे लिए उन के कार्य को सम्पन्न करना

ही उन के प्रति समुचित श्रद्धांजलि भेंट करना होगा। यही कृतज्ञता प्रकाशन का सर्वोत्तम मार्ग है। कलकत्ता विश्वविद्यालय में राजस्थानी इतिहास के व्याख्याता रह कर भी आसोपाजी ने राजस्थान की जो सेवा की है उस से हम उऋण नहीं हो सकते। हमारा कर्तव्य तो केवल यही रह जाता है हम उन के दिखाये हुए मार्ग पर निश्चित सङ्कल्प के साथ क्रियाशील बन रहें। यही आशीर्वाद हम उन से चाहते हैं।

सूर्यकरण पारिक

॥ श्री ॥

पण्डितजी के कुछ गुणों का उल्लेख।

सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन करने पर प्रतीत हुआ है कि धन दाता के द्रव्य से विद्यादाता के द्रव्य का फल अधिक, अनुपम और सुखतर है। उन दाताओं की स्तुति और प्रशंसा कितनी ज्यादा है, उसकी अनुमान से ही कल्पना की जा सकती है। सत्य उदारता वस्तुतः विद्यादान की ही है।

ऐसे दाता महानुभाव, महामहोपाध्यायक, विद्वद्वर पण्डित आसोपा के नाम से कोई ही शिक्षित इस मरु प्रान्त में अपरिचित होगा। प्रकृत्या आप पाठक के लक्षणों से विभूषित हैं। निर्दिष्ट है कि शिक्षा के फल का आधार शिक्षक के प्रभाव और संस्कार पर है। जिस शिक्षा से शिष्य की उस विषय में अभिरुचि उत्पन्न हो ऐसी शिक्षा के दाता को संसारी शिक्षक कह सकते हैं। गुरु में उन विषयों का सम्पूर्ण ज्ञान होना भी आवश्यक लक्षण है। ऐसे गुणों से समन्वित आप व्याकरण, साहित्य, इतिहास आदि अनेक विषयों के ज्ञाता हैं। उतना ही नहीं किन्तु मन, मन से

पवित्र सरस्वती देवी की सेवा उन्होंने अनेक ग्रन्थ लिखकर की है, और इस तरह आपने साहित्य क्षेत्र को समृद्ध बनाया है कि उस दान के उपकार को कोई भी शिक्षित मरुदेशवासी भूल नहीं सकता।

अजराऽमरवत्प्राज्ञो, विद्यामर्थञ्च चिन्तयेत्।
गृहीत इव केशेषु, मृत्युना धर्ममाचरेत्॥ १॥

इस नीति को आपने चरितार्थ कर दिखाया है। शान्ति, सुशीलता, अक्रोध, सौम्यचित्त, दृढव्रत आदि ब्रह्मकाय लक्षणों का पालन करने के लिए प्रथम से ही आपने लेखन कार्य सम्पादन किया है। किन्तु हर्ष है कि इन के ज्ञान भण्डार में "इति" शब्द नहीं है। विद्या और अर्थ आप के मन ब्रह्म हैं, और आप उसकी समाप्ति करके सन्तुष्ट बनना नहीं चाहते, मानो कि आयु अनन्त है, देह जर्जरावस्था रहित है, मर्त्य अमर्त्य है, इन सूत्रों पर जीवन निर्भर करके आप ने विद्या को अपना ध्येय बना कर अपना जीवन समूल्य करके जगत् को नवीन साहित्य की भेंट की है। और भी:—

कान् पृच्छामः सुराः स्वर्गे, निवसामो वयं भुवि।
किं वा काव्यरसः स्वादुः, किं वा स्वादीयसी सुधा॥

हम किन को पूछें कि अधिक स्वादुतर क्या है? काव्य रस या अमृत? देव स्वर्ग में रहते हैं और हम पृथ्वी पर। अमृत रस स्वर्ग में है और काव्य रस पृथ्वी पर। दोनों का मुकाबिला कैसे करें? परन्तु यह निर्विवाद बात है कि काव्यरस दाता कवि उच्चतम मनुष्य होकर बहु गौरवशाली और सुप्रतिष्ठित व्यक्ति है। आसोपाजी ने ऐसे कवि पद को विराजित करके कई काव्य-मालाएँ बनाई हैं इतनी विद्वत्ता और कवित्व होने पर भी आप अतिशीतल स्वभाव के हैं।

मुझे आपके साथ काम करने का सौभाग्य नीमाज का इतिहास लिखने के समय हुआ। मुझे इस बात को देखकर विस्मय हुआ कि आप उत्तरावस्था में होने पर भी आप अपने कार्य में उत्साह सम्पन्न, अदीर्घसूत्री और साहसी हैं।

धन्य हैं ऐसे सुरम्यमूर्ति, विद्या-भास्कर कि जिन्होंने अपना जीवन सफल करके देश और जाति को धन्यवादास्पद बनाया है। हम आप के इन गुणों और लक्षणों को उद्दिष्ट कर आप को हार्दिक अभिनन्दन देते हैं और परमात्मा से प्रार्थी हैं कि आप स्वस्थ रह कर शतायु हों।

आपका शुभाकांक्षी—
शिवशक्तिराय मिश्र,
मुन्सिपल आफिसर, नींवाज
(मारवाड़)

पण्डितजी का गुणानुवाद।

(by Pandit Indra Raj Acharya B A
Teacher D H. School, Jodhpur)

विद्वत्ता—

पूज्यपाद श्रद्धेय विद्वद्रत्न पण्डितप्रवर श्रीमान् रामकर्णजी महापुरुष हैं। गीर्वाणवाणी (संस्कृत) भाषा के आप पूर्ण पारंगत विद्वान् हैं। व्याकरण, न्याय, साहित्य, ज्योतिष, वैद्यक, धर्मशास्त्र, इतिहास आदि भिन्न भिन्न विषयों के वेत्ता हैं। आधुनिक काल के इतिहासज्ञों में आपका मुख्य स्थान है। आपने कई प्रकार के प्राचीन लेखों व शिला लेखों का, जो संस्कृत, प्राकृत और डिंगल आदि के पृथक् पृथक् क्लिष्ट शब्दों में लिखे गये थे और जो

दीर्घकाल से जीर्ण होने के कारण अस्पष्ट व क्षताक्षर होगये थे और अर्थहीन मालूम होते थे, पुनः संशोधन किया और पश्चात् उनका नूतनभाषा में अनुवाद किया सो मानों मृतक विद्या को पुनर्जीवित किया। इस प्रकार के अनुवाद आपने केवल जोधपुर गवर्नमेन्ट के आर्चियोलौजिकल डिपार्टमैन्ट में ही नहीं किये हैं, अपितु कलकत्ता नगर के प्रधान इतिहास विभाग में भी विशेष श्लाघनीय रीति से किये हैं, जिससे वहां के विभाग ने सहर्ष आपको प्रशंसापत्र और रुचिकर पारितोषिक प्रदान किया। निस्सन्देह इस प्रकार के चमत्कार से भारत के सुप्रसिद्ध विद्वानों में आपकी गणना हुई और मरुभूमि का मान बढ़ा कि उसके दुलारे लाल ने दूध लज्जित नहीं किया है।

धर्मनिष्ठा—

आप धर्मप्राण, अजातशत्रु, त्रिगुणातीत, शान्तमूर्ति, सौजन्यस्वरूप, न्यायनिष्णात, कर्मनिष्ठ, उत्साही, प्रेमी, परिश्रमी और निष्कपट महान् व्यक्ति हैं। कलिकाल में बुझती हुई दीपक की लौ को पुनः संजीवन करने के लिये आप अचूक भिषज हैं। जोधपुरीय सनातन धर्म की संस्था के एक मात्र स्तंभ हैं। आपकी अलौकिक मल्लिनाथ की सी सद्धर्म की सरल रूप की टीका टिप्पणियों ने नास्तिक पुरुषों को भी आस्तिकता में परिवर्तन कर दिया है। धार्मिक आदि विषयों में छात्रों को निःशुल्क विद्यादान देने में आपने कभी किसी प्रकार की कमी नहीं रक्खी है। आपका प्रतिदिन नित्य नियम का पालन करना इस वार्द्धक्य पूर्ण अवस्था में श्रमित्व का आदर्श प्रकट करता है। सच्चे ब्राह्मणपन के लक्षण आप में विद्यमान हैं, आपको छूआछूत का इतना पूर्ण ध्येय है कि साधारण जगह के जल तक का भी प्रयोग नहीं करते हैं। आप जैसे सच्चे धर्मपरायण, सत्यशील,

धर्मनिष्ठ, आदर्श पुरुष इस कराल कलिकाल में विरले ही रह गये हैं।

सुशीलता—

गीता की दृष्टि से पण्डितजी का जीवन सफल समझना चाहिये क्योंकि उन्होंने तन, मन, धन और निःस्वार्थ भाव से मरुधरा की सेवा की, संस्कृत साहित्य को लोकप्रिय किया और उसका प्रचार किया। आपके अनुकरणीय मानवीय गुण सर्वजन विदित हैं। आप उदार, सरल, निरभिमानी, सुशील, धर्मनिष्ठ और परिश्रमी हैं। आप आदर्श अध्यापक, आदर्श पण्डित और सनातनी हैं। माननीय धर्मप्राण पण्डितजी ने लोकप्रिय की सतत और हार्दिक लगन से प्रेरित होकर भव्य भारती माता संस्कृत की वाधक्यावस्था में भी सेवा की है और अनेक विद्याओं में पारंगत हैं। आपने "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन", "सर्वभूतहिते रताः" इत्यादि आदर्शता को चरितार्थ कर दिखाया है। आप विद्वान् होने पर भी नम्र हैं और आपका चित्त विशुद्ध ज्ञान और धर्मोन्नति में सदा रमा रहता है। आप अपना विशेष काल परोपकार में व्यतीत करते हैं। सरल जीवन और उच्च विचार ही आपका ध्येय है। आपमें सहनशीलता गुण विद्यमान है। आप सरल प्रकृतिवाले, मृदुभाषी व उच्च विचारशील हैं।

पाठकवृन्द! आप स्वयं विचार कर सकते हैं कि जो व्यक्ति इस प्रकार का अद्वितीय विद्वान्, धर्मनिष्ठ, सदाचारी और परोपकारी हो, वह निःसंदेह आदर्श पुरुष है और उसका जीवन सदा अनुकरणीय और नाम स्वर्णाक्षरों में अङ्कित करने के योग्य है।

॥ श्री ॥

श्री "व्रजनिधि"—भक्त कविवर

महाराजा सवाई प्रतापसिंहजी

(लेखक—पुरोहित श्री हरिनारायण बी. ए विद्याभूषण)

सवाई जयपुराधीश महाराजाधिराज राजराजेन्द्र श्री सवाई प्रतापसिंहजी देव राजा होकर भी एक बड़े भगवद्भक्त और सुकवि होगये हैं। उन ही के उत्तम साहित्य कार्य और काव्यरचना पर थोड़ासा लिख कर हम पाठकों का कुछ मनोरञ्जन करके अपने आप को धन्य बनाते हैं।

महाराजा प्रतापसिंहजी महाराजा माधवसिंहजी प्रथम के पुत्र, और महाराजा सवाई जयसिंहजी के पौत्र थे, जो कछवाहा क्षत्रिय वंश ही में नहीं भारत के उस समय के सर्व क्षत्रियवर्ग में धर्म-विद्या-नीति और शासनविधान में बहुत प्रसिद्ध और योग्य गिने गये हैं।

प्रतापसिंहजी का जन्म जयपुर में वि० सं० १८२१ में हुआ था। इन से बड़े पृथ्वीसिंहजी थे। माधवसिंहजी के स्वर्गवास करने पर पृथ्वीसिंहजी वि०सं० १८२४ में पांच ही वर्ष की अवस्था में गद्दी बैठे थे। परन्तु वि० सं० १८३५ में वे देवलोक चले गये तब प्रतापसिंहजी गद्दी बैठे। उस समय प्रतापसिंहजी १५ वर्ष के थे। परन्तु बाल्यावस्था ही से विद्याभ्यासी, चातुर्यप्रेमी, सुशील, भगवत्प्रेमी और सुविज्ञ थे। उनकी, हिन्दी, संस्कृत दोनों भाषाओं के काव्यों, व उस जमाने की उर्दू (हिन्दवी) और कुछ पंजाबी तथा व्रज भाषा में, अच्छी रुचि थी। महाराजा ने अनेक पंडितों और कवियों तथा गायकों व भक्तों आदि से काव्य और गायन सीखा था। इनके पिता महाराजा माधवसिंहजी परमवैष्णव थे। वल्लभसम्प्रदाय, निम्बार्क सम्प्रदाय तथा रामानुजीय श्री

सम्प्रदाय आदि के महात्मा, पंडित, आचारी, भक्त, कवि आदि का सत्सङ्ग रहा। भगवत्सेवा और भक्तिभाव का अभ्यास तब ही से लगा। और अपने दादा सवाई जयसिंहजी के समय के बचे हुए पण्डितों की अब भी कमी नहीं थी। तथा इन के पिता महाराजा माधवसिंहजी भी पण्डित प्रेमी थे। इस से विद्वानों, कवियों और सब प्रकार के गुणियों की किसी प्रकार न्यूनता नहीं थी। इस कारण महाराजा प्रतापसिंहजी को विद्या प्राप्त करने में बहुत ही अच्छा अवसर मिला। महाराज ने काव्य के उत्तम २ रीतिग्रंथ, अलङ्कारग्रंथ और नृत्यगीतवादित्र आदि के बड़े २ आचार्य गुणी और विशारद पुरुषों का सत्सङ्ग भली भांति से रक्खा। कवि, पण्डित, गुणी, शूरवीर आदिक पुरुषों का इतना जमघट होता चला गया कि एक २ प्रकरण और विद्या के पुरुषों की बाईसी बना दी गई। यथा—(१) कवी बाईसी, (२) गांधर्व बाईसी, (३) पंडित बाईसी, (४) वैद्य बाईसी, (५) भक्त बाईसी, (६) वीर बाईसी इत्यादि संख्या के विशारदों का बाहुल्य था। इस प्रकार गुणियों का समूह जिस के पास रहे उस राजा के समीप गुणों और विद्याओं का क्या ठिकाना रहे। महाराजा प्रतापसिंहजी का जमाना राजस्थान में एक प्रशंसनीय समय रहा है। महाराजा सवाई जयसिंहजी से लगा कर प्रतापसिंहजी तक बराबर न्यूनाधिकता के साथ, जयपुर की राज सभा परम सुशोभित ही रही। इतने पण्डित, कवि और गुणी इस राजपूताने में अन्य किसी रियासत में रहे हों यह बात ढूंढने की अपेक्षा रखती है। तभी तो जयपुर को छोटी काशी और छोटी दिल्ली कहा गया।

महाराजा प्रतापसिंहजी परम भगवद्भक्त थे। श्री गोविन्द देवजी महाराज उन के परम इष्टदेव थे। कहते हैं श्री गोविन्द

देवजी बाल-स्वरूप से दर्शन देते थे और अभीष्ट सिद्धि प्रदान करते थे। उन के कई एक पदों से भी यह बात स्पष्ट होती है। यथा:-१ आजु मैं आंखियन को फल पायो...हरिपदसंग्रह पृ. २६४
(२) अब जीवन को सब फल पायो.. ··उक्त पृ. २३५
(३) फ़रजन्द नन्दजी का वह सांवला सलोना...रे. सं. पृ. ३३३
(४) गुल दावदी बहार बीच यार खुश खडा था...उक्त पृ. ३७२*
इत्यादि बीसों पद आदि से अपरोक्षानुभूति और भगवत्कृपा विदित होती है। यह दर्शन किसी अपराध से बन्द हो गये तब "ब्रजनिधि" जी का मन्दिर बनवा कर श्री ब्रजनिधि के दर्शन और भक्ति करने की भगवदाज्ञा मिली थी। "ब्रजनिधि" यह काव्योपनाम तक भी भगवान् का प्रदान किया हुआ था। यथा-
(१) अब तो दरस दीजे, जो इनायत किया है "ब्रजनिधि" नाम ॥१९५॥ (हरिपद संग्रह)।
(२) धन्यौ "ब्रजनिधि" नाम तो अब लीजिये चित चोरी॥१६५॥ (हरिपद संग्रह)

महाराजा प्रतापसिंहजी "ब्रजनिधि" श्री गोविन्ददेवजी के मन्दिर तक चन्द्रमहल (अपने निवास के भवन) से, कनक दण्डवत् करते जाते थे। और रास्ते में गद्दे आगे २ बिछते चले जाते थे। आप के अस्वस्थ होजाने और युद्धों आदि में बाहिर जाने पर पुरोहित, जो भक्त और कृपापात्र थे, इस कनक दण्डवत् का काम करते थे। यह सेवा कनक दण्डवत् की अब भी पुरोहित ही करते हैं, बन्द नहीं हुई है। यह पाठकों को ज्ञात ही होगा कि जयपुर के राजा तो श्री गोविन्ददेवजी हैं और जयपुर के राजा श्रीजी के दीवान मात्र ही हैं, जैसे उदयपुर में श्री एकलिङ्ग

* ये पृष्ठ "ब्रजनिधि ग्रंथावली" के हैं। यह काशी नागरी प्रचारिणी सभा से छपी है (लेखक)

महाप्रभुजी है। इस ही कारण राज्य के फरमानों में "श्रीदीवान वचनात्" ऐसा प्रारम्भ में लिखा जाता है।

जैसे महाराज के पिता माधोसिंहजी परमवैष्णव थे वैसे ही प्रतापसिंहजी ("ब्रजनिधि" जी) भी परमवैष्णव थे। इन के साम्प्रदायिक गुरु श्री जगन्नाथजी भट्ट सुप्रसिद्ध "वंशीअलिजी" थे। वंशीअलीजी बड़े सुरस सत्कवि थे। श्री लाडलीजी के मंदिर के ये गुसाईं भी थे। अपने गुरु की प्रशंसा और स्तुति में "ब्रजनिधि" जी ने कई पद और छन्द कहे हैं। यथा—

(पद)

(१) मैं कहा कहा अब कृपा तुम्हारी।
मोहि कृपा करि गुरु मैं पाये, "जगन्नाथ" अधहारी॥
जातें मेरी लगन लगी है, ताको हुत लिलारी।
"ब्रजनिधि" राज सांवरो छैला ताको दियो चकारी॥१०१)
(हरिपद संग्रह)

(कवित्त)

(२) सोभित उदार

भवनिधि तारन को भट्ट जगन्नाथ भए,
इहि कलि माहि सुक मुनि के स्वरूप हैं॥ २८॥
(हरिपद संग्रह)

वंशीअलीजी की कविता का उदाहरण। यथा—

"कैधौं बनवास धाम राम मास मास पाइ,
कैधौं एकांत मांत पदहि पद लीनो है।
कधौं जप तप प्रत तीरथ व्रत समाधि,
आसन हुतासन को करि तनु छीनो है॥
कैधौं विधि करि हरि पूजे बनमाली आली,
याते याहि अधर सुधा को वास दीनो है।

निसिदिन रहत अधर कर पर अरी,
वंसी मन-मोहन की कौन पुन्य कीनौ है " ॥१४१॥
" सीस पर सोहत अमित दुति चंद्रिका की,
वानिक रह्यौ है वनि ललित ललाट कौ ।
राजत उदार उर पर वनमाल लाल,
कटितट सकत पिछौरा पीतपट कौ ॥
गजगति ऐवौ वर वांसुरी वजैवो मृदु,
मुसुकि चितैवो चित चेटक उचाट कौ ।
नैननि निहारि सुधिहारी या विहारी छवि,
तवतैं न मेरो मन घरकौ न घाटकौ " ॥ १४२ ॥
(हरिपद संग्रह)

इन वंसीअलीजी के अनेक उत्तम शिष्य हुए हैं। उनमें एक " किसोरीअली " वड़े भारी भक्त और अच्छे कवि थे। उन की वहुतसी कविताएँ " हरिपद संग्रह " नाम के संग्रह में है। उदाहरणार्थ एक यहां देते हैं। यथाः—

"आस यहै जिय लागी रही, मोहि दासी करो निज कुँजगली की ।
रैन दिना वसिकै व्रनराज में, सेवा करूँ वृषभानुलली की ॥
साथनि ह्वै ललिता गहि हाथनि, केलि लखौं कव रंगरली की ।
रावरो रूप कवै दरसाइहौ, जीवनमूरि "किसोरीअली" की ॥२९॥
(हरिपद संग्रह)

" व्रजनिधि " जी ने वाईस ग्रन्थ रचे थे, किसी के मत से पच्चीस ऐसा विख्यात है । उनमें सव से वड़ा ग्रन्थ " व्रजनिधि-मुक्तावली " है, जिसमें ५००० पांच हजार से भी वहुत अधिक पद, भजन, प्रवन्ध; ख्याल, टप्पा. रेखता, छन्द, गीत आदिक हैं । यह ग्रन्थ पूर्ण तो महाराजा के पोथीखाने में है । परन्तु इस में के वहुत से पद-वाहर व्रजाजनों में, भक्तजनों में और गायकों

में प्रचलित हैं। कई लोगों के पास खर्रे वा पोथियों में भी हैं। इन में के कई सौ पद "ब्रजनिधि ग्रंथावली" में प्रकाशित हुए हैं। जो ग्रंथ अब तक जाने गये हैं उनकी नामावली नीचे दी जाती है—

(१) प्रीतिलता	(१२) नीति मञ्जरी।
(२) सनेह संग्राम।	(१३) सिंगार मंजरी।
(३) फागरङ्ग—।	(१४) वैराग मंजरी।
(४) प्रेम प्रकाश।	(१५) प्रीति पचीसी।
(५) बिरह सलिता।	(१६) प्रेम पन्थ।
(६) सनेह बहार।	(१७) ब्रज सिंगार।
(७) मुरली बिहार।	(१८) दुःख हरन बेली।
(८) रमक झमक पचीसी।	(१९) सोरठ ख्याल।
(९) रास का रेखता।	(२०) ब्रजनिधि पद संग्रह।
(१०) सुहाग रैनि।	(२१) हरिपद संग्रह।
(११) रङ्ग चौपड़।	(२२) रेखता संग्रह।

"ब्रजनिधि मुक्तावली" का नाम ऊपर आही चुका। रचना में पदों की संख्या सब से अधिक है। "ब्रजनिधि" जी की कविता बहुत सरस, भावभरी, भक्तिभरी, आनंदमयी, जिस में अटल अनन्य भगवद्भक्ति, प्रभुप्रेम, राधामाधव में अनन्य सद्भाव और अभिरुचि, सबे गहरे हरिपदपङ्कज मधु-पीयूष-पानलालसा-वांछा मधुर की तरंगों से भरी हुई दीप्तिमान, आद्योपान्त शांत रस उपशम आध्यात्मिक शृंगाररस, राधागोविंदलीला की ललित लावण्यमय सुरुचि-रचना, गंभीर, धीमी, मनुहार, लीला सौलित तरङ्गरङ्गउमंग मनामुग्धकारी बिहारी बिहार की न्यारी मज़ावट लिए हुए चतुराई से भरी हुई महाराज की कविता राजराजेश्वर ब्रजभाषाभिमानदिनी, रास-कविता है। रस, अलङ्कार,

छन्द और रागरङ्गरंजन तथा काव्यकलाप के अनेक प्रकारों से गुम्फित सद्भावभरी चटकीली, नुकीली, रसीली बनावटें इस में विद्यमान हैं। राजपूताने के राजस्वी शासक महज्जनों में नागरीदासजी, यशवन्तसिंहजी, मानसिंहजी, बुधसिंहजी आदि कवि बड़े नामी गिरामी हुए हैं। परन्तु महाराजा प्रतापसिंहजी "व्रजनिधि" जी की अनन्यभावुकता और राधागोविन्दप्रेम, शरणागति और तल्लीनता से भरी कविता अन्य किसी की हो तो सहज ही बताई जाने मे कठिनता ही प्रतीत होगी। इस बात का निश्चय वा निर्णय, उनकी कविताओं के अध्ययन और परस्पर के मिलान और तुलना से, इस काम के अभ्यस्त सिद्धहस्त जौंहरी लोगों द्वारा ही सम्भव है। हमारी शक्ति की इतनी पहुँच कहां कि इस महती क्रियाकलाप के काण्ड में पदार्पण कर सकें।

उपरोक्त ग्रन्थों में से एक २ उदाहरण दे देते हैं जिस से पाठकों को रसास्वादन और चाशनी किंचित् मिल जायगी। अधिक आनन्द तो ग्रन्थों के पठन पाठन श्रवण मनन ही से प्राप्त हो सकता है।

(१) "व्रजनिधि मुक्तावली" से:—

राग सोरठ ख्याल तिताला।

"प्यारो लागैरी गोविन्द।
केसरिया फैंटो सिर सोहै, माथे पर मृगमद को विंद ॥
नवघनश्याम मदनमद मर्दन, दुखमोचन लोचन अरविंद ॥
"व्रजनिधि" छैल छबीले मुखपर, वारों कोटि सरद के इंद ॥४९॥

(२) "प्रीतिलता" से:—

"परसनि सरसनि अङ्ग की, हुलसनि हिय दुहुँ ओर।
नैन बैन अङ्ग माधुरी, लए चित्त बिन चोर ॥ ६७ ॥

निपट विकट जे सुटि रहे, मो मन कपट कपाट।
अब खुलैं तब आप ही, दरसैं रस की बाट " ॥ ७० ॥

३) " सनेह संग्राम " से—
" राध सज्यो गुमानगढ़, रूपी रूप की फौज।
ताकि ताकि चोटैं करत, उदभट सुभट मनोज ॥
उदभट सुभट मनोज औज अपनौ बिसतारयो।
" ब्रजनिधि " बुद्धिनिधान करन्द अवसान संवारयो ॥
सन मुख दियो सुरङ्ग उड़े पत-पाहन आवे।
निकसी खोलि किंवारी रारि करबा की राध " ॥ २४ ॥

४) " फागरङ्ग " से—
" विधि वेद भेद न बतावत अखिल विस्व,
　　　पुरुष पुरान आप धार्यौ कैसो स्वाङ्गवर।
कइलास वासी उमा करत खवासी दासी,
　　　मुक्ति तजि कासी नाच्यौ रार्च्यौ कैयो राग पर॥
निजलोक छांड्यौ " ब्रजनिधि " आन्यौ ब्रजनिधि,
　　　रङ्ग रस बोरी सी किसोरी अनुराग पर।
ब्रह्मलोक वारौं पुनि शिवलोक वारौं और,
　　　विष्णुलोक वारि डारौं होरि ब्रजफाग पर " ॥४७॥

५) " प्रेम प्रकाश " से—
" प्रीतम तुमरे हेत, लेत न तजि हैं प्रीति कौं।
प्रान काढि किन लेत, तजि हैं पै मजिये नहीं " ॥ ४४ ॥

६) " बिरह सलिता " से—
" जीवन सखी दे आवौ, अमृत अधर का प्यावौ।
रङ्ग सङ्ग अङ्ग मिलावौ, जियदान मों दिवावौ " ॥ ४८ ॥

७) " स्नेह बहार " से—
" और इश्क सब जिस्क है, सम्फ स्याल के फन्द।
सदा मन रहा रहे, इश्क राधे ब्रजचन्द " ॥ ३९ ॥

(८) " मुरली विहार " सेः—

" जोग ध्यान जप तप करैं, नहिं पावत यह थान।
अधर मधुर अमृत चुवन, सोहि करत है पान " ॥ २९ ॥

(९) " रकम झमक बत्तीसी " सेः—

" बानी सी बानी सुनी, बानी बारह देह।
बनी बनी सी पै बनी, नजर बना की नेह " ॥ २१ ॥

(१०) " रास का रेखता " सेः—

" घूमिरि लेत घूमि घूमि अधर लेत चूमैं।
मधुर रस को लूमि लूमि परम्पर हि झूमैं " ॥
एक ही सरूप दोऊ भेद नां दुह में।
सोभा भई अपार आज, देखि ब्रज की भू मै " ॥ १२ ॥

(११) " सुहाग रैनि " सेः

" नवल विहारी नवल तिय, नवलकुँज रस केल।
सब निसि सुरत सुहाग मिलि, दम्पति आनन्द रेल" ॥३॥

(१२) " रङ्ग चौपड़ " सेः—

" खेल न लागे प्यार सौं, प्यारी पिया प्रसन्न।
बाजी समुझत परसपर, धन्य भाग है धन्य " ॥ ९ ॥

(१३) " नीति मंजरी " सेः—

" सब ग्रंथन को सार, मधुर बानी जिनके मुख।
नित प्रति विद्या देत, सुजस को पूरि रह्यो सुख ॥
ऐसे कवि जहँ बसत, रहत निरधनता क्यों अति।
राजा नांहि प्रवीन, भई याही ते यह गति ॥
वे हैं विवेक संपति सहित, सब पुरपन में अति हि वर।
घटि कियौ रतन को मोल, जिहिं वहै जौंहरी कूरनर " ॥७॥

(१४) " सिङ्गार मंजरी " सेः—

" पण्डित जन जब तब कहत, तिय तजिवे की बात।
बकत वृथा बकवाद वह, तजी नैंक नहिं जात ॥

तजी नैंक नाहिं जाव, गात छवि कनक बरन बर।
कमल पत्र सम नैन, बैन बोलत अमृत झर॥
सोहत मुख मृदुहास, अङ्ग आभूषण मंडित।
ऐसी तिय को तजे, कौन धौं ऐसो पंडित"॥ ६॥

(१५) "वैराग मंजरी" से —

"जौं लौं देह निरोग, और जौं लौं न जरा तन।
अरु जौं लौं बलवान, आयु अरु इंद्रिन के गन॥
तौ लौं निज कल्याण, करनकौं जतन उचारत।
यह पंडित बड़ धीर, बीर जो प्रथम बिचारत॥
फिरि होत कहा जरजर भए, जप तप संजम नहिं बनत।
भभकाय उठ्यौ निज भवन जब, तब का हो कूपहि खनत"॥८०॥

(१६) "प्रीतिपचीसी" से—

"आयो हो अक्रूर सो तौ महा मतिक्रूर हुतो,
आँखिनि में धूरि दैके करदीनो परदे।
अब तुम आए ऊधो जोग सोग रोग लाए,
त्याग। अमाए अब काहि कौजु बरदे॥
"ब्रजनिधि' कही सोतौ सबै बतिं सुनीं हम,
हम कहैं सोमी तू धरम काज करदे।
पंचागनि कहा मार्य पंचबान हमैं दाधे,
हृदै बदरद होय अग्नि मांझ धरदे"॥ २०॥

(१७) "प्रेमपथ" से—

"अपत कहा पहिचानि हैं, "पता" पत की बात।
आलिंगे जिनके हिय, प्रेम भक्ति दरसात'॥ २७॥

(१८) "ब्रज सिंगार" से—

"छबिकी छटा है बरी रंग की अटा है सखि,
मदन छटा है सो बिलास बलि कंद है।

जगमग दिवारी है कि दामिनी उज्यारी है कि,
देवता संवारी है कि मंद हास पंद है॥
"व्रजनिधि" जूकी प्यारी लली वृषभानुवारी,
सोभा की सरित मानौं अद्भुत छंद है।
रूप है अगाधे चितवनि दृग आधे साधे,
राधे मुखचंद को चकोर व्रजचंद है"॥ २३॥

(१९) "व्रजनिधि मुक्तावली" से:—

(राग सोरठ तिताला)

"कैसे कटै री दइया परवत सम री रतियां।
घन गरजत अति चपला चमकत, बरषत झर जियपर इह घतियां॥
सुरत दिखावत पीय पपीहा, मारत मदन वदन कों कतियां॥
"व्रजनिधि" विन छिन नाहीं जीवन, दारचों ज्यों दरकत हैं छतियां॥"

(अन्य सोरठा तिताला जयपुरी बोली में)

थांकी कांनी थे जावो जी (कन्हैया) ओगण म्हांका मत देखो।
अधम उधारन बिड़द रावरो, जीं ने जी में नींका पेखो।
अधमी छां म्हे नहीं जी ठिकाणूं, थां विन कुण पर करां परेखो॥
"व्रजनिधि" म्हांने थांका कहे छै, भीड करो छो राज ग्यो कुण लेखो"

(२०) "व्रजनिधि पदसंग्रह" से:—

बिलावल धीमा तिताल।

"चक्र विलोकनि हिये अरीरी॥
जबतें दृष्टि परे मनमोहन, लोक लाज कुलकानि टरीगी।
दिन नहिं चैन रैन नाहिं निद्रा, नां जानों विधि कहा करीरी।
ह्वै निसंक "व्रजनिधि" सों मिलिहौं, सो वह ह्वै है कौन घरीरी"

(२१) "हरिपद संग्रह" से:—

पद। झझोटी

"जिन के श्रीगोविन्द सहाई, तिन के चिन्ता करै बलाई।
मनवांछित सब होंहि मनोरथ, सुख-सम्पति सरसाई॥ टेर॥

ब्यापत नाहिं ताप तिहिं सीना, कीरति परम समाई ।
नष्ट होहिं सब् भय तिनके, उर आनन्द बधाई ॥ १ ॥
भूमि भंडार विभव कम्बन मणि, रिद्धि सिद्धि समुदाई ।
जोइ जोइ चहै लहै सोइ सोई, त्रिभुवन विदित बड़ाई ॥ २ ॥
विमल भक्ति अनुराग निरंतर अधिक अधिक अधिकाई ।
करुनासिंधु कृपाल करहिं नित सब " ब्रजनिधि" मनभाई ॥ ३ ॥

(२२) " रखता संग्रह " से:—

रेखता (कालिंगड़ा)

" इस दर्द की दवाइ कहां कोई हकीम पास ।
जो आइ नब्ज स्पर्श सो छोड़ता है आस ॥ १ ॥
यह इश्क बदबला है जिसको लगी है आन ।
तिसको न चसता है कोई भला अहान ॥ २ ॥
महबूब की जुदाइ मुझ से सही न जाय ।
यह मजे है अनोखा किस से कहूं सुनाय ॥ ३ ॥
जब से नजर पड़ा है " ब्रजनिधि " सलौना स्याम ॥
तब से नहीं रहा है मुझ को, किसी से काम " ॥४ ॥१०८॥

" हरिपद संग्रह " से

(भ य) रेखता (राग खमाच)

" सुन्दर सुघर सलौना मोहन, मनमोहन यह हुस्न उजारा ।
खूबी भुव सुमार चश्म में अजब मजा दिलदार पियारा ॥ १ ॥
सिर फबि पेंचा जर अंबरा तुरा धर इक मुजरा ।
जग अमर जगमगरा जाहर, बदन पड़ा इक भजरा ॥ २ ॥
नीमा अजरा नक्श सुसेरता, मदन गद कर लीना ।
नूपुर सनाद सादस रख मन को, कमाद अजब दख कीना ॥३॥
कम्बन बूँटी चमक अंगूठी, भूषन सुघरी समर्क ।
जिन उसका दीदार लिया है और कहूँ नहिं रमके ॥ ४ "

उस बिन छिन कल नाहिं न रहती कहो मैं कैसे जीया ।
चरण कमल मकरंद मधुप हो, परस सरस रस पीया ॥ ५ ॥
ताले वहाल उसीदे हैंगे, कदम जिन्हों यह छींया ।
"ब्रजनिधि" पर मैं फिदा होय के, नजराने सिर दीया" ॥६॥
(रेखता संग्रह ॥७४॥)

(२३) "सोरठ ख्याल" से:—
"अरि यह लालन ललित त्रिभंगी । ब्रजराज कुंवर नवरंगी ॥१॥
"ब्रजनिधि" द्यो फगुवा रंगी । वारौं मैं कोटि अनंगी ॥ १७ ॥
(यह क्षुद्र प्रबंध फाग का है ।)

"ब्रजनिधि" जी के पदों की लावण्यता तो उनकी गायनोपयोगी रचनाओं से देखी समझी जा सकती है। और उनके कवित्त, छप्पय, दोहा, सोरठा, कुंडलिया आदि छंदों में जो काव्य है वह उनके ग्रंथों से पृथक् करके रक्खा जाय तो उसका आस्वादन निराला ही है। यहां ऐसा कर दिखाने का न तो स्थान ही है और न अवसर। इसे, हमारे निहोरे से, पाठक "ब्रजनिधि ग्रंथावली" के अंतर्गत ग्रंथों को पढ़ कर कर सकैंगे तो एक पदार्थ बनैगा।

कविता-काल ।

"ब्रजनिधि" जी की कविताओं का रचना काल, उनके ग्रंथों के अंत में दिये हुए संवतादि से. संवत् विक्रमी १८४८ से १८५३ तक का, मिलता है। जन्म संवत् १८२१ के विचारने से २७ वर्ष की उम्र से कविता का आरंभ और ५–६ वर्ष तक होता रहना ही दिखाई देता है। परन्तु ऐसा नहीं है। उनकी कविता का आरंभ बहुत पहिले से हो चुका था। वे कोई १२–१३ वर्ष के थे तबही से। और स्वर्गवास के समय (सं० १८६०) तक चलता रहा। काव्यप्रवाह कभी रुका नहीं था। चाहे कुछ प्राप्त

ग्रंथों में ये संवत् मिलते हैं। परंतु इनसे ऐसा कोई निर्णय नहीं किया जा सकता। हम उनके कविता काल को सं० १८३३ से १८६० तक मानते हैं। अपनी रुग्णावस्था में पद और दोहे कहे हैं व स्पष्ट ही पीछे की रचनाएं हैं। इनमें से "हरिपद संग्रह," "ब्रजनिधिपद संग्रह" और ब्रजनिधि मुक्तावली' आदि में हैं। कई रेखते भी बहुत पीछे रचे हैं॥

भाषा और रचना।

"ब्रजनिधि' जी की रचनाऐं प्रायः ब्रजभाषा में हैं। अनेक पदादि शुद्ध जयपुरी (ढूंढाहड़ी) बोली में भी हैं। रखते खड़ी उस समय की "उर्दू रखता" में हैं। कई पद पंजाबी भाषा में भी हैं। संस्कृत की शुद्ध रचना हमें प्राप्त नहीं हुई। वैसे वे संस्कृत के पंडित थे, फ़ारसी भी कुछ जानते थे।

काव्य-रचना सरस, सरल, मनोमुग्ध-कारिणी, सद्भावना के भावों से भरी हुई है। अन्य कवियों की तरह खेंचातान ऐसी नहीं है कि जो भाषा के रूप को विकृत करें। यमक और तुकांत का मयत्न तो प्रचुरता से प्रगट ही है। अलंकारों को बनाकर या खींच कर लाने की चेष्टा नहीं है, तब भी स्थान २ में अलंकार चमक रहे हैं। राजाओं के अलंकारों का क्या पार हो सकता है! रस तो शांत, शृंगार करुण और कुछ २ रौद्रादि का भी कहीं २ लेश है। भक्ति और विरह की प्राधान्यता से शांत और शृंगार और कहीं वात्सल्य भी झलकते हैं। रचना १९ वीं शताब्दी के मध्यकालीन होने से स्फीत, निर्मल और सरस है। विशेष विवेचन यहां अपेक्षित नहीं।

"ब्रजनिधि" जी (महाराजा सवाई प्रतापसिंहजी) का समय भाषाकाव्य और भाषा के ग्रन्थों की रचना के लिए, भाषा साहित्य की उन्नति का एक युग सा होगया है। वे स्वयं श्रेष्ठ

कवि तो थे ही और कवियों के आदर करने वाले भी थे, उन के सकाश, आज्ञा वा प्रसन्नता के लिए बहुत ग्रन्थ उनके समय में रचे गये। उनके समय के कुछ कवियों के नाम दिये जाते हैं:— जगन्नाथ-भट्ट (वंसीअली), आनन्दघन, किशोरीअली, अली-भगवान, शुभचिंनक, ब्रजनाथ, केशवराम, रूपअली, अग्रअली, १० आजिज, मेहरबान, दयासखी, रसरास, रसपुंज, गुणनिधि, कल्याण, अमृतराम, अनन्य, गणपति भारती, २० वुधप्रकास, नाथुराम, राधाकृष्ण वखतेश, राव शंभुराम, चतुरशिरोमणि, बारैठ सागर कविया, बारैठ महेशदास महड्ड, बारैठ हुक्मीचन्द, बारैठ हरिदास भादा, ३० मनभावन, अमृतराम (गणपति भारती के छोटे भाई), ब्रजपाल कवि, मनीराम कवि, मोहनलाल कवीश्वर (म० क० पद्माकर के पिता), मण्डन भट्ट, मिश्र शंभुराम मालपुरे के, कलानिधि, द्वारकानाथ सरस्वती, ३९ म० क० जगदीश भट्ट, इत्यादि अनेक कवि, पण्डित, गुणी, गायक, भक्त आदिक इनके समय में हुये हैं। बहुतों के नामादि तक ज्ञात नहीं। जिनके नाम ज्ञात हैं उनके कुछ ग्रन्थ मिलते हैं, कुछ नहीं मिलते। यहां स्थानाभाव तथा समयाभाव से उनका उदाहरण रूप में भी उल्लेख असंभव है। नामोल्लेख मात्र से संतोष कर्त्तव्य रहा है॥

आपने सवाई जयसिंहजी, अपने-प्रसिद्ध विद्वान् प्रपिता, के बनवाये ज्योतिष यंत्रालय में सुधार और वृद्धि की थी और कई अच्छे २ ज्योतिषी भी इनके समय में विद्यमान थे। वैद्यक के कई ग्रन्थ बने थे। ज्योतिष के भी बने थे। धर्मशास्त्र के भी बने थे। सांगीत के भी बने थे। श्रीराधाब्रजनिधिजी की मूर्ति आपके प्रेम और पसंद से बनी थी और आपका उस में हाथ था और श्रीजी की प्रतिष्ठा और विवाहकार्य बड़े समारोह और व्यय से हुआ था। दोलतरामजी हलदिया के यहां से पियाजी व्याह कर

आये थे। विवाह मंगल का ब्यावला ग्रन्थ और अनेक उत्तम कवितायें निर्मित हुई थीं।

कुछ ग्रन्थों के नाम यहां देते हैं जो "भजनिधि" जी के समय में बने थे और जिन में कई तो बहुत प्रसिद्ध हैं:—

(१) नवरस-म० क० गणपति भारती रचित।

(२) अलङ्कार सुधानिधि-गणपति भारती महाकवि रचित।

(३) सिंगार हजारा-उक्त कवि और उनके भ्राता का संगृहीत।

(४) वीर हजारा-उक्त कवि और अन्य कवियों का संगृहीत।

(५) भीष्मपर्व छन्दोऽनुवाद-गणपति भारती महाकवि।

(६) योगवाशिष्ठसार- " "

(७) नैनपचीसी- " "

(८) विरह पचीसी- म० क० गणपति भारती।

(९) प्रीति मञ्जरी-(बड़ा काव्य ग्रंथ) " "

(१०) अन्योक्ति काव्य— " "

(११) नवरस विलास— " "

(१२) अलंकार सुधानिधि— " "

(१३) प्रताप मार्तंड-कवि अमृतरामजी कृत जो गणपति भारती के छोटे भाई थे।

(१४) कवित्त रत्नमालिका—गुसांई रसराम कृत

(१५) फुटकर काव्य संग्रह- " "

(१६) संगीत राधागोविंद (या राधागोविंद संगीतसार) } बहुत बड़ा ग्रंथ, ७ अध्यायों में, "पबलिक लाईब्रेरी" में, सहस्र वृद्धि द्वारा प्रकाशित, विद्यमान है।

(१७) स्वरसागर—पुष्पकरणा मीर्यो चौदसी रचित

(१८) रागरत्नाकर—कवि राधाकृष्ण कृत।

इतिहास पुरातत्त्व-वेत्ताओं का और कवियों की चातुरी का मूलाधार एवं सर्वस्व है। इतिहास बुद्धिमान् शासकों को सुमार्ग पर चलाने वाला सद्गुरु है। इतिहास का लिखना सर्व प्रथम इस आर्यावर्त्त देश (भारतवर्ष) में ही प्रारम्भ हुआ था। लेकिन इस विषय में बहुत मतभेद है। कोई कहता है कि वैदिक काल (ईसाह से २००० वर्ष पूर्व) में इतिहास लिखे जाने लगे थे। और कोई कहता है कि मुसलमानी राज्य काल में और कुछ आधुनिक इतिहासकारों ने तो यह भी सिद्ध करने का साहस किया है कि भारतीय लोगों को तो आज कल की भांति इतिहास लिखना ही नहीं आता था। यह बड़े शर्म की और विचारणीय बात है। यह कदापि नहीं हो सकता। भला, जिस भारतवर्ष में चारों वेद, गणितशास्त्र, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, व्याकरण और ज्योतिष शास्त्र रचे गये थे, क्या सचमुच भारतवासियों को इतिहास लिखना नहीं आता था? अस्तु, यह विदेशी विद्वानों का कथन सर्वथा गलत है कि "यहां के निवासियों को इतिहास लिखना नहीं आता था।"

भारत के आधुनिक विद्वानों ने भारत के मुख्य पांच "प्रारम्भिक काल" नियत किये हैं:—

१-पहला "वैदिक काल" का आरम्भ होता है, जो ईसाह से १४००० वर्ष पूर्व से २००० वर्ष पूर्व तक है। और इसी काल में चारों वेदों की रचना हुई थी। इसके पश्चात्—

२-ऐतिहासिक काव्यकाल शुरु होता है, जो ईसाह से २००० वर्ष पूर्व से १००० वर्ष पूर्व तक का कहा जाता है। इतिहासकारों का यह कथन है कि वेदों का सम्पादन इसी काल में हुआ था। और ऐतिहासिक काव्यकाल के पश्चात्—

समय भी कुछ न्यून गौरव का नहीं रहा। भाषा काव्य और सांगीत की कितनी उन्नति और वृद्धि इन के समय में हुई थी कि फ़ारसी के ग्रंथों का भी भाषा में अनुवाद, ज्योतिष, वैद्यक, सांगीत, धर्मशास्त्र इत्यादि विषयों के अनेक उत्तम और उपयोगी ग्रंथ भाषा में रचे गये। कवियों, पंडितों, गुणियों का कितना आदर हुआ। भक्ति भगवती की आनंदधारा का प्रवाह नगर और राज्य में बहता रहा। यद्यपि यह समय बहुत विकट और कठिनता से भरा हुआ था। युद्धों और दुष्टों तथा शत्रुओं आदि के निवारण, दमन और प्रबन्धों में तन, मन, धन और जन की आहुतियां दी जा रही थीं। ऐसा कोई समय नहीं था कि चिंता, दुविधा, बाधा और फ़िक्र का आतंक घेरे न रहा हो। परन्तु धन्य महाराज प्रतापसिंह की प्रतिभा और उनकी भगवद्भक्ति का प्रताप कि उन सब आपत्तियों के होते हुए भी, "साहित्य-संगीत-कला-विहीन" कभी नहीं रहे। भक्ति और कविता का साधन कभी नहीं छूटा। भगवत्कृपा उन पर बनी रही। उनका यश साहित्य-जगत् में साहित्य के जीवन तक चिरजीवित और अमर रहेगा॥

भारतीय इतिहास पर एक दृष्टि

[लेखक—कुंवर शिवसिंह चोयल विशारद।]

इतिहास द्वारा हमको देश का अस्तित्व, गौरव, आचार, प्रकृति और धर्म आदि ज्ञात होते हैं। अपने पूर्वजों का इतिहास पढ़ कर ही राजा प्रजापालन में उत्तम रूप से समर्थ होता है। मनुष्य इतिहास द्वारा योगबल की तरह यह मालूम कर सकता है, कि हम क्या थे और क्या होगये और भविष्य में क्या होने वाला है।

पर लिखे गये ग्रन्थों को देख कर विदेशी विद्वानों के मुँह में भी पानी भर आया था।

भारत के इतिहास में महात्मा बुद्ध का शासनकाल स्वर्णयुग कहा जाना चाहिये। क्योंकि उसके चलाये बौद्धधर्म के जरिये संसार के अन्य प्रसिद्ध देशों में भी इस भारत की धर्म, नीति एवं सभ्यता की ख्याति फैली थी। समय-समय पर फारसी और यूनानी विद्वान् लेखकों ने भारत में आकर यहां की "धर्म पुस्तकें" आदि ले जाकर भारत की सभ्यता से वहां के लोगों को परिचित कराया।

बौद्धधर्म की नीति को जानने के लिये चीन देश के मिंगटो (ईसाह के जन्म से ६७ वर्ष पश्चात्) नामक बादशाह ने भारत से बौद्ध भिक्षुकों को बुलाने के लिये अपने दूत भेजे थे। वे दूत कश्यप-मातंग और धर्मरक्षक नामक दो आचार्य्यों को अपने साथ चीन ले गये थे। उन दोनों भारतीय विद्वानों ने बौद्ध धर्म की पुस्तकों का चीनी भाषा में अनुवाद कर वहां बौद्ध धर्म का प्रचार किया था। उसी समय से भारत के साथ चीन का गुरु-शिष्य सम्बन्ध सुदृढ होगया था। और इससे चीन देश से सैकड़ों बौद्धधर्मावलम्बी भारत आते रहते थे, इनमें फाहियान सबसे पहला चीनी यात्री था। जिसने यहां के नगरों को देख कर उनका वर्णन लिखा और बौद्धधर्म की बहुत सी हस्तलिखित पुस्तकें चीन ले जाकर भारत का महत्व बढ़ाया।

फाहियान की भांति एक मेगास्थनीज नामक अंग्रेज ईसाह से पहले चौथी शताब्दी में भारत आया था और पाटलीपुत्र (पटना) के राजा चन्द्रगुप्त मौर्य्य के दरबार में कई वर्षों तक रहा था। इतिहासकारों का यह भी मत है कि उसका बनाया मूल भारत का इतिहास अब नहीं मिलता है, तथापि उसके अंश

३–दार्शनिक काल आरम्भ होता है, जो ईसाइ से १००० वर्ष पूर्व से ३२० वर्ष पूर्व तक का है। इस काल में यास्क, पाणिनि सूत्रकार और सुलव सूत्र (रेखागणित) आदि के निर्माणकर्ता हुए हैं। और इसी काल में पाणिनि संसार भर में व्याकरण का सब से बड़ा पण्डित हुआ है। दार्शनिक काल के बाद—

४–बौद्धकाल का आरम्भ होता है, जो ईसाइ से ३२० वर्ष पूर्व से ५०० वर्ष तक का है। इसी बौद्धकाल में मगध का राजा चन्द्रगुप्त, बिन्दुसार, अशोक आदि धार्मिक एवं पराक्रमी नरेश हुए थे। इस बौद्धकाल के पश्चात्—

५–पौराणिक काल का आरम्भ होता है, जो ईसाइ से ५०० वर्ष से १००० वर्ष तक का है। इस काल में उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य, कालिदास, अमरसिंह (संस्कृत कोष का लेखक), आर्यभट्ट और भर्तृहरि आदि सुविख्यात महापुरुषों ने इस काल में जन्म लिया था। कविकुलभूषण कालिदास का तो भारत में ही नहीं, आज समस्त योरप में नाम सादर के साथ स्मरण किया जाता है।

अब पाठकों को भारत के कुछ संसार प्रसिद्ध ऋषि मुनियों का संक्षिप्त वर्णन एवं उनके प्रसिद्ध ग्रन्थों का वर्णन सुनाने की चेष्टा करूँगा।

दार्शनिककाल में कपिल मुनि ने जन्म लिया था। उसका दर्शनशास्त्र संसार के समस्त दर्शनशास्त्रों में अति प्राचीन कहा जाता है। कपिलमुनि और महात्मा बुद्ध का एक ही सिद्धान्त था। योगशास्त्र का प्रसिद्ध पंडित पतञ्जलि का बनाया महाभाष्य और योगशास्त्र भी संसार प्रसिद्ध है। अब पाठकों को प्रसिद्ध अंग्रेज लेखकों के नाम एवं उनकी सम्पादित पुस्तकों से परिचित करायेंगे। जिससे यह ज्ञात हो जायगा कि भारतभूमि

पर लिखे गये ग्रन्थों को देख कर विदेशी विद्वानों के मुँह में भी पानी भर आया था।

भारत के इतिहास में महात्मा बुद्ध का शासनकाल स्वर्णयुग कहा जाना चाहिये। क्योंकि उसके चलाये बौद्धधर्म के जरिये संसार के अन्य प्रसिद्ध देशों में भी इस भारत की धर्म, नीति एवं सभ्यता की ख्याति फैली थी। समय-समय पर फारसी और यूनानी विद्वान् लेखकों ने भारत में आकर यहां की "धर्म पुस्तकें" आदि ले जाकर भारत की सभ्यता से वहां के लोगों को परिचित कराया।

बौद्धधर्म की नीति को जानने के लिये चीन देश के मिंगटी (ईसाह के जन्म से ६७ वर्ष पश्चात्) नामक बादशाह ने भारत से बौद्ध भिक्षुकों को बुलाने के लिये अपने दूत भेजे थे। वे दूत कश्यप-मातंग और धर्मरक्षक नामक दो आचार्यों को अपने साथ चीन ले गये थे। उन दोनों भारतीय विद्वानों ने बौद्ध धर्म की पुस्तकों का चीनी भाषा में अनुवाद कर वहां बौद्ध धर्म का प्रचार किया था। उसी समय से भारत के साथ चीन का गुरु-शिष्य सम्बन्ध सुदृढ होगया था। और इससे चीन देश से सैकड़ों बौद्धधर्मावलम्बी भारत आते रहते थे, इनमें फाहियान सबसे पहला चीनी यात्री था। जिसने यहां के नगरों को देख कर उनका वर्णन लिखा और बौद्धधर्म की बहुत सी हस्तलिखित पुस्तकें चीन ले जाकर भारत का महत्व बढ़ाया।

फाहियान की भांति एक मेगास्थनीज नामक अंग्रेज ईसाह से पहले चौथी शताब्दी में भारत आया था और पाटलीपुत्र (पटना) के राजा चन्द्रगुप्त मौर्य्य के दरबार में कई वर्षों तक रहा था। इतिहासकारों का यह भी मत है कि उसका बनाया मूल भारत का इतिहास अब नहीं मिलता है, तथापि उसके अंश

बहुत सी ईसवी काल की पुस्तकों में उद्धृत मिलते हैं। और उनका संग्रह चीन के डाक्टर ' स्तानबेक ' ने किया है। और मिस्टर मेकडिल ने उनका चीनी भाषा से अंग्रेजी में अनुवाद किया है।

यूनान का प्रसिद्ध इतिहासकार हेरोडोटस, जो ईसाइ से पांचवी शताब्दी पूर्व हुआ, स्वयं भारत नहीं आया। लेकिन फिर भी उसने भारत का इतिहास जो सुनकर लिखा है, बहुमूल्य है। हेरोडोटस लिखता है कि- 'भारत के हिन्दू लोग उस समय की सब जातियों में सबसे बड़े थे, वे कई जातियों में बंटे हुए थे। और जुदी-जुदी भाषाएं बोला करते थे।' इससे यह प्रकट होता है कि ईसाइ से पांचवी शताब्दी पूर्व भी भारत में भिन्न भिन्न भाषाएँ बोली जाती थीं। और इसके अलावा भारत में बने कई धार्मिक ग्रन्थों का अंग्रेज लेखकों ने अंग्रेजी में अनुवाद कर भारत की सभ्यता का सितारा संसार में चमका दिया था।

अंग्रेजों में सर विलियम जोन्स का नाम बड़े आदर के साथ लिया जायगा, क्योंकि उन्होंने आज से १२५ वर्ष पूर्व कालिदास कृत 'शकुन्तला' का संस्कृत से अंग्रेजी में अनुवाद किया और मनुस्मृति का भी अंग्रेजी में अनुवाद किया और "बंगाल एशियाटिक सोसायटी ' की स्थापना भी की। कोलब्रुक साहब ने सन् १८०५ ई में वेदों का अंग्रेजी में अनुवाद कर अन्य देशों के निवासियों को वेदों से परिचित कराया।

यह सर्वमान्य है कि किसी देश का इतिहास जितना अच्छा उसी देश का निवासी लिख सकता है, उतना विदेशी कभी ठीक नहीं लिख सकता। यही कारण है कि भारत का पूरा और सच्चा इतिहास अभी तक नहीं लिखा गया है। भारत के आधुनिक इतिहासकार भावनाओं से परिपूर्ण विदेशी विद्वानों द्वारा ही

लिखी पुस्तकों की सहायता से अपने नाम से इतिहास लिखकर सन्तोष कर बैठे हैं। और भारत में राजाओं के इतिहास की पुस्तक राजतरंगिणी नामक एक संस्कृत भाषा का ग्रन्थ काश्मीर के राजा अमात्य चम्पक के पुत्र कल्हण ने वि० सम्वत् १२०५ (ई० सन् ११४८) में प्रथमखंड बनाया था। जिसमें कौरव पाण्डवों के समकालीन और गोनर्द से लेकर काश्मीर के राजा जयसिंह का विस्तारपूर्वक इतिहास लिखा है। इसके बाद दूसरा खंड जोनराज नामक राजा ने वि० सं० १४६७ (ई० सन् १४१०) में बनाकर कल्हण से लेकर अपने समय के राजाओं का वर्णन पूर्ण रूप से किया है। तीसरा खंड जोनराज के चेले श्रीधर पंडित ने और चौथा खंड अकबर के शासनकाल में प्राज्यभट्ट ने लिखा। अब तो राजतरंगिणी के सब खंडों का प्रायः सभी भाषाओं में अनुवाद हो चुके हैं। इसका चौथाखंड वि० सं० १८९७ (ई० सन् १८४०) में पेरिस में भी प्रकाशित हुआ था। इसके सिवाय नाटकीय इतिहास, ज्योतिष, गणित आदि विषय के इतिहास भी भारत में ही लिखे गये हैं। लेकिन कुछ अँग्रेज विद्वानों ने सदा यही चेष्टा की है कि भारत में इतिहास का लिखना सर्व प्रथम आरंभ नहीं हुआ था। और कुछ पक्षपाती विदेशी विद्वानों ने तो यहां तक लिख दिया है कि 'भाषा अथवा लिपि का प्रचार भी इस भारत में पहले पहल नहीं हुआ था। बाद में दूसरों की निर्माण की हुई लिपि का भारतीय लोगों ने अनुकरण किया है'। यह सर्वथा झूठ एवं भ्रान्ति-पूर्ण बात है। अब भारत के कुछ सुप्रसिद्ध इतिहासकारों के नाम नीचे लिखे जाते हैं:—

१—राय बहादुर महामहोपाध्याय साहित्यवाचस्पति डाक्टर गौरीशङ्कर हीराचन्द ओझा (अजमेर)

२—सर यदुनाथ सरकार (कलकत्ता)

३—महाराजकुमार श्री रघुवीरसिंहजी (सीतामऊ)
४—महामहोपाध्याय विद्वद्रत्न पण्डित रामकर्णजी आसोपा (जोधपुर)
५—साहित्याचार्य पं० विश्वेश्वरनाथजी रेऊ (जोधपुर)
६—विद्याविनोद जगदीशसिंहजी गहलोत (जोधपुर)
७—श्रीजयचन्द्रजी विद्यालङ्कार आदि ।

भारत का अभी बहुतसा इतिहास अप्रकाशित ही कहा जाता है। सुचारु रूप से और सच्चा इतिहास अभी तक किसी ने नहीं लिखा। पैसा कमाने या नाम प्रसिद्ध करने के अभिप्राय से आज कल लोक इतिहास लिख कर संतुष्ट हो जाते हैं। कई इतिहासलेखक तो घर बैठे ही उधर इधर से नकलें कर दिखावटी इतिहासकार बन बैठे हैं। और कईयों की तो बाद में सब पोलें खुल भी गई हैं। इतिहासकार अपने इतिहास में बहुतसी "गप्प-सप्प" की बातें भी लिखते नहीं हिचकते। किसी इतिहासकार ने जयचन्द्र को देशद्रोही ठहराया, तो किसी ने उसका खण्डन किया। आज कल तो भारतवर्ष में और विशेषकर राजस्थान (राजपूताने) में और इतिहासकारों में ऐसी होड़ लगी है कि नये नये फोटू और छपी हुई पुस्तकों में से घर बैठे ही शिलालेखों का वर्णन कर इतिहास की शोभा बढ़ाकर ही इतिहासकार बन गये हैं।

भारत का सच्चा और पक्षपात-रहित इतिहास तैयार करने के लिये गत ३० दिसम्बर सन् १९३७ ई० को बनारस में "भारतीय इतिहास-परिषद्" नामक एक संस्था स्थापित हुई है। जिसके संरक्षकों में से कुछ ये हैं—

१—श्रीराजेन्द्रप्रसादजी।
२—सर यदुनाथ सरकार।
३—डाक्टर रघुवीरसिंहजी।

४—जमनालालजी बजाज।

५—जयचन्द्रजी विद्यालंकार।

अब भविष्य में यह आशा की जा सकती है कि भारत का शोधपूर्ण और अतिप्राचीन पक्षपात-रहित इतिहास लिखा जा सकेगा। जो भारत के भावी होनहार नवयुवकों के लिये अति-हितकर होगा।

भारतीयों का जीवन और आयुर्वेद की पुकार

अमेरिका आदि देशों की सरकारें भारत-सरकार की तरह प्रजा के स्वास्थ्य के लिये हैल्थ डिपार्टमेन्ट का ढकोसला ही नहीं रचतीं वरन् उत्तमोत्तम स्वास्थ्य विशारदों को चुन चुन कर इकठे करती हैं। वे लोग सतत विचार-विनिमय अथवा खोज एवं गवेषणाओं के बाद स्वास्थ्य रक्षा एवम् उसकी वृद्धि के लिये अनेक उपाय निर्धारित करते हैं। और वे जनता के स्वास्थ्य सम्वर्धन की दृष्टि से उनका समस्त देश में प्रचार करते हैं। इनका जो शुभ परिणाम निकलता है वह जानकार लोगों से छिपा नहीं है।

" धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलकारणम् " के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष तक की प्राप्ति आरोग्यता पर ही निर्भर है। जिस देश में आरोग्यता होगी वहां के निवासी विशेष बलवान् और बुद्धिमान् होंगे। और वे ही अन्त में अपनी जाति, देश और धर्म की रक्षा करने में समर्थ होंगे। लेकिन दुःख है कि हमारा यह अभागा भारतवर्ष नित-नये रोगों का केन्द्र बनता जा रहा है। शहर २, ग्राम २ और घर घर में रोगों ने अपना अड्डा

जमा लिया है। जिस से प्राणी अपनी रक्षा करने में प्राय असमर्थ हो रहे हैं। इसका कारण यही है कि, हमारे देश पर विदेशियों का शासन होने के कारण एक ओर तो हमारा हर तरह से आर्थिक शोषण हो रहा है, दूसर जो विदेशी चिकित्सा-पद्धति उन्होंने हम पर लाद रक्खी है वह एक तो अत्यधिक खर्चीली है जिसे सर्व साधारण वर्दास्त नहीं कर सकते। इसके सिवा यह हमारी प्रकृति के अनुकूल भी नहीं पड़ती। " यस्य देशस्य यो जन्तुस्तज्जं तस्यौषधं हितम् " के अनुसार हमारे देश के लिये तो सब से अधिक उपयुक्त आयुर्वेद-चिकित्सा ही हो सकती है।

हमारे भाग्य-विधाता इस असलियत से आंखें मूंद कर उक्त पद्धति को अपनाने के बजाय मक्खी, मच्छर, मूषक, कुत्ते आदि की हत्या करने कराने में लाखों रुपया खर्च करते हैं। जिस से कुछ गौराङ्गों के पलने और विदेशी दवा का प्रचार करने के सिवा देश को कोई वास्तविक लाभ नहीं पहुँच पाता। सच्चा सुख, सच्ची आरोग्यता आयुर्विज्ञानाचार्यों ने आयुर्वेद में कही है। यह देश, काल और प्रकृति के अनुसार होने के कारण हमारे लिये सर्वथा उपयोगी है।

मुझे वह समय याद है जब कि पिछले युरोपीय महायुद्ध के समय अंग्रेजी औषधियों का अभाव होगया था तब बड़े बड़े अस्पतालों में कुनैन की जगह कुटकी, चिरायता और आयडो फार्म की जगह सुहागे ने भारतीयों को रोगों से बचाया था। आज भी यह बात प्रत्यक्ष है कि ऐसी गई गुजरी और असहाय हालत में भी अनेक जटिल और प्राण सांघातिक रोग जैसे संग्रहणी, जीर्ण-ज्वर, क्षय और उन्माद तथा मोतीझारा आदि रोगों के मिटाने में हमारे ऋषि महर्षियों की निर्माण की हुई यह

आयुर्वेदिक-चिकित्सा-प्रणाली ही सबसे अधिक कारगर सिद्ध होती है। यह सिद्ध है कि किसी भी देश की विद्या और कलाओं का उत्थान और वृद्धि उसी के शासकों के संरक्षण और प्रोत्साहन पर निर्भर रहती है। अतः अपनी प्यारी मारवाड सरकार और अपने "मरुधराधीश" की सेवा में हमारा विनम्र निवेदन है कि अपने राज्य और प्रजा के हित के लिये इस सुलभ और सहस्रों वर्षों से अनुभूत आयुर्वेद-प्रणाली को अपनावें। कस्बे २, ग्राम २ में इसका प्रचार करें। इससे अपने ही राज्य में उत्पन्न होने वाली आक, नीम, धतूर, खेजड़ी, सोंठ, मिर्च और पीपर आदि कौ-ड़ियों के मूल्य की औषधियों से आपकी प्यारी प्रजा के प्राण और राज्य की धन-राशि वच जावेगी। और आप प्रजा-वत्सल वनेंगे। वयोवृद्ध और ज्ञानवृद्ध श्रीमान् पं० रामकरणजी आसोपा की जयन्ती के शुभ अवसर पर मुझे उनके प्रति हार्दिक अभिनन्दन प्रकट करते हुये यह निवेदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्रीआसोपाजी ने अपने जीवन भर राज्य और प्रजा की जो वहुमूल्य सेवा की है वह सदा स्मरण रहेगी। श्रीआसो-पाजी अपनी जाति और कुल के ही नहीं अपितु सारी मारवाड और भारत के गौरव हैं। मैं आप को लगभग ३० वर्षों से भली प्रकार जानता हूं। आपका गृहस्थ-रूप, तपस्वी-जीवन, हम समस्त लोगों के लिये अनुकरणीय, एवम् अनुगमनीय है। आप की अगाध विद्या, प्रेम और योग्यता प्रशंसनीय है। आपने अनेक मौलिक ग्रन्थों की रचना और अनेक शास्त्रों पर टीका, टिप्पणियां की हैं जो कि वहुमान्य और अमूल्य हैं। ऐसे पुरुष सदैव वहु-सन्मान के पात्र होते हैं। ऐसी हस्तियों का जीवन अपने कुल ही के लिये नहीं वल्कि समस्त जन-समुदाय के लिये है। अतः

भगवान् से मेरी प्रार्थना है कि वह आपको चिरायु करें, जिस से राज्य और प्रजा आप से सतत लाभान्वित होती रहे।

एक विनीत मारवाड़-निवासी—

वैद्य रामचन्द्र शर्मा

श्रीराजस्थान आयुर्वेदिक औषधालय, अजमेर

॥ श्रीरामः सचमङ्गलम् ॥

दाधीच अथवा दाहिमा*

'दाधीच' और 'दाहिमा' ये शब्द एक दूसरे के पर्याय हैं। तात्पर्य यह है कि इन दोनों शब्दों में से चाहे किसी का भी प्रयोग करिए, मतलब एक-सा ही निकलेगा। तदनुसार प्रस्तुत ग्रन्थ के नायक ने भी स्व-रचित ग्रन्थों में अपने नाम के साथ किसी में 'दाहिमा' किसी में 'दाधीच' शब्द का प्रयोग किया है। अत एव सर्व-साधारण को यह जनाना अत्यन्त आवश्यक है कि, किस व्युत्पत्ति के अनुसार ये दोनों शब्द एक ही अर्थ के वाचक हैं।

इनमें प्रथम 'दाधीच' शब्द को लीजिए। यह शब्द दध्यञ्च, दधीचि[1] अथवा दधीच[1] शब्द से गोत्रापत्य अर्थ में अण् प्रत्यय

* इसका दिग्दर्शन हम स्व-रचित भाषामुक्तावली की भूमिका और श्रीराम-चरिताब्धिरत्न काव्य के दाधमथी-मङ्गल में कर चुके हैं। उसी का सविस्तर विवेचन हिन्दी में यहां किया जा रहा है। (लेखक)

। से सिद्ध होता है। जिस प्रकार भरत से भारत। तदनुसार
ीच शब्द का अर्थ होता है:—दधीचि-वंश में उत्पन्न होने
ा। ये दधीचि अथर्वा के पुत्र थे। इसके लिए "दध्यङ् ह
ाध्वाथर्वणी वामश्वस्य शीर्ष्णा प्र यदीमुवाच" ऋ० १।११६।
। इत्यादि कई वेद-मन्त्र प्रमाण हैं।

अब 'दाहिमा' शब्द की व्युत्पत्ति पर ध्यान दीजिए। यह
कृत 'दाधिमथ' शब्द का अपभ्रंश है। यह 'दधिमथी' शब्द
देवतार्थक अण् प्रत्यय करने से सिद्ध होता है। तदनुसार इस
ब्द का अर्थ होता है:—दधिमथी का उपासक। जैसे विष्णु का
पासक वैष्णव और शिव का शैव। 'दाधिमथ' का प्राकृत भाषा
ं रूप होता है 'दाहिमह'। उस (भाषा) में 'ध' और 'थ' को
ह' हो जाता है। जैसे:—दधि का दही और कथना का कहना
त्यादि। अब यह जानने की आवश्यकता है कि, 'दधिमथी'
ाब्द कैसे बना ? इसे भी लीजिए।

'दधिमथी' अर्थात् समुद्र-जल-रूप दधि को मथनेवाली
आदिशक्ति। दधिमथी-रूप आदिशक्ति (प्रकृति) की उपासना से
उपासक की मातृ-भक्ति और उपास्य देवता का पुत्र-वात्सल्य
झलकता है। क्योंकि दधि मथनेवाली माता मक्खन निकाल कर
उसे अपने प्यारे बालबच्चों को दिया करती है। जिस आदिशक्ति
(प्रकृति) ने समुद्र-जल-रूप दधि मथ कर अमृत-रूप मक्खन
देवता-रूप भक्त-बालकों को दिया, उस मातेश्वरी की उपासना
करना ही भक्त-भावना का लक्ष्य है। अतएव वे (भक्त) उसे
'दधिमथी'-रूप से मानते हैं। 'दधिमथी' का पर्याय 'दधिमती'
भी कई स्थलों पर देखने में आया है। यह शब्द मतुप् प्रत्ययान्त
है। इसका अर्थ भी उसी भाव को प्रकट करता है। धारणार्थक
'दध' धातु से 'इन्' प्रत्यय के द्वारा 'दधि' शब्द बनाया जाकर

'मतुप्' प्रत्यय के जोड़ने से भी 'दधिमती' शब्द बन सकता है, किन्तु वह 'दधिमथी (थी)' का यथार्थ पर्याय नहीं हो सकता। क्योंकि उस प्रकार बनाये हुए 'दधिमती' शब्द का अर्थ होगा धारण करनेवाली अर्थात् वही आदिशक्ति (प्रकृति)। अर्थ में अन्तर इतना ही पड़ता है, कि उस (दधिमती-शब्द में) मातृ भक्ति और पुत्र-वात्सल्य व्यक्त होता है, इसमें नहीं। किन्तु वाच्यार्थ दोनों प्रकार से बने हुए 'दधिमती' शब्द का एक ही है, अर्थात् आदिशक्ति। अस्तु।

अब प्रश्न यह उठता है कि, दाधीचों की दधिमथी-उपासना कब से और क्यों प्रचलित हुई? इस का यही उत्तर है कि, जब से दाधीच हुए, तभी से उनकी दधिमथी-उपासना स्वाभाविक प्रचलित हुई। क्योंकि उनके वंश के मूल-पुरुष महर्षि दधीचि भी अपने पिता अथर्वा के समान उसी की उपासना किया करते थे, इसलिए परम्परा से उनके वंशजों के भी यही उपासना जारी रही। इस में प्रमाण दधीचि (च)-वाचक 'दध्यञ्च्' शब्द ही है। इस की व्युत्पत्ति पर ध्यान दीजिए। दधि दधिमथीं (थीं) अञ्चति पूजयति इति दध्यङ् अथात् दधि[१] यानि दधिमथी (थी) की पूजा करनेवाला। लोक में प्रायः पिता अपने पुत्र के नाम को उस देवता के नाम से अङ्कित किया करता है, जो उसका उपास्य हो। वास्तव में पिता उस से इस बात को प्रकट करता है कि उस देवता की कृपा ही से मुझे इस पुत्र की प्राप्ति हुई है। जैसे राम-शिव आदि देवों के भक्त अपने पुत्र का नाम रामदत्त, शिवदत्त अथवा हरसेवक आदि रक्खा करते हैं। इस से स्पष्ट

१ "नामैकदेशे नाम-ग्रहणम्" इस व्याकरण परिभाषा से नाम का एक अंश भी सारे नाम का वाचक होता है। जैसे भीमसेन के लिए भीम शब्द देना भी बस है।

ज्ञात होता है कि दधीचि के पिता अथर्वा भी दधिमथी-रूप आदिशक्ति के उपासक थे, और दधीचि का तो नाम ही कह रहा है कि वे अवश्य ही थे। इस प्रकार परम्परा से दाधीचों के लिए दधिमती-उपासना स्वभाव-सिद्ध है। इस से बिलकुल सिद्ध हो गया कि दाधीच और दाहिमा एक दूसरे के पर्याय हैं।

इसके साथ इस बात पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए कि, प्रस्तुत दाधीच अथर्वा के पुत्र दधीचि के अतिरिक्त अन्य किसी दधीचि-नामक व्यक्ति की सन्तान नहीं कहाये जा सकते, क्योंकि कल्पित दधीचि-नामक व्यक्ति 'दध्यञ्च्' नहीं कहलाया जा सकता, इसलिए कल्पित दधीचि की सन्तान जो दाधीच माने जायँ, उनके लिए दधिमती की पूजा जन्म-सिद्ध सिद्ध नहीं हो सकती। वैष्णव कहलाने वाले आदिम विष्णु ही से संबन्ध रखते हैं न कि किसी कल्पित विष्णु-नामक व्यक्ति से।

जान पड़ता है, कि बहुत प्राचीन समय में यही दाधीच (दाधिमथ) 'दध्य' नाम से भी प्रसिद्ध हों। क्योंकि गुप्त संवत् २८९ अर्थात् विक्रम संवत् ६६५ के शिलालेख (जो दधिमती-मन्दिर में निकला है उस) में 'दध्याः ब्राह्मणाः' ऐसा पाठ मिलता है। सुप्रसिद्ध जैन वैयाकरण श्रीहेमन्द्राचार्य ने भी "*स्त्रीवर्णयोः" इस सूत्र के भाष्य में 'दध्यञ्चमाचक्षते ते दध्याः' -इस प्रकार उदाहरण देते हुए 'दध्य' शब्द को स्मरण किया है। उन्होंने अपने व्याकरण में प्रायः लोक-प्रसिद्ध ही उदाहरणों का समावेश किया है। चौलुक्यवंशी सिद्धराज कुमारपाल के समकालीन होने के कारण विक्रम की १२ वीं शताब्दी में इन जैनाचार्य का होना सिद्ध है। यह

---

*यह 'दीर्घविशो टाम्' इसका स्थानापन्न सूत्र है।

१ 'णाविष्ठवत् कार्यम्' इस वचन से इष्टवत् होने के कारण "विन्मतोर्लुक्" से मतुप् का लोप हो जाता है।

'दध्य' शब्द दधिमतीं आचष्टे दधपति, ततो दधपतीति 'दध्य' इस प्रकार भी सिद्ध हो सकता है। इन दोनों प्रकार की व्युत्पत्तियों से दाधीच-वाचक एक ही 'दध्य' शब्द अपने मूल-पुरुष दधीचि को और कुल-देवता दधिमती को स्मरण करा रहा है। संभव है, बाद में समय के हेर फेर से वे ही 'दध्य'-नामक ब्राह्मण 'दाधीच' और 'दाहिमा' नाम से प्रसिद्ध हुए हों।

पं० नित्यानन्द शर्मा शास्त्री,
काव्यतीर्थ, आशुकवि-कविराज,
(जोधपुर)

मन्दिरों की महिमा

[लेखक—महोपदेशक पण्डित छोटेराम शुक्ल साहित्यरत्न दक्षिण-औरङ्गाबाद।]

सनातनधर्म विश्वव्यापक धर्म है। प्रत्येक कल्पके आदिमें परमेश्वरने सनातनधर्मकी मर्यादाको ऋषिमहर्षियों द्वारा प्रकट किया है। सनातनधर्म सनातन होते हुए भी अविरोधी है और अटल है। वह मौलिक होते हुए भी त्रिकालव्यापित सत्यज्ञानकी भित्तिपर स्थित है। हमारा सनातन वैदिक धर्म ईश्वरकी भावना से ओत-प्रोत होकर ज्ञान, भक्ति और धर्मका पूर्ण सामञ्जस्य करता है। ज्ञान, भक्ति तथा धर्म की एकाग्रता के लिये मठ-मन्दिरोंकी सृष्टि हुई है। मन्दिरोंमें अनेक उपास्य देवताओं की स्थापना हुई है। लोग अपनी-अपनी भावना के अनुसार मन्दिरों में जाकर अपने उपास्य देवकी आराधना करके इच्छित फल प्राप्त करते हैं। स्वर्गीय धर्मप्राण लोकमान्य तिलक ने सनातनी

हिन्दू की यह व्याख्या की है कि वेदों में प्रामाण्य बुद्धि अर्थात् वेदोंकोप्रमाण मानना। ईश्वर-प्राप्तिके अनेक साधन हैं, इस बातको स्वीकार करना और उपास्य देवता अमुक ही हो, इस प्रकारका नियम न होना। बस, यही हमारे वैदिक धर्मके लक्षण हैं। इस धर्म का अवलम्बनकर जो श्रुति-स्मृति-पुराणोक्त परम्परागत विधि-संस्कारोंसे संस्कृत हुआ हो और श्रद्धा भक्ति से युक्त होकर शास्त्रीय आचारों का पालन करता हुआ अपने-अपने अर्थात् वर्णाश्रमके अनुसार कर्ममें निरत हो, वही सनातनी हिन्दू है।

किन्तु आजकल लोग भूलभुलैयामें पड़ रहे हैं। कुछ लोग अपने बड़े बूढ़ोंको मूर्ख बतलाते हैं, तो कुछ लोग ब्राह्मणोंको गालियोंका दान दे रहे हैं। कुछ लोग मठ, मन्दिरोंको व्यभिचार का अड्डा बतलाते हैं, तो कुछ लोग वेद-शास्त्रपुराण-मन्त्रोंको सार-शून्य और अर्थहीन घोषित करते हैं। कुछ लोग नवग्रहोंको सत्ताहीन एवं जन्मपत्रिकाओंको कपट-जाल कहकर ज्योतिषियों को मायावी कहते हैं और कुछ लोग आचारसे नाता तोड़ हर किसीके हाथका खानेमें ही उन्नति समझते हैं। ढङ्ग कुछ ऐसा बिगड़ रहा है, कि लोग दिनपर दिन गिरते ही चले जा रहे हैं। सज्जन पुरुषोंपर, साधु-सन्त, ब्राह्मण, विधवा, गो, दीनजनोंपर कष्टोंके पहाड़ टूटने लगे हैं। यह सब हमारी बुरी वासनाओंके फल हैं। धर्म, वेद, गुरुजन, मठ-मन्दिरके अपमानोंका बदला है।

बौद्धकालके अन्तिम समयमें पधारनेवाले विदेशी यात्री भारतवर्षको मन्दिरोंका देश कहते थे। आज भी खुदाई होनेपर जमीनकी गहरी तहमें, हिन्दुओंके मन्दिर निकलते हैं। हिन्दुओंके मन्दिर धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष प्राप्तिके साधन हैं, परन्तु आजकल इनका उपहास किया जा रहा है। हमलोगोंकी धार्मिक रीतियों एवं व्यवहारोंको आध्यात्मिकता एवं नैतिकताकी कठोर

से कठोर कसौटीपर कसा जा चुका है, और इसकी ही बदौलत मानवसमाजकी आध्यात्मिक एवं नैतिक उन्नतिका यथेष्ट विकास हो चुका है। साहित्य, शिल्प, स्थापत्य, कलाकौशल मठ मन्दिरके निर्माणमें लालित्य एवं सौन्दर्यकी अद्भुत सृष्टिका आविर्भाव होता है। मन्दिरोंके विकासमें आध्यात्मिक सौन्दर्यका रसानुभव प्राप्त होता है। जब हम माता के चरणतलमें उसके आह्वानको उसके मन्दिरमें पहुँच, विद्युत्शक्तिजनक घण्टेकी टङ्कारसे ' वन्दे मातरम् ' की तुमुल-ध्वनि करते हैं, माता की सम्मुख मूर्तिको भक्तिपूर्वक अनवरतरूपसे लगातार देखते हैं, हमें एक अद्भुत शक्ति प्राप्त होती है। हमारी समस्त द्रोह-भावना एवं कलह-कालुष्य नष्ट हो जाता है। मातृ-प्रेमकी सरस सरिता में हम सराबोर हो जाते हैं। हममें जितना ही विश्वास तथा आत्मबल होता है, उतना ही फल हमें मिलता है। मन्दिरोंकी नगरी काशीमें भारतमाता के मन्दिरका उद्घाटन महात्मा गांधी ने किया। दानवीरों को मन्दिरके पुनर्निर्माणकी ओर भी ध्यान देना चाहिये। भग्न और टूटे मन्दिरों की मरम्मत अवश्य होनी चाहिये। मन्दिरोंमें घड़ियाल और घण्टे बजते रहते हैं, उसमें दर्शनार्थी मनुष्यको बिजली की शक्ति प्राप्त होती है। एक डाक्टरने सिद्ध किया है, कि कांसे में ताम्र और वङ्ग के सहयोग से विद्युत्शक्ति या बिजली का समावेश होता है। घड़ियाल और घण्टे कांसे के ही होते हैं। एक वैज्ञानिकका कथन है, जो मनुष्य कांसे की थाली में भोजन करता है वह न जानते हुए भी प्रत्येक ग्रास के साथ एक फँका बिजली की शक्ति का भी लगाता है। सारांश यह, कि हमारी प्राचीन प्रणाली रीति-रस्म, विधान से परिपूर्ण हैं। जो लोग मन्दिरमें दर्शनको आते हैं, वह तुलसी दल जरूर ग्रहण करते हैं। सन् १९०७ ई में इम्पिरियल मलेरिया

कान्फरेन्स का अधिवेशन बम्बई में हुआ था। उसकी राय यह थी. कि कृष्णातुलसी से मलेरिया हट जाता है। तुलसी ग्रहण से विकृति नहीं होने पाती। फेंफड़ा शुद्ध रहता है, पेट के कृमि तथा कद्दूदाने नष्ट हो जाते हैं। भला कहिये, मन्दिरोंसे और कितना लाभ चाहिये ?

बीसवीं सदी का विज्ञान आज जो बतलाता है, वही हजारों वर्ष पहले का धर्म सिखलाता है। एक युरोपीय महिलाने ब्लैक-बोर्ड, खरिया और बिजली की बैटरी का तार छोड़कर, जी बह-लाने के लिए एक भारतवासी को बुलवाया और उससे कोई धार्मिक गीत गानेका अनुरोध किया। इस भारतीय को 'काल-भैरवाष्टक' कण्ठाग्र था। जब उसने अष्टक कहना समाप्त किया--बोर्ड पर काशी के कालभैरव का चित्र बन गया। इससे यह सिद्ध हुआ कि उपासना और ध्यान वैज्ञानिक हैं। जैसे जैसे हमारी साधना पूर्णता को पहुँचती है, वैसे वैसे शून्याकाश में हमारे इष्ट-देव का चित्र बनता जाता है। एक दिन प्रकट होकर वह हमें वरदान देते हैं। यह लाभ भी तो हमें मन्दिरों में स्थापित मूर्ति-यों से ही प्राप्त होता है।

पौष वदि २ सं० १९९५ वि० के 'श्रीवेङ्कटेश्वर-समाचारमें' परम धर्मनिष्ठ भगवत्परायण श्रीयुक्त सेठ श्रीहरिप्रसादजी भर-तियाने शङ्कित होकर पूछा है, कि श्री भगवान्का चरणामृत वितरित होते समय भक्त तथा उपासकगण उसे हाथकी अंजुली में लेकर पान-आचमन किया करते हैं। अतः हाथकी अंजुलीमें प्रभु-चरणामृत ग्रहण करना शास्त्रविहित है अथवा शास्त्रनिषिद्ध ? इसपर हमारा निवेदन है, कि प्रभु-चरणामृत पात्र या पत्तोंसे ग्रहण करना चाहिये; हाथकी अंजुलीसे कदापि नहीं। 'मनुस्मृति' अध्याय ४ श्लोक ६३ में "न वार्यञ्जलिना पिबेत्" अर्थात्

अछूतोंसे पानी न पीवे यह आदेश है। भला फिर भगवान् का चरणामृत अछूतोंसे कैसे पान कर सकते हैं? अतः मन्दिरके पुजारियोंके लिये कलेके पत्तोंपर चरणामत देते रहना श्रेयस्कर है। भगवान् के चरणामृत एवं गङ्गाजल से अजीर्ण रोग, जीर्ण-ज्वर, सग्रहणी, क्षय, दमा, इत्यादि समस्त रोग दूर होते हैं। सरकार की तरफ से नियुक्त किये हुए डाक्टर हेंकिंस साहब का कथन है, कि प्राचीन काल में भारत में विज्ञानविद् पण्डित होते थे? जिस समय समस्त संसार असभ्यता के अन्धकूप में डूबा हुआ था हिन्दू जाति की सभ्यता पराकाष्ठा पर पहुँची हुई थी। गङ्गाजल में बहुत कुछ तत्त्व है। स्वेदज कीटविज्ञान का इतना पता प्राचीन हिन्दुओं को कैसे लग गया? इस प्रकार पाश्चात्य वैज्ञानिक हमारी प्राचीन आर्य-संस्कृति पर आश्चर्य प्रकट करते हैं और हमारे भी कुछ मनचले भाई मन्दिरों तथा तीर्थों का उपहास करते हैं। विदेशी लोग जर्मन आदि, भारतीय सभ्यता को अपनाने में भलाई समझ रहे हैं। जर्मनी ने कानून पास किया है, कि हमारे यहां के युवक तथा युवती अन्य देशवासियों के साथ विवाह नहीं कर सकते। किन्तु भारतवासी धार्मिक नियमों को तोड़ने में भलाई समझ रहे हैं। यह चाहते हैं, कि मन्दिर नष्ट-भ्रष्ट होजावें। किन्तु जिन मन्दिरों में ईश्वर की तेजोमय शक्ति विराज रही है, जो शक्ति समस्त विश्व की रक्षा करती है वही तेजोमय शक्ति मन्दिरों की भी रक्षा करेगी। मन्दिरों से अवर्णनीय लाभ हैं। अश्वत्थ अर्थात् पीपल का वृक्ष मन्दिरों में या उसके आसपास जरूर होता है। स्त्रियां पीपल की सैकड़ों परिक्रमा करती हैं। कई जिज्ञासु उस पर जल चढ़ाते हैं। वृक्ष से एक प्रकार की वाष्प निकलती है, जिस से शीतज्वर नहीं होता। पीपल के फल वृष्यता प्रदान करते हैं। इसकी दाढ़ी गर्भकारक है

पत्तों की भस्म उलटी से रोकती है। छाल घिसकर लेप करने से फोडा-फुँसी को आराम करती है। इसीलिये पीपल को काटना पाप बतलाया है। मन्दिरों में चन्दन भी लगाया जाता है। चन्दन, पञ्चगव्य, चरणामृत, प्रसाद सभी चीजें स्वास्थ्य से सम्बन्ध रखती हैं। मन्दिरों के देव-दर्शन से मन पवित्र होता है। प्रसन्नता दौड कर शरीर में प्रवेश करती है। चाहिये आत्म-बल, विश्वास एवं अटल श्रद्धा।

हमारे मन्दिर प्राचीन काल से हमारी संस्कृति और धर्म के आधार स्तम्भ हैं। हमारी उपासना और श्रद्धा के प्रतीक तथा संगठन के मूल केन्द्र हैं। आज 'अपने को जमाने के अनुसार बनाइए' का शोर मचा हुआ है और स्पर्शास्पर्श की घोर निन्दा की जा रही है। परन्तु डाक्टर लोग स्पर्शजन्य बीमारी के अस्तित्व को मानते हैं। प्लेग, हैजा, क्षय, कोढ आदि स्पर्शजन्य बिमारियों से बचने के लिए रोगियों से दूर रहने को वे बाध्य करते हैं, तब स्पर्शास्पर्श आवश्यक बात होती है। परन्तु मन्दिरों में दर्शन के लिये इन रोगियों को मनाई नहीं। यदि मंदिर में जाकर रोगी भगवान् के चरणों में एकटक निगाह लगावे, तो रोगी को शान्ति तो अवश्य प्राप्त होती है। जब बुढ़ौती के कारण मन और बदन में सुस्ती आ जाती है, तब मंदिरों में जाकर देवताओं के दर्शन से उनको स्फूर्ति प्राप्त होती है। मन आनन्द-विभोर होकर बदन में शक्ति दौडने लगती है। ज्ञान-लिप्सा की प्रबल प्यास को बुझाने के लिये ही पवित्र मंदिर हैं।

भक्त लोग भगवान् की मूर्ति के दर्शन तथा ध्यान के अवलम्बन से अपने मन को परमात्मा की एकता में विश्राम देते हैं। मंदिरों में कथायें, सत्सङ्ग, सदुपदेशों से उपस्थित जनता को अनिर्वचनीय आनन्द प्राप्त होता है। श्रद्धालुजन भग्न तथा जीर्ण-

क्षीण मंदिरों को यथाशक्ति सहायता दें। मंदिरों के सञ्चालक पूजा के लिये विद्वान् पुजारी की योजना करें। मंदिरों में अनाश्रितों तथा अपाहिजों को सहायता मिले। सदाचारी उपदेष्टा से धर्म का निरूपण करा राष्ट्र के प्राणों में प्रेम की, भक्ति की पवित्र मन्दाकिनी प्रवाहित करें, जिस से समस्त मानव-हृदय दिव्य प्रकाश से आलोकित होते रहें।

मानव जीवन में कभी-कभी ऐसे प्रसङ्ग आते हैं, कि मनुष्य को कुछ भी अच्छा नहीं लगता। वह क्लेशों से घिर जाता है। यद्यपि दुःख सुख का कर्ता मनुष्य स्वयं है, तथापि वह ऐसे समय में हताश होजाता है। ऐसे समय किसी पवित्र मन्दिर की शरण में जाना चाहिये। परमात्मा के दर्शन कर उनमें स्नेह लगाना चाहिय। मन एकाग्र होते ही दुःख के काले बादल सहसा छिन्न भिन्न हो जायँगे।

हिन्दू राज्यों की परमोन्नति कैसे हो ?

[लेखक—पण्डित राजबिहारीलाल ज्योतिषाचार्य आकाशदर्शी नवीन फलित ज्योतिष रचयिता अलीगढ़]

हम हिन्दू राज्यों को प्राचीन समय के समान परमोन्नति के शिखर पर पहुँचा हुआ देखने के अभिलाषी हैं। और इसी कारण से हमने इस विषय पर अत्यन्त गम्भीर विचार किया है, सो राजगुरुओं और राजा, महाराजाओं के ध्यान देने योग्य जो विषय हैं, व विस्तार पूर्वक नीचे लिखे जाते हैं।

१ राजगुरुओं के सम्बन्ध में।

जिस प्रकार के ८ विषय धर्माधारियों और राजगुरुओं को

सावधान होने और अपनी पूर्ण देख रेख रखने के लिये लिखे जाते हैं। श्रीशङ्कराचार्य आदि धर्माचारियों और राजगुरुओं को चाहिये कि राजा महाराजाओं और राजवंशजों के ऊपर निम्न प्रकार अपना पूर्ण और प्रभावशाली नियंत्रण धार्मिक विषयों में रखा करें।

(१) कोई भी राजा महाराजा धर्मकार्य में हेर फेर नहीं करसकें। जितने भी धर्म-सम्बन्धी कार्य हों वे सब धर्मशास्त्रों के अनुसार धर्माचारियों और राजगुरु की सम्मति से ही किये जावें।

(२) अंग्रेजी सरकार हिन्दू राजपुत्रों को विलायत पढ़ने के लिये भेजती है और भारतवर्ष में भी उनके अध्यापक प्रायः अंग्रेज को ही नियत करती है। सो जहां तक हो सके भारतीय व सनातन-धर्मी अध्यापक होने चाहिये।

(३) भारतवर्ष में जो राजकुमारों के पढ़ने के कालिज हैं उन में धर्मशिक्षा का पूर्ण प्रबन्ध होना चाहिये।

(४) धार्मिक-ज्ञान सम्पादन के वास्ते गद्दीपर बैठने से पहिले अनेक तीर्थों की यात्रा करनी आवश्यक समझी जावे और फिर सम्पूर्ण रामायण तदुपरान्त सम्पूर्ण भागवत कथा सुनली जावे तो अधिक लाभदायक होगा।

(५) प्रत्येक राजा महाराजा जिस देवता में अपनी भक्ति रखते हों उस देवता का मंत्रजाप किया करें तो सिद्धि मिलना दुर्लभ नहीं।

(६) राजकुमारों को २० वर्ष की अवस्था से पहिले ही धार्मिक शिक्षा देदी जावे तो अवश्य ही लाभ प्राप्त होगा।

(७) कोई भी राजा, महाराजा तथा राजकुमार अपनी जाति को छोड़ कर किसी अन्यजाति में विवाह सम्बन्ध नहीं किया करें।

(८) समुद्र-यात्रा अत्यन्त आवश्यक हो तो की जावे।

२ राजा महाराजाओं के सम्बन्ध में ।

अब नीचे १२ विषय ऐसे लिखे जाते हैं जिन पर राजा, महाराजाओं को भले प्रकार अत्यन्त ही गम्भीर दृष्टि से पूर्ण विचार करने और तदनुसार कार्यान्वित होने की आवश्यकता है।

(१) राजा, महाराजाओं को स्वयं न्याय कार्य करना उचित है। क्योंकि न्याय की बड़ी उच्च श्रेष्ठ पदवी है, इससे स्वर्ग प्राप्त होता है और प्रजा प्रसन्न रहती है।

(२) राजा, महाराजाओं को अपनी मामूली कानूनी डाक के सिवाय गैर मामूली डाक को, जो अपने राज्य से या कहीं बाहर से आवे, स्वयं ही देखना और उस पर यथोचित हुक्म देना चाहिये।

(३) राजा, महाराजाओं को अपनी समस्त प्रजा की पुकार पर तुरन्त ही ध्यान देना चाहिये और उस पर शीघ्रता-पूर्ण विचार करके उपयुक्त आज्ञा जारी कर देनी चाहिये।

(४) जिन २ राज्यों में कुशासन प्रणाली और दमन नीति चल रही है उनको इनका परिपूर्ण त्याग कर देना चाहिये और लाठी प्रहार की रीति भी उठा देने ही योग्य है। इसके बदले में भीड़ को भगा देने के लिये हलके कोड़े लगाने का आदेश जारी किया जाना उचित है।

(५) राजा, महाराजा समाचार पत्रों में ऐसे समाचार दृष्टि गोचर किया करते होंगे कि जहां किसी अफ्सरी की जगह (ऊँचे पद पर) कोई विधर्मी पहुँच जाता है तो वह हिन्दुओं और हिन्दू-धर्म पर अनेक प्रकार के कुठाराघात करने लगता है। अतएव कोई अफ़सरी का ओहदा किसी भी महकमे में जहां तक हो सके विधर्मी को नहीं देना चाहिये। सम्पूर्ण महकमों के कुल अफसर हिन्दू ही हों। नीचे दर्जे की जगहों पर विधर्मी रक्खे

जा सकते हैं परन्तु वहां भी तीन चौथाई संख्या हिन्दुओं की हो और केवल एक चौथाई नौकरियां विधर्मियों को दी जावें और पुलिस में तो नीचे ऊँचे पदपर कहीं भी विधर्मी न हों।

(६) वर्तमान समय में कितनेक राजा लोग अछूतों का मन्दिरों में प्रवेश कराना चाहते हैं, यह अनुचित है क्योंकि कोई भी पुरुष किसी दूसरे के घर में विना उस के मालिक की अनुमति के घुस नही सकता है तो फिर अछूत मालिक मन्दिर की अनुमति विना मन्दिरों में कैसे प्रवेश कराये जा सकते हैं? राजा का कर्तव्य अपने राज्य में प्रत्येक की रक्षा करना और प्रजा के स्वत्वों को अक्षुण्ण बनाये रखना है। सो मन्दिरों के मालिक वा मूलपुरुष वा उनके कुटुम्बी तथा अन्य सर्व ट्रूटी लोग जैसा प्रबन्ध मन्दिरों का करने के इच्छुक हों, राजाओं को उन की वैसी ही सुव्यवस्था की सहायता करनी चाहिये, यही राज्य-धर्म और राजनीति की आज्ञा है। मन्दिर जिनके बनाये हुये हैं वा जिनके अधिकार में हैं वे सब उनके मालिक हैं। मालिक के होते हुए अन्त्यजों का मन्दिर पर कोई अधिकार नहीं हो सकता। फिर यह भी विचारने की बात है कि अन्त्यजों अर्थात् अछूतों को कहीं किसी बहु-मूल्य मकान में घुमा लाने वा बलात्कार वहां घुसेड़ देने से अछूतों का कुछ उद्धार या भला नहीं हो सकता? यदि किसी राजा को अछूतोद्धार ही करना हो तो उन की उन्नति के कार्य में सहायता देनी चाहिये जैसी सहायता अन्य प्रजा के लोगों को दी जावे। इससे उनका कुछ भला और उद्धार हो सकेगा।

(७) राजा, महाराजाओं को यह खूब ध्यान रखना चाहिये कि कांग्रेस सर्व राजाओं के राज्य छीनना चाहती है। यह नीति कांग्रेस की कई वार समाचारपत्रों में प्रकाशित होचुकी है, सो अवश्य ही राजा, महाराजाओं को प्रत्येक समय ध्यान में

रखना उचित है। अब कांग्रेस अपनी यह चाल खेलना ही चाहती है जिस से वह सभी राजस्थानों में भी कांग्रेस कमेटी बना रही है। इसके संबंध में राजा, महाराजाओं को यह गम्भीर विचार भी करना उचित है कि जब ब्रिटिश राज्य में तो यह कहकर कि राज्य की बागडोर परदेशियों के हाथ में है सो उन से छीन कर स्वराज्य प्राप्त करने का मीठा लड्डू जनता को दिखला कर कांग्रेस अपना वेग बढ़ा रही है तो कोई यह तो बतादे कि जहां भारतवर्ष के ही राजा राज्य कर रहे हैं वहां तो स्वराज्य प्राप्त है ही, फिर यहां कांग्रेस की कौन आवश्यकता? इस गम्भीर विषयपर सम्पूर्ण राजा, महाराजाओं को तत्काल अवश्य ही ध्यान देना और उनकी अपनी जड़ खोखली कर देने से पहिले ही पूर्ण प्रबंध करना चाहिये कि कांग्रेस का प्रभाव अपने यहां पड़ने ही नहीं दें। जैसे दूसरी संस्थाएँ अपने कार्य राजकीय कानून के अनुसार चलाती हैं, वैसे कांग्रेस भी कर सकती है, क्योंकि राजस्थान में स्वराज्य पहले से ही प्राप्त है तो फिर कांग्रेस की क्या आवश्यकता रही?

(८) सम्पूर्ण राजा, महाराजाओं और भारत-वर्ष-प्रेमी सर्वहितैषियों को यह प्रत्येक समय अपने ध्यान में रखना चाहिये कि कांग्रेस वाले धार्मिक-विषय, रीति, रिवाज आदि में हस्तक्षेप न कर सकें और वे कोई नया कानून बनाकर पेश करें तो धार्मिक पुरुषों से सम्मति लेकर और जनता की रुचि के अनुसार कार्य करें।

(९) राजा, महाराजाओं को हिन्दू-धर्म की नाश-कारक नीतिपर कदापि भी नहीं चलना चाहिये, न हिन्दू-धर्म के विरुद्ध अन्तर्जातीय विवाह आदि कानून पास करने चाहिये जिन का दिग्दर्शन नीचे कराया जाता है-(अ) जाति-पांति-तोड़क कानून।

(आ) मन्दिरों को भ्रष्ट करना। (इ) शादी कानून। (ई) विधवा विवाह। (उ) तलाक कानून। (ऊ) विजाति विवाह। (ऋ) सहशिक्षा अर्थात् लड़का और लड़कियों का एक साथ पढ़ाना। (ॠ) स्कूलों मे धार्मिक–शिक्षा का अभाव। (ऌ) लडकियों को बच्चों के पालने तथा आवश्यक औषधियां को जानने तथा उनके प्रयोग का ज्ञान न सिखाना। (ॡ) संयुक्त-परिवार–प्रथा को कानून द्वारा खंड २ करना। (ए) नीच जातियों की तरफदारी और पूर्ण हिमायत करके तथा उच्च जातियों से परिपूर्ण शत्रुता रखते हुये अछूतोद्धार के नाम पर नीच और उच्च जातियों को परस्पर लडाना। (ऐ) विधर्मियों की झूठी तरफदारी करके हिन्दूओं को कुचलना। विधर्मियों का अक्सर हिन्दूओं पर कोई मेला वा धर्मोत्सव आदि अवसरों पर आक्रमण करे तो उसे न रोकना। (ओ) हिन्दूओं में प्रचलित धार्मिक प्रथाओं का उत्मूलन इत्यादि २। अतः राजाओं को उचित है कि अपनी प्यारी हिन्दू-जाति प्रजा तथा अपने परम-प्रिय हिन्दू-धर्म की परिपूर्ण रक्षा करें, जैसा की प्राचीन समय के राजा, महाराजा वर्णाश्रम-धर्म की सर्वदा ही पूर्ण रक्षा करते आये हैं। यह ऐसा सुदृढ़ गढ़ (किला) है कि विधर्मियों के अनेक घोर आक्रमणों से भी कदापि टूट नहीं सका। सो इस सुदृढ़ किले की अवश्य ही रक्षा करना श्रीमान् राजा, महाराजाओं का परम कर्तव्य होगा। और इस अपने हिन्दू-धर्म-रक्षणरूप महान् कर्तव्य के परिपूर्ण साधन के लिये अपने अपने धर्माचारियों और राज्यगुरु की आज्ञानुसार ही सर्व धार्मिक–कार्योंका करना ही प्रशस्त होगा। और इन्हीं धार्मिक कार्यों की सेवा द्वारा ही इस धर्म–युद्ध में पूर्ण विजय प्राप्त होगी, और यह वर्णाश्रम धर्म का गढ़ अवश्य ही परिपूर्णतया सुरक्षित रखने में परमोन्नति में परिपूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

(१०) राजा, महाराजाओं को प्रत्येक विषय में सनातन-धर्मी हिन्दुओं की सहायता और रक्षा करनी चाहिये। उद्दण्ड जातियों को दबाये रखना और साम्प्रदायिक मुकदमों में कठोर दण्ड देना उचित है।

(११) विधर्मियों का प्रभाव भारतवासियों पर अब तक इसलिये बना हुआ है कि उन में फूट, वीरता का अभाव और नासमझी है।

हम राजा, महाराजाओं की सेवा में सादर विनय पूर्वक निवेदन करते हैं कि हिन्दू-धर्म की रक्षार्थ हिन्दू-धर्म की आन बान, शान रखने के हेतु हिन्दुओं की धार्मिक प्रथा और कार्य में सहायक बनें और ऐसी राजाज्ञायें जारी करदें जिन से हिन्दुओं को सुभीता हो।

(१२) राजा, महाराजाओं को इस विषय पर भी अपना गम्भीर ध्यान आकर्षित करने की अत्यन्त ही आवश्यकता है कि विधर्मियों से कालिजों में हिन्दू-धर्म-नाशक शिक्षा दी जाती है उस को रोकने की भरसक चेष्टा करें। इति शुभम्।

सनातन धर्मकी रक्षा और परमोन्नति कैसे हो ?

[लेखकः—पण्डित राजबिहारीलाल ज्योतिषाचार्य भाष्यकारश्री, नवीन फलित ज्योतिष रचयिता अलीगढ़ ।]

(१) भारतवर्षीय समस्त सनातन-धर्मी सभाओं को चाहिये कि वे अपने २ केन्द्र से अपने २ अधिकार में होनेवाले प्रान्तों में सनातनधर्मी उपदेशकों का जाल पूर दें। अबतक यह हो रही है कि जहां से कोई बुलावे और व्यय दिया

जावे वहीं पर उपदेशक भेजे जाते हैं और जहां कोई खर्च न देसके तथा बुलावे भी नहीं वहांपर उपदेशकों को नहीं भेजा जाता, यह प्रथा धर्म-घातक है। यदि ऐसा प्रबन्ध होजाये कि सब जगह ही धर्म उपदेशकों का दौरा होता रहे और जो कुछ वहां से पूर्ण वा थोड़ा सा खर्चा मिले वा नामिले उसीपर निर्भर किया जाये, तो सनातन धर्मका अवश्य ही बोलबाला होगा और प्रत्येक हिन्दू अपने धर्मपर सुदृढ़ होजायेगा।

(२) मंत्र-जाप करके देवसिद्धि प्राप्त करना तीनों उच्च वर्णों के प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य होजाये तो कोई भी दुःख, शत्रु तथा कर्मचारी और रोगादि तनिक भी कष्ट नहीं देसकते, अतिरिक्त इसके धर्म भी सुदृढ़ होजायेगा, डांवाडोल नहीं रहेगा।

(३) किसी भी महान् दुःख के उपस्थित होने पर अपघात करना वा घरसे निकल जाना बुरा है जैसे कि गतवर्ष परीक्षा में उत्तीर्ण न होने के कारण यू० पी० प्रान्त के लगभग २० छात्रोंने अपघात किया है तथा कई छात्र अपना घर छोड़कर निकल भी गये हैं। और हार्टफेल अर्थात् मनुष्य के हृदयकी कलका चलना एकदम बन्द होजाना कि जिससे तुरन्त ही स्व-स्थावस्था में अर्थात् बिना कुछ बीमारी के ही तुरन्त मृत्यु होती है। ये ३ रोग पाश्चात्य सभ्यता पर चलने वालों अर्थात् मंत्र, भजन, पूजन, व्रतादि न करने वालोंको ही ग्रसते हैं। परन्तु हिन्दू-धर्म में देव-पूजा का विधान जो मन्त्रंजाप और व्रतोपासना है उनके करनेवालों पर इनका कुछ भी प्रभाव नहीं पडता, अतएव अपनी भलाई और स्वस्थता के लिये मंत्रजाप नित्य नियम-पूर्वक अवश्य ही करना और नियम-पूर्वक कोई व्रत भी रखना चाहिये।

(४) आज कल कुछ धर्म-विहीन जन अनेक प्रकार के धर्म-घातक कानून बना २ कर सनातन-धर्मियों पर कुठाराघात करके महाघोर संकट उपस्थित कर रहे हैं सो इसको मिटाने का प्रयत्न करना चाहिये।

(५) धर्मशिक्षा का प्रबन्ध करने की अत्यन्त ही आवश्यकता है। इसकी ओर सबसे पहिले ध्यान दिया जावे और हमारा निम्न लिखित सन्देश जहां कहीं भी सनातनधर्मियों की कोई भी सभा हो प्रत्येक जगह सर्व उपस्थित समुदायको सुनादिया जाया करे।

(क) बालकों को सर्व प्रथम ही हिन्दी वा संस्कृत पढ़ानी चाहिये। तदुपरान्त धर्म शिक्षा सर्वोपरि मुख्य है इस लिये उनको धर्म-पुस्तकें पढ़ावें। इसके बाद उर्दू वा अंग्रेजी पढ़ानी चाहिये।

(ख) जब बालक हिन्दी तथा संस्कृत में कुछ सुयोग्य होजावे तब १६, १७, १८ वर्ष की अवस्था में ही मंत्रदीक्षा देकर उसको जिस देवता में प्रेम हो उसकी सिद्धि अवश्य ही करा देनी चाहिये।

(ग) छात्रों को सर्वदा ही उपहार में धार्मिक, उपदेशप्रद पुस्तकें वितरण करनी चाहिये।

अब हम कुछ धर्मशिक्षा के विषय में लिखते हैं कि धर्मशिक्षा का प्रस्ताव वर्णाश्रम-स्वराज्य-संघके वार्षिक महाधिवेशन, कलकत्ता, में अबसे कोई तीन चार वर्ष पहिले पास हो चुका है परंतु वह कार्यान्वित आज तक नहीं हुआ है। सो इसकी ढीली लगाम छोड़ देना ही सनातन-धर्म के विनाशका कारण है। इस हेतु यह धर्मशिक्षा का प्रबन्ध सर्व प्रथम तुरन्त ही आरम्भ करना अत्यन्त ही आवश्यकीय कार्य है। यदि संघ इस दुस्तर कार्य को करने में असमर्थ है तो इसका एक महकमा कायम करके इसका सब

भार अर्थात् धर्मशिक्षा के संपूर्ण प्रबंध का कर्तव्य किसी धर्मप्रेमी योग्य सज्जन पर छोड देना अत्यन्त ही उचित है। इसके लिये एक इन्स्पैक्टर, एक क्लर्क, एक सिपाही का वेतन और दफ़तर का सारा खर्च देना होगा। और सनातनधर्मी शिक्षालय, पुत्री पाठशालाएं तथा कालिजों की एक सूची तैयार कराई जाकर उस विद्वान् को दीजावे तो धर्मशिक्षा का प्रचार और प्रसार सुगमता से हो सकता है।

(५) स्त्री-शिक्षा के संबंध में यह बताना आवश्यक है कि वर्तमान समय में कई गत वर्षों से सहशिक्षा की प्रथा डाली गई है वह धर्म-नाशक और निषिद्ध है। इससे तो पुरुषों में बेरोजगारी फैलती है, क्योंकि जब स्त्रियां पढ़कर नौकरी करने लगी हैं तो अब पुरुषों को नौकरी मिलना और कठिन हो चला है और भविष्य में और भी हो जायगा। दो घर के रोजगार चलने के बदले, एक ही घर में स्त्री, पुरुष दोनों के रोज़गार चलेंगे और दूसरा घर भूखा मरेगा। दूसरे लडकियों को परीक्षाएँ पास कराने की जो प्रथा चल पड़ी है वह विवाहोपरांत उनके किसी भी काम नहीं आती। तीसरे ऐसी परीक्षा पास करने के वास्ते अत्यधिक खर्च करना व्यर्थ में रुपयों का दुरुपयोग करना है। चौथे इस प्रकार स्त्रियों को सीने, पिरोने, भोजन बनाने, बालकों का पोषण करने और उनको स्वास्थ्य तथा दीर्घायु बनाने और श्रेष्ठज्ञान देने की आवश्यक शिक्षा से वञ्चित रक्खा जाता है। पांचवें इस लिये इन आवश्यक गृह-कार्यों के करने से उनको घृणा भी उत्पन्न हो जाती है। छठे जाति-बन्धन तोड़ने और स्त्रियों को स्वच्छन्द तथा स्वेच्छाचारिणी बनाना बडा हानिकारक सिद्ध हुआ है। सातवें आजकल कितने ही सनातन-धर्मी लड़कों को यह कहते सुना गया है कि अब तो स्कूल में ही विवाह होजाया करेगा,

यही हमारा स्वयम्बर है। संघ के नेताओं और सम्पूर्ण सनातन-धर्मी संस्थाओं को इसे खूब कान खोल कर सुन लेना चाहिये कि फिर तो अपनी जाति में विवाह की प्रथा टूट जायगी। यदि आपकी संस्थाओं का कार्य हिन्दू-धर्म को जीवित रखना है तो तुरन्त चेतियेगा। बहुमत इस सहशिक्षा के अत्यन्त ही विरुद्ध है सो यदि धर्मशिक्षा का प्रबन्ध कराना हो तो लड़के और लड़कियों दोनों की शिक्षा को विभिन्न करके दोनों प्रकार के शिक्षालयों को पृथक् २ कर देना चाहिये। परन्तु प्रश्न तो यह है कि क्या संघादि संस्थाएँ इस सम्मति के मानने को तय्यार भी होंगी? यदि वे इस सम्मति से सहमत होजायें तो वे धर्म-शिक्षा को जारी करा सकती हैं, अन्यथा तो यह कार्य उनके बूते से बाहर है, उन से सम्पन्न होना कठिन है और इस सहशिक्षा से हिन्दूओं में विधर्मीपन अत्यन्त ही शीघ्र फैलनेवाला है। क्या संघादि संस्थायें अब भी अपनी गम्भीर नींद को त्याग नहीं करेंगी? और अपने नेतापन को गर्वित-दृष्टि से देखकर अपने मन ही मन सर्वदा प्रसन्न चित्त ही होती रहेंगी?

(६) अब " नवीन-कलिम-ज्योतिष " का प्रकाशन कैसे हो? इस के सम्बन्ध में लिखा जाता है कि हम ने " नवीन ज्योतिष " की रचना कर एक उत्तम कार्य किया है जो पांच या छः ग्रन्थों के रूप में प्रकाशित हो सकेगा। परन्तु जब तक ये सब ग्रन्थ भारतवर्ष भर में विना दाम बिल्कुल मुफ्त वितरण नहीं किए जावेंगे तब तक नवीन ज्योतिष का प्रचार होना केवल दुस्तर ही नहीं प्रत्युत इस प्रकार तो नवीन विद्या का अवश्य ही लोप हो जाना संभव है। इस हेतु प्रत्येक ग्रन्थ सहस्रों की संख्या में प्रकाशित कराकर भारतवर्ष भर में बिल्कुल मुफ्त वितरण कराना ही निश्चय किया गया है। अब विद्याप्रेमी दानवीर महानु

भावों का क्या कर्तव्य होना उचित है? सो इस विषय में उन की जैसी सम्मति हो सो वे कृपा करके हम को सूचना देने का कष्ट सहन करेंगे। हमारे इन उपर्युक्त ग्रन्थों के ऊपरी पृष्ठपर ही दानवीरों के नाम तथा पते सहित उनकी प्रदान की हुई धन सहायता प्रकाशित करदी जावेगी, जिस से उन की सुख्याति भारतवर्ष के बाहर भी सम्पूर्ण दुनिया में पहुँचेगी। ग्रन्थों के छपने की देर है कि तुरन्त ही ये ग्रन्थ अफ्रिका, अमेरिका तक में भेजे जायेंगे, क्योंकि कई ऐसे आर्डर वहां के आचुके हैं। विद्यादान महादान है, सर्व दानों में श्रेष्ठतर है, इस पर सशीघ्र ही ध्यान दीजियेगा।

(७) फलित-ज्योतिष के जितने भी ग्रन्थ हैं वे सब अशुद्धियों से भरपूर हैं। सो इन सब को उपर्युक्त नवीन ज्योतिष प्रकाशन के साथ २ शुद्ध कराया जावे तो श्रेष्ठ होगा। इस विषय पर भी किंचित् गम्भीर-दृष्टि से विचार-पूर्वक ध्यान दीजियेगा।

(८) दानवीरों को पात्र कुपात्र का विचार करके सुपात्र को ही दान देना उचित है। और विना विचार किये कुपात्रों को दान देने का यही फल है, जो हिन्दू-धर्म-नाशक तथा अन्य विधर्मप्रचारक साहित्य के प्रकाशन से हो रहा है। देखिये कि कांग्रेस को एक करोड रुपये सनातन-धर्मियों ही ने दान दिया था, जिसका फल यह प्राप्त हो रहा है। सनातन-धर्मी दानवीर हैं और दानशीलता में तत्पर हैं, परन्तु पात्र कुपात्र का ज्ञान किये विना दान देने का यही फल है कि वह दिया हुआ दान तुम्हारा ही नाशकारक बने।

हमने हरिद्वार कुम्भ के मेले पर स्वयम् देखा था कि दान विना विचारे अनाव शनाव दिया जाता था। जो दान देना चाहिये था ऋषिकुल आदि सनातन-धर्मी संस्थाओं को। परन्तु वह अन्य

मत की संस्थाओं को दिया जा रहा था। अन्य-मत पोषक और सनातन-धर्म-खण्डक संस्थाओं को पचीस सहस्र रुपये यहां दान में प्राप्त हुये थे। हरिद्वारमें भीगङ्गाजी के स्नान के लिये कुम्भका महापर्व सनातन धर्मियों का मेला है। फिर अन्य समाज संस्थायें यहां क्यों और उनको क्यों दान दिया जावे? ऐसे विरुद्ध संस्थाओं से अलग रहना ही सनातन-धर्म की परमोन्नति के लिए श्रेष्ठ है।

किसी भी विधर्मी संस्थाओं को एक पैसा भी दान नहीं देना चाहिये। यह दान, दान नहीं वरन् महान् पाप है। कुम्भ के मेलेपर आने वालों को सर्वदा ही याद रखना चाहिये कि ऋषिकुल में आकर यहां अथवा अन्य सनातन धर्म के कार्य में दान देना उचित है।

(९) सनातन-धर्मी पत्रों की यह बड़ी भारी त्रुटि है कि वे अन्य संस्थाओं की, सुधारकों की बड़ाई करते नहीं अघाते। उनका यही कार्य्य तो सनातन-धर्म की जड़ को खोखली कर रहा है सो ऐसा नहीं करना चाहिये।

(१०) सुधारक लोग [१] विवाह अपनी जाति बिरादरी में नहीं करते, [२] वे विवाह जैसा पवित्र कार्य ईसाइयों की रीति से रजिस्टरी द्वारा सपन्न करते हैं, [३] इनकी तरुणावस्था की लड़कियां विलायत में पढ़ने भेजी जाती हैं और वहां भ्रष्ट हो जाती हैं [४] जो वहां से बैरिस्टर बनकर आती हैं और भारतवर्ष में बैरिस्टरी करती फिरती हैं और [५] इनकी अनेक स्त्रियां प्रेसिडेन्सियों के पद का शासन कार्य कर रही हैं और अपने पद-सम्बन्धी कार्यों का निरीक्षण भी करती फिरती हैं, हमने सं० १९९५ वि० के कुम्भ मेले पर सुधारकों की ये नई पांच बातें देखी, जो सनातन-धर्म के विरुद्ध हैं। और इससे स्पष्ट है कि सुधारक-नेता हिन्दू-धर्म का नाश करते चले जाते हैं। सनातन-धर्मी हिन्दुओं की सब से बड़ी त्रुटी यह है कि इन

सुधारकों को वोट दे देते हैं। इन को वोट न देने का आरम्भ बड़ी तीव्रगति से कर देना चाहिये कि नवीन सुधारकों को वोट न देकर सनातनी हिन्दूओं को ही वोट दिये जावें। इसलिये म्यूनिसिपल बोर्ड, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और प्रान्तीय तथा केन्द्रीय ऐसेम्बलियों में सनातनी हिन्दूओं का आधिपत्य हो जाय। हिन्दूओं की सीटों में से एक भी सीट इनको कदापि नहीं मिलनी चाहिये, क्योंकि ये हिन्दू नहीं हैं। हिन्दूओं की जो सीटें हैं उन में से चौथाई आर्य्य-समाजियों को दी जावें और चौथाई जैनियों को मिलें, शेष आधी सनातन-धर्मियों के पास रहेगी। इससे ईसाई लोग ईसाइयों के लिये, आर्य्य-समाजी अपने आर्य्य-समाज के लिये, जैनी अपने जैन-धर्म के लिये और सनातन-धर्मी अपने सनातन-धर्म के लिये कानून बना सकेंगे, किन्तु दूसरे के लिये किसी को भी कानून बनाने का अधिकार नहीं होना चाहिये। सनातन-धर्मी नेता वृन्दों को चाहिये कि सब से पहिले तुरन्त ही इस प्रकार सीटों का बटवारा करालेवें। इसी विधिपर अग्रसर होने से बहुमत-वाली, और गवर्नमेन्टी पदपर पूर्ण अधिकार रखती हुई, अत्यन्त गर्वित, सुधारक-पार्टी अधोमुख होकर नीचे गिर पड़ेगी और सनातन-धर्मी परिपूर्ण प्रकार से अपना आधिपत्य प्राप्त कर सकेंगे।

यह नं० १० अत्यन्त ही अधिक महत्वका है जिससे सनातन-धर्मियों की पूर्ण विजय होगी और धर्मध्वंसी-सुधारक नामधारी दल अवनति के गर्त में गिरकर सर्व-नाश को प्राप्त हो जायेगा। इस पर शीघ्र कार्यान्वित होना चाहिये।

ये उपर्युक्त १० अत्यंत आवश्यक विषय हैं जिनपर यदि सनातनधर्मी जनता, सनातनधर्मी सभाएं तथा सनातनधर्मी नेता और सनातनधर्मी राजा महाराजाओं ने ध्यान दिया तो अवश्य

ही सनातनधर्म का बोलबाला होगा और यह अपने विरोधियों का नाश करता हुआ उन्नति के शिखर पर पहुंचेगा और परिपूर्ण सुदृढ़ भी होजायेगा। इस बात पर अत्यन्त गंभीर दृष्टि से विचार करना आवश्यक है।

भारतवर्ष दिनों-दिन अधोगति के गर्त में क्यों गिरता जारहा है?

[लेखक-पंडित रामबिहारीलाल नवीन ज्योतिष शास्त्र रचयिता आकाशवर्षी अलीगढ़]

वर्तमान काल में यूरुप, अमरीका आदि देश सर्व कलाओं में उन्नति के शिखर पर पहुंच रहे हैं। परन्तु भारतवर्ष दिनोदिन अधोगति के गर्त में गिरता जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि पाश्चात्य देशों में तो जहां कोई व्यक्ति किसी भी नवीन कार्य के आविष्कार पर उसके अनुसन्धानार्थ खड़ा होता है तो उसका पूर्ण विवरण वहां के समाचार-पत्र अत्यधिक ही हर्ष और प्रसन्नता से प्रकाशित करते हैं और फिर दानवीर महानुभाव तथा वहां की गवर्नमेंट भी उस नवीन कार्य-कर्ता को अत्यधिक धन-सहायता देती है और शीघ्रातिशीघ्र ही लाखों रुपये उसके चरणों में आ पड़ते हैं। जिससे वह अनुसन्धानकर्ता अपने उत्साह की अभिवृद्धि के साथ अपने कार्य्य की गहरी छानबीन करता है और अन्तको वह उसमें पूर्ण सफलता प्राप्त करलेता है। परन्तु यहां भारतवर्ष में तो उपर्युक्त साधनों में से कोई भी ऐसा साधन नहीं है। यदि कोई विद्वान् किसी भी विद्या में कोई नवीन खोज करे या किसी प्रकार का आविष्कार करने के लिये गम्भीर अनुसन्धान

करने पर खड़ा होजाये तो कहीं से भी उसको धनसहायता प्राप्त नहीं होती। इन बातों का तो यहां पूरा अभाव ही है। जब भारतवर्ष की सम्पूर्ण पुरानी कलाओं का नाश ही किया जा रहा है, भला वहां कैसे कुछ सहायता मिल सकती है? कदापि नहीं। यहां तो आजकल मशीनरी की ही बढ़ती हो रही है। दस्त-कारी को कोई नहीं पूछता। अब रहे राजा, महाराजा सो स्वयं निज बुद्धि से तो वे कुछ करते ही नहीं, प्रत्युत वह तो गवर्नमेंट इंग्रेजी का ही अनुसरण करते रहते हैं, सो वे भी उसी भारतवर्षकी सम्पूर्ण कलाओं की नाश-कारक नीति पर ही चल रहे हैं, अतएव वह भी कुछ धन-सहायता देने को तय्यार नहीं होते। अब रहगये अन्य दानवीर महानुभाव, सो ये तो अपने ही नगरों में और अपने जाने पूछे व्यक्तियों को ही दान देना जानते हैं। जिस मनुष्य से इनकी जान पहचान ही नहीं और इनके नगर से अत्यन्त दूरका रहने वाला है उसको तो ये एक पैसा भी दान नहीं देते। और सबसे बड़े अभियुक्त इस विषय के भारतवर्षी समाचार पत्रों के सम्पादक-गण हैं जो किसी कार्यकर्ता के गुण गान करना और उसको धन-सहायता दिलवाने के लेख लिखना महान् पाप समझते हैं और वह अपने इस महान् पापके दण्ड स्वरूप महाघोर नरक में पड़ने के भय से ऐसा कोई लेख कदापि भी नहीं लिख सकते। आप का लेख लिखना तो दूर रहा, यदि वही कार्यकर्ता अथवा उसके लिये अन्य कोई विद्या-प्रेमी धन-सहायता संबन्धी लेख भेजे तो उसको भी छापना अत्यंत कलंक और महान् पाप समझते हैं और महाघोर नरक में पड़ने के भय से उसको तो तुरन्त ही फाड़कर रद्दी की टोकरी में डाल देते हैं। वैसे तो वे सब खान-पान, रहन-सहन, बूट-सूट, जूते, टोप, विदेशी भाषा बोलने, विवाह-प्रथा, कानून तलाक़ आदि

की नक़ल उतारने में भारी चतुर और बड़े प्रशस्त हैं, परन्तु पाश्चात्य देशों में धन-दान देने और दिलाने की जो उपयुक्त प्रणाली है उसकी नक़ल उतारने में नहीं है और अपने किसी भारतीय भाई के उत्साह-युक्त कार्य-क्षेत्र में बाधा डालते हैं। वे यह नहीं सोचते कि किसी के उत्साह-युक्त कार्य-क्षेत्र में बाधा डालना सो महापाप है और इसके फलस्वरूप उनको अवश्य ही महा-घोर नरक के गर्त में गिरना होगा। क्या कभी इस विषय पर भी उन्होंने विचार किया है? कदापि नहीं। अतएव जिस देश में नवीन आविष्कारक के उत्साह को भंग करने के लिये इतने उपर्युक्त कारण उपस्थित होरहे हैं, यह देश पाश्चात्य देशों की तरह कभी अभिवृद्धि न कर सके और दिनों दिन अधोगति के गर्त में ही गिरता हुआ चला जावे तो इस में आश्चर्य क्या? इस अगति को रोकने के लिये प्रयत्न करना अत्यन्त आवश्यक है।

सुख का मूल।

इस जगत् में प्रत्येक मनुष्य को धर्मानुसार आचरण करना चाहिये। धर्म एक ऐसी वस्तु है जिसके आचरण करने से मनुष्य की हर स्थान पर विजय होती है और वह नाना प्रकार के दुःखों से विमुक्त होता है। यथा—

धर्मेण हन्यते व्याधिर्धर्मेण हन्यते ग्रहाः।
धर्मेण हन्यते शत्रुर्यतो धर्मस्ततो जयः॥

जो मनुष्य धर्मानुसार आचरण नहीं करते हैं, वे पशु के समान हैं, यथा—

धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः ॥

धर्माचरण के लिये विद्याध्ययन करना मनुष्य का परम कर्तव्य है। जो विद्या पढ़े हुए नहीं हैं, वे पशु के समान हैं, यथा—

विद्याविहीनः पशुः।

जो न तो विद्या पढ़े हुए हैं, न तपस्या करते हैं, न ज्ञानी हैं, न शान्त-स्वभाव रखते हैं, न गुणी हैं, न धर्म करते हैं, वे इस मनुष्य-लोक में पृथ्वी के भार-रूप हैं और केवल नाम मात्र के मनुष्य हैं किन्तु वास्तव में पशु ही हैं, यथा—

येषां न विद्या न तपो न दानं,
ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मर्त्यलोके भुवि भारभूता,
मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ॥

यह विद्याभ्यास केवल आयु के प्रथम भाग में ही हो सकता है और उसके लिये समय की पूर्णावश्यकता है। समय को व्यर्थ नष्ट करने से विद्या नहीं आसकती, यथा—

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम् ॥
विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनं,
विद्या भोगकरी यशःसुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः।
विद्या बन्धुजनो विदेशगमने विद्या महादेवता,
विद्या राजसु पूजिता न तु धनं विद्याविहीनः पशुः ॥

विद्या मनुष्य का सुन्दर स्वरूप है, अर्थात् विद्यावान् का सर्वत्र आदर होता है, विद्या एक छिपा हुआ धन है अर्थात् उसे कोई चुरा नहीं सकता। विद्या से मनुष्य को यश मिलता है, सुख मिलता है, विद्या गुरुओं की भी गुरु है। विदेश में विद्या बान्धव की

तरह सहायता देती है, यह बड़ी ढ़वता है, राज्य में विद्या की पूजा होती है न कि धन की, विद्यारहित मनुष्य पशु है।

इस विद्या को न तो कोई चोर चुरा सकता है, न राज्य छीन सकता है, न भाई इस में से भाग मांग सकता है, न यह बोझ देने वाली है। इस में एक अद्वितीय गुण है, वह यह कि यह व्यय करने से दिन प्रतिदिन बढ़ती है, अतः सर्व धनों में विद्याधन सर्वश्रेष्ठ है। यह बात निम्न श्लोकों से सिद्ध होती है—

न चोरहार्यं न च राजहार्यं,
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं,
विद्याधनं सर्वधनप्रधानम् ॥
सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम् ।
अहार्यत्वादनर्घत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा ॥
अपूर्वः कोऽपि कोषोऽयं विद्यते तव भारति! ।
व्ययतो वृद्धिमायाति क्षयमायाति संचयात् ॥

यह विद्या माता की तरह हमारी रक्षा करती है पिता की तरह हमारी भलाई में तत्पर रहती है, स्त्री की तरह खेद को दूर कर चित्त को प्रसन्न करती है। दिशाओं में निर्मल यश फैलाती है, लक्ष्मी देती है, यह कल्पवृक्ष के समान क्या क्या सिद्ध नहीं कर सकती है? अर्थात् सब कुछ सिद्ध कर सकती है। यथा—

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुङ्क्ते
कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम् ।
लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिं
किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या ॥

विद्याध्ययन करने से ही तो मनुष्य प्रखर विद्वान् होता है। उस विद्वान् की तुलना राजा से भी नहीं की जा सकती अर्थात्

वह विद्वान् राजा से भी बढ़ कर है क्योंकि राजा तो केवल अपने देश में ही पूजा जाता है किन्तु विद्वान् सब जगह पूजा जाता है, यथा—

विद्वत्त्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥

इसी विषय में यह और लिख देना अनुचित न होगा कि प्रत्येक बालक के माता पिता का यह प्रथम कर्तव्य है कि वे अपने पुत्रों को विद्याभ्यास करावें। यदि वे नहीं कराते हैं तो वे केवल उन बच्चों का जीवन ही निष्फल नहीं करेंगे, अपितु स्वयं उनके शत्रु बनेंगे और उस बालक का मान कहीं न होगा। जैसे—

माता शत्रुः पिता वैरी येन बालो न पाठितः।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा॥

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है यदि माता-पिता पुत्र को विद्याध्ययन न करावें तो वे उसके शत्रु हैं, वैसे यदि पुत्र न करे और वह मूर्ख हो तो वह शत्रु है, यथा—

पुत्रः शत्रुरपण्डितः।

एक समय का वृत्तान्त है कि एक मनुष्य का एक पुत्र बहुत ही परिश्रम से विद्याध्ययन किया करता था। किन्तु कुछ दिनों से उसने पढ़ना बन्द कर दिया, तब उसके पिता को दुःख हुआ, कारण वह अपने पुत्र का शुभचिन्तक था। इस पर उसने कहा—

हाहा! पुत्रक! नाधीतं सुगतैतासु रात्रिषु।
तेन त्वं विदुषां मध्ये पङ्के गौरिव सीदसि॥

ऊपर विद्या के गुणों का वर्णन किया जा चुका है और यह भी बतलाया जा चुका है कि विद्या से ही सुख मिलता है।

वास्तव में यह सुख किस प्रकार मिलता है, यह निम्नलिखित श्लोक से सिद्ध होगा—

> विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम् ।
> पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम् ॥

विद्या से नम्रता आती है, नम्रता से पात्रता (योग्यता) आती है, योग्यता से धन मिलता है, धन से धर्म होता है और धर्म से सुख मिलता है।

अतः सुख का मूल विद्या है।

K. Vishnu Narayan Asopa,
Govind Bhawan,
Jodhpur

प्राचीन काल के रीति रिवाज का रहस्य।

प्राचीन-काल से जो रीति-रिवाज अर्थात् प्रथाएँ चली आ रही हैं, उनमें अवश्य कुछ न कुछ रहस्य छिपा रहता है। परन्तु आज कल इन प्रथाओं को कुरीतियाँ समझी जाती हैं। उन में से कुछ रीति-रिवाज इस प्रकार हैं जिन का नीचे वर्णन किया जाता है।

(१) प्रथम-पुत्र जन्म—जब प्रथम-पुत्र का जन्म होता है, उस समय अत्यन्त उत्सव मनाया जाता है और रिश्तेदारों तथा मित्रगणों को इसी उत्सव में भोजन कराया जाता है। यह सब क्यों किया जाता है? कारण यह है कि भोजन करने वालों को मालूम हो जाय कि यह पुत्र उसके पिता की सारी सम्पत्ति का मालिक होगा। उसको अधिकारी बनाने में कोई बाधा नहीं डाल सके।

(२) गोदी-रस्म-यह प्रथा भी भारतवर्ष में प्राचीन-काल से चली आती है। गोदी की रस्म उस प्रथा को कहते हैं जिस में किसी पुरुष के पुत्र न हो और वह स्वयं अपने सजातीय के पुत्र को अपने घर रख कर अपनी पूर्ण सम्पत्ति का उसको अधिकारी बना दे। सब मित्रों तथा रिश्तेदारों को इकट्ठा करके यह रस्म की जाती है। सब को इकट्ठा इसलिये किया जाता है कि सब उसके गवाह होजावें और जिसको अधिकारी बना दिया जावे उस पर कोई दावा (मुकद्दमा) न कर सके।

(३) यज्ञोपवीत-के अधिकारी केवल तीन वर्ण के ही होते हैं, यथा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य। यज्ञोपवीत से हमारे दांतों की रक्षा होती है। कैसे ? जब यज्ञोपवीत होता है तो गुरु कुछ शिक्षा देते हैं। उस में यह भी शिक्षा दी जाती है कि वे Urine House पेशाब घर and Latrine House पैखाने में जावें तो यज्ञोपवीत कान पर धारण करके जाना चाहिये और वहां मुँह नहीं खोलना चाहिये। क्योंकि मुँह में विशुद्ध हवा पहुँचने से दांत कमजोर होजाते हैं। ऐसी राय वैद्यों की भी है। इसमें यही रहस्य पाया गया, कि यज्ञोपवीत हमारे दांतों को कमजोर बनाने से बचाती है।

(४) संबन्ध या सगाईः-यह रस्म शादी (Marriage) के पहले होती है। इसमें जाति (Clan) वालों को बुला कर लिखा-पढ़ी की जाती है। ताकि जाति वाले सब इस सम्बन्ध के गवाह हो जावें। लेकिन प्राचीन काल में यह प्रथा न थी, आज कल ही है।

(५) लग्नः-प्राचीन-काल में कागज पर लिख कर भेजा जाता था और उस में यह लिखा जाता था कि स्वयम्वर अमुक तारीख या तिथि को है। इस में रहस्य यह पाया गया कि

उस कागज़ से स्वयम्बर में उपस्थित होने की तारीख मालूम हो जावे। और यह लग्न सदा लड़की के घर से लिखा जाता है। क्यों कि लड़की के घर पर ही स्वयम्बर होता है। लेकिन आज कल स्वयम्बर बन्द होने से लग्न में शादी का कार्यक्रम लिखा जाता है और इसी लग्न के कार्यक्रम के अनुसार शादी का तमाम काम होता है।

(६) गणेश-पूजन अथवा माता-पूजन—इसी कारण की जाती है कि स्वयम्बर या शादी बिना विघ्न-बाधाओं के कुशल-पूर्वक होवे और स्वयम्बर में जब जाते थे तो उनकी पूजन तथा प्रार्थना करते थे कि उन्हें स्वयम्बर में सफलता प्राप्त हो। स्वयम्बर में प्रायः झगड़ा अवश्य हो जाता था। क्योंकि वर बहुत और वधू एक होती थी। रहस्य इस में यही पाया गया कि देवता शान्ति को स्थापित करें व ऋद्धि सिद्धि को प्रदान करें।

(७) उबटन या पीठी—शादी में उबटन शरीर पर लगाया जाता है। इस उबटन में हल्दी, बादाम, चिरौंजी या चारोली, कपूर-काचरी (एक सुगन्धित पदार्थ) व चन्दन का चूर्ण मिला कर बनाया जाता है। हल्दी खून को साफ करती है। केसर मिला सकते हैं पर वह खून साफ नहीं कर सकती। बादाम व चारोली-बदन के मैल को साफ करती हैं। चन्दन व कपूर-काचरी शरीर को सुगन्धित बनाती हैं।

(८) बाने करना अथवा मौजें-इस में जो युवक स्वयम्बर में जावे या जिस युवक की शादी हो, उस के दोस्त या उस के रिश्तेदार अपने २ घर पर उसे बुला कर भोजन कराते हैं। या उस युवक के घर पर सब दोस्त और रिश्तेदार, सामान व कुछ नकद रकम भी भेजते हैं। क्यों ?

सामग्री तथा नकद रकम इस लिये भेजी जाती है कि प्राचीन-काल में हमारे भारत-वर्ष में कोई रेलें तथा मोटर-गाड़ियां नहीं थी। वर के साथ जाने वालों की (जिनको आज कल बाराती कहते हैं) भोजन-सामग्री भेजने के लिये रकम दी जाती थी। अथवा रिस्तेदार वा मित्र भोजन-सामग्री वर के घर न भेज कर स्वयं वर को ही भोजन करा देते हैं। इसका कारण यह है कि वर अपने रिश्तेदारों तथा मित्रों के यहां स्वयं भोजन करके शक्तिमान् बने ताकि लडकी का विवाह होने के बाद वह विजयलक्ष्मी रूप से घर में आवे तो उसको किसी दूसरे के हाथ न जाने देवे।

(९) विनोरी.-उस को कहते हैं जिस में वर के साथ जाने वाले पुरुष अक्सर खेलते हैं। विनोरी डण्डे से खेली जाती है। और लडकी के घर भी विनोरी निकलती है। यह क्यों ? खास कारण यह है कि स्वयम्वर में बहुधा लडाई झगड़े हुआ करते थे तो लडके वाले और लडकी वाले दोनों विनोरी रूपी कवायद करते हैं जिस से लडाई में स्वयं अपनी २ विजय प्राप्त कर सकें।

(१०) काजल और मेंहदी शादी में खास कर वर के लिये निम्न कारण से काम में लाई जाती है।

काजलः-वर तथा वधू दोनों को ही शादी में अधिकतर जागना पडता है, क्योंकि हमारे मालवे में प्राचीन काल से यह प्रथा है कि बिनोरी खेलते खेलते रात को १२ बज जाती है। इस कारण काजल का प्रयोग किया जाता है कि निद्रा न आसके।

मेंहदीः-वर वधू दोनों के हाथ-पैरों में इसलिये लगाई जाती है कि यह मेंहदी उनके कामदेव को शांत करदे, अथवा वे उनके हाथ पैरों में शान्ति पहुँचावे।

(११) बाजे का बजाना—बाजे फौज (Military) के सामने भी बाजा करते हैं। इसका यह कारण है कि बाजों में वीरता भरे गाने गाये जाते हैं जिस से मनुष्यों के कदम आगे बढ़ते चले जावें।

(१२) गाने—औरतें वीरता भरे गीत गाया करती थीं जिस से स्वयम्बर में जाने वालों का साहस बढ़े। लेकिन आज कल ये गाने बिगाड़ दिये गये हैं। और इन में भद्दी गालियां शुरु करदी गई हैं, जो अनुचित है।

(१३) कसरिया बाना—इस को उस समय पहना जाता है कि जब लड़ाई में कोई भी विजय पाने का मौका न हो। इसी प्रकार शादी (Marriage) में भी यही कसरिया बाना पहन कर जाते हैं क्योंकि स्वयम्बर में शायद विजय प्राप्त करने का मौका न मिले। इस बाने को राजपूत लोग शादी में अधिकतर पहनते हैं। कहीं बाने को बागा कहते हैं।

अब मैं कुछ हिन्दुओं के त्यहवार के बारे में वर्णन करता हूँ।

(१) गणेश चतुर्थी—यह भादों मास में आती है। इस दिन गणेशजी का जन्म हुआ था। इस दिन रात्रि को नारियल तथा लड्डू की वर्षा की जाती थी, लेकिन भारत आज कल पैसे से कमजोर होने के कारण पत्थर वर्षा करते हैं।

(२) मकर-संक्रान्ति—इस दिन सूर्य नारायण मकर रेखा से कर्क रेखा की ओर जाते हैं इसलिये मकर संक्रान्ति इसका नाम पड़ा, क्योंकि सूर्य मकर रेखा से उत्तर की ओर जाता है।

भी एल गुप्ता,
नरसिंहगढ़।

" ॐ श्री अज्ञात "

Mysticism in Hindi-literature.

[हिन्दी-साहित्य में रहस्यवाद]

हिन्दी साहित्य में रहस्यवाद की प्रस्तुत परिस्थिति का निरीक्षण करने के प्रथम उसकी उद्गम-अवस्था तथा उसके विकास का विवेचन करना भी आवश्यक अंग है। यह तो निर्विवाद सत्य है कि साहित्य सदैव देश, समाज तथा संस्कृत का प्रतिबिंब हुआ करता है। वह सामयिक सभ्यता, आचरण एवं अवस्था का एक व्यक्त विवरण है जो कवि या लेखक के मानस में कल्पना-द्वारा अनुभूत होकर लिपि-बद्ध होता रहता है। इसका यह अर्थ नहीं कि पूर्वानुभव विद्यमान ही नहीं रहते। वह तो पूर्व अनुभवों का प्रस्तुत अनुभवों से एक प्रकार का सामंजस्य खा लेता है कि दोनों की प्रकृति को पृथक् करना भी कठिन है। क्योंकि वह एक बंधे सरोवर की प्रतिमा नहीं रहता जिसमें केवल एक ही स्थान के वृक्ष आदि की प्रति-छाया पडती रहे और उसका जल शैवाल या रज-कण से आच्छादित रहे। वह तो निर्मल सरिता की भांति अविदित किस अज्ञेय स्थान से निकलकर निरंतर प्लावित होता रहता है। यदि ऐसा न होता तो वह साहित्य केवल किसी व्यक्ति विशेष या समुदाय विशेष का रह जाता और वह समाज का समष्टि रूप से प्रति-निधि न कहा जाता।

इसी दृष्टि-कोण से जब वर्तमान हिन्दी साहित्य के इस युगान्तर-कारी पर्व की विवेचना करने को अग्रसर होते है तो यह कहना पड़ेगा कि आज का रहस्यवाद अपने अतीत की

अनेक स्मृतियों को सिमगाव हुये हैं। इस स्थान पर अब इस बात को स्पष्ट करना होगा कि ये अतीत की स्मृतियां कौनसी? इनका आशय यही है कि हमें उस रहस्यवाद का विश्लेषण करना होगा जो प्रथम-रूप में रहस्यवाद के नाम से प्रस्तुत हुआ और जिसकी निरन्तर प्रेरणा आपके रहस्यवाद में भी प्रभाव रूप से पुनः सजग हो उठी।

प्राचीन रहस्यवाद के समय पर आने के पूर्व यदि हिन्दी साहित्य के उस अध्याय का, जो रहस्यवाद काल से पहिले साहित्य पर अपनी छाप लगाये हुये था, विवेचन करें। जिस से यह प्रकट होजाय कि हिन्दी साहित्य में कब, किस प्रकार, किसके द्वारा और किन २ दशाओं में रहस्यवाद हमारे यहां समय हुआ?

यह तो स्पष्ट है कि साहित्य की भाषा साधारण बोलचाल के परिष्कृत तथा व्याकरण-बद्ध होजाने से बनती है। अतः हिन्दी भाषा भी अपभ्रंश के बिगड़ जाने के पश्चात् का निकला हुआ रूप है। यहां पर यह अनिवार्य है कि हिन्दी भाषा को संस्कृतजन्य कहने वालों को ध्यान रखना चाहिये कि संस्कृत के साहित्यिक-भाषा बनने के पश्चात् उसका रूप बिगड़ चुका था और हिन्दी उस बिगड़े हुये रूप के अनेक परिवर्तनों के पश्चात् बनी। अस्तु।

हिन्दी की साहित्य भाषा कब साहित्यिक बनी और उसका प्रथम परिष्कारक या परिष्कृत रूप का लेखक, कौन था, ये सब बातें अभी अनिश्चित-सी हैं। फिर भी हिन्दी का प्रथम काव्य जो पतेवार उपलब्ध है वह भाट चारणों का लिखा विसालरासो, पृथ्वीराजरासो आदि हैं। यों तो कवि पुष्प तथा अगनीक आदि प्रथम कवि माने जाते हैं और ग्रंथ 'खुमानरासो' (९ वीं शताब्दि) प्रथम

माना जाता है पर उन कवियों के ग्रंथ अप्राप्य हैं और खुमानरासो के लेखक का परिचय नहीं मिलता।

इतिहास से स्पष्ट है कि हर्ष की मृत्यु के पश्चात् भारत की कैन्द्रिक–शासन–शक्ति का ह्रास हो चुका था। भारत की राज्य-सत्ता इस प्रकार विशृङ्खल होकर भिन्न २ राजपूत राजाओं में बंट गई, जिसके एक-सूत्र में ग्रथित न रहने के कारण और उनका क्षत्रियोचित आत्माभिमान केवल स्वार्थ–पूर्ण स्वाभिमान में परिणत होजाने के कारण वे परस्पर लडते रहते और चारण लोग उनकी प्रशस्ति के रूप में अपने २ कवित्व का विकास करते। साहित्य के समाज तथा आदर्श का भाषांकित चित्र होने के कारण उस समय का साहित्य केवल उन राजपूत सर्दारों की वीरता की गाथा–कथा में ही संलग्न था और वह समय फिर वीर–गाथा काल ही कहलाया।

पर समय परिवर्तन के प्रपंचना-मय चक्र में अवरोध-रूप से चलता रहता है। उत्कर्ष से अपकर्ष तो स्वाभाविक गति है। राजपूतों की वह व्यक्तिगत वीरता यवन–काल में आकर जाति-द्वेष की भयानक लपटों में जलकर खाक होगई और भारत की प्रजा एक बारगी निराश्रित होकर केवल उस अज्ञेय की ओर अभिलषित नेत्रों से कुछ आशा की अभीप्सित होकर आर्द्र होने लगी। हिन्दू–सत्ता अपने स्वातंत्र्य के आवेश में उठी, गिरी, फिर उठी, फिर गिरी और अंत में उसका अस्तित्व तक विलीन होने लगा। हिन्दू–जाति निःशक्त होगई, उसके रक्त में अब वह उबाल न था जो अपने अपमान पर फिर एक बार बौखला उठे। अंत में मानव–शक्ति को जब मानव–रक्षा में असमर्थ पाया तो मानव--प्रकृति अपने ही उत्पादक का अन्वेषण करने को तत्पर हुई कि शायद अगर उनका निर्माता उनकी रक्षा कर सके। यही

समय हिन्दी साहित्य में भक्ति-काल बना। अनेक कवि हिन्दू संस्कृति को मानव-जाति से विशेष मान कर उसकी रक्षा करने को प्रस्तुत होगये। फल-स्वरूप तुलसी तथा सूर आदि अद्वितीय कवियों ने हिन्दू-संस्कृति में एक शक्ति देदी जिसके सहारे हिन्दू जाति अब भी अटल रह सकती थी। किन्तु मानव-संस्कृति की रक्षा कौन करे? हिन्दू-मुस्लिम जातियों के उस व्यवहार से पारस्परिक द्वेष दिन प्रतिदिन तीव्र हो रहा था। इधर हिन्दू-कवि हिन्दू संस्कृति की अमरता प्रकट कर दूसरों को हेय मान रहे थे। उधर मुसलमान शासक जाति होने के बल पर हिन्दुओं पर बर्बरता पूर्ण व्यवहार करते। ऐसे समय मानव-संस्कृति को इन जातियों के समक्ष कौन रख कर उन्हें तात्विक ज्ञान देकर यह समझाता कि तुम सब का एक ही निर्माता है? ऐसी परिस्थिति में ही हमारे रहस्यवाद का बीजारोपण हुआ और हिन्दू-कवियों की सगुण-भक्ति के विपरीत निर्गुण-भक्ति का निनाद महात्मा कबीर तथा सूफी कवियों के द्वारा प्रसरित होकर प्रत्येक मानव-मात्र को मोहने लगा। अतः इसी निर्गुण-पंथ से रहस्यवाद का आगमन समझना चाहिये। हिन्दू-संत, कवियों में भी कुछ रहस्यवाद की झलक थी, पर वह तुलसी तथा सूर जैसे कवियों के द्वारा प्रकट न होने के कारण वह महत्-रूप न धारण कर सकी।

रहस्यवाद के भाव का साधारणतः अर्थ लेकर कुछ अंशों तक उसकी अप्रतिष्ठा की जारही है, वह कबीर का रहस्यवाद नहीं था। यहां पर वर्तमान रहस्यवाद के विभिन्न अर्थों को छोड़कर केवल कबीर के रहस्यवाद का वर्णन करेंगे। यहां पर यह कहदेना भी उचित है कि हिन्दी-साहित्य में उस समय के रहस्यवाद-स्तंभ में केवल कबीर ही ऐसे महाकवि कहे जासकते हैं जिनके द्वारा रहस्यवाद पूर्ण-रूपेण प्रदर्शित किया गया हो।

अन्य दूसरे कवि भी ऐसे थे जिनके ग्रंथों में रहस्यवाद की उक्तियां उपलब्ध होती हैं जिनमें मलिक मुहमद जायसी प्रमुख है। फिर भी इन कवियों मे ऐसे स्वतंत्र पद्य नहीं मिलते जो केवल रहस्यवाद की कविता के अभिप्राय से ही लिखे गये हों। पद्मावत की कथा के वर्णन में जायसी ने अनेक स्थान पर वर्णनों को इस प्रकार छोडा है कि वे रहस्यमय हो गये हैं और आध्यात्मिक या दार्शनिक रूप धारण कर रहस्यवाद की उक्ति ही बनगये हैं। जैसे—

नवौं खण्ड नव पौरी और तहँ बज्र केवार।
चारि बसेरे सों चढै, सत सों उतरै पार॥ आदि।

अतः कबीर ही एक ऐसे व्यक्ति ठहरते हैं, जिन्हें हम स्वतंत्र रहस्यवाद के कवि मान सकते हैं। जैसा हम पहले कह चुके हैं कि हिन्दीमें इस निर्गुण-भक्ति का उद्देश्य हिन्दू-मुस्लिम की एकता को करना था। इसी हेतु कबीर के काव्यों में हिन्दू-मुस्लिम संस्कृति का संमिश्रण होना स्वाभाविक था। यही कारण है कि कबीरदास-जी के रहस्यवाद में हम सूफीमत के सिद्धान्तों तथा हिन्दूओं के अद्वैतवाद को मिले-रूप में प्राप्त करते हैं। इसी अद्वैतवाद का कबीर पर प्रभाव भी विशेषरूप से पड़ा। अद्वैत का स्पष्टी-करण यही है कि एक रूप। अर्थात् आत्मा तथा जीवात्मा का एक ही रूप होना। केवल माया का आवरण चढ़ जाने के कारण जीव ब्रह्म को नहीं पहिचान सकता, पर ज्योंही जीव का माया-वरण नष्ट हो पाता है तब जीव ब्रह्म में लीन हो जाता है। इसी पर कबीरजी कहते हैं—

"जल में कुम्भ, कुम्भ में जल है, बाहिर भीतर पानी।
फूटा कुम्भ, जल जल ही समाना, यहु तत कैथों गियानी॥

कितना उत्तम सम्बन्ध प्रदर्शित किया गया है? वास्तव में

अद्वैत-वाद का ऐसा उत्तम उदाहरण अन्यत्र उपलब्ध होना कठिन है। छोटा-सा घड़ा जल के ऊपर तैर रहा है, उसमें थोड़ा जल है। अब यह जल बाहिर के जल से कैसे भिन्न है? घड़े की पतली भित्ती के नष्ट होते ही वह जल, उस अथाह जल में लीन हो जाता है। तब भी क्या कह सकते हैं कि वे दोनों जल भिन्न २ थे? कदापि नहीं। वास्तव में यही दशा ब्रह्म और जीव की है। जब माया का आवरण जीव के ऊपर से नष्ट होजाता है तब जीव उस ब्रह्म में उसी जल की प्रतिम मिलजाता है, तब ब्रह्म और जीव को भिन्न २ कैसे मान सकते हैं? यही है कबीर का अद्वैत रहस्यवाद जो हिन्दू-दर्शन से उसे प्राप्त हुआ।

अब कबीर के रहस्यवाद के दूसरे पहलू पर ध्यान देना चाहिये जिसमें उसके सूफी-सिद्धांत प्रकट होते हैं।

यह तो स्पष्ट है कि कबीर की रहस्यवादिता पर जो हिन्दू संस्कृति का प्रभाव पड़ा, वह दार्शनिक तथा ज्ञानाभयी था। यद्यपि कबीर एक प्रकाण्ड पंडित तो न थे पर तो भी सत्संग से उन्होंने अगाध ज्ञान प्राप्त कर लिया था और इसी ज्ञान-द्वारा वे *हिन्दू तथा मुसलमानों को समान-दृष्टि से उपदेश* किया करते और पक्षपात-हीन बातें कहा करते। उन्होंने मुसलमानों को कहा है–

" बकरी पाती खाती है, ताकी काढी खाल।
जो नर बकरी खात हैं, तिनका कौन हवाल॥

हिन्दू-मुस्लिम भेद की निरर्थकता पर कहते हैं—

' गहना एक कनक ते गहना, इन मैं भाव न दूजा।
कहन सुनन को दुई करि थापिन इक निमाज इक पूजा॥

यह सूफीमत के अनुसार कबीर का रहस्यवाद उतना ज्ञान जन्य नहीं रहा जितना वह प्रेम-प्रसूत होगया। कारण, सूफीमत

का स्वयं ही प्रेमाश्रयी होना था। और इस प्रकार के रहस्यवाद के प्रदर्शन में कबीर का यही अभिप्राय था कि हिन्दू-मुस्लिम प्रेम से रहने लगें और अपनी मानवीयता को पहिचान कर पारस्परिक अन्तर्द्वेष छोड़ दें। जहां ब्रह्म को पहिचानने में ज्ञान का आश्रय लेना पड़ता था, वहां अब परमात्मा के प्रति प्रेम मान कर कबीर की कविता में प्रेम का एक अपूर्व संमिश्रण बन-गया। वह अलौकिक प्रेम-साधना का अनुयायी नहीं, अपितु सरस, कपट-रहित है और उसमें कुछ भी भेद नहीं मानता। वे कहते हैं:—

यह तन वह तन एक है, एक प्राण दुइ गात।
अपने जियसे जानिये, मेरे जियकी बात॥
उठा बगुला प्रेम का, तिनका उड़ा आकाश।
तिनका तिनका से मिला, तिनका तिनके पास॥
"जो देखे सो कहे नहीं, कहे सो देखे नांहि"
सुने सो समझावे नहीं, रसना, दृग, श्रुति काहि॥

इस प्रकार कबीर के रहस्यवाद का निरूपण कर कहा जा सकता है कि वह विशेष दार्शनिक था और उसमें सूफी-भावनाओं के सामंजस्य से प्रेम-मय होकर विशेष सजीव तथा सुखद होगया। आप के रहस्यवाद की प्रतिमा कोरा प्रश्नवाची तथा निरुत्तर नहीं। उसमें जीवन का एक सजीव उत्तर था, जीवन-समस्या का एक सुखद समाधान था। जीवन के उत्थान और पतन को देख कर वह आपकी भांति कांप न उठा। कठोर यातनाओं की कुलिश-पीड़ा से चिल्ला कर उसने निरभ्र किसी अव्यक्त को संबोधन नहीं किया किंतु वह एक वीर की प्रतिमा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में डंटा रहा। वह केवल निराशा के सान्द्र नैश आवरण पर ही न टिका रहता, किंतु उस स्वर्ग-प्रकाश को धारण किये था जो उन्नति की

और ठेलने में समर्थ हो। वह आज की भाँति 'मैं नीर भरी दुख की बदली' या 'कोई विस्तृत नभ एक कोना' बन मानव क्षुद्रता को प्रकट करने वाला नहीं था, अथवा—

" तुझे बाँध पाती सपने में,
तो चिरजीवन की प्यास बुझा
लेती उस छोटे क्षण अपने में "

कह कर मानवव्यक्तित्व को इतना पतित करने वाला नहीं था। उनके जीवन के उज्ज्वल भविष्य की एक प्रकाशमान आभा थी जो प्रत्येक मानव-हृदय में एक प्रकार की शक्ति का संचार करती।

वास्तव में कबीर ही सब प्रथम हिन्दी के रहस्यवाद-कवि हुए। सभी संत कवियों में वैसे थोड़ा रहस्यवाद मिलता है पर उनका काव्य विशेष कर कबीर ही का ऋणी है। विश्व-कवि रवीन्द्र स्वयं भी कबीर के ऋणी हैं क्योंकि उनके रहस्यवाद का बीज कबीर ही में विद्यमान था।

कबीर के अतिरिक्त सूफी कवि, कुतबन, जायसी, उसमान, आदि प्रेम-मार्गी कवियों ने भी अपने काव्यों में रहस्यवाद की झलियाँ प्रकट की हैं जो विशेष कर आध्यात्मिकता की द्योतक हैं। किंतु इनका रहस्यवाद कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं अंकित करता। यही कारण है कि इनका रहस्यवाद हिन्दी के रहस्यवाद के इतिहास में गणित या मान्य नहीं है। किंतु इतना तो मानना पड़ेगा कि इनके काव्यों से विशेष प्रकार की प्रेरणा प्राप्त हुई।

अब यहाँ से हट कर हमें वर्तमान काल पर आना चाहिये। अर्वाचीन साहित्य में रहस्यवाद का दूसरा नाम छायावाद भी है। वास्तव में हिन्दी में इस समय रहस्यवाद या छायावाद का प्रभाव होना सामयिक अवस्था का फल है। यूरोप के गीति-काव्य के

विकास के साथ २ जब बंगला में भी गीति-काव्य की आराधना आरंभ हुई, उस समय हिन्दी साहित्य कैसे बच रहता? भारत के कवियों मे सर्व प्रथम रवीन्द्र बाबू ने 'गीतांजली' के रूप मे पश्चिमीय तथा पूर्वीय का अनुपम सामंजस्य कर भारतवर्ष की हिन्दी के लिये एक नया युग रखा और वास्तव में (Gitanjali is a synthesis of western and oriental elements) ही सिद्ध हुई जिसमें उमरखैयाम तथा कबीर के पथ-चिन्ह स्पष्ट झलकते हैं। इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर हिन्दी-साहित्य में भी 'लीरिक' कविता के आधार पर लोगों ने कवितायें बनाईं और उन्हें रहस्यवाद से पुकारने लगे। दूसरे युरोप में Blank verse का भी काफी चलन था जो हमारे हिन्दी में 'लीरिक' से मिलकर नये रूप में प्रस्फुटित हुआ और लोग इस प्रकार की कविताओं को रहस्यवाद अथवा छायावाद कहने लगे। पर यह रहस्यवाद या छायावाद प्रकृति-रहस्यवाद से कोसों दूर था। पर होते होते हिन्दी में भी ऐसे युगान्तर-कवि प्रकट हुये, जिन्हों ने रहस्यवाद को तत्वमय बनाया।

इन्हीं कवियों की श्रेणी में बाबू जयशङ्करप्रसाद सर्व प्रथम आते हैं। उन्हीं की कविता वास्तव में जायसी तथा उमरखैयाम के आधार पर छायावाद के रूप में प्रकट हुई। उसे हम प्रकृत-रहस्यवाद तो नहीं कह सकते, पर हां छायावाद उस में उच्च कोटी का था। उनकी 'आंसू' 'लहर' आदि पुस्तकें वास्तव में अमर होने योग्य हैं। जिन में मानव-प्रकृति को उन्होंने बड़े अनूठे ढङ्ग से अङ्कित करने का सफल प्रयास किया है। प्रसादजी के काव्यों में मानव-जीवन की निरर्थकता तथा वैराग्य को जीवन की सजीवता से इस प्रकार मिलाया गया है कि वह जीवन की समष्टि परिभाषा बन जाय। 'आंसू' के लिये वे कहते हैं—

जो घनी-भूत पीड़ा थी, मस्तिष्क में स्मृति सी छाई।
दुर्दिन में आंसू बनकर, वह आप बरसने आई॥

फिर देखिये—

फूल धू पड़े वात से, भरे हृदय का घाव।
मन की कथा व्यथा-भरी, बैठो सुनते जाव॥
कहां जाते चल।
पी लो छवि-रस माधुरी, सींचो जीवन-बेल।
जी लो सुख से आयुभर, यह माया का खेल॥
मिलो स्नेह से गले।
धने प्रेम तरु तले॥

यह प्रसादजी के कविता की सरसता जो वास्तव उमर खैयाम का प्रतिनिधि बन कर कहती है—

"यह रमणीय वनस्पति जिसकी मृदुल हरितम है विलसित।
जल माला का अधर मान्त यह जिस पर हम दोनों आश्रित॥
आह, तनिक आश्रय ले धीमे नन्दि! कौन सकता है कह।
किसके विस्मृत मधुर अधर से हुइ उच्छ्वसित अविदित यह॥

पर इतना होने पर भी प्रसादजी में वह प्रकृत रहस्यवाद नहीं जो "जल में कुम्भ, कुम्भ में जल" और "बाहिर भीतर पानी" कह कर माया का मर्म समझाते और जीव का पर्दा हटा कर ब्रह्म से मिलाते। यहां तो माया का आदेश है अत: मानव जीवन को सुखी बनाने का प्रयत्न कर। अस्तु।

प्रसादजी के पश्चात् कुछ एक कवियों की टोली-सी आई जिन्होंने रहस्यवाद तथा छायावाद का बहुत सुन्दर निरूपण किया। यों तो आजकल के अतुकांत गीत लिखने वाले सभी अपने को रहस्यवादी मानते हैं पर उन्हें छोड़कर वास्तव में जो कवि हैं उनमें सूर्यकांत त्रिपाठी, सुमित्रानन्द पंत, महादेवी

वर्मा, मोहनलाल महतो तथा भगवतीचरन वर्मा आदि मुख्य हैं, बाकी के फुटकर कवि स्वतन्त्र रहस्यवादी नहीं कहे जा सकते।

निरालाजी भारत के अद्वैतवाद को लेकर रहस्यवाद का निर्माण करने वाले हैं। यद्यपि उन की सभी कविताएँ इस दार्शनिक रंग में नहीं रंगी हैं और नीचे दरजे की हैं, पर जहां पर उन्होंने इस अद्वैतरहस्य का प्रयोग किया है वहां काव्यत्व उच्च कोटि का है।

" तुम प्राण और मैं काया,
तुम शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म, मैं मन-मोहिनी माया।

पंतजी ने पश्चिमीय प्रश्रय लेकर रवीन्द्र की भांति वैष्णव कविता की भी सहायता ली है। पर इनका रहस्यवाद विशेषकर प्रकृति-मय है। दार्शनिक तत्व इतना न तो प्रबल है और न जीवन के गूढ़-तत्व उसमें सुलझाये गये हैं। पंतजी पहाड़ी होने के कारण प्रकृति-सौन्दर्य के विशेष प्रेमी हैं और मधुर भावुक हैं। यही कारण है कि इनकी कविता में प्रकृति की सौन्दर्यानुभूति का साक्षात्कार हुआ है। इनकी पल्लव, ग्रंथी, गुंजन तथा वीणा आदि उत्कृष्ट पुस्तकें हैं और रहस्यवाद-स्तंभ में विशेष महत्व रखती हैं। उनकी मधुर कल्पना बड़ी अनूठी है। जैसे-

प्रथम रश्मि का आना रंगिनी, तूने कैसे पहिचाना।
कहां कहां हे बाल विहंगिनी, पाया तूने यह गाना॥

फिर देखिये-

अचिरता देख जगत की आप, शून्य भरता समीर निःश्वास।
डालता पातों पर चुप चाप, ओस के आंसू नीलाकाश॥

कहने का अभिप्राय यह है कि पंतजी की कविता के प्रकृति के सौन्दर्य में जो रहस्य है उसी को उन्होंने अपनी भावुक कल्पना द्वारा प्रकट किया है।

जो घनी-भूत पीड़ा थी, मस्तिष्क में स्मृति सी छाई।
दुर्दिन में आंसू बनकर, वह आप बरसने आई॥

फिर देखिये—

फूल धू पड़े पात से, भरे हृदय का घाव।
मन की कथा व्यथा-भरी, बैठो सुनते जाव॥
कहां जाते चले।
पी लो छवि-रस माधुरी, सींचो जीवन-बेल।
जी लो सुख से आयुभर, यह माया का खेल॥
मिलो स्नेह से गले।
घने प्रेम तरु तले॥

यह प्रसादजी के कविता की सरसता जो वास्तव उमर खैयाम का प्रतिनिधि बन कर कहती है—

"यह रमणीय वनस्पति जिसकी मृदुल हरितिम है विलसित।
जल माला का अधर प्रान्त यह जिस पर हम दोनों आश्रित॥
आह, तनिक आश्रय ले धीमे तन्वि! कौन सकता है कह।
किसके विस्मृत मधुर अधर से हुई उच्छ्वसित अविदित यह॥

पर इतना होने पर भी प्रसादजी में वह प्रकृत रहस्यवाद नहीं जो "जल में कुम्भ, कुम्भ में जल" और "बाहिर भीतर पानी" कह कर माया का मर्म समझाने और जीव का पर्दा हटा कर ब्रह्म से मिलवाते। यहां तो माया का आदेश है अत: मानव जीवन को सुखी बनाने का प्रयत्न कर। अस्तु।

प्रसादजी के पश्चात् कुछ एक कवियों की टोली-सी आई जिन्होंने रहस्यवाद तथा छायावाद का बहुत सुन्दर निरूपण किया। यों तो आजकल के अतुकांत गीत लिखने वाले सभी अपने को रहस्यवादी मानते हैं पर उन्हें छोड़कर वास्तव में जो कवि हैं उनमें सूर्यकांत त्रिपाठी, सुमित्रानन्द पंत, महादेवी

वर्मा, मोहनलाल महतो तथा भगवतीचरन वर्मा आदि मुख्य हैं, बाकी के फुटकर कवि स्वतन्त्र रहस्यवादी नहीं कहे जा सकते।

निरालाजी भारत के अद्वैतवाद को लेकर रहस्यवाद का निर्माण करने वाले हैं। यद्यपि उन की सभी कविताएँ इस दार्शनिक रंग में नहीं रंगी हैं और नीचे दरजे की हैं, पर जहां पर उन्होंने इस अद्वैतरहस्य का प्रयोग किया है वहां काव्यत्व उच्च कोटि का है।

" तुम प्राण और मैं काया,
तुम शुद्ध सच्चिदानन्द ब्रह्म, मैं मन-मोहिनी माया।

पंतजी ने पश्चिमीय प्रश्रय लेकर रवीन्द्र की भांति वैष्णव कविता की भी सहायता ली है। पर इनका रहस्यवाद विशेषकर प्रकृति-मय है। दार्शनिक तत्व इतना न तो प्रबल है और न जीवन के गूढ़-तत्व उसमें सुलझाये गये हैं। पंतजी पहाड़ी होने के कारण प्रकृति-सौन्दर्य के विशेष प्रेमी हैं और मधुर भावुक हैं। यही कारण है कि इनकी कविता में प्रकृति की सौन्दर्यानुभूति का साक्षात्कार हुआ है। इनकी पल्लव, ग्रंथी, गुंजन तथा वीणा आदि उत्कृष्ट पुस्तकें हैं और रहस्यवाद-स्तंभ में विशेष महत्व रखती हैं। उनकी मधुर कल्पना बड़ी अनूठी है। जैसे-

प्रथम रश्मि का आना रंगिनी, तूने कैसे पहिचाना।
कहां कहां हे बाल विहगिनी, पाया तूने यह गाना॥

फिर देखिये-

अचिरता देख जगत की आप, शून्य भरता समीर निःश्वास।
डालता पातों पर चुप चाप, ओस के आंसू नीलाकाश॥

कहने का अभिप्राय यह है कि पंतजी की कविता के प्रकृति के सौन्दर्य में जो रहस्य है उसी को उन्होंने अपनी भावुक कल्पना द्वारा प्रकट किया है।

अब महादेवी वर्मा की ओर अग्रसर होइए। यदि रहस्यवाद की दृष्टि से देखा जाय तो महादेवी ही एक सर्वोत्कृष्ट कवियत्री ठहरती हैं। उन्होंने जीवन के करुणराग का दार्शनिक तत्त्व सब से बड़े मीठे स्वर में गाने का प्रयास किया है और जीवन के सत्व को कई अर्थों तक खोलने का प्रयत्न किया है। पर इनके रहस्यवाद में मानव-व्यक्तित्व इस विश्व में बहुत ही क्षुद्र है, करुण है और मानव-जीवन एक क्षणिक तथा नैराश्य-पूर्ण। इन के नीहार, रश्मि, सांध्य गीत तथा नीरजा आदि एक से एक बढ़ कर हैं और नीरजा पर सेकसरिया पुरस्कार भी प्राप्त होचुका है। इनका काव्य वेदना-प्रधान तथा उस में आत्मानन्द की अनुभूति से पूर्ण है। वास्तव में रहस्यवाद ने यहीं आकर क्रमिक विकास पाया और एक उच्च कोटी का बनकर सम्माननीय बन गया। इन के प्रत्येक पद में मानव-जीवन की वेदनाध्वनि की विशेष झङ्कार मिलेगी। जो दार्शनिक तत्वों से विशेष अनुरंजित है। जैसे—

उनसे कैसे छोटा है, मेरा यह भिक्षुक जीवन,
उनमें अनन्त करुणा है, इसमें असीम सूनापन।
कितनी करुणा कितने संदेश पथ में बिछ जाते बन पराग।
गाता प्राणों का तार तार, अनुराग भरा उन्माद राग॥

इन पंक्तियों में हृदय की आकांक्षा है, विह्वलता है और उन्माद है। फिर देखिये—

मेरे जीवन में उसकी स्मृति भी तो विस्मृति बन जाती,
उसके निर्जन मन्दिर में काया भी छाया हो जाती।
क्यों यह निर्मम खेल सजनि, उसने मुझ से खेला-सा है॥

फिर देखिये—

शून्य मेरा जन्म था, अवसान है मुझको सवेरा,
प्राण आकुल के लिये संगी मिला केवल अंधेरा।

मिलन का मत नाम ले, मैं विरह में चिर हूं,

शलभ ! मैं शापमय वर हूं ! किसी का दीप निष्ठुर हूं ॥

इन पंक्तियों से यह विदित होगा कि महादेवी वर्मा के रहस्यवाद (जीवन-राग के करुण तत्व) ने कितनी कोमलता से मानव-हृदय को छूने का सफल प्रयास किया है। वास्तव में रहस्यवाद महादेवी वर्मा के हाथों से ही ऐदिल रहस्य बना और जीवन के इस पट का प्रथम प्रकाश अनुभूत हुआ।

मोहनलाल महतो तथा अन्य नवोदित कवि भी इस ओर काफी प्रगति कर रहे हैं और जिन में रामकुमार वर्मा, हरिकृष्ण प्रेमी, रामेश्वर शुक्ल आदि कवियों ने भी काफी महत्व-पूर्ण कार्य किया है।

आज बीसवीं शताब्दी में रहस्यवाद हिन्दी-साहित्य का एक प्रमुख आवरण बन गया है। पर इतना होते रहने पर भी रहस्यवाद अभी अन्तर्साहित्य महत्व को न पासका है। यद्यपि इन कविताओं में खड़ी बोली कोमल होकर आई है पर अप्रासादिकता बहुत है और कविता केवल लाक्षणिकता की मूर्ति बन कर ही हमारे सन्मुख प्रस्तुत हो रही। भाषा, वाक्य-विन्यास तथा छंद-विधान तो एक भारी परिवर्तन के चक्र में पड़े हैं, जिनका क्या भविष्य होगा, नहीं कहा जा सकता। जैसे, निरालाजी के वाक्य-विन्यास के ढंग तो विचित्र हैं, वे अपने बादल राग में कहते हैं—

ऐ निर्बंधः—

अंध तम-अगम-अनर्गल बादल !

ऐ स्वच्छंद;

मंद-चंचल समीर-रथ पर उच्छृंखल।

भाषा की क्लिष्टता भी अपनी सीमा को तोड़ कर आगे बढ़ गई है और पंतजी तो भाषा-जाल से कुछ तो वैसे कविता के अर्थ

को रहस्य मय बना देते हैं। अतः भाव, अनुभूति और कल्पना की प्रधानता होते हुये भी उसका लालित्य जाता रहता है। कवि अपने युग का प्रतिनिधी है और उसे युग के आदर्श के अनुकूल ही अनुभूति-काव्य के चित्र-पट पर अंकित होना आवश्यक है। अतः इस रहस्यवाद के कवियों को इस ओर ध्यान देना अनिवार्य होगा। वैसे हिन्दी-साहित्य में इस एक प्रकार का युगांतर समझना चाहिये। जो हिन्दी केवल पौराणिक आख्यानों को वर्णन करने में थी उसमें भी आज कल स्वतंत्र कल्पना तथा प्रकृति आचरित हो रही है और यह युग अपना विशेष अस्तित्व रखने लगा है।

शायद है हिन्दी-साहित्य में एक दिन यह आवे जब यह युग भी अन्तर्साहित्य के रहस्य को प्राप्त कर सके।

ओ३म् शान्ति। ओ३म् शान्तिः। ओ३म् शान्तिः।

कु० गोपाललाल पुरोहित

॥ श्री ॥

वैदिक सभ्यता में स्त्रियों का स्थान

By R. V Kumbhare M.A B.T T.D (London)
Inspector of Schools, Government of Jodhpur
Jodhpur

१ जन्म

वैदिक काल में स्त्रियों का स्थान क्या था? यह जानना परमावश्यक है, क्योंकि वर्तमान हिन्दू-सभ्यता वैदिक-सभ्यता से ही उत्पन्न हुई है। अत एव आज कल के विद्वानों को, विशेषतः हिन्दू-धर्म के अभिमानियों को, वैदिक-कालीन स्त्रियों के

विषय में जानना अत्यावश्यक है। इस छोटे से लेख में वैदिक कालीन स्त्रियों का जीवन स्थूल-रूप से देने का प्रयत्न किया है।

साधारणतः लड़कियों का होना अच्छा नहीं समझा जाता था। यदि पुत्र न होवे तो कुलकी शोभा नहीं बढ़ती थी। ऐतरेय ब्राह्मण शुनश्शेपाख्यान में पर्वत और नारद ऋषि हरिश्चन्द्र के यहां जाते हैं। वहां पर यह संवाद है।

शतं जाया बभूव। तासु पुत्रं न लेभे। पुत्रं ब्रह्माण इच्छध्वम्।

लड़कियां आपत्ति समझी जाती थीं और पुत्र कुलका प्रकाश समझा जाता था। इस संबन्ध में नीचे लिखा मंत्र देखिये—

अन्नं ह प्राणः शरणं ह वासो रूपं हिरण्यं पशवो विवाहाः।
सखा ह जाया कृपणं ह दुहिता ज्योतिर्ह पुत्रः परमे व्योमन्।

पुत्रों का होना कदाचित् इसलिये योग्य समझा जाता था कि इस आर्यावर्त में जब आर्य लोग आये ही आये थे उनको पुरुष-बलकी अधिक आवश्यकता हो। कुलकी वृद्धि करने के लिये भी पुत्र की आवश्यकता अधिक समझी गई हो। "हमें बहुत पुत्र मिलें, इस पुरुष को पुत्र होवें, पुत्र तो हमारी ही आत्मा है," ऐसे वाक्य ब्राह्मण और गृह्य-सूत्रों में आते हैं।

भ्राता भ्रातृस्थानो वा। पुत्रान्विन्दावहै बहून्।
पुमांसोऽस्य पुत्रा जायन्ते य एवं वेद। आत्मा वै पुत्रनामासि।

२. बाल्यावस्था।

पुत्र या पुत्री का जन्म दसवें मास में होता था। प्रथम जन्म-ते ही दूध या शहद चटाया जाता था। इसके बाद माता का स्तनपान कराया जाता था। पहिले दस दिन बड़े चिन्ता के समझे जाते थे और इसी लिये शांति-सूत्रों का पाठ किया जाता था। नाम-करण बारहवें दिन किया जाता था। जैसी लड़कियां बड़ी होतीं उनके केश और नखों की तरफ और दांतों की तरफ

विशेष प्रकार से ध्यान दिया जाता था। "प्रावरन्ती और कनखी" ये दोष समझे जाते थे। केश बढ़ाये जाते थे और उनको गूँथा भी करते थे, जिसकी "ओपश" यह संज्ञा है और पीछे बाँध भी जाते थे जिसकी "कपर्द" यह संज्ञा है। इसी को महाराष्ट्र में "बुचड़ा" कहते हैं। और आज कल की नई सभ्यता की स्त्रियें बहुत पसन्द करती हैं। "चतुष्कपर्दा युवति सुपशा" ऐसा वर्णन वेद में आता है। इस प्रकार की केश-रचना पुरुष भी करते थे। रुद्र का वर्णन "कपर्दी" शब्द से किया है।

"नमः कपर्दिने च व्युप्तकेशाय"

"इमां रुद्राय तवसे कपर्दिने"।

लड़कियाँ मांग काढ़ती थीं। नीवी एवं अन्दर का वस्त्र पहिना करती थीं। उस पर 'प्रवार' नाम का वस्त्र परिधान करती थीं। कन्धे के ऊपर 'वास' जिसको महाराष्ट्र में "शेला" कह सकते हैं ओढ़ने की प्रथा थी। यह प्रथा महाराष्ट्र में वृद्ध-स्त्रियाँ अभी तक काम में लाती हैं। नेत्रों में लड़कियें एवं स्त्रियें अञ्जन डाला करती थीं और यह अञ्जन घी में तय्यार किया जाता था।

इमा नारीरविधवाः सुपत्नीराञ्जनेन,

सर्पिषा संविशन्तु। "चक्षुराभ्यञ्जनम्"

कमर में कन्दोरा पहिना करती थीं जिसमें तीन लड़ें हुआ करती थीं इसको "त्रिवृत्त" कहा करते थे। हाथ में बांधने का एक प्रकार का ताबीज हुआ करता था, जिसको "प्रतिसरा" कहा करते थे। बाजू-बंद पहिनने की भी प्रथा थी। इसकी "खादि" यह संज्ञा थी। गले में सोने की माला, जिसको 'निष्क' कहा करते थे पहिना करती थीं। मस्तक में मणि पहिना जाया करता था जिसको "कुंब" कहते थे, जिसको आजकल "बोर" कहते हैं।

३. उद्योग

जैसे पुत्र पढ़ाये जाते थे वैसे लड़कियां भी पढ़ायी जाती थीं। वे वेद पढ़ा करती थीं। यहां तक कि उनका उपनयन संस्कार भी हुआ करता था। लड़कियों के लिये अलग अलग नाम दिये जाते थे। जिससे यह मालूम होता है कि लडकियें कुटुंब में कौन २ से काम करती थीं। 'दुहिता' यानी लडकी यह शब्द "दुह्" धातु से होता है। इससे यह ज्ञात होता है कि लडकियां गायों का दूध निकाला करती थीं। तैत्तिरीय ब्राह्मण में "पेश-स्करी" शब्द आया है, जिससे यह ज्ञात होता है कि वे कपडा भी गूंथती थीं। उसी ब्राह्मण में "नड्वला" शब्द आया है, जिससे यह ज्ञात होता है कि वे टोकरियां भी बनाया करती थीं।

४. विवाह

लडकियों के लिये विवाह करना अत्यावश्यक नहीं था। जो प्रपंच नहीं करना चाहती थीं किन्तु ज्ञानार्जन में अपना समय बिताना चाहती थीं, वे विवाह नहीं भी करती थीं। ऐसी स्त्रियों को "ब्रह्मवादिनी" कहा जाता था। जो स्त्रियां स्वयं पढ़ाती थीं उनकी "आचार्यिणी" यह संज्ञा थी। जो लड़कियां विवाह न करके अपने पिता के यहां रहती थीं, उनके कई नाम हैं, जैसे अमाजुर, पित्रशन, घोषा, अपाला इत्यादि। विवाह तभी होता था जब वे युवावस्था प्राप्त करलेती थीं। लड़के और लडकियां साथ पढ़ा करती थीं, और एक दूसरे का प्रेम होने पर उनका विवाह भी होजाता था। पुरुष की स्त्री से प्रेम-याचना करने की प्रथा वेद-काल में प्रचलित थी।

सूर्यो देवी मुपसं रोमानां मर्यो न योषामभ्येति पश्चात्।

लड़की का गौर वर्ण का होना अच्छा समझा जाता था।

युवं श्यावाय रुशतीमदत्तम्।

नष्ट हुए प्रेम को पुनः उत्पन्न करने के लिये प्रयत्न किये जाते थे। अथर्ववेद में "स्त्री-कर्माणि" नाम के काण्ड में इसका वर्णन आता है। कभी कभी छोटा भाई बड़े भाई के पहिले ही विवाह कर लेता था। जिसको "परिविविदान" कहा करते थे और उसकी स्त्री की "परिविविदाना" यह संज्ञा है। कभी कभी बहिन अपने बड़े भाई के पहले विवाह कर लेती थी। उनको "दिधीषू" और उनके पति को "दिधीषू-पति" कहा करते थे। विवाह करने के समय "सहधर्मं चराव" "हम दोनों साथ ही धर्म का आचरण करेंगे।" ऐसी प्रतिज्ञा करते थे। माता-पिता की सम्मति से भी कन्याओं का विवाह हुआ करता था और वर-संशोधन के समय वर में क्या क्या होना चाहिये और लड़की के क्या २ लक्षण होने चाहिये, इसका वर्णन गृह्य सूत्र में मिलता है। कभी कभी धन देकर भी स्त्री प्राप्त की जाती थी।

धननोपतोष्यी पयच्छेत स आसुरः।

क्योंकि "आसुर" यानी असीरियां देश की स्त्रियें सुन्दर हुआ करती थीं और उसको खरीदना पड़ता था। यदि कन्या सुन्दर हो और चाहे वह अच्छे कुलकी न हो तो उसके साथ भी विवाह करने के लिये तीव्र निषेध नहीं किया जाता था।

"स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि"।

कन्यादान के समय वधू को अलङ्कार पहिनाकर उदक छोड़ कर दान देना चाहिये और उसके पूर्ति में दक्षिणा भी देनी चाहिये, ऐसी प्रथा वेदों के समय में थी।

अलंकृत्य कन्यामुदकपूर्वां दद्यात्।

इसी का रूपान्तर दहेज (Dowry) में हुआ और इसका

विकृत स्वरूप आज बंगाल और महाराष्ट्र में दिखाई देता है। गाय और बैल देकर भी विवाह होता था।

"गोमिथुनं दत्वोपयच्छेत् स आर्षः"।

असभ्य लोगों में लड़की को चुरा कर या मारपीट कर भी विवाह हुआ करते थे। ऋग्वेद मे "सत्येनोत्तभिता भूमिः" इससे प्रारंभ होने वाला सूत्र है। जिसको विवाह-सूक्त भी कहते हैं। जिसके मंत्रों को पढ़ने से यह जान पड़ता है कि प्राचीन आर्यों की विवाह की कल्पना बडी ही उदात्त थी। यहां तक की आज कल के भी सभ्य समझे जाने वाले राष्ट्रों में भी ऐसी उदात्त कल्पना अंशमात्र में भी दृष्टिगोचर नही होती। आज विवाह-संस्था के ऊपर बड़े हमले हो रहे हैं और अपन आज कल के हिन्दू पश्चिमी सभ्यता का अन्धानुकरण करते हैं। विवाह एक उपहास हो गया है। इसका स्वरूप पाश्चात्य देशों में कहीं कहीं इतना विकृत होगया है कि शादी कुछ दिनों के लिए भी हो सकती है और तोडी भी जासकती है। थोड़े ही दिनों में उनके घटस्फोट का अनुकरण अपन करने वाले हैं। प्राचीन सभ्यता का ज्ञान नष्ट होनें के कारण से और विवाह-संस्था के सात्विक तथा धार्मिक उच्चतम तत्वों को भूल जाने के कारण गन्दे पानी का प्रवाह जिधर लेजाता है उधर अपन बहते चले जाते हैं।

५-गृह-कुटुम्ब में गृहिणी का स्थान।

कुटुंब में गृहिणी का स्थान बहिन से अधिक ऊंचा समझा जाता था।

एतस्मात्समानोदर्या स्वसा न्योदर्या
यै जायाया अनुजीविनी जीवति।

वह घर की सम्राज्ञी समझी जाती थी और उसकी अनुमति के सिवाय कोई भी घर का पत्ता भी नहीं हिल सकता था।

सम्राज्ञी श्वशुरे भव सम्राज्ञी श्वश्र्वां भव।
ननांदरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधिदेवृषु।

भला ऐसा क्यों न हो जब कि वह अच्छे दस पुत्रों को—वीरों को-प्रसव कर कुल की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाली है।

वीरसूर्देवकामास्यो नाऽसं नो भवद्विपदश्च चतुष्पदे
इमां त्वमिन्द्र मीढ्वः सुपुत्रां सुभगां कृणु।
दशास्यां पुत्रानाधेहि पतिमेकादशं कृधि।

पत्नी का स्थान पति के बराबर हुआ करता था। यहां तक कि उसके बगैर अग्निहोत्र भी नहीं हो सकता था। यजमान से यजमान-पत्नी अधिक श्रेष्ठ समझी जाती थी। स्त्रियें सभा में आ सकती थीं, आध्यात्मिक वाद-विवादों में भाग लेती थीं। एक पति की एक से अधिक स्त्रियें हो सकती थीं। किन्तु एक स्त्री के एक से अधिक एक ही समय पति नहीं हुआ करते थे।

तस्मादेकस्य बह्व्यो जाया भवंति नैकस्यै बहवः सहपतयः।

याज्ञवल्क्य के दो स्त्रियें थीं। मैत्रेयी और कात्यायिनी। कभी कभी कौटुंबिक संपत्ति के लिये झगड़े भी हुआ करते थे। कुटुंब में समय समय पर आपस में झगड़े हुआ करते थे। पति और पत्नी में भी कालुष्य उत्पन्न हो जाता था और उनको एक करने के विधि भी हुआ करते थे। ये विधि अथर्ववेद में दिये हुए हैं।

जायापत्ये मधुमतीं वाचं वदतु शान्तिं वाम्।

स्त्रियें महीने में रजस्वला हुआ करती थीं और उनको 'रजयत्री' इस संज्ञा से पुकारा जाता था। स्त्रियों को पिशाच की बाधा होने का भी उल्लेख पाया जाता था

धम्या दुरिता गन्धर्वगृहीता।

राजा के चार या अधिक रानियाँ हो सकती थीं। "महिषी"

तो वह कहलाती जो कि यज्ञों में मुख्य स्थान ग्रहण करती थी। 'परिवृत्ति' वह होती थी जिसको नाराजगी से त्याग दिया हो। 'पालादली' वो जो कि राजा को प्रसन्न करने के लिये अधिकार न दी हुई हो। 'वावाता' वो जिस पर राजा की विशेष प्रीति हो। यों तो नैतिक-बन्धन बड़े कड़े थे और प्राचीन स्त्रियों का पातिव्रत्य-धर्म संपूर्ण जगत् में प्रसिद्ध है। इसी का अनुकरण राजपूत स्त्रियों ने प्राणार्पण कर बतलाया और आज भी सामान्यतः हिन्दू-जाति की कुलीन स्त्रियें करती हैं। यदि गलती से गलत रास्ते पर कोई स्त्री चली जाती तो उसके साथ दया का बर्ताव किया जाता था। उसको सन्मार्ग में लाने का प्रयत्न किया जाता था। इस विधि को "वरुण-प्रकाश-विधि" कहते थे। हरेक समय में और हरेक सभ्यता में अच्छी और बुरी प्रवृत्ति के मनुष्य हुआ करते हैं, वैसे प्राचीन समय में भी थे। ऐसी स्त्रियें भी हुआ करती थीं, जिनका नैतिक आचरण शुद्ध नहीं हुआ करता था। समाज में वेश्यायें भी हुआ करती थीं, जिनको "आतित्वरी" इस संज्ञा से पुकारते थे। अनीति से गर्भाधारण भी हुआ करता था। और उसका पात भी स्त्रियें करती थीं जिसकी 'अतिष्कद्वरी' यह संज्ञा थी। कुमारी को भी बच्चा होजाता था, जिसको "रहसूह" कहते थे। बुरे प्रवृत्ति के पुरुष चाहे जिस स्त्री से-वृषली के साथ-भी गमन करते थे।

वृषलिगमनमैथुनसंगमात्।

कोई ऐसे भी पतित हुआ करते थे कि जो अपनी गुरु-पत्नी के साथ भी गमन करते थे

गुरोर्दाराभिगमनात्।

ऐसे पतितों को पावन करने का एवं उनको सन्मार्ग पर लाने का समाज प्रयत्न करता था।

६ गृह-व्यवस्था

घर में स्त्री के लिये या तो अलग हिस्सा या कमरा हुआ करता था, जिसको "पत्नीनां सदनम्" कहते थे। मकान में 'सद' यानी खुले बरामदे हुआ करते थे। स्वयंपाक-गृह की तरफ तो विशेष प्रकार से ध्यान दिया जाता था। "शिक्य" यानी "छींके," "परिमाण" यानी बतन, "कुंभ" यानी घड़े हुआ करते थे। "दति" यानी चर्म के कुप्प हुआ करते जिनमें तेल, घी या दूध भी रक्खा जाया करता था। मकान में "पर्य्यङ्क" पलंग हुआ करता था जो कि "सद" नाम के बरामदे में लगाया जाता था। "प्रोष्ठ" यानी लकड़ी के पट्टे होते थे और सोने के लिये "तल्प" यानी खाटें हुआ करती थीं।

इस वर्णन से यह सुचारु रूप से ज्ञात होगा कि प्राचीन आर्यों के गृह कैसे व्यवस्थित हुआ करते थे, और उनमें सुख की सामग्रियाँ भी कैसी विपुल होती थीं? गृहिणी वह अच्छी समझी जाती थी जो कुटुंब में लगने वाली आवश्यक वस्तुओं को पहिले ही से जमा कर रख लेती थी। इसीलिये उसको "पुरंध्रि" कहा करते थे। 　　　　पुरंध्रिर्योषा।

यह पद हमेशा इसीलिये काम में आता है।

यदि पति मर जाय और कुटुंब में कोई सन्तान न होने के कारण कुटुंब की वृद्धि न हो तो केवल कुटुम्ब की वृद्धि के लिए एक ही सन्तान उत्पन्न करने के लिये स्त्री अपने देवर के साथ सहगमन कर सकती थी, इसको "नियोग" कहते हैं।

को वां शयत्रा विधवेव देवरं मर्यं योषा कृणुते स ध स्थ आ।

कभी कभी विधवायें दूसरा विवाह भी करती थीं, जिसका उल्लेख नीचे के मंत्र में है —

उदीर्ष्व नार्याभि जीवलोकं गतासुमेतमुपशेष एहि

हस्तग्राभस्य दिधिषा स्तवेदं पत्युर्जनित्वमाभिसंबभूय।

'विधवा-विवाह' यह आज कल एक बड़ा वादग्रस्त प्रश्न हो बैठा है। कई पंडित ऐसे मिलेंगे जो विधवा-विवाह को निषिद्ध मानते हैं और यह भी कहते हैं कि विधवा-विवाह के लिये वेदों में कोई आधार नहीं है। दूसरा पक्ष ऐसे भी विद्वानों का है जो कहते हैं कि विधवा-विवाह में निषेध है, ऐसी कोई बात नहीं और इसके लिये आधार हैं। वे ऊपर दिये हुए मंत्र का आधार देते हैं, जिसका अर्थ इस प्रकार है—

"हे स्त्री, तूने इस मरे हुए पति के पास शयन किया है तो इस जीवित लोगों के समुदाय को देख। इस प्रेत के पास से उठ और इधर आ और पुनर्विवाह की इच्छा करने वाले तेरा पाणि-ग्रहण करने वाले इस पति का भार्यात्व स्वीकार करने के लिये तय्यार हो।"

आज इस लेख में विधवा-विवाह के जटिल प्रश्न की चर्चा करने की आवश्यकता हुई। विवाह यह मन की तय्यारी पर निर्भर है। जिस पति का अपनी पत्नी पर अथवा जिस पत्नी का अपने पति पर यथार्थ सात्विक और उत्कट प्रेम होता है, उनके लिये पुनर्विवाह की आवश्यकता ही प्रतीत न होगी। जहां पर ऐसे प्रेम का अभाव है, या वैवाहिक जीवन का आस्वाद लेने की प्रबल इच्छा है, वहां उसे रोकना भी बड़ा कठिन है। आर्यावर्त की असंख्य स्त्रियाँ इस असिधारा-व्रत का पालन करती हैं और इसके प्रतिकूल उदाहरण भी समाज में दृष्टिगोचर होते हैं। प्राचीन काल में भी विधवा-विवाह हुआ ही करता था, ऐसा नहीं, किन्तु होता ही नहीं था, ऐसा भी नहीं था। जिसमें समाज सुसंगठित होकर ओजस्वी तथा प्रकृतिशील बने, ऐसा प्रयत्न प्राचीन आर्य करते थे। किस समय किस बात की आवश्यकता है, इसका

विचार कर प्राचीन आर्य इरेक विवाह करते थे। विधवाओं को समाज में सम्यक् प्रकार से रखते थे। उनका स्थान उतना पवित्र और दु:समय नहीं था, जितना आज है।

पुर्व ह कधे पुत्रमभिनाद्युं पुर्वं विवर्त विधवासुरुप्यथ'।

इसमें विधवाओं के संरक्षण का उल्लेख है। सती होना प्राचीन समय में प्रचलित था।

॥ श्री ॥

जीवन कर्म और आमोद का समन्वय है।

[लेखक:—पं० मदनलाल शर्मा जयपुर]

हमारा जीवन इस संसार में क्यों हुआ ? व्यर्थ तो कोई भी बात नहीं होती। सबका कुछ न कुछ अर्थ है ही। फिर इसका क्या अर्थ है ? क्या यहां हम साधु बनकर 'दुनियां ठगना मक्कर से, रोटी खाना शक्कर से' वाली लोकोक्ति को चरितार्थ करने आये हैं। एक कहता है 'क्षणिक जीवन को यदि सफल बनाना है तो ईश्वर-भजन करो। मानव-जीवन दुर्लभ है। मानव बुद्धि का सदुपयोग केवल ईश्वर का जाप है'। दूसरा इसके ठीक विपरीत आनन्द पूर्वक पड़े पड़े मौज उड़ाना ही जीवन का वास्तविक ध्येय समझता है। पर वास्तविकता क्या है, यह कौन जाने !

पंगु न होने पर भी हाथ पैरों के पट्टी बांधकर पंगु होने का बहाना करने वाले कमाल गुरु हैं। जब हृदय पर आलस्य ने डेरा आ जमाया तो निकले मांग कर खाने के लिये। कपटी वेष, कक्षर का त्रिपुड और तन पर भस्म रमा [illegible] यदि

जीवन का ध्येय होता तो वह तो चुटकियों का खेल है। साधु बनना केवल एक ढोंग है। ईश्वर ही जाने उनके जीवन में क्या जीवन है ?

ईश्वर-भजन और मौज उडाने का कार्य तो उस स्थान पर भी हो सकता है जो ईश्वर का निवास स्थान है और जिसका नाम-करण हमारी कल्पना ने 'स्वर्ग' रक्खा है। फिर इस संसार में हमारी आवश्यकता ही क्या है ? यदि ईश्वर का मानव-सृष्टि करने का सिद्धान्त अपनी प्रशंसा सुनना है तो वह स्वर्ग में भी हमको पंक्तिबद्ध खड़ा कर के अपनी प्रशंसा करने को बाध्य कर सकता है।

हॉ ! ईश्वर प्रत्येक मनुष्य के हृदय में उपस्थित है। गीता में भी कहा है:—

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशोऽर्जुन ! तिष्ठति ।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया ॥

गीता अध्याय १८, श्लोक ६१.

तो फिर 'आपन मुख तें आपन करणी' का वर्णन दोष है ही। स्वयं ईश्वर सदा अपनी प्रशंसा करता रहे, यह बात कितनी हेय है।

हमारे यह कहने का तात्पर्य ईश्वर को भूला देने का नहीं है। जब हम स्वयं उसके अंश हैं तो उसकी ओर आकर्षित ही होंगे, पर जीवन का ध्येय ईश्वर-भजन मान लेना कहां तक ठीक है। हमें तो यह बात कुछ पाखण्ड-सी प्रतीत होती है।

मौज उडाने की बात तो और भी उपहासास्पद है। मशनद के सहारे बैठकर अपना हाथ, पैर भी न हिलाना, मूर्तिवत् मूक होकर बैठे रहना, कैसा स्वर्ग ? पर वे भी कुछ न कुछ करते ही हैं। इस दृष्टि से तो पत्थर ही सर्वश्रेष्ठ वस्तु है जो कुछ भी नहीं करता। उसे भी हिम, वर्षा और ताप सब कुछ सहना

पड़ता है। अचेतन पदार्थों में भी कर्म-भावना रहती है। मौज उड़ाने की बात तो केवल वार्ता है जो निराधार है।

अच्छा तो फिर हम क्यों आये हैं? आवश्यकता बिना तो कोई काम ही नहीं होता। यदि हमारी आवश्यकता ही न होती तो फिर हम जन्म क्यों लेते?

हम इस संसार में कुछ काम करने के लिये आये हैं। हम यहां कुछ कर दिखाने के लिय आये हैं। हम चाहते हैं कि कुछ काम करें। बच्चा जब छोटा रहता है तब ही कुछ न कुछ काम करने लगता है। वह कभी किसी खिलोने को उठाकर मुँह में दबाता है या कभी अपने हाथ के अँगूठे को ही मुँह में रख लेता है। बड़ा होकर वह मिट्टी में खेलने लगता है। मिट्टी के घर बनाता है। कूप खोदता है। उनके अन्दर पानी भर देता है और हँसता हुआ अपना बचपन व्यतीत कर देता है। उस छोटे जीवन में भी वह काम करता है और हँसता है। उन कामों से अपना मन-बहलाव करता है और इस ही तरह वह धीरे धीरे बड़ा हो जाता है।

बड़ा होते ही उसे पेट की चिन्ता आ सताती है। बुद्धि कुछ प्रगति की ओर अग्रसर होती है और वह ईश्वर-भजन को छोड़ कर, मौज को तिलाञ्जलि देकर, कर्म की ओर अनायास ही झुक-जाता है। प्रत्येक मनुष्य यदि मांगकर खाने पर उतारू हो जाय तो संसार में हाहाकार हो जाय। इस ही तरह कोई दूकान खोलता है और कोई नोकरी करता है।

वृद्ध चाहे होजाय पर कर्म की लगन मिटती नहीं। गुंडों के अतिरिक्त सब अपना काम करते हैं। इस ही तरह बचपन, युवा वस्था और बुढावस्था सब में कर्म प्रधान है। महात्मा तुलसी दासजी ने भी कहा है कि—" कर्म प्रधान विश्व रचि राखा।

मनुष्य जीवन का पहला मुख्य ध्येय कर्म है। अन्य सब बातें इसके अन्तर्गत ही है।

स्फूर्ति प्रत्येक बच्चे से लेकर बड़े तक में है। सब ऊँचे उठना चाहते हैं, नीचे गिरना नहीं। सब बचपन में बड़े होने के मनके लड्डू बनाया करते हैं। धीरे धीरे यही सब बातें प्रयत्न के रूप में प्रस्फुटित होती है और जीवन को सफल बनाने के लिये हम साधन एकत्रित करते हैं। इन साधनों को एकत्रित करने का कर्म ही जीवन का मुख्य ध्येय है और इस के द्वारा ही हमें जीवन-तत्व की प्राप्ति होती है।

अतः कर्म करना जीवन का पहला मुख्य ध्येय है। पर कर्म के साथ आमोद सदा रहता है और रहना भी चाहिये। जीवन इस संसार में कर्म के लिये हुआ है, पर केवल कर्म-प्रधान जीवन भी नीरस है। यदि मनुष्य सदा काम ही काम किया करे तो न मालूम क्या हो? उसे कुछ शान्ति और मन-बहलाव अवश्य चाहिये। यदि ऐसा न हो तो जिस तरह घोड़े को अधिक पीटने पर वह अड़ने लग जाता है, उसी तरह मनुष्य कर्म से थक जाता है और आलसी हो जाता है।

प्रकृति ने यह सब सोच ही लिया होगा। इस ही लिये तो उसने कर्म के साथ साथ आमोद या मन-बहलाव को भी स्थान दिया है। बस, यही एक वस्तु है जिससे हमें कर्म की थकान मालूम नहीं होती। आप यदि कभी मित्रों के साथ दो चार कोस पैदल गये हों तो आप आमोदयुक्त कर्म की सफलता का रहस्य जल्दी समझ सकते हैं। गप्पों में रास्ते चलने का काम इतना शीघ्र हो जाता है कि हमें पूरी तरह यह भी तो मालूम नहीं होता कि हम कहां आ गये? बस, रास्ता शीघ्र ही तै कर लिया जाता है।

हम जो काम करते हैं उसमें कुछ मन-बहलाव अवश्य होना

चाहिये। यदि आप कोई पुस्तक पढ़ें और उस में कुछ आमोद की सामग्रियां एकत्रित न हों तो आप उसे वहां ही रद्दी की टोकरी में रख देंगे और फिर शायद उस पुस्तक को कभी देखेंगे भी नहीं। यह ही हाल सब अन्य बातों में भी है। भोजन का कर्म बातों के मन-बहलाव में शीघ्र ही समाप्त हो जाता है।

कहने का तात्पर्य यह है कि जीवन का प्रत्येक कर्म आमोद बिना पूरा नहीं पटता। बाजार में कई बनिये अपनी दुकानों पर बैठे पंखी हिलाया करते हैं और किसी खरीदन वाले की राह देखा करते हैं। पर वे लोग जो इधर उधर फिरने के साथ साथ कुछ चनों की इधर उधर की बहार सुनाते रहते हैं, अपनी वस्तु के जल्दी ही बिक जाने के कारण, दिन के कार्य को थोड़ी ही देर में पूरा करके घर आ जाते हैं। यह है आमोद और कर्म का समन्वय करने से जीवन की सफलता का एक दृष्टान्त। ऐसे दृष्टान्त एक दो नहीं, सैकड़ों हैं। कहां तक गिनाते जांय?

परन्तु यह जीवन आमोद ही आमोदमय न होना चाहिये। फिर कर्म करने को मन नहीं रहता है। 'अति सर्वत्र वर्जयेत्'। किसी भी वस्तु की अधिकता अच्छी नहीं है। सम भाग ही सब से श्रेष्ठ है। अतः इस जीवन को कर्म और आमोद का समन्वय कहा जाय तो ठीक ही है। इस में कोई अत्युक्ति नहीं।

आस्तिकता मत अथवा मानसिक अनुभव?

लेखक—मास्टर अमृतलाल के. माथुर एम. ए.
मैसवन्त कॉलेज जोधपुर।

मनुष्य की बुद्धि का कहां अन्त होता है? उसके साहस की सीमा कहां होती है? कहां उसका सामर्थ्य थक कर रह जाता

? किस परिधि के उपरान्त मनुष्य के आत्म-विश्वास को
क्का लग कर उसे यह प्रतीत होता है कि वह विवश है? किन
रिस्थितियों के चक्कर में डांवाडोल होकर वह उद्धार को असं-
भव मानता है? वह कौनसा क्षण है जब वह कल्याण की
प्रतीक्षा में बैठा हुआ, सफलता की ओर टकटकी लगाये, अपनी
ही आंखों से अन्यथा होने की संभावना निश्चित रूप से देखता
है—और हाथ पैर नहीं हिला सकता? उसी विवशता के क्षण में
ईश्वर-भाव की उत्पत्ति होती है; वही असामर्थ्य ईश्वर की महत्ता
का मान-दंड है; उसी असंभव-संभाव्य में ईश्वरीय विभूति का
उसे दर्शन होता है। यथार्थतः, मनुष्य का अन्त ही ईश्वर
का आदि है।

संसार मनुष्य की परीक्षा-भूमि है। इस खिलवाड़ में कितने
सचेत रहते हैं? कितने गहरे पानी में डूब जाते हैं? कितनी
प्रवंचना है इस खिलवाड़ में! मनुष्य को कर्ता का रूप
मिल गया। उसे अपनी सामर्थ्य और शक्ति का ज्ञान होगया।
उसमें अहं की उत्पत्ति हो गई। इस अहं की जड़ में केवल यही
आभास, यही आत्म-विश्वास है—मैं कर्ता हूँ, मैं शक्तिमान्
हूँ। मनुष्य स्वयं अपने को ईश्वरत्व प्रदान कर देता है, क्योंकि
अहं-शक्ति ईश्वर की ही परिभाषा है। मनुष्य को अपने इस
नक़ली ईश्वरत्व की झोंक में सच्चे ईश्वरत्व का कभी आभास होता
ही नहीं। केवल तब, जब समय की कसौटी पर, दुःख की
ज्वाला में, निराशा से पिघल कर उसकी आन्तरिक अक्षमता छट-
पटा कर अपना यथार्थ, संकुचित, सीमा-शोमन रूप दिखा देती
है, तब ही वह अपने से बड़ी किसी शक्ति का अनुभव अथवा
अनुमान करता है। उसके सामने असंभव नामकी एक निराश
भावना है; केवल हृदय में लुकी छिपी, क्षीण-सी, अस्पष्ट-सी,

एक और भावना है—"यदि यह हो जाय तो जानें ! नहीं जी यह भी कभी हो सकता है ? क्या जाने फिर भी !" यह ईश्वरत्व का अनुमान है। ऐसा प्रत्यक्ष संभव होना ईश्वरत्व का अनुभव है। उस अनुभव का परिमाण ईश्वरत्व की महत्ता है, उस असभव-संभूत का आल्हाद ईश्वर का अनुग्रह है।

मनुष्यत्व की हार में ईश्वर-विश्वास का जन्म है। परन्तु मनुष्य हार से भागता है यह हार को दूर रखने की चेष्टा करता है। इस पराभव-अस्वीकार के यथार्थ में दो रूप हैं—कर्मण्यता और अहंभाव। कर्मण्यता की आड़ में अहंभाव अपना ईश्वरभाव विरोधी आवरण फैलाये रहता है। यदि अहंभाव और चेतनता (क्योंकि चेतनता ही कर्म है) की समष्टि का नाम संसार है, तो कहा जा सकता है कि संसार वह सौम्यरूप ठाठी संस्था है जो अत्यन्त सुचारुरूप से ईश्वर-भाव का विरोध करती है। यदि स्वयं संसार की सृष्टि मनुष्यों की परीक्षा के लिये ही है, तो इस लीला में कितने विमुग्ध और किंकर्तव्य-विमूढ़ हो गये हैं ? केवल एक विश्वास है, केवल एक आशा है—जिसने परीक्षा में डाला है, वही उद्धार करेगा—

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्। अथवा-
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच।

मनुष्य अपने क्षुद्र अहं की लाश से लिपटा हुआ उस परा शक्तिमान् अहं की प्रतीक्षा में बैठा है:—

कफ़न बांधे हुए सर पे तेरे ये यार बैठे हैं।
बहुत आगे गये पीछे जो हैं तैयार बैठे हैं॥
न छेड़ ऐ नगहते बादे बहारी राह लग अपनी !
तुझे अठखेलियां सूझीं, यहां बेज़ार बैठे हैं !!

यही प्रतीक्षा मनुष्य के ईश्वर का मानस-स्वरूप है।

ईश्वरत्व का यह मानसिक अनुभव ही यथार्थ आस्तिकता है। अन्यथा, आस्तिकता का एक निर्जीव कङ्काल भी संसार में सर्व-व्याप्त है। संसार ने ईश्वर का विरोध बड़े सौम्यरूप में किया है—यथार्थ ईश्वर का केवल मौखिक आह्वान, और नकली ईश्वर (अहं) का अनुकरण। इन बे-मेल के धागों से जीवन की पवित्रता कैसे बुनी जाय? किसी ने सफाई से कहा, किसी ने पांडित्य से काम लिया, परन्तु उजड्ड जुलाहा कबीर तो बिल्कुल मुँहफट निकला, जो जीभ पर आया वही कह गया और चलता बना—

माला तो कर में फिरे, जीभ फिरे मुख मांहि।
मनुआ तो चहुँ दिशि फिरे, यह तो सुमिरन नांहि॥

आस्तिकता की यह मानस-अनुभव वाली परिभाषा केवल उतनी व्याप्त नहीं है जितनी कि मौखिक स्मरण वाली परिभाषा, परन्तु इससे उसकी यथार्थता में अन्तर नहीं पड़ता। इस प्रकार मानसिक अनुभव को ही ईश्वरीय सत्ता का प्रमाण मानने में कुछ ऐसे प्रश्न उठ सकते हैं:—

१. सबको ऐसे मानसिक अनुभव नहीं होते। जिन्हें नहीं होते, क्या उन्हें आस्तिक न कहा जाय?

२. भिन्न भिन्न व्यक्तियों के मानस-अनुभव भिन्न भिन्न गहनता के होते हैं, क्या इससे उनकी आस्तिकता की मात्रा में अन्तर पड़ता है?

३. क्या यह अनिवार्य है कि ऐसे मानस अनुभव का प्रभाव स्थायी होता है?

अपने को आस्तिक नहीं कहना अपने ही आत्मसम्मान को धक्का पहुँचाना है। इसी लिये हम अपने को आस्तिक कहते हैं। इसीलिये हमने आस्तिकता की परिभाषा उतनी ढीली और अ-विशेष कर दी है कि प्रत्येक मनुष्य का कार्यक्रम उसमें समा

एक और भावना है—"यदि यह हो जाय तो जानूँ! नहीं जी यह भी कभी हो सकता है? क्या जाने फिर भी!" यह ईश्वरत्व का अनुमान है। ऐसा प्रत्यक्ष संभव होना ईश्वरत्व का अनुभव है। उस अनुभव का परिमाण ईश्वरत्व की महत्ता है, उस अनुभव-संभूत का आस्वाद ईश्वर का अनुग्रह है।

मनुष्यत्व की हार में ईश्वर-विश्वास का जन्म है। परन्तु मनुष्य हार से भागता है वह हार को दूर रखने की चेष्टा करता है। इस पराभव-अस्वीकार के यथार्थ में दो रूप हैं—कर्मण्यता और अहंभाव। कर्मण्यता की आड़ में अहंभाव अपना ईश्वरभाव विरोधी आवरण फैलाए रहता है। यदि अहंभाव और चेतनता (क्योंकि चेतनता ही कर्म है) की संसृष्टि का नाम संसार है, तो कहा जा सकता है कि संसार वह सौम्यरूप वाली संस्था है जो अत्यन्त सुचारुरूप से ईश्वर-भाव का विरोध करती है। यदि स्वयं संसार की सृष्टि मनुष्यों की परीक्षा के लिये ही है, तो इस लीला में कितने विमुग्ध और किंकर्तव्य-विमूढ़ हो गये हैं! केवल एक विश्वास है, केवल एक आशा है—जिसने परीक्षा में डाला है, वही उद्धार करेगा—

तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्। अथवा-
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः।

मनुष्य अपने क्षुद्र अहं की लाश से लिपटा हुआ उस परा शक्तिमान् अहं की प्रतीक्षा में बैठा है-

कफ़न बाँधे हुए सर पे तेरे घर पे यार बैठे हैं।
बहुत आगे जमे पीछे जो हैं तैयार बैठे हैं॥
न छेड़ ए नगहते बादे बहारी राह लग अपनी!
तुझे अठखेलियाँ सूझी, यहाँ बेज़ार बैठे हैं!!

यही प्रतीक्षा मनुष्य के ईश्वर का मानस-स्वरूप है।

ईश्वरत्व का यह मानसिक अनुभव ही यथार्थ आस्तिकता है। अन्यथा, आस्तिकता का एक निर्जीव कङ्काल भी संसार में सर्वव्याप्त है। संसार ने ईश्वर का विरोध बड़े सौम्यरूप में किया है—यथार्थ ईश्वर का केवल मौखिक आह्वाहन, और नकली ईश्वर (अहं) का अनुकरण। इन बे-मेल के धागों से जीवन की पवित्रता कैसे बुनी जाय? किसी ने सफाई से कहा, किसी ने पांडित्य से काम लिया, परन्तु उजड्ड जुलाहा कबीर तो बिल्कुल मुँहफट निकला, जो जीभ पर आया वही कह गया और चलता बना—

माला तो कर मे फिरे, जीभ फिरे मुख मांहि।
मनुआ तो चहुँ दिशि फिरे, यह तो सुमिरन नांहि॥

आस्तिकता की यह मानस-अनुभव वाली परिभाषा केवल उतनी व्याप्त नहीं है जितनी कि मौखिक स्मरण वाली परिभाषा, परन्तु इससे उसकी यथार्थता में अन्तर नहीं पडता। इस प्रकार मानसिक अनुभव को ही ईश्वरीय सत्ता का प्रमाण मानने में कुछ ऐसे प्रश्न उठ सकते हैं:—

१. सबको ऐसे मानसिक अनुभव नहीं होते। जिन्हें नहीं होते, क्या उन्हें आस्तिक न कहा जाय?
२. भिन्न भिन्न व्यक्तियों के मानस-अनुभव भिन्न भिन्न गहनता के होते हैं, क्या इससे उनकी आस्तिकता की मात्रा में अन्तर पडता है?
३. क्या यह अनिवार्य है कि ऐसे मानस अनुभव का प्रभाव स्थायी होता है?

अपने को आस्तिक नहीं कहना अपने ही आत्मसम्भाव को धक्का पहुँचाना है। इसी लिये हम अपने को आस्तिक कहते हैं। इसीलिये हमने आस्तिकता की परिभाषा उतनी ढीली और अ-विशेष कर दी है कि प्रत्येक मनुष्य का कार्यक्रम उसमें समा

जाय। "हम आस्तिक हैं"-इसी को आस्तिकता का प्रमाण मान कर प्रत्येक मनुष्य 'मम' कह कर छुटकारा पा जाता है। परन्तु हमारे हृदय को एक जगन्नियन्ता, परमशक्ति की सत्ता में, 'अस्ति' में, विश्वास नहीं। यह विश्वास तभी हो सकता है, जिस क्षण हमारे हृदय पर यह छाप बैठ जाय कि हमारी मानव-सामर्थ्य और मेधा के अनुसार 'असंभव' को भी संभव कर सकने वाली एक शक्ति है, जिस क्षण हमें विश्वास हो जाय कि हमारे बल और बुद्धि की सीमा ही बल और बुद्धि की यथार्थ सीमा नहीं है जिस क्षण हमें विश्वास हो जाय कि हम नगण्य हैं-एक विशाल शक्ति के सामने, हम क्षुद्र हैं-एक अपरिमित क्षमता के समक्ष, हम वास्तव में कर्ता नहीं हैं, क्योंकि कर्ता की सामर्थ्य स्वच्छन्दता और फल-प्राप्ति-शक्ति हम में नहीं है—उसी क्षण हम तत्वतः आस्तिक हैं। जिसे यह विश्वास नहीं, वह आस्तिक नहीं, चाहे वह भीरु हो, उपासक हो अथवा आत्म-प्रवंचक न हो।

जैसे यह अनिवार्य नहीं कि सब आस्तिक हों ही, वैसे ही यह भी अनिवार्य नहीं कि आस्तिक भी प्रत्येक क्षण 'आस्तिक' हों। ईश्वर के अस्तित्व से मानसिक साक्षात्कार भी परिस्थिति-वश अथवा भावना की प्रबलता से किसी किसी क्षण ही होता है, उसी क्षण मनुष्य वास्तव में आस्तिक होता है। आस्तिकता को आस्तिक-शब्द का नाम देकर धर्म और सम्प्रदाय की श्रेणी में घसीटना व्यर्थ है क्योंकि आस्तिकता एक मानस अनुभव है, किसी धर्म-प्रणाली की भांति कोई संस्कार-समूह, अथवा दार्शनिक-सिद्धान्त, अथवा धार्मिक-विधान नहीं।

आस्तिकता जनसाधारण की पितापुत्रागत सांप्रदायिक सम्पत्ति नहीं है। इस विषय में जनसाधारण की पोल कबीर ने

दुख में सब सुमिरन करें, सुख मे करे न कोय।
जो दुख मे सुमिरन करे, (तो) दुख काहे को होय?

वास्तव में, अधिकतर, दुःख ही मनुष्य को ईश्वर का अनुभव कराता है। परन्तु इसका यह तात्पर्य नही की सुख में सुमिरण करने वाले को दुःख या विपत्ति होती ही नहीं। किसी भी वन्दनीय साधु संन्यासी ने संसार से तंग आकर महात्मापन नही पाया। मीरां को क्या दुःख था? सूरदास को एक वेश्या की झिड़की ही तो मिली थी। तुलसी क्या केवल अपनी पत्नी के ताने से तिलमिला कर उस अपमान के प्रतिशोध में राम-मय हो गये थे? तात्पर्य यह है कि आस्तिक को हमारा सांसारिक दुःख, दुःख प्रतीत नहीं होता—चाहे उसे विष दो, चाहे अग्नि में डालो, चाहे फांसी चढ़ाओ। प्रह्लाद की आस्तिकता और मीरां की भावना संसार के द्वन्द्वों से परे थी। उनकी दृष्टि में परमेश्वर की इस लीलामय रचना में वैषम्य को स्थान ही नहीं है—फिर क्या विष, क्या अमृत? आस्तिकता, वास्तव में, केवल इसी मनोवृत्ति का नाम है। क्या यह मनोवृत्ति इतनी सस्ती और सर्व-व्यापी है कि प्रत्येक मनुष्य निःशङ्क होकर आस्तिक होने का दावा कर सके?

'अस्ति' के मानस अनुभव की गहनता भी सब में एक-सी नहीं होती। यह तो कोई तर्क नहीं कि पुराने भक्त और आस्तिक ही अद्वितीय हैं, फिर भी, प्रह्लाद, मीरां और नरसी से अपनी तुलना करते हुए यही कहना पड़ता है कि सब के अनुभव एक ही मात्रा के नहीं होते। न यही माना जा सकता है कि दुःखमोचन के अवसर पर अपने अपने दुःख की गरिमा के अनुसार ही अनुभव की गहनता होती है। दुःख एक (relative) शब्द है। जो एक के लिये दुःख है, वह दूसरे के लिये बाधा-

मात्र ही हो सकता है। कबीर के 'दुख में सब सुमिरन करे' का तात्पर्य अपने आपके दुःखों की असह्य मात्रा से ही है। दुःख सब के भिन्न भिन्न हैं, परन्तु सब में यह बात समान है कि मनुष्य के लिये वह असह्य की मात्रा को पहुँच गया है। उस मनुष्यातीत मात्रा से परे ईश्वर की सत्ता स्पष्ट व्यक्त होती है।

यथार्थ आस्तिकता का एक ही क्षण भी तीर्थ-फल से अधिक लाभदायक है क्योंकि उस एक ही क्षण में मनुष्यके मानस-तीर्थ की शुद्धि हो जाती है।

ऐसा अनुभव स्थायी रहता है कि नहीं?

यह मनुष्य की परिस्थिति, उसके जीवन और संस्कारों पर निर्भर है। अवश्य ही, ऐसे अनुभव की सत्ता की कोई सीमा नहीं क्योंकि कट्टर से कट्टर नास्तिक, अर्थात् सत्य बोल कर अपने को नास्तिक कहने वाले भी, एक ही क्षण में सदैव के लिये आस्तिक बन सकते हैं। परन्तु यह अनिवार्य नहीं। जिनका अहं भाव एक बार चूर चूर होकर फिर उपार्जित हो जाता है, वे इस अनुभव की सत्ता स्वीकार करके फिर यही कह सकते हैं—"कभी रही! संसार है, सब प्रकार की बातें यहां होती हैं! उनके सांसारिक व्यावहारिक संस्कार इतने प्रबल हैं, अथवा परिस्थिति उन्हें ऐसा उत्तेजित कर रही है कि वे एक बार-सांसारिक सत्ता को संसार ही की विभूति मान बैठते हैं। एक क्षण का शुद्ध वैराग्य मनुष्य को [illegible] में अधिक सांसारिक और लिप्त बना रहा है। संसार और आस्तिकता विरुद्ध प्रतिद्वन्द्वी हैं क्योंकि संसार मनुष्य में उस भाव की सृष्टि करता है जो आस्तिकता को पनपने नहीं देता। संसार उस भाव का पोषक है जिसका पूर्ण प्रतिवादी आस्तिक-भाव है। संसार की चतुरता इसी में है कि वह आस्तिकता को एक हृदयंगत भाव न मान कर केवल एक निर्जीव सा अथवा

प्रथा के रूप में अपना सहयोगी बना लेता है। परन्तु जिस अनुभव से किसी प्रथा का जन्म होता है, उस अनुभव मेंऔर तदनन्तर उसकी जो लीक पीटी जाती है, उस में, उतना ही विभेद होता है जितना उस अनुभव में और उसके विपरीत में। जिस अनुभव का उद्गम हृदय से हुआ, वह सूख कर निर्जीव, शुष्क संसार बन जाता है; और संसार में संस्कार का प्राबल्य इतना है कि उसके सामने उसी संस्कार के आदि का फिर से अनुभव होना प्रायः असम्भव हो जाता है। तभी तो, जब प्रह्लाद ने अपने संस्कार-दैत्य पिता के सामने-'अस्ति' की कह अमर-घोषणा की—

"तो में, मो में, खड्ग खंभ में!"

तो भगवान् नृसिंह ने 'खंभ चीर प्रह्लाद उबार्‍यो'। अन्यथा,

क्यों वे हिरण्यकशिपु की संस्कारजड़ित देह को ही चीर कर प्रकट न हो जाते? उस संस्कार-कलुष 'तो में' में आस्तिकता के लिये स्थान ही नहीं था!

भक्त कवि ओपाजी आढा

(ले०-शुभकर्ण बदरीदानजी चारण, एम. ए, एल बी, जोधपुर)

डिङ्गल प्रायः प्राचीन काल ही से राजस्थान की लोकभाषा है। डिङ्गल भाषा का साहित्य समुन्नत और समुज्ज्वल है। वह ईश्वर-भक्ति, स्वातंत्र्य-प्रेम, स्वावलम्बन, वीरत्व, औदार्य, देश-प्रेम, आत्मत्याग, सच्चारित्र्य-शीलता आदि मानव-हृदय के महान् भावों से ओतप्रोत है। उस में वीर-रस ही नहीं, भक्ति, शृङ्गार, करुणा, वात्सल्य आदि सभी रसों की उत्कृष्ट व्यंजना हुई है।

अद्वेय विशेषज्ञ स्व० ठाकुर किशोरसिंहजी बार्हस्पत्य के शब्दों में "मुगल राज्य के पतन तक या यों कहिये कि विक्रमीय उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक वि० सं० १९१४ की क्रान्ति से पहिले पहिले राजपूताना और मध्य-भारत के राज्यों में डिङ्गल का बड़ा दौरदौरा था। उस समय की डिङ्गल की उन्नति की तुलना में ब्रजभाषा का नामोल्लेख करना डिङ्गल का अपमान करने के समान है। विक्रम की १३ वीं या १४ वीं शताब्दी के प्रारंभ से लेकर उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक इस भाषा में अच्छे अच्छे कवि होगए हैं। इस भाषा के साहित्य में इन छः सौ वर्षों की घटनाओं का उल्लेख है।"

भाषा-विज्ञान की दृष्टि से हिन्दी की बड़ी बहिन (विभाषा) होते हुए भी डिङ्गल भाषा और साहित्य का स्वतंत्र उत्थान हुआ है। डिङ्गल का अपना शब्दकोष, अपनी छन्द-व्यवस्था और काव्यशैली है। लोक-मङ्गल के लिए चिरस्थापित महान् आदर्शों के प्रति जनरुचि उत्पन्न करने और उन्हें सार्वजनिक जीवन में व्यवरूपता दिखाने में डिङ्गल कवियों का बहुत हाथ रहा है। हिन्दी के आलोचकों और इतिहासकारों ने चाहे किसी भी कारण से डिङ्गल के कवियों का समुचित रूप से उल्लेख तक करने की सहृदयता प्रदर्शित नहीं की हो, परन्तु यह निर्विवाद है कि हिन्दी ही नहीं, भारतीय भाषासाहित्यों के इतिहास में डिङ्गल (जिसका आधुनिक नाम राजस्थानी है) का अपना स्वतंत्र महत्व है।

चारण जाति में काव्यप्रतिभा परपरागत और प्राकृतिक है। डिंगल भाषा और उसका साहित्य जितना चारण कवियों के हाथों में पल्लवित और प्रफुल्लित हुआ, डिंगल साहित्याकर को जितना चारण कवियों ने अपने ग्रन्थ रत्नों से सजाया, उतना

शायद अन्य किसी ने नहीं।

सिरोही (राजपूताना) राज्यान्तर्गत पेशुवा गांव निवासी आढा शाखा के चारण स्व० ठाकुर श्री बखतसिंहजी के सुपुत्र स्व० श्री ओपाजी डिंगल के सुप्रसिद्ध कवि और हरिभक्त होगए हैं। वे जोधपुर (मारवाड) के स्व० महाराजा श्री मानसिंहजी, जिनका शासन-काल संवत् १८६० से संवत् १९०० तक था, के समकालीन थे और सरलमना, शान्तिप्रिय और निरभिमानी व्यक्ति थे। उन्होंने डिंगल साहित्य-शास्त्र के "गीत" छंद में अपनी अधिकांश काव्य रचना की है। जैसा कि इस लेख में आगे उद्धृत "गीतों" से मालूम होगा, उनकी कविता सरल, स्वाभाविक, अनुभवगम्य और मर्म-स्पर्शी है और गंभीर भावों से ओतप्रोत है। उन्होंने साधारण लोक-जीवन से विविध सरल उपमान लेकर भक्ति और ज्ञान जैसे गूढ़ विषयों को प्रभावोत्पादक ढंग से बडा अच्छा समझाया है। उनकी कविता शान्तरस-प्रधान और उपदेशात्मक होते हुए भी बहुत ही लोक-प्रिय है। उनके व्यक्तित्व में दार्शनिक, भक्त और कवि का समुचित मेल हुआ है। उनके रचे हुए सैकड़ों गीत कहे जाते हैं परन्तु उनमें से बहुत कम उपलब्ध हैं।

यह सर्वमान्य-सिद्धान्त है कि इस विराट विश्व का संचालन एक सर्वोपरि-शक्ति (सत्ता) करती है, जो परमेश्वर या परमात्मा के नाम से चिर प्रसिद्ध है। उक्त अलौकिक शक्ति द्वारा संस्थापित सत्य, प्रेम, अहिंसा, स्वातंत्र्य, कर्तव्य-परायणता, सौजन्य, आत्मत्याग आदि धार्मिक, नैतिक और आध्यात्मिक सिद्धान्तों की भित्ति पर ही यह ब्रह्माण्ड टिका हुआ है। धर्म या भक्ति (जो धर्म की रसात्मक अनुभूति है) का मुख्य उद्देश्य मानव-समाज में उक्त सिद्धान्तों के प्रति पूज्य बुद्धि एवम् अभि-

रुचि उत्पन्न करना और उन्हें सार्वजनिक-जीवन में कार्यान्वित करवा कर विश्व-कल्याण-संपादन या लोकहित-साधन करना है। यही हमारे धार्मिक या भक्ति काव्य की सार्थकता है। भारतीय भक्ति-पद्धति में प्रभुनामस्मरण-महिमा अनासक्ति, ईशगुणानुवाद और आस्तिकता (ईश्वर में अटल विश्वास) आदि की भी यही चरितार्थता है। संस्कृत और हिन्दी के संत और भक्त कवियों की तरह ओपाजी की कविता के प्रधान विषय ईश्वर के प्रति अनन्य-भक्ति या प्रेम और अटल विश्वास, मानव-जीवन की क्षण भंगुरता, ईश्वरीय विश्वविधान की सत्यता, कालकी सबलता, सांसारिक वैभव की अनित्यता, दुर्लभ मानव-जीवन व्यर्थ व्यतीत होजाने के कारण पश्चात्ताप और कर्त्तव्य-ज्ञान कराने के लिए चेतावनी आदि हैं परन्तु उनका कहने का ढंग सर्वथा मौलिक है। और वास्तव में काव्यक्षेत्र में यही मौलिकता है।

अपने आपको संबोधन करते हुए, ओपाजी माया के आडंबर में आत्मविस्मृत, कर्तव्य-पथ से विचलित, पशु की तरह खाने पीने और सोने में व्यस्त मानव को ईश्वरभक्ति की ओर कैसे विलक्षण ढंग से आकृष्ट करते हैं—

॥ गीत ॥

दिलड़ा समझ रे सगलो जगदाणे पछे घणो पछतासी ।
पुरष जलम तैं कद पामेला, शुभ कद हर रा गासी ॥ १ ॥
मात-पिता बन्धव दौलत मद, सुत प्रिय लोय सैंधांणो ।
माया रा आडम्बर मांहै, बन्दा बेम [illegible] २ ॥
समझे क्यूं न मजूं समझाऊं, भूल मती भव [illegible]
दौड़े ऊमर धन्का [illegible] जिम
सुवै खाप करे नींद [illegible] दीह
भीत कर सिंघरे [illegible] अमारो

यह अमूल्य मानवजीवन न मालूम कब फिर मिलेगा। हे मूर्ख मनुष्य! यदि अब भी तू परमेश्वर का गुणानुवाद नहीं करेगा, तो कब करेगा, तू समझ, नहीं तो तुझे बहुत पश्चात्ताप करना पड़ेगा। माता-पिता, भाई बन्धु, स्त्री-पुत्र, धन-दौलत आदि के मिथ्या आडंबर में तू क्यों कर भूल गया। देखता नहीं तेरी अल्प आयु पृथ्वी पर बादल की क्षणिक छाया की तरह जल्दी जल्दी व्यतीत हो रही है। तू केवल खाने-पीने और सोने में व्यर्थ समय खोता है और कुछ भी सुकृत (लोकहित) नहीं करता। याद रख। जीवन उसी का सफल है, जो सबके साथ प्रेम-भाव रखता है, परमात्मा का निरंतर स्मरण करता है और सदा लोकहित-साधन में संलग्न रहता है।

उक्त गीत में कितना हृदयस्पर्शी आत्मनिवेदन है। एक २ शब्द कितना खरा और मार्मिक है। मानव-जीवन की कसौटी, जो कवि ने स्थिर की है वह कितनी गंभीर और यथार्थ है। उक्त गीत में कवि ने यह कितना महान् सिद्धान्त निर्धारित किया है कि ईश्वर को रिझाने और उसकी भक्ति प्राप्त करने के लिए उसके नाम की मालाएँ फेरने में ही मानव-कर्तव्य की इतिश्री नहीं होजाती है. प्रत्युत मानव-जीवन की सफलता परमेश्वर के निरंतर गुणानुवाद से प्रोत्साहन और प्रेरणा पाकर सबके साथ प्रेम-भाव रखने और सत्कृत्यों द्वारा लोकहित करने में है। वास्तव में मानव-जीवन का यही उद्देश्य है।

॥ गीत ॥

होय सुनाथ जलम मत हारव, नाथ सिंवर हर लोक नरेश।
नाम लियां जोयां नह मिलसी, बीस क्रोड देतां लघुवेस ॥ १ ॥
सूने गाम न फाड़े साड़ा, गाफल हिरदै राख गिनांन।
'ओपा' ऐ दिन कदे न आसी, भजसी भले कदे भगवान ॥२॥

के लिए उनका भरसक सदुपयोग करना चाहिए।

" खावो खुलावो भलपण खाटो, ज्यां घर सम्पत हुए जिती।
मुख में मेलण काज न मिलियो, रावण रे इक हेम रती ॥
' ओपो ' कहे दियो ऊबरसी, गाडी जिकां गमांणी।
वीस कोड वीसलदे वाली, पड़गी ऊँडे पांणी ॥"

लोभियों की संचित-निधि को उनके मरने पर उनके साथ जाते किसी ने नहीं देखा। इसलिए जिस के पास जितना धन हो, उसका सदुपयोग कर भलाई और सत्कीर्ति प्राप्त करनी चाहिए। जो धन को गाड़ते हैं, वे उसे खोते हैं और जो अपने धन का सात्त्विक दान करते हैं वे वास्तविक धन-सञ्चय करते हैं। साधारण मनुष्य की तो बात ही क्या, मरणासन्न रावण को भी मुँह में रखने के लिए एक रत्तीभर भी सोना नहीं मिला।

कैसा अकाट्य तर्क है। उक्त पद्य की तीसरी पंक्ति में विरोधाभास की कैसी सुन्दर छटा है। 'ओपाजी' की काव्यशैली कितनी उक्ति-वैचित्र्यपूर्ण, सरल और मर्मस्पर्शी है।

अब ओपाजी के मुँह से ऐसे लोभी मनुष्य के लिए फटकार सुनिये, जिसका कठोर हृदय उक्त उपदेश से तनिक भी प्रभावित नहीं होता, जो निन्नानवे के फेर में माया-मोह-वश इतना भूला हुआ है कि अपनी साधारण आवश्यकताओं पर भी पैसा खर्च नहीं करता और पास में पैसा होते हुए भी फाके निकालता है और "चमड़ी जाय पर दमड़ो न जाय" के सिद्धान्त को मानव-जीवन का चर्म उद्देश्य समझता है:—

॥ गीत ॥

दिये व्याज दूणा लिये न मांगे दोकड़ो,
रोकड़ो देखियो घणो राजी।
आगले घरे तेड़ावियो आंधला,
पाछला घरां री मकर पाजी ॥ १ ॥

परसराम भज चाख इम्रतफल, जन्म सफल होय जासी।
पाछो मलै अमोलक पंछी, इण तरवर कद आसी ॥ ३ ॥

भगवद्भक्ति की तुलना अमृतफल से करते हुए ओपाजी अनुरोध करते हैं कि हे मूर्ख मनुष्य! तू ज्ञान और विवेक धारण कर। यह दुर्लभ मानवजीवन फिर नहीं मिलेगा। यह प्राणरूपी अमूल्य पंछी, न मालूम इस शरीररूपी वृक्ष पर फिर कब आवेगा। इसलिए युवावस्था से ही तू भगवद्भजन में संलग्न रह कर और अपना जन्म सफल कर।

मानवजीवन की क्षणभंगुरता-सूचक उक्त गीत में जो शब्द प्रयुक्त किए गये हैं, उन से मानवजीवन का सदुपयोग करने के लिए कवि के हृदय में कितनी स्वाभाविक चिन्ता आतुरता और कर्त्तव्यपथ से विमुख होने पर कितना नैराश्य प्रदर्शित होता है।

भगवद्भक्ति और सत्कर्त्तव्य-पालन द्वारा लोकहित-साधन का सार्वधिक महत्व शायद बहुत कम भक्त कवियों ने दिखलाया है। परन्तु ओपाजी के प्रत्येक गीत में हमें ईश्वर-भक्ति और प्रेम से प्रेरित होकर सत्कृत्यों द्वारा लोकहित-साधन की गहन महिमा व शिक्षा मिलती है।

"पिमन मिंवरजो मीठी वांणी वावरजो धन दइ विरांणी।
ओपा ऊमर यूं ओछांणी, परवत हूंता पिछूटा पांणी ॥"

ओपाजी ने ऊपर लिखी हुई पंक्तियों में लोभी मनुष्य के लिए कैसा व्यावहारिक, मार्मिक और यथार्थ उपदेश दिया है।

सोने-चांदी धन-सम्पत्ति संग्रह करना व्यर्थ है। जिन्दगी का क्या भरोसा है। हमारी आयु पहाड़ से निकलते वाले दुतगामी झरने के पानी की तरह गुजरती जा रही है। धन नाशवान् है। ऐसी अनिवार्य परिस्थिति में हमें अपने शरीर और धन को दूसरों का समझते हुए उनसे ममता नहीं रखनी चाहिए और लोक-कल्याण

थोमियो पराया खेत सदका लिये,
    घमावे औखड़ो मरे ठाला ।
आंगणे बैठा दरबार रा आदमी,
    किसी घरबार री आस काला ॥ २ ॥
पटीड़े जावे ने गोठें बेचे परा,
    भाटके रुपिया करे भेला ।
रामरा हाथ रो दूत लाया रुको,
    बायलो नीसणो किती वेला ॥ ३ ॥
न पाए राम न जीमे मीठा करे,
    न पैरे घुगड़ा करे नीका ।
ताकिया जम जिसा प्रसण हेला दिये,
    फसी पल मावसी नींद फीका ॥ ४ ॥
कछद रो मूळ फसयो घणो कुटंब सूं,
    नारायण नांम मन मांय जाणे ।
उठा रा दूत तो खोटी घड़े आंगणे,
    जीतबो भठारी आस आंणे ॥ ५ ॥
आप हाथे रहे गिणे काला अवर,
    खावसो कमाई कर खोटी ।
धारिया धनञ्ज ज्यूं पान गिणिया घरे,
    मरण री न जांणे खोड़ मोटी ॥ ६ ॥
आप संसार रज्जियो घणो आतमा,
    अलख ना भटियो कद आम्यो ।
थोथियो दीह घड़ी एक नां थोमियो,
    लोमियो पियांणो कियो लाम्बो ॥ ७ ॥
'ओप' कथ कहे मत भूल वो अनन्ता,
    घड़ा घड़ा जोम जोम्यार धीता ।

गावियो ना कृष्ण जके तो रीता गया,
जॉणियो परमगुरु जके जीता ॥ ८ ॥

लोभी मनुष्य का जीवन भी निराला होता है। वह रुपए की क्रयविक्रय में उपादेयता को महत्व नहीं देता। उसे तो रुपए के दर्शन-मात्र से ही सन्तोष हो जाता है और उसकी झनझनाहट मात्र से उसका रञ्जन हो जाता है। उसकी धुन रुपए एकत्र करने मात्र में लगी रहती है और ज्यों ज्यों रुपयों का ढेर बढ़ता जाता है त्यों त्यों उसे आनन्द आता है। वह रुपए के श्वेत-वर्ण, चमकीले आकार प्रकार और सुरीली ध्वनि पर मन ही मन मुग्ध होता रहता है।

बलिहारी है उस लालची मनुष्य की समझ और संसार के ज्ञान और अनुभव की, जिस पर वह गर्व करता है और अपनी तुलना में दूसरों को मूर्ख समझता है। उसने पैसा खर्च करना तो सीखा ही नहीं। वह गेहूँ तक बेच कर रुपिया कर लेता है। और जौ पर दिन निकालता है। मीठा भोजन तो दूर रहा, वह " राब " (पकाया हुआ तरल आटा) भी नहीं पीता। न कभी वह अच्छे कपड़े पहनता है। मितव्ययता की हद होगई है।

परन्तु उसे यह पता नहीं है कि वह पागल की तरह किस दिन के लिए अत्यधिक व्याज लेकर धन संचय करता है, और उसमें से एक पैसा भी खर्च नहीं करता। वह मूर्ख ईश्वर को भुला देता है और यह अनुभव नहीं करता कि मौत के नकारे उसके सिर पर घुर रहे हैं। मनुष्य जीवन क्षण-भंगुर है। यमके दूत (आधि व्याधि आदि) यमराज का परवाना लिए चारों तरफ फिरते हैं, न मालूम उसे यहां से कब कूच करना पड़े।

मनुष्य की हालत ऐसी ही चिन्तनीय है, जैसी बलिदान के अर्थ लाए हुए बकरे की होती है, जिसको मारने के पहिले थोड़े

कोमियो पराया खेत सदका सिमे,
    धवावे औसरड़ो मरे ठाला ।
आंगणे बैठा दरबार रा आदमी,
    किसी घरबार री आस काला ॥ २ ॥
पटीडे जावे ने गोठैं बचे परा,
    माटके रुपिया करे मेल ।
रामरा हाथ रो दूत लाया रुको,
    बावला जीवणो किती वेल ॥ ३ ॥
न पाए राध न जीमे मीठा कदे,
    न पैरे खुगड़ा कदे नीका ।
बाकिया जम जिसा प्रसण हला दिये,
    फसी पल बावसी नींद फीका ॥ ४ ॥
कलह रो मूल कावो घणो कुरंच सूं,
    नारायण नाम मन मांय नांमे ।
उठा रा दूत हो खोटी कहे आंगणे,
    जीवणो मठरी आस आंणे ॥ ५ ॥
आप हाथे रहे गिणे काला अधर,
    खावसो कमाई करे खोटी ।
धारिया धवल ज्यूं पान गिणिया धरे,
    मरण री न जांणे खोड मोटी ॥ ६ ॥
आप संसार रजियो घणो आतमा,
    अन्तख ना भटियो कद आम्बो ।
धोदियो दीह घड़ी एक ना थोमियो,
    लोमियो पियामो कियो लाम्बो ॥ ७ ॥
' ओप ' कव कहे मत भूल जो अनन्ता,

दिन तक हृष्टपुष्ट बनाने के लिए अच्छा घास और धान खिलाया जाता है। अंत में एकदिन यह लोभी भी अपना धन-माया सब कुछ छोड़ कर इस संसार से प्रयाण करदेता है। जब वास्तविक स्थिति यह है तो अत्यधिक लालच, कुस्वारथ, परधन-हरण पिपासा, तृष्णा और ईर्षा निंदनीय हैं। इस संसार में परम-लोक कल्याण-कारी परमेश्वर का प्रेम-पूर्वक गुणानुवाद और यथाशक्ति लोकहित-साधन ही सार वस्तु है।

अनन्यभक्त परमेश्वर को ही अपना एक-मात्र जीवनाधार मानते हैं। वे अपना " दुखड़ा " सिवाय परमात्मा के और किसी के आगे नहीं रोते। वे केवल जगदीश्वर से ही आशा करते हैं, जो इस जगत का पालन करने वाला है। 'ओपाजी' के निम्न लिखित " गीत " में यही भाव प्रदर्शित किया गया है। यह गीत उनकी अनन्य प्रभु-भक्ति का परिचायक है।

॥ गीत ॥

त्रिभुवन धो सांम जगत धो तारण,
　　आधारण ब्रह्मन्ड इक्बीस।
ज्यण ज्यण कना कहा द जाचे
　　जाच एक दाता जगदीश ॥ १ ॥
भूल म अवर भरोसे भ्रम भ्रम,
　　क्रम क्रम धर्मी सुधारण काज।
मूरख मनष अगा की मांगे,
　　मांग एक दाता महाराज ॥ २ ॥
जुग गुभ्र लहै सुदामा ज्यूंही,
　　जनम अनम धा मट जञ्जाल।
पुग पुग भगत सुधारै,
　　पारथ एक जगत प्रतिपाल ॥ ३ ॥

भगत-वछ्ल कह कवि रद भण,
चाव भाव कर कर गुण चाल।
दीन वचन दूजो की दाँपे,
दाप भाप मुप दीन-दयाल ॥ ४ ॥

परमुखापेक्षी अकर्मण्य मनुष्यों के लिए कर्मवीर बनने का कैसा रामवाण उपदेश है। कैसा महान् आदर्श है। वह मनुष्य मूर्ख है, जो मनुष्य से याचना करता है। मनुष्य मनुष्य को क्या दे सकता है। सबका लोक-पालक परमात्मा ही मनुष्य का दुख-दारिद्र्य दूर कर सकता है। हमें जो कुछ मांगना हो वह जगदाधार, भक्त-वत्सल, सुदामा-सुहृद् भगवान से मांगना चाहिए। वही हमारे उद्देश्य की सिद्धि करने वाला है।

उस मनुष्य के स्वातंत्र्य-प्रेम, स्वाभिमान, निर्द्वन्द्वता, निर्भयता और आत्मबल की कहां तक सराहना की जावे, जो अपनी आशाओं और अभिलाषाओं का संरक्षक और पूरक जगत्-प्रतिपालक परमेश्वर को ही मानता है। विशेषतः एक पराधीन राष्ट्र के सदस्य के लिए ऐसा आदेश मंगलाशा और नवजीवन का संचार करने वाला है।

ओपाजी की भक्ति दास-भाव की थी। निम्न लिखित "गीतों" में ओपाजी आत्म-निवेदन के रूप में भक्त के विनम्र दैन्य-पूर्ण-दास-भाव का कैसा हृदय-स्पर्शी निरूपण करते हैं:-

॥ गीत ॥

म्हूँ वीदग किसा बाग री मूली,
लागा दांवण चवदै लोक।
हूँ हर थारे चाकर हलको,
थूं हर म्हारे मोटो थोक ॥
ओपो कहे न मेलूँ अलगो,
सहजे पारस पायो सोय।

करवारे हूँ पग कीड़ी रो,
करता समो न म्हारे कोय ॥

॥ गीत ॥

पौंवरियाँ भाट नपीरों पीहर,
आलंबन नोधारों आप ।
तूँ तो मात न मायों धीकम,
बापो थूँ ही न बापों बाप ॥ १ ॥

मलख थूँ ही आलसियों उद्दम
पालग थूँ ही न पंखों पांख ।
तूँ पग हाथ पांगलों टूटों,
आंधों तू परमेसर आंख ॥ २ ॥

परमेसर तूँ अ्रसिया पांणी,
सन्त भूखियो साकर साल ।
गूँगों वाच तुँ ही गिरधारी,
बहो तूँ ही है अक्ल विशाल ॥ ३ ॥

भ्रजवासी थाकों बीसरियों,
जल ऊँबारी थूँ ही जिहाज ।
नीधरियों पर तूँ नारायण
मांदों रो ओपद महाराज ॥ ४ ॥

माधो धणी विपत में सम्पत,
तमो आवे बीजी ताल ।
बिनमी पाट तणा घोलाऊं.
सांई दुकाळों मणो सुगाल ॥ ५ ॥

तोरण तुँ ही बाढियों माला,
पालों री हुँ दै सुखपाल ।

वौह नामी उघाड़ों वपतर,
ढालियो लोह नढालों ढाल ॥ ६ ॥
'ओपो आढो' कहे ईशवर,
नत राखो चित थारो नांम ।
तसती मांय देण सुख तूँ ही,
*रान तणी वसती तूं राम ॥ ७ ॥

दैन्य और विनय की पराकाष्ठा होगई है। उक्त एक एक शब्द से ओपाजी का निरभिमान, प्रेम-सर्वस्व के स्वामी परमात्मा के प्रति अनन्य-भक्ति और उसकी तुलना में उनकी नगण्यता प्रदर्शित होती है। १४ लोक के स्वामी परमात्मा के सामने बेचारा मनुष्य भला किस बाग की मूली है। इसलिए ओपाजी

---

*इस लेख में जो गीत उद्धृत किये गये हैं, वे अखिल भारतीय चारण सम्मेलन के त्रैमासिक मुखपत्र 'चारण' तथा झाकर गांव (सिरोही राज्य) निवासी भवानीदानजी आढा के संग्रह और राजस्थान के सुप्रसिद्ध डिंगल कवि स्व० श्री शंकरदानजी आढा, गांव पाचेटिया निवासी, के पितामह मेघराजजी द्वारा किए हुए गीतों के वृहद् संग्रह 'गुण-जहाज' में से लिए गये हैं, जिसमें डिंगल के ६१९ गीत इकट्ठे किए हुए हैं। मैं चारण-पत्र के संपादक ठा० ईश्वरदानजी आसिया, गांव मेंगटिया, ठा० भवानीदानजी आढा झाकर और ठा० स्व० शंकरदानजी आढा के सुपुत्र सत्यदेवजी आढा एम ए, ऐल एल. बी. के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रगट करता हूँ, जिनकी कृपा से मुझे ओपाजी के गीत मिल सके। ओपाजी की जीवनी के संबंध में मैंने जो सूचना इस लेख में दी है, उसमें से अधिकांश मुझे मेरे मित्र ठा० सीतारामजी लालस, नेरवा निवासी, से मिली जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ। लेखक।

अपनी तुलना परमात्माके चरण-कमलों की रज या उनके नीचे चलने वाली चींटी से करते हैं।

इन " गीतों " में परमात्मा के सर्वजन-हितकारी लोकपालक चरित्र का विशद चित्रण किया गया है। परमात्मा के लोक-मङ्गलकारी चरित्र की जितनी महिमा की जाय, उतनी थोडी है। वह अनाथ, निर्धन और निराधार प्राणियों का एक-मात्र आधार है। माता-पिता का देहावसान होने, मार्ग भूल जाने, गहरे जल में डूब जाने, अकाल पड़ने आदि अनेक विकट विपत्तियों में वही हमारी रक्षा करने वाला है। वही अन्धों की आंख, गूंगों की वाक् शक्ति, युद्धभूमि में योद्धाओं का कवच, निरुद्यमियों का उद्यम, पंगुओं और टूंटों का पैर और हाथ है। वही प्यासों को पानी और भूखों को अन्न देता है और दुःखग्रस्त प्राणियों को सुख देनेवाला है। " ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या " भारतीय वेदान्त-दर्शन का विश्व-विख्यात सिद्धांत है। इस सिद्धांत की व्यावहारिक उपयोगिता यह है कि मानव-जीवन की क्षणभंगुरता और अनित्यता को ध्यान में रखते हुए मनुष्य को निरंतर लोकहित में संलग्न रहना चाहिए और इस प्रकार अपना जीवन सफल करना चाहिए। ओपाजी निम्न लिखित गीतों में इस सिद्धांत का बहुत ही सरल और हृदय-स्पर्शी निरूपण करते हैं—

॥ गीत ॥

कर जोंणों जिको, भलाई कीजो,
          लाभ जनम रो लीजो जोय।
पुरष दोय दिन रुपा पोंमणा,
          किम हूँ मती बिगाड़ो कोय॥ १॥
जाणों छै जाणों छै जाणों,
          समझो भीतर बार समांन।

वे दिन काज जहर मत वोवो,
मरदो दूर करो अभिमान ॥ २ ॥
यूंइज करतों जावै ऊमर,
पर मन कलप रार न पोर।
ओपै वात करों अवरों री,
ओपोरी कोइ करसी और ॥ ३ ॥
गरवाहूओं हरी गुण गावो,
छीलर जेम मदाखो छेह ।
आजक काल वहणों ओपा,
दीहड़ा गया सनाळी देह ॥ ४ ॥

मनुष्य संसार में दो दिन का पाहुना है। उसे यह अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि उसको एक दिन यहां से निश्चय कूच कर जाना है। इसलिए थोड़े दिन के जीने के लिए उसे अभिमान वश किसी से बात नहीं बिगाडनी चाहिए। उसकी आयु का एक एक दिन सरपट व्यतीत हो रहा है। ऐसी शोचनीय परिस्थिति में यह स्पष्ट है कि किसी के साथ कुस्वार्थ, दंभ, और कुटिलता-वश कटु वचन कह कर या बुरा व्यवहार करके जहर न बोया जाय। संसारी के लिए यही श्रेयस्कर है कि वह लोक-मंगलकारी भगवान् का स्मरण करे, होसके जितनी दूसरों की भलाई करे और इस प्रकार अपने अमूल्य जीवन से लाभ उठावे।

॥ गीत ॥

मिलियो अत वणज संसार मंडोंणो,
आया जगत खाटवा आथ ।
लाख अनेक हेक द्रव लेगा,
हेक गया मसळंता हाथ १ ॥

मांडि हाट दाव छल मोंडे,
　　　　अग आया वौपार जिता ।
कता गया सुधारे कारज,
　　　　कर मसलता गया किता ॥ २ ॥
बोह छल छेद मेद मोंडे बोह,
　　　　कर औंबो वापार करे ।
बंधिया जिके करम घन बांधे,
　　　　नीमी खोई अवर नरे ॥ ३ ॥
विणज हुओ पीछडती वेला,
　　　　घसियो कर आपरो वराइ ।
बणवा करे बेङक बावळिया,
　　　　गया कितायक मूल गमाइ ॥ ४ ॥

इस गीत में सांसारिक वैभव को मिथ्या बतलाते हुए संसार की तुलना हाट से की गई है जहां अनेक मनुष्य वाणिज्य करने के लिए आते हैं। ज्ञानी मनुष्य लोकहित-साधन के उद्देश्य से किए गये सत्कर्म रूपी अर्थ संचित करते हैं। जो मूर्ख मनुष्य होते हैं, वे विभिन्न अमूल्य मानवी गुणों से सम्पन्न जीवन रूपी मूल-धन खोकर हाथ मलते हुए चल जाते हैं और कुकर्मों का बोझ अपने साथ ले जाते हैं। इस वाणिज्य की रीति यह है कि जो मनुष्य अर्थ-प्राप्ति के लिए जितना अधिक दाव-पेच और छल-छद्म का प्रयोग करता है उतना ही अपना मूल-धन खोता है। विरले ही ऐसे मनुष्य हैं जो इस संसार में अपना काम सुधार कर जाते हैं। इस वाणिज्य में सत्य, प्रेम और सद्भाव से सफलता मिलती है।

॥ गीत ॥

माटी री टांम जोन खिण मोंरे,
　　　　पणश्री परे पणे परे ।

घुडलो कितयिक बार घूमसी,
फोड़न हारा लार फरै ॥ १ ॥
अत जतनों माथै ऊपाड़े,
रम्भा दोली थकी रहै।
आस कसी जेरी आंणीजे,
वैरी छोरा पास वहै ॥ २ ॥
गोरी मलै़ गीत शुभ गावै,
जतन रहावै जुओ जुआ ।
फेरू हमें कता घर फरसी,
हेरू लोच पलोच हुआ ॥ ३ ॥
रतन तणी पर जतन राखतों,
खड़ग तणों घा खमियो ।
पोहर तणों हूतो पोंमणड़ों,
गावतड़ों इज गमियो ॥ ४ ॥
मटियो तेल जोत मुरझोणी,
पड़ियो कुंभ पीयारो ।
अदखण मोंय हुओं अणचीतो,
उजवाले़ अंधिरायारो ॥ ५ ॥
औ घट घुड़लौ जांण ओपला,
गोवंद क्यूं नह गावै ।
खल़ दल़ जसो उगाड़े खोंडे,
आतुर कीधों आवै ॥ ६ ॥
मोटा प्रसण डोंगले मोटी,
काल़ घणा नर कूटै ।
काचो कुंभ मनख री काया,
करतों गरतों फूटै ॥ ७ ॥

इस गीत में सांगोपांग रूपक द्वारा मानव शरीर की तुलना मिट्टी के घड़े (घुड़ले*) से करते हुए उसकी नश्वरता और

---

*यह रूपक मारवाड़ी लोक-जीवन से लिया गया है और इसका संबंध जोधपुर के सुप्रसिद्ध उत्सव से है, जिसे 'घुड़लों का मेला' कहते हैं। यह उत्सव 'गनगोर' के त्योंहार से पहिले कुमान्या कुआ (जोधपुर) पर मनाया जाता है। सुंदर युवतियां वस्त्राभूषण धारण कर सिर पर एक छोटा मिट्टी का जालीदार घड़ा (घुड़ला), जिसमें एक प्रदीप्त दीपक रहता है, लिए हुए समूह में मंगल गान करती उत्सव मनाती हुई धारे २ निकटवर्ती जलाशय तक बड़े समारोह से जाती हैं और उसी समारोह से लौटती हैं। अंत में गनगोर के उत्सव के बाद इस 'घुड़ले' को जल में प्रविष्ट कर दिया जाता है। यह त्योंहार एक ऐतिहासिक घटना का स्मारक कहा जाता है। वह घटना इस प्रकार बतलाई जाती है।

खेड़ का राव मल्लीनाथ का पुत्र जगमाल एक प्रसिद्ध वीर पुरुष था। वह गुजरात के बादशाह की पुत्री गींदोली का हरण कर लाया था। उसके पीछे गींदोली का भाई घुड़लेखां फौज लेकर चढ़ आया। प्रति-द्वंदियों में भीषण युद्ध हुआ, जिसमें घुड़लेखां बहुत ही वीरता के साथ लड़ा। उसके भालों की इतनी चोटें लगीं कि उसके शरीर में अनेक छिद्र हो गये और अंत में वह बहादुरी के साथ काम आया। जब गींदोली को यह खबर मिली तो वह अत्यंत दुखी हुई। जगमाल ने उसे सांत्वना दी और कहा कि जो वह चाहे वही किया जाय। गींदोली ने कहा कि मेरे भाई का ऐसा स्मारक बनाया जाय कि उसका नाम इस संसार में अमर हो जाय। तदनुसार जगमाल ने उक्त त्योंहार मनाना शुरू किया जिसका वर्णन ऊपर किया जा चुका है। यह त्योंहार चैत्र कृष्णा सप्तमी को अभी तक मनाया जाता है। मारवाड़ में गींदे

क्षण-भंगुरता बतलाई है।

इस गीत में जीवात्मारूपी ज्योति से आलोकित मानव-शरीर की तुलना दीपक से प्रदीप्त जालीदार "घुड़ले" से की गई है। मानव-शरीर मिट्टी के कच्चे घड़े के समान है, जो चलते फिरते सहज ही में नष्ट होजाता है, चाहे कितने भी यत्न किये जायें। जिस प्रकार घुड़लों के मेलों में युवतियों द्वारा बहुत यत्न करने पर भी नट-खट बालकों द्वारा घुड़ले को फोड दिये जाने का डर रहता है, उसी प्रकार सबल काल, काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, दम्भ, मत्सर आदि शत्रुओं से घेरे हुए मानव-शरीर के नष्ट होने का हर समय भय बना रहता है।

॥ गीत ॥

जालंधर दसकंध जरासंध जेहा,
केथी गया न दीसे कोय ।
चंवरी मोटा भेंगुल चढ़िया,
लाडा गरब न कीजै लोय ॥ १ ॥
बळ दुध मार बयण बांणसुर,
आयै दिन नह कीध अवार ।
वडा वडा गा तोरण बांधे,
नवल बना अहंकार-निवार ॥ २ ॥
कब ओया लाडी ले कीरत,
भुपत वार भजाडै ।

एक गीत घुडलों के त्योंहार के समय अभी तक गाया जाता है जिस की टेर इस प्रकार है, "गींदोली जगमाल मालै, गींदोला किम दीजै ओ राज"। उपर्युक्त जालीदार घुडला घुडलेवां के छिद्रों से परिपूर्ण शरीर का द्योतक माना जाता है। लेखक।

भगमां रहड़े आला आला,
　　　　बलिया ढोल बजाड़े ॥ २ ॥

इस गीत में दूसरे प्रकार के सांगोपाङ्ग रूपक द्वारा संसार की अनित्यता और नश्वरता बतलाई गई है। यह संसार मानो एक विशाल विवाह-मण्डप है, जहां सत्कीर्ति-रूपी दुलहिन के साथ विवाह करने के लिए अनेक मनुष्य आते हैं। जलधर, अभिमानी रावण, जरासन्ध, बली आदि बड़े बड़े लोग इसी उद्देश्य से यहां आकर न मालूम कहां चल गये। उनका पता भी नहीं है। इसलिए मनुष्य को गर्व नहीं करना चाहिए और सुयश रूपी दुलहिन को प्राप्त करना चाहिए।

इस गीत में कवि ने यह कितना महान् और व्यवहारोपयोगी सिद्धान्त रक्खा है कि सत्कीर्ति ही जीवन है, जीवन का परम उद्देश्य है। बलिहारी है ऐसे लोकहितैषी और निरभिमानी भक्त कवियों की, जिन्हों ने भगवद्भक्ति और ईश्वर-प्रेम से प्रेरणा और प्रोत्साहन पाकर अपने काव्य-द्वारा ऐसे महान् और लोक-मङ्गल के लिए परम-उपयोगी आदर्शों और नैतिक सिद्धान्तों का निरूपण किया। भक्ति-काव्य की उपयोगिता का इससे अधिक पुष्ट प्रमाण और क्या दिया जाय?

ओपाजी के काव्य के सिद्धान्त-पक्ष पर विचार करने से ज्ञात होगा कि उन्होंने अपने काव्य में नियतिवाद (भाग्यवाद) और गीता में प्रतिपादित कर्मयोग का सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इस ब्रह्माण्ड में जितने विभिन्न व्यापार होते हैं व सब ईश्वरीय नियमों और विधि-विधान के मुताबिक होते हैं। यह किसी मनुष्य की सामर्थ्य नहीं है कि वह ईश्वरीय-विधान को बदलदे। मनुष्य की अल्प बुद्धि के लिए तो इस विशाल ब्रह्माण्ड के अनेक व्यापारों में अन्तर्निहित ईश्वरीय-नियमों का पता लगाना भी कठिन

है। इस हद तक मनुष्य परतंत्र होते हुए भी वह परोपकार, लोक-सेवा, भलाई आदि सत्य कार्य करने में स्वतंत्र है क्योंकि उनसे लोक-कल्याण होता है और लोक-परिचालन के लिए प्रतिपादित सत्य, प्रेम, दया, संतोष, कर्म, वीरत्व आदि ईश्वरीय सिद्धान्तों और नैतिक आदर्शों की पुष्टि होती है।

निम्न लिखित गीतों में ऐसे अकर्मण्य, कुस्वार्थी, आसक्त और अभिमानी मनुष्यों की हँसी उड़ाई गई है, जो सांसारिक वैभव और भोग-विलास की सामग्री की प्राप्ति के लिए तरसते हैं। और बड़ी बड़ी असंभव आशाएँ और अभिलाषाएँ रखते हैं परन्तु ईश्वर उनकी एक भी आशा की पूर्ति नहीं करता। वे चाहते कुछ हैं और होता कुछ विपरीत ही है।

॥ गीत ॥

मन जांणे चढ़ूं हाथियों माथे,
पुर रगडंतो जनम पुवै।
नर री चीती वात हुए नह,
हर री चीती वात हुए ॥ १ ॥
मन जांणे पै पीऊँ मिसरी.
चाच सुवग्णी मिले न छांट।
वलिया सो पाछा कुण वाले,
उण घर री लेखण रा आंट ॥ २ ॥
धापे मन वैठां धौलाहर,
तापे सूना हूंढ तठै।
मोटा आपर कवण मेटवे.
कुटी लिखी सो महल कठै ॥ ३ ॥
चित में जांणे हुकम चलाऊं,
हुकम तणे वस नार न होय।

साचा लेप परा उण सांई,
फाचा करण सके नह कोय ॥ ४ ॥
मन आंमे पहरूं मखमूदी,
फाटा पाथल पहर फिरै ।
काम हुए मनष रो कीधो,
करे जको करतार करै ॥ ५ ॥
दिलमें आंमे पाय दबाऊं,
अवरां रा पग दाबै आप ।
कलपै कर्सू कसू नर कांपै,
प्राणी भजन तणो परताप ॥ ६ ॥
उर आंमे पकवान अरोगूं,
भापर मिलै न लूखो धान ।
आतम री गत कांय ओपला,
मोलो जो मिलियो भगवान ॥ ७ ॥
मारत आंमे मूल न मार्गू,
मागे अवस पड़ंता मार ।
समहर हुए कसी बद मूरो,
कायर जो कीधो करतार ॥ ८ ॥

मनुष्य चाहे कितनी भी लंबी चौड़ी कल्पना करे तो भी वह कुछ नहीं कर सकता। पर मेश्वरने जो कुछ पहिले से ही नियत कर दिया है वही होता है। उसमें रद्दो बदल करने की किसी की शक्ति नहीं है। जी चाहता है कि हाथियों की सवारी करें परन्तु आजीवन पैदल चलकर पैर घिसने पड़ते हैं। कभी यह मनमें आती है कि दूध और मिसरी पीयें लेकिन अच्छे मट्ठे की एक बूंद भी नसीब नहीं होती। मन चाहता है कि विशाल भवनों में आनंद से निवास करें परन्तु पृथ्वी पर आकाश रूपी

छत के नीचे नंगे बदन सूर्य की गरमी में बाहर ही रहना पडता है। निवास-स्थान के लिए एक कुटिया तक का प्रबन्ध नहीं हो पाता। दूसरों पर हुक्म चलाने के लिए जी बहुत लालायित रहता है किन्तु ऐसी नौबत आजाती है कि अपनी स्त्री भी हुक्म नहीं मानती। मन मे बहुत आती है कि महीन वस्त्र पहिनें परन्तु फटे कपडे पहिने ही फिरना पडता है। हम तो यह चाहते हैं कि हमारी कोई 'पग-चंपी' करे लेकिन हमें दूसरों की 'पग-चंपी' करनी पडती है। मिठाई देख कर मुँह में पानी भर आता है और जी चाहता है कि अच्छे स्वादिष्ट व्यंजन खाने को मिलें परन्तु पर्याप्त रूखा सूखा अन्न भी नहीं मिलता। ईश्वरीय लेखनी से जो अटल लेख लिखे जा चुके हैं, उन्हें कोई भी नहीं मिटा सकता। मनुष्य का किया कुछ भी नहीं होता, जो कुछ करता वह ईश्वर ही करता है।

ऊपर लिखे हुए गीतों से मालूम होगा कि ओपाजी ने अपने काव्य में अलंकारों का सुन्दर और स्वाभाविक प्रयोग किया है, जिनसे उनके काव्य में व्यंजित भावों का उत्कर्ष होता है। और अलंकारों को काव्य मे प्रयुक्त करने का यही उद्देश्य है। ओ-पाजी ने अपने गीतों में अधिकतर रूपक, उपमा, उत्पेक्षा और अनुप्रास आदि अलंकारों का सुंदर समावेश किया है।

उक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि भावपक्ष तथा कलापक्ष दोनों की दृष्टि से ओपाजी का काव्य उत्कृष्ट है। यदि शान्तरस-प्रधान भक्तिरस से सराबोर उपर्युक्त गीतों में से किसी की भी तुलना हम कबीर, सूर और तुलसी की शान्त तथा भक्तिरस की कविता से करेंगे, तो ओपाजी की कविता खरी उतरेगी। हम आशा करते हैं कि हिन्दी के इतिहासकार और आलोचक

ओपाजी की हिन्दी के सफल भक्त कवियों में गणना कर उनको भक्ति-काव्य के इतिहास में समुचित स्थान प्रदान करेंगे।

राजस्थान।

लेखक राव बहादुर डाक्टर ओंकारसिंह
प्रेसीडेन्ट म्युनिसिपल बोर्ड जोधपुर।

अहा! राजस्थान! तेरा नाम मात्र लेने से ही वीरों के रक्त में वीर-रस का सञ्चार होता है और तेरे अगणित गुणों का गान करना असम्भवसा प्रतीत होता है। तेरे यहां अनेक प्रकार की लाभदायक वनस्पतियां और वनौषधियां अपने आप उत्पन्न होती हैं, तेरे पर्वतों में अनेक प्रकार की धातु और खनिज पदार्थ पैदा होते हैं, तेरे देश के स्थल रूपी शरीर पर अरवली पर्वत-श्रेणी रूपी जनेऊ कैसी शोभा देती है, तेरे देश के पूर्व प्रदेश से प्रकट होकर पश्चिम में प्रवाह करने वाली, सूर्य की रश्मियों के समान, लूनी नदी नाग पहाड़ से प्रवाहित होकर कच्छ के रन में फैल जाती है, तेरे यहां कि दीर्घ-काय, सुडौल और दुधाली गौएँ अपने दूध से दूध की नदियां बहाती हैं, तेरे यहां के पुए, पलिए, प्रढिए और जविए अश्व (घोड़े) सुविख्यात हैं, तेरे ही यहां दीर्घ-काय ऊँट रेतीली जमीन की दूरी को काटने में करोत का काम करते हैं, ऐसे ही ऊँटों पर सवार होकर राजा नल के राजकुमार ढोला नरवर (ग्वालियर) से प्रस्थान कर अपनी विवाहिता प्रिय-पत्नी मारू को लेने के लिये पूगल देश में ढाई दिन में ही पहुँचे थे। यही प्रसिद्धि है कि वह पहले दिन तो चन्देरी (चन्दी) में, दूसरे दिन पुष्कर और तीसरे दिन मध्याह्न के

VICE-PRESIDENT

COMMEMORATION COMMITTEE.

Rao Bahadur Dr Onkar Singhji Sahib, L M S
Ex-President Municipal Board,
Government of Jodhpur, Jodhpur.

समय पूङ्गल पहुँच गये थे। तेरे यहां के व्यवसायी, उत्साही, दीर्घ-काय, परिश्रमी वीर पुरुषों ने अपनी कीर्ति से, चन्द्रमा की चांदनी के समान, अपने नाम को उज्वल व धवल बना दिया है।

तेरे उत्तर में राठोड़ों का राज्य बीकानेर और भाटी यादवों का राज्य जैसलमेर विद्यमान हैं, तेरी दक्षिण भुजा की ओर कछवाहों के राज्य जयपुर और अलवर तथा वीर जाटों के राज्य भरतपुर और धौलपुर बसे हुए हैं, तेरी वाम भुजा की ओर रणबङ्का राठौड़ों का राज्य जोधपुर और किशनगढ शोभा देते हैं, तेरा हृदय-रूप अङ्गरेजी गवर्नमेन्ट का अजमेर-मेरवाड़ा प्रान्त सजीव दिखाई देता है, तेरे मध्यभाग में देवड़ों (चाहमानों) का राज्य सिरोही, प्रसिद्ध वीर सीसोदिया क्षत्रियों के राज्य मेवाड और शाहपुरा, मुसलमानों का राज्य टोंक, हाड़ा वीरों के राज्य बून्दी और कोटा, झाला क्षत्रियों का राज्य झालावाड़ और यादवों का राज्य करौली स्थित हैं और तेरे दक्षिण में देश की रक्षा करने वाले सीसोदियों के राज्य डूङ्गरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ़ तथा कुशलगढ, मुस्लिम राज्य पालनपुर और परमार क्षत्रियों का राज्य दांता विद्यमान हैं। ऐसा तू राजस्थान! वीर राजपूतों की वीर जन्म-भूमि है।

तेरे ही देश में मेरुदण्ड रूप अरवली पर्वत की श्रेणी, तुझे प्राकृतिक दो विभागों में विभक्त करती हुई, अर्बुद गिरि पर के गौरी-शिखर पर सब से उन्नत होकर, खड़े हुए सन्तरी के समान, तेरा (राजस्थान का) रक्षण व निरीक्षण करती है। इसी पर्वत-श्रेणी पर अति प्राचीन वह अग्नि कुण्ड आज भी विद्यमान है जिस से अग्निवंशी क्षत्रियों की उत्पत्ति हुई थी। वहां ही खड़े जैनियों के कला-पूर्ण दिलवाड़े के मन्दिर तेरी शोभा बढ़ा रहे हैं। उसी पर्वत-श्रेणी से निकल कर पूर्व की ओर बहने वाली

बनास नदी तो वस्त्र (कपास) और पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली लूनी नदी मेरे निवासियों को अन्न (गेहूं) प्रदान करती हैं।

मेरे यहां के मुख्य खाद्य पदार्थ गेहूं, ज्वार, मक्की और बाजरा हैं। यह वही बाजरा है जिस को खाकर मेरे (राजस्थान के) वीरों ने हुमायूं का पीछा करते हुए शेरशाह सूर के दांत खट्टे कर दिये थे जिस से उस के मुंह से ये शब्द अनायास निकल पड़े कि 'मैं ने मुट्ठी भर बाजरे के लिये हिन्दुस्तान की सल्तनत खो दी होती!' इस बाजरे की कहानी इतनी प्राचीन है कि इस का वर्णन उपनिषदों तक में पाया जाता है कि पुराने समय में वाजश्रवा नामक ऋषि ने अकाल के कारण अपने यहां संगृहीत वाज नाम का (बाजरा) सब अन्न गरीबों व अकाल-पीड़ितों को अमूल्य बांट दिया जिस से उस का नाम प्रख्यात होगया।

मेरे ही प्रदेश के हृदय में सब तीर्थों के गुरु-राज पुष्कर राज विराजमान हैं जहां प्रति वर्ष कार्तिक सुदि ११ से १५ पूर्णिमा तक हजारों मुमुक्षु यात्री स्नान कर कृतकृत्य होते हैं और इसी तीर्थराज के पीछे ही मेरा प्रदेश पुष्करारण्य कहा जाता है।

इसी प्रदेश की प्रसिद्ध नगरी ओसियां में परमार क्षत्रियों की कुलदेवी सच्चियाय माता का विशाल मन्दिर विराजमान है, जिस ओसियां नगरी से ओसवाल नामक वैश्यों का निकास हुआ। इन ओसवाल जाति के पुरुष अब सब राजस्थान में फैल गये हैं और इनही लोगों में से भामाशाह ने महाराणा प्रताप को संकट के समय में अर्थ-सहायता दी थी।

इसी प्रदेश में पयहारी कृष्णदास (जयपुर), अग्रदास, नारायणदास, पृथ्वीराज (बीकानेर), नागरीदास (किसनगढ़), वृन्दावन दास (भीहित), परमानन्ददास, चन्द्रसखी आदि भक्त हुए हैं,

जिन की शिरोमणि-रूपा मीरां बाई प्रातःस्मरणीया हुई है जिस के भक्ति-रस से सराबोर दो पद नीचे उदाहरण रूप से उद्धृत किये जाते हैं:—

पद १.

म्हारे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुगट म्हारो पति सोई॥
छोड़ दिवी कुल की कान कांई करेला कोई।
सन्तां कनैं बैठ बैठ लोक लाज खोई॥
आंसूँ नीर सींच सींच प्रेम बेल बोई।
अब तो बेल फैल गई आणँद फल होई॥
भगति देख राजी हुई जगत देख रोई।
दासी मीरां लाल गिरधर तारो अब मोई॥

पद २.

म्हनैं चाकर राखोजी, गिरधारी लला, म्हनैं चाकर राखोजी।टेर।
चाकर रहसूँ बाग लगासूँ, नित उठ दरसण पासूँ,
वृन्दावन री कुञ्जगली में, गोविंद लीला गासूँ। प्रभुजी, म्हनैं।१।
चाकरी में चाकर रहसूँ. सुमरण पाऊँ खरची,
भाव-भक्ति जागीरी पाऊँ, तीनूँ बातां सरसी जी।प्रभु० म्हनैं।२।
ऊँचा ऊँचा महल चुनाऊँ, बिच में राखूँ बारी,
सांवरिया रा दरसण पाऊँ, पहर कसूमल साड़ी। प्रभुजी म्हनैं।३।
मीरां रा प्रभु गहर गंभीरा, हिरदै धरजो धीरा,
आधी रात प्रभु दरसण दीया, जमनाजी रे तीरा। प्रभुजी म्हनैं।४।
मोर मुगट पीताम्बर सोवै. गलै वैजन्ती माला,
वृन्दावन में धेन चरावै, मोहन मुरली वाला। प्रभुजी म्हनैं।५।
जोगी आया जोग करंता, तप सारूँ संन्यासी,
हरी भजण नै साधू आया, वृन्दावन रा वासी। प्रभुजी म्हनैं।६।

जैसे मीरां बाई के पद मारवाड़ी भाषा में भक्ति का अनवरत स्रोत प्रवाह करते हैं वैसे 'नारायण' भक्त ने भी व्रजभाषा में निर्गुण-सगुण भगवान् के भावों का समन्वय निम्न पद में ढंग से किया है—

पद

देखि चरित मोहि अचरज आवे । टेर ।

बिन कर चरन श्रवन नासा दृग, नति नेति जाको श्रुति गावे ।
ताको महर पकर अंगुरी तें, आंगन में चलबो सिखरावे ।देख।
ब्रह्म अनादि अलख अगोचर, ज्योति अजन्म अनंत कहावे ।
सो शशि-वदन सदन शोभा को नंदरानि निज गोद खिलावें ।देख।
जाके डर डोलत नभ धरणी, काल कराल सदा भय पावें ।
सो व्रजराज आज जननी की, भौंह चढ़ी को निरख डरावे ।देख।
जाके सुमिरन तें जीवन को, भय-बंधन छिन में छुटि जावे ।
सो ही आज बंध्यो ऊखरतें, निरखन को सगरो व्रज धावें ।देख।
पूरणकाम क्षीर-सागर पती, मांगि मांगि दधि माखन खावे ।
भक्ताधीन सदा 'नारायण', प्रेम की महिमा प्रकट दिखावे ।देख।

इसी प्रदेश में महाराणा सांगा, राठोड़ अमरसिंह, स्वामि भक्त दुर्गादास, हड़बू, पाबू, गोगा, रामदेव आदि अनेक वीर योद्धा हुए हैं जिनके नाम इतिहास में अमिट व अमर हैं।

नव प्रकार के भक्तों में से प्रथम प्रकार श्रवण-भक्त राजा परीक्षित् की माता उत्तरा का जन्म इसी प्रदेश के अन्तर्गत विराट नगर में हुआ था जहां पाण्डवों ने एक वर्ष तक अज्ञात वास किया। इसी प्रदेश में पद्मिनी जैसी अनेक वीराङ्गनाओं ने अपनी आत्मबलि (जौहर) द्वारा अपने सतीत्व की रक्षा कर अननुकरणीय कार्य किया। इसी प्रदेश के अन्तर्गत भीमाल (वर्तमान भीनमाल) नगर में माघ जैसे प्रसिद्ध संस्कृत के कवि

तीय कवि हुए जिनके बनाये हुए शिशुपाल-वध नामक महा-काव्य के पढ़ने से बालकों के हृदय में अनेक प्रकार की रस-युक्त कविता के भावों का सञ्चार होता है।

इसी प्रदेश के प्रण-वीरों में जैसे रणथंभोर के प्रसिद्ध राजा हम्मीर का नाम अग्रगण्य है वैसे भ्रातृ-प्रेम में परमार धरणीवराह का नाम उदाहरणीय व आदर्श-रूप है, जिसने अपने भाइयों में मारवाड के नौ समान भाग कर बांट दिये थे, जिस विषय का यह छप्पय प्रख्यात है:—

मंडोवर १ सामंत, हुवौ अजमेर २ सिद्धसुव,
गढ़ पूंगल ३ गजमल्ल, हुवौ लोद्रवे ४ भाणभुव।
अल्ह पल्ह अरबद ५, भोजराजा जालंधर ६,
जोगराज धर धाट ७, हुवौ हासू पारकर ८।
नव कोट किराडू ९ संजुगत, थिर पंवार हद थप्पिया।
धरणीवराह धर भाइयां, कोट बांट जू जू किया ॥

और तभी से यह मारवाड नौकोटी कहलाने लगा है। यह मरुदेश (मारवाड) अति प्राचीन है जिसके विषय में वाल्मीकि रामायण में यह वर्णन मिलता है कि यह प्रदेश पहले 'द्रुमकुल्य' के नाम से प्रसिद्ध था और यह समुद्र में निमग्न था जिसे भगवान् रामचन्द्रजी ने बाण फैंक कर सुखा दिया तब इसका नाम "मरु-कान्तर" हुआ। उसी समुद्र के अवशिष्ट कुछ भाग सांभर, डीडवाणा, पचपदरा आदि में अब भी विद्यमान हैं जिनके खारे पानी से लाखों मन नमक बनता है। इस समुद्र को सुखा कर भगवान् रामचन्द्रजी ने इस प्रदेश को कई वरदान दिये थे जिस से यहां का प्रदेश नीरोग, फल मूल स्वादिष्ट, गाय भैंस आदि पशु पुष्ट, दूध और घृत सच्चिक्कण और पुष्टि-कारक और अन्न सुगंधि-युक्त होता है। ऐसी किंवदन्ती है कि यह प्रदेश समुद्र-निमग्न

जैसे मीरां बाई के पद मारवाड़ी भाषा में भक्ति का अनघ रस स्रोत प्रवाह करते हैं वैसे 'नारायण' भक्त ने भी ब्रजभाषा में निर्गुण-सगुण भगवान् के भावों का समन्वय निम्न पद में ढंग से किया है—

पद

देखि चरित मोहि अचरज आवे । टेर ।

बिन कर चरन श्रवन नासा दृग, नेति नेति जाको श्रुति गावे ।
ताको महर पकर अंगुरी सें, आंगन में चलपो सिखराव ।देख।
ब्रह्म अनादि अलख अगोचर, ज्योति अजन्म अनंत कहावे ।
सो शशि-बदन सदन शोभा को नंदरानि निज गोद खिलावें ।देख।
जाके डर डोलत नभ धरणी, काल कराल सदा भय पावे ।
सो ब्रजराज आज जननी की, भौंह चढ़ी को निरख डरावे ।देख।
जाके सुमिरन सें जीवन को, भव-बंधन छिन में छुटि आवे ।
सो ही आज बंध्यो ऊखलसें, निरखन को सगरो ब्रज धावें ।देख।
पूरणकाम क्षीर-सागर पती, मांगि मांगि दधि माखन खावें ।
भक्ताधीन सदा 'नारायण', प्रेम की महिमा प्रकट दिखावें ।देख।

इसी प्रदेश में महाराणा सांगा, राठोड़ अमरसिंह, स्वामि भक्त दुर्गादास हड़बू, पाबू, गोगा, रामदेव आदि अनेक वीर योद्धा हुए हैं जिनके नाम इतिहास में अमिट व अमर हैं।

नव प्रकार के भक्तों में से प्रथम प्रकार श्रवण-भक्त राजा परीक्षित् की माता उत्तरा का जन्म इसी प्रदेश के अन्तर्गत विराट नगर में हुआ था, जहां पाण्डवों ने एक वर्ष तक अज्ञातवास किया। इसी प्रदेश में पद्मिनी जैसी अनेक वीराङ्गनाओं ने अपनी आत्मबलि (जौहर) द्वारा अपने सतीत्व की रक्षा कर अननुकरणीय कार्य किया। इसी प्रदेश के अन्तर्गत भीमाल (वर्तमान भीनमाल) नगर में माघ जैसे प्रसिद्ध संस्कृत के अद्वि

डिंगल कहते हैं जो पिंगल की बड़ी बहिन है। जैसे भारतवर्ष के पूर्व प्रदेशों में पिंगल का पालन-लालन हुआ वैसे पश्चिम प्रदेश (राजस्थान) में डिंगल का पोषण-प्रीणन उचित आदर के साथ हुआ जिससे इसे बहुत उत्तेजना मिली और जिसे चारण, भाट, जागे आदि ने खूब अपनाया और उसमें अपनी ओजस्विनी और वीरोल्लासिनी कविता कर उसे अमर बना दिया और उसके साथ वीर-रस को मूर्तिमान् खड़ा कर दिखाया, जिस वीर-रस से पूर्ण दो छन्द उदाहरण रूप से नीचे उद्धृत किये जाते हैं:—

चढ़्यो मल्हार ले तुखार नौं हजार नच्चते
धपै प्रवीर तान तीर जंग धीर जच्चते ।
बजै निशान श्वान ज्यों दशौं दिशान वित्थुरे
चमंकि पाय चिक्करी डिगै रु दिक्करी डरे ॥

(मिश्रण सूर्यमल)

बाढ़ी बीर हाक हर डाक भुव चाक चढी,
ताक ताक रही हूर छाक चहूँ कोद में ।
बोलि के कुबोल हय तोल बहलोल खां पै,
बागो आन कत्ता गण पत्ता को विनोद में ।
टोप कटि टोपी लाल टोपा कटि पीत पट,
सीस कटि अंग मिली उपमा सुमोद मे ।
राहू गोद मंगल की मंगल गुरु की गोद,
गुरु गोद चंद की रु चंद रवि गोद में ॥

(स्वामी गणेशपुरी)

राजस्थानी भाषा के अनेक अवान्तर भेद हैं जिन में से मारवाडी का प्रचार जोधपुर, जैसलमेर, शेखावाटी, बीकानेर, किसनगढ़, अजमेर में, मेवाड़ी का मेवाड़ में, ढूंढाहड़ी का जयपुर में, वागड़ी का डूंगरपुर, बांसवाडा, कुशलगढ़ में, हाड़ोती का बूंदी

था, जिस की पुष्टि इस बात से होती है कि विज्ञान-वेत्ता विद्वान् इस प्रदेश की बालू को समुद्र-तल की रेत बताते हैं।

सांभर की शाकम्भरी, गोठ–मांगलोद की दधिमती, बीलाड़े की आईजी, देसणोक की करणी, फलोदी व दांता की अम्बाजी, ओसियां की सचियाय माता आदि प्रत्यक्ष चमत्कारिणी देवियों के कारण यह प्रदेश पवित्र और पूजनीय माना जाता है। देव दानी और शर्मिष्ठा नाम के तीर्थ सांभर में, गलता व रणथंभोर जयपुर में, मुचकुन्द धौलपुर में, एकलिंग और नाथद्वारा उदयपुर में, कोलायतजी बीकानेर में और पुष्करराज पुष्कर प्रभृति प्रसिद्ध पवित्र स्थानों के कारण यह प्रदेश आज भी पुण्य-भूमि गिना जाता है। उसी प्रकार मेवाड़ का चित्तौड़गढ़, ढूंढाड़ का आंबेर, मारवाड़ का जालोर, अजमेर का तारागढ़ (गढ़ बींटली) आदि अनेक गढ़ अपनी ऐतिहासिक घटनाओं के लिये प्रख्यात हैं। यहां के कृत्रिम तालाबों में मेवाड़ का जयसमंद, मारवाड़ का जसवंतसमंद, अजमेर का आनासागर प्रसिद्ध हैं जिन के मिष्ट व स्वादिष्ट जल से आज भी लाखों मन अनाज पैदा होता है।

राजस्थान का इतिहास वीर-रस का इतिहास है जिस में सीसोदियों में राणा प्रताप, राठौड़ों में मालदेव, कछवाहों में मानसिंह, भाटियों में भोजदेव, जाटों में सूरजमल, चौहानों में पृथ्वीराज, परमारों में धरणीवराह, यादवों में गोपाल, हाड़ों में बुधसिंह, मुसलमानों में मीरखां आदि वीरता की प्रतिकृति माने जाते हैं। वैसे ही चांपावतों में बलूजी, गौड़ों में वछराज, सेखेले का सुजानसिंह, राठौड़ों में दुर्गादास, गहलोत धनजी और चहुवान भीमजी आदि गण्य लोक-मान्य पुरुष हैं।

राजस्थान एक होते हुए भी उसकी भाषाएं (बोलियां) अनेक हैं, किन्तु कविता की भाषा सदा एक ही रही है जिसे

भूषण; मंछाराम का रघुनाथरूपक, गोस्वामी कृष्णलाल के कृष्ण-विनोद (नायिका-भेद) और रसभूषण (अलङ्कार), कविराजा मुरारिदानजी का जसवन्त-जसो-भूषण आदि बड़े काम के हैं। स्वरूपदासजी की पाण्डव-यशेन्दु-चन्द्रिका महाभारत के भाषा में संक्षिप्त पद्यमय ग्रन्थ के रूप में अपनी शानी की एक ही है। राजिया, किसनिया, भैरिया, जेठिया, नाथिया, मोतिया आदि के प्रास्ताविक, उपदेश-प्रद, नीति के दोहों का भी राजस्थान में पूरा प्रचार है। एक एक कवि एक एक प्रकार की छन्द-रचना में आदर्श-रूप हुए हैं, यथा विहारी के दोहे, सगरामदास की कुण्डलिया, सूरजमल के छप्पय, सुन्दरदास के सवैया, ओपा के गीत आदि।

सन्त कवियों मे दादू-दयाल, रज्जब, रामचरण, दयालदास, दरियाव, चरणदास, दया बाई, सहजो बाई, हरिदास, ईश्वरदास आदि के नाम चिरस्थायी हैं। पद्य लेखकों में प्रसिद्ध विहारी, वृन्द, स्वरूपदास, सूरजमल, बांकीदास, महाराजा मानसिंहजी, (जोधपुर), महाराजा पृथ्वीसिंहजी (बीकानेर), महाराजा प्रताप-सिंहजी व्रजनिधि (जयपुर), महाराज चतुरसिंहजी (मेवाड़) [illegible] हुए हैं। वैसे ही गद्य लेखकों में कविराज श्यामलदास, [illegible]ज्जाराम महता, ठाकुर कल्याणसिंह शेखावत, बाबू रामना-दुग्गड़, मुंशी देवीप्रसाद, पारीक सूरजकरण आदि के नाम [illegible]य हैं, जिन्हो ने प्राचीन साहित्य की रक्षा के साथ साथ साहित्य की रचना कर राजस्थानी भाषा के साहित्य-भण्डार [illegible]वर्द्धित किया है।

[illegible]म काल के लेखक, ऐतिहासिक, साहित्यिक पुरुषों में करने के योग्य महामहोपाध्याय पं० गौरीशंकरजी ओझा, [illegible] विद्वद्रत्न पं० रामकर्णजी आसोपा, ठाकुर राम-

और शाहपुरा में, मेवाती का अलवर में, मालवी का झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़ में, गुजराती का पालनपुर व दांता में और ब्रजभाषा का अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली में है किन्तु सब का स्रोत डिंगल भाषा है जिस में लिखी वीर-रस-पूर्ण कविताओं के परितोषिक में चारण, भाट आदिकों को केवल राजा महाराजाओं से ही नहीं अपितु मुगल बादशाहों से भी अनेक लाख-पसाव आदि मिले थे जिन में से चारण आसा, लक्खा, दुरसा, पीरा, रामा, हापा आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इन भाषाओं में अनेकता होने पर भी सब राजस्थान-निवासियों का शिरो-वस्त्र (पगड़ी) एक होने के कारण वे सब मारवाड़ी कहलाते हैं और सब एक हैं।

राजस्थान के कवियों के रचे हुए अनेक ऐतिहासिक ग्रन्थ हैं जिन में चंद का पृथ्वीराजरासो, दलपत विजय का खुमाण रासो, सांईदास का संपतसार, नाल्ह का बीसलदेवरासो, नल्ल का विजयपालरासो, दयालदास का राणारासो, खड्गो का अडसट्टी छन्द, आदि बड़े महत्त्व के हैं। राजस्थान के भक्त, सन्त, महात्माओं के नाम तथा उनके संक्षिप्त जीवन-चरित नाभादास की भक्तमाल में माला के सुवासित पुष्पों के समान अपनी सौरभ विस्तारित कर भक्त जनों को आनन्द प्रदान करते हैं। नरहरि दास का अवतार-चरित भगवान् के गुण गान करने में अद्वितीय ग्रन्थ है। किसनजी आढा का रघुवरजस प्रकास, करणीदान का सूरजप्रकास, वीरभाण का राजरूपक, चंडीदान का विरुद प्रकाश, गोपीनाथ का ग्रन्थराज, अन्य कवियों के हम्मीररासो, राज-विलास, सुजान-चरित्र, आदि ग्रन्थ भी पूर्ण लाभ-दायक हैं।

राजस्थानी भाषा के साहित्य-भण्डार को भरने वाले अनेक ग्रन्थों में से महाराज जसवन्तसिंहजी प्रथम (जोधपुर) का भाषा

अनेक सद्गुणों के आदर्श पुरुष तथा देवियां प्रत्येक ग्राम २ में हुई हैं जिन के आदर्श-जीवन से वर्तमान समय के राजस्थान-निवासी लाभ उठा कर अपनी जन्म-भूमि (राजस्थान) का नाम गौरवान्वित और अमर करते रहेंगे। यद्यपि तेरे सद्गुणों से अनभिज्ञ लोग तुझे inhospitable region (अनिवसनीय प्रान्त) कह कर तेरा आन्तरिक अनादर करते हैं, किन्तु यहां आकर तेरी आदर्श और उदाहरणीय hospitality (अतिथि-सत्कार) का अनुभव कर सभी गुण-ग्राहक पुरुष तेरी प्रशंसा करते २ नहीं अघाते और यह बात वास्तव में यथार्थ और तथ्यभरी है क्योंकि तेरे छोटे से छोटे ग्राम में और उसके समीप एकान्त स्थान में बसी हुई ढाणी (hamlet) में भी अगर कोई अनजान पुरुष जा पहुंचता है तो आज भी उस अतिथि को अपने निज घर के समान भोजन, घी, दूध, दही, वस्त्र, बिछौने, आदि से सुख पहुंचा कर उस का बड़ा आदर सत्कार किया जाता है। हे उच्च कोटि के वीर, धार्मिक, सन्त, भक्त, कवि, लेखक, विद्वान् आदि असाधारण पुरुषों की जननी! हे पुरातन काल की कला, साहित्य, विज्ञान आदि अति-हितकर विषयों से परिपूर्ण सामग्री की निधि-रूपा मातृ-भूमि! हे अपने वसुन्धरा नाम को प्रत्यक्ष सार्थक कर बताने वाली देवी! हे आदर्श पुरुषों की प्रसविनी माते! हे स्वास्थ्य-प्रदात्री भगवती! क्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् रामचन्द्रजी ने समुद्र के अन्तःस्तल में छिपी हुई तेरी भूमि को प्रगट कर इसे वरदान इसी अभिप्राय से दिये थे कि यहां की समग्र वस्तुएं रसीली, स्वादिष्ट, सुगन्ध-युक्त और बलकारक हों जिन के उपभोग से यहां के निवासी हृष्ट, पुष्ट, बलिष्ट होकर तेरी स्वतन्त्रता के सदा उपासक बने रहें।

सिंहजी, एम ए,, पुरोहित हरिनारायणजी बी ए, स्वामी नरोत्तमदासजी, दीवान बहादुर हरविलासजी सारडा, पं० जनार्द नरायजी नागर, आदि हैं। इस समय के व्यवसायी और उदार पुरुषों में बिड़ला, बागड़ आदि अनेक प्रसिद्ध पुरुष हैं जिन में बिड़ला ने तो लंदन में शिवजी का मन्दिर बनवा कर अपनी कीर्ति चिरस्थापित करली।

इसी गौरवास्पद राजस्थान के भूगर्भ में से संगममर का सुफेद प्रसिद्ध पत्थर निकलता है जिसकी उपयोगिता तथा सुंदरता की, अलौकिक और दुनिया के सात अद्भुत पदार्थों में गणना किया जाने वाला आगरे का ताज महल और कलकत्ते का Victoria Memorial (विक्टोरिया मेमोरियल) मूक भाषा में, साक्षी देते हैं।

अहो! वीर-वर राजा महाराजाओं की वीरता से परिपूर्ण राजस्थान! तेरी वीरता का वर्णन करते २ किस की कलम नहीं थकती! वीर राजस्थान की वीर गाथाओं के अथाह प्रेमी राजस्थान के गौरव के पक्षपाती, राजस्थान के क्रमबद्ध इतिहास के प्रथम लेखक व प्रकाशक, स्वनामधन्य कर्नल टाड साहब को भी तेरी प्रशंसा लिखने २ अन्त में अपनी कलम तोड़नी पड़ी। इस राजस्थान के अगणित और आदर्श-स्वरूप वीरों के नाम, चरित्र, यश आदि का कोई क्या वर्णन कर सकेगा! यह राजस्थान की ही जनक-धार रुधिर-सिञ्चित वीर मही है जहां वीरता के साथ २ धर्म, ज्ञान, दान, भक्ति, प्रण, सज्जनता, परोपकारिता, मातृ-प्रेम, निर्लोभिता, उदारता, स्वामि-भक्ति, स्वामि-वात्सल्य, साहस, आत्माभिमान, सत्यभाषिता, क्षमा, कवि-रसिकता पारस्परिक सहानुभूति, सामयिक संकेत प्रदान, कृतज्ञता, निष्पक्षपातता, शरण-पालकता, सतीत्व, पातिव्रत्य, आज्ञा-पालन आदि

मिनखा-देही पाय कर, भजन करो सब कोय।
गोविंद नैं जो नहिं रटै, पिसतावेला सोय ॥ ११ ॥
माय बाप सुत[१] जाण लो, स्वारथ रो संसार।
गोविंद सूं नर प्रेम कर, तो उतरै भव पार ॥ १२ ॥
दुष्ट चित्त सूं हरि भजै, तदपि हरै अघ[२] नाथ।
गोविंद जाण अजाण छुव, अगन बाळदे हाथ ॥ १३ ॥
जङ्गल ऊभा रूंखडा, जो सींचे करतार।
गोविन्द भोजन देवसी, सब रो सिरजणहार ॥ १४ ॥
चिन्ता भोजन वसन[३] री, नर मत कीजो कोय।
गोविन्द सब नैं पालसी, हरिजी गया न सोय ॥ १५ ॥
क्यूँ कलपै तूं मानवी, दुखी हुवै बे-काम।
गोविन्द धीरे होवसी, जो रचियो है राम ॥ १६ ॥
अन्धकार नैं हरि[४] हरै, उदै होत निधि-धाम[५]।
गोविन्द हरसी पाप नैं, जग-मङ्गल हरि नाम ॥ १७ ॥
सब पापी उद्धार रो, एक उपाय विचार।
गोविंद भज हरि नाम नैं, कर्लै जलम-सुधार ॥१८॥
प्रायचित्त[६] शुध ना करै, मिनख विमुख-भगवान।
गोविंद नदी न शुध करै, मदिरा-घट ज्यूं मान ॥१९॥
नारायण रा नाम री, मैमा बडी अखूट।
अजामेल पापी गयो, मृत्युपास सूं छूट ॥२०॥
पाप नाश रै वासते, और न साधन जोय।
गोविंद रट हरि नाम नैं, इणसूं इधक न कोय ॥ २१ ॥
व्रत तप जिग साधन उसो, कर न सकै अघ[७] नाश।
गोविंद कीर्तन राम रो, करै पाप रो नाश ॥ २२ ॥

---

१ बेटा, २. पाप, ३ कपडा, ४ सूरज, ५ तेजवान, ६ प्रायश्चित्त ७. पाप।

॥ श्रीदधिमती जयति ॥

गोविन्द-भक्ति-शतक ।

संकीर्तन हरि-नाम रो, करै पाप सब नास ।
प्रणति[1] हरै सब दुःख नैं, विनवूं विभु[2] अविनास[3] ॥१॥

सरधा काई जीव री, करै राम री मेर ।
मेटै करम जु पाप री, मेटो ल्खै फेर ॥ २ ॥

पूरब पुण्य उदोत है, भगवत किरपा होय ।
गोविन्द जद हरि नै भजै, निश्चै जाणो सोय ॥ ३ ॥

जग री चिंता राम नैं, सब री राखे सुध[4] ।
जलम दियां पैली करै, माता रै थन दूध ॥ ४ ॥

गोविन्द भज रे मानवी, ज्यूं पावै कल्याण ।
राम नाम सेवा करी ध्रुव प्रह्लाद पखाण ॥ ५ ॥

गोविन्द रो नित नाम लो सो पावो निसतार ।
इण असार संसार में भजन एकलो सार ॥ ६ ॥

गोविन्द नें नित उठ रटो, जो पावो निरवाण[5] ।
सुगती देसी सांवरो, होसी जग कल्याण ॥ ७ ॥

गोविन्द नैं निरभै रटो, अन्तरजामी एक ।
हिरदा रा पट खोलसी, निश्चै राखो टेक ॥ ८ ॥

गोविंद में अरु नाम में, भेद नहीं नर ! लाय ।
नारायण रा नाम सूं जलम मरण मिट जाय ॥ ९ ॥

गोविंद रो शुभ नाम है, परमारथ जग सार ।
रटै नाम जो रैण दिन, हुवै जगत रे पार ॥ १० ॥

---

१ नमस्कार २ सर्व व्यापक ३ नाश-रहित ४ सम्भाल-(सुधि) ५ मोक्ष ।

मिनखा-देही पाय कर, भजन करो सब कोय।
गोविंद नैं जो नहिं रटै, पिसतावेला सोय ॥ ११ ॥
माय बाप सुत[१] जाण लो, स्वारथ रो संसार।
गोविंद सूं नर प्रेम कर, तो उतरै भव पार ॥ १२ ॥
दुष्ट चित्त सूं हरि भजै, तदपि हरै अघ[२] नाथ।
गोविंद जाण अजाण छुव, अगन बाळदै हाथ ॥ १३ ॥
जङ्गल ऊभा रूँखड़ा, जो सींचे करतार।
गोविन्द भोजन देवसी, सब रो सिरजणहार ॥ १४ ॥
चिन्ता भोजन वसन[३] री, नर मत कीजो कोय।
गोविन्द सब नैं पालसी, हरिजी गया न सोय ॥ १५ ॥
क्यूँ कलपै तूं मानवी, दुखी हुवै बे-काम।
गोविन्द धीरे होवसी, जो रचियो है राम ॥ १६ ॥
अन्धकार नैं हरि[४] हरै, उदै होत निधि-धाम[५]।
गोविन्द हरसी पाप नैं, जग-मङ्गल हरि नाम ॥ १७ ॥
सब पापी उद्धार रो, एक उपाय विचार।
गोविंद भज हरि नाम नैं, करले जलम-सुधार ॥१८॥
प्रायचित्त[६] शुध ना करै, मिनख विमुख-भगवान।
गोविंद नदी न शुध करै, मदिरा-घट ज्यूं मान ॥१९॥
नारायण रा नाम री, मैमा बड़ी अखूट।
अजामेल पापी गयो, मृत्युपास सूं छूट ॥२०॥
पाप नाश रै वासते, और न साधन जोय।
गोविंद रट हरि नाम नैं, इणसूं इधक न कोय ॥ २१ ॥
व्रत तप जिग साधन उसो, कर न सकै अघ[७] नाश।
गोविंद कीर्तन राम रो, करै पाप रो नाश ॥ २२ ॥

---

१ बेटा, २. पाप, ३ कपड़ा, ४ सूरज, ५ तेजधान, ६. प्रायश्चित्त
७. पाप।

श्रवण-मात्र हरि नाम सू, पापी जावै छूट ।
गोविंद नरक न नर पड़ै, जाय बसै बैकुंठ ॥ २३ ॥
पापां सूं डरता हुवे, तो नर कर हरि-जाप ।
गोविंद शुभ हरि-भजन सू, धुप जासी सब पाप ॥२४॥
गोविंद गोविंद जो भणै, चित मन सूं दिन रात ।
उणरा सब पातक[1] नसैं, ज्यूं तम[2] दुवां प्रभात ॥२५॥
जिणरो मन हरि में लग्यो, करै जगत न पार ।
गोविंद बस बैकुंठ मे, क्यूं दख जम-द्वार ॥ २६ ॥
जीभ रटै हरि नैं नहीं, चित चरणां में नांय ।
मस्तक नमैं न कृष्ण नै, वे नर नरकां मांय ॥ २७ ॥
प्रायश्चित न हर सकै, पाप पुंज रख याद ।
गोविंद सब पातक[1] हरै, भगवत-गुण अनुवाद[3] ॥२८॥
विधा व्रत जप जोग तप, तीर्थ-स्नान अन्नदान ।
गोविंद शुचि[4] मन नहिं करै, जैडो हरि रो ध्यान ॥२९॥
सुवा पढाया गोपियां, कृष्ण नाम रटवाय ।
गोविंद शुक-सम[5] वे हुवा, दख नाम हरि गाय ॥३०॥
जितरी सरदा राम में उतरी सिद्धी होय ।
गोविंद रो नर भाव कर, भाव फलै जग जोय ॥३१॥
अगन तपायां धातु सब, ज्यूं झटपट गल जाय ।
गोविंद री भक्ती कियां, पाप अनेक विलाय ॥३२॥
भगत न चावै मुगत नैं, जो है चार प्रकार[6] ।
गोविंद वो सेवा चहै, और करै नहिं प्यार ॥३३॥
पाप कियां जो मानवी निज[7] मन में पिसताय ।
गोविंद मिटियां वो मिनख, शुद्ध चित्त हुय जाय ॥३४॥

---

१ पाप २. अन्धकार ३ गान ४ पवित्र ५. शुकदेव मुनि के समान ज्ञानी ६ सालोक्य सारूप्य सायुज्य और सामीप्य ७ अपने

विवस होय पण हरि भजै, एक वार नर चाय।
गोविंद भागै भय सभी, ज्यूं मृग सिंह डराय ॥३५॥

कपट सहित पण हरि भजै, जो नर हरि मन लाय।
गोविंद जलम न पावसी, हरि-पद[1] मांय समाय ॥३६॥

कृष्ण नाम पावन परम, राखो मन में जास।
गोविंद मन में बैठ कर, करै अशुभ सब नास ॥३७॥

अशुभ करम जद खीण हो, करै भगत री सेव।
गोविंद देवै भगति जद, अंतरजामी देव ॥ ३८॥

तीरथ शुचि[2] जल सूं भर्या, मूर्ति मांयला देव।
गोविंद शुध कर घण दिनां, भगत तुरत कर लेव ॥३९॥

मंत्र-देव-गुरु तीन में, निसचल भगती होय।
गोविंद सिद्धी दूर नहिं, कर निश्चय सब कोय ॥४०॥

जाण अजाण जु हरि भज्यां, जावै पाप विलाय।
गोविंद बन रा लाकडा, आपहि ज्यूं बल जाय ॥४१॥

गोविंद गोविंद सब रटो, जो चावो निरवान।
सुगति सहित भगती मिलै, कर गोविंद-गुण-गान ॥४२॥

विवस होय पण मानवी, हरि हरि नाम जपाय।
गोविंद मेटे अघ[3] तुरत, सूरज धुंध मिटाय ॥४३॥

कपट राख पण नाम लै, हरि रो नर चित लाय।
गोविंद गरभ न आवसी, वो नर हरिपद[1] पाय ॥४४॥

मरण समय हरि नैं भजो, त्याग स्नेह दुखमूल।
गोविंद हरिपद[1] पावसी, राम मती नर ! भूल ॥४५॥

नारायण रो नाम है, जीभ्या है वस मांय।
गोविंद नर नरकां पड़ै, ओ अचरज मन मांय ॥४६॥

---

१ वैकुण्ठ, २. पवित्र, ३ पाप,

घोसो 'नारायण नमो', मंत्र इष्ट फल दय ।
　गोविंद भज भगवान नै, अवा हरि भज लेय ॥ ४७ ॥
तन मन सं हरि नैं भजै, एक वार नर धाप ।
　गोविंद सो जग सं तिरै, परम मोक्ष-पद पाय ॥ ४८ ॥
मीठा-माती भीमडी, रस री जाणणहार ।
　गोविंद सुणि हरि नाम री, इमरत घूंट उतार ॥ ४९ ॥
नर मूरख जाणै नहीं, अलम अकारथ जाय ।
　गोविंद नर हरि नहिं रटै, पल पल राम रटाय ॥ ५० ॥
सास सास में हरि रटो, एक सास मत खोय ।
　गोविंद कब इण सास रो, आम्मो फेर न होय ॥ ५१ ॥
एक घडी आधी घडी, रटौ विष्णु नैं ध्याय ।
　गोविंद व्रत तप मिश्र सं, एक नाम का जाप ॥ ५२ ॥
मनसा वाचा करमणा, रटै प्रभु हरि नैं ध्याय ।
　गोविंद सब तीरथ गया, गंगा सूं इधकाय ॥ ५३ ॥
सरब सास्त्र रो मथन कर, बार बार सुविचार ।
　गोविन्द रो सिद्धान्त है, रटो राम दुख-हार ॥ ५४ ॥
दस छिद्रां[१] री देह में, भरिया रोग अनेक ।
　गोविन्द ओषध गङ्ग-जल, वैद रामजी देक ॥ ५५ ॥
चिन्ता मत कर मानवी, नाम हरी रो लेय ।
　गोविन्द भज निस भगवरी, चिन्ता सब हर लेय ॥५६॥
मुखड़ा में नहिं दांत हा, दूध दियो जिम पेय[२] ।
　गोविन्द अब अद दांत है, क्यूं नहिं भोजन देय ॥५७॥
साच साच आ बात है, कह हूं सुजा उठाय ।
　गोविन्द आगम[३] वेद सुति[४], स्यूं हरि देवां मांय ॥५८॥
कलियुग में हरि नाम है, हरि सूं भी इधकाय ।

गोविन्द साध्यां योग विन, मानव मुगती पाय ॥५९॥
मंगल हरि रा नाम नै, रटै मिनख मन लाय।
गोविंद काटै दुःख नै, सुख नै दे उपजाय ॥ ६० ॥
कृष्ण-चरण रे पींजरे, रे मन! रत समाय।
गोविंद कंठां कफ रुक्यां, अंत समै हरि नांय ॥ ६१ ॥
राम नाम है कलपतरु, चिन्तामणि हरि नाम।
विष्णु नाम सुरधेनु है, गोविन्द रट ले राम ॥ ६२ ॥
लाख दान गऊ हेमरा, कोट जिग्य तप स्नान।
गोविन्द सब तीरथ नहीं, गोविन्द नाम समान ॥ ६३ ॥
सदा लाभ हो जय सदा, नहीं पराजय[१] होय।
गोविन्द जिणरे हिय वसै, मन में समझो सोय ॥ ६४ ॥
हे नाथ! सुण वीनती, जाऊं जूण हजार।
गोविंद मन हरि में रहै, अरजी वार हजार ॥ ६५ ॥
ज्यूं मूरख चावै विषय, गान रूप रस गंद।
गोविंद चावै भगति नैं, उचरै नाम मुकंद ॥ ६६ ॥
नरकां नर दुख पावता, देख कही जमराज।
गोविंद नाम न तूं रट्यो, क्लेश-हरण सुरराज ॥६७॥
जप तप ध्यान समाधि जिग, सहस जलम नर खोत।
गोविंद जद अघ[२] खीण हो, जद हरि भगति उदोत ।६८।
तूं माता तूं जनक[३] है, सखा बंधु धन जाण।
गोविंद तूं स्वामी हरे!, और न मन में आण ॥६९॥
दैत्य मरथा हरि हाथ सूं, मुगति गया हिय मान।
गोविंद रो नर! क्रोध पण, है वरदान समान ॥७०॥
दुखी होय हरि नैं भजै, रटै राम चित लाय।
गोविंद उणरी झट सुणै, हरै दुःख पळ मांय ॥७१॥

---

१ हार, २ पाप, ३ बाप,

वासुदेव हरि छोड़ कर, भजै देव जो आन।
गोविन्द गंगा त्याग कर, कूप खिणै ज्यूं मान ॥७२॥
नमस्कार इक वार हरि, करै मिनख चित लाय।
गोविन्द सौ असमेघ सूं, हुवै पुण्य इणकाय ॥७३॥
रात दिवस हरि नै रटै, हरि में चित्त लगाय।
गोविंद हवि[1] अगनी पड़ै, व हरि मांय समाय ॥७४॥
नारायण रो नाम है, जग में घोर प्रसिद्ध।
गोविंद नर रा पाप नैं, हरै हरी ओ सिद्ध ॥ ७५ ॥
नारायण रा नाम नैं, भजै सदा मन लाय।
गोविंद पाप नसाय कर, दूध पिवै नहिं माय ॥७६॥
राम लूट है मच रही, लूट सकै सो लूट।
गोविंद खरची सूट है, तन जावेला छूट ॥७७॥
कृष्ण-कथा नैं जो सुणै, हृदय विराजै आय।
गोविंद भक्तां रा सफल, देवै अशुभ मिटाय ॥७८॥
भगवां री सेवा कियां, अशुभ करम मिट जाय।
गोविंद उत्तमश्लोक[2] में, नैष्ठिक[3] भगती पाय ॥७९॥
कृष्ण-चरण में मन रम्यो, प्रेम सहित गुण गाय।
गोविंद कीरतन पाप रो, नाश करै उत्पाय[?] ॥८०॥
सम-दरसी सज्जन जवै, शरण ग्रहण कर लेय।
गोविंद रक्षा हरि करै, पावन[4] प्रभु कर देय ॥८१॥
ज्यूं ओषध दै आपरा, गुण रो त्रम दिखाय।
गोविंद त्यूं ही हरि भजन, देवै लाभ बताय ॥८२॥
कीर्तन-श्रवण-समरपण,-वंदन-स्मरणा रु दास्य।
गोविन्द पूजन अघ[5] हरै, राम भजै यह हास्य ॥८३॥

---

१ लिख घी आदि शाकल्य २ भगवान्, ३ अविचल ४ पवित्र, ५ पाप

एक वार पण राम रो, शरणागत नर होय।
गोविंद उण नैं अभय दै, पण[1] रघुवर रो जोय ॥८४॥
भूत-भविस-विदमान सब, पाप सभी जा भाग।
गोविन्द कीर्तन अघ[2] हरै, काठ जळावै आग ॥८५॥
श्रवण-कीरतन-नामजप, चरण-समर्पण मान।
पूजन-वंदन-दास्य-मित[3], नवधा भगति जान ॥८६॥
नृपति परीक्षित श्रवण में, कीर्तन में शुकदेव।
हो प्रहलाद जु स्मरण में, लक्ष्मी चरणां-सेव ॥८७॥
पूजन में पृथुराज हो, वंदन में अक्रूर।
दास्य भगति में मारुती[4], अरजुन मित भरपूर ॥८८॥
आत्म-निवेदन में हुवो बलि राजा विख्यात।
गोविन्द ऐ नव भक्ति रा, उदाहरण दरसात ॥८९॥
मैला कपडा जगत में, साफ करै जल खार।
गोविन्द अन्तःकरण नैं, शुद्ध करै अघहार[5] ॥९०॥
अगन तपायां ज्यूं हुवै, सोना रो मळ दूर।
गोविन्द री भगती कियां, होवै मन शुचि पूर ॥९१॥
सार-रहित संसार नै, जो दुखमय नर जाण।
गोविन्द भजलै राम नैं, जो चावै कल्याण ॥ ९२ ॥
पत्र पुप फल जल मिलै जग में जद अनमोल।
गोविन्द हरि राजी हुवै, दे सह-प्रेम अतोल ॥९३॥
जो पवित्र हुय नर जपै, अथवा हो अपवित्र।
गोविन्द पावै मुक्ति नैं, जपियां राम-चरित्र ॥ ९४ ॥
सभी देव हरि-रूप है, हरि रा नाम अनेक।
गोविन्द भज शिव राम नैं, है दोनूं ही एक ॥९५॥
माता म्हारी दधिमती, पिता विष्णु मन मान।

१ प्रतिज्ञा, २ पाप, ३ मित्रता, ४ हनुमानजी, ५ पापहारी भगवान्

गोविन्द भजनै भाय सूं, जननी[1] जनक[2] समान ॥९६॥
सतजुग हरि तप में बसै, जिग में त्रेता मांय।
गोविंद द्वापर अर्चना[3], कलि में कीर्तन मांय ॥९७॥
जो फल सतजुग ध्यान सूं, जिग सूं त्रेता मान।
गोविन्द द्वापर अर्चना[4], कलजुग कीर्तन जान ॥९८॥
अनत कोटि ब्रह्माण्ड में, शिव-हरि-ब्रह्म अनेक।
गोविन्द जो सब में बसै, वो प्रभु सब में एक ॥९९॥
छोरा बछा माय नैं, भूखा बछड़ा गाय।
गोविन्द ज्यूं मन में रटै, ज्यूं भज हरि मन लाय ॥१००॥
दो प्रकार री भक्ति है, पैली 'गौणी' जाण।
गोविन्द है दूजी 'परा', मन में मिनख पिछाण ॥१०१॥
बढ़ती बढ़ती गौणि पण परा भक्ति हो जाय।
गोविन्द बढियोड़ी परा, शरणागति कहवाय ॥१०२॥
भगती रो लक्षण परम, परमेश्वर सूं प्रेम।
गोविन्द सब नै छोड़ कर, राखै हरि रो नेम ॥१०३॥
जो रक्षा वन में करै मात-गरभ में जोय।
गोविन्द निभै आगजे, हरिजी रया न सोय ॥ १०४ ॥
दुख आपदा रोग में, घबरावो मत कोय।
गोविन्द हरि विश्वास कर, रक्षा करसी सोय ॥१०५॥
ना मैं जाणूं धरम नैं, आतम-ज्ञानी नांय।
गोविन्द निवड़ी राखजे, चित हरि चरणां माय ॥१०६॥
गोविन्द हरि-शरणै पड़यो, नित उठ करै पुकार।
शरण-रहित मैं दीन जन, बाह मार उबार ॥१०७॥
मैं पापी तूं पाप-हर, विरद सती प्रभु जोय।
गोविन्द तूं अशरण-शरण शरण राखजे मोय ॥१०८॥
हरि नैं हिरदै धार कर, देख शरण नहिं कोय।
भक्ति-शतक गोविन्द कह्यो, गोविन्द अर्पण होय ॥१०९॥
राम ! गोविन्द।

---

१ माता २ पिता ३ पूजा ४ सेवा

॥ श्रीराम सर्वमङ्गलम् ॥

पंडितजी रो मारवाड़ी-प्रेम।

❀ छप्पे ❀

(१)

हियो आपरो खुल्यो, कँवल री खिल गी कलियाँ,
मानूं बालरूपण री मन री काढ़ी रलियाँ।
इण भाषा में घणी पोथियाँ लिखणी मॉडी,
पार लगाई, नहीं रही वै खाँडी-बॉडो ॥
श्रीभगवत-गीता री लिखी टीका ऐड़ी फूटरी।
बस, आ तो मानूं बानगी इमरत-रस री घूँट री ॥

(२)

मिल्यो मारवाड़ी-बाडी नै माली ऐड़ो,
पिण पाणी नहिं मिल्यो, चईजे मिलणो जैड़ो।
अरे! जरां ही अंकूड़ा ऐ छोटा-छोटा—
दीस रह्या है, किणी तरै सूं हुवा न मोटा ॥
पिण उमेद रा बखत में पाणी री कांई कसर ?।
अब दूजी बाड़ी सींचतॉ नहीं रह्यो इण रो असर ॥

पं० नित्यानन्द शास्त्री,
आशुकवि-कविराज,
जोधपुर।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

गीता रो सार ।

दधीं दधिमतीं नत्वा सच्चिदानन्दरूपिणीम् ।
भगवद्गीतसारोऽयं गोविन्देन विरच्यते ॥

पैलो अध्याय ।

श्रीमद्भगवद्गीता-शब्द रो ओ अर्थ है क श्रीभगवान् री गायोड़ी गीता। भगवान् तो श्रीकृष्ण भगवान् है जो पूरण पुरुषोत्तम लीला अवतार धारण कर वसुदेवजी और देवकीजी ने कंस राजा री भागसी मांय सूं छुड़ावण वास्ते परगट हुवा। पछे भगवान् मथुरा सूं गोकुल पधार नंदराजा और जसोदाजी र घर रया और उठा सूं वृन्दावन पधार गया जठे गायां चरावता हा। थोड़ा मोटा हुवा जद कंस रा कैणा सूं अक्रूरजी भगवान् ने लेवण न आया। जद भगवान् वृन्दावन सूं मथुरा पधार कंस रो विध्वंस कर वसुदेवजी पिता और देवकीजी माता ने कैद सूं छुड़ाय उग्रसेनजी न मथुरा रो राज दियो। पछे आपरी भूवा कुन्ती रा बेटा युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन नकुल, सहदेव इयां पाचूं पाण्डवां री संभाल करण वास्ते हस्तिनापुर पधारिया। उठे पाण्डवां रे धृतराष्ट्र रा पुत्र दुर्योधन आदि कौरवां सूं कुरुक्षेत्र में महाभारत रो युद्ध हुवो जद श्रीकृष्ण भगवान् आपरा वालगो ठिया अर्जुन रा रथ रा हांकण वाला सारथी बण कर रथ में अर्जुन ने बैठाय युद्ध रा मैदान में पधारिया। उठे अर्जुन श्रीकृष्ण भगवान् ने कयो के 'हे भगवन्! आप म्हारा रथ ने पाण्डवां और कौरवां दोनां री सेना रे बिच में ऊभो राखो सो मैं देखूं के इण युद्ध में लड़ण वास्ते कुण कुण आया है? अर्जुन रा कैणा पर श्रीकृष्ण भगवान् रथ ने दोनूं फौजां र बिच में खड़ो कर

फरमायो के—"हे अर्जुन ! तूं अठे भेला हुवोडा जोद्धां ने देख।"

भगवान् रा कैणा पर अर्जुन दोनूं सेनां में देखियो तो आपरा बाप, दादा, गुरु, मामा, भाई, बेटा, पोता, साथी, सुसरा, मित्र, आदि शस्त्र लियां ऊभा दीसिया। जद अर्जुन रा मन में मोह आ गयो के इणां भाई बान्धवां नैं मारण सूं तो पाप लागेला जिण सूं मन में बेखातर हूयर श्रीकृष्ण भगवान् ने यूं कयो के—"हे श्रीकृष्ण ! ए तो लडणवाला सगळा म्हारा स्वजन है, इणां ने हूं किण तरह मारूं ? जिणा रे वास्ते राज, भोग और सुख चावां हां, वे तो ए सगळा धन और जीवण री आसा छोड अठे युद्ध में आय ऊभा है। इणां रे मरियां सूं धन, भोग और जीवणां रो कांई करणो है ? हूं तो इणां ने तीनूं लोकां रा राज रे वास्ते पण नहीं मारूं तो फेर इण पृथिवी रा राज री तो बात ही कांई ?" यूं कह अर्जुन आपरा शस्त्र नीचे नाख दिया और कयो के "मैं तो जुद्ध नहीं करूं।"

दूजो अध्याय।

इण तरह दुःख पावता अर्जुन ने देख श्रीकृष्ण भगवान् मुळकता हुआ आ फरमाई के—"हे अर्जुन ! तू बातां तो समझदारी री करे है परंत ओ कायरपणो इण जुद्ध री बगत में थनैं कठा सूं आयो ? क्षत्रिय रो तो ओ धर्म है के शत्रु ने सामें आयां सूं निधडक मारणो। तूं सोच करण रे लायक नहीं है उणां रो विरथा सोच करे है। ज्ञानी पुरुष न तो मर्‌योडां रो सोच करे है और न जीवतां रो सोच करे है। क्यूं के जीव (आत्मा) तो सत् वा नित्य है, वो कदेई मरे नहीं। ओ शरीर (अनात्मा) असत् वा अनित्य है, ओ शरीर मरे तो भी जीव तो मरे नहीं। असत् चीज (शरीर) री सत्ता नहीं और सत् चीज (जीव) रो अभाव नहीं। असत-शरीर नाश वालो है और सत् आत्मा वा

जीव रो कदई नाश नहीं हुवे । ज्यूं शरीर में बाळपणो, जवानी, बुढ़ापो आवे ज्यूं मौत भी आवे । मिनख ज्यूं फाटोड़ा कपड़ा ने उतार नाख देवे और नवा कपड़ा पैर लेवे ज्यू ओ जीव पुराणा शरीर ने छोड नयो शरीर धारण करे है । इण अमर जीव ने जो मरियोड़ो जाणे सो की नहीं जाणे, कारण न तो जीव मरे है और न कोई इण ने मारे है । इण जीव न न मो वास्ते बाळ सके न पाणी गाळ सके, न वायरो सुखाय सके और न कोई शस्त्र इण न काट सके । ओ तो अमर है । ओ जीव कठासूं आयो जिणरी ठा पडे नहीं, जलमे जरां जरूर दीसे । मरियां पछे भी ठा पडे नहीं के ओ कठे गयो । इण वास्ते इण जीव रो सोच करणो विरथा है । ज तू यूं जाणे क जलमे जिको मरे और मरे जिको फेर जलमे, तो पण थनै सोच करणो नहीं चाईजे क्यूं के जल मणो और मरणो तो सासतो हुतो ही रवे है । सब देह-धारियां रो देह हीज मरे और जलमे है, जीव न तो जलमे है और न मरे है । कोई पण इण अमर जीव ने मार नहीं सके , इण वास्ते थू किणी जीव रो सोच मत कर । जे तूं धर्म री आर लोकीक री कांनी देख फिकर करे तो भी थनैं घबरावणो नहीं चाईज, क्यूं के क्षत्रिय रो धर्म है क धर्म-जुद्ध अवस करणो, जिण सूं कल्याण हुवे । थारे तो दोनूं हाथां में लाडू है के जे तू जुद्ध में मारियो गयो तो थू सीधो स्वर्ग में जावेला और जे थू जीत गयो तो थनैं इण धरती रो राज मिल जावेला । किणी बडभागी ने ही एहो धर्म-जुद्ध करण रो मोको मिले है । तूं यूं समझ के स्वर्ग रो ओ खुलो दरवाजो थारा भाग्यरा उदय सूं मिल गयो है । जे तूं जुद्ध नहीं करेला तो थारो धर्म और जस नाश हुजावेला और पाप सिधाय में लागला । संसार में थारी अपकीर्ति हुवेला । प्रतिष्ठा वाळा (इज्जतदार) पुरुष री जीवतां अपकीर्ति हुणी मौत सूं भी

खराब हुवे। इण वास्ते तूं जुद्ध करण रो निश्चय कर खडो हूजा। जे, तूं यूं देखे के बान्धवां ने मारण सूं तो पाप लागेला तो तूं सुख दुःख, हार जीत, हानि (नुक्साण) लाभ (फायदा) नें बराबर समझ जुद्ध कर सो थनें पाप नहीं लागेला।"

भगवान् ऊपर सांख्य-योग अथवा ज्ञान-योग री बात कही अब आगे कर्म-योग री बात फरमाई के-"कर्म दो प्रकार रा है, एक तो किणी कामना अथवा इच्छा सूं करे और दूजा बिना इच्छा करे। पैला ने सकाम-कर्म कवै और दूजाने निष्काम-कर्म कवै है। इणां मे सकाम-कर्म करण सूं तो जीव रो बन्धन हुवे और निष्काम-कर्म करणां सूं बन्धन नहीं हुवे। वेद में सांख्य-योग, सकाम-कर्म, निष्काम-कर्म, यज्ञ, याग आदि सगळा लिखिया है। जो पुरुष जिणरो अधिकारी हुवे वो उणी तरह रा कर्म करे है। ब्रह्मज्ञानी तो सांख्य अथवा ज्ञान ने ग्रहण करे जिण सूं परमानन्द हुवे। इण वास्ते तूं तो केवल कर्म करण रो अधिकारी रह, फल री इच्छा मत राख। कर्म करे वो सिद्ध हुजावे तो अथवा सिद्ध नहीं हुवे तो पण, तू दोनां में समभाव राख। इण सम-भाव राखण ने "समत्व-योग" कवे है। ओ समदर्शी पणां रो योग थनें उण वगत रा प्राप्त हुवेला के जद थारी बुद्धि निश्चल हो जावेला। बुद्धि निश्चल हुवां सूं मन समाधि में स्थिर हो जावेला।"

अर्जुन पूछियो के "समाधि में स्थिर-बुद्धि वाला योगी री कांई दशा हुवे है? उण रा कांई लक्षण है? वो बोले कांई है? वो किण तरह बैठे है अर्थात् उणरी रैणगत कांई है? और उण रो बरताव कांई है?" ए पांच बातां पूछी। इणां रो उत्तर देवता थका।

भगवान् फरमायो के—"जद योगी आपरा मन री सब

कामना ने छोड़ आपरा स्वरूप में ही प्रसन्न रवे, जद उण ने 'स्थितप्रज्ञ' अथवा स्थिर-बुद्धि-वालो कवे है। जो योगी दुःख में तो घबरावे नहीं, सुख री लालसा करे नहीं, जिण रा राग (प्रीति) और द्वेष (वैरभाव), भय (डर) और क्रोध (गुस्सो), मिट जावे उण ने "स्थित-बुद्धि" कवे।' ओ पैला प्रश्न रो उत्तर हुवो। अब दूसरा प्रश्न रो उत्तर दवे है के—"जो मुनि सुख आवे तो उण ने सरावे नहीं, दुःख आय जावे तो उणने विसरावे नहीं, जिण रो सब चीजां सूं स्नेह (प्रेम) मिट जावे, उण री बुद्धि स्थिर हुवोड़ी जाणणी।" अब तीसरा प्रश्न रो उत्तर देवे है के—"ज्यूं काछ्यो काम नहीं करे जद आपरा हाथां पगां ने समट कर मेळ्या कर लेवे है, उणी तरह जद मुनि आपरी इन्द्रियां (आंखियां, जीभ, नाक, कान, चामड़ी ए पांच ज्ञान करावण वाळी इन्द्रियां) नैं इन्द्रियां रा विषयां (रूप, रस, गन्ध, शब्द, स्पर्श) सूं खेंच लेवे ने मेळ्ये हूयर बैठ जावे जद जाणणो के इण मुनि री बुद्धि स्थिर हो गई। भोजन नहीं करणां सूं दखणो, सुणणो, सूंघणो, पैरणो ए विषय तो आपसूं आप आगा हु जावे परंत रस, अथवा भूख तिस, मिटे नहीं। ए तो केवल परमात्मा रा दर्शण हुवां पछै ही मिटे। स्थिर-बुद्धि हुवण रा दो साधन है। एक तो इन्द्रियां ने जीतणी, ने दूजो मन ने जीतणो। सो जतन कर तां २ ही ज्ञानी पुरुष रा मन ने इन्द्रियां जबरदस्ती (माजांणी) हर (ठगा) कर ले आवे। इणां इन्द्रियां ने योग-साधन में लाग भगवान् रे परायण रवण सू वश में करणी चाहीजे। जिण री इन्द्रियां वस में हुवे उणरी बुद्धि स्थिर हुजावे। दूजो मन ने वस में करणो सो इन्द्रियां तो फर भी दोरी सोरी वस में हो जावे परंत मनरो वस में करणो अत्यन्त कठिन है। मन ने छूट दीधी के यो तुरत विषयां कांनी चालियो जाय। जो मनुष्य मन सूं

विषयां रो ध्यान करतो रवे तो उण री विषयां में आसक्ति (प्रेम) हू जावे, आसक्ति सूं उणां विषयां में कामना वा इच्छा हुवे और कामना सूं क्रोध हुवे। विषयां री कामना हुई और वा पूरी हो गई जद तो ठीक और जे कामना पूरी नहीं हुई तो क्रोध आ जावे। क्रोध सूं मोह हुवे, मोह सूं कर्तव्य अकर्तव्य रो विचार जातो रवे अर्थात् आपरी आत्मा रो ज्ञान वा स्मृति जाती रवे। आत्मारी स्मृति जाणां सूं बुद्धि नष्ट हो जावे, बुद्धि रा नष्ट होणां सूं वो खुद नष्ट हो जावे"। अब चौथा प्रश्न रो उत्तर कवे है के- "जो पुरुष मन ने तो आत्मा रे वस में करे और इन्द्रियां ने मन रे वस में करे, फेर राग द्वेष राखियां विना इन्द्रियां सूं भोग भोगतो रवे तो उणरो चित्त स्थिर हु जावे। चित्त स्थिर हुवां सुं प्रसन्नता आवे, चित्त प्रसन्न रहणां सूं मारा दुःख मिट जावे और दुःख मिटणां सूं चित्त स्थिर रवण लाग जावे। चित्त स्थिर हुवां सूं वो पुरुष ब्रह्मनिष्ठ हो जावे अर्थात् आत्मा वा परमात्मा रो उण ने साक्षात् दर्शन हू जावे। सगळां सूं पैली चित्त रो एकाग्र (एक ठौड में ठहरणो) होणो जरूरी है, चित्त रे एकाग्र हुवां सूं बुद्धि आत्मा वा परमात्मा में लाग जावे। आत्मा में बुद्धि हूणां सूं परमात्मा री भावना अर्थात् ध्यान हुवे। भगवान् रा ध्यान सूं शान्ति होवे, शान्ति सूं सुख होवे। जे परम-सुख अर्थात् आनन्द प्राप्त करणो हुवे तो शान्ति राखणी। जिण पुरुष री इन्द्रियां इन्द्रियां रा विषयां में नहीं जावे और रूकयोडी रवे उण री बुद्धि स्थित वा स्थिर कहीजे।" अब पांचवां प्रश्न रा उत्तर में भगवान् सिद्ध पुरुष री दशा बतावे है के-"सिद्ध पुरुष सारा प्राणियां री रात में जागतो रवे अर्थात् जिण री इन्द्रियां वश में है वो उणां ने वश में राखण में सावचेत रवे और जिण विषयां री वासना में सारा प्राणी जागे है उण में वो सोवे है। अर्थात उणरो ध्यान विषयां कानी जावे ही नहीं, जिण सूं वो

घतो हुयो रवे, शान्ति ने तो वो ही पुरुष प्राप्त कर सके है जो सब कामना ने छोड़ अहंता ममता न त्याग अर और निस्पृह (बपरवा या बगरज) होय ने रवे। इण न हीज "ब्राह्मी-स्थिति" कवे है। ब्रह्म में स्थिति होणां सूं मनुष्य ने मोह नहीं हुव और वो मोक्ष ने प्राप्त हो जाय।

तीजो अध्याय ।

लारला अध्याय में भगवान् दोय वार्ता कही क सांख्य या ज्ञान सूं मनुष्य समदृष्टि न प्राप्त हो कर कर्मा सूं नहीं बंध ने फेर कयो क इन्द्रियां नें वश में राख, सब कामना छोड़, अहंता ममता त्याग कर्म कर, जिण सूं घबराय नें अर्जुन भगवान् ने पूछियो क "हे भगवन् ! जद आप कर्म सूं बुद्धि या ज्ञान न भलो मानो हो तो फेर म्हनें युद्ध करण रूप घोर कर्म में क्यूं प्रवृत्त करो (लगावो) हो !" जद भगवान् फरमायो क-"हे अर्जुन ! में पैली इण लोक में सांख्य-योग (ज्ञान-योग) और कर्म-योग रूप दो प्रकार री स्थिति कही ही जिण में आ बात कही ही के ज्ञानी पुरुष तो ज्ञान सू और कर्म रा अधिकारी पुरुष कर्म करणां सूं कल्याण न प्राप्त होवे। परंत जठा तांई ज्ञान नहीं हुवे जिंचे मनुष्य नें कम करणा ही चाहीज। क्यूं क कर्म कियां बिना अन्त करण या मन शुद्ध नहीं हुवे और मन शुद्ध हुवां बिना ज्ञान उपजे नहीं। कर्म करणा सो भगवान् री आराधना या उपासना (पूजा) र वास्त ही करणा चाहीजे के जिणसूं निष्कामपणो आ जाय। निष्काम कर्म कियां बिना कमा रा बन्धन कटे नहीं। केवल संन्यास अर्थात् कर्मा नें नहीं करणां सूं और कर्मा नें छोड देणा सूं सिद्धि या मोक्ष हुवे नहीं। क्यूं क कोई पण मनुष्य कर्मा नें बिलकुल तो छोड सके नहीं, और कोई पण पुरुष एक क्षण भर पण बिना कर्म कियां रह सके नहीं, वो कुछ न कुछ कम करतो ही रवे। प्रकृति

रा तीन गुण सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण रे पराधीन ग्यो थको पुरुष कर्म करतो ही रवे। ज्ञान री प्राप्ति नहीं हुवे उठा तक कर्म तो करणा ही चहीजे। लोग दिखाऊ कर्मेन्द्रियां ने ऊपर (बारे) सूं रोक मन में घाट-घड करण वाला मिथ्या ज्ञानी करतां तो कर्म करण वालो गृहस्थी सदा भत्तो है। मन सूं इन्द्रियां ने रोक, विषयां मांय सूं आसक्ति छोड, कर्मेन्द्रियां सूं कर्म करण वालो मनुष्य घणो आछो। इण वास्ते हे अर्जुन! तूं तो नियम-पूर्वक कर्म कर, कर्म नहीं करणां सूं कर्म करणो घणो भत्तो है। क्यूं के कर्म कियां विना शरीर रो निर्वाह पण नहीं हो सके। मनुष्य रे बन्धन हुवे है वे सब सकाम वा काम्य कर्म करणां सूं हीज हुवे है। भगवान् री आराधना रे वास्ते यज्ञ, दान, तप, आदि कर्तव्य कर्म करणां सूं बन्धन नहीं हुवे। आसक्ति छोड, फल री इच्छा नहीं राख, भगवान् रे निमित्त कर्म कर, जिण सूं थारे बन्धन नहीं हुवेला। इण सृष्टि रा आरम्भ सूं ही कर्म करण री भगवान् आज्ञा दीवी है। कर्म करणां सूं ही लोक में जनक राजा वगैरा मोक्ष नैं प्राप्त हुवा।” भगवान् फेर फरमायो के-“देख म्हारे कुछ भी प्राप्त करणो नहीं है तो पण मैं कर्म करूं हूं। जे मैं कर्म नहीं करूं तो दूजा लोग पण म्हारे देखा-देखी कर्म करणा छोड देवे तो लोकां रो नाश हो जावे। ज्यूं उत्तम पुरुष करे उणां री देखा-देखी दूजा लोग करे। इण लोक-व्यवहार रे वास्ते पण कर्म करणां चहीजे। अज्ञानी लोग जो कर्म कर रया है उणां ने भी बहकावणां नहीं। ज्ञानी पुरुष ने चहीजे के आप खुद सावधान हुय, आसक्ति छोड, आप रा कर्म करणा और अज्ञानियां ने प्रीति रे साथ कर्म में लगावणा। ज्ञानी तो यूं समझे है के गुण गुणां में बरते है अर्थात् इन्द्रियां आप आपरा विषयां में बरते है और आप आगो रो आगो रवे है। इण वास्ते कर्म करे

तो उणां न म्हारे अर्थात् भगवान् रे अर्पण करट। परमात्मा में चित लगाय, कामना और ममता रो त्याग कर, तू निश्शंक युद्ध कर। जीवात्मा रा शत्रु रूप राग और द्वेष रे वश नहीं हो कर आप आपरा धर्म (स्वधर्म) करणा, दूसरा धर्म (परधर्म) नहीं करणा। क्यूं क स्वधर्म में मरणो आछो परंत परधर्म में आवणो ठीक नहीं।"

कवे है । अर्थात् अन्तर्यामी रूप परमात्मा क्षेत्र (शरीर) और क्षेत्रज्ञ (जीव) इणां दोनां सूं पर यानी जुदो है । इण तरह जो मनुष्य प्रकृति पुरुष और प्रकृति रा गुणां ने जाणे है वो फेर जलम मरण में नहीं आवे है ।" आत्मस्वरूप वताय ने अब भगवान् आत्मदर्शन रा च्यार प्रकार रा अधिकारियां रे वास्ते जुदा २ साधन बतावे है । "च्यार अधिकारी उत्तम १, मध्यम २, मन्द ३ और मन्दतर ४ कहीजे । इणां मांय सूं पैला उत्तम योगी तो ध्यान सूं परमात्मा ने देखे है, दूजा मध्यम योगी सांख्य-योग अर्थात् प्रकृति और पुरुष रा ज्ञान सूं आत्मा ने पिछाणे है, तीजा मन्द योगी कर्म-योग अर्थात् वर्णाश्रमां रा कर्म करणां सूं भगवान् री उपासना करे है और चौथा मन्दतर जो खुद तो भगवान् री उपासना रो मारग जाणे नहीं है परंत दूजा जाणण वाळा बतावे उण तरह उपासना करे है, वे पण संसार ने तीर जावे है । परंत जो उपाय करे हीज नहीं वे संसार में गोता खावता रवे । जो खुद विचार रे साथ भगवान् री उपासना करे वे तिरे इण में तो सन्देह ही कांई ? " भगवान् ऊपर तीजा, चौथा और पांचवां अध्याय में कर्म-योग कयो और छठा अध्याय में ध्यान-योग कयो, अब सांख्य-योग वा ज्ञान-योग रो उपदेश करे है के-" इण जगत् में स्थावर और जङ्गम रूप जो कुछ पदार्थ है सब क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ रा संयोग सूं हुवे है इसो जाण । वो चैतन्य स्वरूप परमात्मा ब्रह्माजी सूं लेकर सम्पूर्ण प्राणीमात्र में समभाव सूं बरत रयो है, सगळां रो नाश होणा पर पण उण परमात्मा रो नाश नहीं हुवे । उण परमात्मा ने जो पुरुष देखे है, वो ही देखे है, अर्थात पण्डित है । इण जगत् में जो ए विचित्र तरह तरह रा कर्म हो रया है सो सब प्रकृति कराय रही है । परमात्मा तो बिल-कुल निर्लेप है । इण तरह परमात्मा ने जो अकर्ता जाणे है वो ही

जाणे है अर्थात् वो ही ज्ञानी है। जो पुरुष चर और अचर सब प्राणियां में समभाव सूं विराजमान परमात्मा नैं देखे है, अर्थात् अन्तर्यामी और जीव रूप सूं विराजमान परमेश्वर नैं सगळां में देखे है, और आपरो आप नाश नहीं करे है, वो परमगति नैं प्राप्त हुवे है। जद मनुष्य ने ओ ज्ञान हो जावे के सब चर अचर प्रकृति सूं ही पैदा हुवे है और प्रकृति में ही लीन होवे है जद वो ब्रह्म स्वरूप ने प्राप्त हुजावे। ओ परमात्मा अनादि है, गुणां सूं रहित अर्थात् निर्गुण है और अविनाशी है। इण वास्ते ओ शरीर में रहतो पण न तो कुछ करे है और न कर्मां सू लिपायमान हुवे है। ज्यूं आकाश सब जगां व्यापक है तो पण सूक्ष्म पणां सूं असङ्ग है जिण सूं लिपायमान नहीं हुवे है, उणी तरह ओ आत्मा देह में सब जगां व्याप रयो है वो पण लिपायमान नहीं हुवे है। ज्यूं सूरज भगवान् इण सम्पूर्ण जगत ने प्रकाशमान करे है, उणी तरह ओ आत्मा (जीव) इण सम्पूर्ण क्षेत्र अर्थात् देह ने प्रकाशमान करे है। इण क्षेत्र नाम जड़ देह और क्षेत्रज्ञ नाम चेतन जीव रा भेद नैं और मान-रहित आदि लक्षणां वाळा, बन्धन सूं छुड़ावण वाळा, उपायां ने जो पुरुष ज्ञान-दृष्टि सूं जाणे है वो परमपद नैं प्राप्त हुवे है। शरीर और जीव रो ओ ही भेद है के क्षेत्र तो जड़, विकारी, क्षणिक और नाशवान् है और क्षेत्रज्ञ नित्य चेतन, अविकारी और अविनाशी है।'

चवदवों अध्याय।

श्रीभगवान् फेर फरमायो के- 'हे अर्जुन! फेर मैं थनैं सब ज्ञानां कातां उत्तम ज्ञान कहूं हूं के जिण नैं जाण कर सब मुनि लोग इण संसार सूं सिद्धि अर्थात् मोक्ष ने प्राप्त हो गया। इण ज्ञान ने जाणणा पर पुरुष न तो जलम और न लय नैं प्राप्त होवे है। वो उत्तम ज्ञान ओ है के-प्रकृति बहुत बडी है, जिण सूं इण नैं महत् कवे है। महत्तत्त्व ही प्रकृति है। आ सब कामां ने

बधावण वाळी है इण वास्ते इण नैं 'ब्रह्म' कवे है। प्रकृति ब्रह्म हीज है। आ प्रकृति म्हारी (परमेश्वर री) योनि अर्थात् गर्भ धारण करण री जगां है और उण प्रकृति रूप योनि में मैं गर्भ धारण करूं हूं अर्थात् प्रकृति तो माता रूप गर्भ धारण करण वाळी है और मैं परमात्मा पिता रूप गर्भ धारण करावण वास्ते वीर्य सींचण वाळो हूं। मैं जड प्रकृति में चेतन जीव ने घाल देऊं हूं के जिण सूं आ जड प्रकृति चेतन ज्यूं क्रिया करण ने लाग जाय है, अर्थात् जड प्रकृति सूं चेतन जीव ने जोड देऊं हूं के जिण सूं हिरण्यगर्भ वा ब्रह्माजी सूं ले सम्पूर्ण प्राणी पैदा हुवे है। देवता, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि सगळी योनियां (जूणां) में न्यारा २ स्वरूप वा आकार वाळा शरीर पैदा हुवे है उणां सगळां री योनि (महत् ब्रह्म) माता स्थानक और बीज बोवण वाळो पिता-स्थानक दोनूं मैं हूं। शरीर और जीव अर्थात् क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ रो संयोग ईश्वर रे आधीन है, दूजा रे किणी रे नहीं है। इण प्रकृति रा सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण नाम रा तीन गुण है। ऐ गुण हीज इण अखण्ड अविनाशी आत्मा नैं देह में बांधे है अर्थात् इणां गुणां सूं पुरुषां री उत्पत्ति हुवे है। सतोगुण निर्मळ, प्रकाश करण वाळो, दुःखां सूं रहित है इण वास्ते ओ सुख और ज्ञान रा सङ्ग सूं जीवां नैं बांधे है, अर्थात् सतोगुणी पुरुष "हूं सुखी हूं, हूं ज्ञानी हूं" इण तरह सूं बन्धे है। रजोगुण राग वा कामना रूप है और तृष्णा अर्थात् लोभ और आसक्ति सूं पैदा हुवे है सो ओ कर्मां में आसक्ति कराय जीव नैं बान्धे है। अर्थात् "मैं करूं हूं, मैं भोगूं हूं" इण तरह जाण जीव रजोगुण सूं बन्धे है। तमोगुण अज्ञान रूप है और सगळां नैं मोहित करण वाळो है इण वास्ते ओ प्रमाद, अर्थात् गफलत, आळस और नींद सूं बांधे है, अर्थात् "मैं अनार कांई फेरूं करूंला, आळस आवे, नींद लेऊं" इण तरह तमोगुण

स्त्र जीव बन्धे है। इणां रो खुलासो ओ है के सतोगुण सुख सूं, रजोगुण काम सूं और तमोगुण प्रमाद सूं जीव ने कर्म करण में लगावे है। ए गुण सदा एक सा नहीं रवे है। कदेई सतोगुण अधिक हू जाय जद रजोगुण और तमोगुण ने दबाय लवे ने आप रो काम कराय लेवे। इणी तरह सूं जद रजोगुण बधो हू जावे जद वो सतोगुण और तमोगुण ने दबाय ने आप रो काम कराय लेवे, ने इणी भांत जद तमोगुण बद जावे जद वो सतोगुण और रजोगुण ने दबाय आपरो काम कराय लेवे। इणां गुणां री बधण री ओळखाण वा सैलाण आ बीज है के—जद इण शरीर में सगळी इन्द्रियां में प्रकाश दीखे और ज्ञान हुवे जद सतोगुण नैं बधियोड़ो समझणो, जद मन में लोभ, काम करण में इच्छा, कर्म अथवा उद्यम करण रो आरंभ करणो सूझे, मन नैं शान्ति नहीं रवे, दूजां री चीज देख उणने लेवण रो मन चाले जद रजोगुण बधियोड़ो जाणणो और जद प्रकाश रो अभाव अर्थात् कोई बात आपनै खुद नैं तो सूझे नहीं दूजो समझावे तो पण समझ में आवे नहीं, काम करण री मन में तो आवे परंतु करे नहीं, काम में सुसती तथा मोह वा अज्ञान अर्थात् चेतो नहीं रैवणो आ जाय जद समझणो के तमोगुण बधियोड़ो है। सतोगुण री वृद्धि रा समय में मर कर पुरुष उत्तम पुण्य लोक स्वर्ग आदि में जाय, रजोगुण री वृद्धि रा समय में मरण वाळो कर्म करण वाळा मनुष्य लोक में जलमे और तमोगुण री वृद्धि रा समय में मरण वाळो पशु, पक्षी आदि री जूण पावे। सतोगुण रो फळ निर्मल सुख है, रजोगुण रो फळ दुःख है और तमोगुण रो फळ अज्ञान है। सतोगुण स्त्र ज्ञान हुवे, रजोगुण सूं लोभ हुवे और तमोगुण सूं प्रमाद (सुसती), मोह और अज्ञान हुवे। सतोगुणी जीव स्वर्ग में जावे, रजोगुणी मनुष्य लोक में आवे और तमोगुणी नरक में

जावे।” क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ रो संयोग ईश्वर रे आधीन है और किसा २ गुण जीव नैं किण तरह बांधे है, ऐ दोय वातां वता यर अबे भगवान् इणां गुणां सूं मोक्ष किण तरह होवे और मोक्ष रो लक्षण कांई है ! आ वात बतावे है के–“जद विचार वाळो पुरुप इण वात नैं जाण जाय के ऐ गुणहीज कार्य अर्थात् शरीर, कारण अर्थात् इन्द्रियां, विषय अर्थात् शब्द स्पर्श आदि, रूप में वदले है, ए तीनूं गुण हीज सब कर्म करे है और करावे है अर्थात् गुण हीज सब कर्मां रा कर्ता है, जीव कर्ता नहीं है और इण जीव ने गुणां सूं बिलकुल न्यारो अर्थात् असंग समझण लाग जाय, वो पुरुप परमात्मा रा स्वरूप ने प्राप्त हो जावे। जो पुरुप देह सूं पैदा हुवोडा इणां तीनां गुणां ने उल्लंघ जाय है वो जल्म, मरण, वुढापो, आध्यात्मिक आदि दुःखां सूं छूट कर मोक्ष नैं प्राप्त हो जावे है।”

इण पर अर्जुन तीन वातां पूछे है के–“ इणां तीन गुणां ने उल्लङ्घण वाळा पुरुप रो लक्षण कांई है ? १, उण रो वरताव कैडो हुवे २ और उपाय कांई है ? ३ ” जद

श्रीभगवान् फरमायो के–“गुणां ने उल्लङ्घण वाळो “गुणातीत” कहीजे है। गुणातीत रा ऐ लक्षण है के जो पुरुप सतोगुण रा कार्य प्रकाश, रजोगुण रा कार्य काम (उद्यम) करण री इच्छा और तमोगुण रा कार्य मोह इणां मांय सूं कोई पण आवे तो उण ने दुःखदाई समझ उण सूं द्वेप नहीं करे और सुखदाई समझ उण री इच्छा नहीं करे, जिण रो इण तरह राग और द्वेप मिट जाय उण ने “ गुणातीत ” कवे। गुणातीत और समदृष्टि वाळो योगी एक हीज है। ओ पैला प्रश्न रो उत्तर हुवो।१। जो पुरुप दोय जणां वाद विवाद करता हुवे तो उणां दोनां मांय सूं किणी रो पक्ष नहीं करे और निरपेक्षी रवे, गुणां रा विकार राग और

द्वेष, सरदी और गरमी आदि द्वन्द्वां सूं चलायमान नहीं हुवे, मन में यूं समझे क गुण ही गुणां में बरत रया है, आत्मा या जीव तो बिलकुल निर्लेप है, यूं समझ कुछ पण चेष्टा नहीं कर सो वो "गुणातीत" कहीजे। जिण रे सुख दुःख, माटी रो ढगळो, माटी और सोनो, मान अपमान, प्रिय अप्रिय (अथवा मित्र, शत्रु) निन्दा स्तुति बराबर है, इसी धीरज वाळो और आपरी आत्मा में प्रसन्न रवण वाळो और सब काम करणां छोड़ण वाळो "गुणातीत" कहीजे। ओ दूजा प्रश्न रो उत्तर हुवो ।२। जो पुरुष फळ री इच्छा छोड़, अनन्य भक्ति र साथ म्हारी (भगवान् री) उपासना कर वो गुणां नैं उल्लङ्घ कर ब्रह्म–पद अर्थात् मोक्ष नैं प्राप्त हुवे। मैं ही ब्रह्म या सच्चिदानन्द स्वरूप री परमकाष्ठा या छेली बात हूं, अर्थात् ज्यूं सगळी कांनी सूं भेळो हुयोड़ो प्रकाश सूरजमण्डल है उणी तरह सत्, चित् (ज्ञान) और आनन्द सगळी कांनी सूं भेळो हुयोड़ो परब्रह्म रो स्वरूप मैं हूं, सनातन या अनादि धर्म री भी पराकाष्ठा मैं हूं और एकान्त सुख अर्थात् मोक्ष री भी मैं परकाष्ठा हूं ।"

पनरवों अध्याय ।

श्रीभगवान् फरमायो के–"इण संसार रा सगळा रूखां री जड़ां तो जमीं में नीचे हुवा करे और उणां री साखां, डाळां, पान, फळ, आदि ऊपर हुवा करे, परंत ओ संसार रूपी पीपल रो रूंख उंदी तरह रो इसो है क इण री जड़ां तो ऊंची है अर्थात् इण रो कारण ब्रह्म ऊपर है और इणरी शाखावां नीचे कांनी है अर्थात् जीव जन्तु सब नीचे संसार में फैलिया हुवा है, ओ अविनाशी या अनादि है और इण न "अश्वत्थ" इण वास्ते कवै है के ओ "काले नहीं रवेला" अर्थात् क्षण क्षण में इण रो नाश होतो रवै है, इण रा वेद तो पता है, इण तरह जो पुरुष इण

संसार नैं जाणे है वो जाणे है अर्थात् वो ज्ञानी है। इणरी शाखा-वां अठी उठी च्यारां कांनी फैलियोडी है, जो गुण रूपी जळ रा सींचणा सूं वधै है, शब्द-स्पर्श आदि विषय इण री कूंपळां है और कर्मां री वासना रूपी जड़ां ऊंडी गयोडी है। संसारी मनुष्यां नैं इण संसार रो न तो स्वरूप (आकार) दीसे है, न इण रो आदि, मध्य और अन्त लादे है। इण संसार रूप रूंख ने असंग रूप शस्त्र सूं काटणो चहीजे अर्थात् इण संसार में वैराग राखणो, इण सूं राग वा प्रेम नहीं करणो और पछै परमात्मा रा धाम नैं सोधणो जिण जगां गयां पछै मनुष्य पाछो नहीं आवे है। पर-मात्मा नैं सोधण रो ओ हीज रस्तो है के उण रे शरणे जावणो और केवणो के-"मैं उण परमात्मा परम पुरुष रो शरणो लेऊं हूं जिण सूं ओ अनादि संसार रूप रूंख पैदा हुओ है"। इण परम पद ने पावण वाळा अधिकारी वे है जिणां रे मान और मोह नहीं है, जिणां संग रूपी दोष नैं जीत लियो है, जो सदा आत्मा रा विचार में मगन है, जिणां रे कामना है ही नहीं, जिणां रा सुख दुःख आदि द्वन्द्व मिट गया है और जो ज्ञानी हू गया है। उण परम पद ने न तो सूरज, न चन्द्रमा, न अग्नि प्रकाश कर सके है और जठे गयोडा मनुष्य पाछा जलम मरण में नहीं आवे है, वो म्हारो परम धाम है। इण जीव-लोक में "जीव" रूप चेतन, अमर वो नित्य वा सनातन पदार्थ है, वो म्हारो हीज अंश है। इण जीव रे संसार रो बंधन इण वास्ते हुवे है के ओ मन नैं और पांच ज्ञान री इन्द्रियां (आंख, नाक कान, जीभ, चामड़ी) नै आप रे साथ भोग रे वास्ते खैंचे है। ओ जीव इन्द्रियां और मन ने आपरा देह रा अन्त-समय में एक देह नैं छोड दूजी देह में जावे है जद इणां छःही पदार्थां ने आपरे साथे ले जावे है और जलमे है

लयने आवे है। ज्यूं पवन पुष्पां री सुगन्धनै लेयर जावे और उणरी ठा नहीं पड़े ज्यूं ओ जीव इणां छ नैं लेयर जावे जिणरी ठीग नहीं पड़े। ओ जीव आंख, कान, नाक, चामड़ी, जीभ और मन इणां छ रो आसरो लयर भोग भोग है। इण जीव नैं शरीर में रवतां, शरीर सूं निकलतां, विषयां रो भोग करतां, सुख दुःख आदि गुणां रा फळ भोगतां अज्ञानी पुरुष नहीं दख सक है, कारण ओ अत्यन्त सूक्ष्म वा बारीक है अर्थात् ऊमा कस रा सौ वां हिस्सा जिमो बारीक है। परंत ज्ञानी पुरुष इणनै दखे है। योग साधन करण वाळो ध्यान सूं इण नैं शरीर में बैठान देखे है, परंत अशुद्ध अन्तःकरण वाळा अज्ञानी कोसिस करणां पर पण इण नैं नहीं देख सके है। भगवान् आपरी विभूति बतावे है के जगत् ने प्रकाश करण वाळो जो तेज सूरज में है वो म्हारो तेज है, चन्द्रमा में और अग्नि में तेज है वो पण म्हारो हीज तेज है। देवता रूप सूं पृथिवी में प्रवेश कर हूं म्हारा पराक्रम सूं सारा प्राणियां नैं धारण करूं हूं। हूं ही चन्द्रमा रो रूप धारण कर रस रूप सूं सब धान, रूंख आदि नैं पुष्ट करूं हूं। प्राणी मात्र रा दह में अग्नि रो रूप धारण कर मैं ही प्राण और अपान वायु री सहायता सूं खायोड़ा च्यार प्रकार रा भोजन नैं पचाऊं हूं। मैं ही सगळा प्राणियां रा हृदय में विराजमान हूं, याद आवणो और ज्ञान हुवणो तथा इणां रो नाश ए सब म्हां सूं हीज हुवे है सब वेदां सूं जाणण योग्य पण मैं ही हूं, वेदान्त रो बणावण वाळो मैं हूं और वेद रो जाणण वाळो पण मैं हीज हूं। इण जगत् में दो प्रकार रा पुरुष है, एक तो क्षर अर दूजो अक्षर। "क्षर' तो सगळा प्राणी मात्र है के जिणां रो नाश हुवे है और "अक्षर' कूटस्थ (सगळां सूं ऊंचो) है के जिण रो नाश नहीं हुवे है वो निर्विकार आत्मा रूप 'जीव' है। क्षर तो 'शरीर' रूप

क्षेत्र है और अक्षर जीव रूप क्षेत्रज्ञ है। इणां दोनां क्षर और अक्षर सूं परे और उत्तम, तीसरो परमात्मा न्यारो है जो सब रो ईश्वर वा नियंता है, विकार-रहित है और अविनाशी है और पाताल, पृथिवी, स्वर्ग इणां तीनां लोकां में प्रवेश कर सब नैं धारण करे है। हूं क्षर सूं भत्तो हूं, अक्षर सूं पण भत्तो हूं इण वास्ते लोग म्हनैं "पुरुत्तपोम" कवै है, कांई तो सब लोकां में और कांई वेदां में मैं "पुरुपोत्तम" कहीजूं हूं क्यूं के जो सगळा पुरुपां में उत्तम वा श्रेष्ठ हुवे वो पुरुपोत्तम हुवे। जो ज्ञानी म्हारा इण पुरुपोत्तम स्वरूप नैं जाणे है वो सब जाणे है और वो हीज म्हनैं सब प्रकार सूं भजै है। हे अर्जुन! ओ परम गुह्य शास्त्र मैं थनैं कयो है, इण नैं जो पुरुप जाण लेवे वो कृतार्थ हो जावे है।"

सोळवों अध्याय।

श्रीभगवान् नवमां अध्याय में दैवी, आसुरी और राक्षसी नामरी तीन प्रकार री जीवां री प्रकृतियां कही, जिण मांय सूं दैवी प्रकृति वाळा जीवरा ऐ लक्षण हुवे है के—"किणी रो डर नहीं राखणो अर्थात् शास्त्र में बतायोडा धर्म निडर पणां सूं करणा, अधर्म करतां जरूर डरणो, अन्तःकरण ने शुद्ध वा पवित्र राखणो, आत्म-ज्ञान प्राप्त करण रा उपायां में लागियो रेवणो, आपरी मरदा मुजब सत्पात्र नैं दान देवणो, दम अर्थात् बारली इन्द्रियां नें वश में राखणी, यज्ञ अर्थात् वेद में कयोडा अग्निहोत्र आदि और स्मृति में कयोडा वैश्वदेव आदि करणा, स्वाध्याय अर्थात् वेद वा धर्मशास्त्र वा पुराण आदि धर्म-ग्रन्थां रो पाठ करणो, तपस्या करणी, सरळता राखणी, हिंसा नहीं करणी, साच बोलणो, क्रोध नहीं करणो, त्याग अर्थात् जरूरत सूं ज्यादा चीजां भेळी नहीं करणी, शान्ति-अर्थात मन नै वश में राखणो, किणी री

चुगली नहीं करणी, सगळां पर दया राखणी, लोभ नहीं करणो, नरमाई राखणी, खोटा काम करबा में सरमावणो, चपळता नहीं राखणी, प्रभावसाली होवणो के कोई आपरो अपमान नहीं कर सके, क्षमा राखणी, धीरज राखणी, बारै और मांय पवित्रता राखणी, किणी सूं द्रोह या वैरभाव नहीं राखणो, अत्यन्त अभिमान या घमंड नहीं राखणो के "मैं सगळां सूं मत्तो हूं, ए सोव्हूं लक्षण वाळो पुरुष दैवी संपदा में जलम लियोड़ो हुवे है।" अब आसुरी संपदा वाळा पुरुष रा लक्षण बतावे है के—"दम्भ अर्थात् ढंग या चुगळा मगति, दर्प नाम धन और परवार रो घमंड, अभिमान अर्थात् आपनैं सगळां रो पूज्य और सगळां सूं मत्तो समझणो, क्रोध करणो, कठोरता अर्थात् करड़ाई राखणी और दूजा नै कड़वा वचन बोलणा अज्ञान अर्थात् आतमा रा स्वरूप नैं नहीं जाणणो। इणां दोनूं प्रकार री संपदावां में दैवी संपदा तो जीव रा मोक्ष र वास्ते है और आसुरी सपदा जीव रा बंधन रे वास्ते है। हे अर्जुन! तूं गो सोच मत करबे क्यूं के तूं तो दैवी संपदा में जलम लियो है। इण जगत् में दो प्रकार री सृष्टि हुवा करे है, एक तो दैवी और दूसी आसुरी। मैं दैवी संपदा तो थनै विस्तार पूर्वक कही, अब आसुरी संपदा कहूं सो सुण। आसुरी संपदा वाळो जीव न तो प्रवृत्तिमार्ग नैं जाणे और न निवृत्तिमार्ग नैं जाणे। धर्म-शास्त्र में लिखिया मुजब चालणो ओ तो प्रवृत्ति-मार्ग है और धर्म-शास्त्र में बरजियोड़ा काम नहीं करणा निवृत्ति-मार्ग है। उणां रे पवित्रता नहीं हुवे। न आचार विचार हुवे न वे सत्य नैं पिछाणे। वे जगत् ने असत्य अर्थात् झूठो मान वेद पुराण नैं प्रमाण नहीं मानें, धर्म अधम नैं नहीं मान और ईश्वर नैं भी नहीं मान। जगत् रो कर्ता ईश्वर है और कर्मां रा फळ रो देवण वाळो है यं वे नहीं माने। वे जगत्

री उत्पत्ति कामदेव रे वशीभूत हुवा स्त्री पुरुष रा संयोग सूं ही माने है। वे जगत् रा नाश रा कारण होयर हिंसा करे। उणां री कामना कदेही पूरी हुवे नहीं। वे प्रलय तांई चिंता करता रवे। वे आठ पहर खावणो, पीवणो, भोगणो इण ने ही परम पुरुषार्थ समझे। वे न तो स्वर्ग नैं माने न नरक नैं, न पुण्य नैं माने न पाप नैं। आज ओ काम कियो, ओ भोग भोगियो, इण शत्रु ने मारियो, ओ धन कमायो, काले फेर ओ करूंला। मैं ईश्वर (धनवान् वा स्वामी) हूं, सिद्ध हूं, बळवान् हूं, सुखी हूं, म्हारे बराबर दूजो कुण है! यज्ञ करूंला, दान देऊंला, आनन्द करूंला, इण तरह रा अज्ञान सूं मोहित हुवोडा रवे। कामना रा भोग में उणांरो मन आसक्त हूणा सूं वे नरक में पड़े। वे यज्ञ करे तो दिखावटी करे, परमात्मा नैं प्रसन्न करण वास्ते नहीं करे। घमंड में करडा लकड, धन सूं छकियोडा, मान मठोठ में डूबियोडा, धरम री ध्वजा फरकावण वास्ते वे यज्ञ, दान, तप आदि करे। वे अहंकार, बळ, काम, क्रोध रे वशीभूत होयर उणां खुद में तथा सगळा प्राणियों में अन्तर्यामी रूप सूं विराजमान म्हनैं (परमात्मानैं) नहीं माने, उळटो म्हां सूं द्वेष राखे। उणां नैं मैं बारंबार नीची जूणां या नरकां में पटकूं। वे म्हनैं प्राप्त नहीं हो सके। मनुष्य रे नरक में जावण रा मुख्य तीन दरवाजा है जिणां ने काम, क्रोध ओर लोभ कवे है। इणां तीनां ने छोड कर जो मनुष्य आपरा कल्याण रो साधन करे वो परम गति नैं प्राप्त हुवे। इण वास्ते जो कर्म करणो वो शास्त्र में लिखियोड़ी विधि या रीत मुजब करणो, आपरी मन उपंग नहीं करणो। शास्त्र री मरजाद नैं छोड कर जो कर्म करे उणरे न तो इण लोक में सुख हुवे, और न परलोक में स्वर्ग वा मोक्ष रूप परम गति हुवे। इण वास्ते जो कुछ करणो अथवा नहीं करणो वो शास्त्र में लिखिया मुजब करणो, आपरे मन मते नहीं करणो।"

सतरवों अध्याय ।

लारला अध्याय में भगवान् फरमायो के कर्म करणां वे शास्त्र री विधि सूं करणां, बिना विधि करण वाळा रै न तो सुख हुवे न सिद्धि हुवे और न उण नैं परमगति मिळै । इण वास्ते अर्जुन रा मन में शंका हुई जद उण पूछियो के—" हे भगवन् ! जो पुरुष शास्त्र री विधि नैं छोड़ श्रद्धा सूं यज्ञ कर तो उण री किसा गुण में निष्ठा वा लगन जाणणी ? " जिण पर

श्रीभगवान् फरमायो के—" हे अर्जुन ! हरेक मनुष्य री श्रद्धा तीन तरह री हुया करे है, जिण में पैली सतोगुण वाळी, दूजी रजोगुण वाळी और तीजी तमोगुण वाळी । आ श्रद्धा मनुष्यां रा अन्त:करण रे मुजब हुवे । अर्थात् जिण पुरुष रो अन्त:करण सात्विकी है तो उणरी श्रद्धा पण सात्विकी हुवे इणी तरह सू राजसी अन्त:करण वाळी राजसी श्रद्धा और तमोगुण वाळा री तामसी श्रद्धा हुए । ओ पुरुष श्रद्धा-रूप ही हुवे है । जिणरी जैड़ी श्रद्धा हुवे वो उसो ही पुरुष हुवे । सात्विकी श्रद्धा वाळा पुरुष तो देवतां री पूजा करे, राजसी यक्ष और राक्षसां री, तामसी प्रेत, भूत, पिशाच आदि री पूजा कर । शास्त्र री विधि बिना दुरा अंहकार, कामना, राग, बळ, रे वसीभूत होयर जो घोर तपस्या करे, शरीर नैं सुकावे और शरीर में अन्तर्यामी रूप सू विराजमान मनैं कष्ट देवे, व जीव निश्चय आसुरी है इसो जाण । आहार (अथवा यज्ञ, दान और तप) पण इणां गुणां रा संसर्ग सूं तीन प्रकार रा हुवे है । जो भोजन आयु, उत्साह बळ तनदुरुस्ती, सुख और प्रीति रा बधावण वाळा, रसीला, चीकणा अर्थात घी खांड सू तर, जिणां रो रस इण शरीर में घणी वार ठहर उमा जिणां ने देखता ही चित प्रसन्न हो जावे

और भोजन में रुचि हुवे इसा भोजन सात्विकी जीवां ने प्यारा हुवे। जिण भोजन सूं जीव ने दुःख और सोच हुवे, जिण रा खाणा सूं शरीर में रोग हुवे, कड़वा, खाटा, खारा, घणा उन्ना, चरका, लूखा और अन्न ने बाळण वाळा राई, कैर, वगैरा आहार राजसी जीवां ने आछा लागे। ठंडो, गतरस हुवोड़ो, बासी, पैले दिन कियोड़ो, ऐंठो और अपवित्र भोजन तामसी जीवां ने चोखा लागे। अबे यज्ञ रा तीन प्रकार बतावे है। वेद में यज्ञ दोय प्रकार रा कया है, एक तो किणी कामना सूं करे वो तो "काम्य" और दूजो जो रोजीना करे वो "नित्य"। इणां में जो यज्ञ फळ री इच्छा राख पूर्ण सामग्री री तैयारी कर करे वो "काम्य" यज्ञ है, ज्यूं पुत्रेष्टि आदि। और जो फळ री इच्छा विना जथा जुगत सामग्री सूं केवल पाप नहीं लागण रा विचार सूं यज्ञ करे वो "नित्य" यज्ञ है, ज्यूं देव-यज्ञ, वैश्वदेव आदि। जो पुरुष यज्ञ ने नित्यकर्म समझ कर, म्हनैं यज्ञ करणो चहीजे, इण तरह समझ वेद में कया मुजब, फळरी इच्छा नहीं कर, यज्ञ करे वो तो सात्विक यज्ञ है। जो फळ री कामना सूं ढूंग दिखावण वास्ते यज्ञ करे वो राजसी यज्ञ है। शास्त्र री विधि विना, अन्नदान विना, मंत्र और दक्षिणा विना और श्रद्धा विना जो यज्ञ करे वो तामसी है। अब तप रा भेद बतावे है। देवता, ब्राह्मण, गुरु, पण्डितां री पूजा करणी, पवित्रता, सरळता राखणी, ब्रह्मचर्य पालणो और हिंसा नहीं करणी, ओ शरीर संबन्धी तप है अर्थात् आ तपस्या शरीर सूं बण आवे। जिण वचन सूं किणी नै डर और दुःख नहीं हुवे इसी बात कैवणी, साच बोलणो, मीठी बोली बोलणी, दूजा रो भलो हुवे इसी बात कैवणी, वेद रो पाठ करणो, आ वाणी री तपस्या है। मन नै प्रसन्न राखणो, शीतळता राखणी, मून राखणी, मन नैं वश में राखणो, शुद्ध भाव रा विचार

राखणो, ओ मानसी तप है। इणां तीन ही प्रकार रा तप नैं फळ री इच्छा बिना, एकाग्र मन सूं, पूरी श्रद्धा रे साथ कियो जावे, वो सात्त्विक तप है। जो तप आदर सत्कार, पूजा प्रतिष्ठा, ढूंग कपट सूं कियो जावे वो राजसी तप है। जो तप मूरखता सूं दुराग्रह सूं, आपरी आत्मा न रोसण वास्ते, दूजा नैं मारण वास्ते वा पीड़ा देवण वास्ते कीयो जावे वो तामसी तप है। अब दान रा भेद कवै है। दान देणो चहीजे इण तरह विचार, पवित्र देश, पवित्र समय, सत्पात्र पुरुष नैं, पाछो उपकार नहीं करण वाळा पुरुष ने जो दान दियो जावे वो सात्त्विक दान है। जो दान पाछा उपकार रे वास्ते, फळ री इच्छा रे साथ और मन में दुःख पाय कणतावतो हवे वो राजस दान है। जो दान अपवित्र देश, अपवित्र समय, कुपात्र ने तिरस्कार रे साथे और घृणा (नफ़रत) सूं दियो जावे वो तामस दान है। अब मैं थनै एक वडी रीत बताऊं के उण रीत सूं कियोड़ा तप और यज्ञ, दियोड़ो दान, सात्त्विक हुजावे, सो सुण। ब्रह्म वा परमात्मा रा तीन नाम है "ओं, तत् और सत्"। इणां सूं ही विधाता आदि में ब्राह्मण, वेद, यज्ञां, नैं बणाया। वेद में लिखियोड़ा सारा कर्म करण सूं पैली "ओं" बोल कर यज्ञ, दान, तप किया जावे है। मोक्ष री इच्छा वाळा पुरुष फळ री कामना नैं छोड़ "तत्" बोल कर यज्ञ, तप, दान किया करै है। 'सत्' शब्द रो अर्थ सचा अर्थात होणो, साधु वा भलो और मंगळीक कर्म है। इण वास्ते 'सत्' शब्द इणां कामां में बोलियो जावे है। यज्ञ तप और दान में जो स्थिति वा लगन है वा 'सत्' कहीजे। इणां तीनां रै वास्ते जो कर्म किया जावे वे पण 'सत्' वाजे। बिना श्रद्धा जो यज्ञ दान, तप किया जावे वे "असत्" है जिण सूं उणरो फळ न तो इण लोक में और न परलोक में मिले है। इण वास्ते जो यज्ञ, दान,

तप आदि कर्म करणा वे श्रद्धा रे साथे करणा। विना श्रद्धा नहीं करणा।"

अठारवों अध्याय।

ओ अध्याय गीता रो सार-रूप है। अर्जुन रा मन में आ पूरी तरह सूं समझ में नहीं आई के कर्म करणो भत्तो या संन्यास लेवणो भत्तो। भगवान् ओ फरमायो के कर्मां रा फल रो त्याग करणो और कर्म करणा, ऐ दोनूं बातां आपस में दीसती ऊंदी वा उलटी है, सो भगवान् ने पूछ कर इणरो खुलासो करलूं, यूं मन में विचार अर्जुन पूछियो के-"हे भगवन्! मैं संन्यास रो तत्व जाणियां चाहूं हूं और त्याग (अर्थात् कर्मां रा फळ रा त्याग) रो पण तत्व जाणियां चाहूं हूं सो कृपा कर म्हनैं समझावो।" जद

श्रीभगवान् फरमायो के-"कर्म तीन प्रकार रा है, एक काम्य, दूजा नित्य, तीजा नैमित्तिक। पुत्र आदि री कामना वा इच्छा सूं जो पुत्रेष्टि आदि यज्ञ कियो जावे त्रो तो "काम्य" कर्म है। सन्ध्या, वैश्वदेव, आदि जो रोजीना कर्म किया जावे और जिणां रा नहीं करण में पाप लागे वे "नित्य-कर्म" है और जो कर्म ग्रहण, पुत्र-जन्म, आदि निमित्त सूं किया जावे वे "नैमित्तिक" कर्म है। इणां तीनां प्रकार रा कर्मां मांय सूं पैला "काम्य कर्मां" रो नहीं करणो ओ तो "संन्यास" है और सब कर्म मात्र रा फळ रो त्याग कर देवणो ओ "त्याग" है। इणां दोनां रो मतलब एक हीज है। केई लोग यूं कवै है के ज्यूं पुरुष सब दोषां ने छोड देवे है ज्यूं सब कर्मां नैं छोड़ देवणा। केई लोग यूं कवै है के यज्ञ, दान, तप ऐ कर्म तो करणा हीज, छोड़णा नहीं। इणां दोनां मतां में म्हारो निर्णय (निश्चय) तो ओ है के यज्ञ, दान और तप ए तीनूं तो करणां ही चहीजे, इणां नैं छोडणा नहीं चाहीजे। क्यूं के ए तीनूं अन्तःकरण नैं पवित्र करण वाळा

है। इणां तीनूं कर्मो ने फळ री इच्छा छोड कर करणा, ओ म्हारो निश्चय है। नित्य करण रा कर्म कियां विना अन्तःकरण री शुद्धि नहीं हुवे और अन्तःकरण शुद्ध हुयां विना ज्ञान नहीं हुवे और ज्ञान विना मुक्ति नहीं। दूसरो अवश्य करण रा नित्य कर्म छूट भी तो नहीं सक है, क्यूं क विना कर्म कियां मनुष्य एक क्षण भर पण नहीं रह सक है। अबे तीन प्रकार रा त्याग बतावे है क जे कोई अज्ञान पणा सूं अथवा कर्मो ने बंधाळ सम झण सूं नित्य कर्म करणां छोड दवे तो बो उणरो त्याग तामसी है। जो कर्मां न दुःख रूप समझ कर शरीर रा क्लेश रा डर सूं नित्य कम छोड देवे तो बो उण रो त्याग राजसी है। इण राजसी त्याग सूं संन्यास रो फळ (मोक्ष) नहीं हुवे। जो आपरा नित्य कर्मा ने अवश्य करण ज्यूं समझ रोजीना करतो रवे और उणां में आसक्ति नहीं राखे और फळ री इच्छा नहीं करे, वो सात्विकी त्याग है। अब सात्विकी त्याग करण वाळा पुरुष रा लक्षण बतावे क–जो पुरुष कोई दूजो पुरुष भूंडो काम करतो हुवे उण सूं तो द्वेष नहीं कर और कोई आछो काम करतो हुवे तो उण में आसक्ति नहीं करे, सदा सतोगुण में लागियोडो रवे, स्थिर बुद्धि हुवे और जिण रा सारा संदेह मिट गया है वो सात्विकी त्यागी हुवे। कोई मनुष्य कर्मां ने पूरी तौर सूं छोड सके नहीं, इण वास्ते कर्मा रा फळ रो त्याग करण वाळो पुरुष ही त्यागी है। इणां कमा रा तीन तरह रा फळ हुया करे है, अनिष्ट (नहीं चायोडो), इष्ट (चायोडो) और मिश्रित। कर्मा रा फळ रो त्याग नहीं करण वाळा ने ऐ तीनूं ही फळ मिले, जिणां में पाप सूं अनिष्ट नारकी जूण मिले, पुण्य सूं इष्ट देव-योनि मिले और पाप पुण्य दोनां रा मिश्रित फळ सूं मनुष्य योनि मिले। परंतु कर्मा रा फळ रो त्याग करण वाळा संन्यासी ने इणां मांय सूं एक

प्रकार रो पण फळ नहीं मिले, क्यूं के उण कर्मां रा फळ छोड़ दिया, जिण सूं उण रे कर्मां रो बन्धन नहीं हुवे। इण जगत् में जो ऐ सगळी तरह रा कर्म हो रया है उणां रा होवण में पांच कारण है। एक तो मनुष्य रो शरीर १, दूजो कर्ता जीवात्मा २, तीजी इन्द्रियां ३, चौथी न्यारी न्यारी तरह री चेष्टा ४ और पांचवों दैव वा भाग्य अथवा इन्द्रियां रा अधिष्ठाता देवता ५। इणां पांचां रे भेळा हुवां बिना कोई कर्म हुवे नहीं। एकला जीवात्मा ने कर्ता मानणो सरासर अज्ञान है। ऐ पांचूं मिल कर कारण है, एकलो जीव कारण नहीं है। जिण पुरुष रे कर्तापणा रो अहङ्कार नहीं है, जिणरी बुद्धि लिपायमान नहीं है, वो चाहे इणां सारा लोकां ने मार नाखे तो पण वो कर्मां सूं नहीं बन्धे है। परंत अहङ्कार छूटणो कठण घणो है, इण वास्ते लोग कर्मां सूं बन्धे है। हरेक काम करण में प्रवृत्ति रा कारण तीन है, एक ज्ञान, दूजो ज्ञेय और तीजो ज्ञाता। वांच्छित वस्तु (मनचायोड़ी चीज) नैं प्राप्त करण रा साधन नैं जाणणो तो "ज्ञान" है, वांछित वस्तुरा साधन रूप कर्म "ज्ञेय" वा जाणण योग्य वात है और जाणण वाळो 'ज्ञाता' है। ऐ तीनूं भेळा हुवे जद काम रो आरंभ हुवे। इणी तरह कर्म रा संग्रह में पण तीन कारण है, एक करण (इन्द्रियां), दूजो कर्म और तीजो कर्ता। इणां में 'करण' नाम कर्म करण री साधन-रूप इन्द्रियां आंख, नाक, आदि, 'कर्म' जो काम कियो जावे वो और 'कर्ता' काम रो करण वाळो है। इण में 'ज्ञान' सूं तो काम नैं पैली जाणे। पछै कर्म करे। जिण सूं 'ज्ञेय' और 'कर्म' एक हीज है। उणी तरह 'ज्ञाता' और 'कर्ता' पण एक हीज है"। अब ज्ञान, कर्म और कर्ता रा सतोगुण आदि तीन गुणां रा सम्बन्ध सूं न्यारा २ तीन २ भेद बतावे है। "जिण ज्ञान सूं पुरुष न्यारा न्यारा पुरुषां में अन्तर्यामी रूप सूं एक-रूप और नित्य

स्वरूप एक परमात्मा ने देखे है वो सात्विक ज्ञान है। सगळा प्राणियां में ईश्वर न न्यारो न्यारो देखे है वो ज्ञान राजस है और इण शरीर नैं ही आत्मा समझे, प्रतिमा या मूर्ति ने परमात्मा समझे और असली तत्व ने कीं नहीं समझे और जो थोडो हुवे उणने तामस ज्ञान कवे। ऐ तीन प्रकार रा 'ज्ञान' हुवा। राग द्वेष छोड, आसक्ति बिना, फळरी इच्छा बिना जो नित्य कर्म कियो जावे वो सात्विक कर्म है। कर्म रा फळ री इच्छा राख, अत्यन्त परिश्रम र तथा अहंकार र साथ जो कर्म किया जावे वो राजस और लारा स दुःख देवण वाळो घनरो खर्च करावण वाळो हिंसारे साथ और आपरी शक्ति रे बारे, मोह रे साथ जो कर्म कियो जावे वो तामस है। ऐ तीन प्रकार रा कर्म कया। आसक्ति छोड, अहंकार बिना, धीरज और उत्साह रे साथ, काम री सिद्धि और असिद्धि में समदृष्टि राख, जो पुरुष काम करे वो सात्विक कर्ता है। जो मनुष्य राग र वस हुय, कर्मों रा फळ री इच्छा राख, हर्ष और सोच रे साथ, पराया धन री इच्छा सूं और पराया नैं पीडा दवण वाळो, हिंसा वाळो, पवित्रता बिना काम करे वो राजस कर्ता और मन नैं एकाग्र कियां बिना, गिवार, करडो लठ, ठगोरो, पराया री आजीविका में भंग पटकण वाळो आळसी सोच करण वाळो मन मुरझायोडो और काम नैं तुर्त फुन नहीं करण वाळो कर्ता तामस है। ऐ तीन प्रकार रा कर्ता बताया। अब बुद्धि और धीरज रा तीन प्रकार रा भेद बतावे है। जो बुद्धि प्रवृत्ति अर्थात् कर्म-मार्ग और निवृत्ति अर्थात् मोक्ष-मार्ग, शास्त्र में कयोडा कर्म और वरजियोडा कर्म, भय और अभय बंध और मोक्ष नैं जाणे वा सतोगुणी बुद्धि है। जिण बुद्धि सू धर्म अधर्म करण लायक और नहीं करण लायक काम, नैं ठीक तरह सूं नहीं जाणे और संदेह बणियो रो बणयो रव, वा बुद्धि

जोगुण वाळी है। अज्ञान रा सवब सूं धर्म न तो अधर्म समझे और अधर्म ने धर्म समझे और सारी बातां ने ऊंधी ही समझे वा बुद्धि तमोगुणी हुवे। आ तीन प्रकार री बुद्धि हुई। जिण सूं मन, प्राण री चेष्टा, इन्द्रियां योग-साधन सूं वस में की जा सके उण स्थिर धारणा ने सात्विकी धीरज कवे। जो मन, प्राण और इन्द्रियां री चेष्टा, धर्म, अर्थ, काम इणां तीन पुरुपार्थां रे वास्ते धारण की जावे और मोको देख फळरी इच्छा करे वा राजसी धीरज है। दुर्बुद्धि पुरुष जिण सूं सुपनो, डर, सोच, मुरझावणो, विषय-भोग रूप मद या नशा नैं नहीं छोड़े वा तामसी धीरज है। आ तीन प्रकार री धीरज हुई। अब सुख रा तीन प्रकार रा भेद बतावे है। जो आदि यानी सरू मे तो जैर हुवे ज्यूं खारो लागे और अन्त या अखीर में अमृत रे समान लागे, वो सात्विक सुख है, जो आपरी बुद्धि री निर्मळता सूं हुवे है। इन्द्रियां रा भोगां सूं हुवण वाळो सुख जो आद में अमृत ज्यूं और अन्त में जैर ज्यूं लागे वो राजस सुख है, जो इन्द्रियां और विषयां रा संयोग सूं हुवे। जो सुख आद में और अन्त में आत्मा ने मोहित करण वाळो होवे वो तामस है, जो नींद, आळस और गाफळपणां सूं हुवे। ऐ तीन प्रकार रा सुख हुवा। इण जगत् में इसो कोई जीव नहीं है जिण रे इणां तीन गुण सत-रज-तम रो बंधन नहीं हुवे। कांई पृथिवी पर मनुष्य और कांई स्वर्ग में देवता, सब इणां गुणां सूं बंधियोड़ा है। इणा गुणां रे मुजब ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इणां च्यारूं वर्णां रा कर्म मुकर्रर है। ब्राह्मण रा स्वाभाविक कर्म है के शम नाम मन नैं वश में राखणो, दम नाम बारली इन्द्रियां ने वश में राखणी, तपस्या करणी, शरीर सूं बारली और मन सूं मांयन्ली पवित्रता राखणी, क्षमा राखणी, सरळता राखणी, शास्त्र ज्ञान और विज्ञान अर्थात् आत्म-ज्ञान, आस्तिक-पणो अर्थात ईश्वर नैं मानणो, वेद आदि साचा

है, वेद में कह्योड़ा कर्म करणां सूं स्वर्ग मिले, इसी बुद्धि राखणी। क्षत्रिय रा ऐ स्वाभाविक कर्म है के- शूरवीरता, तेज, धीरज, चतुराई, (हुँशियारगी), युद्ध में पीठ नहीं दिखावणी, दान देणो, ईश्वर-पणो या हकूमत राखणी। वैश्य रा स्वाभाविक कर्म ए है के-खेती करणी, गाय आदि पशुवां नैं पाळणा और व्यौपार करणो। शूद्र रो ओ स्वाभाविक कर्म है के तीनूं वर्णां री सेवा चाकरी करणी। आप आप रा कर्म करणो सूं मनुष्य सिद्धि अर्थात् मोक्ष नैं प्राप्त हू जावे। और मोक्ष पावण रो ओ मारग है के इण सारा जगत् नैं पैदा करण वाळा, इण जगत् में सब में व्यापक, अन्तर्यामी रूप ईश्वर री आप आप रा कर्म करण रूप सेवा या पूजा करणी। इण सूं मोक्ष मिले। दूजा वर्ण रा धर्म सूं आप रा वर्ण रो धर्म भलो है क्यूं के आपरा स्वाभाविक कर्म करणां सूं मनुष्य ने पाप नहीं लागे। आपरा स्वाभाविक कर्मां में दोष दीसे तो पण उणां नैं छोड़णा नहीं, क्यूं क ज्यूं अग्नि में धुंवो हुवे ज्यूं कर्मां में दोष हुवा ही करे है। इण वास्ते आप आपरा आछा और भूंडा कर्म है उणां नैं कीयां ही जावणा। किणी बात में आसक्ति नहीं राखणी, आपरा मन नैं जीत लेणो, किणी चीज री मन में लालसा नहीं करणी और कर्मां रो फल नहीं चावणो। इन भांत जो कर्म करे वो मोक्ष नैं प्राप्त हुवे।"
अब भगवान् ब्रह्म-भाव री प्राप्ति रो मारग बतावे है, क्यूं के ज्ञान रो फल ब्रह्म री प्राप्ति है। ब्रह्म री प्राप्ति हुयां पछै कुछ नहीं करणो बाकी रैवे। जिणा बातां सूं ज्ञान हुवे वे अब गिणावे है के-
"बुद्धि ने शुद्ध या पवित्र राखणी, धीरज राख मन नैं वश में करणो, शब्द-स्पर्श आदि इन्द्रियां रा विषयां ने छोड़णा, राग द्वेष रो त्याग करणो, एकान्त जगां में रैणो, थोड़ो भोजन करणो वश्मी शरीर-मन नैं वसमें राखणा।' अबे इणां ने वसमें करण रा साधन बतावे

है के-"मून धारण करणा सूं वाणी वस में रवे, शरीर ने निश्चळ राखणो, अठी ऊठी फिरणो नहीं इण सूं शरीर वस में हुवे, मनमें वैराग राखणो इण सूं मन वस हुवे। अहंकार, बळ (अणूतो आग्रह), घमण्ड, कामना, क्रोध, वस्तुरो संचय ऐ सब छोड देणा, अहंता ममता नहीं राखणी, शान्त रेणो, इण तरह जो मनुष्य रवै वो ब्रह्म--भाव नें प्राप्त हुजावे। उणरो मन प्रसन्न रवे, वो किणी रो पण सोच नहीं करे, किणी बात री इच्छा नहीं करे, सब प्राणियां नै समदृष्टि सूं देखे, सब प्राणिमात्र नें ब्रह्मरूप समझे, जद म्हारी भक्ति नें प्राप्त हुवे। उण भक्ति सूं वो म्हनैं ओळख लेवे, उण नें म्हारा स्वरूप रो ज्ञान हुजावे, पछै प्रारब्ध कर्मां रा भोग भोग कर इण देह नै छोड वो म्हनै प्राप्त हुजावे। जो भक्त म्हारो शरणो ले लेवे है वो चाहे जिसो हरेक काम हरेक वगत करतो रवै तो पण उणनै म्हारी कृपा सूं अविनाशी परमपद मिले। भगवान् रो भक्त खोटा काम तो करे नहीं, क्यूं के खोटा काम करण वाळो भक्त नहीं होय सके। वो तो भगवान् नें प्रसन्न करण रा ही सगळा काम करे, दूजा काम करे ही नहीं। इण वास्ते हे अर्जुन ! तूं जो कुछ कर्म करे सो म्हारे अर्पण कर, म्हारे ही परायण रै, म्हारो शरणो ले, निश्चय वाळी वुद्धि सूं योग साधन कर, म्हामें थारो चित्त लगा और म्हां में ही लवलीन होजा। तूं म्हां में चित्त लगाय देला जद म्हारी कृपा सूं सारा विघनां नै उलंघ जावेला। और जे तूं "मै वुद्धिमान् हूं" इण समझ रो घमंड वा अंहकार लाय म्हारो कयो नहीं मानेला तो थारो सब भांत नाश हुजावेला। अहंकार लायर "मैं युद्ध नहीं करूंला" इण तरह रो जो थारो निश्चय है वो साव खोटो है, क्यूं के थारो जो क्षत्रियपणा रो स्वभाव है वो थनैं युद्ध में आपही लगाय देवेला। तूं थारा स्वभाव रा कर्मां सूं बंधियोड़ो है, तूं

युद्ध करण सूं नटे है आ थारी भूल है, क्यूं के तूं मोह रा (अज्ञान रा) सबब सूं जिण काम नैं करियो नहीं चावे है उण काम नैं तूं थारा क्षत्रियपणा रा स्वभाव सूं मजबूरी करला, थारा स्वभाव रे पराधीन हुवोडो तूं युद्ध रूप काम करेला। सगळो संसार स्वभाव रा वस में है, आदमी रे हाथे कुछ नहीं है। ज्यूं होणो है ज्यूं ही हुवेला। ओ अन्तर्यामी ईश्वर सगळा प्राणिमात्र रा हिरदा में विराजमान हु रयो है, वो आपरी माया सूं सगळां ने इण तरह चलाय रयो है ज्यूं बाजीगर कठ पुतली न डोरा में बाल नचाया करी है। इण वास्ते हे अर्जुन! तूं उणी परमेश्वर री सब तरह सूं शरणो ले। जे तूं उण अन्तर्यामी परमात्मा रो शरणो लेवेला तो तूं उणरी कृपा सूं परम शान्ति और परम पद नैं प्राप्त हुवेला।'

फेर भगवान् सारी गीता रो सार फरमावण वास्ते अर्जुन नैं कयो क-"मैं सगळी छानी बातां वा गुपत ज्ञान थनैं कयो है सो तूं आछी तरह विचार ल। पछै थारै तुले ज्यूं करजे। अब मैं थनैं सगळा गुप्त ज्ञानां करतां पण अत्यन्त गुप्त बात कहूं हू क्यूं के तूं म्हारो वल्लभ है और बुद्धिमान् है इण वास्ते थारी भलाई रे वास्ते कहूं हू क-तू थारो मन म्हां में लगा, म्हारी भक्ति कर, म्हारी पूजा कर, म्हनैं नमस्कार कर, इण तरह जे तूं वो सूं निश्चै ही म्हनैं प्राप्त हुवेला। आ बात मैं थनैं साची प्रतिज्ञा कर कही है। तू सगळा धरमां रो आसरो वो छोडदे, और अकेला म्हारो शरणो ले ले। मैं थनैं सगळा पापां सू छुडाय दूंला तूं सोच मत कर।" भगवान् रो सब धर्मां ने छोडण रो मतलब आसक्ति, फळ री इच्छा और धर्म रो आसरो छुडावण सूं है। धर्म करमां छुडावण रो मतलब नहीं है। शरणो म्हारो ले। धर्मां रो शरणो मत ले। पछै भगवान् गीता रा ज्ञान रो माहात्म्य वा

महिमा कही के "इण गीता नैं जो भक्ति रे साथ पढ़ेला तो मैं उण सूं राजी होऊंला।" फेर अर्जुन नैं पूछियो के-"कांई तूं ओ ज्ञान एकाग्र चित्त सूं सुण लियो ? और थारो मोह मिट गयो ?"

जद अर्जुन कयो के-"हे भगवन् ! आपरी कृपा सूं म्हारो मोह मिट गयो, स्मृति आ गई, आप जो आज्ञा करोला सो मैं करूंला।"

जठी कांनी योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण, धनुर्द्धारी अर्जुन है, उठी कांनी लक्ष्मी, जीत, ऐश्वर्य और न्याय स्थिर है, इण में सन्देह नहीं है। इति शम्। श्रीकृष्णार्पणमस्तु।

नारायणोत्तरपद-गोविन्देन सुधीमता ।
भगवद्गीतसारोऽयं रचितः स्यात् सतां मुदे ॥ १ ॥

गोविन्द.

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

ईश्वर की हस्ती ।

ईश्वर की कुदरत (गति) बड़ी अनोखी वो अजीब है कि अपने आप साबित होने वाले परमेश्वर के होने के सबूत लिखने के लिये कलम हाथ में लेनी पड़ती है। जिस ईश्वर ने इस सब दुनिया को बनाया, जिस में क्या तो जानदार और क्या बेजान सभी चीजें शामिल हैं, जो इन की हर वक्त निगहबानी रखता है, परवरिश करता है, खतरों से बचाता है, गुनाह पर गुनाह करने पर भी खान को रोटी, पीने को पानी, पहनने को कपड़े, रहने को मकान देता है, उस परवरदिगार को न मानना कितनी भारी भूल है। सच पूछिये तो जिस ईश्वर के बिना यह सब कुछ कुछ नहीं है, उस को साबित करने के लिये कलम उठाना पड़ता है, यह एक अजीब बात है। मगर किया क्या जाय, जब कि इस नाजुक जमाने में ईश्वर को न मानना एक हौवा सा हो चला है। ईश्वर के न मानने वाले काफिर लोग इतने आगे बढ़ गये हैं कि वे ईश्वर को खुला चैलेंज (Chalange) दे रहे हैं कि अगर ईश्वर है तो वह हमारे सामने चौड़े क्यों नहीं आता और हमारे तानों व मलामतों का जवाब क्यों नहीं देता! बड़े अचरज की बात है कि इस तरह के खयालात हर रोज बढ़ते चले जाते हैं। उनको रोकने के लिये यह कोशिश उसी ईश्वर की मनशा और उसके सुझाव से की जाती है। उम्मेद है कि उस की मिहरबानी से दुनिया के ख्यालात पलट जायग, नहीं तो कम से कम, आगे बढ़ने से तो जरूर ही रुकेंगे।

ईश्वर किसे कहते हैं ?

सब से पहले यह बतलाना निहायत जरूरी है कि ईश्वर किसे कहते हैं ? जो सब का मालिक हो और सब पर हुकूमत करे और जिस पर किसी दूसरे की हुकूमत न हो, वह ईश्वर कहलाता है। सब को अपने २ काम में लगाने वाला और उन पर निगरानी रखने वाला ईश्वर है।

ईश्वर के दो ज़ात व सफात (भेद)।

ईश्वर की दो शक्लें मानी जाती हैं, एक तो सिफती (सगुण) और जिस्मानी (साकार) और दूसरी बेसिफती (निर्गुण) और रूहानी (निराकार)। इन में से जिस्मानी तो वह तब होता है जब वह तजस्सुम (अवतार) लेता है और रूहानी वह हमेशा रहता ही है। जिस्मानी को तो आदमी तब देख सकता है जब वह खुद ब खुद किसी गरज से मुजस्सिमी होकर (अवतार लेकर) आता है या कोई तपसी या भगत बन कर उसकी इबादत करता है और वह मिहरबान होकर उसे दिखाई देता है। और रूहानी दिखाई दे ही नहीं सकता, क्योंकि वह बेजिस्मी है।

ईश्वर की शरह वो सिफात (लक्षण)।

ईश्वर की कई शरह व सिफात हैं जिन में से एक यहां लिखी जाती है। ईश्वर वह है जो हर चीज को बनाने, बनी हुई को मिटाने और चाहे जिस तरह या और तरह से बनाने की कुव्वत (शक्ति) रखता है। मसलन्, ईश्वर (कादिरे मुतलक) इन चश्मों से दिखाई देने वाली दुनिया को बनाता है जिस में सूरज, चांद, तारे, आग, बिजली, हवा, पानी, जमीन, आसमान, फरिश्ता, देव, आदमी, परिंद, चौपाये, पहाड, समुंदर, नदियां, झीलें, पठार, मिट्टी, कंकड़, दरख्त, पौधे, बेल, फल, फूल, बीज, धान, फसलें, मौसिम. इल्म, हुनर, हिकमत, नजूम, हैयत, क़वायद,

बेद, पुरान, कुरान, हदीस, बाइबल, इन्जील, वगैरः शामिल हैं। यह उस की हर चीज को बनाने की कुदरत हुई। वह इन सब चीजों को नेस्तनाबूद कर देता है, यह उसकी बनी हुई चीज को मिटाने की ताकत हुई। वह इन सब चीजों को जिस तरह बनाना चाहे उसी तरह बना सकता है और इन को ऐसी अजीब तरह से भी बना सकता है जो हमें या किसी को भी आगे या पीछे न तो मालूम हो सकती है और न समझ में आ सकती है। इसी लिये वह कादिरे मुतलक (सर्वशक्तिमान्), हाजिर नाजिर (सर्वव्यापक) और हमादां (सर्वज्ञ) कहलाता है।

यह ईश्वर की तरह जिस्मानी और रूहानी दोनों में बराबर बैठती (मौजूं होती) है।

ईश्वर की इनायतें।

हर मखलूक पर ईश्वर की कई इनायतें हैं जिन का पार कोई नहीं पा सकता। उन में से चंद इनायतें नीचे लिखी जाती हैं।

अव्वल तो हर मखलूक को सांस लेने के लिये हवा की जरूरत है कि जिसके बगैर वह पांच मिनट भी जी नहीं सकता, इसी लिये परवरदिगार ने हवा को मुफ्त दे रखी है। उसने हवा को सब जगह, सब वक्त और चारों ओर से बहने वाली बनाया है कि जिस से सांस लेने के लिये हवा को लाने, लेजाने ढूंढने, कोशिश करने की कुछ भी जरूरत नहीं है। वह हर लहमे में हरदम जहां बैठ हो वहीं पास ही रहती है। इस हवा की सब से ज्यादा जरूरत है इस लिये उसने रहम फरमाकर इस की कुछ कीमत नहीं लगाई है।

दूसरा, हवा से कम जरूरत पानी की है। आदमी बगैर रोटी खाये आठ दिन तक जिन्दा रह सकता है मगर बगैर पानी के दो दिन भी नहीं रह सकता। इस लिये परमेश्वर ने पानी

भी बिना मोल के मिलने वाला बनाया है। जो अज़ खुद घड़ा भर कर ले आवे तो उस को कुछ भी दाम देने नहीं पड़ते। और अगर किसी दूसरे के ज़रिये मंगवावे तो फी घडा पैसा या दो पैसा लगता है, जो बहुत थोड़ी रक़म है। उसने पानी को भी करीब करीब बिना क़ीमत का ही बनाया है।

तीसरा, पानी से कम ज़रूरत अनाज की है जो एक रुपया का आठ सेर से ले कर बीस सेर तक का मिलता है।

इस से साफ़ साबित होता है कि जिस चीज़ की ज्यादा से ज्यादा ज़रूरत है उस को परमात्मा ने बिना मोल की बनाई है। जिस चीज़ की कम ज़रूरत है उस का थोड़ा मोल लगाया है। जिस चीज की कम से कम ज़रूरत है उस का मोल ज्यादा से ज्यादा लगाया है, मसलन् फल, बादाम, ज़ाफरां, मुश्क, वग़ैरः।

चौथा, धान से कम ज़रूरत कपड़े की है जिस के दाम भी ज्यादा नहीं लगते। ज़रूरत मुवाफ़िक़ कपड़े कराये जावे तो अमूमन फी इन्सान रु० २) माहवार का खर्चा काफ़ी होगा।

पांचवां, परमात्मा ने आदमी को दस किस्म के बाहिर की कुव्वत-इ-हवास (इन्द्रियां) दी हैं जिन से उसको बाहिर की दुनियावी चीज़ों का इल्म होता है। इन दस में से पांच तो हवास-इ-खमसा (इल्म या ज्ञान की इन्द्रियां) हैं और पांच खिलकी या जाती हरकत (काम करने की इन्द्रियां) हैं।

हवास-इ-खमसा ये हैं:-

(अ) आंख-इस से चीज का रंग व शक्ल देखी जाती है।

(आ) नाक-इस से खुशबू व बदबू का तजरुबा होता है।

(इ) कान-इस से आवाज़ सुनी जाती है।

(ई) जीभ-इस से मीठा, खट्टा, खारा वगैरा जायक़ा जाना जाता है।

(ठ) चमड़ी–इस से गर्म, ठंडा, नर्म, करड़ा, वगैरह का इल्म होता है।

हरकत की इन्द्रियां ये हैं–

(क) हाथ–इन से चीज उठाई जाती है।

(ख) पैर–इन से एक जगह से दूसरी जगह चलना होता है।

(ग) जीभ–इसे से बोला जाता है।

(घ) इन्द्री–इस से पेशाब किया जाता है और हमबिस्तर होता है।

(ङ) मिकद (गुदा) इस से टट्टी बाहिर निकलती है।

इन में से हरेक परमेश्वर की इनायत है। अगर ये नहीं होतीं तो आदमी कुछ भी नहीं कर सकता, न इल्म हासिल कर सकता, न दुनिया का रोजगार कर सकता और न किसी का भला कर सकता, न किसी को इल्म दे सकता वगैरा।

छठा, ऊपर लिखे हुए हवासे जाहिरी तो बाहिर के हैं और अन्दर की चार हवासे बातनी और हैं जिन को मन, अक्ल, दिल और दिमाग कहते हैं। इन में से

(अ) मन–जो उधेड़ बुन करता है कि यह करूँ या वह करूँ।

(आ) अक्ल–सोचती है कि क्या करना चाहिये या न करना चाहिये और फिर अखीर फैसला करती है कि यह करना चाहिये।

(इ) दिल–फैसले को याद रखता है और सब तमरुवों को अपने में उस जमा रखता है।

(ई) दिमाग यह मैं, यह मेरा, यह तू यह तेरा, ऐसा सोचता रहता है।

अगर ये हवास बातनी (अन्दर की इन्द्रियां) नहीं होतीं तो याद रखना, उपजना, समझना, याद आना नेक काम करना, बुरा काम न करना, यह मेरा है, यह दूसरे का है वगैरा बातें

नहीं हो सकती थीं। इन से ही आदमी ईश्वर को याद कर सकता है, उस की इनायतों को समझ सकता है, उन से फ़ायदा उठा सकता है, ईश्वर को देख सकता है, बुला सकता है। इस से ये परमेश्वर की अनमोल इनायतें हैं, यह साफ़ साबित होता है। अगर इन में से एक भी न हो तो उस कमी को किसी तरह भी और कितना ही जर खर्च करने पर भी पूरा नहीं किया जा सकता।

ईश्वर की कुदरत।

ईश्वर की कुदरत न तो आज तक किसी के समझ में आई, न आती है और न आवेगी, किसी ने सच कहा है कि

पड़े भटकते हैं लाखों दाना
करोड़ों पण्डित हज़ारों स्याने।
जो खूब देखा तो यार आख़िर
खुदा की बातें खुदा ही जाने॥

इस दुनियां की कई चीज़ों में से किसी एक चीज पर ग़ौर कर देखने से भी कुछ पता नहीं लगता कि यह कैसे पैदा हुई, कैसे बढ़ी, कैसे ज़िन्दा रहती है, कैसी २ हरकतें अपने आप होती रहती हैं, कैसे इस का कारोबार होता है, कैसे बाहिर निकलने वाली चीज़ें अपने आप बाहिर निकल जाती हैं, अन्दर रहनेवाली चीज़ें अन्दर रहती हैं, कैसे मौत आती है, कब आती है, वग़ैरः वग़ैरः। कितनी ही अचरज से भरी बातें हैं। मसलन् इन्सान को ही लीजिये कि यह कैसे बाप की पुश्त से मा के रहम में नुतफ़ा क़रार पाता है, फिर वो मा के शिकम में कैसे नश वो नुमा पाता है (बढ़ता है), वहां आजाय तनासुल हाथ, पैर, नाक, कान, आंख, जीभ, सिर, छाती वग़ैरः अन्दर के अन्दर ही कैसे बन जाते हैं, नौ महीने होने पर अपने आप ही बाहर क्यों आ गिरता है,

बच्चा पैदा होने से पहले मा के थनों में दूध कैसे पैदा हो जाता है बचपन, जवानी, बुढ़ापा, मौत वगैरः कैसे अपने २ वक्त में आते हैं, वगैरः ऐसी कई बातें हैं जिन का जवाब आज तक न तो पूरे तौर से समझ में आया और न आ सकता है। अगर इन में से कोई चीज न हो तो उस कमी को कोई पूरी नहीं कर सकता। नई चीज का बनाना तो किसी के कमी न तो आज तक हाथ रहा है और न रहेगा। मसलन् छोटे से छोटा घास का एक तिनका भी कोई कभी नया नहीं बना सकता। जब मेह बरसता है और बरसात की मौसिम आती है तभी घास अपने आप उग आता है। बिना मौसिम क कोई चीज होती ही नहीं। आम का बीज बोने से आम का पेड़ निकल आता है। नीम की निंबोरी लगाने से नीम उग जाता है। पानी अपने आप नीचे की ओर ही बहता है। अनार के अन्दर दाने अपने आप ऐसे बन जाते हैं गोया मानक जड़े हों। अगर कोई शख्स उन को बाहिर निकाल कर पीछा बिठना चाहे तो किस की मजाल है कि वह उन को उसी तरह पीछा बिठा सके। सूरज, चांद सितारे वगैरः हमेशा पूरब में ही उगते हैं और पच्छम में छिपते हैं। पानी से भाप बन कर बादल बनते हैं। बिना बादलों क कभी पानी नहीं बरसता। पेट में खाया हुआ धान कैसे पचता है। उस का फुजला (मल) अपने आप कैसे बाहिर निकलता है। उस का मांस कैसे बनता है। मांस स मन कैसे बनता है। वह बाहिर क्यों नहीं निकलता। पीया हुआ पानी का पशाब कैसे हो जाता है, वह अपने आप कैसे बाहिर आजाता है, पानी स सांस कैसे बन जाते हैं। घी, तेल, वगैरः खाने पर उनकी हड्डी कैसे बनती है। हड्डी स बोली कैसे बन जाती है। आंख में नूर और दिल में सरूर कौन पैदा करता है जिस स चीजें दिखाई देती हैं। नाक से खुशबू बदबू कैसे आनी

जाती है। कान में से आवाज कैसे सुनाई देती है। जीभ से मीठा, खट्टा कैसे जाना जाता है। जीभ से कैसे बोला जाता है। चमड़ी से सर्दी, गर्मी का इल्म कैसे होता है। मछली को पानी में तैरना कौन सिखाता है। दूध को शुरु में सुफेद किसने बनाया। सब चीज़ों के नाम पहले पहल किसने दिये। नया पैदा हुआ बच्चा दूध पीना कैसे सीखता है और कौन सिखाता है। काठ में आग किस ने डाली, सोतों में से पानी कैसे उबकता है। मेंहदी में रङ्ग किसने डाला। तिलों में तेल कैसे छुपा रहता है। दूध में घी किसने डाला। चकमक में आग किसने रखी। शहद में मिठास किसने दिया। ईख को मीठा वो नीम को खारा किसने बनाया। कभी हम जो चाहते हैं वही बात होती है, कभी हम चाहते हैं वह बात नहीं होती, कभी हम नहीं चाहते हैं, वह बात हो जाती है, ऐसा क्यों होता है और कौन करता है। तरह तरह के जानवर किसने बनाये। रङ्ग बेरङ्ग के परिन्द किसने बनाये। भूचाल कैसे और क्यों होता है। आदमी बीमार क्यों होजाता है। बीमारी को रफा करने वाली दवाएं किसने पैदा कीं। समुन्दर का पानी खारा क्यों बनाया। नदियां वो तालाबों का पानी मीठा किसने बनाया। बीज बोने से वह अपने आप कैसे उग आता है, पानी सींचने से वह कैसे बढता है। नाज खाने से ज़िन्दगी कैसे क़ायम रहती है, बिना खाये मौत क्यों आजाती है। मौत क्या चीज है और वह क्यों बनाई गई। अपने रिश्तेदार, बाल बच्चे, जोरू वग़ैरः से प्यार क्यों किया जाता है। दुश्मन से वैर व खार अपने आप क्यों आता है। घर का आदमी मरने से क्यों रोना आता है। घर में बच्चा पैदा होने से खुशी क्यों होती है। अपने मालिक की खैरख्वाही क्यों की जाती है। उस की वफ़ादारी करने पर भी बुरा नतीजा क्यों मिलता है। किये हुए भले वो बुरे कामों

का फन्न कौन टना है। सवाप का फल सुख और अवाब का फल दुख क्यों होता है। भली से बुरी अक्ल कौन रता है। भले आदमी स मिलने पर खुशी क्यों होती है और बुरे आदमी से नफरत क्यों आती है। मन क विचार हमेशा यकसा क्यों नहीं रहव। य हरदम क्यों बदलते रहते हैं। कोइ चीज हमशा क्यों नहीं रहती। उसका कभी न कभी नाश क्यों होता है। हस की चोंच में दूध और पानी को जुदा करने की सिफत किसने दी? अगुली क छून स लजवन्ती क्यों कुम्हला जाती है और दूसरी बल क्यों नहीं कुम्हलाती सूरजमुखी फूल सूरज की तरफ मुह किये क्यों रहता है? फूलों को कौन खिलाता है? झरनों स कौन गीत गवाता है, नदियों को मस्त चाल में कौन चलाता है? कमल का फूल पानी में क्यों नहीं डूबता। तुषा पानी में कैसे तैरता है वगैरः वगैरः। अचम्भा और हैरानी तो इस बात की है कि उसकी बनाइ हुई किसी चीज क जर्रे की भी हूबहू नकल करना किसी क मकदूर में नहीं है और चीजों क बशुमार होते हुए भी एक दूसरी से हूबहू कभी नहीं मिलती।

ईश्वर की सूरत (स्वरूप)।

अगरचे ईश्वर की कोइ सूरत या शक्ल नहीं है तो भी परमेश्वर क प्यार अम्बियों न उस की तीन सूरतें बयान की हैं जिनमें स

१ पहली-जो उसकी हस्ती (सत्य या सत्ता) है, यानी यह सब जगह मोजूद रहता है, ऐसी कोई चीज नहीं, जगह नहीं, वक्त नहीं, जहां, जिस जगह और जिस वक्त यह न रहता हो।

दूसरी-उसकी बाख्वरियत या इल्म (चिन्मयरूप या ज्ञान) है यानी यह सब क मन की बात को हर लहमे में जानता रहता है। ऐसी कोइ बात नहीं जिस को यह न जानता हो

वा न जान सके। क्या तो गुज़िश्ता, क्या मौजूदा वो क्या आयंदा वह सब बातों को जानता है।

३. तीसरी—उसकी फ़रहत वा बेहद खुशी (आनन्द स्वरूप) है। दुनियां में जितनी खुशियां वा मौज मज़ा वग़ैरः हैं वे सब उस से आते हैं। उस खुशी के आगे ये सब खुशियां कुछ भी वक़्त नहीं रखतीं।

इसके सिवाय ईश्वर में सब इख़तिलाफ़ (विरोध) की बातें पाई जाती हैं, जैसे वह जिस्मानी भी है और रूहानी भी है, वह सिफ़त (गुण) वाला भी है और बे-सिफ़त (निर्गुण) भी है, वह सबसे छोटे से छोटा और सब से बड़े से बड़ा है, उस में अचरज भरी सब बातें रहती हैं। वह हर जगह मौजूद रहता है और दिखाई नहीं देता। उसके आंखें न होने पर भी वह सब कुछ देख सकता है, कान न होने पर भी सब सुन सकता है, नाक न होने पर भी सब सूंघ सकता है, जीभ न होने पर भी सब चख सकता है और बोल सकता है, हाथ न होने पर भी चीज़ें उठा सकता है, पैर न होने पर भी एक जगह से दूसरी जगह जा सकता है, न उसकी शुरुआत है और न उसका अख़ीर है, वह सब को पैदा करता है मगर उसको पैदा करने वाला कोई नहीं, यानी वह अपने आप ही पैदा हुआ, पैदा होता है और पैदा हो सकता है और पैदा होगा, उस के कोई बदन नहीं है तो भी वह सब रूहों में रहता है, उस के कोई नाड़ियां, रगें, नसें, वग़ैरः नहीं हैं, वह खुद पाक है और पाक चीज़ों को पाक बनाने वाला है, उसके न तो कोई नेकी है और न कोई बदी है, उसके सामने न सवाब न (पुन) है और न अज़ाब (पाप) है, वह सब को देखने वाला, सब को जानने वाला, सब से बढ़िया, सब से ऊंचा, सब का पैदा करने वाला, सब की परव-

रिश करन वाला, सब को मारने वाला, सब को चलाने वाला, सब पर हुकूमत करने वाला, अपने बन्दियों (भगतों) पर खुश होने वाला, सब का भला चाहने वाला और करने वाला, न किसी का दोस्त और न किसी का दुश्मन, सब को एक नजर से देखने वाला, किसी की तरफदारी नहीं करने वाला, भला करने वालों का भला करने वाला और बुरा करन वालों का बुरा करने वाला, गुनाहगारों को सजा देने वाला और सवाब करन वालों को इनाम देने वाला, सब तरह की ख्वाहिशों से परे, मन के परे, अक्ल से परे, दिमाग से परे, वेदों को बनाने वाला, इल्म को बनाने वाला, अपनी रोशनी से रोशन होने वाला, सब के हिरदे में बैठा हुआ, सब में छुपा हुआ, सब की रूह होकर रहने वाला, फैलों के नतीजों को पहुंचाने वाला, कामों के फल को देने वाला, जिसमें सब रूहें रहती हैं और जो खुद सब रूहों में रहता है सब का गवाह रूप से देखन वा रहने वाला, सब चेतनों का चेतन हमेशा रहने वाला, बहुतों में एक हो कर रहने वाला, सब की पैदायश का सबब, उसको न तो सूरज, न चांद, न तारे, न आग, न बिजली रोशन कर सकती है, बल्कि ये सब उस की रोशनी से रोशन होते हैं, जो आग में, जल में, मिट्टी में, आसमान में, हवा में, सब दुनिया में, दरख्तों में, पेड़ों में, फूलों में, फलों में, पत्तों में, मौजूद है। वही दुनिया है और दुनिया वह है जिस में सब समाये हुए हैं और जो सब में समाया हुआ है और फिर सब से अलग है, वह सब चीजों को उठाये रखन वाला सब को मिटाने वाला और सब को फिर पैदा करने वाला है। सूरज, चांद तारे, अपना २ काम उसी के हुक्म से करते हैं, समुन्दर अपनी मरजाद उस के डर से नहीं छोड़ता है नदियां उसके हुक्म से सदा बहती चली जाती हैं। वही झरनों से गीत

गवाता है और फूलों में हँसी का राज ओ नाज लाता है वगैरः।

ईश्वर कहां रहता है ?

ऐसी कोई जगह नहीं, चीज नहीं, रूह नहीं, जहां वह न रहता हो। वह सब जगह. सब वक्त, हर दम मौजूद रहता है। उस से खाली कुछ भी नहीं है। वह सब में समाया हुआ है। उसकी बूद व नाबूद (माया) से चकराया हुआ इन्सान उसको नहीं देख सकता। जब उसकी मिहरबानी से माया हट जाती है तब वह अपने आप दिखाई देने लग जाता है।

ईश्वर को पाने के ज़रिये।

ईश्वर को ढूंढ़ने के लिये कहीं जाने की जरूरत नहीं है। वह तो सब जगह मौजूद है, यहां तक कि वह हरेक इन्सान व शह में रूह हो कर बैठा हुआ है। सब इन्सानों में बैठा हुआ होने पर भी वह दिखाई नहीं देता। यह रूह ईश्वर का ही जर्रा है। यह भी इतना छोटा वो बारीक है कि यह न तो आता हुआ यानी जन्मता हुआ और न जाता हुआ यानी मरता हुआ देखा जा सकता है। तो फिर ईश्वर जो रूह से भी पाकतर है, कैसे देखा जा सकता है? उस को तो वे ही वली देख सकते हैं जो उस की सच्चे मन व तह दिल से इबादत करते हैं। इबादत से खुश होकर वह अपने आप अपनी जलवा (सूरत) दिखा देता है। ईश्वर की माया से छूटे बिना ईश्वर देखा नहीं जा सकता। इस माया से छूटने का ज़रिया सिर्फ एक ही है और वह है उसकी इबादत कर उसकी पनाह मंजूर करना। ईश्वर की पनाह में जाने के बाद किसी को कुछ भी करना कराना बाकी नहीं रहता। वह परवरदिगार अपने आप सब कुछ करता कराता है। पनाह पाने के दूसरे भी ज़रिये हैं, जैसे नतीज़े (फल) की चाह न रख कर

काम करना, जो काम करना ईश्वर के लिये करना और अपने लिये कुछ न करना, जो काम करना उनका फल, ईश्वर को सौंप देना। ईश्वर को सब तरह जान लेना, उसका नाम रटना, उस की इबादत करना, उस को हर दम याद करना, उस को कभी न भूलना, उस का अदब करना, वगैरः।

ईश्वर के पाने का नतीजा।

अब यह सवाल बाकी रह जाता है कि ईश्वर को पा लेने से क्या नतीजा निकलता है? इस का यही जवाब है कि इन्सान ईश्वर को भूला हुआ है और अपने मतलब में डूबा हुआ है। वह फिजूल चंद-रोज़ा यानी फ़ानी (अनित्य) चीज़ों के पीछे २ भटकता रहता है। अगर वह अपना मन इन आरिज़ी चीज़ों से हटा कर अबुदुल आबाद (हमेशा रहने वाले) की तरफ लगा दे तो उसको हमेशा क़ायम रहने वाली जगह मिल जाय। इन्सान ईश्वर को न मानने वो उस पर भरोसा न करने के सबब ही और अपनी इ[illegible] का इख़्म पसन्द करने से ही हैयात और ममात (जनमने और मरने) के चक्कर में फँसा रहता है और हमेशा भटकता रहता है। दुनिया दुःखों से भरी पड़ी है। या यों कहिये कि दुनिया में दुःख ही दुःख हैं। उन सब दुःखों में भी जनमने और मरने का दुःख सब से ज्यादा है। जनमने और मरने के हमेशा के दुःखों से छुटकारा पाने का एक ज़रिया ईश्वर की पनाह में आना ही है, जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है। "ईश्वर है" इस बात का भरोसा न रख कर ही इन्सान गुनाह या पाप किया करता है। अगर इन्सान ईश्वर को हाज़िर नाज़िर समझने लग जाय तो वह कभी पाप नहीं कर सकेगा। मसलन्, जब कभी कोई इन्सान गुनाह करने लगता है तो वह पहले चारों

तर्फ़ नज़र फैला कर देखता है कि यहां कोई है तो नहीं और जब उसे कोई दिखाई नहीं देता है तब वह अपने मन में यह समझता है कि मुझे कोई नहीं देखता। अगर किसी के कोई गुनाह करते वक्त कोई दूसरा इन्सान आ जाय तो वह फौरन उस गुनाह को करते रुक जायगा। अगर इन्सान की जगह पुलिस का सिपाही (कांस्टेबल) आ जाय तो वह ज़ियादा ख़ौफ खावेगा। अगर पुलिस का अफसर इन्स्पेक्टर, सुपरिंटेंडेंट, वा आई. जी पी. आ जाय तो उससे भी ज़ियादा घबरा जावेगा। और अगर खुद दरबार साहब आ निकलें तो वह डर के मारे थर थर कांपने लग जायगा। मगर ईश्वर जो राजाओं का भी राजा और शाहों का भी शाह है उसके हाज़िर नाज़िर रहते अगर कोई इन्सान गुनाह करे तो ज़रूर बिल ज़रूर कहना होगा वो मानना पड़ेगा कि वह इन्सान ईश्वर को सिर्फ कहने में ही मानता है, और दर असल ईश्वर को हाज़िर नाज़िर नहीं समझता। अगर वह ईश्वर को मानता तो वह कभी कोई गुनाह किसी जगह वा किसी वक्त नहीं करता, क्यों कि ईश्वर तो हमेशा उस के साथ सब जगह और सब वक्त में रहता है। गुनाह करते वक्त अन्दर से जो जमीर (उस वक्त का दिल Conscience) कम्पायमान होता है, वही शक्ति है जो गुनाह से बाज़ रखने का इशारा करती है। मगर गाफिल इन्सान उस पर ध्यान नहीं देता है और गुनाह कर बैठता है। ईश्वर को नहीं मानने वाला ही पाप, गुनाह, जुर्म, जुल्म, वगैरः किया करता और ईश्वर को मानने वाला कभी कोई जुर्म या जुल्म नहीं करता। जो इन्सान ईश्वर को मानता है उस के दिल में किसी न किसी तरह से ईश्वर हरदम बसा हुआ रहता है और उससे किसी तरह का गुनाह या पाप नहीं होता। क्योंकि जब उस का मन

कभी पाप करने की ओर मुखातिब होगा तो फौरन ईश्वर उसके दिल की आंखों के आगे आ खड़ा होगा और वह खौफ खाकर गुनाह करने से रुक जायगा। इस वास्ते अगर सब ही इन्सान ईश्वर को मानने वाले हो जायं तो फिर कोई किसी को किसी तरह की तकलीफ कभी न देगा। तकलीफ न रहने से सब जगह अमन चैन हो जावेगा। ईश्वर का नाम रटने वो उसकी इबादत करने से सब तरह की तकलीफों से छुटकारा होता है। ईश्वर को पाक दिल से लगातार हर दम याद करने, इबादत करने, गाना गाने, ईश्वर की तारीफ की नज्म या शेरों ओर २ से पढ़ने, उसकी पाक जगहों की जियारत करने, उससे दुआ करने वगैरः से इन्सान के सब पाप धुल जाते हैं। इनसे बढ़ कर कोई तरकीब ईश्वर को पाने की नहीं है। ईश्वर को पा लेने से हैयात वो ममात (जनमने मरने) की तकलीफ से छुटकारा हो जाता है और रिहाई या निजात (Salvation या मोक्ष) मिल जाती है जिस से बढ़ कर इन्सान के फायदे की कोई चीज इस दुनिया में नहीं है।

ऊपर ईश्वर की हस्ती, सूरत, जगह, पाने के जरिये और उन का नतीजा लिख कर अब आगे ईश्वर के होने के कुछ सबूत दिये जाते हैं। सबूत अमूमन दो किस्म के होते हैं, एक तो वह जो यहास-ए-खमसा के जरिये जाने जाते हैं जिन को चश्मदीद सबूत कहते हैं और दूसरा अन्दाजह या काबिल-इ-इस्तदलाल होता है। पहले किस्म के सबूतों में जिस चीज की शक्ल या सूरत होती है वह तो आंखों के जरिये जानी जा सकती है, जिस में किसी किस्म की बू हो वह नाक के जरिये जानी जा सकती है, जिस में किसी किस्म की आवाज हो वह कान के जरिये जानी जा सकती है, जिसमें कुछ जायका हो वह

जीभ के जरिये जानी जा सकती है और जिस में सर्दी गर्मी, नरमी कड़ापन वगैरः हो वह चमड़ी के ज़रिये छूने से जानी जा सकती है। मगर ईश्वर इन में से किसी से भी जाना नहीं जा सकता, क्योंकि उसकी न तो कोई सूरत है, न उसमें बू है, न आवाज है, न जायका है, न नरमी गरमी ही है। वह तो सिर्फ़ दिल की आखों से देखा जा सकता है और अक़्ल के जरिये समझ में आ सकता है। जैसे कि किसी शायर ने कहा है:—

(शेर)-दिल के आईने में है तसवीरे यार।
जब जरा गर्दन झुकाई, देखली ॥
फासिला कूच-ए-महबूब का, क्या पूछते हो।
जैसा मुश्तहाक़ हो, नजदीक भी है, दूर भी है ॥

नीचे दिल व दिमाग़ के जरिये समझ में आने वाले ५ पांच सबूत लिखे जाते हैं:—

दिमाग़ के सबूत।

१. पहला सबूत-इस दुनिया में हरेक इन्सान यह जानता है और कहता है कि "यह मैं हूं", यह 'मेरा' बदन है, यह 'मेरा' मन है, यह 'मेरा' दिमाग़ है, यह 'मेरा' इल्म है, यह 'मेरी' रूह है। इन में "मैं" है, वही ईश्वर है।

२. दूसरा सबूत-हरेक इन्सान के बदन के पांच हवास अन्दरूनी माने जाते हैं जिन के नाम धान, सांस, मन, अक़्ल और मज़ा हैं। धान के खाने से यह बदन जिन्दा रहता है, सांस लेने से ख़राब हवा बाहिर निकलती है और ताजा हवा अन्दर जाती है, मन मनसूबे किया करता है, अक़्ल से सोच विचार किया जाता है और मज़े से ख़ुशी हासिल होती है। इन पांचों बातों के बाबत हरेक इन्सान कहता है, कि-यह 'मेरा' बदन

है, यह 'मेरा' सांस है, यह मेरा ' मन ' है, यह 'मेरी' अक्ल या इल्म है, यह 'मेरा' मजा या खुशी है। यह तजरबा ही ईश्वर है।

३ तीसरा सबूत—सब लोग देखते हैं कि यह दुनियां है, यह आसमान है यह सूरज है, यह चांद है, ये तारे हैं, यह आग है, यह हवा है, यह पानी है, यह जमीन है, वगैरः। इन सब में जो ' है या हस्ती'' है, वही ईश्वर है। यह ईश्वर की "हस्ती" का पूरा सबूत है। इस हस्ती (सत् Being) का इल्म जिस के जरिये से होता है, वही ईश्वर है।

४ चौथा सबूत—हरेक आदमी जानता है कि आंख से सूरत जानी जाती है, जीभ से जायका जाना जाता है, नाक से बू जानी जाती है, कान से आवाज जानी जाती है, चमड़ी से नर्म गर्म जाना जाता है। यह देखने वाला, छूने वाला, सुनने वाला, सूँघने वाला, चखने वाला, मनसूबे करने वाला, सोचने वाला जो इल्म-दार जानदार चीज है, वही ईश्वर है। यह जानना (चित् Knowledge) जिस के जरिये से होता है, वही ईश्वर है। सब चीजों का तजरबा करने वाला भी ईश्वर ही है।

५ पांचवां सबूत—इस दुनिया में इन्सान को सब से जियादा प्यारी अपनी रूह है। अपनी रूह या जान अपने लड़के से प्यारी है, अपनी जोरू (औरत) से प्यारी है, अपने जर (धन) से प्यारी है, अपने नोकर चाकरों से प्यारी, अपने परिवार से प्यारी है, अपनी जमीन से प्यारी है, यानी सब से प्यारी है। ये सब लड़के, जोरू, जर, जमीन वगैरः इस लिये प्यारे हैं कि इनसे रूह को खुशी या सुख होता है। यह खुशी या सुख ही ईश्वर है। यह सुख (आनन्द Bliss) जिस के जरिये से होता है, वही ईश्वर है। इस इन्तिहा सुख से ही इन्सान पैदा होते हैं, बढ़ते हैं और उसी में आखिर मिल जाते हैं। यह इन्तिहा सुख ही ईश्वर

का सच्चा सबूत है। जब कभी कोई शक्स कोई निराली, खटकने वाली अक्ल की बात कहता है तो सुनने वाले को उस से खुशी होती है। यह खुशी जिसको होती है, वही ईश्वर है।

अन्दाजह के सबूत।

दूसरा सबूत अन्दाज़ह वा दिमाग में बैठने वाली दलील का होता है। मसलन् किसी ने अपने बाप को तो देखा मगर अपने दादा परदादा को नहीं देखा। तो भी उस को उन्हें न देखने पर भी दादा और परदादा को मानना पडता है। यह अन्दाज़ह का सबूत कहलाता है। कोई शक्स किसी पर्दे के पीछे वा मकान के अन्दर बैठ कर आवाज़ देता है, उस को कोई दूसरा शक्स आंख से तो नहीं देख सकता मगर उसकी आवाज़ सुनाई देती है जिस से उस दूसरे शक्स को मानना पड़ता है कि पर्दे के पीछे और मकान के अन्दर कोई आदमी है। कोई चीज़ विना किसी सबब के पैदा नहीं होती, मसलन् ज़मीन में बीज बोने से ही दरख्त उगता है, विना बीज बोये दरख्त अपने आप नहीं उगता वग़ैरः। इस किस्म के सबूत तजवीज़ की रू से मानने के लायक़ सबूत होने हैं। अब इस किस्म के दस सबूत नीचे दिये जाते हैं।

१ पहला सबूत-सबब (कारण या cause) के विना कोई मुसब्बब (कार्य या effect) नहीं होता, यानी इल्लत विना माल्लूल नहीं होता। वैसे ही किसी चीज़ का सबब जरूर होता है। मसलन्, मिट्टी का घडा नाम की चीज़ को बनाने के लिये मिट्टी का होना जरूरी है, क्योंकि विना मिट्टी के घडा बन नहीं सकता। इस का बनाने वाला कुम्हार होता है। घड़े को देख कर हरेक आदमी जान लेता है कि इसका बनाने वाला कोई न कोई कुम्हार ज़रूर है। कपड़े को देख कर इन्सान अन्दाज़ह लगा लेता है कि इसका

बुनने वाला जुलाहा है। सोने चांदी के जेवर को देख कर आदमी अन्दाजह कर लेता है कि इसका घड़ने वाला सोनार है। उसी तरह इस दुनिया को देख कर अक्लमन्द लोग जान जाते हैं कि इसका बनाने वाला ईश्वर जरूर है जो जानदारों का भी जानदार, सब तरह की ताकत वाला, सब जगह मौजूद रहने वाला और सब बातों को जानने वाला है।

२ दूसरा सबूत—कोई भी काम किसी किस्म की हरकत बिना नहीं होता। और यह हरकत बिना जानदार के हो नहीं सकती। मसलन् घड़े को बनाने के लिये कुम्हार हरकत करता है, कपड़ा बुनने के वास्ते जुलाहा हरकत करता है, जेवर घड़ने के लिये सोनार हरकत करता है, वैसे इस दुनिया को बनाने के लिये जो जानदार सब कुव्वत वाला हरकत करता है, वह ईश्वर है। बगैर किसी जानदार कारीगर की हरकत के यह अनोखी व अजीब दुनिया बन नहीं सकती, इस लिये जिस जानदार कारीगर ने इस दुनिया के बनाने के लिये शुरु में हरकत कर इसे पैदा किया, करता है और करेगा, वह ईश्वर है।

३ तीसरा सबूत—कोई चीज बगैर किसी सहारे या टेकन के ठहर नहीं सकती। अगर कोई परिंद अपनी चोंच में एक लकड़ी का टुकड़ा पकड़ कर आस्मान में उड़ता है और जब तक वह उसे पकड़े रहता है तब तक वह टुकड़ा नीचे नहीं गिरता। और जब वह परिंद उस टुकड़े को छोड़ देता है तो वह नीचे आ पड़ता है। यह पकड़ने या थामे रहने का काम बगैर किसी ताकतवर जानदार के हो नहीं सकता। जिस जानदार अजीम ताकत वाले ने इस इतनी बड़ी दुनिया को गिरने व बिखरने से थाम रखा है, वही ईश्वर है। यह दुनिया किसी न किसी टिकाव पर ठहरी हुई है, क्योंकि बिना टिकाव के कोई चीज

ठहर नहीं सकती। इस से अन्दाज़ह किया जाता है जिस टिकाव पर यह ठहरी हुई है, वह सर्वाधार सब ताक़त वाला ईश्वर है।

४ चौथा सबूत—कोई काम बिना क़वायद के चल नहीं सकता, इन क़ायदों का बनाने वाला जानदार वो अक़्लमन्द शक्स ही हो सकता है। मसलन्, किसी राजा का अपने राज का इन्तिज़ाम करना हो तो उस राजा को उस के लिये क़ानून बनाना पड़ता है। उन क़ानूनों की पाबन्दी रखवाना भी उसी राजा का काम है। अगर कोई क़ानूनों की पाबन्दी न रखे तो वह राजा क़ानून तोड़ने वाले को सज़ा देता है और क़ानून के मुताबिक़ चलने वाले को इनाम देता है। ऐसे राज का इन्तज़ाम देख कर कोई शक्स अन्दाज़ह कर सकता है कि इस राज का राजा होशियार वो अक़्लमन्द है। उसी तरह इस दुनिया के क़ायदों को देख कर अक़्लमन्द इन्सान अन्दाज़ह करते हैं कि इन क़ानूनों का बनाने वाला और सबको उनके मुताबिक़ चलाने वाला जानदार, जानकर, कुव्वतवर, ईश्वर है। मसलन्, सूरज हर रोज पूरब में निकलता है, पच्छम में छिपता है, मुक़र्रिर वक्त पर मौसिमें बद-लती हैं, पानी हमेशा ढाल की तर्फ ही बहता है, आम की गुठली बोने से आम उगता है, नीम की निमोली लगाने से नीम लगता है, वग़ैरः कितने ही क़ायदे बराबर चलते नज़र आते हैं, जिन को देख कर इन का बनाने वाला तथा इनको चलाने वाला ईश्वर ज़रूर बिल ज़रूर साबित होता है।

५ पांचवां सबूत—किसी भी चीज़ को देख कर इन्सान अन्दाज़ह करता है कि इस चीज़ का कोई न कोई मालिक जरूर है। मसलन्, किसी ने एक घर को देखा तो वह उस घर को देख कर जान जायगा कि इस घर का कोई न कोई मालिक जरूर है। घर और घर का मालिक एक नहीं हो सकते। घर

जुदी बेजान चीज है और घर का मालिक जुदा जानदार इन्सान है। वैसे इस बेजान दुनियां का मालिक जानदार ईश्वर जरूर है जो सब जानदारों को भी जान का बख्शने वाला है। वही परमेश्वर है।

६ छठा सबूत–किसी फोटो, तस्वीर या खत के देखने से यह अपने आप साबित होता है कि इस फोटो का बनाने वाला फोटोग्राफर जरूर है, इस तस्वीर का बनाने वाला मसव्वर जरूर है, इस खत का लिखने वाला कातिब जरूर है, उसी तरह इस दुनिया को देखने से अपने आप साबित होता है कि इसका बनाने वाला भी ईश्वर जरूर बिल जरूर है।

७ सातवां सबूत–किसी पर्दे के अन्दर या घर में बैठा हुआ अगर कोई शख्स गाना गा रहा हो तो उसकी सुरीली मीठी आवाज सुन कर बाहिर बैठा हुआ दूसरा आदमी जरूर जान जायगा कि पर्दे के अन्दर या घर में का आदमी गाना गा रहा है, चाहे वह उस गाने वाले को अपनी आंखों से न भी देख सकता है। इसी तरह चाहे हम ईश्वर को अपनी आंखों से नहीं देख सकते मगर इस गान के इल्म का सब से पहले बनाने वाला और अपने अन्दर छिपे हुए अनहद गान का बनाने वाला और उस गाने के सुनने के लिये हमको अजीब कान की मशीन का देने वाला ईश्वर है, इस बात का अन्दाजा जरूर कर सकते हैं।

८ आठवां सबूत–अगर किसी पानी की गिलास में ओला या शक्कर डाल दी जावे तो वो थोड़ी देर में गल कर पानी की सूरत में मिल जायगी और फिर वह दिखाई नहीं देगी। उसी तरह ईश्वर सब दुनियां में समाया हुआ है, मगर हम उसको नहीं देख सकते, क्योंकि वह पानी में शक्कर की तरह समाया हुआ

है। उसको सबमें समाया हुआ समझने के लिये मन का देने वाला वही ईश्वर है मगर अगर हम उस पानी को चक्खेंगे तो हमको वह मीठा मालूम होगा। उस मिठास का बनाने वाला और उस मिठास का जायक़ा लेने के लिये हमारी जीभ को बनाने वाला ईश्वर जरूर है।

९ नवां सबूत—जब कभी कोई इन्सान बाजार में चलता हो और उस के पास होकर एक गन्धी निकले जिस के पास इत्र की पेटी हो तो उस आदमी को इत्र की लपट अपने आप आवेगी जिसे वह अपनी आंखों से तो नहीं देख सकेगा मगर अपने नाक के जरिये खुश्बू का तजरुबा जरूर करेगा और उस से वह जरूर जान जायगा कि गन्धी के पास इत्र, तेल, फुलेल वग़ैरः हैं और उन सब में खुश्बू फूलों से लाई गई है। उसी तरह अगर्चे इन्सान ईश्वर को अपनी आंखों से नहीं देख सकता, मगर वह उन फूलों में खुश्बू पैदा करने वाले और उस खुश्बू को सूंघने के लिये हमारे नाक को बनाने वाले ईश्वर को जरूर जान जाता है।

१० दसवां सबूत—जब कभी कोई शख्स किसी नर्म या सख्त, वो गर्म या सर्द, चीज को देखता है तो वह सिर्फ देखने से मुलामियत सख्ती या गर्मी सर्दी को नहीं जान सकता। मगर जब वह उस चीज को अपनी चमड़ी वा हाथ से छूएगा तो फ़ौरन उस को उस चीज़ की मुलामियत सख्ती, या गर्मी सर्दी, का तजरुबा हो जायगा। उसी तरह अगर इन्सान ईश्वर को अपनी आंखों से नहीं देख सकता मगर चीज में मुलामियत सख्ती और गर्मी सर्दी का देने वाला ईश्वर है और उस को जानने के लिये चमडी का बनाने वाला और उस में वह सिफ्त देने वाला भी ईश्वर है, इस बात को जरूर जान जाता है।

ऊपर लिखे पन्द्रह सबूतों से साबित होता है कि ईश्वर जरूर है। मगर उसका तजरुबा या इल्म तो उसकी इबादत, सिज्दा, पूजा, नाम रटना, हरदम याद करना, योग साधना, तपस्या करना वगैरः से ही हो सकता है। यह अपने आप मिह नत करने से ही जाना जा सकता है। कोई दूसरे को बता नहीं सकता। ईश्वर हर मखलूक के हिरदे में छिपा हुआ बैठा है। जो उसको सच्चे व पाक दिल से खोजते हैं उन्हीं को यह दिखाई देता है। नापाक-दिल इन्सान उसको कभी नहीं पा सकता। ईश्वर की मिहरबानी या उस के आबिद (भगत) की मिहर बानी से भी यह मिल सकता या दिखाया जा सकता है।

अगर ईश्वर को पाना हो तो सब से पहले अपने मन को साफ और पाक करो। दिल पाक हुए बिना ईश्वर कभी दिखाई नहीं द सकता। पाक दिल वाले के पीछे २ ईश्वर खुद फिरता रहता है, उसकी सब तरह से निगहबानी रखता है, उसकी तक-लीफात को रफा करता है, उसे खतरों से बचाता है और हर घड़ी सम्हाल रखता है, हिफाजत करता है और पनाह देता है। और इसी लिये वली लोग खुदाई ऐतकाद के मुती हैं।

गोविन्द।

॥ श्री ॥

वक्त की क़दर

(या समय का सदुपयोग)

(लेखक–हकीम सैय्यद महमद असद अलि जाफ़री हमदानी,
एम. आर ए एस , एफ टी एस., आनरेरी मजिस्ट्रेट, जोधपुर।)

वक्त की क़दर करो। वक्त को काम में लाना बड़ी क़ीमती चीज़ है जो हर फ़र्दे बशर (१) को निहायत कम मिकदाद में मिली है। एक हिन्दी शायर का माक़ूला है

॥ दोहा ॥

समै न चूको सुघड नर, कवी कहत है कूक।
चतुरन के खटकत हिये, समै चूक की हूक॥

ग्वालियर के मेम्बर कौनसिल हजरत गुलाम अहमद खां साहब एहमदी फरमाते हैं

शेर

जो वक्त गुजरा फिर आयगा क्या, इस उम्र से घट न जायगा क्या?
गुमगश्ता (२) को कोई पायगा क्या, रफ्ता का पता लगायगा क्या?
फिर किस लिये वक्त टालते हो, काम आज का कल पै डालते हो

अफसोस! हम समय को काम में लाना नहीं जानते, बल्के अपने बेशक़ीमत वक्त को बहुत बड़ी मिकदाद में मुफ्त जाया कर देते हैं।

शेर

आदमी होकर अगर हो जाय हैवां आदमी,
खाकका पुतला फ़क़त है ऐसा नादां आदमी।
आदमी गरचे हजारों आदमी कहलाते हैं,
आदमियत जिसमें ही है वो इन्सा आदमी॥

जब हम इस बात पर ग़ौर करते हैं कि हर जानदार के लिये

---

(१) आदमी (२) गुजरा हुआ (३) बीत चुका।

वक्त का थोड़ा सा हिस्सा मरख्सस (१) मिला है तो हम को यह मालूम करके तअज्जुब आता है फिर इन्सान क्यों इसे बिल्कुल लापरवाह होकर फिजूल गुमा देता है। हम रुपये पैसे के इसराफ (२) में कम खर्च करने का तो लिहाज रखते हैं लेकिन वक्त को फिजूल तौर पर बरबाद करते हैं जैसे एक फिजूल खरच जिसे के अपने बापदादा का धन बकमाया हाथ आ गया हो और वो बरबाद कर रहा है।

रुबाई।

आकिल से नसीहत ल जहां तक ली जाय
पी जाय मये इश्क तो मरकर पी जाय।
नेकी का एवज जहां में नकी है फकत्
इखलाक यह है कि बदों से नेकी की जाय।

हर इन्सान को होश लाजिम है हमने सुना है कि जिन्दगी मिस्ले हबाब (३) जिन्दगी मानिन्द ख्वाब है। जिन्दगी धूप की मिसाल है। जिन्दगी मिसाले सुराब (४) है। जिन्दगी उस कोहरे (५) की मिसाल है जो सुबह के वक्त थोड़े अर्से के लिये दरख्तों पर नजर आता है। बाद अजां अचानक काफ़ूर हो जाता है। गुरु नानक फरमाते हैं

साधु रचना राम रचाई (टेर)
एक बिनसे एक अस्तर (६) माने अचरज लख्यों न जाई।
काम क्रोध मोह बस प्रानी हरि मूरत बिसराई।
झूठा तन साचो कर मान्यो ज्यों सपना रैनाई।
जो दीसे सो सकल बिनासे ज्यूं बादर की छांई।
जन 'नानक' जग जानो मिथ्या रहो राम शरणाई।

यह सब जानते हुए हजरते इन्सान इस तरह के बेफिकर

(१) खास तौर से (२) खर्च (३) बुलबुला (४) मृगतृष्णा (५) धुंवर (६) अस्थिर।

हो रहे हैं कि गोया वो हमेशा के लिये ऐसे ही ज़िन्दा और पायन्दा बने रहेंगे और इन को कभी नास न होना पड़ेगा।

शेर

क्या ही सामा है इस उम्र दो रोजा के लिये,
कुछ मरे जाते हैं जीने पै जमाने वाले।

—यह नहीं जानते

रुबाई

न हम हैं और न येह अपना मकां है
मकां अपना मकाने लाम कां (१) है।
मकां सब उस के हैं वही मकीं (२) है
फ़कत हसरत (३) है और कुछ भी नहीं है।

अब यह बात पायए तहक़ीक़ को पहुंची या नहीं कि इन्सान के लिये वक्त कैसी गिरामाया शै (४) है जो किसी क़ीमत पर भी गुजरा हुआ वक्त वापिस नहीं मिल सकता।

दोहा

सांस दाम दरबार का, जम्मा थैली मांह।
गिन घाल्या गिन लेवसी, घट बद लेवे नांह॥

क्या इस तज़िये औक़ात (५) की वजह यह है कि हम में गौर और फ़िक्र की कमी है ताके हम अपनी जिम्मेदारी को महसूस (६) नहीं करते। हमें यह अमर बसहूलियत याद नहीं आ सकता कि वक्त जाया करने वालों के दिलों में ख़यालात लापरवाही और मायूसी (७) जागर्जी (८) हैं। वो मजमूनाना जोश में इस क़दर क़ीमती खजाने को जो उन्हें कुदरत से मिला

---

(१) बिना मकान (२) रहने वाला (३) ममता (४) बेशकीमती चीज (५) समय बरबाद करना (६) मालूम (७) नाउम्मेदी (८) जगह पकड़ गई।

है, बपशोवेश (१) बेदरेग (२) खर्च करते हैं। उनका हाल यह है

शेर

दिल गुनाओं स सिया है, बाल पीरी (३) से सुफेद,
घर क अन्दर है अंधेरा घर के बाहिर चांदनी।

इस अमर में कोइ एतराज नहीं किया जा सकता कि उन की हिमाकत की वजह ये है कि उनक तन में गौर फ़िकर करने की काबलियत ही नहीं है या येक बलद इगराज (४) व आलामकासिद (५) क औसाफ (६) उनमें मफ़क़ूद (७) हैं।

दोहा।

छोटों से पड़ होत हैं, समझ रास्त घर पीर।
समै पाय शतरंज में प्यादी होत वज़ीर॥

अक्सर सूरतें ऐसी होती हैं कि वक्त और उसका जगह की जगह काम में लाना उन को सिखाया ही नहीं जाता। आप अफ़सोस है क हमारे बच्चों को यह कभी मालूम होगा क वक्त जो उनका क़ीमती खज़ाना है उसको किस तरह स इस्तेमाल करें। हम लहमों की कद्र का सिक्का उन क दिलों पर नहीं बिठाते, मसल मशहूर है के "लहमों की खबरगीरी करो, दिन खुद अपनी खबरगीरी कर लेंगे"।

तनज्जुल पज़ीर (८) कौम क लोग जब अपन मकान पर इत्मीनान स बैठत हैं तो अपन बाप दादों क किस्स, वक्त और ज़माने की शिकायतों क दफ्तर खोल देते हैं और उनका दावा होता है क ज़माना तनज्जुल पर है। मगर असल पूछो तो उन का तनज्जुल सिर्फ वक्त की कदर न करना ही है जिस का

(१) आगा पोशा मादि लिबास (२) बेपरवाही से (३) बुढ़ापा (४) ऊंचे दर्जे के काम (५) आला दर्जे के मतलब (६) गुण (७) गायब अभाव (८) नीचे गिरने वाला।

नतीजा आख़िर में उनको भोगना पड़ता है।

किसी शायर ने पाबंदीये वक्त में खूब कहा है—

शेर १.

कहां वो लोग हैं जो मीठी नींद सोते हैं,
अज़ीज़े वक्त को वेहूदगी में खोते हैं।
जो दोपहर को कभी होशियार होते हैं,
तो आधी रात को उठ कर मुंह हाथ धोते हैं।
नहीं ख़याल, के गफ़लत में उम्र कटती है,
न आंख खुलती है उनकी न नींद उचटती है॥

२

हंसी मज़ाक की बातों में दिन गंवाते हैं,
तुआमे शब (१) जो कहीं वक्ते सुबह खाते हैं।
गुलाल चेहरे पर बरसात में लगाते हैं,
है रुत बसंत की मगर मल्हार गाते हैं।
दुशाला ओढ़ के चलते हैं फस्ले गरमां में,
है शरबती का अंगरखा बदन पै सरमावें॥

३

जो मिले किसी से तो घंटों फजूलगोई की
उसे खराब किया उसकी नेकजोई की।
जबां पर आने न दी गुफ्तगू निकोई (२) की
कभी पसंदे खलायक न बात कोई की।
जरा न उट्ठे जो मिस्ले दिले हज़ीं (३) बैठे
वहीं के हो रहे गोया जहां कहीं बैठे।

४

जो दिल में आगई बस सैर करते फिरते हैं
हिमाकतें सिफ्ते तैर (४) करते फिरते हैं।

---

(१) शाम का खाना (२) नेकी (३) गमगीन (४) परिन्द
तरह।

(१) बेरंग (२) खर्च करते हैं। उनका हाल यह है

शेर

दिल गुनाओं से सिया है, बाल पीरी (३) से सुफेद,
घर के अन्दर है अंधेरा घर के बाहिर चांदनी।

इस अमर में कोई एतराज नहीं किया जा सकता कि उन की हिमाकत की वजह ये है कि उनके तन में गौर फिक्र करने की काबलियत ही नहीं है या येक वक्त इगराज (४) व आलामकासिद (५) के औसाफ (६) उनमें मफक़ूद (७) हैं।

दोहा।

छोटों से बड़ होत हैं, समझ राख घर धीर।
सर्म पाय शतरंज में प्यादी होत वजीर॥

अक्सर सूरतें ऐसी होती हैं कि वक्त और उसका जगह की जगह काम में लाना उन को सिखाया ही नहीं जाता। जाए अफसोस है के हमारे बच्चों को यह कभी मालूम होगा के वक्त जो उनका कीमती खजाना है उसको किस तरह से इस्तमाल करें। हम लम्हों की कदर का सिक्का उन के दिलों पर नहीं बिठाते, मसल मशहूर है के "लम्हों की खबरगीरी करो, दिन खुद अपनी खबरगीरी कर लेंगे"।

तनज्जुल पजीर (८) कौम के लोग जब अपने मकान पर इत्मीनान से बैठते हैं तो अपने बाप दादों के किस्से, वक्त और जमाने की शिकायतों के दफ्तर खोल देते हैं और उनका दावा होता है के जमाना तनज्जुल पर है। मगर असल पूछो तो उन का तनज्जुल सिर्फ वक्त की कदर न करना ही है जिस का

(१) आगा पीछा सोचे बिना (२) बेपरवाही से (३) बुढ़ापा (४) ऊंचे दरजे के काम (५) आला दरजे के मतलब (६) गुण (७) गायब अभाव (८) नीचे गिरने वाला।

नतीजा आखिर मे उनको भोगना पड़ता है ।

किसी शायर ने पाबंदीये वक्त मे खूब कहा है—

शेर १.

कहां वो लोग हैं जो मीठी नींद सोते हैं,
अज़ीज़े वक्त को वेहूदगी मे खोते हैं।
जो दोपहर को कभी होशियार होते हैं,
तो आधी रात को उठ कर मुंह हाथ धोते हैं।
नहीं ख़याल, के गफ़लत में उम्र कटती है,
न आंख खुलती है उनकी न नींद उचटती है ॥

२

हंसी मज़ाक की बातों में दिन गंवाते हैं,
तुआमे शब (१) वो कहीं वक्ते सुबह खाते हैं।
गुलाल चेहरे पर बरसात में लगाते हैं,
है रुत बसंत की मगर मल्हार गाते हैं।
दुशाला ओढ़ के चलते हैं फस्ले गरमां में,
है शरबती का अंगरखा बदन पै सरमावें ॥

३

जो मिले किसी से तो घंटों फजूलगोई की
उसे खराब किया उसकी ऐबजोई की।
जबां पर आने न दी गुफ्तगू निकोई (२) की
कभी पसंदे खलायक न बात कोई की।
जरा न उट्ठे जो मिस्ले दिले हज़ीं (३) बैठे
वहीं के हो रहे गोया जहां कहीं बैठे।

४

जो दिल में आगई बस सैर करते फिरते हैं
हिमाकतें सिफ्ते तैर (४) करते फिरते हैं।

---

(१) शाम का खाना (२) नेकी (३) गमगीन (४) परिन्दों की तरह।

की 'कल' बन जाती है। इस 'कल' की तो हमें धुन ही फ़िजूल है, क्यों के वो अब वापिस नहीं आ सकती और न उसका कोई इलाज लग सकता है। जब एक दफ़े गुजर गई सो गुजर गई। अब सिवाय इस के कुछ बन नहीं पड़ता के अपने हाथ मल कर 'कल' की गोद पर आंसू बहाएं और 'आज' की क़द्र करें। बाज़ शख्स अपना बहुतमा वक्त ज़ाया शुदा वक्त पर तआस्सुफ़ (१) करने में खर्च कर देते हैं। यह आज को भी 'कल' के ग़म में खो बैठते हैं।

हमारी यह आरज़ु (२) है के हर शख्स लहमों की बेश-बहा (३) क़द्र को हमेशा अपने गोशए ख़ातिर (४) में जगह दे और उस से फ़ैज़ हासिल करे। मुफ्त ज़ाया न करे। अक्सर देखा गया है कि दुनिया में वक्त के बराबर काम में लाने से लोग बड़े २ मरतबों (५) पर पहुंच गये हैं, जैसे नेपोलियन बोनापार्ट, बेंजमिन फ्रेंकलिन, और इसी अमल की बदौलत लोग बड़ी २ तसनीफ़ों (६) के मुसन्निफ़ (७) हुए हैं, जैसे दाराशिकोह, अबुल फ़ज़ल, फ़ैज़ी, शेख सादी, शिराज़ी, हजरत हाफ़िज़ शिराज़ी हजरत शम्स तबरेज़, हजरत मौलाना रूम वग़ैरा ओर संस्कृत में वाल्मीकि, स्वामी रामानुज आचार्य, शंकराचार्य, महात्मा बुद्ध और हिन्दी में महात्मा तुलसीदासजी, सूरदासजी, स्वामी दयानन्दजी, स्वामी रामतीर्थ-जी वगैरा २ जिन के नाम रहती दुनिया तक मिटाये से भी नहीं मिट सकेंगे। इसी टाइम की क़दरदानी की बदौलत मिस्टर वाट ने सन् १७६५ ई० में भाफ की कुव्वत दर्याफ्त की, मिस्टर स्टीफ़नसन ने सन् १८२४ ई. में इञ्जिन निकाला, मि. एडीसन ने

---

(१) अफसोस (२) प्रार्थना (३) बहुत कीमती (४) दिल
(५) दर्जों (६) किताबों (७) [illegible]

१८७७ ई में फोनोग्राफ की मशीन ईजाद की, मि टाम्स ... ने सन् १८०२ में फोटोग्राफ निकाला, मि अमे न विलायत में मतार क तारवर्की की आजमायश को पूरा किया। इसी टाइम की क़दर करने स मि मार्कोनी न सन १९०१ में रेडियो निकाला और अपना सब से पहला पैगाम मलाबार भेजा। इसी तरह हमारे जोधपुर क प्रसिद्ध इतिहासज्ञ, पुरातत्त्ववेत्ता, महामहोपाध्याय विद्वद्रत्न पं० रामकरणजी आसोपा, भूतपूर्व लेकचरार, कलकत्ता युनिवर्सिटी, न भी कमाल कर दिखाया कि अपनी उम्र को दुनिया के लिये कार आमद बनाया जो ८२ साल के तजुर्बात का नमूना हमारे सामने आज मौजूद है। अपने बेश-कीमत वक्त का एक लहमा भी होश संभालने के बाद कभी रायगाँ (१) न गुमाया।

आपने अपनी इल्मी मालूमात की फिहरिस्त क मुवाफिक राठोड़ वंश की हिस्टरी क २० हजार श्लोक पहले पहल संस्कृत तसनीफ कर डाले (२) और नम्बर ग्यारह तक किताबें मुलफरिक सब्जेक्ट्स की तसनीफ की। और इन्स्क्रिप्शन्स या कोपर-प्लेट्स लातादाद बहम पहुँचाय। और ६० हजार वर्ड्स (लफ़्ज़ों) की मारवाड़ी डिक्शनरी बना कर सामने धर दी।

साहिबान् यह कोई मामूली काम न था। एक श्लोक या एक मजमून भी बनना मुश्किल होता है। इस कद्र काम करने पर भी जिस्म दिमाग और दिल आप की जवानों की मुवाफिक इस वक्त भी काम द रहे हैं। Sir J. H. Marshall, Director General of Archaeology in India ने आप क इल्मी तवारीखी कामों की जाँच करने क बाद यह remark पास किया है—

Pandit Ramkaran—His knowledge of epi

(१) फिजूल (२) बना डाले।

graphy ranks himself amongst half dozen Indian experts"

अपनी जरूरियात दुनिया को पूरा करते हुए अपनी duties को अंजाम देते हुए इस क़दर इल्मी दरियाओं में तैरते हुए अपनी उम्र से ज़ियादा लेख लिखे और बडी २ किताबें तस्नीफ करके दिखादी, यह तमाम काम टाइम के पाबंद रहने और क़दर करने से ही आप अंजाम दे सके। वरना हरेक से ऐसे अहम (१) काम कब पूरे हो सकते हैं? उस कादरे मुतलक़ (२) ने यह हिस्सा आप को दिया और आपने पूरा किया। वग़ैर उसकी मिहर्बानी के ऐसे कामों की तर्फ ध्यान ही नहीं आ सकता। दुनिया में बहुत से माया जाल फैले हुए हैं।

दोहा

कांई सरदा जीव की, जो राम नाम लेवे।
करम देवे थाप की, मूंडा फेर देवे॥

उर्दू के शमसुल उल्मा (३) मौलाना हाली फरमाते हैं:-

शेर

हुवा कुछ वही जिसने यहां कुछ किया है।
लिया जिसने फल बीज बो कर लिया है॥
करो कुछ के करना ही कुछ कीमिया है।
मसल है के करते की सब विद्या है॥
यों ही वक्त सो सो के हैं जो गमाते।
वह खरगोश कछुओं से हैं जक (४) उठाते॥

वक्त को अपनी जायदाद समझो और उसके जाया होने का इतना रंज करो, जितना दौलत छिनजाने का। गुमशुदा दौलत मिलजाती है, भूला हुवा इल्म सीखा जासकता है, जायलशुदा तन्दुरुस्ती हासिल होजाती है, लेकिन जायलशुदा वक्त कभी हाथ नहीं आ सकता, जिसका उम्र भर पछतावा रहता है।

शेर

गया वक्त फिर हाथ आता नहीं। सदा दौर दौरा दिखाता नहीं॥

---

(१) बहुत मुश्किल (२) सर्वशक्तिमान (३) इल्म के सूरज (४) हार।

॥ श्रीदर्पिमतो जयति ॥

श्रीकृष्ण भगवान् ।

हिन्दुओं ने उनको अवतार क्यों माना ?

असबाब अक़ीदत का मुग़ालता[1]

महर्षि व्यासजी की निस्बत रवायत[2] है कि जब महाभारत गणेशजी के हाथों लिखवा चुके तो बजाय इसके के ऐसी मारकतुल आरा तसनीफ़[3] पर, जो नफ़्स[4] मज़मून वो तर्ज़ कलाम[5] के एतबार[6] से दुनियां में लासानी[7] है, फ़ख़ वो नाज़ करते[8] या ख़ुश होते अमफस[9] मग़मूम[10] और उदास बैठे हुए थे। इतने में नारदजी का उधर से गुज़र[11] हुआ। तबियत का हाल मदयाल पूछा। व्यासजी ने कहा "मुनिनाथ ! मैं ने कौरव-पाण्डव की जङ्ग अज़ीम[12] का हाल लिखा दिया, बीसियों देवताओं, सैकड़ों राजाओं और हज़ारों जवांमर्दों के कारनामे नज़्म[13] की लड़ियों में पिरो दिये। एक लाख श्लोक लिख डाले। मगर दिल का अरमान नहीं निकला। ऐसा मालूम होता है कि कुछ नहीं कहा। हसरत[14] कहो या क़लक़त[15] कुछ कमीसी महसूस[16]

जवान बूढ़े सब से बातचीत करके पूरे बाखबर रहने वाले आरिफ कामिल[१] थे। अयाके[२] से ताड गये कि ऋषि के दिल में भक्ति-भाव की तरङ्ग उठ रही है जो रोके से रुक नहीं सकती। बोले—"व्यासजी, तुमने बडा काम किया है, राजपूत, छत्री, सूरमा और वीर तलवार तीर से दुश्मनों को मारते और अपना खून बहाकर दुनियां को फिसको फिजूर[३] से पाक साफ[४] करते हैं। तुमने क़लम के ज़ोर से मरे हुए बहादुरों को जिला दिया, गोया हिन्दुस्थान को ज़िन्दाए जावीद[६] कर दिया और जबान[७] के जादू ने सिसकते हुए धर्म में जान डाल दी। मगर यह सब कुछ श्रीकृष्ण भगवान् की हमदोसना[८] के आगे हेच[९] है। जङ्ग महाभारत उनके बांये हाथ का खेल था जिस की तुमने इतनी तफसील[१०] लिखी, उनका जीवन-चरित्र बीसियों महाभारतों से ज़ियादा दिलचस्प[११] और सबक आमोज[१२] है। इनकी ज़िंदगी[१३] तुर्फातरीन[१४] दिल आवेज़ियों[१५] से भरपूर है। जिन को करिश्मा हाये रब्बानी[१६] और नगमाहाये रहमानी[१७] कहिये। अब श्रीकृष्ण भगवान् की सवानेह उमरी[१८] से अपनी नज्म[१९] को मनव्वर[२०] और उन की कश्म करामात[२१] से अपने क़लाम[२२] को मुकम्मिल[२३] करो। तुम्हारी हसरत दूर[२४] और कुलफत काफूर[२५] हो जायगी।"

२. व्यासजी की समझ में आगया। जो पर्दा सामने आगया

---

१ पूर्ण ज्ञाता परम ज्ञानी। २ अनुमान, चहरे को देखने से दिल का हाल जानने की विद्या। ३ गुनाह, पापों और कुकर्मों। ४ पवित्र ५ लेखनी। ६ सदा के लिये अमर। ७ वाणी। ८ प्रशंसा। ९ तुच्छ १० वृत्तान्त। ११ आकर्षणीय। १२ सबक सिखलाने वाला (शिक्षा-प्रद)। १३ जीवनी। १४ विचित्र। १५ चित्ताकर्षक। १६ दैवी चमत्कार-पूर्ण। १७ ईश्वरीय गायन। १८ जीवन-चरित्र। १९ कविता। २० प्रकाशित। २१ आन्तरिक चमत्कारों। २२ कविता। २३ पूरा, सम्पूर्ण। २४ आशा पूरी हो जायगी। २५ तकलीफ दूर।

था वह टूट गया। और सब उस तसनीफ में मुस्तगरिक[1] हो गये जिस का नतीजा श्रीमद्भागवत था। कहते हैं कि इस किताब की तसनीफ[2] के बाद व्यासजी को राहत हकीकी[3] औ तस्कीन कल्बी[4] हासिल[5] हो गई। और क्यूं न होती?

४ अगर वाल्मीकजी ने रामायण लिख कर श्रीरामचन्द्रजी की मूर्ति घर घर में बिठा दी तो व्यासजी ने भागवत के जरिये श्रीकृष्णजी की मुहर[6] हरफ सफ़[7] दिल पर सबत कर दी[8]। सच तो यह है कि हिन्दुओं के सीने औ दिल एस वाके हुए[9] हैं या बन गये हैं कि उन पर अगर दोनों की नहीं तो दोनों में से एक की तस्वीर[10] तो जरूर[11] नक्श[12] होती है। कौन हिन्दू है जिस की आंखों के सामने श्रीरामचन्द्रजी का नाम सुनते ही उन तमाम औसाफ ए हमीदा[13] की तस्वीर नहीं खिंच जाती जो उनकी बेलौस[14] जिन्दगी[15] से वाबस्ता[16] हैं या जो श्रीकृष्ण की बचपन की मोहब्बत जवानी की शुजाअत[17] और बाद के जवानी के रूहानियत[18] का शैदाई[19] न हो?

५. पंजाब तो अर्से[20] तक मगरबी[21] हमला आवरों[22] की जोलानगाह[23] रहने के बाइस[24] इन असरात[25] से कमतर[26] मुतअस्सिर[27] रहा और सिख-मत या खालसा-पन्थ का हामी[28] हो गया। मगर कहा जा सकता है कि शुमाली[29] हिन्द में अवध

१ पुस्तक लिखने में मग्न हो गये। २ रचना के बाद। ३ सच्चा आनन्द ४ चित्त की शान्ति। ५ प्राप्त। ६ छाप मुहर। ७ मन रूप पत्र। ८ लगादी। ९ महान हुए। १० चित्र। ११ अवश्य। १२ खुदा होना। १३ प्रशंसनीय गुणों। १४ निष्पक्ष न मां कर्माणि लिम्पन्ति जैसा हो। १५ जीवनी। १६ जुड़ी हुई। १७ वीरता। १८ ईश्वरीय ज्ञान। १९ चाहने वाला lover great admirer। २० चिरकाल तक। २१ पश्चिमीय। २२ आक्रमण करने वालों की। २३ लड़ाई झगड़ों की जगह। २४ कारण। २५ प्रभावों। २६ बहुत कम। २७ प्रभावित हुआ। २८ सहायक। २९ उत्तरीय।

और बिहार जियादेतर राम उपासक और बङ्गाल वो इलाक़ा व्रज कृष्ण-सेवक रहे हैं इस बयान की तस्दीक़ चाहते हैं तो इन जातरियों की तादाद[१] और जाय सकूनत[२] पूछ लीजिये। जो आये साल रामनवमी और दशहरे के दिन या दिवाली की रात को अजुध्या, चित्रकोट, या रामेश्वर में जब्बासाई[३] किया करते हैं। या जन्म अष्टमी, होली या बरसात की तीजों के अय्याम[४] में मथुरा, बिंदराविन, गोकुल और द्वारका का तवाफ़[५] करते हैं। अगर इस से भी यकीन न हो तो देखिये वालमीकि और तुलसी रामायण और भागवत, प्रेमसागर, सूरसागर की कितनी जिल्दें[६] छाया[७] और फरोख़्त[८] होती रहती हैं। कोई गांव है जिस में रामायण या महाभारत या भागवत की कथा नहीं होती? रामलीला औ कृष्ण-लीला रास कहां कहां रायद[९] हैं और उन में कितने लोग रास ए फुल एतक़ारी[१०] से शामिल होते हैं। रामचन्द्रजी और कृष्णजी की मूर्तियां कितने मन्दिरों में विराजमान हैं और उन में कितने मर्द-ओ-जन[११] सुबह और शाम नक़दे दिल[१२] चढ़ाते हैं। यह सिलसिला[१३] वहां पै ख़तम नहीं होता। आप हिन्दी लिटरेचर[१४] के मर्किज[१५] ढूंढेंगे तो इन ही दो नामों को पायेंगे। सोलहवीं सदी[१६] में रामानन्द स्वामी और गुसांई तुलसीदासजी ने राम-अवतार को और वल्लभाचार्य वो सूरदासजी ने कृष्ण-अवतार को लेकर उन पर वो ज़ोर ज़बानो क़लम[१७] का दिखाया है कि सैकड़ों शायरों[१८] को इस मैदान में खैंच लाये, जिन्होंने हिन्दी ज़बान[१९] में भक्ति की रूह[२०] फूंक दी जिसका यह परिणाम हुआ कि राम कहानी,

---

१ संख्या। २ निवास-स्थान। ३ नमस्कार, प्रणाम। ४ दिनों। ५ परिक्रमा। ६ किताबें। ७ छापना। ८ बिकना। ९ प्रचलित। १० सच्चे भक्ति-भाव से। ११ स्त्री-पुरुष। १२ मन अर्पण करते हैं। १३ तार या लड़ी। १४ साहित्य। १५ केन्द्र। १६ शताब्दी। १७ वाणी वो लेखनी की शक्ति। १८ कवियों। १९ भाषा। २० जान डालदी।

कृष्णलीला-जुज महावरे रोजमर्रा[१] हो गये हैं। हिन्दू नामों को ले लीजिये रामचन्द्र, सीताराम, कृष्णलाल, राधाकृष्ण, रामाबाई, किसनावती कैसे आम पसन्द[२] नाम हैं? कितने नाम राम को कृष्ण से शुरु होते और उन पर खतम होते हैं? गरज कि जब शायर[३] ने कहा-

शेर

दर किश्वरे हिन्द चुन दीदम चकोरास्त,
अज रामोकृष्ण हरतरफ मेलो सदास्त। [४]

तो इसने वाके की बुनियाद[५] पर कहा था।

६ आजकल तो जमाने की हवा बदली हुई है बुजुगान सल्फ[६] की तारीफ करना भी मायूब[७] समझा जाता है। मुस्तुल मवकारी[८] खामजहपी[९] और दहरियापन[१०] का दौर दौरा है। ताहम[११] यह कहना मुबलग़ा[१२] न होगा कि बावजूद नामुवाफिक[१३] हालात[१४] के कम-अज-कम हिन्दू कौम[१५] के दिल[१६] दिमाग़[१७] से श्रीरामचन्द्रजी को श्रीकृष्णजी का नक्श[१८] हनोज़[१९] नहीं मिटा। दशहरा राम नवमी और ज‍न्म अष्टमी अभी तक हिन्दु

ने हिन्दुस्थान में जन्म लिया, नसीब[१] नहीं हुई।

७. इस के असबाब वो[२] वजूहात क्या हैं ? जिस मुल्क[३] में विक्रमाजीत वो अशोक जैसे चक्रवर्ती राजे महाराजे, वशिष्ट व्यास वो विश्वामित्र से ऋषि मुनि और शङ्कराचार्य वल्लभाचार्य जैसे स्वामीराज पाठ कर चुके हैं जिन के आगे हज़ारों वो लाखों आदमी सर नियाज़खम[४] करते थे और जो आज तक खिराजे अक़ीदत[५] वसूल करते हैं इनको छोड़ कर इन छत्री राजपूतों को यह मर्तबा बलन्द[६] और दर्जा इमतियाज[७] क्योंकर हासिल[८] हो गया ? क्या इनकी जाते खास[९] में कोई खूबियां[१०] थीं, या हिन्दू कौम में खसूसियत[११] थी जिस ने इन खुशकिस्मत अफ़राद[१२] को यह इमतियाज बख्श दिया[१३] या कोई और वजह है। श्री कृष्णजी की मिसाल[१४] लेकर हम इन सवालात[१५] के जवाब[१६] देने की कोशिश करेंगे।

८. हिन्दू कौम[१७] का बच्चा बच्चा श्रीकृष्णजी के हालात व जिन्दगी[१८] से कम-औ-वेश आश्ना[१९] है। उन्होंने भादों की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की आधी रात को कैदखाने में जन्म लिया। जहां जालिम मामू ने अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को कैद कर रखा था। कंस के खौफ से जो उन के बच्चो को मार डाला करता था वसुदेवजी ने उनको छाज में रख कर जमना पार ले जाकर जसोदाजी के हवाले कर दिया। यहां गोकुल में नन्दजी के यहां परवरिश पाई। बचपन में १२ साल की उम्र तक ग्वालबाल और गोपियों के साथ खूब रङ्गरलियां मनाते रहे। फिर पापी

---

१ प्राप्त। २ कारण और। ३ देश। ४ सर झुकाकर प्रणाम। ५ भक्ति-भाव। ६ ऊँचा पद। ७ हज़ारों में से छांट लेना। ८ प्राप्त। ९ अपने आप। १०। अच्छाइयां। ११ विशेषता। १२ भाग्यवान् पुरुषों को। १३ पद प्रदान किया। १४ वजह। १५ प्रश्नों। १६ उत्तर। १७ जाति १८ जीवन-चरित्र। १९ को थोड़ा बहुत जानता है।

कंस की तर्फ मुतवज्जह[1] हुए। इस को सामिये अहमाल की पादाश[2] दी। बाद[3] अजां, रुक्मिनी, सत्यभामा, वगैरा से शादी की, जरासंध को शिकस्त दी। दुर्योधन और कर्ण को हरचंद समझाया, युधिष्ठिर को कद्रे कलील[4] राज का हिस्सा देदें, मगर जब कौरवों ने हठधर्मी पर कमर बांध ली तो पाण्डवों की मदद पर कायम[5] हो गये। अर्जुन को निष्काम-कर्म करन का उपदेश दे कर आमादा कारज़ार[6] किया और दुर्योधन को कुरुक्षेत्र के मैदान पर जंग अज़ीम में[7] शिकस्त फ़ास[8] दी, युधिष्ठिर को राजगद्दी पर बिठाया, अश्वमेध यज्ञ कराया, इसी तरह और कई फ़तुहात[9] हासिल करके अपना सिक्का हर तर्फ जमा कर तारक्ए दुनिया[10] हो गये।

९ मज़कूरे बाला वाक़ेआत अगरचे अपने अहमीयत व अज़मत[11] के लिहाज़ से क़ाबिले फ़ख़्र[12] व लायक़ेयादगार हैं। मगर मानना पड़ता है कि ऐसे नहीं हैं कि जिन की बिना[13] पर एक बनीनौए इन्सान[14] को एकमुल्क और क़ौम[15] अपना मरकीज़े अक़ीदत[16] बना कर यों रुतबा बलन्द देवे कि उस की मूर्ति हिन्दुस्तान भर के मन्दरों में ब्रह्मा-विष्णु-महेश देवताओं के बराबर जगह पावे, बल्कि खुद विष्णु की मूर्ति मानी जाय। तो फिर क्या यह राज़ सरबस्ता[17] है जो खुल नहीं सकता ! और इस के लिये 'के कस न कुशूद न कुशायद बहिकमत ईं मोइम्मारा'[18] कह कर ख़ामोशी[19] इख़्तियार कर लेनी चाहिये।

---

१ ध्यान। २ बुरे कर्मों का दण्ड दिया। ३ फिर। ४ थोड़ासा। ५ स्थित या आरूढ़। ६ युद्ध के वास्ते तैयार। ७ महा भारत। ८ बड़ी हार। ९ जीतें (जय)। १० दुनिया छोड़ दी। ११ सचाई को बड़ाई १२ कदर। १३ आधार। १४ मनुष्य जाति। १५ जाति। १६ इष्ट देव। १७ गुप्त भेद। १८ कि किसी से न खुला और न कोई खोल सका अपनी हिकमत से इस गुप्त भेद को अर्थात् यह गुप्त-भेद बुद्धिमानी से न तो किसी से खुला न खोल सका। १९ चुप साधना

या पमिस्दाक़[1] " वत्तो इज़्ज़े मन तशा–वत्तो जिल्ले मन-तशा "[2] हम को इस पर इक़्तेफ़ा[3] करना चाहिये । के कज़ाए इलाही[4] का यही फ़ैसला था। सिलसिले इल्लत माल्लूल[5] की आखिरी जनज़ीर[6] इस मरहते[7] पर टूट जाए तो टूट जाय। वरना आलिये असबाब[8] में अगर हम अकल की मशहल[9] से काम लें और गौर औ खौज[10] की लाठी को हाथ से न छोड़ें तो मालूम होगा के एक नतीजे के बिल अमूम[11] कई असबाब[12] होते हैं। और इस असबाब के सिलसिले को हम काफ़ी दूर तक दर्याफ्त कर सकते हैं और इन से फ़ायदा उठा सकते हैं।

१०. जबाने खल्क को नक्कार–ए–खुदा[13] कहते हैं। अगर किसी एक शक्स को न सिर्फ उस के हम असर बल्के बाद की नस्लें भी इज़्ज़त औ अहतराम[14] से याद करें तो जरूर है उस शक्स की जात[15] में औसाफ[16] वाजिबुल ताजीम[17] का माबउल-इमतियाज[18] ऐसा मजमुआ[19] हो जो इस कौम व मुल्क की मेगज[20] से मुताबकत[21] या मुनासिबत रखता हो यह मयार–आम[22] है। दुनिया के हर हिस्से में काम दे सकता है। इसके जरिये आप बुध भगवान्, जरतुश्त, कन्फ्युसियस, हजरत, ईसामसीह, हजरत महम्मद साहब. हर एक की अज़मत[23] का

---

१ इस उदाहरण के अनुसार । २ तू ही जिस को चाहे इज़्ज़त देता है, तू ही जिस को चाहे जिल्लत (नाश) देता है । ३ पूर्ण शान्ति । ४ ईश्वर की इच्छा यही थी । ५ कारण और कार्य की । ६ सांकल । ७ जबर्दस्त काम । ८ इस दुनिया में जिस में कारण के बिना कोई काम नहीं होता । ९ चिराग (दीपक) । १० ध्यान में मग्न होने । ११ आम तौर पर । १२ सामान । १३ जनता की आवाज ईश्वर की आवाज है । १४ आदर सन्मान । १५ स्वयं, खुद । १६ खूबियां । १७ आदर के योग्य । १८ उस की खास बात । १९ (उस मनुष्य में) इकट्ठी हों । २० बड़प्पन । २१ अनुसार (मुवाफिक)। २२ आम तरीका (गुर) । [illegible]प्पन, बुजुर्गी ।

अंदाजा लगा सकते हैं। इस बिना[1] पर हम यह कहने की जुरत करते हैं कि श्रीकृष्णजी के औतार को औतार तसव्वुर[2] करने की कई वजूहात[3] हैं जिनको हमारे नजदीक दो बड़े हिस्सों[4] में मुनकसिम[5] कर सकते हैं।

अव्वल-श्रीकृष्णजी की जात वा बरकात[6] में इम्तियाजी सिफातए इन्सानी का इजतमा[7] यानी जिस्मानी[8], दिमाग़ी[9], इख्लाकी[10], रूहानी[11], फजीलत[12] व कमाल[13]।

दोयम-हिन्दू कौम के दिल औ दिमाग़ की खसूसियत जिस ने इन औसाफ इन्सानी[14] को नसबुल ऐन[15] बनाना मंजूर[16] किया।

११ यूं तो हर फरदेबशर[17] अपने बाप का बेटा वो अपने जमाने का पुतला होता है उसके आजा वो कवा[18] बिल अमूम[19] आबा व अजदाद[20] से विरसे[21] में मिलते हैं और बमिसदाक महेहर अफसहुल मौरेदीन[22] जमाना या तजर्बा उसको सिखाता रहता है। मगर इस में नुक्ता[23] यह है कि इन्सान महज़[24] गोश्त पोश्त[25] का ही खिलौना नहीं है जो अपनी वाल्देन[26] के सांचे में ढल कर बना हो। यह बहुत दर्जे तक उन तमाम

---

१ आधार। २ कथाम। ३ कारण। ४ भागों। ५ बांट सकते। ६ खूबियों से भरे हुए विशेषता-सम्पन्न आदरणीय व्यक्तित्व में। ७ मनुष्यों के समूह में सब से ऊंची तारीफ वाला। ८ शारीरिक। ९ मानसिक। १ नेक खोक वाले। ११ आत्मिक बड़प्पन। १२ बड़प्पन। १३ पूर्णता। १४ आदमी के गुणों को। १५ सब से बड़ा सिद्धान्त मानकर नजर में रखना। १६ स्वीकार किया। १७ मनुष्य १८ शरीर की ताकत को शक्ति। १९ आम तौर से। २० बाप और दादा के खानदानी तौर से। २१ परम्परा में। २२ मिसाल के तौर पर जमाना अदब सिखाने वालों का उस्ताद है। २३ खूबी की बात २४ सिर्फ। २५ मांस और त्वचा। २६ माता।

महसूसात[१]-ख़यालात-ख्वाहिशात[२], जज़बात[३] और तस्सवुरात[४] का पुतला होता है जो इस के आबा व अजदाद के दिल औ दिमाग में मौअज्ज़न[५] रहे थे। बाद अज़ां इस पर इन तमाम वाक़ेआत तखैय्युलात[६] लगती रहती है जो इसके और उसके अबनाय जिन्स[७] पर असर पजीर[८] होते हैं।

१२. वासुदेव को रोशन दिमाग[९] अपने वालिद वसुदेवजी से मिला था और देवकी नन्दन में चाहिये था मगर न सिर्फ़ हुस्नो जमाल[१०] बल्के क़वाये दिली[११] का कमाल[१२] मौजूद हुआ और ऐसा बेटा इस काबिल[१३] होना चाहिये था कि अपने वालदेन को उमर क़ैद से रिहाई दिलाता और जालिम[१४] औ ज़बरदस्त कंस का नाम हरफ़ गलत की तरह मिटा देता। इस मुहम[१५] के लिये ग़ैर मामूली जिस्मानी व इख़लाक़ी कवा[१६] दरकार[१७] थे जिनको वालदेन[१८] की शबानह रोज़ दुआएं[१९] आलिये वजूद में ले आईं[२०]।

१३. जसोदाजी ने वह जोश कुर्बानी[२१] साबित कर दिखाया था जिसकी दुनियां की तारीफ़ में सिर्फ़ एक और रोशन मिसाल[२२] बनती है वो भी राजस्तान में के मा अपने को रखले बच्चे को मौत के मुंह में डाल दे। इस गर्ज[२३] से कि दूसरी औरत के बच्चे की जान बच जाए। ऐसी जसोदा मैय्या का दूध पीकर जो लाल पले वो चाहिये के ईसारनफ़सी[२४] की आमातरी मिसाल[२५] हो।

---

१ क्रियाए (हरकतें)। २ इच्छाए। ३ जोश। ४ खयालात। ५ लहरों की तरह। ६ खयालात की छाप। ७ हम कौम (हम जात)। ८ असर डालने वाले। ९ मस्तिष्क का प्रकाश। १० खूबसूरती। ११ दिल की ताकत। १२ अखीर नमूना। १३ योग्य। १४ जुल्म करने वाला। १५ चढ़ाई मुश्किल काम। १६ मेलजोल की ताकत। १७ जरूरत। १८ मां बाप। १९ रात दिन की आशिषें। २० जाहिर कर दिया, प्रकट कर दिया। २१ बलिदान करने की ताकत। २२ ज्वलत उदाहरण। २३ [illegible]। २४ नम्रता। २५ उत्कृष्ट उदाहरण।

१४ हिन्दुस्तान को शायरों ने जिन्नत निशान[1] बताया है बहरहाल[2] इसमें दुआब गङ्ग व जमन[3] सब से ज़ियादा क़ाबिले तारीफ़[4] है इसमें भी इलाक़ा विरज को ख़ास फ़ज़ीलत[5] हासिल रही है। इसी की ज़बान विरज भाषा टकसाली ज़बान कहलाई। इसी के क़रीब इन्दरप्रस्त की बुनियाद[6] डाली गई जो हिन्दुस्तान का मर्कज़[7] क़रार पाया[8]। इस इलाके में जङ्गल वो बन वगैरह बकसरत[9] थे मसलन मोरबन, महाबन बिंद्राबन, माधोबन वगैरा जो बशुमार[10] मवेशियों की चरागाह[11] और रमना[12] थे। नन्दजी की तरह एक एक महरा अहीर बहगूजर के पास सैकड़ों गउए होती थीं। ये ही उनकी दौलत थी। दूध, दही, मक्खन घी की बोहतात[13] का यह हाल था कि पानी के बजाय लोग दूध या छाछ पीते थे। अजनबी मुसाफ़िर[14] की ख़ातिर भी दूध चावलों से होती थी। होली खेलने को दूध और दही में हल्दी या टेसु का रङ्ग मिला कर उछालते और दूसर पर डालते थे। चुनांचे यह रस्म उस वक्त की यादगार[15] है। नन्दजी के घर में जो बालक पले उसको दूध, मलाई, दही मक्खन की क्या कमी थी? अगर ख़ुराक का और आबो हवा[16] का असर जिस्म की नशो नुमा[17] पर होता है तो कोई वजह नहीं कि नन्दलाल के क़वाय जिस्मानी[18] मज़बूत न होते।

१५ गर्ग के श्रीकृष्णजी जनम ही से बमिस्दाक़[19] "होन हार बिरवां के चिकने चिकने पात" गैर मामूली तौर पै तन्दुरुस्त,

---

१ स्वर्ग का नमूना। २ सब तरह से। ३ गङ्गा और जमना नाम की दो नदियों के बीच की ज़मीन। ४ प्रशंसा। ५ बड़ाई। ६ नींव। ७ मध्य-बिन्दु। ८ माना गया। ९ बहुतायत से। १० अगणित ११ जानवर (पशु) चरने की जगह। १२ बाग की जगह मैदान। १३ अधिकता। १४ सफर करने वाले यात्री। १५ स्मारक। १६ रहने की जगह। १७ बढ़ोतरी। १८ शारीरिक बल। १९ मिसाल की

मजबूत, मनचले, चञ्चल, हँसमुख, ना सिर्फ जसोदा मैया के लाल बल्के सारे गोकल की गोपियों के गोपीचन्द और उनकी आंखों के तारे बने हुए थे। सूरदासजी ने भी अपने शायराना बलागत[1] का कमाल श्रीकृष्णजी की बचपन की दिलखुश्कुन हरकात[2] के बयान में दिखलाया है। कहीं चांद को देख कर मूंह में डालने को मचल[3] रहे हैं, । और जब कटोरे भर पानी में अक्स[4] देख हाथ मारते हैं तो मुतहर्रिक मांहपारों[5] को देख कर धिजक जाते हैं। कभी छुप छुपा कर मिट्टी खा आते हैं और जसोदा मैया की धमकी से अपना नन्हासा मुंह खोल देते हैं। जरा बड़ हो कर मक्खन की धुन लगती है जो मक्खन जसोदा मैया कह कह कर देवे—उसमें वह लुत्फ[6] कहां जो छीन झपट कर लिया जावे। वो बचपन ही नहीं जिस में चुलबुला-पन[7] नहीं, जब तक नटखट मोहन खटपट न कर लें गोकल की गोपियों जसोदा की सहेलियों से लूट मार कर मक्खन न उडालें, तब तक माखन-चोर को चैन कहां ? जब कहीं पकड़े जाते तो किसी न किसी बहाने से किसी को हॅसा, किसी को डरा, किसी को बेवकूफ बना कर साफ निकल आते थे। गर्जे के बकोल नजीर

"क्या क्या कहूं मैं कृष्ण कन्हैया का बालपन।"

अगर बनीनौए[8] इन्सान के लिये बाहरहाल हिन्दुस्तान के लिये तो यह आलिमे तफूलियत[9] की मुकम्मिले[10] तस्वीर है।

१६. यही हाल उन के उनफुवान शबाब[11] का पाया जाता है। सर व कद, फन्दा पेशानी,[12] फराख सीना,[13] आहू-चश्म,[14] नशे मोहब्बत[15] में सरशार[16] थे।

---

१ गूढ कविता। २ दिल को खुश करने वाली क्रीडा। ३ जिद्द कर रहे हैं। ४ प्रतिबिम्ब। ५ हिलते हुए चांद के टुकडों को। ६ मजा, आनन्द। ७ ऊधम, चञ्चलता। ८ आदम के बेटे, समस्त मानव समाज। ९ लडकपनका जमाना। १० पूरी। ११ जवानी। १२ हसमुख चेहरा। १३ चौडी छाती। १४ [illegible]नयन। १५ प्रेम का नशा। १६ [illegible]

" बालाए सरश जे होशमन्दी,
मीं ताफ्त सितारए बलन्दी।[१] "

सांवले रङ्ग पर पीताम्बर खूब खिलता है। घुंघर वाले बालों पर मोर मुकुट सजा छैल छबीले, रङ्ग रङ्गीले, कृष्ण कन्हैया, मुरली के बजैया, जब कभी अपनी बन्सी की कूक या रसीली आवाज की पुकार लगाते तो जंगल बन गूंज उठते, जमनाजी लहराने लगती, गौएं गरदन उठा कान धर एक नग्मे का रुख पहचान अपने गोपाल के पास उछलती, कूदती दूध देने आ मौजूद होतीं। ग्वाल बाल जो जंगलों में गौए चराते फिरते थे अपने वृन्दावन-विहारी मुरारि मर्वतकारी,[२] गिरधारी के पीछे २ हो लेते। और गोकुल की गोपियों के दिल बेकरार[३] हो जाते और राधा तो सौ जान से अपने मन-मोहन पर कुर्बान थी जहां की तहां उन्हीं के ध्यान में खड़ी रह जाती। मर्दाना हुस्नो शबाब[४] इश्क व मोहब्बत की तस्वीर भी हिन्दुस्तान के शायरों और मुसव्विरों[५] को कृष्ण कन्हैया से बहतर नहीं मिली।

१७ इसी तरह दिलेरी, बहादुरी जवांमर्दी, उलुलअजमी,[६] और फनून सिपाहगिरी[७] में भी श्रीकृष्णचन्द्र यगाने रोजगार[८] थे। जैसे बचपन में उन को रोना नहीं आता था वैसे ही बड़े हो कर खौफ से भी कतई नाआशना[९] थे। बहुतसी करामतें[१०] इन के गैर मामूली[११] निडर मनचले होने की मशहूर हैं। अभी दूध पीते बालक थे कि सिपाहकार[१२] पूतना का नाक में दम कर दिया,

१ इन के सर के ऊपर उसकी मस्तमन्दी से सौभाग्य का सितारा चमकता था। २ शान वाले। ३ बेचैन। ४ पुरुष सौन्दर्य, सौन्दर्य (खूब सूरती), वाली जवानी Masculine beauty of youth ५ चित्रकारों। ६ इरादे का पक्का होना। ७ फौजी हुनर ८ अपने ज़माने में अद्वितीय ९ बिल्कुल नावाकिफ। १० करामातें ११ असाधारण। १२ पापिनी राक्षसिन।

धीठ कव्वे को बेधड़क पकड़ कर चीर डाला, काले सांप को नाथ लिया, अब कंस की बारी आई। कंस को मारना कोई 'खालाजी[1] का घर' न था। उसने अपनी सगी बहन और बहनोई को उमर कैद में डाल कर उनके सात बच्चे यके बाद दीगरे[2] अपने हाथ से कतल कर डाले थे। रियाया का उसके हाथों नाक में दम था। लेकिन वो ऐसा जाबिर[3] था कि किसी की जुरअत[4] नहीं होती थी कि चूँ तक कर सके। बड़े से बड़े जंगजु[5] बहादुर भी उस पर हाथ उठाने का नाम लेते कांपते थे। यह श्रीकृष्णचन्द्रजी ही का काम था कि हाथियों को हटाते, दुश्मन की सफों[6] को चीरते, चश्मजदन[7] में कंस को जा पछाड़ा और उसका सर कलम कर डाला[8]।

१८. इन के आलिमे-बा-अमल[9] रहबरे कामिल[10] होने का सबूत भगवद्गीता से मिलता है। जिस में ऋषि व्यास ने बताया है कि अर्जुन के शकूक[11] को किस लियाकत और खुश अस्लूबी से किस फसाहत[12], बलागत[13] और हयादानी[14] से रफा[15] किया है। इस का तजकिरा[16] बखौफ तवालत[17] छोड़ना पड़ता है। मगर यह मानना पड़ता है कि जो फलसफा[18] (निष्काम कर्म) इस गुफ्तगू के दौरान में श्रीकृष्णजी की तर्फ मनसूब[19] किया जाता[20] है वो दुनियां में अपनी शानी[21] नहीं रखता। इसको हिन्दुस्तान के फिलसफे का इत्र कहिये तो बजा[22] है। इस की शान[23] में जो

---

१ आसान काम नहीं था। २ एक के बाद दूसरा। ३ अत्याचारी। ४ हिम्मत। ५ शूरवीर। ६ कतार, पंक्ति। ७ निमेश मात्र में। ८ काट डाला। ९ शास्त्र के जानने वाले और उसपर चलने वाले। १० सच्चा रास्ता बताने वाले। ११ सन्देहों। १२ उम्दा तरीके से। १३ कहने की खूबी से। १४ समयोचित और प्रभावशाली। १५ पूर्ण, सर्वतोमुख ज्ञान से। १६ दूर। १७ वर्णन। १८ लम्बा होने के भय (डर) से। १९ ज्ञान। २० लगाया जाता है। [illegible]

बारीक की जाय रवा[1] है। अगर तमाम शास्त्रों को बहैसियते मज़मूई[2] गाय से तश्बीह[3] दी जाय तो यह कहना चाहिये कि गोपाल नंदन ने इस को दूह कर गीता का दूध अर्जुन को पिला दिया।

१९ बचपन, जवानी और बुढ़ापे के मुकम्मिल तसावीर[4] का एक ज़िन्दगी में पाया जाना कुछ कम वज़नी[5] अमर नहीं है और अगर इसको तस्लीम[5] कर लिया जावे तो यह समझना भी दुश्वार[7] नहीं रहता कि क्यों ऐसे शख़्स को मुल्क वो क़ौम मर्तबा बलन्द[8] न दे। मगर जब हम ज़रा नज़र मुहक़्क़िक़ाना[9] से काम लेते हैं तो मालूम होता है कि श्रीकृष्ण आपमें अलावा औसाफ़े ज़ाहिरी[1] के अख़लाक़ बातनी[11] भी दर्जे-ए-अतम[12] भी मौजूद थे। उन की तबियत में इस्तिग़ना[13] था, उन की मोहब्बत में वफ़ा केशी[14] उन की हिम्मत में बेग़र्ज़ी, उनकी जवांमर्दी में ख़ुद ज़ब्ती[15] थी, और उनके उसूल अगमी[16], अज़्म-राज़[17], ख़ुश्कारी[18], मगर सब से बढ़ कर जो बात थी वो यह है कि उनके तमाम हरकात वो सकनात[19] अक़्वाल वो अफ़आल[20] में एक ज़बरदस्त रूहानी ताक़त पिन्हाँ वो अयाँ[21] थी। जिस को मुख़्तलिफ़ अल्फ़ाज़ से बयान किया गया है। कोई इसको करश्मे-करामात[22] कहता है कोई एजाज़[23] या ख़िरक़-आदात[24]। हम इसको बेद मिमांसा में ज़ाहिर[25] करेंगे।

---

१ सही। २ इकट्ठे करके। ३ उपमा। ४ पूरी तसवीरें। ५ स्वीकार। ६ मुश्किल। ७ ऊँचा पद। ८ गवेषणापूर्ण दृष्टि से बारीकी की निगाह से। ९ प्रगट गुण। १० अभ्यन्तरी गुण। ११ पूर्णतया। १२ बेपर्वाही मस्ती। १३ प्रेम का निभाना। १४ स्वार्थ का अभाव। १५ संयम। १६ बहादुरी में। १७ परहेज़ करना अत्याचार और व्यर्थ हिंसा से अपने का दूर रखना। १८ अहिंसा। १९ उठने बैठने में। २० कहने करने में। २१ छुपी वो ज़ाहिर। २२ चमत्कार। २३ सिद्धियां। २४ हमारी बुद्धि या समझ से परे। २५ ज़ाहिर करेंगे विस्तार पूर्वक समझायेंगे।

२०. एक स्यमन्तक लाल की कहानी तवील[१] है। यह लाल बेबहा[२] सत्राजित् को कहीं से मिल गया था और बलिहाज वजन वो आबोताब[३] अपनी सानी नहीं रखता था। इस की तारीफ में शायराना मुबालगे[४] से काम लिया जाता था। ऐतकाद[५] था कि जो इस को ज़ेबएगुलू करे[६] वो साप बिच्छू की गजन्द[७] और हर किस्म की बीमारी और आसेब[८] से महफ़ूज[९] रहता है। और इसको जमीन में रख कर आठ मन सोना जब चाहते जब निकाल सकता है। बाज मौहक्कीन की राय है कि यही मशहूर मारूफ़ कोहनूर हीरा है जो युधिष्ठिर के जमाने से हिन्दुस्तान के शहनशाह के ताज को ज़ेब देता है[१०]। श्रीकृष्णजी ने सत्राजित् को कहा था कि यह हीरा उग्रसेन के शायां[११] है, इस को देदो और सत्राजित ने नहीं माना था। कुछ अर्से बाद सत्राजित् का भाई प्रसेन इस हीरे को गले में डाले हुए श्रीकृष्णजी के महल की जानिब[१२] से शिकार खेलने को गया और खुद शेर का शिकार हो गया। दुश्मनों और हासेदों ने श्रीकृष्णजी पर इत्तेहाम[१३] लगाया के चाहते आप थे, नाम उग्रसेन का रखते थे, अब मौका हाथ आया। प्रसेन को मार खुद हीरा उड़ा लिया। इस तोहमते नारवा[१४] की तकज़ीब[१५] के लिये और उस लाल को खूँख्वार दरदों[१६] के मुँह से निकाल लाने या गासियों[१७] के हाथों से बचाने के लिये श्रीकृष्णजी ने जो जो महिम्मात[१८] सरजाम दीं[१९], जिस जिस तरह अपनी जान जोखम में डाली, उन की तस्वीर महाभारत के मूसल-पर्व के तीसरे

---

१ लम्बी। २ अमूल्य। ३ चमक दमक। ४ कवियों की अतिशयोक्ति। ५ विश्वास। ६ गले में पहने। ७ डक मारना। ८ भूत प्रेत की पीडा। ९ सुरक्षित। १० शोभा बढाता है। ११ योग्य। १२ तर्फ। १३ कलंक, झूठा आक्षेप। १४ झूठा कलंक। १५ झूठा साबित करने। १६ फाडने वाले जानवर। १७ लुटेरा। १८ लड़ाइयां। १९ की, लड़ीं।

